Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

संस्कृत-हिन्दी कोष

२६९४

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

OTHERS AREA PLOTS | 41 | 42450

<<<< 25' WIDE ROAD >>>>

100 G 101 G 102 G 103 G 104 G 105 G 106 G 107 G 108 G 109 G 110 G

110/1G 1145 sqft.

110/2G 1125 sqft.

110/3G 675 sqft.

110/4G 740 sqft.

137/1G 970 sqft.

136/1G 890 sqft.

123/1G 985 sqft.

147/1G 650 sqft.

148/1G 650 sqft.

148/2G 795 sqft.

122/1G 1175 sqft.

88/1G 1005 sqft.

87/1G 875 sqft.

66/1G 705 sqft.

1/1F 960 sqft.

PARK

1 F 2 F 3 F 4 F 5 F 6 F 7 F 8 F 9 F 10 F 11 F 12 F

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi

OTHERS AREA PLOTS	41	42450	

WIDE ROAD >>>>

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

* ओ३म् *

भास्करग्रन्थमाला नं० २

संस्कृत-हिन्दी-कोष

THE

SANSKRIT-HINDI-DICTONARY

For the Use of Schools & Colleges.

जिस में

अकारादि क्रम से प्रायः समस्त प्रसिद्ध संस्कृतसंज्ञा और धातुओं के [संज्ञाओं के लिंग और धातुओं के गण सहित] हिन्दी उर्दू के सरल पर्यायवाची शब्द दिये गये हैं।

जिस में २६॥ हज़ार शब्द हैं

प्रकाशक—

रघुवीरशरण दुबलिस, अध्यक्ष भास्कर प्रेस

मेरठ शहर।

मिलने का पता—

मैनेजर भास्कर प्रेस मेरठ शहर

प्रथमावृत्ति १०००

सं० १९७१

मूल्य १ प्रति ४)

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

विषयसूची

अ–	पृष्ठ	१ से आरम्भ है।	ट–	पृष्ठ	३०१ से आरम्भ है।
आ–	”	१३८ ”	ठ–	”	३०१ ”
इ–	”	१६० ”	ड–	”	३०१ ”
	”	१६३ ”	ढ–	”	३०२ ”
	”	१६४ ”	ण–	”	३०२ ”
	”	१८८ ”	त–	”	३०२ ”
ऋ–	”	१९० ”	थ–	”	३२१ ”
ॠ–	”	१९२ ”	द–	”	३२१ ”
ऌ–	”	१९२ ”	ध–	”	३४७ ”
ॡ–	”	१९२ ”	न–	”	३५९ ”
ए–	”	१९२ ”	प–	”	३९५ ”
ऐ–	”	१९५ ”	फ–	”	४६५ ”
ओ–	”	१९६ ”	ब–	”	४६८ ”
औ–	”	१९७ ”	भ–	”	४८१ ”
क–	”	१९९ ”	म–	”	४९६ ”
ख–	”	२५२ ”	य–	”	५३३ ”
ग–	”	२५७ ”	र–	”	५४३ ”
घ–	”	२७३ ”	ल–	”	५६२ ”
ङ–	”	२७६ ”	व–	”	५६७ ”
च–	”	२७६ ”	श–	”	६१५ ”
छ–	”	२८९ ”	ष–	”	६३६ ”
ज–	”	२९१ ”	स–	”	६३७ ”
	”	३०० ”	ह–	”	६८८ ”
	”	३०१ ”			

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ओ३म्

लेखक का यह तुच्छ प्रयत्न

श्रीयुत पं० घासीरामजी एम० ए० एल० एल० बी०

प्रधान

आर्यप्रतिनिधिसभा संयुक्तप्रान्त, मेरठ

की सेवा में

संस्कृतभाषा के प्रति उन के असीम प्रेम और

देववाणी के प्रचार के लिये उन के सतत

प्रयत्न के उपलक्ष में

सादर समर्पित है।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

प्रस्तावना

आजकल आर्यभाषा [हिन्दी] में संस्कृतशब्दों का प्रयोग बहुलता से होता है। ज्यों ज्यों आर्य-भाषा उन्नत होती जायगी, नवीन २ विषयों पर ग्रन्थों का समावेश उस में दिन प्रतिदिन होता रहेगा, त्यों त्यों संस्कृतशब्दों का प्रयोग भी अधिकाधिक ही बढ़ता रहेगा; क्योंकि संस्कृतभाषा हिन्दी के लिये अब तक माता का काम देती रही है और ऐसा ही आगे को होता रहेगा। ऐसी दशा में एक ऐसे कोष की आवश्यकता थी, जिस में संस्कृत के प्रचलित शब्दों के सुगमार्थ हिन्दी में दिये गये हों। इसी उद्देश्य को लक्ष्य में रख कर हमने यह कोष प्रस्तुत किया है। आशा है कि इससे साधारण हिन्दी पढ़े लिखे मनुष्यों को उच्च आर्यभाषा के समझने और सीखने में सुगमता होगी। यह ही नहीं, इस के पाठ से स्कूलों और कालिजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी, जिनकी गौणभाषा संस्कृत होती है, बहुत लाभ उठा सकते हैं। कारण कि इस में संस्कृतशब्दों के हिन्दी पर्यायवाची शब्दों के साथ ही उर्दू भाषा के पर्यायवाची शब्द भी दिये गये हैं। स्कूलों और कालिजों में, जहां संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थी भी उर्दू शब्दों का प्रयोग करने पर विवश होते हैं, इस कोष की इस विशेषता को बड़ा उपयोगी पायेंगे। अब हम यहां संक्षेप से उन बातों का विवरण देते हैं, जिन के जानने से इस कोष के समझने में पाठकों को सुगमता होगी।

१–संस्कृतवर्णमाला में ४९ अक्षर होते हैं, जिनमें १४ स्वर और ३५ व्यंजन हैं। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ-ये १४ स्वर कहलाते हैं। इन में अ इ उ ऋ ऌ-ये ह्रस्व और शेष दीर्घ स्वर कहलाते हैं। क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, य र ल व, श ष स ह, अं अः-ये पैंतीस व्यञ्जन हैं। क से लेकर म तक स्पर्शवर्ण कहलाते हैं, जो पांच वर्गों [कक्षाओं] में विभक्त हैं। क ख ग घ ङ = कवर्ग; च छ ज झ ञ = चवर्ग; ट ठ ड ढ ण = टवर्ग; त थ द ध न = तवर्ग; प फ ब भ म = पवर्ग; य र ल व अन्तस्थ और श ष स ह ऊष्मवर्ण तथा अं [ं] अनुस्वार और अः [ः] विसर्ग जो अयोगवाह वर्ण कहलाते हैं। इन वर्णों के अनेक उच्चारण स्थान हैं जो किसी व्याकरणग्रन्थ के देखने से ज्ञात हो सकते हैं; किन्तु यहां इतना जानना आवश्यक है कि श ष स में श तालव्य, ष मूर्धन्य और स दन्त्य सकार कहलाता है।

२–संस्कृत में जब दो पद पास २ आते हैं तो वे एक दूसरे से संयुक्त हो जाते हैं। इ का नाम 'सन्धि' है। सन्धि दो प्रकार की होती है–स्वरसन्धि और व्यञ्जनसन्धि। सन्धि विवरण हमारे यहां के छपे 'संस्कृतशिक्षक' नामक पुस्तक में देखिये।

३–द्रव्यवाचक जो शब्द होते हैं, उनके पश्चात् सात विभक्तियां लगती हैं। जो ये द्वितीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी और सप्तमी। जिन के प्रत्यय नीचे लिखे अनुसार होते हैं। प्रथ ः, औ, अः, द्वितीया में अम्, औ, अः, तृतीया में आ, भ्याम्, भिः, चतुर्थी में ए, भ्याम्, भ्यः, पञ्चमी में अ, भ्याम्, भ्यः; षष्ठी में अः, ओः, आम् और सप्तमी में इ, ओः, सु प्रत्यय लगाये जाते हैं। ये २१ प्रत्यय सुप् कहलाते हैं और जिस शब्द के अन्त में ये प्रत्यय लगाये जाते हैं वह स पद कहलाता है।

४–द्रव्यवाचक संज्ञाओं के अतिरिक्त संस्कृत में सर्वनाम नामक संज्ञा भी होती हैं, जि प्रोनौन (Pronoun) कहते हैं। इनके उत्तर भी उपर्युक्त विभक्तियां लगती हैं। सर्व, विश्व, अन्य, अन्यतर, इतर, कतर, कतम, एकतम, भवत्, पूर्व, पर, अपर, अवर, अधर किम्, यद्, तद्, एतद्, इदम्, अदस्, युष्मद्, अस्मद् ये प्रसिद्ध सर्वनाम हैं।

५–इन के अतिरिक्त संख्यावाचक संज्ञा होती हैं, जिन्हें अंग्रेजी में Num हैं। एक, अनेक, द्वि, त्रि, चतुर, पंचन्, षष्, सप्तन्, अष्टन्, नवन्, दशन्, वि

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति, अशीति, नवति, शत, सहस्र इत्यादि संख्यावाचक शब्द हैं, यह स्मरण रखना चाहिये कि संज्ञाओं के पश्चात् सुप् विभक्ति लगने पर इन के रूप में कुछ फेरफार होजाता है।

६–कुछ ऐसे भी शब्द हैं जिन के रूप में कभी विकार नहीं होता और उनके पश्चात् सुप् विभक्तियां नहीं लगती। ऐसे शब्दों को अव्यय कहते हैं। कुछ अव्ययों की तालिका यहां दीजाती है। अकस्मात्, अति, अतीव, अथवा, अथो, अद्य, अधस्, अधुना, अन्यथा, अपि, अयि, अरे, अलम्, अहो, आ, इति, इत्थम्, इदानीम्, इह, उच्चैस्, उपरि, ऋते, एव, एवम्, कथम्, कदा, किन्तु, किम्, किल, चिरम्, चेत्, तथा, तदा, नीचैस्, नूनम्, पश्चात्, प्रति, प्राक्, प्रातर्, प्रादुस्, प्रायस् इत्यादि। अव्ययों का अन्तिम स् वा र् विसर्ग में बदल जाता है। अव्यय एक प्रकार के क्रियाविशेषण होते हैं। क्रिया के अर्थ में भेदभाव करने के लिये उसके पूर्व कुछ अव्यय लगाये जाते हैं, जिन का नाम उपसर्ग है। अति, अधि, अनु, अप्, अपि, अभि, अव, आ, उत्, उप्, दुर्, नि, निर्, परा, परि, प्र, प्रति, वि, सम्, सु-ये उपसर्ग हैं। अप्, अव्, और अपि के अ का विकल्प से लोप होजाता है जैसे अवगाहः = वगाहः, अपिहित = पिहित।

७–पुल्लिंग संज्ञाओं से स्त्रीलिंग संज्ञा बनाने के लिये आ, ई, इका इत्यादि प्रत्यय लगाये जाते हैं। जो स्त्रीलिंगप्रत्यय कहलाते हैं। अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के पश्चात् आ लगा कर स्त्रीलिंग बनाया जाता है। जैसे–सरल से सरला, प्रिय से प्रिया; किन्तु गौर से गौरी, कुमार से कुमारी, किशोर से किशोरी इत्यादि रूप बनते हैं। अजादि को छोड़ कर जातिवाचक शब्दों के पश्चात् ई प्रत्यय लगाया जाता है। जैसे--सिंह से सिंही, राक्षस से राक्षसी, हरिण हरिणी; किन्तु अज से अजा और चटक से चटका। ऋकारान्त शब्दों के पश्चात् ई प्रत्यय लगाते हैं। जैसे दातृ से दात्री, धातृ से धात्री। संख्यावाचक को छोड़कर नकारान्त संज्ञाओं के उत्तर ई प्रत्यय लगता है, जैसे कामिन् से कामिनी, यामिन् से यामिनी। मत्, वत्, तवत्, वस्, ईयस् प्रत्ययान्त संज्ञाओं के पश्चात् ई प्रत्यय लगता है। जैसे विद्वस् से विदुषी, बुद्धिमत् से बुद्धिमती।

८–संस्कृत में ६ कारक (Cases) होते हैं। यथाः–कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण; सम्बन्ध और सम्बोधन की कारकों में गिनती नहीं होती। कर्त्ता में प्रथमा विभक्ति, कर्म में द्वितीया, करण में तृतीया, सम्प्रदान में चतुर्थी, अपादान में पञ्चमी, सम्बन्ध में षष्ठी और अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है। कर्त्ता कारक क्रिया करने वाले को प्रकट करता है, कर्म उस द्रव्य को प्रकट करता है जिसमें क्रिया का फल रहता है। करण से उस साधन का द्योतन होता है जिसकी सहायता से क्रिया की जाती है। सम्प्रदान उस व्यक्ति वा द्रव्य को बतलाता है जिस को कोई वस्तु दीजाती है वा जिस के उद्देश्य से क्रिया की जाती है। अपादान उस पुरुष वा द्रव्य को प्रकट करता है जिस से कोई वस्तु अलग हो जाय, लीजाय, उत्पन्न की जाय, रक्षित की जाय, सीखी जाय। अधिकरण उस व्यक्ति वा द्रव्य को बतलाता है जो क्रिया का आधार होता है। सम्बन्ध से दो वस्तुओं का आपस का सम्बन्ध (ताल्लुक़) ज्ञात होता है।

९–विशेषण उस संज्ञा को कहते हैं जो किसी व्यक्ति वा द्रव्य के पूर्व लगाई जाकर उसके अर्थ में कुछ विशेषता लादे। वह व्यक्ति वा द्रव्य विशेष्य कहलाता है। विशेषण का कोई निश्चित लिङ्ग नहीं होता; प्रत्युत वह जिस विशेष्य के साथ जोड़ा जाता है उसी के लिङ्ग को ग्रहण कर लेता है। इसीलिये यह त्रिलिङ्ग कहलाता है। भाषा में पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग केवल दो ही लिङ्ग होते हैं; किन्तु संस्कृत में इन से अधिक एक और लिङ्ग होता है जो नपुंसकलिङ्ग कहलाता है। पुल्लिङ्ग उन शब्दों को जतलाता है जिन में पुरुषत्व वा पुरुषचिन्ह पाया जाय। स्त्रीलिङ्ग उन शब्दों को बतलाता है जिन में स्त्रीत्व, स्त्रीचिन्ह वा लता] पाई जाय। जिस में स्त्रीत्व और पुरुषत्व दोनों का अभाव हो वह नपुंसक कहलाता शब्दों का लिङ्ग निश्चित होता है इसलिये यह नियम सर्वत्र नहीं लगता; क्योंकि संस्कृत स्त्रीलिङ्ग नारी, पुल्लिङ्ग दाराः, और नपुंसकलिङ्ग कलत्र तीनों लिङ्गों में पाये जाते हैं।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

१०–हिन्दीभाषा में एक वचन और बहुवचन केवल दो ही वचन होते हैं, जिन से एक वा अनेक वस्तुओं का ज्ञान होता है; किन्तु संस्कृत में, जैसा कि प्रायः समस्त प्राचीनकालीन भाषाओं में पाया जाता है, दो वस्तु का द्योतक द्विवचन भी होता है। इसलिये सात सात विभक्तियों के लग जाने से एक शब्द के रूप तीनों वचनों में २१ हो जाते हैं।

११–वे प्रकृति, जिन से होना, करना, सहना इत्यादि अर्थ प्रकट होता है, धातु कहलाती हैं। हिन्दी में धातु का चिह्न ना है। जैसे–करना, धरना, पहिरना आदि में। संस्कृत में ऐसा कोई निश्चित चिह्न नहीं होता। भू, स्था, गम्, वप्, दृश्, पत्, सह, नम्, वन्द, कृ, धृ, शी, प्लव, द्रु इत्यादि अनेक धातु होती हैं, जिन की संख्या २३४३ है, जिन में परस्मैपद और आत्मनेपद की विभक्तियां लगती हैं। विभक्तियां लगने पर उन का नाम अङ्ग होता है। धातु दश विभागों में विभक्त हैं, जिन्हें गण कहते हैं। १ भ्वादि, २ अदादि, ३ ह्वादि वा जुहोत्यादि, ४ दिवादि; ५ स्वादि, ६ तुदादि, ७ रुधादि, ८ तनादि; ९ क्रयादि और १० चुरादि–ये दश गणों के नाम हैं।

१२–क्रियाओं की विभक्ति दो प्रकार की होती हैं। एक परस्मैपद और दूसरी आत्मनेपद। जिन धातुओं के पश्चात् परस्मैपद की विभक्तियां लगती हैं वे परस्मैपदी, जिन के उत्तर आत्मनेपद की विभक्तियां लगती हैं वे आत्मनेपदी धातु कहलाती हैं और कुछ ऐसी भी धातु हैं जिन के पश्चात् दोनों प्रकार की विभक्तियां लगती हैं, ऐसी धातुओं को उभयपदी कहते हैं। कालभेद से इन विभक्तियों के दश भेद होते हैं, जो लकार कहलाते हैं। जिन के नाम ये हैं–१ लट् [वर्त्तमानकाल], २ लङ् [अनद्यतनभूत], ३ लिट् [परोक्ष], ४ लुङ् [सामान्यभूत], ५ लुट् [अनद्यतनभविष्य], ६ लृट् [सामान्यभविष्य], ७ लोट् [आज्ञा], ८ विधिलिङ्, ९ आशीर्लिङ्, १० लृङ् [क्रियातिपत्ति]।

१३–संस्कृत में तीन पुरुष होते हैं प्रथम, मध्यम और उत्तम। प्रथम पुरुष परोक्ष कर्त्ता को जताता है, मध्यम पुरुष पुरोवर्त्ती कर्त्ता का और उत्तम पुरुष वक्ता का बोधक होता है। प्रत्येक लकार में इन तीन पुरुषों और तीन वचनों के विभाग से ९ विभक्तियां होती हैं, इस प्रकार कुल १८० विभक्तियां होती हैं, जो तिङ् प्रत्यय कहलाते हैं। अकर्मक और सकर्मक भेद से धातु के दो भेद हो जाते हैं। जिस से उसे जिसके साथ कर्म का सम्बन्ध होता है उसे सकर्मक और जिस के साथ कर्म का सम्बन्ध नहीं होता अकर्मक धातु कहते हैं।

१४–धातु के अर्थ में प्रेरणा दिखलाने के लिये णिच् प्रत्यय लगता है और इस प्रत्यय के पर वह धातु णिजन्त कहलाती है। जैसे पठ् [पढ़ना] धातु का अर्थ णिच् प्रत्यय लगने पर पढ़ाना जायगा। णिजन्त धातुओं के रूप चुरादिगण की धातुओं के समान होते हैं। जैसेः–पठ् से पाठयति गम् से गमयति, वप् से वापयति इत्यादि।

१५–धातु के अर्थ में कर्ता की इच्छा प्रकाश करने के लिये सन् प्रत्यय लगाया जाता है। इस प्रत्यय के लगने पर वह सन्नन्त धातु कहलाती है। धातु के उत्तर स [सन्] प्रत्यय लगाने से धातु रूप में अवश्य हेरफेर होता है। जैसेः--पा [पीना] से पिपासति, पिपासतु, पिपासेत् इत्यादि रूप बनते हैं और ज्ञा से जिज्ञासति, जिज्ञासतु आदि रूप बनते हैं। पिपासति = वह पीना चाहता है, जिज्ञासति = वह जानना चाहता है, चिकीर्षति = वह करना चाहता है।

१६–तुम्, त्वाच्, यप्, शतृ, शानच् इत्यादि प्रत्यय क्रियाओं के पीछे लगाये जाते हैं और ये कृत् प्रत्यय कहलाते हैं। कृत् प्रत्यय लगने पर क्रिया की संज्ञा कृदन्त हो जाती है। तुम् प्रत्यय लगने पर दा से दातुम् = देने को, भुज् से भोक्तुम् = खाने को, इत्यादि रूप बनते हैं। त्वाच् और यप् प्रत्यय लगने पर पा से पीत्वा = पीकर, स्था से स्थित्वा = ठहर कर, आदा से आदाय = लेकर, आगम् से आगत्य = आकर इत्यादि रूप बनते हैं। परस्मैपदी धातु के पश्चात् शतृ और आत्मनेपदी के पश्चात् शानच् लगता है। जैसेः--भू से भवत् = होता हुआ, वृत् से वर्त्तमान = होता हुआ इत्यादि। और आत्मनेपद में कानच् प्रत्यय लगने पर श्रु से सुश्रुवस = सुनता भया, स्था से

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by MoE.

भया, रुच् से रुरुचान = रोचता भया, युध् से युयुधान = युद्ध करता भया, इत्यादि रूप बनते प्रकार भावी कर्म जतलाने को परस्मैपद में शतृ और आत्मनेपद में स्यमान प्रत्यय लगता है।

१७–तव्य, अनीय और यत् प्रत्ययों से बने हुए शब्द इस कोष में बहुतायत से आये हैं। जैसे दा + तव्य = दातव्य, दा + अनीय = दानीय, दा + यत् = देय; चिन्त् + तव्य = चिन्तयितव्य, चिन्त् + अनीय = चिन्तनीय और चिन्त् + यत् = चिन्त्य आदि। ये तीनों प्रत्यय एक ही अर्थ में अर्थात् औचित्य दिखलाने में प्रयुक्त होते हैं। जैसेः--दातव्य = देने योग्य।

१८–तवत् और त प्रत्यय भी बहुत प्रयुक्त होते हैं। ये दोनों भूतक्रिया का द्योतन कराते हैं। जैसे ज्ञा से ज्ञातवत् = जानता भया, गम् से गतवत् = जाता भया। त प्रत्यय लगने पर ज्ञा से ज्ञात, गम् से गत उसी अर्थ में रूप बनते हैं।

१९–धातुओं से उत्तर स्त्रीलिंग में भाववाचक शब्द बनाने के लिये ति प्रत्यय लगाया जाता है। जसे ख्या से ख्याति = प्रसिद्धि, स्था से स्थिति = हालत, मुच् से मुक्ति = छुटकारा। तृन्, कन्, णिन् प्रत्यय कर्त्ता को जतलाने के लिये लगाये जाते हैं। जैसेः--दा से दातृ = देने वाला, नी से नायक = ले जाने वाला। घञ् अल् प्रत्यय प्रायः पुल्लिंग संज्ञा बनाने में लगाये जाते हैं। जैसेः--पच् से पाक = पकाने का काम, पठ् से पाठ = पढ़ने का काम, जि से जय = जीतना इत्यादि। अनट् प्रत्यय नपुंसकलिङ्ग की संज्ञा बनाने के काम में आता है। जैसेः--गम् से गमन = जाना, भुज् से भोजन = खाना।

२०–संज्ञाशब्द वा किसी २ अव्यय शब्द के उत्तर पण्, ष्यण्, षायणन्, षिण्, कण्; कन्, ता, त्व, वतिच्, मत्, वत्, इन्, विन्, इत इत्यादि प्रत्यय अपत्य अधिकार, योग्यता, भाव इत्यादि अर्थ बतलाने के लिये लगाये जाते हैं, जिन को तद्धित कहते हैं। तद्धित प्रत्यय लगने में प्रकृति के स्वरूप में बहुधा हेरफेर होता है। तद्धित प्रत्ययान्त शब्द कोई २ तो संज्ञा, कोई विशेषण और कोई कोई अव्यय होते हैं। पण्, ष्यण्, पेयण् इत्यादि प्रत्यय उत्पत्ति वा अपत्य अर्थ में आते हैं। जैसेः–कुशिकस्य अपत्यं कौशिकः, दशरथस्य अपत्यं दाशरथिः। कन् प्रत्यय स्वार्थ और अल्पार्थ में प्रयुक्त होता है। जैसे बाल से बालक, वृक्ष से वृक्षक। ता और त्व प्रत्यय भाववाचक संज्ञा बनाने में लगते हैं जैसेः–गुरु से गुरुता, गुरुत्व। ता लगने से सर्वदा स्त्रीलिंग और त्व लगने से सर्वदा नपुंसकलिंग शब्द बनते हैं। वतिच् के लगने से अव्यय बनते हैं जैसेः–गुरुवत् = गुरु के समान। मत्, वत्, 'वाला' अर्थ में आते हैं, मतिमत् ॥ बुद्धिवाला, ज्ञानवत् = ज्ञानवाला। इन् प्रत्यय अकारान्त या आकारान्त ऐसी संज्ञाओं के पश्चात् लगाया जाता है, जिनमें एक से अधिक स्वर हो। जैसेः--ज्ञान से ज्ञानिन् = ज्ञान वाला। ईयस् और इष्ठ प्रत्यय उत्कर्ष दिखलाने के लिये प्रयुक्त होते हैं। जैसेः–गरीयस्, गरिष्ठ = अधिक भारी। चित् और चन प्रत्यय किम् के पश्चात् अनिश्चितता दिखाने के लिये लगते हैं जैसेः–किंचित्, किंचन, कश्चित्, कश्चन इत्यादि।

२१–संक्षिप्तता के लिये संस्कृत में समास का प्रयोग होता है। अनेक पदों की विभक्तियों का लोप करके एक पद बनाने को समास कहते हैं। समास से सिद्ध शब्द कोई तो विशेषण, कोई संज्ञा और कोई अव्यय होते हैं। समास करने में समास के घटकपदों के स्वरूप में कहीं २ हेरफेर होता है और कहीं २ अन्त में अ क इत्यादि प्रत्यय भी लगते हैं। समास छः प्रकार का होता है। यथाः–तत्पुरुष, कर्मधारय, द्विगु, बहुव्रीहि, द्वन्द्व और अव्ययीभाव। समास में कहीं २ पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता उसे अलुक्समास कहते हैं। जैसेः-वनेचर, युधिष्ठिर।

तत्पुरुष–जिस समास में प्रथमा और सम्बोधन को छोड़ कर अन्य कोई विभक्ति पूर्वपद के रहे, उस का नाम तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष का लिङ्ग उत्तरपद के अनुसार होता है। जैसेः–दुःखातीतः, राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः।

कर्मधारय–विशेषण और विशेष्य के समास को कर्मधारय कहते हैं। जैसे नीलम्–उत्पलम् =

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

द्विगु–जब संख्यावाचक विशेषण के साथ विशेष्य का समास हो और उसका प्रयोग स्त्रीलिङ्ग वा नपुंसकलिङ्ग के एकवचन में हो, तब उसका नाम द्विगु होता है। जैसे त्रयाणाम् लोकानाम् समाहारः = त्रिलोकी। सप्तानां शतानां समाहारः = सप्तशती।

द्वन्द्व–जिस समास में प्रत्येक पद का अन्वय किसी एक क्रिया से हो उसे द्वन्द्व कहते हैं। इतरेतरद्वन्द्व और समाहारद्वन्द्व नाम से द्वन्द्व समास दो प्रकार का होता है। समाहारद्वन्द्व सदा नपुंसकलिङ्ग एकवचनान्त होता है और इतरेतरद्वन्द्व का लिङ्ग उत्तरपद के लिङ्ग के समान होता है। समाहारद्वन्द्व जैसेः–करश्च चरणं च = करचरणम्। मथुरा च पाटलिपुत्रं च = मथुरापाटलिपुत्रम्। इतरेतरद्वन्द्व जैसेः–रामश्च लक्ष्मणश्च = रामलक्ष्मणौ, माता च पिता च मातृपितरौ। एकशेष द्वन्द्वसमास में दो पद में से केवल एक पद रह जाता है। जैसे–माता च पिता च = पितरौ। यह समास इतरेतरद्वन्द्व के ही अन्तर्गत है।

बहुव्रीहि–इस में समासित पदों की विशेषता नष्ट हो कर किसी भिन्न पुरुष वा द्रव्य का द्योतक पद बन जाता है। जैसे–दीर्घौ बाहू यस्य स दीर्घबाहुः [पुरुषः]। इस समास से बने हुए शब्द विशेषण होते हैं।

अव्ययीभाव–इस समास में पूर्वपद अव्यय होता है और उस द्वारा सामीप्य, वीप्सा, अनतिक्रम; अभाव; पर्यन्त इत्यादि बातों की द्योतना होती है। जैसे कूलस्य समीपे = उपकूलम्।

यहां संस्कृतव्याकरण का दिग्दर्शनमात्र केवल इसी अभिप्राय से दिया गया है कि जिससे इस कोष में आये हुए शब्दों के समझने में पाठकों को सुगमता हो; परन्तु संस्कृत भाषा के समझने के लिये संस्कृत व्याकरण का सम्यग्ज्ञान बड़ा आवश्यक है। इसलिये पाठकों से हमारा अनुरोध है कि संस्कृत का साधारण ज्ञान प्राप्त करने के लिये भास्करप्रेस मेरठ से प्रकाशित होने वाले "संस्कृतशिक्षक" नामक व्याकरणग्रन्थ का अवश्य अवलोकन करें।

इस ग्रन्थ के सम्पादन, मुद्रण और प्रकाशन में हम से अनेक त्रुटियां रह गई हैं, जिन को यथाशक्ति दूर करना हमारा कर्त्तव्य है। इसलिये पाठकों से सानुनय निवेदन है कि जो अशुद्धि भी उन्हें प्रतीत हों, उसके लिये वे हमें क्षमाप्रदान करते हुए लिख भेजें, जिस से अगले संस्करण में उन का संशोधन कर दिया जाय। अन्त में परमात्मा को धन्यवाद देते हुए और अपने पाठकों की ज्ञानवृद्धि की प्रार्थना करते हुए इस प्रस्तावना को समाप्त करते हैं। ओं शम्।

मेरठ
तिथि १ अ० १९७१

विनीत
लेखक और प्रकाश

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

ओ३म्

संस्कृत-हिन्दी-कोष

अ

अ–देवनागरी और संस्कृत वर्णमाला का प्रथम अक्षर।

अ (पु०)–विष्णु का नाम। परमात्मा के सर्वोत्तम नाम 'ओम्' का पहिला अक्षर। शिव, ब्रह्मा, वायु वा वैश्वानर का नाम है। निषेधार्थ उपसर्ग (जिस शब्द के आदि में आता है उस का विपरीत अर्थ होजाता है और जब 'अ' अधिकतर शब्द का प्रथम अक्षर स्वर आता है तो 'अ' के स्थान में 'अन्' आदेश हो जाता है) जैसे अधिक+सत्य=असत्य, अ (अन्)+अर्थ=अनर्थ।

अ[illegible] (वि०)–बिना कर्ज़ का, ऋणमुक्त

अधिवास (वि०)–अ+ऋण+णिनि= रहने वाला पर ऋण (कर्ज़) अधिवासित (का दूसरा रूप अनृ- अधिवाहन (न०)–[illegible] है]

अंश (धा० उ०)–विभाग करना।

अंश (पु०) अंश्+अच्–भाग, हिस्सा, टुकड़ा, राशि का तीसवां हिस्सा, भिन्न की लकीर के ऊपर की संख्या। अंशसुता–यमुना नदी।

अंशक (पु०)–स्त्री० अंशिका–भाग, दिन, हिस्सेदार, रिश्तेदार।

अंशल (वि०) अंश्+लच्–बलशाली।

अंशिन् (वि०) अंश्+णिनि=अंशी–हिस्सेदार, शरीक।

अंशु (पु०) अंश्+कु–किरण, प्रभा।

अंशुक (नपु०)–वस्त्र, बारीक कपड़ा, रेशमी वस्त्र, दुपट्टा।

अंशुधर (पु०)–अंशु+धृ+अच्–किरणों को धारण करने वाला अर्थात् सूर्य।

अंशुपट्ट (नपु०)–एक प्रकार का रेशमी कपड़ा। [का स्वामी, सूर्य।

अंशुपति-भृत-स्वामी (पु०)–किरणों

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अंशुमाला(स्त्री०)-किरणों का समूह।
अंशुमालिन् (पु०)--अंशु+माला + णिनि=अंशुमाली-सूर्य।
अंशुमत्(वि०)--प्रभायुक्त।
अंशुमान् (पु०)-सूर्य। कभी २ चन्द्रमा का भी बोधक होता है, सूर्यवंशीय राजा सगर का पौत्र और असमंजस का पुत्र, दिलीप का पिता।
अंशुमती (स्त्री०)-शालपर्णी वृक्ष का नाम, यमुना नदी का नाम।
अंशुमत्फला (स्त्री०)-केले का वृक्ष
अंशुल (वि०)-प्रभायुक्त। (पु०) चाणक्य मुनि का नाम।
अंस् (धा०प० अंसयति, अंसापयति)-अंश् का बोधक। [कन्धा
अंस (पु०)-अंस्+अच्-भाग, टुकड़ा,
अंसकूट (पु०)-सांड के कन्धों के बीच का ऊपर उठा हुआ भाग, हुड्डु
अंसल(वि०)-बलवान्, प्रभावाला, दृढ़ कन्धों वाला।
अंह् (धा०आ०)-जाना, पास आना, चमकना।
अंहति, ती (स्त्री०)-दान, त्याग, रोग, चिन्ता [दूसरा रूप अंहिती]
अंहस् (नपु०) अंह्+असि-पाप, दुःख, बाधा। [मूल
अंह्रि(पु०)-अंह्+क्रिन्-पाद, वृक्ष का
अंह्रिप(पु०)-पादप, वृक्ष।
अक् (धा० प० अकति)-जाना, सांप के समान गति करना।
अक (नपु०)-पाप, दुःख, सुख का अभाव। [ग्रह का नाम।
अकच(वि०)-गंजा। (पु०) केतु
अकथ (वि०)-अकथनीय, अकथ्य-जो कहा न जासके। अकथित-जो न कहा गया हो।
अकन्या (स्त्री०)-जो कन्या अर्थात अविवाहिता न हो।
अकम्पन (वि०)-नहीं हिलता हुआ। पु०-एक राक्षस का नाम।
अकम्पित (वि०)-न हिला हुआ, मज़बूत, दृढ़। पु०-एक जैन साधु।
अकर (वि०)-जिस के हाथ न हो, जो कर (महसूल) से रहित हो। काम न करने वाला।
अकरा (स्त्री०)- बिना हाथ की स्त्री, आंवले का वृक्ष।
अकरण (नपु०)-क्रिया का अभाव। (वि०) असली, जो बनावटी न हो।
अकरणि (स्त्री०)-असफलता, कामयाबी, निराशा।
अकरणीय (वि०)--जो न करने हो, करने के अयोग्य।
अकर्ण (वि०)--कर्ण [कान] बहरा। (पु०)-सांप।
अकर्ण्य (वि०)--कानों के अयोग्य जो कानों में न हो।
अकर्त्तन (वि०)--न काटना।
अकर्तृ (अकर्त्ता पु०)--जो कर्त्ता कर्म का न करने वाला विना कर्त्ता का
अकर्तृत्व, ता- कर्त्ता

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अकर्त्तव्य (वि०)—न करने योग्य, अनुचित
अकर्म (वि०)—कार्यरहित, सुस्त, अयोग्य, दुष्ट, गिरा हुआ।
अकर्मक—क्रिया के दो भेदों में से एक।
अकर्मण्य-काम न करने वाला, निकम्मा
अकर्मा (पु०)—बेकाम, कार्य के लिये अनुपयुक्त, सुस्त।
अकर्मिणी (स्त्री०)-अपराधिनी, कर्म न करने वाली, दुष्कर्मा।
अकल (वि०)—कलारहित, परमात्मा का एक विशेषण।
अकल्क (वि०)—कल्क [पिट्ठी, चूर्ण] रहित, शुद्ध, पापरहित। [रहित
अकल्का (स्त्री०)--चांदनी, पाखण्ड से
अकल्कता (स्त्री०)—ईमानदारी।
अकल्कन (वि०)--गर्वरहित, लज्जा-युक्त, ईमानदार, सुजन।
अकल्पित (वि०)--जो कल्पित [बनावटी] न हो, असली, सच्चा, [कार।
अकृत। अकृत्मष (वि०)--पापरहित, निर्वि-
अकृ न्य (वि०)--रोगी, अस्वस्थ।
अकृ ण्य (वि०)—भाग्यहीन, हतभाग्य। नपु०--दुर्भाग्य।
अकथ (वि०)--अवर्णनीय, जिस का वर्णन न होसके। [स्त्री० अकथा]
अकस्मात् (अ०)--अचानक, एक से बारगी, यकायक।
अकाण्ड (वि०)—कांड [शाखा] रहित, रहने वाला। अवसर विना।
अकाण्डिक, अकाण्डिन् (वि०)-अकस्मात
अकाण्डे (अ०)—अपना।
अकाण्डपात (पु०)—आकस्मिक घटना
अकाण्डे (अ०)—अकस्मात, अचानक।
अकाम (वि०)--काम [इच्छा] रहित, निःस्पृह, कामनारहित [स्त्री० अकामा]
अकामिन् (पु०)—अकामी [स्त्री० अकामिनी]—काम रहित, निःस्वार्थ
अकामतः (अ०)—विना इच्छा, विना इरादे के, प्रेरणारहित होकर।
अकामता (स्त्री०)—काम [इच्छा] का अभाव, निःस्पृहता।
अकाय (वि०)— काया [शरीर] रहित, देहहीन, अशरीर। पु०--राहु। ['अ' अक्षर।
अकार (वि०)—क्रियारहित। पु०--
अकारण (वि०)—कारणरहित, हेतुहीन, बिना वजह का, मूल-रहित। नपु०—कारण या हेतु का अभाव। क्रि० वि०—विना वजह के।
अकार्य (वि०)—नामुनासिब, अनुचित, न करने योग्य। नपु०—अनुचित वा बुरा काम। पु०—कार्य का अभाव।
अकार्यकारिन् (पु० अकार्यकारी स्त्री० अकार्यकारिणी)—बुरा काम करने वाला वा वाली।
अकाल (वि०) [नास्ति उचितः कालोयस्य]—असंगत, जिस का उचित काल उपस्थित न हुआ हो, जो काला न हो अर्थात् सफ़ेद हो। पु०--बुरासमय, अनुपयुक्त समय, दुर्भिक्ष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अकालज (वि०)–अनुचित काल में उत्पन्न हुआ। [अर्थात् परमात्मा

अकालमूर्त्ति (पु०)–अविनाशी पुरुष

अकालमृत्यु (स्त्री०)–बेसमय की मृत्यु, थोड़ी अवस्था का मरना, अनायास मृत्यु। [बेमौक़े का।

अकालिक (वि०)–बिना समय का,

अकिञ्चन (वि०)–जिस के पास कुछ भी न हो, नितान्त निर्धन, मुहताज। पु०–धनहीन मनुष्य। नपु०–जिसका कुछ भी मूल्य न हो।

अकिंचनता (स्त्री०)–प्रत्येक वस्तु का त्याग, इच्छाकृत धनहीनता।

अकिंचित्कर (वि०) न+किंचित् +कृ+अच्–काम न करने वाला, निरर्थक, निरुद्योगी।

अकिल्बिष (वि०)–निष्पाप, पवित्र। पु०–पापरहित मनुष्य।

अकीर्त्ति (स्त्री०)–कीर्त्ति [यश] का न होना, अपयश, बदनामी, अपमान

अकीर्त्तिकर (वि०)–अपमानजनक, बदनाम करने वाला।

अकुंठ (वि०)–जो कुंठित न हो, तेज़, काम करने योग्य, न रुकने वाला

अकुंठित (वि०)–अकुंठ, तेज़।

अकुटिल (वि०)–जो कुटिल वा टेढ़ा न हो, सीधा, निष्कपट, साफ़ दिल का।–ता–सादगी।

अकुतः (अ०)–कहीं से भी नहीं।

अकुतोभय (वि०)–न डरने वाला।

अकुप्य (नपु०)–सोना या चांदी।

अकुल (वि०)–कुलरहित, नीच, परिवारहीन। पु०–शिव का नाम।

अकुला (स्त्री०)–शिव की स्त्री पार्वती।

अकुलीन (वि०)–नीच कुल का।

अकुशल (वि०)–जो चतुर न हो, मूर्ख, हतभाग्य। नपु०–बुराई।

अकूपार (वि०)–असीम, वार पार रहित। पु०–समुद्र, सूर्य, कच्छप।

अकृच्छ्र (वि०)–क्लेशशून्य। नपु०–क्लेश का अभाव।

अकृत (वि०)–न किया हुआ, अन्यथा किया हुआ। नपु०–असम्पादित कार्य, कार्य का असम्पादन।

अकृतात्मा (वि०)–मूर्ख, बेवकूफ़।

अकृतोद्वाह (वि०)–बिना विवाहा।

अकृतज्ञ (वि०)–किये हुए उपकार को न मानने वाला।

अकृतिन् (पु० अकृती स्त्री० अकृतिनी)–निकम्मा, काम न करने योग्य; अकुशल। [नपु०–प

अकृत्य (वि०)–न करने यो

अकृत्रिम (वि०)–असली, बनावटी, स्वाभाविक।

अकृपा (स्त्री०)–कृपा (दया) अभाव, नाराज़ी, क्रोध।

अकेतु (वि०)–अज्ञान, आकाररहित ध्वजाहीन।

अकेश (वि०)–बिना बाल का, गंजा

अकैतव (पु०)–कपट का निष्कपटता।

अक्का (स्त्री०) अक्क

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IK

अक्रम (वि०)–बिना क्रम, बेसिल-सिला, गड़बड़ । पु०–क्रम का अभाव, गड़बड़, बेतरतीबी, गति का अभाव ।

अक्रान्त (वि०)–जिसका उल्लंघन न हुआ हो, अजित ।

आक्रिय (वि०)–क्रियाहीन, सुस्त, चेष्टारहित, परमात्मा का विशेषण, निकम्मा ।

अक्रिया(स्त्री०)–कर्त्तव्यहीनता, सुस्ती

अक्रूर (वि०)–जो क्रूर (निर्दय) न हो, कोमल । पु०–कृष्ण के एक चचा का नाम ।

अक्रोध (वि०)–क्रोध से मुक्त । पु०–क्रोध का अभाव ।

अक्लिष्ट (वि०)–बिना क्लेश का, आसान, सीधा ।

अक्ष् (धा० प० अक्षति, अक्ष्णोति)–पहुंचना, बढ़ना ।

अक्ष (पु०)--पाशा खेलने का, धुरा अक्षि गाड़ी का, रावण का एक पुत्र, [illegible] बहेड़ा नाम ओषधि ।

अक्षत (वि०) अ+क्षण्+क्त–बिना जक्षि टूटा, जिस में घाव न हो । नपु० [illegible] चावल, जौ ।

अक्षतयोनि (स्त्री०)–जिस का पति अक्षि के साथ समागम न हुआ हो ।

अक्षतवीर्य (पु०)--ब्रह्मचारी ।

अक्षदर्शक (पु०)–न्यायाधीश, जुआरी

अक्षधूर्त (वि०)–जुआ खेलने वाला

अक्षपाद (पु०)–पदार्थवादी, गौतम

अक्षविवाहन(न०)--[illegible]पन

अक्षम (वि०)–अ+क्षम्+अच्–असमर्थ, लाचार । अक्षमा (स्त्री०)–क्षमा का न होना, न सहारना ।

अक्षमाला (स्त्री०)--रुद्राक्ष की माला, अरुधन्ती का नाम ।

अक्षय (वि०)–जिसका क्षय [नाश] न हो, सदा रहनेवाला ।

अक्षर (वि०)–जो क्षर [नाश] न हो, अविनाशी, परमात्मा और आत्मा का विशेषण । पु०–अकारादि वर्ण, पानी, आकाश, मोक्ष

अक्षरी (स्त्री०)–वर्षाकाल, बरसात ।

अक्षरचण (नपु०)–लिखने वाला, नक़ल करनेवाला ।

अक्षरशः (क्रि० वि०)–अक्षर अक्षर, लफ्जबलफ्ज़, बिलकुल, ज्योंकात्यों

अक्षशौण्ड (पु०)–पक्का जुआरी ।

अक्षान्ति (स्त्री०)-- द्वेष, ईर्ष्या, असहन, क्रोध, हसद । [न हो ।

अक्षार(वि०)–बनावटी नमक जिसमें

आक्षि(नपु०) अक्ष्+क्सि-आंख, नेत्र ।

अक्षिगत (वि०)--शत्रु, वैरी ।

आक्षिगोलक (पु०)–आंख का टेढ़न ।

अक्षित (वि०)–बिना सड़ा हुआ, हमेशा रहने वाला । नपु०-पानी ।

अक्षिति (वि०)–नाशरहित ।

अक्षीव (पु०)--जो मतवाला न हो, शान्त । [समूचा ।

अक्षुण्ण (वि०)--नहीं टूटा हुआ,

अक्षुद्र (वि०)--जो छोटा न हो ।

अक्षोट (पु०)–अखरोट, अक्षोड ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अक्षोभ (वि०)--क्षोभरहित, गम्भीर पु०--क्षोभ का अभाव ।

अक्षौहिणी (स्त्री०)-अक्ष+ऊहि+णिनि--सेना का एक बड़ा भाग जिसमें १०९३५० पैदल ६५६१० घोड़े २१८७० रथ और २१८७० हाथी होते हैं । 900

अक्षण (वि०)-न टूटा हुआ, अखण्ड । नपु०--काल, समय ।

अखण्ड (वि०)--सम्पूर्ण, खंडरहित

अखंडनीय (वि०)--जिस का खण्डन न किया जा सके, अखण्ड्य।

अखण्डित (वि०)--जिसके खंड न हुए हों, अविच्छिन्न, अविभक्त, समूचा, पूरा, सालिम ।

अखात (पु० नपु०)-स्वाभाविक जलाशय, खाड़ी, झील।

अखाद्य(वि०)न+खाद्+ण्यत्-खाने के अयोग्य, अभक्ष्य, न खाने योग्य ।

अखिन्न(वि०) -जो थका हुआ न हो।

अखिल (वि०)-सम्पूर्ण, सारा ।

अख्याति (स्त्री०)--अपयश, बदनामी

अग् (धा० प०)--चक्कर लगाकर चलना । [वृक्ष, पर्वत, रवि ।

अग (वि०)--न चलने वाला । पु०-

अगणनीय (वि०) अ+गण्+अनीयर्--बहुत, लाताद्।द, गणना करने के अयोग्य अर्थात तुच्छ ।

अगणित (वि०)-नहीं गिना हुआ, बेशुमार, बहुत ।

अगति (स्त्री०) न+गम्+क्तिन्-जिस की गति न हो, उपायरहित

अगद (वि०)--गद [रोग] रहित, तन्दुरुस्त, स्वस्थ । पु०-औषध

अगदंकार (पु०)--वैद्य, हकीम ।

अगम (वि०)-अग का पर्यायवाची

अगम्य (वि०)-न जानने के योग्य, जहां कोई जा न सके, दुर्गम ।

अगम्या (स्त्री०)-ऐसी स्त्री जिसके साथ संग करना उचित नहीं ।

अगम्यागमन (नपु०)-अनुचितसंसर्ग

अगस्ति (पु०) अग+अस्+ति--अगस्त्य मुनि का नाम । स्त्री-दक्षिण दिशा, अगस्त्य की बंशजा ।

अगस्त्य (पु०)--अगस्त्य ऋषि का नाम, शिव का नाम । [गहरा ।

अगाध(वि०) न+गाध्+घञ्--बहुत

अगार (नपु०)--घर, निवासस्थान ।

अगिर (पु०)-स्वर्ग, सूर्य, एक राक्षस ।

अगुण (वि०)--गुणरहित, निकम्मा । पु०- दोष, ऐब, बुराई ।

अगुरु (वि०)--हलका, जो भारी न हो, गुरुरहित । न०सीसों का

अगूढ़ (वि०)--प्रत्यक्ष, न छिपा हुआ

अगृह, अगेह (वि०)- गृहरहित, वानप्रस्थी, फ़क़ीर ।

अगोचर (वि०)--इन्द्रियों द्वारा अगम्य, अप्रत्यक्ष । [नामक देवता ।

अग्नि (पु०)--आग, आंच, तेज, अग्नि

अग्निक (पु०)--अग्नि+कै+क--बहूटी नाम का कीड़ा, तीज

अग्निकर्म-कार्य (पु०)--होमसाधन ।

अग्निकुमार (पु०)--

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by

अग्निकेतु (पु०)--धूम, शिव का एक नाम, रावण की सेना का एक राक्षस ।

अग्निकोण (पु०)--पूर्व और दक्षिण के बीच का कोना [दाग देना ।

अग्निक्रिया (स्त्री)--अन्त्येष्टिकर्म,

अग्निक्रीडा (स्त्री०)--आतिशबाजी

अग्निगर्भ (पु०)--सूर्यकान्तमणि, आतसी शीशा ।

अग्निचित् (पु०)-अग्निहोत्री ।

अग्निज (पु०)-अग्नि से उत्पन्न हुआ द्रव्य, सोना ।

अग्निजिह्व (वि०)-देवता ।

अग्निज्वाला (स्त्री०)--आग का शोला, अग्निशिखा, आंच की लपट ।

अग्नि[illegible]प्रस्तर (पु०)-चकमक पत्थर ।

अग्नि[illegible]बाहु (पु०)--धुआं, धूम ।

अ[illegible]नमुख (पु०)--देवता, ब्राह्मण ।

[illegible]नावित् (पु०)--अग्निहोत्री ।

[illegible]ग्निष्टोम (पु०)--एक यज्ञ का नाम

[illegible]नसात् (वि०)-आग में जलाया हुआ ।

[illegible]ग्निष्वात्ता (पु०)--अग्नि, विद्युत आदि विद्याओं का जाननेवाला ।

[illegible]ग्निहोत्र (पु०)-वेदोक्त मंत्रों से अग्नि में आहुति देने की क्रिया ।

[illegible]स्त्र (पु०)--वह अस्त्र जिससे [illegible] उत्पन्न हो ।

[illegible] रहने वाला

[illegible]धिवासित (पु०)--अग्नि का विधि-

[illegible]धिवाहन(स०)--[illegible]पन ।

अग्न्याहित (पु०)--अग्निहोत्री ।

अग्न्याशय (पु०)--जठराग्नि का स्थान, पक्वाशय ।

अग्मन् (नपु० --युद्ध, लड़ाई ।

अग्र (वि०)--पहिला, सब से आगे का, सरदार, सर्वोत्तम । नपु०--ऊपर का भाग, नोक ।

अग्रगण्य (वि०) अग्र+गण्+यत्-आगे गिना जाने योग्य, प्रधान ।

अग्रगामिन् (पु० अग्रगामी स्त्री० अग्रगामिनी)--अग्रिम, आगे जाने वाला, अगुआ ।

अग्रजन्मन् (पु०)--बड़ा भाई, ब्राह्मण । वि०--पहिले उत्पन्न हुआ ।

अग्रजाति (पु०)--ब्राह्मण ।

अग्रणी (वि०)--अग्र+नी+क्विप्--स्वामी, श्रेष्ठ । पु०--मुखिया, प्रधानपुरुष ।

अग्रतः (अ०)--आगे तक ।

अग्रतःसर (वि०)--आगे जाने वाला ।

अग्रदानी (पु०)--अचारज, मृतक का दान लेने वाला ।

अग्रभाग (पु०)--अगला हिस्सा, सिरा

अग्रमुख(नपु०)--मुख का अगला भाग

अग्रयान (पु०)--आगे जानेवाली सेना

अग्रवर्ती (पु०)--आगे रहनेवाला ।

अग्रसोची (पु०)--दूरदर्शी, पहिले सोचने वाला । [सन्ध्या ।

अग्रसन्ध्या (स्त्री०)--प्रातःकाल की

अग्रसर(वि०)--अग्र+सृ+ट-आगे जाने वाला । [रहित संन्यासी आदि ।

अग्रह (पु०)--स्त्री का न होना, स्त्री

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अग्रहायण (अस्त्री०)--वर्ष का पहिला मास, मार्गशीर्ष मास।

अग्रहार (पु०)--राज्य की ओर से ब्राह्मण या ब्रह्मचारी को भूमि का दान।

अग्राह्य (वि०)--न लेने योग्य, त्याज्य

अग्रिम (वि०)--अगाऊ, पेशगी, श्रेष्ठ, उत्तम। पु०-बड़ा भाई।

अग्रिय [अग्रीय] पु०-- बड़ा भाई (वि०)-श्रेष्ठ, उत्तम।

अग्रु--ग्रू (स्त्री०)--एक नदी, अविवाहिता, एकाकिनी।

अग्रे (अ०)--सामने, आगे [काल वा स्थान की अपेक्षा से]

अग्रेदिधिषु (पु०)--विधवा के साथ विवाह करने वाला। स्त्री० दिधिषू--बड़ी कन्या से पूर्व विवाही हुई छोटी कन्या।

अग्रेभव(पु०)--अग्रिय का पर्य्यायवाची

अघ (नपु०)-अघ्+अच्--पाप, व्यसन, दुःख। वि०--बुरा, पापी, क्रूर।

अघटित (वि०)--जो घटित [वाकः] न हुआ हो।

अघवान् (पु०)--पापयुक्त, पापी।

अघमर्षण (वि०)-पापनाशक, पापों को दूर करने के लिये जपने योग्य मंत्र। [पापयुक्त।

अघाय (वि०)-द्वेषपूर्ण, क्रूर, हानिकर,

अघारी (वि०)-व्यसनयुक्त।

अघर्म (वि०)-जो गर्म न हो, ठंडा।

अघासुर (पु०)--एक राक्षस का नाम

अघोर (वि०)-प्रियदर्शन, सुहावना। पु०--शिव और दुर्गा का पुजारी

अघोरपथ (वि०)-शिव का अनुयायी।

अघोष वि०-शब्दरहित, नीरव, ग्वाल वा अहीरों से रहित।

अघोस् (अ०)-जो शब्द दूर से पुकारने के समय नाम से पूर्व लगाया जाता है।

अघ्न्य (वि०) -न+हन्+यत्-न मारने योग्य। पु०--ब्रह्मा, बैल। स्त्री० अघ्न्या--गाय, गौ। [शराब।

अघ्रेय (वि०)--न सूंघने योग्य। नपु०

अंक् (धा० आ०)--टेढ़ी गति करना। (उ० प०) अंकित करना, चिन्हित करना।

अंक (पु०) अंक्+अच्-चिन्ह, संख्या, नाटक का एक भाग, कोई तिरछा अस्त्र, झूंठी लड़ाई, स्थान, पाप, रेखा, शरीर, पर्वत।

अंकक (पु०)--चिन्ह करने वा

अंकगणित(पु०)--गिनती का हिसा अर्थमैटिक, अंकविद्या।

अंकन (नपु०) अंक्+ल्युट्--चि निशान, प्रेम का निशान, चि करने का काम, मोहर।

अंकपरिवर्तन (पु०)--करवट करवट बदलना।

अंकपालि-ली-- (स्त्री०)--गो स्थान, कौली भरना, उपमाता।

अंकलि-ती (पु०)-अं ब्रह्मा। स्त्री०नाने

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by

अंकस्(नपु०)–निशान, देह।

अंकित(वि०) चित्रित, चिन्हित, गिना हुआ, निशान किया हुआ।

अंकुट(पु०)–कुंजी।

अंकुर-कूर(पु०नपु०)–अंकुआ, नवोद्भिद्, बीज से जो नया उत्पन्न हो, कल्ला, बाल, जल, खून।

अंकुरक(पु०)–घौंसला, पक्षियोंका घर

अंकुरित(वि०)–उगा हुआ, जिसमें अंकुर निकल आये हों।

अंकुश-कूष(पु०)–एक प्रकार का छोटा शस्त्र जो हाथी के चलाने में काम आता है, अंकस।

अंकुशग्रह(पु०)–हाथीवान्, फीलवान्, हाथी का हांकने वाला महावत।

अंकुशदुर्धर(पु०)–दुर्दान्त हाथी, मस्त हाथी।

अंकुशधारी(पु०)–हाथीवान्। [हुआ

अंकुशित(वि०)–अंकुश से चलाया

अधिवट-ठ-ल(पु०)–आकोड़नामक वृक्ष

हौलिका(स्त्री०)–आलिङ्गन, गले अधिवगाना। यह शब्द अंकपालिका अधिका अपभ्रंश प्रतीत होता है।

मत्य(पु०)अक्+यत्–अंकित करने अधिवयोग्य, मृदङ्ग तबला आदि का अधिवभी नाम है। [रोके रखना।

से संस्थातु प०)–रेंगना, चिपटना,

अधिवासिन्(प०)–चलना, जाना।

रहने वाला [illegible]–शरीर का अवयव, भाग

अधिवासित(विदेश, लग्न, छः, मन।

अधिवाहन(न०)–ले देश का नाम (उस देश के निवासी), वर्तमान भागलपुरके समीपवर्त्ती देशका नामहै

अंगग्रह(पु०)–देह की पीड़ा, शारीरिक कष्ट वा रोग।

अंगज-जात(वि०)–अंग में उत्पन्न हुआ, देह से पैदा, सुन्दर। (पु०) पुत्र, केश, प्रेम, कामदेव, रोग (नपु०) रक्त, रुधिर।

अंगजा(स्त्री०)–पुत्री, आत्मजा।

अंगण-न(न०)–आंगन, घरका सहन।

अंगति(पु०)–सवारी, अग्नि, अग्निहोत्री।

अंगत्राण(पु०)–शरीर को ढकने वाला अंगरखा, पहिरने का वस्त्र।

अंगद(पु०)–बांह के ऊपर पहिरने का एक आभूषण जिसे बाजूबन्द कहते हैं। किष्कन्धाधिपति बाली के पुत्र का नाम, लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम।–दा स्त्री०–दक्षिण की हथिनी। [युद्ध से पलायन।

अंगदान(पु०)–युद्ध में पीठ दिखलाना,

अंगदीया(स्त्री०)–कारुपथ नामक देश की राजधानी जिसका राजा लक्ष्मण का पुत्र अंगद था।

अंगद्वार(पु०)–मुख, नासिका आदि शरीर की कर्मेन्द्रिय।

अंगना(स्त्री०)अच्छे अंगों वाली स्त्री, कोई स्त्री, उत्तर दिशा में पाई जाने वाली हथिनी।

अंगन्यास(पु०)–विशेष मंत्रों के पाठ के साथ शरीरके अंगों को छूना।

अंगनाप्रिय(पु०)–अशोक का वृक्ष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

(वि०)-जो स्त्रियों को प्रिय हो, स्त्रियों का प्रेमपात्र।

अंगपाली(पु०)-आलिङ्गन।

अंगपालिका(पु०)-दाई, उपमाता, अंग पालन करने वाली।

अंगपाक(पु०)-अंग पकने का रोग।

अंगप्रोक्षण(पु०)-अंग पोंछना, अंगोछे से शरीर साफ़ करना।

अंगभंग(पु०)-शरीर के अवयव का टूटजाना, किसी अंग का नाश।

अंगभंगी(पु०)-स्त्रियों का कटाक्ष, चेष्टा। [का संचालन।

अंगभाव(पु०)-गाते समय अंगों

अंगभूत(वि०)-अंगसे उत्पन्न, अन्तर्गत

अंगमर्द(पु०)-हड्डियों का फूटना, हड़फूटन। [दबाना।

अंगमर्दन(पु०)-अंगोंको मालिश, शरीर

अंगमर्दिन्(पु०)-मुट्ठीभरनेवालानौकर

अंगरक्षणी(स्त्री०)-अंग+रक्ष+ल्युट्+ङीप्-अंगरखा। वि० अंगरक्षक

अंगरक्षा(पु०)-शरीर की रक्षा, देह का बचाव। [का लेप।

अंगराग(पु०)-केसर, चन्दन, अंग

अंगराज(पु०)-अंग देश का राजा कर्ण

अंगव(न०)-सूखा हुआ फल।

अंगविकृति(स्त्री०)-वि+कृ+क्तिन्-मिर्गी, अपस्मार, अंगविकार।

अंगविक्षेप(पु०)-वि+क्षिप्+घञ्-अंगों का हिलाना, नृत्य, कसरत।

अंगविद्या(स्त्री०)-सामुद्रिक विद्या।

अंगशोष(पु०)-शरीर सूखने का रोग।

अंगस्(पु०)-एक प्रकार का पक्षी।

अंगसंस्कार(पु०)-देह की सजावट, शरीर का सम्हारना, उबटना मलना।

अंगसख्य(पु०)-गहरी दोस्ती।

अंगहार (पु०) अङ्ग+हृ+घञ्-अंग विक्षेप, अंग का हरण।

अंगहीन(वि०)-जिसका कोई अंग भंग होगया हो, लूला, लंगड़ा।

अंगांगीभाव(पु०)-अवयव का अवयवी के साथ सम्बन्ध, गौण और मुख्य भाव। [स्वामी।

अंगाधिप(पु०)-राजा कर्ण, अंगों का

अंगार(अस्त्री०)-अङ्ग्+आरन्-दहकता हुआ कोयला, बिना धुएं की अग्नि, अँगारा। पु०-मंगलग्रह (न०)लालरंग। वि०-सुर्ख, लाल

अंगारक(पु०)-मंगलग्रह, दहकता अँगार, चिङ्गारी। न० अंगारकनाम ज्वरों को दूर करने वाला एक प्रकार का तैल।

अंगारकमणि(पु०)-मूंगा।

अंगारधानी-निका (स्त्री०)-अँ आग रखने का बर्तन।

अंगारपरिपाचित(न०)-कबाब, हुआ मांस। [अंगी

अंगारपात्री-शकटी (स्त्री०)-

अंगारपुष्प(पु०)-हिंगोटवृक्ष, नामक पेड़।

अंगारमंजरी(स्त्री०)-करौंजा

अंगारि(स्त्री०)-अंगीठी की आग।

अंगारिका (स्त्री

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by

अंगारिणी(स्त्री०)–छोटी सी अंगीठी, दिशा जिस पर डूबे हुए सूर्य की लाली छाई हो, लतामात्र।

अंगारित-रक्षित(वि०)–जला हुआ, भुना हुआ। [लतामात्र।

अंगारिता(स्त्री०)–अंगारधानी, कली,

अंगर्या (स्त्री०)–कोयले का ढेर।

अंगिन्(वि०) अंग+इनि–प्रधान,शरीरी, अंगोंवाला।

अंगिरस्(पु०)–एक ऋषि, ब्रह्मा के मुख से उत्पन्न हुआ पुत्र, वह यज्ञपति और देवताओं का पुरोहित भी कहलाता है।

अंगीकृ(धा० उ०)–स्वीकार करना, अंगीकार करना।

अंगीकार:-कृतिः-करणम्--स्वीकारी, प्रण, साहिदा, मान लेना।

अंगीकृत(वि०)–स्वीकार किया हुआ, माना हुआ।

अंगु(पु०)अंग्+उन्=हाथ।

अंगुरि-री(स्त्री०)अंग+उलि=अंगुली।

होय(नपु०)=अंगूठी, मुन्दरी।

अंगुष्ठ(पु०)–उंगली, अंगूठा, [ज्योतिषशास्त्र में] ग्रास या बारहवांभाग, मल्लात्स्यायन वा चाणक्यमुनि का अंगुष्ठग्रास। अस्त्री०–आठ जौ का माप, अंगुष्ठलम्बाई की एक माप।

से संख्या-ली(स्त्री०)-उंगली, पांचों अंगुष्ठवासिन्(वि०)–रहने वाला। मध्यमा, अनामिका, अंगुष्ठवासित(वि० कनिष्ठिका।

अंगुष्ठविवाहन(न०)--ले

अंगुलिका(स्त्री०)–एक प्रकार की चींटी, उंगली।

अंगुलीतोरण(नपु०)–चन्दनादि द्वारा माथे पर आधे चन्द्रमा के आकार का तिलक।

अंगुलित्र-त्राण(नपु०)–अंगुलि की रक्षा करनेवाला, दस्ताना।

अंगुलिपर्व(पु०)--उंगलियों के पोरवे वा गांठ।

अंगुलिमुद्रा(स्त्री०)–अंगूठी जिस पर नाम खुदा हो, मुहर लगाने की अंगूठी।

अंगुलिवेष्टन(पु०)–दस्ताना।

अंगुलिसंज्ञा(स्त्री)–उंगली से बनाया निशान।

अंगुलिसन्देश(पु०)–उंगली के शब्द से संकेत करना, उंगलियों का बजाना।

अंगुलिसंभूत(पु०)–नाखून, नख।

अंगुष्ठ(पु०)–अंगूठा, हाथ वा पैर की सब से मोटी अंगुलि।

अंगुष्ठमात्र(वि०)–अंगूठाभर।

अंगुष्ठाना(स्त्री०)–सुई से हाथ बचाने के लिये एक बनी हुई लोहेकी टोपी, अंगुस्ताना।

अंगुष्ठ्य(पु०)--अंगूठे का नाखून।

अंगूष(पु०)--नेवला, बाण।

अंघ् (धा०भा०)-जाना, आरम्भ करना, जल्दी करना, धिक्कारना।

अंघस्(नपु०)--पाप, गुनाह।

अंघारि(वि०)--दीप्तिमान्, चमकीला।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अंघ्रि(पु०)--पैर, वृक्ष की जड़, श्लोक का चतुर्थ पाद ।

अंघ्रिपान(वि०)--अंगूठा चूसनेवाला, छोटा बच्चा, वृक्ष ।

अंघ्रिस्कन्ध(पु०) -एड़ी ।

अच्(धा० उ०)--जाना, गति करना, निवेदन करना, पूछना । [तिक ।

अचक्र(वि०)--बिना पहिये का, अग-

अचक्षुः(वि०)--नेत्रहीन, अन्धा ।

अचण्ड(वि०)--क्रोधरहित, साधु ।

अचण्डी(स्त्री०)--सीधी, वा साधु स्वभाव की गाय ।

अचर(वि०)--न चलने वाला, ठहरा हुआ, पृथ्वी, पर्वत । [बिचला ।

अचरम(वि०)--जो आख़िरी न हो,

अचल(वि०)--ठहरा हुआ, गतिहीन, स्थायी । पु०-पर्वत, चट्टान, गोंज नामी कील, सात का अंक, शिव का नाम । नपु०-ब्रह्म ।

अचला(स्त्री०)- पृथ्वी ।

अचलकन्यका-सुता-दुहिता-तनया-(स्त्री०)--पार्वती का नाम । [हुआ ।

अचलज-जात(वि०)--पर्वत से उत्पन्न

अचलद्विष्(पु०)--पर्वतों का शत्रु अर्थात् इन्द्र । [हिमालय ।

अचलपति-राट्(पु०)पर्वतों का राजा

अचलासप्तमी(स्त्री०)--अगहन की शुक्ला सप्तमी । [मूर्ख, अदूरदर्शी ।

अचित्त(वि०) -अचिन्त्य, चित्तरहित,

अचित्ति(स्त्री०)--बुद्धि का अभाव, मूर्खता, जड़ता ।

अचिन्त्य-नतनीय(वि०)--जिस का चिन्तन न हो सके, अज्ञेय, दुर्बोध ।

अचिन्त्यात्मा(पु०)--ईश्वर, जिस का स्वरूप ठीक २ ध्यान में न आ सके ।

अचिन्तित(वि०)--जिस का चिन्तन नहीं किया गया हो, असम्भावित ।

अचिकित्स्य (वि०)--चिकित्सा के अयोग्य, असाध्य ।

अचित्(वि०)-अचेतन, जड़ ।

अचिर(वि०)--शीघ्र, थोड़े समय का, संक्षिप्त, क्षणिक, नवीन, हाल का ।

अचिरं-रेण-राय-रात्(अ०)अविलम्ब से, हाल में ही, जल्दी, शीघ्रता से ।

अचिरांशु(स्त्री०)--बिजली [आभा, द्युति, प्रभा, भास् इत्यादि लगाने से भी यही अर्थ होता है] ।

अचेतन(वि०)--चेतनारहित, ज्ञान-हीन, बेसमझ ।

अचेतस्(वि०)--ज्ञानशून्य, जीवन-शून्य, मुर्दा, चेतनाहीन । (

अचेष्ट(वि०)--चेष्टाहीन, गतिशून्य ।

अचैतन्य(वि०)--ज्ञानरहित, ज

नपु०--चेतना का अभाव, अ

प्रकृति, प्राकृतिक संसार ।

अच्छ(वि०)--साफ़, स्वच्छ, निर्मल

पु०--स्फटिक ।

अच्छ-च्छा(अ०)--सम्मुख, सामने

अच्छभल्ल(पु०)--रीछ, भालू ।

अच्छत्र(पु०)--राजा रहित

देश में अराजकता

अच्छावाक(पु०)--आह्व

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by

सोमयज्ञ कराने वाले पुरोहितों में से एक।

अच्छन्दः(वि०)-वेद न पढ़ने वाला, छन्दःरहित, वेद पढ़ने का अनधिकारी।

अच्छिद्र(वि०)-छिद्रहीन, बेऐब, समूचा, अक्षत, दोषरहित।

अच्छिन्न(वि०)-अखंडित, जो कटा न हो, लगातार। [हो सके।

अच्छेद्य(वि०)-जिस का विभाग न

अच्छोद(वि०)-निर्मल जल वाला छोटा तालाब। [मृगया।

अच्छोदन(नपु०)-शिकार, आखेट,

अच्युत(वि०)-दृढ़, स्थिर, नित्य जो गिरा न हो। पु०-विष्णु का नाम, परमात्मा का नाम, पीपल।

अच्युताग्रज(पु०)-बलराम वा इन्द्र का नाम।

अच्युताङ्गज(पु०)-कृष्ण और रुक्मिणी का पुत्र कामदेव।

अधिवृतानन्द(पु०)-परमात्मा।

अधिवृतावास(पु०)-वट वृक्ष, क्षीर-अधिवृत्तमुद्र, मथुरा, वृन्दावन।

अधिवृ(धा०प०)-जाना, हांकना, फेंकना।

मत(वि०)-अनुत्पन्न, नित्य। पु०-अधिवृब्रह्मा, विष्णु, शिव, आत्मा, अधिवृपकरा, दशरथ के पिता का नाम।

से संस्पर्श-क(पु०)--साल का दरख्त,

अधिवासिन्(पुत्र। [धनुष।

रहने वाला (अस्त्री०)-शिव जी का

अधिवासित(वि०स्त्री०)-छोटी बकरी।

अधिवाहन(न०)--ले

अजकाजात(पु०)--आंख में होने वाली लाल फूली, नाखूना।

अजक्षीर(न०)--बकरी का दूध।

अजग(पु०)--विष्णु, अग्नि। [तुलसी।

अजगंधा(स्त्री०)--बन अजवायन, बन-

अजगंधिका(स्त्री०)--बर्बरीनामशाक।

अजगंधिनी(स्त्री०)--काकड़ासींगी।

अजगर(पु०)-बहुत बड़ा सांप, जो कहते हैं कि बकरी को निगल जाता है।

अजगल-देखो अजागल।

अजगल्लिका(स्त्री०)-बच्चों को होने वाला एक रोग।

अजघन्य(वि०)-जो नीच न हो, अच्छा

अजजीविक(पु०)-गडरिया। [नाम।

अजटा(स्त्री०)-भूम्यालकी वृक्ष का

अजड(वि०)-चेतन, जो मूर्ख न हो।

अजथ्या(स्त्री०)-पीलेरंग की जूही का पेड़ और फूल, बकरों का समूह।

अजदण्डी(स्त्री०)-ब्रह्मदण्डी, एक प्रकार का पौदा।

अजन(पु०)-ब्रह्मा, बुरा आदमी। न०-गति करना, हांकना। वि०-जन-शून्य। [माता न हो।

अजननि(स्त्री०)-जन्मरहित, जिसकी

अजन्त(पु०)-स्वरांत शब्द।

अजन्मन्(वि०)-जो उत्पन्न न हुआ हो। पु०-मोक्ष।

अजन्य(नपु०)-भूचाल आदि उपद्रव।

अजप(पु०)-बुरा पढ़ने वाला। वि० बकरी पालने वाला।

अजपा(स्त्री०)-हंस नामक मन्त्र का

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS

नाम, जो आप ही श्वासके आने जाने से निकलता रहता है।

अजपात द्-द(पु०)-११ रुद्रों में से एक का नाम।

अजभक्ष(पु०)-बबूल का पेड़।

अजमीड(पु०)-अजमेर नामक नगर, वहां का राजा, युधिष्ठिर।

अजमोदा(स्त्री०)-अजवायन।

अजम्भ(पु०)-मेंढक। वि०-बिना दांत का।

अजय(पु०)-पराजय, हार, एक नद का नाम, अग्नि का नाम। वि० जो जीता न जासके, अजेय।

अजय्य(वि०)-अजेय, जो जीता नहीं जा सकता। [जमालगोटा।

अजयपाल(पु०)-एक राजा का नाम,

अजया(स्त्री०)-भांग, विजया, दुर्गा के एक मित्र का नाम, माया।

अजर(वि०)-जिसे बुढ़ापा न सतावे, सदा जवान। पु०--देवता, जीर्ण-फंजी नामक वृक्ष। न०-परमात्मा।

अजरा(स्त्री०)-घीगवार, जराशून्य।

अजर्य(वि०)-नाशहीन, जो पचाया न जा सके। न०-स्थिरता।

अजराल(वि०)-बलवान्।

अजलोमा-मी(स्त्री०)-कौंच वृक्ष।

अजवस्(वि०)-वेग रहित, मन्द।

अजवीथी(स्त्री०)-पितरों का मार्ग, यमनाला, छायापथ।

अजशृंगी(स्त्री०)-मेढ़ासींगी।

अजस्रम्(अ०)-निरन्तर, सदा।

अजहत्स्वार्था(स्त्री०)-अपने अर्थ को न छोड़कर दूसरे अर्थ को जताने वाली लक्षणा नाम शक्ति।

अजहल्लिङ्ग(पु०)-जिसका लिङ्ग नियत हो, विशेष्य का चाहे जो लिङ्ग हो पर अपना लिङ्ग न छोड़ने वाला विशेषण। जैसे "वेदःश्रुति र्वा प्रमाणम्"।

अजा(स्त्री०)-प्रकृति या माया, बकरी।

अजागर(पु०)-भीमराज नामक भृङ्गराज, जिसके सेवन से नींद नहीं आती।

अजागल(पु०)-बकरी का गला।

अजगलस्तन(पु०)-बकरी के गले में लटका हुआ मांस।

अजाजि-जी(स्त्री०)-सफ़ेद व काला जीरा। [हुआ हो।

अजात(वि०)-अनुत्पन्न, जो पैदा न

अजातककुद्(पु०)-थोड़ी उम्र का बछड़ा।

अजातशत्रु(वि०)-जिसका कोई शत्रु न हुआ हो, शत्रुविहीन, युधि[illegible]

अजातारि(वि०)-अजातशत्रु के [illegible]

अजातव्यवहार(पु०)-नाबालि[illegible]

अजाति(वि०)-जातिरहित, जिस[illegible] कोई जाति न हो, अनुत्पन्न स्त्री० -उत्पत्ति का अभाव।

अजानि(पु०)-स्त्रीरहित, रंडवा

अजानिक(वि०)-गडरिया।

अजानेय(वि०)-शक्तिसम्पन्न, निडर, अच्छी नस्ल [illegible] उत्तम घोड़ा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS

अजि(वि०)-तेज चलनेवाला । स्त्री०-गति, चलना, फेंकना ।

अजित(वि०)--जो जीता न गया हो, जो क़ाबू में न रहे । पु०-विष्णु, शिव वा बुद्ध का नाम ।

अजिता(स्त्री०)-भादों बदि एकादशी का नाम ।

अजितापीड(पु०)-अजेय मुकुटवाला, एक राजा का नाम ।

अजितविक्रम(पु०)-अजेय शक्तिवाला, द्वितीय चन्द्रगुप्त का नाम ।

अजितेन्द्रिय(वि०)-जिसने इन्द्रियों को न जीता हो, इन्द्रियलोलुप, विषयासक्त ।

अजिन(न०)-शेर, चीते या हाथी का चमड़ा, एक प्रकार के चमड़े का बक्स ।

अजि[illegible]पत्रा(स्त्री०)-चिमगादर ।

अजि[illegible]योनि(पु०)-हरिण, मृग ।

अ[illegible]र(वि०)-तेज़, शीघ्रगामी । पु०-[illegible]क प्रकार का बालदार चूहा । न०-[illegible]ंगन, अखाड़ा, शरीर, वायु, [illegible]ढक, इन्द्रियों का विषय ।

अ[illegible]रा(स्त्री०)-दुर्गा का नाम, एक [illegible]नद का नाम ।

अ[illegible]ज्ञ(वि०)-जो कुटिल न हो, सीधा, [illegible]मानदार । पु०-मेंढक, एक प्रकार [illegible] मछली । [जाने वाला ।

अधिवासिन्(वि०)--वाण, तीर । वि०-सीधा रहने वाला । [illegible]जीभरहित, मेंढक ।

अधिवासित(वि० [illegible]शिव का धनुष ।

अधिवाहन(न०)--ले

अजीगर्त(पु०)--सांप, भृगुवंशीय एक ब्राह्मण का नाम ।

अजीत(वि०)--बिना मुर्झाया हुआ ।

अजीति(स्त्री०)--अभ्युदय, नाश से भयरहितता ।

अजीर्ण(वि०)--न पचा हुआ, नवीन ।

अजीर्ण-र्णि(स्त्री०)--बदहज़मी, शक्ति, बल, क्षीणता का अभाव ।

अजीव(वि०) -जीवनरहित, मरा हुआ । अचेतन । पु०-अभाव, मृत्यु ।

अजीवन(वि०)--आजीविका रहित । न०-मृत्यु, अभाव ।

अजीवनि(स्त्री०)--मौत, मृत्यु, एक प्रकार का शापवचन ।

अजुष्टि(स्त्री०)--निराशता वा असन्तोष का भाव, जीवनानन्द का अभाव ।

अजेय(वि०)--जो जीता न जासके । न०--एक प्रकार का औषधयुक्त बना हुआ घी ।

अजोष(वि०)--असन्तुष्ट ।

अज्जका(स्त्री०)--वेश्या, कंचिनी ।

अज्झल(न०)--ढाल ।

अज्ञ(वि०)--अज्ञानी, अजान, मूर्ख ।

अज्ञका(स्त्री०)--मूर्खा स्त्री ।

अज्ञता(स्त्री०)--मूर्खता, बेवकूफ़ी ।

अज्ञात(वि०)--न जाना हुआ, अप्रकट

अज्ञातचर्या(स्त्री०)--छिपकर रहना ।

अज्ञातनामा(वि०)--जिसका नाम ज्ञात न हो ।

अज्ञातवास(पु०)--छिपकर रहना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अज्ञाति(वि०)–जो जाति वाला न हो।
अज्ञान(वि०)–मूर्ख, जड़। न०-मूर्खता जड़ता, अविद्या। [नासमझी।
अज्ञानता(स्त्री०)–मूर्खता, जड़ता,
अज्ञानी(पु०)–अज्ञ का पर्य्यायवाची।
अज्ञेय(वि०)–न जानने योग्य, जो समझ में न आसके। [घर।
अज्मन्(स्त्री०)–गाय। न०-रास्ता, युद्ध
अज्येष्ठ(वि)–जो बड़ा न हो, छोटा, जिसके कोई बड़ा भाई न हो।
अज्र(पु०)- खेत, मैदान।
अंच्(धा०उ०)–झुकना, जाना, पूजना, प्रतिष्ठा करना, गुनगुनाना।
अञ्चित(वि० –झुका हुआ, गत, प्रतिष्ठित, सुन्दर, पूजित।
अञ्चति(पु०)–वायु, अग्नि, जानेवाला।
अञ्चल(अस्त्री०)–साड़ी का छोर, आंचल, किनारा, तट।
अञ्चितभ्रू(स्त्री०)–सुन्दरभौं वाली स्त्री
अञ्ज् (धा०प०)–अभिषेक करना, प्रकाश करना, जाना।
अञ्ज(पु०)–कमल का फूल, कमल।
अञ्जन(पु०)–एक प्रकार की छपकली, एक वृक्ष का नाम, पश्चिम दिशा का दिग्गज। न०–कज्जल, सुरमा, रात्रि, स्याही, अग्नि। वि०–काला, सुरमई। [मक गन्धद्रव्य।
अञ्जनकेशी(स्त्री०)–हड़विलासिनी ना-
अञ्जनशलाका(स्त्री०)–सुरमा लगाने की सलाई। [का नाम।
अञ्जना(स्त्री०)–हनुमान् की माता
अञ्जनावती(स्त्री०)–ईशान कोण की हथिनी, कालांजन वृक्ष।
अञ्जनाद्रि(पु०)–एक पर्वत का नाम।
अञ्जनानन्दन(पु०)–हनूमान्।
अञ्जनाम्भस्(न०)–आखों का पानी, आंसू। [कली, छोटी चूही।
अञ्जनिका(स्त्री०)–एक प्रकार की छप-
अञ्जनी(स्त्री०)–चन्दन लगाये हुए स्त्री, कुटकी, कालांजन वृक्ष का नाम।
अञ्जलि(पु०)–दोनों हाथों से बना हुआ सम्पुट, पावभर वस्तु की तोल।
अञ्जलिका(स्त्री०)–छोटी चूही
अञ्जलिकारिका (स्त्री०)–छुईमुई का पौदा, हाथों का जोड़ना।
अञ्जलिगत(वि०)-अंजलि में आया हुआ
अञ्जलिपुट(अस्त्री०) दोनों हथेलियों के जोड़ने से बना हुआ खाली स्थान।
अञ्जलिबद्ध (वि०)–हाथ जो[illegible]हुए।
अञ्जस्(वि०)–सीधा, ऋजु, जो टे[illegible]न
अञ्जसा(अ०)–शीघ्र, ठीक २, [illegible]
अञ्जि(पु०)–प्रेरक, तिलक का [illegible]
प्रेषक। (स्त्री०)–मरहम, [illegible]
अञ्जित (वि०)–अंजन लगाये हुए[illegible]
अञ्जिष्ठ(वि०)–चिकना।
अञ्जिष्ठ-ष्ण (पु०)–सूर्य।
अञ्जी(स्त्री०)–चक्की, बरकत, आ[illegible]
अञ्जीर(अस्त्री०)–अंजीर नाम[illegible]
वा वृक्ष।
अट् धा० प०)–इधर [illegible]
अट (वि०)–भ्रमण क[illegible]आं
अटन (न०) -भ्रमण, [illegible]

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अटनि-नी(स्त्री०)–धनुषका अग्रभाग।
अटरुष-रूष(पु०)–बांसे का पेड़।
अटल(वि०)–न टलने वाला, दृढ़।
अटवि-वी(स्त्री०)–जङ्गल, वन।
अटविक(पु०)–वनवासी।
अटा(स्त्री०)–पर्यटन, भ्रमण।
अटाट्या(स्त्री०)–पर्यटन, इधर उधर घूमना, वृथा घूमना।
अट्(धा०आ०)–बध करना, अतिक्रमण करना।
अट्ट(वि०)–ऊंचा, ज़ोर का, सूखा हुआ। अस्त्री०–अटारी, मीनार, बाज़ार, बध, अतिक्रमण। न०–खूराक, उबले हुए चावल।
अट्टक(पु०)–अटारी, महल।
अट्टट्ट(अ०)–बहुत ज़ोर से। [अत्त।
अट्टन(न०)–उपेक्षा, चक्रफल नामक
अट्टहास(पु०)–ज़ोर से हंसना।
अट्टालक(पु०)–कुन्दपुष्प का वृक्ष।
अधिवासी(पु०)ज़ोर से हंसने वाला,
अधिवस्त्र। [ऊपर का मकान।
होनालक(पु०)–अटारी, सब से
अधिवसका(स्त्री०)–राजमहल, ऊंचा
अधिकोल, देशविशेष।
मकलिकाकार (पु०)–राजमजदूर,
अधिवाकान चिनने वाला।
अधिवास(स्त्री०)–पर्यटन, भ्रमण।
से संस्कृत०)–जाना।
धिवासित्(वि०)–उद्यमकरना, यत्नकरना।
रहने वाला ।–अभियोग, हमला
धिवासित(वि० न करना, समाधान
धिवाहन(न०)–ले

अड्डन(न०)–ढाल। [लेना, जीना।
अण्(धा०प०)–आवाज़ करना, श्वास
अण[न]क(वि०)–अधम, कुत्सित, बहुत छोटा, नीच। पु०–एक प्रकार का पक्षी। [अनाज पैदा हो।
अणक्य(न०)–वह खेत जिसमें छोटा२
अणि-णी(अक्लो०)–रथ के पहिये की कील, सुई का सिरा, सीमा, हथियार की नोक।
अणिमा[न्](पु०)–पतलापन, छोटापन, सूक्ष्मता, आठ सिद्धियों में से एक। [छोटा।
अणीयः[स्](वि०)–अति सूक्ष्म, बहुत
अणु(वि०)–छोटा। स्त्री०–[अणवी]–छोटे २ धान चीना, कङ्गनी, श्यामा आदि।
अणुक(वि०)–चतुर, निपुण, अल्प।
अणुभा(स्त्री०)–विद्युत, बिजली।
अणुमात्र(वि०)–बहुत थोड़ा।
अणुरेणु(पु०)–धूलिकण, ज़र्रह।
अणुवाद(पु०)–वल्लभाचार्य का मत, वह मत जिस में जीव व आत्मा अणु माना गया हो।
अण्ड(न०)–अण्डा, पुरुष के शरीर का अवयव विशेष।
अण्डज(पु०)–अण्डे से उत्पन्न पक्षी, सर्प, मछली, कृकलास नामकपक्षी।
अण्डजा(स्त्री०)–मृगनाभि, कस्तूरी।
अण्डालु(पु०)–मछली।
अण्डीर(पु०)–सामर्थ्यवान् पुरुष, शक्ति, ताक़त। [निरन्तर चलना।
अत्(धा०प०)–बांधना, पहुंचाना,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अतः(अ०)–इस कारण से, इस वजह से, इस लिये।

अतएव(अ०)–इसी लिये, इस हेतु से।

अतट(पु०)–तट [किनारे] रहित, जिस के जलप्रपात स्थान न हो, पर्वत आदि ऊंचा स्थान।

अतथ्य(वि०)–अन्यथा, झूंठ, मिथ्या, अयथार्थ।

अतद्गुण(पु०)–एक प्रकार का वचन जिस में दूसरे का गुण ग्रहण न किया जाय।

अतनु(वि०)–शरीररहित, विना शरीर का। पु०–अनंग, कामदेव।

अतन्द्र(वि०)–जिस को तन्द्रा न हो, चालाक।

अतन्द्रित(वि०)–निद्रारहित, आलस्य हीन, चपल।

अपेक्षितव्य-पेक्ष्य(वि०)–अपेक्षा करने के योग्य, ज़रूरी ।
अपेक्षी [न्] (वि०)–अभिलाषा करने वाला, इन्तज़ार करने वाला, चिन्तित। [किया हुआ ।
अपेत(वि०)–गया हुआ, नष्ट, दूर
अपेतराक्षसी(स्त्री०)–तुलसी नामक वृक्ष ।
अपेय(वि०)–पीने के अयोग्य ।
अपोगण्ड(पु०)–विकलांग, सोलहवर्ष से अधिक अवस्था का, किशोर, शिशु, बहुत डरपोक, बालिग़ ।
अपोढ(वि०)–निरस्त, निकाला गया
अपोदिका(स्त्री०)–पोई नामक शाक
अपोह्(१उ०)–हटाना, धकेलना, नष्ट करना, चंगा करना, त्यागना, स्वीकार करना, तर्कना करना ।
अपोह(पु०)–वादी से किये हुए तर्क के दूर करने के लिये प्रतिवादी से किया गया तर्क, तर्क, त्याग ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अपोहन(न०)–पूर्ववत् ।

अपोह्य–हनीय(वि०)–दूर करने योग्य, तर्कना करने योग्य ।

अपौरुष–षेय(वि०)–जो पुरुष का न हो, अमानुषी, डरपोक, पुरुषार्थ हीन ।

अप्रस्(न०)–यज्ञकर्म ।

अप्रुर्(पु०)–इन्द्र का विशेषण, आग, कार्यशील, मशगूल । [हुआ ।

अप्त्य(वि०)–अपत्य, काम में लगा

अप्रस्(न०)–कब्ज़ा, जायदाद, कार्य, सन्तान, आकार ।

अप्नवान(वि०)–सन्तति वाला, ग़रीब । पु०–बाहू ।

अप्य(वि०)–जल से सम्बन्ध रखने वाला, जलयुक्त, प्राप्तियोग्य ।

अप्रकंप(वि०)–न हिला हुआ, मज़बूत, स्थिर । [करने वाला ।

अप्रकर(वि०)–अच्छे प्रकार काम न

अप्रकाण्ड(वि०)–जिस के तना न हो, शाखारहित । पु०–झाड़ी ।

अप्रकाश(वि०)–अप्रकाशित । न०–परब्रह्म, प्रकाश का न होना, अन्धकार ।

अप्रकाशित(वि०)–गूढ़, छिपा हुआ, प्रकाश न किया हुआ ।

अप्रकाश्य(वि०)–प्रकाश करने के अयोग्य, गोप्य ।

अप्रकृत(वि०)–अस्वाभाविक, बनावटी, बनाया हुआ ।

अप्रकृष्ट(वि०)–नीच । पु०–कौआ ।

अप्रकृष्टगुण(वि०)–जिस का गुण उत्तम न हो, घबराया हुआ ।

अप्रखर(वि०)–अतीक्ष्ण, मृदु, शान्त ।

अप्रगल्भ(वि०)–अप्रौढ, अपरिपक्व, निरुत्साह, ढीला, सुस्त ।

अप्रगुण(वि०)–जिस के गुण अच्छे न हों, व्याकुल ।

अप्रचलित(वि०)–जो प्रचलित न हो, जिस का रिवाज न हो, अप्रयुक्त, अप्रचरित ।

अप्रच्छेद्य(वि०)जो छेदन के अयोग्यहो

अप्रज(वि०)–बिना सन्तान का, प्रजाहीन ।

अप्रणीत (वि०)–गंवार, असंस्कृत ।

अप्रतर्क्य(वि०)–जिस के विषय में तर्क वितर्क न हो सके ।

अप्रताप(वि०)–प्रतापरहित, तेजहीन ।

अप्रतिकर(वि०)–विश्वस्त, विश्वासपात्र ।

अप्रति [ती] कार(पु०)–उपाय का अभाव, तदबीर का न होना । वि०–जिस का उपाय न हो सके अर्थात् असाध्य, ला इलाज ।

अप्रतिकारी(वि०)–उपाय वा तदबीर न करने वाला, बदला न लेने वाला ।

अप्रतिगृहीत(वि)–जिसका प्रतिग्रह न किया गया हो, जो ग्रहण न किया हो ।

अप्रतिग्रहण(न०)–दान न लेना, किसी वस्तु का ग्रहण न करना ।

अप्रतिग्राह्य(वि०)–जो प्रतिग्रहण के अयोग्य हो, अग्राह्य ।

अप्रतिघ(वि०)–अजेय, जो दूर न किया जा सके, अक्रोधी ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by MoE

अप्रतिद्वन्द्व(वि०)-युद्ध में जिसका कोई शत्रु न हो, अजेय, अनुपम।
अप्रतिपक्ष(वि०)-अप्रतियोगी, विपक्ष-शून्य।
अप्रतिपत्ति(स्त्री०)-अस्वीकारी, असम्पूर्णता, भूल, इरादे का अभाव, घबराहट।
अप्रतिपद्(वि०)-न जानेवाला, विकल
अप्रतिबन्ध(वि०)-अरुद्ध, सीधा।
अप्रतिबल(वि०)-अजेय शक्तिवाला, असीमशक्तिशाली।
अप्रतिभ(वि०)-लज्जाशील, कुन्दज़हन, अप्रगल्भ।
अप्रतिभट(वि०)-अप्रतिद्वन्द्व। पु०-अनुपम योद्धा। [शीलता।
अप्रतिभा(स्त्री०)-मृदुलता, लज्जा-
अप्रतिम(वि०)-अनुपम, अद्वितीय।
अप्रतियत्न(पु०)-प्राकृतिक अवस्था।
अप्रतियोगी(वि०)-अप्रतिद्वन्द्व, अप्रतिपक्ष।
अप्रतिरथ(पु०)-ऐसा योद्धा जिसके सामने लड़ने वाला और कोई न हो, एक ऋषि का नाम। न०-यात्रा, सामवेद, मंगल।
अप्रतिरव(वि०)-जिसके सम्बन्ध में कोई झगड़ा न हो।
अप्रतिरूप(वि०)-प्रतिकूल, जो अनुकूल न हो, ग़ैरमौजू।
अप्रतिरूपकथा(स्त्री०)-संगणिका।
अप्रतिवीर्य(वि०)-अनुपम शक्तिवाला
अप्रतिष्ठ(वि०)-अप्रतिष्ठित, प्रतिष्ठा-रहित, बेसूद।
अप्रतिष्ठा(स्त्री०)-बदनामी, बेइज़्ज़ती
अप्रतिष्ठित(वि०)-अनिश्चित, गुमनाम, असंस्कृत, अपवित्र। पु०-विष्णु।
अप्रतिहत(वि०)-अरुद्ध, जो रोका न जा सके, अक्षत।
अप्रतीक(वि०)-अवयवरहित, ब्रह्म का विशेषण। [अज्ञात।
अप्रतीत(वि०)-अप्रसन्न, अप्रतिहत,
अप्रतीति(स्त्री०)-अविश्वास।
अप्रतुल(पु०)-तौल का अभाव, ज़रूरत, आवश्यकता।
अप्रत्त(वि०)-न दिया हुआ।
अप्रत्ता(स्त्री०)-ऐसी कन्या जो विवाही न गई हो।
अप्रत्यक्ष(वि०)-जो दिखाई न दे, अज्ञात, अनुपस्थित। [श्वास।
अप्रत्यय(पु०)-संशय, सन्देह, अवि-
अप्रधान(न०)-जो प्रधान न हो, प्राधान्यरहित, मातहत, निम्नपदस्थ, गौण, साधारण। [सके।
अप्रधृष्य(वि०)-अजेय, जो जीता न जा
अप्रभ(वि०)-प्रभाहीन, नीच, सुस्त।
अप्रभु(वि०)-शक्तिहीन, स्वामिरहित, अशक्त। [यत्न।
अप्रभूति(स्त्री०)-यत्नाभाव, कुछ २
अप्रमत्त(वि०)-सावधान, होशियार, प्रमादहीन।
अप्रमद(वि०)-रंजीदा, प्रसन्नताहीन
अप्रमाद(वि०)-सावधान। पु०-चिंता, सावधानी, ध्यान, खबरदारी।
अप्रमादं(अ०)-ध्यानपूर्वक, ग़ौर से।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अप्रमय(वि०)-असीम, न नाश होने वाला।

अप्रमा(स्त्री०)-मिथ्याज्ञान।

अप्रमाण(वि०)-असीम, प्रमाणहीन, जो प्रमाण न हो।

अप्रमायुक(वि०)-यकायक न मरने वाला, बड़ी उम्र का।

अप्रमित(वि०)-न तोला हुआ, असीम, प्रमाणहीन।

अप्रमूर(वि०)-अकलमन्द, बुद्धिमान्।

अप्रमृष्य(वि०)-न नाश होने वाला, अबाध्य।

अप्रमेय(वि०)-सीमारहित, प्रमाण-रहित, जो ठीक २ न जाना जावे। न०- ब्रह्म।

अप्रमोद(अस्त्री०)-हर्ष का अभाव, दुःख दूर करने में अशक्तता।

अप्रयत्न(वि०)-जो प्रयत्नशील न हो, उदासीन, सुस्त। पु०-प्रयत्न का अभाव, उदासीनता। [अभाव।

अप्रयाण (स्त्री०)-अगति, गति का

अप्रयुक्त(वि०)-जिसका प्रयोग न किया गया हो, जो इस्तैमाल न किया गया हो।

अप्रयोग(पु०)-प्रयोग का अभाव, इस्तैमाल न करना।

अप्रलम्ब(वि०)-तेज, शीघ्रता से काम करने वाला। न०-शीघ्रता, अविलम्ब

अप्रवर्तक(वि०)-प्रवृत्ति उत्पन्न न करने वाला। अक्षत, अप्रतिहत, लगातार। [का अभाव।

अप्रवृत्ति(स्त्री०)-प्रवृत्ति वा आसक्ति

अप्रशस्त(वि०)-अश्रेष्ठ, अविहित, क्षीण।

अप्रसक्त (वि०)-न लगा हुआ, लगाव न रखने वाला, मौतदिल।

अप्रसक्ति(स्त्री०)-अलगाव।

अप्रसंग(पु०)-सम्बन्ध का अभाव, कुअवसर। [संतुष्ट, विरक्त।

अप्रसन्न(वि०)-जो खुश न हो, अ-

अप्रसाद पु०)-नाराज़ी, प्रसन्नता का अभाव। [न हो।

अप्रसिद्ध(वि०)-अज्ञात, जो मशहूर

अप्रसिद्धि(स्त्री०)-गुमनामी, अख्याति

अप्रसूत(वि०)-बांझ, सन्ततिरहित।

अप्रस्तुत(वि०)-अनवसर, अप्रासङ्गिक, बेहूदा, अनुद्यत।

अप्रहृत(वि०)-अक्षत, बेदाग़ और नवीन [जैसे कपड़ा]।

अप्रहित(वि०)-न भेजा हुआ, शत्रुओं ने जिस पर आक्रमण न किया हो

अप्राकरणिक(वि०)-अप्रासंगिक।

अप्राकृत(वि०)-जो प्राकृत न हो, जो गंवार न हो, जो असली न हो, असाधारण।

अप्राचीन(वि०)-नवीन, जो पूर्व का न हो, पश्चिमीय। [हीन।

अप्राढ(वि०)-डरपोक, मुलायम, दर्प-

अप्राढा(स्त्री०)-अविवाहिता कन्या।

अप्राण(वि०)-जीवनरहित, बेजान।

अप्राप्त(वि०)-प्राप्त न किया हुआ, न आया हुआ।

अप्राप्तकाल(वि०)--अनवसर, बेमौक़े

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अप्राप्तयौवन(वि०)--जो जवान न हुआ हो।
अप्राप्तवयस्(वि०)--नाबालिग़।
अप्राप्ति(स्त्री०)-प्राप्ति वा आगम का अभाव, अनुपपत्ति।
अप्रामाणिक(वि०)--विश्वास के अयोग्य, नाक़ाबिलेऐतबार।
अप्रिय(वि०)--अप्रीतिकर, अनभीष्ट, नाख़ुशगवार।
अप्रियकारक-कारिन्(वि०)-अप्रिय करनेवाला। [कहने वाला।
अप्रियवादी(वि०)-अप्रिय [वचन]
अप्रीति(स्त्री०)-स्नेह का अभाव,प्रेम-हीनता,अरुचि। [नाख़ुशगवार।
अप्रीतिकर(वि०)--अरुचि करने वाला,
अप्लव(वि०)-जलयानरहित, न तैरने वाला।
अप्सर(पु०)-जलजन्तु।
अप्सरा[स्] (स्त्री०)-उर्वशी आदि स्वर्ग की वेश्या।
अप्सु(वि०)--आकाररहित,असुन्दर।
अप्सुक्षित(पु०)--देवता।
अप्सुचर(वि०)--जलचर।
अप्सुयोनि(पु०)-घोड़ा, बेत।
अफल(वि०)-निष्फल, बेसूद, बंजर। पु०-बकरा। [मलकी।
अफला(स्त्री०)-घृतकुमारी, भूम्या-
अफलाकांक्षी(वि०)--प्रतिफल की इच्छा न करने वाला, बेग़रज़।
अफेन(वि०)-फेनरहित। न०-अफ़ीम
अबद्ध-द्धक(वि०)-आज़ाद, स्वतन्त्र, बन्धनरहित।
अबद्धमुख(वि०)-गाली देनेवाला।
अबन्धन(वि०)-बन्धनरहित, आज़ाद
अबन्धु-बान्धव (वि०)-बन्धुहीन, अकेला। [न रोके।
अबन्ध्य(वि०)--सफल, जो फल को
अवध्य(वि०)-जो मारने के योग्य न हो।
अबल(वि०)-कमज़ोर, दुर्बल, अरक्षित। पु०-बरुण [बरना] वृक्ष। न०-कमज़ोरी, बल का अभाव।
अबला(स्त्री०)--औरत, स्त्री।
अबलाबल(पु०)-शिव का नाम।
अबलास(वि०) क्षयरोगरहित।
अबल्य(न०)--कमज़ोरी, बीमारी।
अबाध(वि०)-बेक़ाबू, बेरोक, दुःखरहित। पु०--अखण्डन, बाधा का अभाव। [सम्पूर्ण जैसे चन्द्रमा।
अबाल(वि०)-जवान,जो बच्चा न हो,
अबाह्य(वि०)-जो बाहर का न हो, आभ्यान्तरिक।
अबुद्ध(वि०)-बेवक़ूफ़, मूर्ख।
अबुद्धि(स्त्री०)-बुद्धि वा समझ का अभाव, अज्ञान, मूर्खता। वि०-मूर्ख, कमसमझ।
अबुध-ध(वि०)-मूर्ख, कमसमझ।
अबोध(वि०)-नासमझ, मूर्ख, घबराया हुआ। पु०-अज्ञान, कमसमझी। [सके।
अबोधगम्य(वि०)--जो समझा न जा
अबोध्य-धनीय(वि०)-जो समझा न जासके, जिस में प्रबोध न हो।
अबुध्न(वि०)--तलरहित, मूलरहित।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अब्ज(वि०)--जलोत्पन्न । न०--पद्म, दशार्बुद संख्या। पु०--चन्द्र, धन्वन्तरि, निचुलवृक्ष। अस्त्री०--शङ्ख।
अब्जज(पु०)--ब्रह्मा ।
अब्जनयन(वि०)--कमल की सी आंखों वाला। [दृश्, नेत्र, लोचन जोड़ने से भी यह ही अर्थ होता है]।
अब्जबान्धव(पु०)--सूर्य ।
अब्जभोग(पु०)--वराटक, पद्मकन्द ।
अब्जयोनि(पु०)--विधाता, ब्रह्मा ।
अब्जवाहन(पु०)--शिव ।
अब्जहस्त(पु०)--सूर्य ।
अब्जा(स्त्री०)--लक्ष्मी। [पद्मलता ।
अब्जिनी(स्त्री०)--पद्मिनी, पद्मसमूह,
अब्जिनीपति(पु०)--सूर्य ।
अब्द(पु०) बादल, मुस्ता नामक घास, पर्वतविशेष। अस्त्री०--वर्ष, साल। वि०--जल देने वाला।
अब्दवाहन(पु०)--शिव का नाम ।
अब्दशत(न०)--सदी, सौवर्ष ।
अब्दसार(पु०)--एक प्रकार का कपूर।
अब्धि(पु०)--समुद्र, झील ।
अब्धिकफ(पु०)--समुद्रफेन, समुद्रझाग
अब्धिज(पु०)--चन्द्रमा, शंख ।
अब्धिजौ(पु० द्विव०)--अश्विनीकुमार
अब्धिद्वीपा(स्त्री०)--पृथ्वी ।
अब्धिनगरी(स्त्री०)--द्वारकापुरी ।
अब्धिनवनीतक(पु०)--चन्द्रमा।
अब्धिफेन(पु०,--समुद्रफेन ।
अब्धिशयन(पु०)--विष्णु ।
अब्धयग्नि(पु०)--समुद्र की अग्नि, बड़वानल ।
अब्भक्ष(पु०)--सर्प ।
अब्भ्र(न०)--मेघ, अबरक धातु ।
अब्भ्रमातङ्ग(पु०)--ऐरावत हाथी ।
अब्भ्रलिह(पु०)--वायु । [गम ।
अब्रह्मचर्य(न०)--असतीत्व, स्त्रीसमा-
अब्रह्मण्य(वि०)--ब्राह्मण के अयोग्य, ब्राह्मण का शत्रु । [पु०--शूद्र ।
अब्राह्मण (वि०)--जो ब्राह्मण न हो
अभ्र(१ भा०)--ध्वनि करना ।
अभक्षः--क्षणं--उपवास, भोजन नखाना
अभक्ष्य(वि०)--न खाने योग्य । न०--अखाद्य पदार्थ ।
अभक्त(वि०)--भक्ति न रखने वाला, न खाया हुआ ।
अभक्ति(स्त्री०)--भक्ति वा आसक्ति का अभाव, अश्रद्धा ।
अभग(वि०)--बदनसीब ।
अभग्न(वि०,--न टूटा हुआ, अखण्डित, समूचा ।
अभद्र(वि०)--अशुभ, असांगलिक, अश्रेष्ठ । न०-बुराई, पाप, दुःख ।
अभय(वि०)--भयरहित, निडर । पु०-परमात्मा का विशेषण, शिव । न०--भय का अभाव ।
अभयकृत्(वि०)--अभयदान देनेवाला।
अभयद-दायी(वि०)--अभयदान देने वाला । पु०-विष्णु ।
अभयदान(न०)--रक्षा का वचन देना।
अभययाचना(स्त्री०)--रक्षा के लिये विनती । [वचन ।
अभयवचन(नि०)--रक्षा करने का
अभया(स्त्री०)--हरीतकी, हैड़ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभयंकर(वि०)–जो भयंकर न हो।
अभर्तृका(स्त्री०)–विधवा, अविवाहिता स्त्री।
अभव(पु०)–न होना, मुक्ति, अन्त।
अभव्य(वि०)–अनुचित, अशुभ, न होने योग्य।
अभाग(वि०)–भागरहित।
अभागी(वि०)–भाग्यहीनबदकिस्मत।
अभाग्य(पु०)–बदकिस्मती, भाग्यहीनत।
अभाजन(न०)–कुपात्र, अपात्र, बुरा आदमी।
अभाव(वि०)–प्रेमरहित, भावरहित।
पु०–मरण, असत्ता, नाश।
अभावना(स्त्री०)–भावना का न होना।
अभावनीय(वि०)–अचिन्तनीय।
अभावी-भाव्य(वि०)–न होने वाला।
अभाषण(न०)–न बोलना, मौन।
अभाषित(वि०)–न कहा हुआ।
अभि(अ०)–उपसर्गविशेष, सामने, वीप्सा, अभिलाष, आभिमुख्य, चिन्ह आदि अर्थों का बोधक।
अभि[भी] क(वि०)–कामी, कामुक।
अभिकम्(१०आ०)–प्रेम करना, इच्छा करना।
अभिकरण(न०)–करना, जादू।
अभिकाम(वि०)प्रेमी, इच्छुक, कामी।
पु०–प्रेम, इच्छा।
अभिकामिक(वि०)–इच्छाकृत।
अभिकम्प्(१आ०)–विशेषता से हिलना या हिलाना, तरग़ीब देना।
अभिकंपन(वि०)–हिलना, तरग़ीब।
अभिकांक्षा(स्त्री०)–इच्छा, ख्वाहिश, चाहना।
अभिकांक्षी(वि०)–इच्छा करनेवाला।
अभिकृ(८ उ०)–करना, दूसरे की ओर से करना, प्राप्त करना।
अभिकृति(स्त्री०)–छन्दोभेद।
अभिक्रतु(वि०)–असहिष्णु, बलशाली
अभिक्रन्द्(१ प०)–क्रन्दन करना, चिल्लाना।
अभिक्रन्द(पु०)–चिल्लाहट, गर्जन।
अभिक्रम्(१ उ०,४ प०)–समीप पहुंचना, क़रीब आना, इधर उधर भटकना, आक्रमण करना, आरम्भ करना। [आक्रमण।
अभिक्रम(पु०)–आरम्भ, यत्न, उद्योग,
अभिक्रमण(न०)–समीप आगमन, आक्रमण।
अभिक्रान्ति(स्त्री०)–पूर्ववत। [रना।
अभिक्रुश्(१प०)–चिल्लाना, मातम क-
अभिक्रोश(पु०)–चिल्लाहट, धिक्कार, भर्त्सना। [करना।
अभिक्षिप्(६ प०)–फेंकना, अपमान
अभिख्या(स्त्री०)–नाम, शोभा, कीर्त्ति, आख्यान।
अभिख्यान(न०)–यश, प्रशंसा।
अभिगम्(१ प०)–समीप पहुंचना, अनुगमन करना, पा लेना, समागम करना, समझना।
अभिगन्ता(वि०)–समझने वाला, समीप जाने वाला वा समागम करने वाला।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिगमः-नम्-समीपगमन, मुलाक़ात, आगमन, समागम ।
अभिगामी[न्] (वि०)-समीप जाने वाला, समागम करनेवाला ।
अभिगर्ज्(१ प०)-गुर्राना या गर्जना ।
अभिगीत(वि०)-गाया हुआ ।
अभिगुप्(१० प०)-रक्षा करना, हिफ़ाज़त करना, छिपाना ।
अभिगुप्ति(स्त्री०)--छिपाना, हिफ़ाज़त, रक्षा ।
अभिगै(१ प०)-पुकारना, गीत गाकर गुंजाना, अनुमति देना ।
अभिग्रस्त(वि०)--अभियुक्त, शत्रुद्वारा आक्रान्त ।
अभिग्रह्(९ उ०)--पकड़ना, ले लेना, मज़बूती से ग्रहण करना ।
अभिग्रह(पु०)--लूटना, पकड़ना, आक्रमण, शिकायत ।
अभिग्रहण(न०)--लूटना, छीनना ।
अभिघर्षण(न०)--रगड़ना, रगड़, भूत प्रेत का चढ़ना ।
अभिघात(पु०)--आघात, प्रहार, चोट ।
अभिघातक(वि०)--चोट करनेवाला, प्रहार करनेवाला ।
अभिघार(पु०)--घी, घृत । [मलना ।
अभिघारण(न०)--घी छिड़कना या
अभिघाती(वि०)-मारनेवाला, चोट करने वाला ।
अभिघ्रा(स्त्री०)-सूंघना ।
अभिचर्(१ प०)-अनुचित व्यवहार करना, नाराज़ करना, जादू करना आक्रान्त करना ।
अभिचर(पु०)-अनुगामी, नौकर, दास ।
अभिचरण(न०)-जादू करना ।
अभिचार(पु०)-जादू, बध, हिंसाकर्म ।
अभिचारमंत्र(पु०)-जादू का मंत्र ।
अभिचारी[न्] (वि०) अभिचार करने वाला । [वंश, कुल ।
अभिजन(पु०)--ख्याति, जन्मभूमि,
अभिजय(पु०)--जीत, पूर्ण विजय ।
अभिजात(वि०)-सुन्दर, कुलीन ।
अभिजाति(स्त्री०)-कुलीनता, अच्छा वंश । [जीत कर प्राप्त करना ।
अभिजि(१ प०)-बिलकुल जीतना,
अभिजित्(वि०)-फतहमन्द । पु०-विष्णु ।
अभिजित(पु०)-मुहूर्त्तविशेष ।
अभिज्ञ(वि०)-जानकार, वाक़िफ़ ।
अभिज्ञा(९उ०)-पहिचानना, देखना, जानना ।
अभिज्ञान(न०)-चिन्ह, लक्षण, स्मृति ।
अभिज्ञापक(वि०)-ज्ञात करानेवाला, सूचना देने वाला ।
अभितड्(१० प०)-खटखटाना, निशाना मारना । [दुःखी ।
अभितप्त(वि०)-सन्तप्त, जला हुआ,
अभितर्पण(न०)-सन्तुष्टि, तरोताज़गी । [ओर, शीघ्रता ।
अभितस्(अ०)-समीप, सामने, दोनों
अभिताडन(न०)-खटखटाहट ।
अभिताप (पु०)-अत्यन्त गर्मी, घबराहट, कष्ट । [सुर्ख ।
अभिताम्र(वि०)-गहरालाल, बहुत
अभितृप्(१० प०)-तृप्त करना, सन्तुष्ट करना, तरोताज़ा करना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिदर्शन(न०)–प्रत्यक्षीकरण, देखना।
अभिदृश्(१ प०)–घूरना, देखना।
अभिद्यु(वि०)–स्वर्गीय, शोभायुक्त।
अभिद्रवः–द्रवणं–आक्रमण।
अभिद्रु(१ प०)–दौड़कर पास पहुंचना, आक्रमण करना, अस्तव्यस्त करना।
अभिद्रुत(वि०)–आक्रान्त।
अभिद्रुह्(४ प०)–नफ़रत करना, नुक़सान पहुंचाने का यत्न करना, साज़िश करना।
अभिद्रोह(पु०)–साज़िश, नुक़सान, भर्त्सना, क्रूरता।
अभिधा(३ उ०)–कहना, बोलना, बयान करना, पुकारना।
अभिधान(न०)–नाम, कथन, शब्दकोष, उल्लेख, निर्देश।
अभिधेय(न०)–नाम, अभिधान।
वि०–कहने के योग्य, प्रतिपाद्य।
अभिधाव्(१ प०)–दौड़कर पहुंचना, आक्रमण करना।
अभिधावन(न०)–आक्रमण, पीछा।
अभिध्या(स्त्री०)–दूसरे के माल को चाहना, इच्छा।
अभिध्यान(न०)–चिन्तन, ख्वाहिश।
अभिध्यै(१ प०)–चिन्तन करना, सोचना, इच्छा करना।
अभिनन्द्(१ प०)–खुशी मानना, प्रसन्न होना, अभिनन्दन करना।
अभिनन्दन(न०)–इच्छा, स्वागत।
अभिनम्(१ प०)–झुकना।
अभिनत्र(वि०)–झुका हुआ।
अभिनय(पु०)–हृदयस्थभावप्रकाशक क्रिया, शरीर की चेष्टादि से दृश्य पदार्थ को जताने वाला रूपक आदि दृश्यकाव्य।
अभिनव(वि०)–बिलकुल नया, ताज़ा।
अभिनवोद्भित्-द्-द(पु०)–अंकुर।
अभिनह्(४ प०)–बांधना।
अभिनहन(न०)–दोनों ओर से बांधना, पक्का बांधना।
अभिनिर्मुक्त(पु०)–सूर्यास्त के वक्त निद्रा के कारण छूटा हुआ उस वक्त करने लायक़ काम।
अभिनिर्याण(न०)–जीतने की कामना से गमन करना, धावा मारना।
अभिनियुक्त(वि०)–मशगूल, लगा हुआ।
अभिनियोग(पु०)–गहरा लगाव, ध्यान।
अभिनिविश्(६ आ०)–अन्दर प्रवेश करना, क़ब्ज़ा करना।
अभिनिविष्ट(वि०)–अन्दर प्रविष्ट हुआ, लगा हुआ, धंसा हुआ, गड़ा हुआ।
अभिनिवेश(पु०)–मनोनिवेश, किसी विषय में गति। योगशास्त्र में मरणभय का हेतु अविद्याविशेष।
अभिनिवेशित(वि०)–प्रविष्ट, धंसा हुआ। [हुआ।
अभिनिवेशी[न्](वि०)–रत, लगा
अभिनिष्क्रमण(न०)–बाहर निकलना।
अभिनिष्पत्(१ प०)–बाहर दौड़ना, जारी होना, अंकुर उगना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिनिष्पद्(४ आ०)–पास आना या जाना, दाख़िल होना, ज़ाहिर होना।
अभिनिष्पत्ति(स्त्री०)—सम्पूर्णता, समाप्ति। [लेजाना।
अभिनी(१ प०)–नज़दीक़ लाना,
अभिनीत(वि०)–पास लाया हुआ, लेजाया हुआ, सम्पादित, अभिनय किया हुआ, योग्य।
अभिनीति(स्त्री०)–चेहरे की हरकत, मेहरबानी, दोस्ती, सब्र।
अभिनेता(पु०)–अभिनय करने वाला।
अभिनेत्री(स्त्री०)–अभिनय करनेवाली।
अभिन्न(वि०)–भिन्नतारहित, वही, एक ही, सम्पूर्ण, अविभक्त।
अभिन्यास(पु०)–ज्वरविशेष।
अभिपत्(१ प०)–समीप जाना, पास आना, उड़ कर पास पहुंचना, हमला करना।
अभिपतन(न०)–समीपगमन, आक्रमण, जुदा होना। [आना।
अभिपत्ति(स्त्री०)–सम्पूर्णता, पास
अभिपद्(४ आ०)–पास जाना, पास खींचना, पकड़ना, मग़लूब करना, स्वीकार करना, इज़्ज़त करना।
अभिपद्म(वि०)–बहुत सुन्दर।
अभिपन्न(वि०)–समीप आया हुआ, भगोड़ा, मग़लूब, स्वीकृत, दोषी, मृत। [करना।
अभिपूज्(१० प०)–पूजा करना, अर्चना
अभिपूजन(न०)–पूजा करना, पसन्द करना। [तार।
अभिपूर्व(अ०)–एक के बाद एक, लगा-
अभिपूरण (न०)–भरना, आक्रान्त करना।
अभिप्रणय(पु०)–प्रेम, तुष्टीकरण।
अभिप्रणी(१प०)–लेजाना, पास लाना, संस्कृत करना।
अभिप्रतप्त (वि०)–अत्यन्तगर्म, सूखा हुआ, दुःख से थका हुआ।
अभिप्रवृत(१ आ०)–दूसरे की ओर बढ़ना, पहुंचना, वाक़िफ़ होना।
अभिप्रवृत्त(वि०)–लगा हुआ, मशग़ूल
अभिप्राय(पु०)–आशय, राय, सलाह, तात्पर्य, इच्छा, इरादा, उद्देश्य, विश्वास, विष्णु का नाम।
अभिप्रीति(स्त्री०)–इच्छा, खुशी मनाना
अभिप्रे (२ प०)–समीप जाना, क़रीब आना, इरादा करना, सोचना।
अभिप्रेत(वि०)–इष्ट, अभिलषित, चाहा हुआ, मक़सूद, स्वीकृत।
अभिप्रोक्षण(न०)–छिड़कना।
अभिप्लव(पु०)–दुःख, गड़बड़।
अभिप्लु(४आ०)–पास जाना, कूदकर पास पहुंचना, बह निकलना।
अभिभव (पु०)–पराभव, गर्वनाश, तिरस्कार।
अभिभा(२प०)–चमकना।
अभिभार (वि०)–बहुत भारी।
अभिभाष्(धा०आ०)–बातें करना, बयान करना।
अभिभाषण(न०)–बातचीत, कथन।
अभिभू(१प०)–पराजित करना, हराना, आक्रमण करना, दर्पनाश करना, बेइज़्ज़ती करना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिभूत(वि०)-ज्ञानरहित, पराजित, हराया हुआ।

अभिभूति(स्त्री०)-अवज्ञा, अनादर।

अभिमत(वि०)-इष्ट, सम्मत, हृदयङ्गम। न०-इच्छा, ख्वाहिश। पु०-प्रेमी।

अभिमति(स्त्री०)इच्छा, गर्व, अभिमान।

अभिमन्(४आ०)-इच्छा करना, ख्याल करना।

अभिमनस्(वि०)-ख्वाहिशमन्द।

अभिमन्त्र्(१० आ०)-संस्कृत करना, निमन्त्रित करना। [करण।

अभिमन्त्रण (न०)-आह्वान, संस्कार-

अभिमन्थ(पु०)-चक्षुरोग।

अभिमन्यु (पु०)-अर्जुन का पुत्र जो सुभद्रा के गर्भ से उत्पन्न हुआ था।

अभिमर(पु०)-युद्ध, बध, बन्धन, अपनी सेना से भय।

अभिमर्द(पु०)-पीडन, युद्ध, रगड़।

अभिमर्दन(न०)-सताना, दबाना।

अभिमर्श:-नम्--छूना, आक्रमण, समागम।

अभिमाति(पु०)-शत्रु।

अभिमान(पु०)-अहङ्कार, धनादिद्वारा दर्प, प्रार्थना, हिंसा।

अभिमानित(न०)-प्रेम, मैथुन, गर्व। वि०-अभिमानयुक्त।

अभिमानी[न्] (वि०)-अभिमानयुक्त, अभिमान में फंसा हुआ, घमंडी

अभिमाय(वि०)-अभिभूत, मूर्ख, कर्त्तव्य को न जानने वाला।

अभिमुख(वि०)--सम्मुख, सामने।

अभिमूर्च्छित(वि०)-बिलकुल घबराया हुआ, पागल।

अभिमृद्(९प०)-कुचलना, सताना, बरबाद करना।

अभिमृश्(६प०)-छूना, धीरे २ रगड़ना।

अभिमृष्ट(वि०)-छुआ हुआ, रगड़ा हुआ, समीप आया हुआ।

अभिया(२प०)-समीप जाना, आक्रमण करना, आसक्त होना।

अभियाच्(१आ०)-याचना करना।

अभियाचन-याञ्चा-प्रार्थना, विनय, दरख्वास्त। [आक्रमणकारी।

अभियाता(वि०)-समीप आनेवाला,

अभियाति(स्त्री०)-आक्रमण।

अभियान(न०)-पास आना, अभिक्रमण, युद्ध के लिये प्रस्थान।

अभियुज्(७आ०)-आसक्त होना, अपने आप को तैयार करना, यत्न करना, दोष लगाना।

अभियुक्[ज्] (स्त्री०)-शत्रु, दुश्मन।

अभियुक्त(वि०)-तत्पर, मेहनती, आक्रान्त, मुजरिम, कथित।

अभियोक्ता(पु०)-शत्रु, अभियोगकर्त्ता, फरयादी, वादी, अर्थी।

अभियोग(पु०)-अपराध की योजना, किसी के किये हुए दोष व अपराध के विरुद्ध न्यायालय में निवेदन करना, मुक़द्दमा, नालिश, चढ़ाई, आक्रमण, उद्योग, मनोनिवेश।

अभिरक्ष्(१ प०)-रक्षा करना, हिफ़ाज़त करना, शासन करना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिरक्षा(स्त्री०)–सब ओर से रक्षा।
अभिरक्त(वि०)–आसक्त,लगा हुआ।
अभिरत(वि०)–प्रसन्न, सन्तुष्ट, अभिरक्त।
अभिरति(स्त्री०)–प्रसन्नता, सन्तुष्टि, अमल। [करना।
अभिरम्(१ आ०)–प्रसन्न होना, खुश
अभिराम(वि०)–रुचिर,सुन्दर,मनोहर
अभिरुच्(१ आ०)–चमकना, सुन्दर दीख पड़ना।
अभिरुचि(स्त्री०)–इच्छा, पसन्द।
अभिरुचिर(वि०)–बहुत सुन्दर।
अभिरूप(वि०)-अनुकूल, अनुरूप, मनोहर, पण्डित। पु०–चन्द्रमा, शिव, विष्णु, कामदेव।
अभिलक्षित(वि०)–चिन्हित, अंकयुक्त
अभिलप्(१ प०)–बातें करना, मुखातिब करना।
अभिलष्(१, ४ प०)–इच्छा करना, ख्वाहिश करना। [हुआ।
अभिलषित(वि०)–इच्छित, चाहा
अभिलाप(पु०)–शब्द, कथन, वाक्य।
अभिलाव(पु०)–छेदन, काटना।
अभिलाष[स] (पु०)–लोभ, इच्छा, आकांक्षा।
अभिलाषी[न्] (वि०)–अभिलाषयुक्त।
अभिलाषुक(वि०)–अभिलाषयुक्त, लोभी। [खोदा हुआ।
अभिलिखित(वि०)–लिखा हुआ,
अभिलीन(वि०)–आसक्त, तल्लीन।
अभिवद्(१ उ०)–बातें करना,बोलना।
अभिवदन(न०)–पुकारना, नमस्कार
अभिवादः-दनम् -अप्रियवाक्य,वन्दना, प्रणाम।
अभिवादक-दिका(वि०)–वन्दन करने वाला वा वाली, अभिवक्ता।
अभिवंद्(१ आ०)–आदरपूर्वक प्रणाम करना।
अभिवंदन(न०)–आदरपूर्वक प्रणाम।
अभिविख्यात(वि०)–सर्वत्र जाना हुआ, मशहूर।
अभिविधि(स्त्री०)–व्याप्ति, मर्यादा।
अभिविनी(१ उ०)–सिखलाना,तालीम देना।
अभिविश्रुत(वि०)–अभिविख्यात।
अभिवृद्धि(स्त्री०)–बढ़ोतरी, कामयाबी, अभ्युदय। [साफ़।
अभिव्यक्त(वि०)–ज़ाहिर, प्रकाशित,
अभिव्यक्ति(स्त्री०)–प्रकाशन,इज़हार, ज़ाहिर होना।
अभिव्यापक(वि०)–पूर्ण रूप से फैलने वाला। पु०-ईश्वर।
अभिव्याप्ति(स्त्री०)–पूरी तरह से मिलना, सब ओर फैलना।
अभिशपन(न०)–अभिशाप, मिथ्या अभिशंसन, बददुआ, मिथ्या दोषारोपण। [हो, शापग्रस्त।
अभिशप्त(वि०)–जिसे शाप दिया गया
अभिशंसन(न०)–व्यभिचार का मिथ्या दोष लगाना।
अभिशस्त(वि०)–व्यर्थकलंकित, लाञ्छित जिस पर व्यभिचार का मिथ्या दोष लगा हो। [याचना।
अभिशस्ति(स्त्री०)–लोकापवाद,शाप,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिशाप(पु०)-मिथ्यापवाद, बद दुआ, गहरा अभियोग।
अभिशापन(न०)-बददुआ देना।
अभिशोक(पु०)-घना दुःख।
अभिशोच(वि०)-गर्मी के कारण चमकने वाला। [मन्त्रों का पाठ।
अभिश्रवण(न०)-आद्ध के समय वेद-
अभिश्राव(पु०)-प्रसिद्ध होना।
अभिषंग(पु०)-पराजय, आक्रोश, शपथ, मिथ्यापवाद, आलिंगन।
अभिषव(पु०)-यज्ञस्नान, मद्यसंधान, सोमलतापान, यज्ञ, स्नान।
अभिषिच्(६ उ०)-जल का छिड़कना, तर करना, संस्कृत करना।
अभिषेक(पु०)-स्नान, जल से सिंचन, छिड़काव, बाधाशान्ति के लिये वा मंगल के वास्ते मंत्र पढ़ कर कुश वा दूब से जल छिड़कना, राजपद पर निर्वाचन, तिलक की रस्म। [वाला।
अभिषेक्ता(वि०)-अभिषेक कराने
अभिषेचन(न०)-छिड़काव, राजतिलक।
अभिषेणन(न०)-शत्रु के प्रति सेना सहित गमन करना।
अभिष्टव(पु०)-तारीफ, प्रशंसा।
अभिष्टु (२ प०)-तारीफ करना, बढ़ावा देना, संस्कृत करना।
अभिष्टुत(वि०)-वर्णित, तारीफ किया गया। [का एक रोग।
अभिष्यन्द(पु०) बहाव, स्राव, आंख
अभिष्वंग(पु०)-लगाव, प्रेम, सुहब्बत।
अभिसंयोग(पु०)-गहरा लगाव, बहुत गहरा ताल्लुक़।
अभिसंवृत(वि०)-वस्त्रयुक्त। [स्थान।
अभिसंश्रय(पु०)-आश्रय, रक्षा का
अभिसंसार(पु०)-दल बद्ध होकर आना
अभिसंस्कार(पु०)-खयाल, विचार, निरर्थक काम। [करना।
अभिसंस्कृ(८ उ०)-बनाना, संस्कृत
अभिसंस्तव(पु०)-अत्यधिक प्रशंसा।
अभिसंख्या(२ प०)-गिनना, अनुमान लगाना,। [शील।
अभिसंचारी(पु०)-अस्थिर, परिवर्त्तन-
अभिसन्तप्(१ प०)-दुःख देना, सताना।
अभिसन्ताप(पु०)-लड़ाई, झगड़ा, युद्ध। [न्द्रिय।
अभिसन्देह(पु०)-तबादला, उपस्थे-
अभिसन्ध-न्धक(पु०)-धोखेबाज।
अभिसन्धा(३ उ०)-एक जगह क़ायम रखना, स्वीकार करना, निशाना लगाना, धोखा देना, अभिसन्धान करना।
अभिसन्धा(स्त्री०)-कथन, विभाग, वायदा, धोखा।
अभिसन्धान(न०)-पूर्ववत्।
अभिसन्धि(पु०)-पूर्ववत्।
अभिसमवाय(पु०)-जोड़, मिलन।
अभिसम्पत्(१ प०)-उड़ कर पहुंचना, जल्दी करना, पहुंचना।
अभिसम्पद्(४ आ०)-होना, परिवर्त्तित होना, तद्रूप होना, प्राप्त करना।
अभिसम्पराय(पु०)-भावी, भविष्यत्।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभिसम्पात(पु०)–एक स्थान पर मिलना, युद्ध, शाप ।
अभिसम्बन्ध(९ प०)–बाहम बांधना ।
अभिसम्बन्ध(पु०)–ताल्लुक, रिश्ता, लगाव, मैथुन ।
अभिसर(पु०)–सहायक, अनुचर ।
अभिसरण(न०)–आगे जाना, समीप जाना ।
अभिसर्ग(पु०)–उत्पत्ति ।
अभिसर्जन(न०)–दान, बध ।[आना ।
अभिसर्पण(न०)–युद्धाभिप्राय से समीप
अभिसां [शां] त्व् (१० प०)–प्रसन्न करना, शान्त करना, हमदर्दी करना । [करना, शान्ति देना ।
अभिसां [शां] त्वः–नम्—हमदर्दी
अभिसायं(अ०)–सूरज छिपने के समय ।
अभिसार(पु०)–बल,युद्ध,साधन, सहाय
अभिसारिका(स्त्री०)–अवस्थानुसार नायिका के दश भेदों में से एक, वह स्त्री जो संकेतस्थल में प्रिय से मिलने के लिये स्वयं जाय ।
अभिसृ (१प०)–समीप जाना, आक्रमण करना, मुलाक़ात करना ।
अभिसृज्(६ प०)–बनाना, तैयार करना, खोलना, देना, आक्रमण करना। [करना,अभ्यास करना ।
अभिसेवन(न०)–अमल करना, सेवन
अभिस्नेह (पु०)–मुहब्बत, प्रेम, आसक्ति ।
अभिहत(वि०)–आक्रान्त, क्षत ।
अभिहति(स्त्री०)-चोटकरना,मारना ।
अभिहन्(२ प०)–मारना, पीटना, नुक़सान पहुंचाना, आक्रान्त करना । [ना, आह्वान ।
अभिहव(पु०)–यज्ञ, आहुति, पुकार-
अभिहास(पु०)–मज़ाक, हंसी ठट्ठा ।
अभिहित(वि०)–उक्त, कथित, कहा हुआ ।
अभिहर (पु०)–दूरीकरण, लेजाना ।
अभिहरण (न०)–पास लाना, लूटना ।
अभिहार(पु०)–दूरीकरण, लूटना, आक्रमण, शराबी । [गिराना ।
अभिहुति(स्त्री०)–नुकसान, हार,
अभिहृ(१ प०)–दूर लेजाना, हटाना, समीप लाना, पहिरना, आक्रमण करना ।
अभी(२ प०)–करीब आना, दाख़िल होना,पहुंचना । वि०–भयरहित ।
अभीक(वि०)–उत्सुक, निर्भय,कामुक, क्रूर । पु०–प्रेमी, कवि, स्वामी ।
अभीक्ष्ण(वि०)–दोहराया हुआ, लगातार, अत्यधिक । [तेज़ी से ।
अभीक्ष्णं(अ०)–बार बार, लगातार,
अभीज्य(पु०)–देवता ।
अभीत-भीति(वि०)–भयरहित,निडर।
अभीति(स्त्री०)–निर्भयता, आक्रमण, सामीप्य ।
अभीप्सित (वि०)–अभिलषित, वाञ्छित । न०–ख्वाहिश, इच्छा ।
अभीम(वि०)–जो भयानक न हो । पु०–विष्णु ।
अभीमान=अभिमान ।
अभीमोद(पु०)–खुशी ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभीर(पु०)-ग्वालिया, अहीर, गोप।
अभीरपल्ली(स्त्री०)-ग्वालियों का ग्राम वा झोंपड़ा। [सांप।
अभीरणी(स्त्री०)-एक प्रकार का
अभीरी(स्त्री०)-ग्वालों की भाषा।
अभीरु(वि०)-जो भयानक न हो, निडर। [स्त्रीलिंग में ऊकारांत हो जाता है]।
अभीरु(पु०)-शिव वा भैरव। स्त्री०-शतावरी। न०-युद्धस्थल।
अभीरुण(वि०)-निडर, दोषहीन।
अभीरुपत्री(स्त्री०)-शतमूली, शतावरी
अभील(न०)-कठिनता, दुःख।
अभीलाप(पु०)-गुफ़्तगू, बातचीत।
अभीवृत(वि०)-ढका हुआ, घिरा हुआ
अभीशाप(पु०)-शाप, बददुआ।
अभीशु-षु(पु०)-घोड़े की लगाम, किरण। स्त्री०-उंगली।
अभीष्(६ प०)-किसी वस्तु के लिये इच्छा करना, तलाश करना, प्राप्ति का यत्न करना।
अभीषंग(पु०)-आक्रोश, क्रन्दन।
अभीषया(क्रि०वि०)-निडर होकर।
अभीषु(पु०)-काम, अनुराग।
अभीष्ट(वि०)-वाञ्छित, अभिलषित, प्रिय। न०-इच्छा की वस्तु, अभिमत वस्तु।
अभीष्टदेवता(स्त्री०)-प्रिय देवता, प्रसन्न हुआ देवता।
अभीष्टलाभः-सिद्धिः-चाही हुई वस्तु का प्राप्त होना।
अभुक्त(वि०)-न खाया हुआ, न भोगा हुआ, उपवासी।
अभुज(वि०)-भुजाहीन, ठुण्ठा।
अभूत(वि०)-अनुत्पन्न, जो न हुआ हो, वर्त्तमान, अपूर्व, विलक्षण।
अभूतपूर्व(वि०)-विलक्षण, अनुपम।
अभूतशत्रु(वि०)-अजातशत्रु, शत्रुरहित
अभूति (स्त्री०)-अभाव, शक्ति का अभाव, निर्धनता।
अभूमि(स्त्री०) स्थानाभाव, अनाधार, आश्रयाभाव।
अभूरि(वि०)-चन्द, थोड़े, अल्प।
अभृश(वि०)-पूर्ववत्।
अभेद(वि०)-भेदरहित, अविभक्त। पु०-भेद का अभाव। [हीरा।
अभेद्य(वि०)-न भेदने योग्य। न०-
अभोग(पु०)-भोग का अभाव।
अभोजन(न०)-भोजन का अभाव, उपवास।
अभोज्य(वि०)-न खाने योग्य, अखाद्य
अभौतिक(वि०)-अपार्थिव, अप्राकृतिक, मानसिक।
अभ्यक्त (वि०)-मला हुआ, अभिषिक्त
अभ्यग्र(वि०)-निकट, समीप।
अभ्यङ्ग (वि०)-हाल में ही चिन्हित
अभ्यङ्ग(पु०)-तैलमर्दन, मालिश।
अभ्यञ्ज् (७प०)-अभिषेक करना, मलना
अभ्यञ्जन(न०)-तैल, अभ्यंग।
अभ्यतीत(वि०)-गुज़रा हुआ, मुर्दा।
अभ्यधिक(वि०)-बहुत अधिक।
अभ्यनुज्ञा(९उ०)-आज्ञा देना, पसन्द करना। [हुक्म।
अभ्यनुज्ञा-ज्ञानं-स्वीकारी, आज्ञा,
अभ्यन्तर(वि०)-भीतर का, आभ्यान्तरिक, अन्दरूनी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभ्यसन(न०)–आक्रमण, रोग, हानि
अभ्यसित(वि०)-रोगी, क्षत ।
अभ्यसित्र(न०) शत्रु पर आक्रमण ।
अभ्यसित्रीण(पु०)-ऐसा योद्धा जो शत्रु का पूरे बल से मुक़ाबिला करताहै।
अभ्यय(पु०)-पहुंच, आगमन, प्रवेश, सूर्य का डूबना ।
अभ्यर्च्(१,१०प०)–पूजना,तारीफ़करना
अभ्यर्चनं भ्यर्चा पूजा, प्रतिष्ठा ।
अभ्यर्ण(वि०)--निकट, समीप ।
अभ्यर्थ्(१० आ०)–प्रार्थना, विनय करना, इच्छा करना ।
अभ्यर्थना(स्त्री०)-विनय, विनती ।
अभ्यर्दन(न०)–कष्टदेना, सताना ।
अभ्यर्ह्(१०प०)–पूजना,सलाम करना।
अभ्यर्हणा(स्त्री०)–पूजा,प्रतिष्ठा,इज्जत
अभ्यवकाश(पु०)–खुला हुआ स्थान ।
अभ्यवहार(पु०)–भक्षण, आहार ।
अभ्यवहृत (वि०)- भुक्त, खाया हुआ ।
अभ्यस्(४ प०)–अमल करना, अभ्यास करना, दोहराना, सींचना ।
अभ्यसन(न०)--अभ्यास का करना ।
अभ्यस्त(वि०)--अभ्यास किया हुआ, दोहराया हुआ,बार२ किया हुआ।
अभ्यसूया(स्त्री०)--गुणों में दोष का आरोपण, ईर्ष्या, द्वेष ।
अभ्याकर्ष(पु०)--खम ठोकना ।
अभ्याकांक्षित(न०)--मिथ्या अभियोग, इच्छा ।
अभ्यागत(पु०) -अतिथि ।
अभ्यागम्(१ प०)--समीप जाना, पास खींचना, मुलाक़ात करना ।
अभ्यागम(पु०)--सामीप्य, युद्ध, वैर, अभ्युत्थान, प्रहार । [तत्पर ।
अभ्यागारिक(पु०)--कुटुम्ब पालन में
अभ्याघात(पु०)--आक्रमण,हमला ।
अभ्याचर्(१प०)–समीप आना, इस्तैमाल करना, सम्पादन करना ।
अभ्यादा(३ आ०)- लेना, पकड़ना, पहरना, वार्त्ता आरम्भ करना ।
अभ्यादान(न०)–आरम्भ, प्रथमारम्भ
अभ्यान्त(वि०)--रोगी, बीमार ।
अभ्यामर्दः-र्दनं--संग्राम,युद्ध,आक्रमण
अभ्यायम्(१ प०)--फैलाना, लम्बा करना, खैंचना,निशाना लगाना, मुलाक़ात करना ।
अभ्यारुह्(१ प०)--चढ़ना, ऊपर जाना
अभ्यारोहण(न०)--ऊपर चढ़ना, मंत्रपाठ, अवस्थान्तर होना, तरक्की ।
अभ्यावर्त(पु०)-आवृत्ति,आवृत्तिस्तोत्र
अभ्यावृत्ति(स्त्री०)--पूर्ववत् ।
अभ्याश(वि०)--समीप, निकट ।
अभ्यास(पु०)--अभ्यासन, आवृत्ति, दोहराना, बार २ करना ।
अभ्यासादन(न०)-शत्रु के सामने जाना
अभ्याहार(पु०)–अभिहार, चोरी, ग्रहण, भोजन ।
अभ्युत्थान(न०)--प्रतिष्ठार्थ आसन से उठना,अभ्युदय,सूर्योदय,गौरव
अभ्युदय(पु०)--इष्टलाभ,उन्नति,समृद्धि पराक्रम, प्रभाव ।
अभ्युदित(वि०)--उन्नत, समृद्ध ।
अभ्युद्यत(वि०)-- विना मांगे आपहुंचा फल आदि उद्यत, समुद्यत,तैयार ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अभ्युन्नत(वि०)–बहुत ऊंचा, उठा हुआ, उच्चपदस्थ ।
अभ्युन्नति(स्त्री०)-अभ्युदय, उच्चगति।
अभ्युपगत(वि०)-स्वीकृत, अंगीकृत, समीपागत ।
अभ्युपगम(पु०)–स्वीकार, निकट आगमन, अनुमति, अनुमोदन ।
अभ्युपपत्ति(स्त्री०)-अनुग्रह, प्रसाद, रक्षा, परित्राण ।
अभ्युपाय(पु०)–अंगीकार, स्वीकार, उपाय, कौशल । [अंगीकृत ।
अभ्युपेत(वि०)–उपगत, स्वीकृत,
अभ्युष(पु०)–रोटी, पोली ।
अभ्युषित(वि०)-समीप वा साथ रहने वाला । पु०–नौकर ।
अभ्यूढ(वि०)–समीप लाया हुआ ।
अभ्यूह(पु०)–बहस, वादविवाद, तर्कना, अनुमान । [मण ।
अभ्येषण(न०)–इच्छा करना, आक्र-
अभ्र्(१प०)-जाना, इधर उधर घूमना।
अभ्र(न०)–मेघ, आकाश, स्वर्ण, अभ्रक धातु । [अत्युच्च ।
अभ्रंलिह(पु०)–वायु । वि०-मेघस्पर्शी,
अभ्रक(न०)–धातु, भोडल जो कहते हैं कि पार्वती के रज से उत्पन्न हुई है ।
अभ्रंकष (पु०)–मेघस्पर्शी, अत्युन्नत ।
अभ्रपिशाच(पु०)-राहुग्रह । [वृक्ष ।
अभ्रपुष्प(न०)–जल । पु०–बेत का
अभ्रम (वि०)–भ्रमरहित, अभ्रान्त । पु०-भ्रम का अभाव । [हाथी ।
अभ्रमातङ्ग (पु०)-ऐरावत, इन्द्र का
अभ्रमाला(स्त्री०) मेघसमूह, मेघश्रेणी।
अभ्रमु(स्त्री०)–ऐरावत की स्त्री ।
अभ्रमुप्रिय(पु०)–ऐरावत हाथी ।
अभ्रान्त(वि०)–भ्रान्तिशून्य ।
अभ्रांति(स्त्री०)–स्वस्थता, मुस्तैदी ।
अभ्रि-भ्री(स्त्री०)–काष्ठ का कुद्दाल, नौका साफ़ करने का कुद्दाल ।
अभ्रेष(पु०)–औचित्य, न्याय ।
अभ्व(वि०)–बहुत बड़ा, शक्तिशाली
अभ्र्(अ०)–तेजी से, अल्प ।
अभ्र्(१प०)–जाना, भजन करना, शब्द करना, खाना ।
अम(वि०)–कच्चा । पु०–गति, बोझ, बल, भय, बीमारी, नौकर, प्राण
अमङ्गल (वि०)–अशुभ, मंगलहीन । न०–अशकुन । पु०–एरण्ड वृक्ष ।
अमङ्गल्य(वि०)–अमङ्गलजनक ।
अमण्ड(पु०)–एरण्ड वृक्ष ।
अमत(पु०)–रोग, मृत्यु, काल । वि०-न माना हुआ, अज्ञात ।
अमति(स्त्री०)–अबुद्धि,अज्ञान । वि०-क्रूर, दुष्टप्रकृति, मतिहीन । पु०–बदमाश, चन्द्र, काल ।
अमत्त(वि०)–मदरहित, बिना घमण्ड का, शान्त ।
अमत्र(न०)–बर्तन, पात्र, हथियार ।
अमत्सर(वि०)–अद्वेषी, उदार ।
अमनः–मनस्क (वि०)-मन वा इच्छा से रहित, उदासीन ।
अमनि(स्त्री०)-रास्ता, पथ, गति ।
अमनुष्य(वि०)-अमानुषी, जनरहित; पिशाच ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अमन्द(वि०)–जो सुस्त न हो, कर्मवीर, तेज। पु०–वृक्ष।
अमम(वि०)–ममतारहित।
अममता-त्वं–उदासीनता।
अमर(वि०)–न मरने वाला, न नाश होने वाला। पु०–देवता, स्नुही वृक्ष, पारा, सोना, तेतीस का अंक, एक कोषकार का नाम, मरुद्गणों में से एक, विवाह के पहिले वर कन्या के राशिवर्ण के मिलान के लिये नक्षत्रों का एक गण।
अमरकंटक(न०)–विन्ध्याचलपर्वत का वह भाग जो नर्मदा नदी के उद्भवस्थान के पास है।
अमरकोट(पु०)–एक नगर का नाम।
अमरकोश-ष (पु०)–अमरसिंह द्वारा रचित लिंगानुशासन प्रसिद्ध कोष
अमरज(पु०)–देवदारु, एक प्रकार का खदिर वृक्ष।
अमरण(न०)–न मरना। [मरना।
अमरता (स्त्री०)–देवभाव, कभी न
अमरद्विज(पु०)–मन्दिर का पुजारी।
अमरपुष्पक(पु०)–कल्पवृक्ष, केतक।
अमररत्न(न०)–स्फटिक।
अमरलोक(पु०)–स्वर्ग।
अमरवल्लरी(स्त्री०)-आकाशवल्ली।
अमरसिंह(पु०)–अमरकोष का कर्त्ता।
अमरा(स्त्री०)–अमरावती नामकइन्द्र की राजधानी, गुडूची, दूर्वा, जरायु, घृतकुमारी, गर्भ की नाल
अमराद्रि(पु०)–सुमेरुपर्वत।
अमरालय(पु०)–अमरलोक, स्वर्ग।
अमर्त्य (पु०)–देवता। वि०-अक्षय, अविनश्वर।
अमर्त्यभुवन(न०)–स्वर्ग।
अमर्याद(वि०)–असीम, सीमातिक्रमण करने वाला।
अमर्ष(वि०)–क्रोधशून्य, असहिष्णु। पु०–असहिष्णुता, क्रोध, बेसबरी
अमर्षण(वि०)–क्रोधी, कोपनस्वभाव।
अमल(वि०)-मलरहित, स्वच्छ, निर्मल न०–अभ्रक धातु, ब्रह्म।
अमला (स्त्री०)–लक्ष्मी, नाभि की नाड़ी, भूम्यामलकी, शातला वृक्ष।
अमलात्मा(वि०)-शुद्धात्मा, पवित्रात्मा
अमलिन(वि०)–स्वच्छ, बेदाग़, शुद्ध
अमस(पु०)–रोग, मूर्ख, काल, मूर्खता
अमा(अ०)–निकट, साथ, इसलोक में वि०–असीम, लातादाद,। स्त्री० अमावस्या। [काय।
अमांस(वि०)–दुर्बल, मांसरहित, क्षीण-
अमातृक(वि०)–मातारहित।
अमात्य(पु०)–मन्त्री, बन्धु।
अमात्र (वि०)–असीम, असम्पूर्ण। पु०-परमात्मा।
अमानन(न०)–अनादर, अपमान।
अमानना(स्त्री०)–पूर्ववत्।
अमानव(वि०)–अमानुषी, जो मनुष्य का न हो।
अमानस्य(न०)–दुःख, पीड़ा।
अमानिता-त्वं--विनय, लज्जाशीलता।
अमानी [न्] (वि०)–लज्जाशील, विनयावनत।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अमानुष(वि०)—मनुष्य की सामर्थ्य के बाहर का, जो मनुष्य से न हो सके, मनुष्यस्वभाव के विरुद्ध, पाशव, पैशाचिक। पु०—जो मनुष्य न हो, देव, राक्षस।

अमान्य(वि०)—अमाननीय।

अमाय(वि०)-अक्रूर, सीधा, ईमानदार

अमाया(स्त्री०)-धोखा या माया का अभाव।

अमायिक-यी(वि०)--ईमानदार, सच्चा

अमार(पु०)—न मरना।

अमार्ग(वि०)—मार्गहीन। पु०--कुमार्ग, मार्ग का अभाव।

अमावसी(स्त्री०)—अमावस्या।

अमाव [वा] स्या (स्त्री०)—कृष्णपक्ष का १५ वां दिन, वह तिथि जिस में सूर्य व चन्द्र एक ही राशि के हों, उस दिन किया जाने वाला यज्ञ। [बहुत, अज्ञात।

अमित (वि०)—असीम, लातादाद,

अमितविक्रम (वि०)—असीमशक्ति वाला। पु०—विष्णु।

अमितवीर्य(वि०)—असीम शक्तिशाली

अमित्र(पु०)—शत्रु, विपक्षी।

अमित्रता(स्त्री०)-दुश्मनी, शत्रुता।

अमिन्(वि०)—बीमार, रोगी।

अमिश्र-श्रित(वि०)—न मिला हुआ, मिश्रणरहित।

अमिष(न०)—छल का अभाव, लौकिक सुख, मांस, ईमानदारी।

अमीव(पु०)—शत्रु, सताने वाला वि०—पाप, दुःख।

अमुक(वि०)—कलां, जब किसी वस्तु या पुरुष का नाम न लेकर उस का निर्देश करना हो तब इसका प्रयोग होता है।

अमुक्त(वि०)—न छुटा हुआ, अस्वतन्त्र। न०—छुरीविशेष।

अमुक्ति(स्त्री०)—मुक्ति या मोक्ष का अभाव।

अमुग्ध(वि०)—विरक्त, चतुर।

अमुत्र(अ०)—वहां, उस स्थान में, वहां से, परलोक, जन्मान्तर।

अमुष्य(वि०)-प्रसिद्ध,विख्यात, मशहूर

अमुष्यपुत्र (पु०)—प्रख्यातवंश में उत्पन्न, कुलीन।

अमुष्यपुत्री(स्त्री०)-पूर्ववत्। [चतुर।

अमूक(वि०)—जो गूंगा न हो, वक्ता,

अमूढ(वि०)—चतुर, विद्वान्।

अमूर्त(वि०)—मूर्त्तिरहित, निराकार।

अमूर्त्ति(स्त्री०)—पूर्ववत्।

अमूर्त्तिमान्(वि०)—पूर्ववत्।

अमूल-लक(वि०)—बेजड़ का, निर्मूल, मिथ्या, असत्य।

अमूल्य(वि०)—जिस का मूल्य निर्धारित न हो सके, बहुमूल्य।

अमृत(पु०)—वह वस्तु जिस के पीने से जीव अमर हो जाता है, सुधा, जल, घी, अन्न, मुक्ति, औषध, विष, पारा, धन, सोना, मीठी वस्तु, देवता। वि०-न मरने वाला, सुन्दर।

अमृतकर(पु०)—चन्द्रमा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अमृतकुंडली(स्त्री०)–छन्द का एकभेद, एक प्रकार का बाजा।
अमृतगति(स्त्री०)–एक प्रकार का छन्द।
अमृतगर्भ(पु०)–ब्रह्म, ईश्वर।
अमृततरंगिणी (स्त्री०)–चन्द्रिका, चांदनी। [मरना, मोक्ष।
अमृतता-त्व–मरण का अभाव, न
अमृतद्रव (पु०)–चन्द्रमा की किरण।
अमृतफल (पु०)–नाशपाती, परवल, पारावत। [मुनक्का।
अमृतफला(स्त्री०)–आमला, अंगूर,
अमृतबन्धु(पु०)–देवता, चन्द्रमा।
अमृतलता(स्त्री०)–गिलोय।
अमृतलोक(पु०)–स्वर्ग।
अमृतवायु(पु०)–चन्द्रमा। [शबेल।
अमृतवल्ली(स्त्री०)–अमरबेल, आका-
अमृतसम्भवा(स्त्री०)–गुडूची, गिलोय।
अमृतसार(पु०)–मक्खन, घी।
अमृतांशु(पु०)–चन्द्रमा।
अमृता(स्त्री०)–हड़, आमला, तुलसी, पीपल, मदिरा, गिलोय।
अमृताशन(पु०)–देवता।
अमृताहरण(पु०)–गरुड़।
अमृतेश(पु०)–देवता, शिव।
अमृत्यु(वि०)–अमर, न मरने वाला।
अमृषा(अ०)–सच सच, बिना झूंठ के।
अमृष्ट(वि०)–अमार्जित, जो साफ न हो। [मूर्ख।
अमेधाः [स्] (वि०)–पागल, मूढ,
अमेध्य(न०)–पुरीष। वि०–अपवित्र।
अमेय(वि०)–असमीम, असंख्य, लाताद्, न जानने योग्य।
अमेयात्मा(वि०)–महानुभाव, उदारचरित। पु०–विष्णु।
अमोक्ष(वि०)–न छूटा हुआ, अस्वतन्त्र।
अमोघ(वि०)–सफल, अव्यर्थ, अविफल।
अमोघा (स्त्री०)–बिडंग, पाटलिवृक्ष, हरीतकी।
अमौन(न०)–चुप न रहना।
अम्ब्(१ प०)–जाना, [आत्मनेपदी में ध्वनि करना अर्थ होता है]।
अम्ब(पु०)–पिता, आवाज़। न०–आंख, जल।
अम्बक(न०)–नेत्र, ताम्बा, पिता।
अम्बर(न०)–वस्त्र, आकाश, कपास, पड़ौस, होठ, पाप।
अम्बरद(न०)–रुई।
अम्बरमणि(पु०)–सूर्य।
अम्बरस्थली(स्त्री०)–पृथिवी, ज़मीन।
अम्बरीष(न०)–भर्जनपात्र, पश्चात्ताप, युद्ध, नरकविशेष, बछड़ा, सूर्य, आम्रातक वृक्ष, विष्णु, शिव। पु०–सूर्यवंशी एक राजा।
अम्बष्ठ(पु०)–चिकित्सक, हकीम, ब्राह्मण से वैश्यकन्या में उत्पन्न हुआ पुत्र, एक देश, हाथीवान्।
अम्बष्ठिका(स्त्री०)–ब्राह्मी बूटी।
अम्बा(स्त्री०)–माता, जननी, काशीराज की लड़की, अम्बष्ठा, दुर्गा का नाम।
अम्बाय(स्त्री०)–माता।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अम्बालिका(स्त्री०)-माता, अच्छी माता, अम्बाडा वृक्ष, काशीराज की सब से छोटी कन्या जो विचित्रवीर्य को विवाही गई थी और पाण्डु की माता थी।

अम्बिका(स्त्री०)-माता, अच्छी स्त्री, दुर्गा, पार्वती, काशीराज की बिचली कन्या जो विचित्रवीर्य को विवाही गई थी और जिस के गर्भ से धृतराष्ट्र पैदा हुए थे।

अम्बिकेय(पु०)-गणेश, कार्त्तिकेय, राजा धृतराष्ट्र।

अम्बिकेयक(पु०)-पूर्ववत्।

अम्बु(न०)-जल, पानी, रास्नाबेल।

अम्बुकंटक(पु०)-कुम्भीर, नाका।

अम्बुकिरात(पु०)-पूर्ववत्।

अम्बुकीश-कूर्म(पु०)-शिशुमार नामक जलजन्तु, सूस।

अम्बुकेशर(पु०)-छालंग वृक्ष।

अम्बुचत्वर(न०)-झील।

अम्बुचामर(न०)-शैवाल, सिरवाल नामक घास।

अम्बुज(पु०)-चन्द्रमा, कपूर। न०-कमल, हिज्जल नामक वृक्ष।

अम्बुजन्म[न्] (न०)-पद्म, शंख, सारस पक्षी। वि०-जलजात, सलिलोद्भव।

अम्बुतस्कर(पु०)-पानी का चोर अर्थात् सूर्य।

अम्बुताल(पु०)-शैवाल, सिरवाल।

अम्बुद(वि०)-जलदाता। पु०-मेघ, मोथा।

अम्बुधर(पु०)-बादल, मेघ।

अम्बुधि(पु०)-समुद्र।

अम्बुनिधि(पु०)-समुद्र।

अम्बुप(पु०)-जलेश्वर, वरुण, समुद्र। वि०-जल का पान करनेवाला।

अम्बुपत्रा(स्त्री०)-उच्चटा नामक वृक्ष, नागरमोथा।

अम्बुपाल(पु०)-लहर, सोता, चश्मा।

अम्बुप्रसाद(पु०)-कतकवृक्ष, निर्मली।

अम्बुप्रसादन(न०)-पूर्ववत्।

अम्बुभृत्(पु०)-मेघ, समुद्र, मोथा।

अम्बुमात्रज(वि०)-केवल पानी में उत्पन्न होने वाला। पु०-शंख।

अम्बुमुच्(पु०)-बादल।

अम्बुराज(पु०)-समुद्र, वरुण।

अम्बुराशि(पु०)-समुद्र।

अम्बुरुह्(न०)-कमल, सारस।

अम्बुरुह(अस्त्री०)-पूर्ववत्।

अम्बुरुहा(स्त्री०)-स्थलपद्मिनी।

अम्बुवाची(स्त्री०)-आषाढ़ में आर्द्रा नक्षत्र का प्रथम चरण अर्थात् आरम्भ के तीन दिन और बीस घड़ी जिन में पृथ्वी ऋतुमती समझी जाती है और बीज बोने का निषेध है।

अम्बुवाह(पु०)-बादल, मेघ, मोथा, झील, १७ का अङ्क।

अम्बुवाहिनी(स्त्री०)-नाव के पानी को उलीचने व फेंकने का पात्र, जल लाने वाली स्त्री।

अम्बुविहार(पु०)-जलक्रीड़ा।

अम्बुविस्रवा(स्त्री०)-घीगवार।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अम्बुसरण(न०)—पानी की लहर या सोता।

अम्बुशायी(पु०)-विष्णु।

अम्बुसर्पिणी(स्त्री०)-जलौका, जोंक।

अम्बुसेचनी(स्त्री०)—नौका से जल निकाल कर फेंकने का पात्र।

अम्बूकृत(वि०)-अस्पष्ट उच्चरित। न०-ऐसा बचन जिस के कहने में थूक निकले।

अम्भ्(१ आ०)-ध्वनि करना।

अम्भः[स्] (न०)—जल, आकाश, देवता, मनुष्य, राक्षस, शक्ति।

अम्भःसार(न०)—मुक्ता, मोती। [पन।

अम्भःसू(पु०)-धुवां, धूम, धुन्धियाला

अम्भोज(वि०)—जलोत्पन्न। पु०-चन्द्रमा, सारस। न०—कमल।

अम्भोजयोनि(पु०)-ब्रह्मा।

अम्भोजिनी(स्त्री०)—पद्मलता, पद्मसमूह, नलिनी।

अम्भोद-धर(पु०)—मेघ, मोथा।

अम्भोधि-निधि-राशि(पु०)—समुद्र।

अम्भोरुह्-ह(न०)--पद्म, सारसपक्षी।

अम्मय(वि०)--जलयुक्त, जल से बना हुआ फेनादि। [का फल।

अम्र(पु०)--आम का वृक्ष। न०—आम

अम्ल(वि०)--खट्टा, खारी। पु०--खट्टापन, खार, रस विशेष, सिरका। न०--तक्र, मट्ठा।

अम्लक(पु०)-लकुच वृक्ष, बडहर।

अम्लकाण्ड(न०)-लवणतृण नामक वृक्ष।

अम्लकेशर (पु०)—विजौरानीबू।

अम्लचूड(पु०)—अम्लशाक।

अम्लनायक(पु०)-अम्लवेत।

अम्लनिशा(स्त्री०)—शठीनामक वृक्ष, कचूर।

अम्लपूर(न०)—वृक्षाम्ल।

अम्लफल(न०)—वृक्षाम्ल, तिन्तडीक। पु०—आम का पेड़।

अम्लवेतस (पु०)—अम्लवेत।

अम्लशाक(न०)—शाकाम्ल, वृक्षाम्ल।

अम्लसार(न०)—कांजी, आमलासार गन्धक। पु०—नींबू, अम्लवेत।

अम्लांकुश(पु०)—अम्लवेतस। पु०—महासहावृक्ष, आंवला।

अम्लान(वि०)—जो उदास न हो, जो मलिन न हो, हृष्ट, प्रसन्न, बिना मुर्झाया हुआ, स्वच्छ। [पद्मिनी।

अम्लानिनी (स्त्री०)-पद्मसमूह,

अम्लिका(स्त्री०)-इमली।

अम्लोद्गार(पु०)-खट्टी डकार।

अय्(१ आ०)—जाना।

अय(वि०)--जाता हुआ, गतिशील। पु०—गति, सौभाग्य, मङ्गलानुष्ठान।

अयन(न०)—गति, हरकत, रास्ता, स्थान, प्रवेशद्वार, सूर्य की गति का मार्ग, मुक्ति, व्याख्या।

अयनकाल(पु०)-छः महीने का काल।

अयनसंक्राति(स्त्री०)--मकर और कर्क की संक्रान्ति।

अयनांश(पु०)--सूर्य की गति विशेष के काल का भाग, अयन भाग।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अयज्ञ(वि०)–यज्ञ न करने वाला। पु०--बुरा यज्ञ, यज्ञाभाव।
अयज्ञक(वि०)–यज्ञ के अयोग्य।
अयज्ञिय(वि०)--यज्ञ के अयोग्य, यज्ञ करने का अनधिकारी, अपवित्र।
अयत(वि०)–यत्न न करने वाला।
अयत(वि०)–बेरोक, बेकाबू।
अयति(वि०)–जिसने इन्द्रियों का दमन न किया हो।
अयत्न(वि०)--जिस में यत्न की आवश्यकता न हो। पु०–यत्नाभाव।
अयत्नकारी(वि०)--यत्न न करने वाला सुस्त।
अयत्नकृत(वि०)–आसानी से प्राप्त।
अयत्नलभ्य(वि०)–आसानी से प्राप्ति-योग्य। [में।
अयत्नेन(क्रि०वि०)–आसानी से, सहज
अयथा (अ०)--जैसा होना चाहिये उसके विरुद्ध, गलती से।
अयथार्थ(वि०)–झूठा, ग़लत, बेमाने।
अयथावत्(अ०)--ग़लती से,
अयथेष्ट (वि०)–नाकाफ़ी, अपर्याप्त, इच्छा के प्रतिकूल।
अयथोचित(वि०)–अयोग्य, अनुचित
अयन्त्र(न०)--रोक टोक का अभाव, अस्त्रविशेष।
अयन्त्रित(वि०)--न रोका हुआ।
अयमित(वि०)--अयन्त्रित, न रोका हुआ।
अयव(पु०)--पुरीष का एक कीड़ा जो यव से छोटा होता है, पितृकर्म, शुक्ल, कृष्णपक्ष।
अयशः[स्](वि०)--बदनाम। न०--अकीर्त्ति, निन्दा।
अयशस्कर(वि०)--अपमानजनक, बदनाम करने वाला।
अयशस्य(वि०) -बदनाम, अयश।
अयः[स्](वि०)--गतिशील, जाने वाला। न०--लोहा, फौलाद, सोना, धातु, गमन। पु०--आग।
अयस्कान्त(पु०)--चकमक पत्थर।
अयस्कार(पु०)--लोहार, जंघा का ऊपर का भाग।
अयस्कीट(न०)–लोहे का ज़ंग।
अपस्कृति(स्त्री०)—महाकुष्ठ की चिकित्सा का एक उपाय।
अयाचक(वि०)--जो याचना नहीं करता।
अयाचित(वि०) -न मांगा हुआ।
अयाज्य (वि०)--यज्ञ करने का अनधिकारी, शूद्र, जातिच्युत।
अयात(वि०)–न गया हुआ।
अयातयाम(वि०)--जो पुराना या कमज़ोर नहो, ताज़ा। [चित्य।
अयार्थार्थ्य(न०) -अशुद्धि, गलती, अनौ-
अयान(न०)--न जाना, अगति, ख़सलत, आदत।
अयानय(न०)–सौभाग्य वा दुर्भाग्य।
अयावक(वि०)–कुदरतीसुर्ख।
अयास्य(वि०)–शत्रु, विरोधी। पु०–अंगिरा ऋषि।
अयि(अ०)–सम्बोधन का शब्द, हे, अय, अरे, प्रार्थना, प्रश्न, नम्रता, प्रीति, प्यार से बुलाना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अयुक्त(वि०)–गाड़ी में न जोता हुआ, असम्बन्धित, अश्रद्धालु, अप्रयुक्त, अयोग्य, अनुचित, ग़लत, अविवाहित।

अयुक्ति(स्त्री०)–बेमेल, अलहदगी, बेहूदगी, अनौचित्य, युक्ति का अभाव। [विषम संख्या।

अयुग-गल(वि०)–अलहदा, अकेला,

अयुगपद्(अ०)–सब एक साथ नहीं, रफ्ता २।

अयुगू(स्त्री०)–ऐसी स्त्री जिस ने केवल एक बच्चा ही जना हो, काकबन्ध्या।

अयुग्म (वि०)–अकेला, विना जोड़े का, अलहदा, विषम संख्या।

अयुग्मनयन-नेत्र-लोचन(पु०)–विषम आखों वाला अर्थात् शिव।

अयुग्मवाण-शर (पु०)–विषम वाणों वाला अर्थात कामदेव।

अयुग्मवाह-सप्ति(पु०)–सात घोड़ों वाला अर्थात सूर्य।

अयुज्(वि०)–विना जोड़े का, विषम।

अयुज(वि०)–जिस का कोई साथी न हो, अलहदा, अकेला, विषम।

अयुत(वि०)–न जुड़ा हुआ, असम्बन्धित, अलग। न०–दशसहस्र।

अयुध(पु०)–जो योद्धा न हो, योद्धा से भिन्न।

अयुध्य(वि०)–अजेय, जिस का मुकाबिला न किया जा सके।

अयुव(वि०)–अक्षत, असम्बन्धित।

अये(अ०)–सम्बोधन में प्रयुक्त होता है, आश्चर्य, दुःख, क्रोध, भय, थकावट आदि का बोधक।

अयोग(वि०)–असम्बन्धित। पु०–जुदाई, अनौचित्य, बुरामेल, बड़ा यत्न, रंडवा, हथौड़ा, नफ़रत।

अयोगव(पु०)–शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न पुरुष।

अयोगू(पु०)–लोहार।

अयोगुड(पु०)–लोहे की गेंद, एक प्रकार की बटी जिस में लोहे का अंश होता है। [निकम्मा।

अयोग्य(वि०)–अनुचित, ग़ैरमौजू,

अयोघन(पु०)–हथौड़ा, लोहार का एक बड़ा औज़ार। [जाल।

अयोजाल(न०) -लोहे का बना हुआ

अयोधा(पु०)–जो योधा न हो, जिस के बराबर दूसरा योधा न हो।

अयोध्य(वि०)–अजेय, जिस पर आक्रमण न होसके।

अयोध्या(स्त्री०)–सूर्यवंशीय राजाओं की राजधानी जो इस समय भी सरयू नदी के तट पर अवस्थित है।

अयोध्याकाण्ड(न०)–वाल्मीकीय रामायण का दूसरा परिच्छेद।

अयोनि(वि०)–उत्पत्तिशून्य, नित्य। पु०–ब्रह्मा, शिव।

अयोनिज(वि०)–जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो। पु०–विष्णु, शिव।

अयोनिजन्म(वि०)–पूर्ववत्।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अयोनिजा-सम्भवा(स्त्री०)-सीता जो जनक की पुत्री व राजा रामचन्द्र की बधू थी। [अर्थात् रूढि।

अयौगिक(वि०)-जो यौगिक न हो

अयौक्तिक(वि०)-युक्तिशून्य, तर्कना के अयोग्य।

अर(वि०)-तेज़, शीघ्रगामी, थोड़ा। पु०-पहिये का अरा, कोण, शैवाल।

अरक्षित(वि०)-ग़ैरमहफ़ूज़, रक्षाहीन।

अरघट्ट-टक(पु०)-रहट, कुएं से पानी खींचने का पहिया, गहरा कुआं।

अरज-जस्-जस्क(वि०)-धूलिरहित, शुद्ध, स्वच्छ, रजोविकाररहित।

अरजाः(स्त्री०)-रजोदर्शन से पूर्व की कन्या।

अरज्जु(न०)-क़ैदख़ाना। वि०-जो रस्सी का बना हुआ न हो।

अरणि(अक्लो०)-अग्नि उत्पन्न करने वाला लकड़ी का डंडा। पु०-सूर्य, अग्नि। स्त्री०-रास्ता, मार्ग, अरनी नामक ओषधि।

अरणिसुत(पु०)-व्यासपुत्र शुकदेव।

अरणी(स्त्री०)-आग उत्पन्न करने का काष्ठ विशेष।

अरण्य(न०)-जङ्गल, वन, रेगिस्तान।

अरण्यकदली(स्त्री०)-जङ्गली केला।

अरण्यकाण्ड(न०)-रामायण का तीसरा परिच्छेद जिस में विश्वामित्र के साथ रामचरित का वर्णन है।

अरण्यगज(पु०)-जङ्गली हाथी।

अरण्यगान(न०)-सामवेद के अन्तर्गत एक गान विशेष जो जङ्गल में गाया जाता था।

अरण्यचर(वि०)-जङ्गली, वनचर।

अरण्यपण्डित(पु०)-मूर्ख पुरुष।

अरण्यराज्-ज(पु०)-शेर या चीता।

अरण्यरोदन(न०)-जङ्गल में रोना, निष्फल रोना, निरर्थक काम।

अरण्यानी(स्त्री०)-बड़ा जङ्गल, वन का देवता।

अरण्यायन(न०)-वानप्रस्थी बनना।

अरण्यीय(वि०)-वनयुक्त, वन के समीप

अरत(वि०)-सुस्त, विरक्त, असन्तुष्ट।

अरति(वि०)-असन्तुष्ट, सुस्त, बेचैन। स्त्री०-रति वा आमोद का अभाव, दुःख, कष्ट, चिन्ता, असन्तोष, सुस्ती। [बांह।

अरत्नि(अक्लो०)-कोहनी, बाजू,

अरत्निक(पु०)-पूर्ववत्।

अरथी[न्](वि०)-जो रथ में सवार होकरनहीं लड़ता।

अरद(वि०)-दन्तहीन।

अरस(वि०)-नीच, कमीना। [गवार।

अरसण(न०)-असन्तोषप्रद, नाखुश-

अरमति(स्त्री०)-शोभा, आज्ञापालन, देवश्रद्धा।

अरर(न०)-कपाट, किवाड़, द्वार। पु०-युद्ध, लड़ाई, यज्ञ का भाग।

अररि(पु०)-किवाड़, दर्वाज़ा।

अररे(अ०)-अपमान वा शीघ्रता का बोधक।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अरविन्द(न०)-कमल। पु०-सारस।
अरविन्दनाभि(पु०)--विष्णु का नाम।
अरविन्दसद्(पु०)--ब्रह्मा का नाम।
अरविन्दाक्ष(वि०)--कमल की सी आंखों वाला, विष्णु का विशेषण।
अरविन्दिनी(स्त्री०)-पद्म, पद्मसमूह, पद्मयुक्त देश। [कमज़ोर।
अरस(वि०)-रसरहित, स्वादुरहित,
अरसिक(वि०)-जो रसिक न हो।
अरहस्(न०)-रहस्य का अभाव।
अराग-गी(वि०)-शान्त, निश्चल, रागरहित। [पड़ा हुआ।
अराजक(वि०)-राजारहित, गड़बड़ में
अराजस्थापित(वि०)-राजा द्वारा जो स्थापित न किया गया हो अर्थात् नियमविरुद्ध, ग़ैरक़ानूनी।
अराति(पु०)-शत्रु, दुश्मन, छः का अंक
अरातिभंग(पु०)-शत्रुओं का नाश।
अरार्ट्टि(स्त्री०)-नियमभंग, पाप, गुनाह, द्वेष।
अराधस्(वि०)-ग़रीब, कठोर, कंजूस।
अराय(वि०)-निर्धन, कंजूस।
अराल(वि०)-टेढ़ा, झुका हुआ। पु०-मदयुक्त हाथी। [वाली स्त्री।
अरालकेशी(स्त्री०)-घुंघराले बालों
अराला(स्त्री०)-असती स्त्री, अधृष्टास्त्री
अराष्ट्र(न०)-राज्यभ्रष्टता।
अरि(वि०)-गतिशील। पु०-शत्रु, खदिर विशेष, छः का अङ्क, गाड़ी का कोई भाग, पहिया, स्वामी, वायु, धार्मिक मनुष्य।
अरिकुल(न०)-शत्रुओं का गिरोह, शत्रु
अरिचिन्तन(न०)-परराष्ट्रविभाग का प्रबन्ध।
अरिणी(पु०)-मृग।
अरित्र(वि०)-शत्रुओं से रक्षित। न०-पतवार, किश्ती।
अरिनिपात(पु०)-शत्रुओं का आक्रमण।
अरिन्दम(वि०)-शत्रुओं को पराजित करनेवाला, फ़तहमन्द।
अरिमर्दन(न०)-पूर्ववत्।
अरिष(न०)-लगातार वर्षा होना।
अरिष्ट(वि०)-अक्षत, सम्पूर्ण, रक्षित। पु०-बगुला, कौआ, शत्रु। न०-दुर्भाग्य, बदक़िस्मती। [नाम।
अरिष्टमथन(पु०)-शिव या विष्णु का
अरिष्टसूदन(पु०)-अरिष्टघातक अर्थात् विष्णु।
अरिष्टि(स्त्री०)-हिफ़ाज़त, रक्षा।
अरिसूदन(पु०)-शत्रुघ्न, अरिघ्न।
अरिस्थानक(न०)-पराजय, हार।
अरु(पु०)-सूर्य, लाल खैर, रक्तखदिर।
अरुः[स्] (अस्त्री०) व्रण, क्षत, जख्म, घाव। अ०-मर्म, सन्धिस्थान।
अरुग्ण(वि०)-अरोगी, स्वस्थ, अक्षत।
अरुचि(स्त्री०)-अश्रद्धा, अनभिलाष, रोग भेद।
अरुचिर-रुच्य(वि०)-अरोचक, नापसन्द, घृणा उत्पन्न करने वाला।
अरुचिकर(वि०)-अरुचि करनेवाला।
अरुज्(वि०)-रोगरहित, तन्दुरुस्त।
अरुज(वि०)-तन्दुरुस्त, स्वस्थ। पु०-आरग्वध नामक वृक्ष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अरुण(वि०)–लाल, रक्त, कपिल वर्ण वाला, घबराया हुआ, शब्दरहित। पु०–लाल रंग, उषाकाल की लाली, सूर्य, कुष्ठभेद। न०–कुंकुम, सिन्दूर, सोना।

अरुणकमल(न०)–लालकमल।

अरुणज्योति(पु०)–शिव का नाम।

अरुणप्रिय(पु०)–शिव का नाम।

अरुणलोचन(पु०)–लाल आंखों वाला कबूतर।

अरुणसारथि(पु०) सूर्य।

अरुणा(स्त्री०)–अतिविषा, श्यामा आदि ओषधियों का नाम, लाल, कपिल।

अरुणाग्रज(पु०)–गरुड़।

अरुणात्मज(पु०)–जटायु पक्षी।

अरुणित(वि०)–लाल किया हुआ।

अरुणिमा(स्त्री०)–लालिमा, सुर्खी।

अरुणी(स्त्री०)–लाल रंग की, उषाकाल

अरुणोदय(पु०)–उषाकाल, ब्राह्ममुहूर्त्त

अरुणोपल(पु०)–पद्मरागमणि, लाल।

अरुन्तुद(वि०)–मर्मपीडक, कठोर, परुष

अरुन्धती(स्त्री०)–वशिष्ठ ऋषि की पत्नी, एक तारा।

अरुन्धतीजानि (पु०)–वशिष्ठमुनि, आकाश के सप्तऋषियों में से एक। [नाथ और पति शब्द के संयोग से भी यही अर्थ होता है]

अरुष्-ष्ट(वि०)–शान्त, अक्रोधी।

अरुष(वि०)–अक्रोधी, चमकीला, अक्षत पु०–अग्नि का लाल घोड़ा, ज्वाला, सूर्य।

अरुषी(स्त्री०)–उषाकाल, अग्निशिखा।

अरुष्क(वि०)–भल्लातक वृक्ष।

अरुष्कर(वि०)–व्रणकर, क्षतकारक।

अरुष्कृत(वि०)–ज़ख्मी, क्षत। [कार।

अरूप(वि०)–रूपशून्य, कुरूप, निरा-

अरूपक(वि०)–रूपकरहित, अलंकार शून्य।

अरूपता(स्त्री०)–बदशकल, कुरूपता

अरूष(पु०)–एक प्रकार का सर्प, सूर्य।

अरे(अ०)–नीच सम्बोधन, ओरे।

अरेणु(वि०)–धूलिरहित। न०–धूलि-भिन्न।

अरेरे(अ०)–अधम संबोधन। [रहित।

अरोक(वि०)–अछिद्र, निष्प्रभ, दीप्ति-

अरोग(वि०)–रोगरहित, स्वस्थ। पु०–तन्दुरुस्ती।

अरोचक(पु०)–रोगविशेष, अरुचि-रोग। वि०–जो रुचिकर न हो।

अरोष(पु०)–क्रोध का अभाव, शान्त-चित्तता।

अरौद्र(वि०)–जो भयानक न हो।

अर्क्(१० प०)–गर्व करना, तारीफ़ करना।

अर्क(वि०)–अर्चनीय। पु०–सूर्य, किरण अग्नि, ताम्बा, आक, मदार, रविवार, इन्द्र, प्रशंसा, विद्वान्, बड़ा भाई, विष्णु, १२ का अंक। अन्न०–भोजन। [वृक्ष।

अर्ककान्ता(स्त्री०)–हुडहुडिया नामक

अर्कचन्दन(पु०)–रक्त चन्दन।

अर्कज(पु०)–कर्ण, यम, सुग्रीव का नाम।

अर्कजौ(पु०)–दोनों अश्विनीकुमार।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अर्कतनय(पु०)--कर्ण, यम, वैवस्वत मनु
अर्कत्विष्(स्त्री०)–सूर्य का प्रकाश।
अर्कदिनं-वासरः-सूर्यवार, रविवार।
अर्कनन्दन(पु०)--कर्ण, यम, वैवस्वतमनु
अर्कपत्रा(स्त्री०)--अर्कमूल, एक लता जो विष की औषध है।
अर्कपर्ण(पु०)--आम का वृक्ष, मदार का पत्ता। [फूल।
अर्कपुष्प(न०)--आक [मदार] का
अर्कपुष्पी(स्त्री०)–सूर्यमुखी नाम वृक्ष
अर्कप्रिया(स्त्री०)--जवा, जपा, गुडहर।
अर्कबन्धु(पु०)--गौतम बुद्ध, पद्म।
अर्कभ(न०)--वह नक्षत्र जो सूर्यक्रान्त हो, सिंहराशि, उत्तराफाल्गुनी नामक नक्षत्र।
अर्कभक्ता(स्त्री०)–हुलहुल का वृक्ष।
अर्कमूल(पु०)--ईसर मूल नामक लता यह सांप तथा बिच्छू के काटे पर बहुत गुण करती है।
अर्कवल्लभ(पु०)-बन्धूक नामक वृक्ष।
अर्कवल्लभा(स्त्री०)--गुडहरनाम वृक्ष।
अर्कवेध(पु०)--तालीसपत्र नामकवृक्ष।
अर्कसोदर(पु०)--ऐरावत हाथी।
अर्काश्मा(पु०)--अरुणोपल, सूर्यकान्त मणि।
अर्कोपल(पु०)-सूर्यकान्त मणि, स्फटिक मणि।
अर्गल(स्त्री०)-वह लकड़ी जिसे किवाड़ बन्द करके पीछे से आड़ी लगादेते हैं, किवाड़, बन्धन, लहर।
अर्गला-ली(स्त्री०)-पूर्ववत्।
अर्गलिका(स्त्री०)-छोटी अर्गला।
अर्घ्(१ प०)–योग्य होना, मोललेना।
अर्घ(पु०)–मूल्य, क़ीमत, पूजाविधि।
अर्घपात्र(न०)–एक ताम्बे का पात्र जो शंख के आकार का होता है, अर्घा।
अर्घीश(पु०)–शिव का नाम।
अर्घ्य(वि०)–पूजनयोग्य, पूज्य, क़ीमती।
अर्च्(१ उ०)–पूजना, वन्दना करना, स्वागत करना, चमकना। १०प०–आदर करना, तारीफ़ करना।
अर्चक(पु०)–पूजक, पुजारी।
अर्चन(वि०)–पूजा करने वाला। न०–अर्चना, पूजन, आदर, देवपूजन।
अर्चना(स्त्री०)-पूजा, देवपूजा।
अर्चनीय-र्च्य(वि०)-पूजनीय, पूजायोग्य, आदरणीय।
अर्चा(स्त्री०)–पूजा, प्रतिमा।
अर्चि(स्त्री०)–किरण, अग्निशिखा।
अर्चित(वि०)–पूजित, आदृत।
अर्चिष्मान्(वि०)–प्रकाशमान। पु०–अग्नि, सूर्य।
अर्चिस्(न०)-किरण, अग्निशिखा, प्रभा। पु०-किरण, अग्नि।
अर्ज्(१ प०)–प्राप्त करना, हासिल करना। १० प०–बनाना, तैयार करना।
अर्जक(वि०)-उपार्जनकर्ता। पु०–सितपर्णास आदि कई वृक्षों का नाम।
अर्जन(न०)-उपार्जन, प्राप्ति।
अर्जनीय(वि०)–उपार्जन करने योग्य।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अर्जित(वि०)-उपार्जन किया हुआ, इकट्ठा किया हुआ।

अर्जुन(पु०)-अर्जुन वृक्ष, राजा पाण्डु का मध्यम व तीसरा पुत्र, कार्त्तवीर्य। न०-तृण, नेत्ररोग। वि०-सफेद, स्वच्छ, चमकीला, रुपहरा।

अर्जुनक(पु०)-अर्जुन का पूजक। वि०-अर्जुन का।

अर्जुनध्वज(पु०)-हनुमान्।

अर्जुनी(स्त्री०)-गवी, करतोया नदी, कुहनी, उषा।

अर्ण(वि०)-बेचैन। पु०-चश्मा, शाकवृक्ष, अक्षर, वर्ण।

अर्णः[स्] (न०)-जल, लहर, चश्मा।

अर्णव(पु०)-समुद्र, सूर्य, इन्द्र, अन्तरिक्ष।

अर्णवज(अस्त्री०)-समुद्रफेन।

अर्णवपोत(पु०)-किश्ती या जहाज़।

अर्णवमन्दिर(पु०)-वरुण, विष्णु।

अस्थि(न०)--हड्डी ।
अस्थिज(पु०)—चर्बी, वज्र ।
अस्थित(वि०)—चञ्चल, अस्थिर ।
अस्थिति(स्त्री०)—स्थिरता का अभाव
अस्थितोद(पु०)—हड्डियों में दर्द ।
अस्थिपञ्जर(पु०)—हड्डियों का ढांचा ।
अस्थिभक्ष-भुक्(पु०)—कुक्कुर, कुत्ता ।
अस्थिभङ्ग(पु०) -हड्डियों का टूटजाना
अस्थियोग(पु०)--टूटे अङ्ग का जोड़ना
अस्थिर(वि०)—जो मज़बूत न हो, चञ्चल, अनिश्चित । [मात्र ।
अस्थिशेष(वि०)—बहुत दुबला, हड्डी-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अस्थिसञ्चय(पु०)—मुर्दे के जलाने के बाद हड्डियों का इकट्ठा करना।
अस्थूल(वि०)—सूक्ष्म, छोटा।
अस्निग्ध (वि०)—जो चिकना न हो, सूखा, रूखा। [अभाव।
अस्पर्श(वि०)—विलग। पु०—लगाव का
अस्पृश्य(वि०)-जो छूने योग्य न हो, नीच जाति का।
अस्पृष्ट(वि०)- न छुआ हुआ।
अस्पष्ट(वि०)—जो साफ़ न हो, सन्दिग्ध, अप्रत्यक्ष।
अस्फुट(वि०)--जो स्पष्ट न हो, गूढ़।
अस्मिता(स्त्री०)—अहङ्कार, एक प्रकार का क्लेश।
अस्मद्(सर्व०)- वक्ता का बोधक जिस से 'अहम्'[मैं] इत्यादि बनते हैं।
अस्मदीय(वि०)--हमारा, अपना।
अस्मरण(न०)--भूल, विस्मृति।
अस्मार्त्त(वि०)--जो याद न हो, शास्त्र-विरुद्ध।
अस्मि(अ०)--मैं का बोधक।
अस्मृति(स्त्री०)--विस्मृति, भूल।
अस्र(पु०)—आंसू, कोना, रुधिर, जल।
अस्रप(पु०)--राक्षस, मूल नक्षत्र। वि०-रक्त पीने वाला।
अस्रपा(स्त्री०)--जोंक, डायन।
अस्रफला(स्त्री०)--सलाई का पेड़।
अस्रार्जक(पु०)—श्वेत तुलसी।
अस्रि (पु०)--कोना, एक करोड़ का वाचक।
अस्व (वि०)—निर्धन।
अस्वकीय(वि०)—जो अपना न हो।
अस्वच्छन्द(वि०)--परतन्त्र।
अस्वतन्त्र(वि०)—पूर्ववत्।
अस्वप्न(पु०)--देवता, अनिद्रा।
अस्वस्थ(वि०)—रोगी, अनमना।
अस्वाभाविक(वि०)--बनावटी, कृत्रिम
अस्वास्थ्य(न०)--रोग, बीमारी।
अस्वीकृत(वि०)--नामंजूर, अस्वीकार किया हुआ।
अह् (१आ०,१० उ०)--मिलकर गाना, तैयार करना, बयान करना, पुकारना।
अह(अ०)—पूजा, जुदाई, निश्चय आदि में प्रयुक्त होता है।
अहत(वि०)—अक्षत, न धोया हुआ।
अह[न्] (न०)--केवल दिन, आकाश विष्णु, दिनरात।
अहं(सर्व०)--मैं।
अहङ्कार(पु०)--अभिमान, घमण्ड।
अहङ्कारी(वि०)--घमण्डी, अहङ्कार करने वाला। [वाली।
अहङ्कारिणी(स्त्री०)—घमण्ड करने
अहङ्कृति(स्त्री०)—अहंकार।
अहंवाद(पु०)--अपनी शेख़ी मारना, डींग मारना।
अहंभाव(पु०)--ग़रूर करना।
अहंमति(स्त्री०)--अहंकार, अविद्या।
अहनहमिका (स्त्री०)--लागडाट, मैं पहिले मैं पहिले इस अर्थ में।
अहरणीय-अहार्य(वि०)--दूर करने के अयोग्य।
अहर्निशम्(अ०)--रातदिन, सदा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अहल्या(स्त्री०)-ऐसी भूमि जो जोती न जासके, गोतम ऋषि की पत्नी
अहल्लिक(पु०)--मृतक, मुर्दाशरीर।
अहस्त(वि०)--विना हाथ का।
अहह(अ०)--आश्चर्य, खेद, क्लेश और शोक का बोधक।
अहि(वि०)-घातक, व्याप्त। पु०-सर्प, सूर्य, राहु, मुसाफिर, धोखेबाज़, जल, पृथिवी, मेघ, शीशा।
अहिक(पु०)-ध्रुव तारा, अन्धा सर्प।
अहिका(स्त्री०)-सेमल का वृक्ष।
अहिकान्त(पु०)-वायु, हवा।
अहिक्षेत्र(पु०)-दक्षिणी पाञ्चाल देश।
अहिच्छत्र(पु०)-पूर्ववत्।
अहिजित(पु०)-इन्द्र, कृष्ण।
अहिजिह्वा(स्त्री०)-नागजिह्वा लता।
अहित(वि०)-न रक्खा हुआ, हानिकारक। न०-हानि, भोजन।
अहितकारी(वि०)-बुरा चाहने वाला, नुकसान पहुंचाने वाला।
अहितेच्छु(वि०)-पूर्ववत्। [सपेरा।
अहितुण्डिक(पु०)-सांप पकड़नेवाला,
अहिद्विष्-मार-रिपु(पु०)-गरुड़, मोर, इन्द्र, कृष्ण, नकुल।
अहिपति(पु०)-वासुकि, बड़ा सांप।
अहिफेन(अस्त्री०)-अफीम, सांप की लार।
अहिभृत्(पु०)-शिव।
अहिम(वि०)-गर्म, जो ठण्डा न हो।
अहिमकर(पु०)-सूर्य। [सूर्य।
अहिमतेजः-द्युति-रुचि-अंशु(पु०)-
अहिलता(स्त्री०)-गन्धनाकुली वृक्ष।
अहिंसक(वि०)-हिंसा न करने वाला।
अहिंसा(स्त्री०)-हिंसा का अभाव, किसी को न मारना, न हानि पहुंचाना।
अहिंस्र(वि०)-हिंसारहित, अघातक।
अही(द्विव०)-पृथ्वी और स्वर्ग।
अहीन(वि०)-सम्पूर्ण, अक्षत, युक्त, बड़ा। पु०-सर्पोंका राजा वासुकि
अहीनगु(पु०)-सूर्यवंशी एक राजा।
अहीरणि(पु०)-दो शिर वाला सांप।
अहु(वि०)-तंग, व्यापक।
अहुत(पु०)-जप, ब्रह्मयज्ञ, वेदपाठ।
अहृदय(वि०)-बेदिल।
अहे(अ०)-धिक्कार, दुःख, जुदाई का बोधक।
अहेतु(वि०)-विना कारण का, व्यर्थ। पु०-कारण का अभाव।
अहे [है] तुक (वि०)-कारणरहित, अप्रामाणिक।
अहो(अ०)-करुणा, खेद, प्रशंसा, हर्ष और विस्मयबोधक।
अहोरात्र(न०)-दिन रात।
अह्राय(अ०)-जल्दी से, शीघ्रतया।
अह्रस्व(वि०)-दीर्घ, लम्बा।
अह्रीक (वि०)-लज्जाहीन, उजड्ड। पु०-बौद्ध साधु।

आ

आ(अ०)-वर्णमाला का द्वितीय अक्षर। स्मरण, दुःख, शोक, सीमा, अनुकम्पा, व्याप्ति, मेल, थोड़ा, अवधि, दया आदि अर्थों का बोधक।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आकत्थन(न०) -शेख़ी, फ़ख़ ।
आकम्प्(१आ०)-हिलना, थरथराना।
आकम्पन(न०)-थरथराहट, हिलना, भयातुरता, [हुआ ।
आकम्पित (वि०)-भयातुर, हिला
आकर(पु०)--समूह, खान, अच्छा ।
आकर्ष(पु०)-खींचना, पाशा, चकमक पत्थर । [चकमक पत्थर ।
आकर्षक(वि०)--खींचने वाला । पु०-
आकर्षण(न०)-खींचना ।
आकर्षणी(स्त्री०)-ऊंचे लगे हुए पुष्प आदि के झाड़ने की एक लाठी ।
आकर्षिक(पु०)--चुम्बक । वि० खींचने वाला ।
आकर्षी(वि०)--खींचने वाला ।
आकर्ण्(१०प०)-सुनना, ध्यान देना ।
आकल्(१०प०)-पकड़ना, क़ाबू करना, देखना, बांधना, घबराना ।
आकल्प(पु०)--गहना, सिंगार, रोग ।
आकल्पक(पु०)-अज्ञान, खुशी, हर्ष ।
आकल्य(न०)-बीमारी, दुःख ।
आकष(पु०)-चकमक पत्थर, कसौटी ।
आकस्मिक(वि०)-अकस्मात्, अचानक संघटित ।
आकांक्ष्(१उ०)--चाहना, इच्छाकरना।
आकांक्षा (स्त्री०)- अभिलाष, ख्वाहिश, पूछगछ ।
आकांक्षित(वि०)-चाहाहुआ, इच्छित
आकाय(पु०)-घर, निवास, चिता ।
आकाल(पु०)--ठीक समय, कुसमय ।
आकार(पु०)-स्वरूप, इशारा, शकल।
आकारगुप्ति(स्त्री०)-मनोभावको छिपाना, स्वरूप को छिपाना ।
आकारण (न०)-बुलावा, बुलाना, चैलेंज ।
आकारणा(स्त्री०)--पूर्ववत ।
आकालिक (वि०)-क्षणिक, अनवसरोत्पन्न ।
आकालिकी(स्त्री०)-बिजली ।
आकाश्(१आ०)-चमकना,पहिचानना
आकाश(अस्त्री०)-गगन, आसमान, ख़ला । [असम्भव वस्तु ।
आकाशकुसुम(न०)-आकाश का फूल,
आकाशगङ्गा (स्त्री०)-देवताओं की नदी, मन्दाकिनी । [घेरा।
आकाशमण्डल (न०)-आसमान का
आकाशयान(न०)-विमान, बेलून ।
आकाशबल्ली(स्त्री०)-अमरबेल ।
आकाशवाणी(स्त्री०)-अदृष्ट पुरुष की आवाज़ ।
आकिञ्चन(न०)-निर्धनता, ग़रीबी ।
आकीर्ण(वि०)-व्याप्त, फैला हुआ ।
आकुञ्च्(१आ०,६प०) झुकाना,दबाना, कम करना, झुकना ।
आकुञ्चन (न०)-संकोच, सिकोड़ना।
आकुल(वि०)-आतुर,घबड़ाया हुआ।
आकुलता (स्त्री०)-घबड़ाहट ।
आकूत(न०)-इरादा,अभिप्राय,इच्छा।
आकूति (स्त्री०)-पूर्ववत ।
आकृ (८ उ०, ५ प०)-समीप लाना, बुलाना, चेलेञ्ज करना ।
आकृति (स्त्री०)-आकार, शकल ।
आकृष् (१ प०, ६ उ०)-खींचना, आकृष्ट करना ।
आकृष्ट (वि०)-खिंचा हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आकृष्टि (स्त्री०)–आकर्षण, खिंचाव ।
आकैकर(वि०)-कुछ बन्द कुछ खुला हुआ [नेत्र], कटाक्ष ।
आक्रन्द् (१ उ०)–चिल्लाना, रोना, शोक करना ।
आक्रन्दन (न०)–शोक, चिल्लाहट, रोना धोना ।
आक्रम् (१ उ०)–समीप आना, कुचलना, व्यापना ।
आक्रम (पु०)–आक्रमण ।
आक्रमण (न०)–समीप आना, आघात करना, हमला ।
आक्रान्त (वि०)–पकड़ा हुआ, पराजित, नष्ट, प्राप्त, युक्त ।
आक्रान्ति (स्त्री०)–व्याप्ति, कुचलना, पराजय, शक्ति । [आवर ।
आक्रामक (पु०)–आक्रमणकारी, हमले
आक्री (९ उ०)–ख़रीदना, मोल लेना ।
आक्रीड् (१उ०)–खेलना-दिलबहलाना
आक्रीडन (न०)–दिल बहलाव, खेल ।
आक्रुश् (१ प०)–चिल्लाना, शोर मचाना, शाप देना
आक्रोश (पु०)–चिल्लाहट, क़सम, शाप, आक्रोशन ।
आक्षपण(न०)–उपवास, परहेज़गारी ।
आक्षपाटिक (पु०)–द्यूत घर का हाकिम, जज, न्यायाधीश ।
आक्षर् (१० प०)–गाली देना, दोष लगाना ।
आक्षार(पु०)–व्यभिचार का दोष ।
आक्षिप्(६उ०)–नीचे फेंकना, बहकाना हटाना, आक्षेप करना ।
आक्षीव(वि०)–मस्त,मतवाला,शराबी।
आक्षेप(पु०)–झिड़कना,फेंकना,निन्दा, दोष, कलंक लगाना, ऐतराज़, ताना, उलाहना ।
आक्षोट (पु०)–अखरोट ।
आख (पु०)–कुल्हाड़ी ।
आखण्डल (पु०)–इन्द्र, पर्वतों को खोदने वाला । [सूअर ।
आखनिक(पु०)–चूहा, चोर, कुल्हाड़ी,
आखर (पु०)–कुल्हाड़ी,खनित्र,अस्तबल
आखात (अस्त्री०)–खाड़ी, ख़लीज ।
आखु (पु०)–चोर, सूअर, चूहा ।
आखुग(पु०)–मूषिकवाहन गणेश ।
आखुभुज्(पु०)–बिल्ली ।
आखेट(पु०)–शिकार, मृगया ।
आखेटक(वि०)–शिकार करने वाला । न०-शिकार ।
आखेटिक(वि०)–भयावना।पु०-शिकारी
आखोट(पु०)–अखरोट ।
आख्या(२प०)–कहना, सूचना देना, बयान करना, पुकारना ।
आख्या(स्त्री०)–संज्ञा, नाम । [ज्ञात ।
आख्यात(वि०)–कहा हुआ कथित,
आख्याति(स्त्री०)–सूचना,यश, कथन ।
आख्याता[तृ](वि०)–शिक्षक,कथक्कड़ ।
आख्यान(न०)–कथा,कहानी, बोलना
आख्यानक(न०)–कहानी, कथा ।
आख्यायिका(स्त्री०)-प्रसिद्धकहानीकथा
आगत(वि०)–उपस्थित, आया हुआ ।
आगति(स्त्री०)–पहुंच,आगमन,घटना
आगन्तु-न्तुक(पु०)–अजनबी,मेहमान, अतिथि, आया हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आगस्(१प०), आना, समीप पहुंचना, प्राप्त करना, जानना ।

आगम (पु०)–आगमन, शास्त्र, नियमानुकूल किसी वस्तु की प्राप्ति, वेद । [उत्पत्ति ।

आगमन(न०)–पहुंच, वापिसी, प्राप्ति,

आगर(पु०)–अमावस्या ।

आगस्(न०)–दोष, जुर्म, अपराध, सज़ा

आगस्ती(स्त्री०)–दक्षिण दिशा ।

आगस्त्य(वि०)–दक्षिणीय, अगस्त्य का

आगाध(वि०)–बहुत गहरा, दुष्प्राप्य ।

आगामी(वि०)–आने वाला, अगला, परदेशी । [आने वाला ।

आगामुक(वि०)–भविष्यत् काल का,

आगार(न०) घर, कमरा, मकान ।

आगुर्(६ आ०)–पसन्द करना, मंजूर करना । स्त्री०–वायदा, स्वीकारी ।

आगु[गू]रण(न०)–छिपा हुआ प्रस्ताव ।

आगू(स्त्री०)–प्रतिज्ञा, इक़रार ।

आगै(१ प०)–गाना, गाकर प्राप्त करना ।

आग्निक(वि०)–अग्नि का ।

आग्नीध्र(न०)–होम करने का घर । पु०–होता ।

आग्नेय(वि०)–अग्नि का, आतिशी । न०–स्वर्ण, घी । पु०–अगस्त्य मुनि, अग्नि का पूजक ।

आग्नेयी(स्त्री०)–पूर्व और दक्षिण के मध्य की दिशा, प्रतिपदा, अग्नि की स्त्री स्वाहा ।

आग्रयण(न०)–नया अन्न, अग्नि का एक स्वरूप ।

आग्रह्(९ उ०)–पकड़ना, खींचना, जद्दोजहद करना ।

आग्रह(पु०)–पकड़, इरादा, जद्दोजहद करना ।

आग्रहायण(पु०)–मार्गशीर्ष मास ।

आघट्(१० प०)–छूना, हरकत करना, मारना ।

आघट-टक(पु०)–लालअपामार्ग वृक्ष ।

आघर्षः-र्षणम्–रगड़, आघात ।

आघर्षणी(स्त्री०)–बुरुष, हरूफ़ मिटाने की रबड़ । [खाना, आघाट ।

आघात(पु०)–चोट, वधस्थान, कसाई-

आघार(पु०)–घी छिड़कना ।

आघुष्(१ प०)–चिल्ला कर बताना, ज़ाहिर करना, तारीफ़ करना ।

आघूर्णित (वि०)–चालित, हिलाया हुआ । [वाला । पु०–सूर्य ।

आघृणि(वि०)–प्रकाशमान, बहुत धन,

आघोष(पु०)–चिल्लाहट, पुकार ।

आघोषणा(स्त्री०)–विज्ञप्ति, सब को बता कर कहना ।

आघ्रा(१ प०)–सूंघना, चूमना ।

आघ्राण(न०)–सूंघना, गन्धग्रहण ।

आघ्रात(वि०)–सूंघा हुआ, आक्रान्त, छुआ हुआ । [देशोत्पन्न ।

आङ्ग(वि०)–शरीरयुक्त, अवयवी, अङ्ग-

आङ्गिक(वि०)–शरीर का, अङ्गों से उपजा, मृदङ्ग बाजा । [स्पति ।

आङ्गिरस(पु०)–अङ्गिरा का पुत्र बृह-

आङ्गूष(पु०)–प्रशंसा, गीत ।

आचक्ष्(२ आ०)–बोलना, प्रकट करना, बिखलाना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आचम्(१ प०)-बाटना, आचमन करना, चपचप करना।

आचमन(न०)-कुल्ला करना, मुख आदि का धोना। उपासनाके पूर्व जल का पीना। [का जल।

आचमनक(न०)--पीकदानी, आचमन

आचर्(१प०)--आचरण करना, काम करना, वर्त्ताव करना' सम्पादन करना। [व्यवहार।

आचरण(न०)-वर्त्ताव,क्रिया,सम्पादन,

आचरित(वि०)-किया हुआ,व्यवहृत।

आचार (पु०)--चरित्र, चालचलन, ऋषियों द्वारा सम्मत व्यवहार।

आचारपूत(वि०)-शुद्धाचार द्वारा पवित्र। [हीन।

आचारभ्रष्ट(वि०)-पतित, सदाचार-

आचारहीन(वि०)--पूर्ववत्।

आचार्य(पु०)-वेद की शिक्षा देने वाला, शिक्षक,फिलासफर, सैद्धान्तिक।

आचार्यक(न०)-शिक्षा, सिखाना।

आचार्याणी(स्त्री०)-आचार्य की स्त्री।

आचि(५ उ०)--इकट्ठा करना,चुनना।

आचित (वि०)--संगृहीत, एकत्रित, फैला हुआ। पु०--एक गाड़ी का बोझ अर्थात् पच्चीस मन।

आचूषण(न०)--चूसना,चूसने का कार्य।

आच्छद्(१० प०)--ढकना, छिपाना, वस्त्रयुक्त करना।

आच्छन्न (वि०)--ढका हुआ, घिरा हुआ, आवृत।

आच्छाद(पु०)--वस्त्र, कपड़ा।

आच्छादन (न०)-वस्त्र, चादर, पर्दा, ढकना [हुआ।

आच्छादित(वि०)--ढका हुआ, छिपा

आच्छिद्(७ उ०)--काट कर अलग करना, टुकड़े २ करना, तोड़ना।

आच्छुरित (न०)- खिलखिला कर हंसना, नाखून बजाना।

आच्छेदन(न०)--काट कर अलग करना, छीनने का काम।

आच्छोदन(न०)-शिकार, मृगया।

आज(न०)-बकरे का मांस घी।

आजक(न०) बकरों का झुंड।

आजकार(पु०)-शिव का नादिया।

आजन्(४ आ०)--उत्पन्न होना, पैदा होना।

आजन्म(अ०)-पैदायश से लेकर।

आजाति(स्त्री०)--पैदायश, आरम्भ।

आजान(पु०)--पूर्ववत्।

आजानु(अ०)--घुटनों तक।

आजि(अक्षी०)-युद्ध, लड़ाई कुस्ती, गाली, संग्रामभूमि।

आजि(१ प०)--जीतना, प्राप्त करना।

आजिगीषु(वि०)--सब को जीतने की इच्छा करने वाला।

आजीव् (१प०)--सहारे से जीना, ज़िन्दा रहना।

आजीवक(पु०)--भिखारी, मंगता।

आजीवन(न०)-रोज़ी,जीविका,सहारा, पेशा।

आजीवनं(अ०)--जीवनपर्यन्त।

आजीविका(स्त्री०)-पेशा, जीवन-निर्वाह का साधन।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आजू(स्त्री०)--मुफ़्त काम करने वाला।
आज्ञप्ति (स्त्री०)--हुक्म, आर्डर।
आज्ञा (९ प०)--जानना, समझना, सूचना पाना।
आज्ञा(स्त्री०)--हुक्म, इजाज़त।
आज्ञानुगामी (वि०)--आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी। पु०--नौकर [डर।
आज्ञापक(वि०)--हुक्म देने वाला, कमां-
आज्ञापत्र(न०)-शासनपत्र, लिखा हुआ हुक्म।
अज्ञाभंग(पु०)-नाफ़र्मांबरदारी, विद्रोह।
आज्य(न०)--घृत, घी।
आज्यपाः(पु०) पितरों की एक कक्षा।
आज्यस्थाली(स्त्री०)--होम में घृत रखने का बर्त्तन।
आज्यभुक्(पु०)-अग्नि देवता।
आञ्जन(न०)-मरहम, चर्बी, आंख में अंजने का काला अंजन। पु०--हनूमान्।
आञ्जनेय(पु०) -हनूमान्। [विशेष।
आटविक(पु०)-जंगली, वनवासी, सेना
आटीकर(पु०)--सांड, बैल।
आटोप(पु०)--ग़रूर, अहंकार, वेग, पेट का वायुविकार।
आडम्बर(पु०)--गर्व, दिखलावा, हर्ष, वेग, अहंकार, बाजा, बादल का गर्जन, आंख के रोम।
आडम्बरी(वि०)--उजड्ड, मग़रूर।
आडू(स्त्री०)--शहतीर, लकड़ी का तख्ता।
आढक(अस्त्री०)--चारों ओर से दश अंगुल का माप, अनाज फटकने का पात्र।
आढ्य(वि०)--युक्त, मिला हुआ, महाधनी।
आणक(वि०)--नीच, कमीना, मैथुन का आसनविशेष।
आणव(वि०)--बहुत छोटा।
आणि (अस्त्री०)--रथचक्र के आगे की कील, नोक, कोना।
आतंक(पु०)--भय, डर, रोग, ढोल का शब्द। [बत, ख़ाक करना।
आतंचन(न०)--नाश, उपद्रव, वेग, मुसी-
आतत(वि०)--फैला हुआ, प्रसारित।
आततायी(वि०)-मारने को तैयार हुआ, शस्त्र उठा कर मारने वाला, महापापी।
आतन् (८ उ०) -फैलाना, तानना, पूरा करना, प्रवेश करना।
आतन(न०)--फैलाव, दृष्टि, प्रसारण।
आतप्(१ प०)--तपना, तपाना, चमकाना। [प्रकाश।
आतप(पु०)--पीड़ा का कारण, धूप,
आतपत्र(पु०)--छाता, छत्र।
आतर(न०)--नदी आदि तरने के लिये भाड़ा।
आतर्पण(न०)--सन्तुष्टि, मंगलालेपन।
आतान(पु०)--तना हुआ रस्सा, बहुत फैलाव।
आतापि(पु०)--एक दैत्य का नाम जिसे अगस्त्य ने निगला।
आतापी(पु०)--खचरा, चील पक्षी।
आतायी(पु०)-चील पक्षी।
आतिथेय(न०)--अतिथिपूजा। वि०--चतुर, कुशल।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आतिथ्य(न०)--अतिथिसेवा ।
अतिथ्यसत्कार (पु०)-अतिथिसेवा, मेहमाननवाज़ी ।
आतिरे[रै]क्य(न०)-अधिकता, बहुतायत, ज्यादती,
आतिवाहिक(पु०)-मृत्यु के पश्चात् सूक्ष्म शरीर को परलोक में ले जाने वाला ईश्वरदूत ।
आतिशय्य=आतिरेक्य ।
आतु(पु०)-तख्ता, लक्कड़, शहतीर।
आतुद् (६ उ०)-मारना, चुभाना, एड़ी लगाना । [इच्छुक ।
आतुर(वि०)-पीड़ित, रोगी, दुर्बल,
आतुरशाला(स्त्री०)--रोगिशाला, अस्पताल ।
आतुर्य्य(न०)-रोग, ज्वरविशेष ।
आतृप्(४,५,६प०)-सन्तुष्ट होना वा । तृप्त करना ।
आतोद्य(न०)-वीणा आदि बाजा, कोई बाजा ।
आत्म[न्]-समास के आरम्भ में स्वार्थे प्रयुक्त होता है। पु०-आत्मा ।
आत्मक(वि०)-समास के अन्त में स्वार्थ में प्रयुक्त होता है ।
आत्मकाम(वि०)--खुदपसन्द, दर्पित।
आत्मकार्य(न०)-प्राइवेटकाम ।
आत्मकीय(वि०)-अपना, निजी, सम्बन्धी ।
आत्मगुप्ति(स्त्री०)--गुफा, ग़ार ।
आत्मग्राही(वि०)-लालची, खुदगर्ज़ ।
आत्मघात(पु०)-खुदकशी, आत्महत्या
आत्मघोष(पु०)-कौवा, मुर्ग़ा ।
आत्मज(पु०)-पुत्र, सन्तान कामदेव ।
आत्मजन्म-जात-प्रभव-सम्भव (पु०)--पुत्र, सन्तान ।
आत्मजा(स्त्री०)-पुत्री, तर्कबुद्धि ।
आत्मज्ञ-विद्(पु०)-ज्ञानवान्, पण्डित, ऋषि ।
आत्मज्ञान(न०)-आत्मा और परमात्माका ज्ञान, अध्यात्मविद्या ।
आत्मतत्त्व(न०)-जीवात्मा और परमात्मा का वास्तविक स्वरूप ।
आत्मतुष्टि(स्त्री०)-सन्तोष, चित्त की शान्ति ।
आत्मत्याग(पु०)-स्वार्थत्याग ।
आत्मदर्श(पु०)-दर्पण, शीशा ।
आत्मदर्शन (न०)-अध्यात्मज्ञान, आत्मा के स्वरूप को जान लेना ।
आत्मनिन्दा(स्त्री०)-अपने आप को धिक्कारना ।
आत्मनीन(वि०)--पुत्र, साला, सम्बन्धी
आत्मनेपद(न०)--धातुओं के दो भेदों में से एक ।
आत्मप्रशंसा(स्त्री०)-खुदपसन्दी, अपनी तारीफ़ ।
आत्मबन्धु(पु०)-सम्बन्धी, रिश्तेदार
आत्मबोध(पु०)-आत्मज्ञान ।
आत्मभू-योनि(पु०)-ब्रह्मा, विष्णु, कामदेव, पुत्र ।
आत्मम्भरि(वि०)--लालची, स्वार्थी।
आत्मरक्षा(स्त्री०)-अपनी रक्षा ।
आत्मबध(पु०)-खुदकशी ।
आत्मविक्रय(पु०)-अपने आप को बेच देना ।
आत्मविद्या(स्त्री०)-आत्मा का ज्ञान

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आत्मश्लाघा(स्त्री०)-शेखी, खुदपसन्दी आत्मस्तुति ।

आत्मसंयम(पु०)–इन्द्रियदमन ।

आत्मसात्(अ०)–अपने क़ाबू में, अपने अधीन ।

आत्महत्या(स्त्री०)–अपने आप को मारना, खुदकशी ।

आत्मा(पु०)–जीव, ब्रह्म, बुद्धि, मन स्वरूप, सूर्य, देह, अग्नि, वायु, स्वभाव ।

आत्माधीन(वि०)–स्वाधीन । पु०–पुत्र, साला, विदूषक ।

आत्मानुरूप(वि०)–अपने अनुकूल ।

आत्मीय(वि०)-अपना, निजी, सम्बन्धी

आत्मोद्भव(पु०)–पुत्र, कामदेव, दुःख

आत्यन्तिक (वि०)–अतिशयजात, अन्तहीन, बहुत अधिक ।

आत्रेय(पु०)–अत्रि मुनि का पुत्र, एक नदीविशेष, शिव, अत्रिवंश का अधिष्ठाता ।

आत्रेयी(स्त्री०)–अत्रिमुनि की कन्या, ऋतुमती स्त्री, एक नदी ।

आथर्वण(पु०)–अथर्ववेददृारा विहित, अथर्ववेद का शिक्षक ब्राह्मण, अथर्ववेद के अनुसार क्रिया करने वाला पुरोहित ।

आदत्त(वि०)-गृहीत, स्वीकृत ।

आदर(पु०)–इज्ज़त, प्रतिष्ठा, आरम्भ

आदर्श (पु०)–दर्पण, शीशा, उद्देश्य, प्रतिरूप, पुस्तक ।

आदंश्(१प०)–काटना, कुरेदना ।

आदा(३ आ०)–प्राप्त करना, लेना, ग्रहण करना । [ज़ेवर ।

आदान(न०)–ग्रहण, लेना, घोड़े का

आदाय(अ०)–ग्रहण करके, लेकर ।

आदि (वि०)–पहला, आरम्भ का, आरम्भिक, प्रधान । पु०–आरम्भ, कारण, मुख्य, हिस्सा, प्रथम ।

आदिक(वि०)–वग़ैरा, आरम्भ करके, लेकर । [मुनि ।

आदिकवि (पु०)–ब्रह्मदेव, वाल्मीकि

आदिकारण(न०)–ब्रह्म, प्रकृति ।

आदिकाव्य(न०)–वाल्मीकीय रामायण । [अर्थात् देवता ।

आदितेय(पु०)–अदिति की सन्तान

आदित्य(पु०)–सूर्य, देवता, आक का वृक्ष, पुनर्वसु नक्षत्र ।

आदि [दी] नव(अस्त्री०)–दुःख, रोक, अपराध, ऐब ।

आदित्यसूनु (पु०)–यमराज, सुग्रीव, शनि, राजा कर्ण, वैवस्वत मनु ।

आदिदेव(पु०)–नारायण, शिव, आदिकारण, ब्रह्म ।

आदिपु [पू] रुष (पु०)–आदिकारण, परमात्मा, नारायण ।

आदिम(वि०)–पहिला, आरम्भिक ।

आदिश्(६ उ०)–बतलाना, दिखलाना, हुक्म देना ।

आदिष्ट (वि०)–आज्ञापित, कथित, आदेश किया गया । न०–आज्ञा, हुक्म ।

आद्रृ(६आ०)–इज्ज़त करना, प्रतिष्ठा करना, प्रतिष्ठा पाना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आदृत(वि०)–पूजित, सम्मानित।
आदेश(पु०)–हुक्म, आज्ञा, उपदेश, शिक्षा, शासन, नियम।
आदेशी(वि०)–आज्ञा करने वाला, इशारा करने वाला। पु०–नजूमी, कमानियर, डाइरेक्टर।
आदेष्टा(पु०)–आज्ञाकारक, सलाहकार, यजमान।
आद्य(वि०)–प्रथम, आदिभूत, खाद्य। न०-धान्य।
आद्यन्त(न०)-शुरू और अख़ीर।
आद्या(स्त्री०)–दुर्गा, शक्ति, काली।
आद्यून (वि०)–आदिशून्य, आरम्भ रहित, भूखा, पेटू।
आद्योत(पु०)–चमक, रोशनी।
आद्रिसार(वि०)–लोहे का बना हुआ।
आधमन(न०)–अमानत, गिर्वी, निक्षेप।
आधमर्ण्य(न०)–कर्ज़दार होना।
आधर्मिक(वि०)-अन्यायी, धर्मविरोधी
आधर्ष(पु०)–हिक़ारत, बलात हानि पहुंचाना।
आधा (३उ०)–रखना, जमा करना, पौद लगाना, नियुक्त करना।
आधाता(वि०)-आधान करने वाला।
आधान (न०)–नियुक्ति, गर्भाधान, मन्त्रादि से अग्नि स्थापन करना।
आधानिक(पु०)–गर्भाधान संस्कार।
आधार(पु०)-अधिकरण, आशय, नहर, पुल, आड़।
आधारक(पु०)–बुनियाद। [देना।
आधारण(न०)–धारण करना, सहारा
आधारशक्ति(स्त्री०)–माया, जगज्जननी। [अमानत।
आधि(पु०)–मन की पीड़ा, आशय,
आधिकरणिक(पु०)–जज।
आधिक्य (न०)–अधिकता, ज़्यादती, बहुतायत।
आधिज्ञ(वि०)–कष्ट जानने वाला।
आधिदैविक (वि०)–पञ्चभूत अर्थात् वायु आदि से उपजा दुःख।
आधिपत्य(न०)–अधिकार, स्वामित्व।
आधिभौतिक(वि०)–व्याघ्र, सर्प आदि से उपजा दुःख।
आधिराज्य (न०)–आधिपत्य, अधिकार, रियासत।
आधिवेदनिक (न०)–दूसरा विवाह करने पर पहली स्त्री को दिया हुआ धन।
आधिकरण(न०)–अमानत, रहन।
आधिक्रु(८प०)-अमानत रखना, गिर्वी रखना, रहन करना। [करना।
आधु(५ उ०)–हिलाना, आन्दोलित
आधुनिक(वि०)-नया, नवीन, हालका
आधृ(१,१०प०)–धारण करना, सहारा देना। [ब आना।
आधृष्(५प०)–आक्रमणकरना, ग़ालि-
आधृष्ट(वि०)–रोका हुआ, आक्रान्त।
आधोरण(पु०)–हाथीवान, हस्तिपक।
आध्मात(वि०)–शब्दित, फूंका गया, वायुपूरित। न०–आवाज़, वायु रोग से पेट का फूलना।
आध्मान (न०)–वायुरोग, पेट फूलना, शेख़ी, धौंकनी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आध्यात्मिक (वि०)–परमात्मसम्बन्धी, मनोविकार से उत्पन्न दुःख

आध्यान (न०)–चिन्ता, शोकपूर्वक याद करना।

आध्वनिक(वि०)–यात्रा में गया हुआ, सफ़र करने वाला।

आध्वरिक (वि०)–पुरोहित, सोमयज्ञ का विधान करने वाला।

आध्वर्यव (वि०)–यजुर्वेदसम्बन्धी, यजुर्वेद का ज्ञाता।

आन(पु०)–श्वास लेना, मुख, नासिका

आनक (पु०)–बाजा, मृदंग, बहुत आवाज़ करने वाला ढोल।

आनकदुन्दुभि(पु०)–वसुदेव का नाम। स्त्री०–बड़ा ढोल।

आनत (वि०)–नम्र, अवनत, झुका हुआ, अधोमुख।

आनति(स्त्री०)–प्रणाम, नम्रता, सन्तोष

आनद्ध (न०)–बंधा हुआ। पु०–ढोल, वस्त्र ग्रहण करना।

आनन (न०)–मुख, जिस से श्वास लिया जाता है।

आनन्त्य(न०)–बहुतायत, अनन्तसुख।

आनन्द् (१प०)–हर्षित होना, दिल बहलाना। [ब्रह्म।

आनन्द (पु०)–खुशी, सुख, दुःखाभाव,

आनन्दक (वि०)–खुश, हर्षित।

आनन्दता (स्त्री०)–खुशी, प्रसन्नता।

आनन्दन (न०)–जाने आने के समय कुशलप्रश्न से आनन्द उत्पन्न करना। वि०–आनन्द से भरा हुआ। पु०–ब्रह्म।

आनन्दलहरी (स्त्री०)–शङ्कराचार्यकृत पार्वती की प्रार्थना।

आनन्दि (पु०)–खुशी, हर्ष, शौक़।

आनम्(१प०)–झुकना, झुकाना, प्रणाम करना।

आनर्त्त (पु०)–युद्ध, लड़ाई, थियेटर-हाल, काठियावाड़ प्रदेश। नं०–जल।

आनर्थक्य(न०)–निरर्थकता, अनौचित्य

आनव (वि०)–मानुषी, उदार। पु०–जन, विदेशी जन।

आनह् (४उ०)–बांधना, जकड़ना।

आनय (पु०)–उपनय, लाना।

आनयन (न०)–पूर्ववत्।

आनाथ्य(न०)–आश्रयहीनता, यतीमी।

आनाय (पु०)–जाल, यज्ञोपवीत धारण करना।

आनायी (पु०)–मछेरा, बधिक।

आनाह (पु०)–बन्ध, क़ब्ज़, लम्बाई।

आनिल (वि०)–वायु का, हवा से उत्पन्न। पु०–हनूमान्।

आनी (१प०)–लाओ, जाकर लाना, उत्पन्न करना, ले जाना।

आनीति (स्त्री०)–पास लाना।

आनील (वि०)–कुछ कुछ काला। पु०–काला घोड़ा।

आनुकूलिक (वि०)–अनुकूल, मुवाफ़िक़

आनुकूल्य(न०)–अनुकूलपना, आपस में मिल कर रहना।

आनुगत्य (न०)–वाक़फ़ियत।

आनुगुण्य (न०)–समानता, तुल्यता, अनुकूलपना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आनुग्रामिक (वि०)–गंवार, उजड्ड ।
आनुपदिक (वि०)–अनुगमन वा पीछा करने वाला । [नतीजा ।
आनुपूर्व-र्य(न०)–क्रम, सिलसिला,
आनुपूर्वी (स्त्री०)–पूर्ववत् ।
आनुमानिक (वि०)–अनुमान से प्राप्त, अनुमित ।
आनुयात्रिक (पु०)–पीछे जाने वाला, सेवक ।
आनुरति (स्त्री०)–प्रेम, आसक्ति ।
आनुलोमिक(वि०)–क्रमबद्ध,अनुकूल ।
आनुविधित्सा (स्त्री०)–कृतघ्नता, अहसानफ़रामोशी ।
आनुवेश्य (वि०)–पड़ौसी ।
आनुश्रविक (वि०)–वेदविहित ।
आनुषंगिक (वि०)–लगाव रखने वाला, गौण, ज़रूरी, समान ।
आनूप(वि०)–तर, जलयुक्त ।
आनृण्य(न०)–ऋण से छुटकारा ।
आनृत(वि०)–सदा झूठ कहने वाला, असत्यवादी ।
आनृशंस(वि०)–मेहरबान,रहमदिल।
आनैपुण्य(न०)–मूर्खता, दक्षता का अभाव ।
आन्त(वि०)–अख़ीरी, अन्तिम ।
आन्तर(वि०)–अन्दरूनी,छिपा हुआ ।
आन्तरतम्य(न०)–नज़दीकी, रिश्तेदारी । [जानने वाला ।
आन्तराल (वि०)–अन्दरूनी बातों का
आन्तरीक्ष-रिक्ष (वि०)–अन्तरिक्ष में स्थित, स्वर्गीय । [लित ।
आन्तर्गणिक(वि०)–गिना हुआ,सम्मि-
आन्तिका(स्त्री०)–बड़ी बहिन ।
आन्त्र(वि०)–अन्तड़ियों का ।
आन्दोल्(१०प०)–इधर उधर हिलना, झूलना, कांपना ।
आन्दोलन(न०)–बार २ झूलना, अनुसन्धान, बार २ तहरीक, एग्जीटेशन ।
आन्धसिक(पु०)–रसोइया,पाचक ।
आन्ध्य(न०)–अन्धापन ।
आन्यभाव्य(न०)–अन्य आकार ।
आन्वयिक (वि०)–कुलीन, अच्छे वंश का । [जाय ।
आन्वाहिक(वि०)–जो रोज़ २ किया
आन्वीक्षिकी (स्त्री०)–मन्तक़, तर्कविद्या, अध्यात्मविद्या ।
आन्वीपिक(वि०)–अनुकूल ।
आप् (५ प०)–प्राप्त करना, पाना, हासिल करना ।
आप(न०)–जल, जलधारा ।
आपकर(वि०)–क्रूर, शत्रु ।
आपक्व(वि०)–कच्चा, आधा पका ।
आपगा(स्त्री०)–नदी, दरिया ।
आपण(न०)–बाज़ार, दूकान ।
आपणिक(वि०)–व्यापारी, तिजारती, व्यवसायी ।
आपत (१ प०)–झपटना, आक्रमण करना, समीप आना ।
आपतन(न०)–आक्रमण, समीपगमन, घटना, अवतार, प्राप्ति, ज्ञान ।
आपतिक(वि०)–आकस्मिक । पु०–बाज़ पक्षी ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आपतित(वि०)–सङ्घटित, अवतीर्ण, क़िस्मत में बदा हुआ।

आपत्ति(स्त्री०)–प्राप्ति, अन्तःप्रवेश, दुःख, मुसीबत।

आपत्काल(पु०)–मुसीबत का वक़्त।

आपत्य(वि०)–सन्तान का, सन्तति-सम्बन्धी।

आपद्(४ आ०)–क़रीब जाना, प्रवेश करना, संघटित होना, पहुंचना।

आपद् (स्त्री०)-आपत्ति, मुसीबत, ख़तरा। [हुआ, कमबख़्त।

आपद्ग्रस्त(वि०)–मुसीबत में फंसा

आपद्धर्म (पु०)–ऐसा आचार जो द्विजातियों के लिये साधारण अवस्था में तो वर्जित हो, किन्तु विपत्ति वा विरुद्धकाल में सम्मत ठहराया गया हो जैसे नियोग, शुद्धि आदि।

आपदा(स्त्री०)–मुसीबत, कठिनता।

आपन्न(वि०)-प्राप्त,विपद्ग्रस्त,मुसीबत में फंसा हुआ। [मिला।

आपन्नसत्त्वा(स्त्री०)–गर्भवती, हा-

आपनिक(पु०)–हीरा, किरात।

आपमित्यक(वि०)–तबादले में पाया हुआ। न०–तबादले का माल।

आपराह्णिक (वि०)-दोपहर के पश्चात् का।

आपस् (न०)–पाप, धार्मिक कृत्य।

आपस्तम्भ (पु०)–धर्मशास्त्रकार एक ऋषि।

आपाक(पु०)–कुम्हार का आवा।

आपात(पु०)–आक्रमण, जलता हुआ तन्दूर, कुम्हार का आवा, मार्ग, रास्ता। [वाला।

आपाती (वि०)–यकायक आ पड़ने

आपाद(पु०)–बदला, प्राप्ति।

आपान(न०)–शराबियों की जमाअत, दावत, शराब की दुकान।

आपालि(पु०)–जूं। [पीला।

आपिङ्गर(न०)–सोना। वि०–कुछ २

आपी(वि०)–मोटा ताज़ा।

आपीड् (१० प०)–दबाना, तंग करना, सिकोड़ना।

आपीड (वि०)–कष्टदायक, दबाने वाला। पु०–माला, एक ज़ेवर।

आपीडन(न०)–दबाना, तंग करना, दुःख देना।

आपीत(वि०) मस्त,थोड़ापीला,थोड़ा पिया हुआ, माक्षिक धातु।

आपीन (वि०)–थोड़ा मोटा, अध (हवाना)कूप।

आपूपिक(वि०)–पूड़े बेचने वाला वा खाने वाला। न०–पूड़ों का समूह।

आपूप्य(पु०)–मैदा, सत्तू।

आपूरण-र्ण(वि०)–भरा हुआ, पूरित।

आपृच्(७ उ०)–भरना, व्याप्त करना मिलाना।

आपृच्छा(स्त्री०)–आलाप, बातचीत।

आपेक्षिक(वि०)–इन्तज़ार करने वाला

आपोनय(वि०)–जल का बना हुआ।

आप्त(वि०)–विश्वस्त, पाया हुआ, सच्चा उपदेशक,रागद्वेष से रहित, सत्यज्ञाता।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आप्तकाम(वि०)–जिस की इच्छा पूर्ण हो गई हो, सदातृप्त।
आप्तोक्ति (स्त्री०)–आप्त का वचन, वेदज्ञ का दिया हुआ फैसला।
आप्यायन(न०)–तसल्ली, सन्तुष्टि, मोटापन।
आपृच्छ् (६ आ०)–अलविदा कहना, जुदा होते समय प्रणाम करना।
आपृच्छन (न०)–अलविदा, स्वागत, अन्तिम प्रणाम। वि०–छिपा हुआ, गुप्त। [पोशाक।
आप्रपद(न०)–पांव तक पहुंचने वाली
आप्रीतप (पु०)–विष्णु।
आप्लव (पु०)–स्नान, मज्जन, छिड़काव।
आप्लवन(न०)–पूर्ववत्।
आप्लाव(पु०)–पानी का चढ़ आना, बाढ़
आप्लु (१ आ०)–फुदकना, नाचना, न्हाना।
आप्लुत(वि०)–न्हाया हुआ, स्नात।
आप्वा(पु०)–वायु। स्त्री०–गर्दन।
आफूक(न०)–अफीम। [प्राप्त।
आबद्ध(वि०)–बंधा हुआ, जकड़ा हुआ,
आबन्ध् (९ प०)–बांधना, जकड़ना, बनाना।
आबन्ध(पु०)–बांध, बंधन, भूषण।
आबन्धन(न०)–पूर्ववत्।
आबल्य(न०)–कमज़ोरी।
आबाध्(१आ०)-रोकना,लगामखींचना, बाधा डालना, दिक़ करना।
आबाध(पु०)–क्षति, दुःख, हानि।
आबिल(वि०)–काला, मैला।
आबुध्(१प०)–समझना, देखना।
आबोधन(न०)–ज्ञान, समझ, शिक्षा।
आब्दिक(वि०)–सालाना, वार्षिक।
आभरण(न०)–भूषण, ज़ेवर,सजावट।
आभा(२प०)–चमकना। स्त्री०–प्रकाश, सुन्दरता, दीप्ति, चमक।
आभाणक(पु०)–कहावत, लोकोक्ति।
आभाष् (१ आ०)–बातचीत करना, मुख़ातिब करना, चिल्लाना।
आभाषण(न०)–बातचीत, गुफ़्तगू।
आभास्(१आ०)-चमकना,दिखलाईदेना
आभास(पु०)-प्रतीति,समानता,चमक, भूमिका।
आभास्वर(वि०)-चमकीला,शानदार।
आभिजन(वि०)–जन्मसम्बन्धी,कुल-सम्बन्धी। न०–कुलीनता।
आभिजात्य(न०)–कुलीनता, विद्वत्ता, सुन्दरता, चतुराई।
आभिधानिक(वि०)–शब्दकोष में का, पु०–कोशकार। [सम्मुख होना।
आभिमुख्य(न०)–सामना, मुक़ाबिला,
आभीक्ष्ण्य(न०)–बार २ होना, लगातार, दुहराना।
आभीर(पु०)–ग्वालिया,अहीर,देशभेद
आभीरपल्ली(स्त्री०)–ग्वालों के घर, गोपों का ग्राम। [रोगी।
आभील (स्त्री०)–भयावना, भयङ्कर,
आभूति(स्त्री०)व्याप्ति, शक्तिशालिता
आभोग(पु०)–संपूर्णता, पूरापन, टेढ़ापन, गीत की समाप्ति, सन्तुष्टि।
आभ्यन्तर(वि०)–अन्दरूनी,अन्दरका

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आभ्यवहारिक (वि०)-भक्षण करने योग्य ।

आभ्यासिक (वि०)-अभ्यासगत, अभ्यास से उत्पन्न ।

आभ्युदयिक (वि०)-उन्नत सम्पदा देने वाला, अभ्युदय करने वाला, शुभ कर्म ।

आम् (अ०)-स्वीकारी, मंजूरी, स्मृति और निश्चय का बोधक, हां, अच्छा ।

आम (वि०)-कच्चा, अपरिपक्व । पु०-अजीर्ण, बदहज़मी ।

आमञ्जु (वि०)-सुन्दर, मनोहर ।

आमण्ड (पु०)-अरण्ड का वृक्ष ।

आमनस्य (न०)-कष्ट, दुःख ।

आमन्त्र् (१०आ०)-अलविदा कहना, बातचीत करना, निमन्त्रित करना ।

आमन्त्रण (न०)-निमन्त्रण, बुलावा, अभिनन्दन, स्वागत, विचार, बातचीत ।

आमन्त्रणा (स्त्री०)-पूर्ववत् ।

आमय (पु०)-रोग, बदहज़मी ।

आमयावी (वि०)-रोगी, अजीर्ण रोग वाला ।

आमरणान्तिक (वि०)-जीवन भर रहने वाला ।

आमर्शण(न०)-छूना, विचारना,स्पर्श ।

आमर्षः-र्षणम्-क्रोध, गुस्सा, बेसबरी

आमलक[की](पु०)-आंवला, आंवले का पेड़ । न०-आंवले का फल ।

आमात्य (पु०)-मन्त्री, वज़ीर ।

आमाशय (पु०)-उदर में भोजन पकने का स्थान ।

आमिक्षा (स्त्री०)-फटा हुआ दूध ।

आमिष (न०)-मांस, खाद्य वस्तु, रिश्वत, इच्छा, कामदेव का गुण, विषय, लोभ ।

आमील (१प०)-आंखें बन्द करना, ध्यानावस्थित होना ।

आमीलन(न०)-आंखों का बन्द करना व खोलना ।

आमुख (न०)-आरम्भ, नाटक की प्रस्तावना ।

आमुच् (६ उ०)-ढीला करना, मुक्त करना, छोड़ना । [पहिरना ।

आमोचन(न०)-त्याग, मुक्ति,छोड़ना,

आमुष्मिक(वि०)-जो ऐहिक न हो, परलोकसम्बन्धी । [दबाना ।

आमृद् (९ प०)-रगड़ के कुचलना,

आमृश् (६ प०)-छूना,हाथ डालना ।

आमोद (पु०)-खुशी, दिलबहलाव, तेज़ खुशबू । [बूदार ।

आमोदित(वि०)-हर्षित, खुश, खुश-

आमोष(पु०)-चोरी, लूट ।

आम्नाय(पु०)-वेद, निगम, आगम, परम्परा से प्राप्त उपदेश ।

आम्बिकेय(पु०)-कार्त्तिकेय,धृतराष्ट्र ।

आम्भस(वि०)-जलयुक्त, रसालु ।

आम्र(पु०)-आम का वृक्ष । न०-आम का फल ।

आम्रातक(पु०)-भिलावा,आमड़ा वृक्ष ।

आम्रेडित(वि०)-बार २ कहा हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आम्ल(पु०)–इमली का वृक्ष । न०–खट्टापन । [वृक्ष ।
आम्ला-आम्लिका(स्त्री०)–इमली का
आय(पु०)–प्राप्ति, आमदनी, धनागम, लाभ, अन्तःपुर का रक्षक ।
आयत्(१ आ०)–यत्न करना, कोशिश करना ।
आयत (वि०)–बड़ा, लम्बा, खेंचा हुआ, रोका हुआ । [वेदि ।
आयतन (न०)–जहग, घर, आश्रय-
आयति(स्त्री०)–लम्बाई, भविष्यकाल, मेल, प्रापण ।
आयत्त(वि०)–अधीन, पालतू, वशीभूत ।
आयत्ति (स्त्री०)–अधीनता, वशता, शक्ति, सीमा, लम्बाई ।
आयस् (४ पु०)–यत्न करना, थक जाना । [लोहा, हथियार ।
आयस (वि०)–लोहनिर्मित । न०–
आयस्त(वि०)–दुःखी, आहत, क्रोधित
आया(२ पु०)–आना, पहुंचना, प्राप्त करना, नतीजा निकलना ।
आयात(वि०)–आया हुआ, आगत ।
आयाति(स्त्री०)–आमद, समीप आगमन ।
आयान(न०)–मिजाज, प्रकृति, आमद
आयाम (पु०)–लम्बाई, प्रसारण, तनाव ।
आयल्लक(पु०)–बेसबरी, तीव्रइच्छा ।
आयास(पु०)–यत्न, कठिनता, दुःख, मानसिक कष्ट ।
आयु(पु०)–मनुष्य, जाति, आदिम मनुष्य, जीवन, वायु, पुत्र ।
आयुः[स्] (न०)–जीवनकाल, जीवनीशक्ति, भोजन ।
आयुक्त(वि०)–नियुक्त, मुक़र्रिर । पु०–डिप्टी, प्रतिनिधि ।
आयुज् (७ उ०)–बांधना, मुक़र्रिर करना, लगाना ।
आयुध् (४ आ०)–लड़ना, मुक़ाबिला ।
आयुध(अस्त्री०)–हथियार, अस्त्र ।
आयुर्वेद(पु०)–चिकित्साशास्त्र, ऐसा शास्त्र जिस में रोगों का निदान और चिकित्सा बतलाई गई हो ।
आयुष् (न०)–जीवन ।
आयुष्काम (वि०)–आरोग्य चाहने वाला । [अवस्था का ।
आयुष्मान् [ष्मत्]–दीर्घजीवी, बड़ी
आयुष्य(वि०)–हितकर, उम्र बढ़ाने वाला । [तट, किनारा ।
आयोग(पु०)–फूल, चन्दन आदि भेंट,
आयोगव(पु०)–शूद्र से वैश्य की स्त्री में उत्पन्न हुई सन्तान ।
आयोजन(न०)–यत्न, उद्योग, तरकीब सामान इकट्ठा करना ।
आयोधन(न०)–युद्ध, लड़ाई, युद्धस्थल
आर(अस्त्री०)–पीतल, लोहे का जंग, कोना, मधुराम्र फल । [भूषण ।
आरकूट(अस्त्री०)–पीतल, पीतल का
आरट(पु०)–अभिनयकर्त्ता ।
आरट्ट(पु०)–हिरात प्रदेश ।
आरट्टज(पु०)–अर्बी घोड़ा ।
आरणि(पु०)–गर्त, भंवर ।
आरण्यक(पु०)–जंगली मनुष्य । न०–ब्राह्मण ग्रन्थों के कोई २ अध्याय

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

इस नाम से पुकारे जाते हैं। वि०—जंगल में पैदा हुआ। [सीधा।

आरत(वि०)—रोका हुआ, शरीफ़,

आरति(स्त्री०)-उपरम,ठहराव,निवृत्ति

आरथ(पु०)—एक घोड़े की गाड़ी।

आरब्ध(वि०)—आरम्भ किया हुआ।

आरभ्(१ आ०)—आरम्भ करना, शुरू करना, प्राप्त करना, पकड़ना।

आरभट(पु०)—साहसी मनुष्य।

आरभटी(स्त्री०)—साहस, खेल, नाच, नटों की क्रीड़ा।

आरम्भ(पु०)शुरू, उद्योग, भूमिका, काम, तैयारी, यत्न, जल्दी, बध, अहङ्कार।

आरव(पु०)—ध्वनि, आवाज़, शब्द।

आरा(स्त्री०)—लोहे का एक अस्त्र जो चमड़ा फाड़ने में काम आता है।

आरात्(अ०)—निकट, पास, दूर।

आराध्(५,१० प०)—ख़ुश करना, संतुष्ट करना, पूजना।

आराधन(न०)-पूजा,उपासना,सन्तुष्टि, याचन, प्राप्ति।

आराधना(स्त्री०)—सेवा, पूजा।

आराम(वि०)—मनोहर। पु०-खुशी, वाटिका, उपवन।

आरामिक(पु०)—बाग़वान, माली।

आरालिका(पु०)—चालबाज़, रसोइया।

आरु(२ प०)—चिल्लाना,प्रशंसा करना।

आरु(पु०)—सूअर, केकड़ा।

आरुच्(१ आ०)—पसन्द करना।

आरुणि(पु०)—उद्दालक ऋषि, यम, वैनतेय।

आरुध्(७ उ०)—रोकना, दूर हटाना।

आरुह्(१ प०)—चढ़ना, प्राप्त करना।

आरूढ(वि०)—उन्नत, चढ़ा हुआ, बैठा हुआ।

आरोग्य(न०)—रोगाभाव, तन्दुरुस्ती।

आरोप(पु०)—अन्य में अन्य का धर्म्म प्रतीत होना-जैसे रस्सी में सर्प का ज्ञान, संस्थापन, कल्पना, धनुष् झुकाना।

आरोपण(न०)—आरोपित करने का कार्य, क़ायम करना, लगाना।

आरोपित(वि०)—लगा हुआ, खिंचा हुआ, रक्खा हुआ।

आरोह(पु०)—सवार, चढ़ना, ऊंचा उठना, ऊंचा स्थान, दर्प, पहाड़, लम्बाई।

आरोहण(न०)—चढ़ाई,चढ़ना, सीढ़ी।

आर्जव(न०)—सरलता,सीधापन, शुद्ध-हृदयता। [विनाशी।

आर्त्त(वि०)—दुःखी,रोगी,सताया हुआ,

आर्त्तनाद(पु०)-करुणाजनक आवाज़, आर्त्तध्वनि, रोने की आवाज़।

आर्त्तव(न०)—स्त्री का रज, स्त्रीपुष्प, पुष्प।

आर्त्तवी(स्त्री०)—घोड़ी।

आर्तवेयी(स्त्री०)—ऋतुमती स्त्री।

आर्थिक(वि०)—धन सम्बन्धी, पण्डित, वास्तविक, सच्चा। [युक्त।

आर्द्र(वि०)—तर,गीला, मुलायम, रस-

आर्द्रक(न०)—अदरक।

आर्ध(वि०)—आधा।

आर्य(वि०)—श्रेष्ठ, पूजायोग्य, मान-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नीय, शरीफ़, उदारचरित, कुलीन। पु०—आर्यजाति में उत्पन्न पुरुष, द्विजाति, प्रतिष्ठित पुरुष, स्वामी, प्रभु, गुरु, मित्र।

आर्यक(पु०)—श्रेष्ठ मनुष्य, पितामह, नाना, माननीय।

आर्यपुत्र (पु०)--पति, गुरु का पुत्र, नाटक में स्वामी और भर्त्ता के लिये प्रयुक्त होता है।

आर्यभट्ट(पु०)--एक ज्योतिषी का नाम जिसने बीजगणित विद्या को निकाला। [लमैन।

आर्यमिश्र(वि०)—श्रेष्ठ, पूजनीय, जगिट-

आर्या(स्त्री०)--पार्वती, सासू, एक छन्द, श्रेष्ठ स्त्री।

आर्यावर्त्त (पु०)—विन्ध्याचल और हिमालय के बीच का प्रदेश, पूर्व समुद्र से लेकर पश्चिम समुद्र तक के मध्य का देश।

आर्ष(वि०)--जो ऋषि का हो, वैदिक, पवित्र, अमानुषी। पु०—एक प्रकार का विवाह जिस में कन्या का पिता दो या चार गौ वरपक्ष से ग्रहण करता है। [नीय।

आर्षेय(वि०)—ऋषि का, योग्य, मान-

आर्हत(पु०)—जैन, जैन सिद्धान्तों के मानने वाला।

आल(वि०)-बड़ा, विस्तीर्ण। अस्त्री०-हरताल, धोखा, फ़रेब।

आलक्षण्य(न०)—अपराध।

आलप्(१ प०)--वार्तालाप करना।

आलभ् (१आ०)--छूना; प्राप्त करना; पकड़ना।

आलभन(न०)--स्पर्श; छूना, पाना।

आलम्ब्(१ आ०)--झुक कर सहारा लेना; पकड़ना, आश्रित होना।

आलम्ब(पु०)--अवलम्ब; आश्रय।

आलम्बन(न०)--पूर्ववत्।

आलम्बित(वि०)—आश्रित; लटकाहुआ

आलम्भ(पु०)--स्पर्श, छूना।

आलम्भन(न०)—पूर्ववत्।

आलय(पु०)—गृह, छिपने का स्थान।

आलवाल(न०)—वृक्ष की जड़ का थांवला।

आलस्य(वि०)--सुस्त, उदासीन। न०--सुस्ती, यत्नाभाव।

आलान(न०)--हाथी के बांधने का थम्भ वा रस्सी, बेड़ी, जञ्जीर।

आलाप(पु०)--संभाषण, बातचीत, गुफ़्तगू, संगीत के सात स्वर।

आलाबु(पु०)--तूंबी। [पंखा।

आलावर्त(पु०)—कपड़े का बना हुआ

आलि(वि०)-सुस्त; निकम्मा; ईमानदार। पु०--बिच्छू; मक्खी।

आलि-ली(स्त्री०)—पुल; जाति; पंक्ति; क़तार; समवयस्क सखी।

आलिख् (६ प०)--लिखना; लाइन खींचना; मुसव्वरी करना; खाका खींचना। [मिलना।

आलिङ्गन(न०)—प्रेम पूर्वक आपस में

आलिंजर(पु०)--पानी भरने का मटका।

आलिप् (६ प०)--लेपन करना; मलना।

आलिम्पन (न०)--मकान में सफ़ेदी करना। [हुआ; क्षत।

आलीढ(वि०)—खाया हुआ; चाटा

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आलीनक(न०)--ऐसी धातु जो अग्नि के लगते ही पिघल जाय जैसे रांग, शीशा।
आलेख(पु०)--लेख; दस्तावेज़; ख़त।
आलेखन(न०)--लिखना, कुन्दा करना; ड्राइङ्ग।
आलेखनी(स्त्री०)--बुरुश; पेंसिल।
आलेख्य (न०)-चित्रपट, मूर्ति, कुतबा।
आलोक् (१ आ०, १० प०)-देखना, विचार करना, सोचना। [अध्याय।
आलोक(पु०)-प्रकाश, दर्शन, नज्ज़ारा,
आलोकन(न०)-पूर्ववत्।
आलोकित(वि०)-देखा हुआ, दृष्ट।
आलोच्(१ आ०, १० उ०)-देखना, विचारना, सोचना। [वाला।
आलोचक(वि०)-गुणदोष का बताने
आलोचना (स्त्री०)-देखना; विचार करना; गुण दोष का प्रकट करना।
आवप् (१ उ०)-बखेरना, इधर उधर डालना। [बनाना, थाली।
आवपन (न०)-खेत में बीज डालना, क्षौर
आवय (पु०)-आमद, आने वाला।
आवरक (न०) परदा, ढांकने का वस्त्र।
आवरण (न०)-छिपना, ढांकना, छिपाना, अज्ञान का पर्दा, वेदान्तमत में अविद्या के कारण आत्मज्ञान का न होना।
आवर्जित (वि०)-झुका हुआ, प्रक्षिप्त, आहृत।
आवर्त्त (पु०)-पानी का स्वयं चक्कर काटना, भंवर। न०-माक्षिक धातु।
आवर्त्तक (पु०)-पूर्ववत्।
आवर्त्तन (न०)-चक्कर काटना, वार २ लौटना, अध्ययन।
आवर्त्तित (वि०)-अभ्यस्त, लौटा हुआ।
आवश्य (न०)-ज़रूरत, अनिवार्य कार्य।
आवश्यक (वि०)-जरूरी, अनिवार्य।
आवश्यकता (स्त्री०)-ज़रूरत, अनिवार्य कार्य। [होना।
आवस् (१ प०)-रहना, बसना, मशगूल
आवसति (स्त्री०)-रात्रि, मध्यरात्रि।
आवसथ (पु०)-घर, निवासस्थान, ग्राम, विश्रामस्थान।
आवसित (वि०)—निश्चित, समाप्त।
आवह् (१प०)—लाना, लेजाना।
आवाप (पु०)—बोने का बीज, आलवाल, अन्न भरने का वर्त्तन।
आवापन (न०)-हजामत बनाना, चर्खा।
आवास (पु०)--घर, कमरा।
आवाह (पु०)-विवाह करना।
आवाहन (न०)—निमन्त्रण; बुलावा। उपासनार्थ देवता का बुलाना।
आवाल (न०)—आलवाल।
आविक (न०)-भेड़के बालों से बना हुआ कम्बल; ऊनी कपड़ा। वि०-ऊनी।
आविग्न (वि०)-दुःखी, सन्त[illegible]
आविद् (धा०)—ज्ञात करा[illegible] किया करना, बतलाना।
आविद्ध (वि०)—बिंधा हुआ, [illegible] प्रत्येक
आविल (वि०)-गन्दा, अपवित्र [illegible] किये
आविश्(६उ०)-प्रवेश करना, कब्जे [illegible] भो-
आविष्ट (वि०)--प्रविष्ट, भूतादि से [illegible] गया; तत्पर।
आवी(स्त्री०)---ऋतुमती स्त्री, [illegible] वती स्त्री।
आवीत(वि०)--पहरा हुआ, [illegible] हुति, किया हुआ, गत।
आवुक(पु०)--पिता, ज[illegible] निमंत्रण।
आवुत्त(पु०)--भगिनी [illegible] वा देने वाला। वा-
आवृ (५, ९, १० उ[illegible] [illegible]री।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

घेरना, प्रसन्द करना।

आवृत(वि०)-ढकाहुआ,गुप्त,घिराहुआ

आवृत्त(वि०)--अभ्यस्त, अधीन, हटा हुआ। [छिपाना।

आवृति (स्त्री०)--आवरण, ढकना,

आवृत्ति (स्त्री०)--अभ्यास, बार २ गुणना, लौटना।

आवृष्टि(स्त्री०)—बौछार, बूंदाबांदी

आवेग(पु०)--दुःख, घबराहट, जल्दी, चिन्ता, जोश।

आवेश(पु०)--अहंकार, हट, दुराग्रह, क्रोध, भूत-प्रेतका चढ़ना, प्रवेश।

आवेशन(न०)--कारखाना, घर, प्रवेश, क्रोध। [मान, अतिथि।

आवेशि[illegible](वि०)-असाधारण। पु०-मेह-

आवेष्टक(पु०)--सफील, घेरा, प्राचीर

आवेष्टन(न०)-बण्डल बनाना, चारों तर्फ़ से बांधना, घेरा, बेठन, लि-

फ़(वि०)

पवि[illegible]पु०)--छेदना, ज़ख्मी करना, का[illegible] चलाना, खदेड़ना।

पित[illegible])--खाने वाला।

ग्रह[illegible]आ०)--आशा करना, इच्छा

आर्षेय[illegible], दुआ देना, तारीफ़ करना, आहत[illegible] भीत होना।

[illegible](स्त्री०)-इच्छा, उम्मेद, शक,

आल[illegible]लीपुलाव।

हर[illegible](वि०)--इच्छित, कथित।

आलक्षण[illegible]--उम्मेदवार, इच्छुक।

आलप्(१ प[illegible]) शक्ति, क़ाबलियत।

आलभ् (१आ०)शक करना, सन्देह पकड़ना। [illegible] करना।

आशंका(स्त्री०)--संशय, संकोच, डर।

आशंकित(वि०)--संदिग्ध, भययुक्त।

आशय(पु०)--अभिप्राय, मतलब, सोने का कमरा, घर, अभ्युदय, मर्ज़ी, प्रारब्ध, कटहल का वृक्ष।

आशर(पु०)--अग्नि, वायु, राक्षस।

आशव(न०)--तेज़ी, तीव्रता, आसव।

आशा(स्त्री०)-उम्मेद,लम्बी ख्वाहिश, दिशा।

आशान्वित (वि०)--आशा से भरा हुआ, आशाजनक।

आशाभङ्ग(पु०)—ना-उम्मेदी।

आशाहीन(वि०)--ना-उम्मेद।

आशावान्(वि०)- आशा से भरा हुआ

आशास्(२आ०)--दुआ देना, आशीर्वाद, देना, इच्छा करना, आज्ञा करना। [पेट भरा हुआ।

आशित(वि०)--खाया हुआ, भुक्त,

आशिष्[शीः] (स्त्री०)--दुआ, शुभकामना।

आशी (स्त्री०)--सर्प की विषयुक्त, दंष्ट्रा, दुआ, शुभकामना।

आशी(२आ०)सोना, लेटना, रहना, आबाद होना।

आशीर्वाद (पु०)--आशीर्वचन, शुभकामना, शुभेच्छा।

आशीविष(पु०)--जिस की डाढ़ में विष हो अर्थात सांप।

आशु(वि०)--तेज़, जल्द, शीघ्रभावी।

आशुग(वि०) -शीघ्रगामी, जल्दीजाने वाला। पु०-वायु; सूर्य; तीर।

आशुता(स्त्री०)--जल्दी, तेज़ी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आशुतोष(वि०)--आसानी से प्रसन्न होने वाला, शिव । [वाला ।
आशुबोध(वि०)--जल्दी से ज्ञान कराने
आशेकुटी [न्] (पु०)-पर्वत, पहाड़ ।
आशोषण(न०)-सुखाना, सुखाने का काम ।
आशौच(न०)-अशुद्धि, अपवित्रता ।
आश्चर्य(न०)-ताज्जुब, अचंभा ।
आश्म(वि०)-पत्थर का बना हुआ, पथरीला, आश्मिक ।
आश्र(न०)-आंसू, आंख का जल ।
आश्रम(अस्त्री०)-झोंपड़ा, वानप्रस्थियों के घर, मठ, विद्यार्थियों का वासस्थान, वन, आर्यजीवन के चार विभाग जो ब्रह्मचर्य गृहस्थ वानप्रस्थ संन्यास नाम से पुकारे जाते हैं ।
आश्रमिक (वि०)-चार आश्रमों में से किसी से सम्बन्ध रखने वाला ।
आश्रय (पु०)-घर, आधार, आसरा, ज़ोरावर । [देने वाला ।
आश्रयभूत (वि०)-दूसरों को आश्रय
आश्रयाश(पु०)-वन्हि, अग्नि ।
आश्रव (पु०)-चश्मा, नदी, अपराध ।
आश्रि(१उ०)-आश्रय ग्रहण करना ।
आश्रि(स्त्री०)-तलवार की धार ।
आश्रित(वि०)-आश्रयप्राप्त, शरणागत
आश्रु(५प०)-सुनना, स्वीकार करना, प्रतिज्ञा करना ।
आश्रुत(वि०)-अंगीकृत, स्वीकृत ।
आश्लेष(पु०)-सम्बन्ध, गहरा लगाव, आलिंगन ।

आश्व(वि०)-घोड़े का, रथ वा गाड़ी जिस में घोड़े जुतें ।
आश्वलक्षणिक(पु०)-साईस, सालोतरी
आश्वलायन(पु०)-एक ऋषि का नाम
आश्वास(पु०)-आश्रयदान, बढ़ावा देना । [कीन ।
आश्वासन(न०)-भरोसा, बढ़ावा, तस-
आश्विन (पु०)-असौज का महीना ।
आश्विनेय(पु०)-अश्विनीकुमार, नकुल और सहदेव का नाम ।
आश्वीन(अस्त्री०)-घोड़े की एकमंजिल
आषाढ़ (पु०)-बरसात का पहिला मास जो जून वा जौलाई में होता है
आष्ट्री(स्त्री०)-बड़ा जंगल, चूल्हा ।
आस् [आः] (अ०)-विस्मृति, क्रोध, दुःख, अपाक्रम का बोधक ।
आस्(१,२आ०)-बैठना, लेटना, रहना, आराम करना ।
आस(पु०)-बैठने की जगह, [illegible]
आसक्त(वि०)-फंसा हुआ, लग[illegible] मशगूल ।
आसक्ति(स्त्री०)-लगाव, प्रे[illegible] मेहनत, तत्परता ।
आसंग (पु०)-अभिनिवेश, भ[illegible] इच्छा, अनुरक्ति, सम्बन्ध ।
आसंगिनी(स्त्री०)-हवा का चक्क[illegible] झोका अर्थात् बबूला ।
आसज् (१प०)-बांधना, जकड़ना ।
आसंजन (न०)-हुक, अ[illegible]
आसत्ति (स्त्री०)-सि[illegible] लाभ प्राप्ति ।

[illegible]मा [illegible]राम [illegible] किया [illegible] प्रत्येक [illegible] किये [illegible] भो- [illegible] हुति, [illegible] निमंत्रण । [illegible]वा देने वाला। [illegible]वा- [illegible]री ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आसद् (१प०)–नीचे बैठना, पास बैठना, इन्तज़ार करना, समीप आना ।

आसन(न०)–बैठना, बैठने का स्थान, उपवेशन, आराम करना, चौकी।

आसन्न (वि०)–समीपस्थ, उपस्थित, नज़दीक ।

आसन्द (पु०)–विष्णु या वासुदेव ।

आसन्दी(स्त्री०)–छोटा कौच, आराम-कुरसी ।

आसव (पु०)–मद्यमात्र, हरएक प्रकार की शराब, सिरका, नशीली औषध ।

आसादन (न०)–सन्निधान, रखना, आक्रमण, सम्मिलन, प्राप्ति ।

आसाधन (न०)–प्राप्ति, पूर्त्ति ।

आसार (पु०)–ज़ोर की वर्षा, झड़ी, आक्रमण, रसद । [योद्धा ।

आसि(वि०पु०)–तलवार चलाने वाला

पवि (१प०)–पकड़ना, हवा-का में करना । [प्रसव ।

पित स्त्री०)–शराब निकालना,

ग्रह वि०)–दैत्य का, आठ प्रकार

आर्षेय विवाहों में से एक जिस में

आहे या क्रीत की जाती है ।

ी (स्त्री०)–सर्जरीविद्या,

आल सी । [सींचना ।

हर (पु०)–सिंचन, छिड़काव,

आलक्षण हिरासत, क़ैद, हवालात

आलप्(१ प इच्छापूर्वक वार वार

आलभ् (१आ० ी काम को वार २

पकड़ना । र सेवा करना ।

आस्कन्द् (१प०)–आक्रमण करना, हमला करना ।

आस्कन्दन (न०)–आक्रमण, हमला ।

आस्तर (पु०)–बिछौना, झूल, कम्बल।

आस्तरण (न०)–फैलाव, बिस्तर, कम्बल, गद्दी ।

आस्ताव (पु०)–तारीफ़, प्रशंसा ।

आस्तिक (वि०)–ईश्वरभक्त, वेदानुयायी, शुद्धाचारी ।

आस्तिकता (स्त्री०)–शुद्धाचार, वेदविहित आचार । [पुत्र ।

आस्तीक (पु०)– जरत्कारु मुनि का

आस्तीर्ण (वि०)–विस्तीर्ण, फैला हुआ ।

आस्था (स्त्री०)–ध्यान, चिन्ता, आशा, भक्ति, विश्वास, स्थिति।

आस्थान (न०)–स्थान, बुनियाद, समूह, चिन्ता, विश्रामस्थान ।

आस्थानी (स्त्री०)–लेक्चरहाल, वक्तृतागृह ।

आस्थिति (स्त्री०)–दशा, हालत ।

आस्नान (न०)–पवित्रता, नहाने का जल ।

आस्पद (न०)–स्थान, जगह, रुतबा, पद, कारोबार, सहारा ।

आस्पर्धा (स्त्री०)–रश्क, चढ़ाऊपरी ।

आस्फालन (न०)–रगड़ना, पछाड़ना, घिसना, दर्प ।

आस्फोट (पु०)–अर्क वृक्ष, ख़म ठोकना, कांपना ।

आस्माक (वि०)–हमारा, अपना ।

आस्य (न०)–मुख, चेहरा, जबाड़ा ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आस्यपत्र (न०)–कमल ।
आस्यलांगल (पु०)–कुत्ता, सूअर ।
आस्यन्दन (न०)–बहना ।
आस्या(स्त्री०)–स्थिति, आसन, निवास
आस्यास्रव (पु०)–थूक, लार, मुंह का पानी ।
आस्र (न०)–खून, रक्त ।
आस्रप (पु०)–खूंखवार, राक्षस ।
आस्रव (पु०)–दुःख, कष्ट, बहना, अपराध ।
आस्राव (पु०)–जख्म, लार, कष्ट ।
आस्वद् (१आ०)–चखना, ज़ायक़ा लेना । [लेना ।
आस्वाद (पु०)–रस, स्वाद, स्वाद
आस्वादन (न०)–ज़ायका उठाना, खाना ।
आह (अ०)–धिक्कार, सख़्ती, हुक्म, प्रेषण आदि का बोधक ।
आहत (वि०)–क्षत, ताडित, जाना हुआ । न०–पुराना वा नया कपड़ा ।
आहति (स्त्री०)–बध, आगति, गुणन
आहन् (२प०)–मारना, चोट करना, पीटना ।
आहव (न०)–युद्ध, लड़ाई, यज्ञ, होम
आहार (पु०)–भोजन, खाना, आहरण, लाना ।
आहार्य (वि०)–खाने के योग्य, आगन्तुक, व्याप्य, बनावटी । पु०–बन्ध । न०–उखाड़, बर्त्तन, नाटक का पोशाक गहने आदि सामान ।
आहाव(पु०)–अग्नि, लड़ाई, बुलाना, चौबच्चा ।
आहित (वि०)–स्थापित, रक्खा हुआ, टिकाया गया ।
आहितुण्डिक (पु०)–सपेरा, सांप पकड़ने वाला ।
आहुत (वि०)–यज्ञाग्नि में डाला हुआ । न०–आतिथ्यसत्कार ।
आहुति (स्त्री०)–यज्ञ के समय सामग्री और घी का अंश बार बार मंत्र पढ़कर डालना । [हुआ ।
आहूत (वि०)–निमन्त्रित, बुलाया
आह्व (१प०)–लाना, जाकर लाना, देना, वापिस पाना, खाना, बोलना, पुकारना ।
आहेय (वि०)–सर्पसम्बन्धी ।
आहो (अ०)–प्रश्न, विकल्प, विचार आदि में प्रयुक्त होता है ।
आहोपुरुषिका (स्त्री०)–अहंकार से उत्पन्न हुआ अपनी बड़ाई का ख्याल ।
आहोस्विद् (अ०)–आहो के समान ।
आन्ह(वि०)–रोज़ाना, दिन में किया हुआ ।
आन्हिक (वि०)–रोज़ाना, प्रत्येक दिन का । न०–प्रत्येक दिन किये जाने वाला धार्मिक कृत्य, भोजन, एक दिन का पाठ ।
आह्लाद(पु०)–खुशी, हर्ष ।
आह्वय(पु०)–नाम, जुआ ।
आह्वान (न०)–आकारण, आहुति, बुलाना, निमंत्रण ।
आह्वाय(पु०)–नाम, सम्मन, निमंत्रण ।
आह्वायक(पु०)–दूत, बुलावा देने वाला। वा- ारी ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

इ

इ–देवनागरी और संस्कृत वर्णमाला का तीसरा अक्षर जो स्वर है।

इ (पु०)--कामदेव। अ०--क्रोध, दया, तिरस्कार, आश्चर्य, खेद, सम्बोधन तथा दुःख का बोधक।

इ (१, २प०)–जाना, पहुंचना, लौटना; गुज़रना।

इकट(पु०)--सरकंडे का अङ्कुर या तना।

इक्षु(पु०)--गन्ना, मीठेरस का पौंडा, इच्छा।

इक्षुकाण्ड(अस्त्री०)–काश और मुञ्ज तृण नामक दो भेद।

इक्षुकुट्टक(पु०)–ईख काटने वाला वा काट कर एकत्रित करने वाला।

इक्षुपत्र(पु०)–ज्वार, चरी, जिस के पत्ते ईख के समान होते हैं।

इक्षुमेह(पु०)--ज़ियाबतीस, मधुमेह का रोग।

इक्षुयन्त्र (न०)–रस निकालने की मेशीन, कोल्हू।

इक्षुर(पु०)–तालमखाना, ईख।

इक्षुरस(पु०)--गन्ने का रस।

इक्षुविकार(पु०)--शक्कर, मिठाई, गुड़।

इक्षुसार(पु०)--गुड़, गन्ने का सार।

इक्ष्वाकु(पु०)--वैवस्वत मनु का पुत्र जो सूर्यवंश का पहिला राजा था।

इख्-इंख्(१ प०)–जाना, हरकत करना।

इंग् (१ उ०)–पूर्ववत्।

इङ्गित(वि०)–हिला हुआ, हटा हुआ। न०--सङ्केत, इशारा, मनोऽभिप्राय, मनोविकार को प्रकट करने वाली शरीर की चेष्टा, अभिप्राय।

इंगु (पु०)–रोग, बीमारी।

इंगुद-ल (पु०)–हिंगोट नामक वृक्ष।

इचिकिल (पु०)–तालाब, कीचड़।

इच्छक (वि०)–चाहने वाला, ख़्वाहिशमन्द।

इच्छा(स्त्री०)–ख़्वाहिश, मर्ज़ी, चाहा।

इच्छादान(न०)–इच्छापूर्ति, चाह को पूरी करना।

इच्छानिवृत्ति (स्त्री०)–इच्छापूर्ति, इच्छा का पूर्ण होना, सांसारिक विषयों से उदासीनता।

इच्छु–क (वि०)–ख्वाहिशमन्द, चाह करने वाला। [स्पति।

इज्य (पु०)–शिक्षक, परमात्मा, बृह-

इज्या(स्त्री०)–यज्ञ, गौ, प्रतिमा, दान।

इट् (१प०)–जाना, ग़लती करना, बढ़ाना।

इड् (स्त्री०)–आहुति, प्रार्थना, पृथ्वी, बरसात, भोजन।

इडा (स्त्री०)–पृथ्वी, वाणी, आहुति, नाड़ीभेद, दुर्गा, स्वर्ग, गौ।

इडाचिका (स्त्री०)–ततय्या।

इडिका (स्त्री०)–पृथ्वी, भूमि।

इण् (२प०)–जाना।

इत (वि०)–गया हुआ, स्मृत, प्राप्त।

इतर (वि०)–नीच, पामर, दूसरा, छोटे दर्जे का।

इतरतः–त (अ०)–अन्यत्र, अन्यतः।

इतरेतर (वि०)–आपस में, अन्योन्य, परस्पर।

इतरेद्युः(अ०)–और दिन, अगले दिन।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

इतस्[:] (अ०)–यहां से, इस ओर से, अब से।
इतस्ततः(अ०)–यहां वहां, इधर उधर।
इति (अ०)–हेतु, अभिप्राय, प्रकार, समाप्ति, निकटता, प्रारम्भ, मत आदि अर्थों का बोधक, इस तरह, इस प्रकार।
इतिकथा(स्त्री०)–निरर्थक बातचीत।
इतिकर्तव्य(वि०)–अवश्य करने लायक, अनिवार्य कर्तव्य।
इतिवत्(अ०)–इस ही प्रकार से।
इतिहास(पु०)–बीती हुई बातों का वर्णन करने वाली पुस्तक, पुराने वृत्तान्त का प्रकाशक, तवारीख।
इत्थम्(अ०)–इस प्रकार से, इस रीति से।
इत्यर्थ(पु०)–सार, संक्षेप, अभिप्राय।
इत्य(वि०)–प्राप्तियोग्य। [लिये।
इत्यर्थम्(अ०)–इस अभिप्राय से, इस
इत्यादि (वि०)–इन २ बातों वा वस्तुओं को आरम्भ में लेकर, वग़ैरा।
इत्युक्त(न०)–सूचना, रिपोर्ट।
इदम्(सर्व०)–वक्ता के समीप की वस्तु का बोधक, यह।
इदम्(अ०)–यहां, अत्र, अब।
इदन्तन(वि०)–मौजूदा, क्षणिक।
इदानीम्(अ०)–अब, इस दशा में, अभी।
इदानीन्तन(वि०)–मौजूदा, क्षणिक, वर्त्तमान काल का।
इद्ध(न०)–धूप, प्रकाश। वि० निर्मल।
इध्म(न०)–लकड़ी, समिधा, ईंधन।
इन्दिरा (स्त्री०)–विष्णु की स्त्री, लक्ष्मी।
इन्दी[न्दि] वर(न०)–नीला कमल।
इन्दु(पु०)–चन्द्रमा, कापूर, मृगशिर नक्षत्र, एक की संख्या।
इन्दुकमल(न०)–सफ़ेद कमल।
इन्दुकला (स्त्री०)–चन्द्रमा की १६ कलाओं में से कोई।
इन्दुकान्त(पु०)–चन्द्रकान्त मणि, केतकी, रात्रि।
इन्दुज-पुत्र(पु०)–चन्द्रमा का पुत्र बुध।
इन्दुजनक(पु०)–समुद्र, अत्रि ऋषि।
इन्दुजा(स्त्री०)–नर्मदा नदी।
इन्दुमणि(पु०)–चन्द्रकान्त मणि।
इन्दुमती(स्त्री०)–पूर्णिमा, अजराज की पत्नी। [कला।
इन्दुलेखा(स्त्री०)–सोमलता, चांद की
इन्दुलोहक-लौह(न०)–चांदी।
इन्दूर(पु०) चूहा, मूषकी।
इन्द्र(पु०)–देवताओं का स्वामी अर्थात परमेश्वर, प्रभु, वर्षा का अधिष्ठातृदेव, सर्वोत्तम, बड़प्पन।
इन्द्रक(न०)–सभागृह, हाल।
इन्द्रकील(पु०)–मन्दर पर्वत, चट्टान।
इन्द्रकुञ्जर(पु०)–ऐरावत हस्ती।
इन्द्रगिरि(पु०)–महेन्द्र पर्वत।
इन्द्रगोप(पु०)–वीरबहुटी, तीज।
इन्द्रजाल(न०)–युद्ध में एक प्रकार का दाव पेंच, छल, धोखा, माया।
इन्द्रजालिक(वि०)–धोखेबाज, अवास्तविक। पु०–छलिया, मदारी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

इन्द्रजित(पु०)–इन्द्र को जीतने वाला रावण का सुत मेघनाद।

इन्द्रनील(पु०)–नीलम, पन्ना।

इन्द्रपत्नी(स्त्री०)–इन्द्र की स्त्री, इन्द्राणी, शची।

इन्द्रप्रस्थ(न०)–यमुना के तट पर एक नगर जिसे पाण्डवों ने बसाया था वर्त्तमान में जो देहली कहलाता है।

इन्द्रलोक (पु०)–देवताओं का लोक, स्वर्ग।

इन्द्रवज्रा(स्त्री०)–एक छन्द का नाम।

इन्द्रवल्ली(स्त्री०)–पारिजात वृक्ष।

इन्द्रवृक्ष(पु०)–देवदारु वृक्ष।

इन्द्रशत्रु(पु०)–इन्द्र जिस का शत्रु है वा इन्द्र का जो शत्रु है, वृत्रासुर।

इन्द्रसुत(पु०)–अर्जुन, जयन्त।

इन्द्राणी(स्त्री०)–शची, इन्द्र की स्त्री, बड़ी इलायची।

इन्द्रायुध (न०)–इन्द्र का धनुष् जो वर्षा के पश्चात आकाश में धनुषाकार दिखलाई देता है।

इन्द्रासन(न०)–इन्द्र का सिंहासन, कोई सिंहासन।

इन्द्रिय(न०)–चिन्ह, ज्ञान और कर्म के साधन जैसे नेत्र, कर्ण आदि। मनुष्य के शरीर में पांच ज्ञानेन्द्रिय और पांच कर्मेन्द्रिय हैं। यथा–नेत्र, कर्ण, नासिका, त्वचा और रसना ये ज्ञानेन्द्रिय और हाथ, पांव, वाणी, गुदा, और उपस्थ ये कर्मेन्द्रिय हैं।

इन्द्रियग्राम (पु०)–पांचों कर्मेन्द्रिय, इन्द्रियसमूह।

इन्द्रियनिग्रह(पु०)–इन्द्रियदमन।

इन्द्रियागोचर(वि०)–जो दिखाई न दे, जो अनुभव न किया जासके।

इन्द्रियायतन(न०)–इन्द्रियों का निवासस्थान अर्थात् शरीर।

इन्द्रियाराम (वि०)–इन्द्रियलोलुप, विषयों में फंसा हुआ।

इन्ध्(७आ०)–जलाना, आग लगाना, रोशन करना।

इन्ध(पु०)–ईंधन, परमात्मा। [काष्ठ

इन्धन(न०)–आग रोशन करना, ईंधन,

इन्ब्(६प०)–जाना, पकड़ना, घेरना।

इभ(पु०)–हाथी, ८ की संख्या।

इभकर्णा(स्त्री०)–गजपिप्पली।

इभनिमीलिका(स्त्री०)–चतुराई, संजीदगी, विजया, भांग।

इभपोत(पु०)–हाथी का बच्चा, पीता।

इभारि(पु०)–सिंह, शेर।

इभ्य(वि०)–धनवान्, अमीर। पु०–राजा, हाथीवान, शत्रु।

इभ्या(स्त्री०)–हथिनी।

इयत् (वि०)–इतना, यहां तक।

इयत्ता(स्त्री०)–सीमा, हद्द, परिमाण, गिनती।

इर्(६प०)–जाना।

इरण(न०)–मरुभूमि, बंजर भूमि।

इरम्मद(पु०)–बिजली, बाडवानल।

इरा(स्त्री०)–वाणी, सरस्वती, पृथ्वी, जल, सुरा।

इरावती(स्त्री०)–रावी नदी; रुद्र की स्त्री दुर्गा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

इरावान्(पु०)–समुद्र, राजा, बादल।
इरिण(न०)–बंजरभूमि, निराश्रय।
इरेश (पु०)–राजा, भूपति, वरुण, विष्णु, गणेश।
इर्वारु–लु (वि०)–हिंसक, नाशक। अकली०–ककड़ी।
इल् (६ प०, १० ब०)–जाना, सोना, फेंकना, एक जगह खड़े रहना।
इलविला(स्त्री०)–कुबेर की माता जो पुलस्त्य मुनि की कन्या थी।
इला (स्त्री०)–भूमि, गौ, वाणी।
इलिका (स्त्री०)–भूमि, पृथिवी।
इली (स्त्री०)–छोटी तलवार।
इव् (१ प०)–फैलना, व्याप्त होना।
इव (अ०)–समान, सादृश्य, उत्प्रेक्षा, मानो, थोड़ा।
इष् (६ प०)–चाहना, इच्छा करना।
इष् (वि०)–तीव्रगामी, इच्छुक।
इष (पु०)–आश्विन मास, बलवान्।
इषित (वि०)–तीव्र, आन्दोलित, प्रेषित।
इषु (पु०)–बाण, ५ का अङ्क।
इषुक (वि०)–तीर के समान।
इषुधि (पु०)–तरकस, बाण रखने का घर।
इष्ट (वि०)–इच्छित, प्रिय, पसन्द, पूजित। पु०–प्रेमी, पति, मित्र, एरण्ड वृक्ष, विष्णु, यज्ञ। न०–इच्छा, संस्कार।
इष्टका(स्त्री०)–ईंट, पका हुआ मिट्टी का टुकड़ा।
इष्टदेव(पु०)–प्रियदेवता, आराध्यदेव।
इष्टापूर्त (न०)–लोकोपकारी कार्यों का सम्पादन।
इष्टि (स्त्री०)–प्रार्थना, इच्छा, अभिलषित वस्तु।
इष्टिपच (पु०)–राक्षस, असुर, कंजूस।
इष्टु (स्त्री०)–इच्छा, स्वाहिश।
इष्व (पु०)–धर्मगुरु।
इष्वसन (न०)–धनुष्।
इह (अ०)–यहां, इस स्थान में, इस लोक में, इस देश में, अब, इस समय।
इहकाल (पु०)–वर्त्तमान जीवन।
इहतन (वि०)–इस लोक का।
इहामुत्र (अ०)–यहां और वहां, इस लोक में और परलोक में।

ई

ई (स्त्री०)–विष्णु की स्त्री लक्ष्मी। पु०-कामदेव। अ०-निराशता, क्रोध, खेद, दया, कष्ट और सम्बोधन इन अर्थों का बोधक।
ईं (४ आ०)–जाना। (२ प०) जाना, चमकना, इच्छा करना, फेंकना, खाना, मांगना।
ईक्ष्(१ आ०)–देखना, चिन्ता करना, ख़याल करना।
ईक्षक (पु०)–तमाशबीन द्रष्टा।
ईक्षण(न०)-देखना, दृष्टि, दृश्य, चक्षु।
ईक्षणिक(पु०)--ज्योतिषी, रुमाल।
ईक्षा (स्त्री०)–दृश्य, नज़ारा।
ईक्षिका (स्त्री०)–आंख, दृष्टि, नज़र।
ईख् (१प०)–हिलना जुलना, चलना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ईड् (२आ०)–प्रशंसा करना, विनय करना, प्रार्थना करना।

ईडा (स्त्री०)–तारीफ, सराहना।

ईति(स्त्री०)–उपद्रवविशेष, मनुस्मृति में खेती को हानि पहुंचाने वाली ६ ईतियां गिनवाई हैं, जैसे–"अतिवृष्टिरनावृष्टिः, शलभा मूषकाः शुकाः। प्रत्यासन्नाश्च राजानः, षडेता ईतयः स्मृताः॥

ईदृक्–श् (वि०)–ऐसा, इस के समान, एतादृश्।

ईदृश–क्ष(वि०)–पूर्ववत्। स्त्री०-ईदृशी।

ईप्सित(वि०)–इच्छित, अभिलषित।

ईर् (२आ०,१प०)–जाना, हिलना, उठना।

ईरित (वि०)–गत, प्रेषित, कथित।

ईर्म (वि०)–आन्दोलित। पु०–बाजू। न०–ज़ख्म, घाव।

ईर्षा(स्त्री०)–ईर्ष्या, द्वेष, द्रोह।

ईर्ष्य् (१प०)–हसद करना, जलना।

ईर्ष्या (स्त्री०)–हसद, जलन, दूसरे की उन्नति को न सहना।

ईर्षा[र्ष्या]लु (वि०)–दूसरे की उन्नति को न देख सकने वाला।

ईश् (२आ०)–हकूमत करना, शासन करना, शक्तिशाली होना, स्वामी होना।

ईश (वि०)–स्वामी, शक्तिशाली। पु०–प्रभु, पति, रुद्र।

ईशा (स्त्री०)–आधिपत्य, बड़प्पन, दुर्गा का नाम, अमीर औरत।

ईशान (वि०)–स्वामी, धनी। पु०–प्रभु, अधिपति, शिव, ११ की संख्या।

ईशिता (स्त्री०)–आधिपत्य, महत्त्व, [बड़प्पन

ईश्वर (पु०)–प्रभु, स्वामी, पति, परमेश्वर, शिव, कामदेव।

ईश्वरा (स्त्री०)–दुर्गा, लक्ष्मी।

ईश्वराधीन (वि०)–स्वामी के अधीन, प्रभु के आश्रित।

ईक्ष्(१उ०)–अच्छा भागना, देखना, देना, बध करना।

ईषणा (स्त्री०)–जल्दी, तेज़ी।

ईषत्(अ०)–कुछ २, थोड़ा २, किञ्चित्।

ईषत्कर (न०)–बहुत थोड़ा। वि०–सहजगम्य।

ईषदुष्ण (वि०)–थोड़ा २ गर्म।

ईषद्धास(पु०)–मुसकराना, मुसकराहट।

ईषा (स्त्री०)–हलदण्ड, फाली।

ईषिका (स्त्री०)–मुसठिवन का बुरुश, तीर, हाथी की आंख का गोलक।

ईषिर (पु०)–अग्नि।

ईह् (१आ०)–चाहना, चेष्टा करना, इच्छा करना।

ईहा (स्त्री०)–इच्छा, उद्योग, चेष्टा।

ईहावृक (पु०)–भेड़िया।

ईहित (न०)–चेष्टा। वि०–इच्छित, चेष्टित।

उ

उ–नागरी वर्णमाला का पञ्चम अक्षर, पांचवां स्वर।

उ (१आ०)–शोर करना, गुंजारना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उ (पु०)–शिव का नाम, ब्रह्मा। अ०–पुकारना, क्रोध, आज्ञा, प्रश्न, स्वीकारी, दया आदि अर्थों का बोधक।

उकार (पु०)–उ स्वर, शिव।

उक्त (वि०)–कहा हुआ, कथित।

उक्ति (स्त्री०)–कहना, वचन।

उक्थ (न०)–स्तोत्र, प्रशंसावाक्य, सामवेद, एक प्रकार का यज्ञ।

उक्ष् (१.६५०)–सींचना, बखेरना, शुद्ध करना। [करना।

उक्षण (न०)–जल सिंचन करके पवित्र

उक्षतर (पु०)–छोटा बैल या सांड।

उक्षा (पु०)–बैल या सांड।

उक्षाल (पु०)–बन्दर।

उख् (१प०)–जाना, हरकत करना।

उख (पु०)–डेगची।

उग्र (वि०)–खूंख्वार, क्रूर, भयानक, सख्त, निर्दय, क्रोधी। पु०–शिव, रुद्र। न०–क्रोध, गुस्सा।

उग्रकाण्ड (पु०)–करेला, कारवेल्ल।

उग्रगन्ध (पु०)–चम्पक, चमेली, लहसुन, हींग।

उग्रचारिणी-चंडा (स्त्री०)–दुर्गा।

उग्रता (स्त्री०)–कठोरता, क्रूरता, क्रोध।

उग्रदण्ड (पु०)–बे रहम, सख्त मिज़ाज़।

उग्रशासन (न०)–कठोर शासन।

उग्रसेन (पु०)–धृतराष्ट्र का एक पुत्र, कंस का पिता मथुरा का राजा।

उच् (४प०)–इकट्ठा करना, शौकीन होना, आदी होना।

उचथ (न०)–प्रशंसा, स्तोत्र।

उचित (वि०)–मुनासिब, ठीक, यथार्थ, मामूली, ज्ञात, याद्य।

उच्च (वि०)–ऊंचा, उन्नत, बढ़ा हुआ, बलशाली।

उच्चतरु (पु०)–नारियल का वृक्ष।

उच्चता (स्त्री०)–ऊंचाई, बड़प्पन, उन्नति।

उच्चन (न०)–मन २ में हंसना। [होना,

उच्चट् (१ प०)–चला जाना, अन्तर्धान

उच्चटा (स्त्री०)–दर्प, उजड्डपन।

उच्चण्ड (वि०)–भयानक, ज़ोरका, क्रोधी।

उच्चर् (१ प०)–बोलना, आवाज़ निकालना, शौच जाना, उठना, उदय होना।

उच्चरित (वि०)–कहा हुआ, कथित।

उच्चल् (१प०)–रवाना होना, उड़ जाना।

उच्चलन (न०)–रवानगी।

उच्चाटन (न०)–उखाड़ना, अपनी जगह से अलग करना, उत्पाटन।

उच्चार (पु०)–उच्चारण, कथन, गोबर, मल। [विषम, विविध।

उच्चावच (वि०)–कहीं ऊंचा कहीं नीचा,

उच्चा[च]रण (न०)–बोलना, शब्द को मुंह से निकालना।

उच्चूड-ल (पु०)–झंडे के ऊपर लटका हुआ कपड़ा, पताका, झंडे के ऊपर बांधा हुआ आभूषण।

उच्चैः (अ०)–ऊंचा, ऊपर की ओर, ऊंचे स्थान में, लम्बा, पूरा २।

उच्चैःश्रवस् (वि०)–बधिर, बहिरा। पु०–इन्द्र का घोड़ा जो समुद्र में से

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निकला था। [ध्वनि।

उच्चैःस्वर(पु०) बड़ी आवाज़, दीर्घ-

उच्चैर्घुष्ट(न०)—मनादी, ढोंडी।

उच्चैस्तर(वि०)—अधिक ऊंचा, उच्चतर।

उच्चैस्तम(वि०)—सब से ऊंचा।

उच्छल्(१उ०)—हिलना, ऊपर की तर्फ़ उड़ना, बढ़ना।

उच्छादन(न०)—उबटन, शरीर पर सुगन्धित द्रव्य मलना।

उच्छासन(वि०)—जो शासन में न रहे, उच्छृंखल।

उच्छास्त्र(वि०)—शास्त्रविरुद्ध।

उच्छिख(वि०)—ऊंची शिखा वाला, लपटों वाला।

उच्छित्ति(स्त्री०)—नाश, मलियामेट।

उच्छिद्(७उ०)—उखाड़ना, नाश करना, मलियामेट करना। [पदस्थ।

उच्छिरः[स्](वि०)—ऊंचा, शरीफ़, उच्च-

उच्छिष्ट(वि०)—जूठा, खाने से बचा हुआ

उच्छीर्षक(न०)—तकिया, शीर्षोपधान

उच्छुष्क(वि०)—सूखा हुआ, मुरझाया। हुआ। [सूजा हुआ।

उच्छून(वि०)—फूला हुआ, मोटा, ऊंचा,

उच्छृंखल(वि०)—अनियन्त्रित, अबाध, क्रमरहित।

उच्छेत्ता(पु०)—नाश करने वाला, नाम मिटाने वाला।

उच्छेदः-नस्—छेदन, काटना, विनाश।

उच्छेष(पु०)—बचा हुआ भाग, जूठन

उच्छोषण(न०)—सुखाना, सूखा करना

उच्छ्रित(वि०)—ऊंचा, उठा हुआ, बढ़ा हुआ, अहंकारी।

उच्छ्रेय(वि०)—पूर्ववत्।

उच्छ्व [छ्वा] यन(न०)—बाहिर सांस निकालना।

उच्छ्वास(पु०)—सांस का बाहिर निकालना, आह भरना।

उज्झ्(६प०)—त्यागना, समाप्त करना, बांधना।

उज्जयि [यि] नी (स्त्री०)—मालवा प्रान्त की प्राचीन राजधानी जिस का राजा विक्रमादित्य इतिहासकीर्तित है।

उज्जासन(न०)—वध, क़त्ल।

उज्जि(१प०)—जीतना, जीत कर प्राप्त करना।

उज्जीव्(१प०)—तरोताज़ा करना, पुनर्वार जीवित होना।

उज्जीवन(न०)—दोबारा ज़िन्दगी।

उज्जृम्भ्(१आ०)—मुंह फाड़ना, मुंह फैलाना, चीरना। [लना।

उज्जृम्भ(पु०)—विकास, स्फुटन, खि-

उज्जृम्भाः—श्रमण्—पूर्ववत्।

उज्जवल(वि०)—चमकीला, चमकदार, शानदार, साफ़, खूबसूरत।

उज्ज्वलन(न०)—शोभा, शान, अग्नि।

उज्ज्वलित(वि०)—चमकीला, स्वच्छ।

उज्झ्(६प०)—त्यागना, छोड़ना।

उज्झक(पु०)—बादल, भक्त।

उज्झटित (वि०)—चबड़ाया हुआ, विक्षिप्त।

उञ्छ्(६प०)—सिल्ला चुगना।

उञ्छन(न०)—सिल्ला चुगना, बाज़ार में पड़े हुए दानों को चुगना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उट(न०)--पत्ती, घास ।
उटज(अस्त्री०)--झोंपड़ा, वानप्रस्थियों का घर, पर्णशाला ।
उडु (अपु०)--नक्षत्र, तारा, जल ।
उडुप (अस्त्री०)--नौका, बेड़ा ।
उडुपति (पु०)--चन्द्रमा; वरुण ।
उडुम्बर (पु०)--औदुम्बर, होजड़ा ।
उड्डानर (वि०)--भयानक, सबसे ऊंचा
उड्डी (१, ४ आ०)--ऊंचा उड़ना, परवाज़ करना । [वाज़ ।
उड्डीन (न०)--आकाश में उड़ना, पर-
उणादि (पु०)--प्रत्ययों का एक संग्रह जो 'उण्' से आरम्भ होता है ।
उत् (अ०)--शंका, विचार, कष्ट आदि का बोधक ।
उत (अ०)--विकल्प, वितर्क, अत्यर्थ, प्रश्न, सन्देह, और, भी, अथवा आदि अर्थों का बोधक ।
उतथ्य (पु०)--बृहस्पति का बड़ाभाई
उत्क (वि०)--उन्मनस्क, जिस का मन संशयाक्रान्त हो, उखड़ेमनका
उत्कट् (१ प०)--जारी होना, फूट निकलना ।
उत्कट (वि०)--लम्बा, चौड़ा, भयानक, अत्यधिक, कठिन । पु०-दारचीनी, बाण, लाल गन्ना ।
उत्कण्ठ (वि०)--तत्पर, उद्यत । [शौक,
उत्कण्ठा (स्त्री०)--बेचैनी, चिन्ता,
उत्कण्ठित (वि०)--बेचैन, चिन्तित ।
उत्कम्पन (न०)--आन्दोलन, हिलना, हिलोरा ।
उत्कर(पु०)-फैलाव, घास का फैलाना ।
उत्कर्ष (वि०)--उच्च, अत्यधिक, आकर्षक । पु०--उच्चता, अभ्युदय, बड़ोतरी ।
उत्कल(वि०)-अत्यधिक । पु०-उड़ीसा प्रदेश, शिकारी, कुली ।
उत्कलिका(स्त्री०)--चिन्ता, उत्कण्ठा
उत्कर्षण(न०)--हल जोतना ।
उत्काशन(न०)--आज्ञा देना ।
उत्कीलित(वि०)--कील जड़ा हुआ, नाल लगा हुआ ।
उत्कीर्ण (वि०)--उल्लिखित, बिंधा हुआ, फैला हुआ ।
उत्कुण(पु०)--खटमल, जूं ।
उत्कुल(वि०)--वंश से पतित ।
उत्कूट(पु०)--छाता ।
उत्कृष्(१ प०) खींचना, ऊपर उठाना, बढ़ाना, टुकड़े २ करना ।
उत्कृष्ट(वि०)--उन्नत, उखाड़ा हुआ । उत्तम, वर्द्धित ।
उत्कोच(पु०)--रिश्वत, घूंस ।
उत्कोचक (वि०)--जिसको रिश्वत दी गई हो । पु०-रिश्वत, रिश्वत पाने वाला ।
उत्क्रम् (४ प०, १उ०)--ऊपर चढ़ना, अतिक्रमण करना, अवज्ञा करना ।
उत्क्रम(पु०)-उल्टा क्रम, उन्नति की ओर बढ़ना, अतिक्रमण ।
उत्क्रमण (न०)--ऊर्ध्वगति, सवक़त, गमन ।
उत्क्रान्त (वि०)--गत, मिटा हुआ, अतिक्रान्त, मृत ।
उत्क्रुश् (१ प०)--चिल्लाना, उच्च-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

स्वर से कहना। [चिल्लाहट।
उत्कृष्ट (वि०)--चिल्लाता हुआ। न०-
उत्काश (पु०)--शोरगुल, विज्ञप्ति, चिल्लाहट।
उत्क्लेश(पु०)-घबड़ाना, बेचैनी, रोग, समुद्रीय रोग।
उत्क्लेद(पु०)--तर होना।
उत्क्षिप्(६ प०)--ऊपर फेंकना, खड़ा करना, त्यागना, वमन करना।
उत्क्षिप्त(वि०)-ऊपर फेंका हुआ आधृत, आश्रित। पु०-धतूरा।
उत्क्षेप(पु०)--ऊपर फेंकना, प्रेषण, त्याग, वमन।
उत्क्षेपण(न०)-ऊपर फेंकना, पंखा, वमन, धान मलने की लकड़ी।
उत्खन्(१ प०)-खोदना, खोद कर खाली करना, जड़ से उखाड़ना।
उत्खात(वि०)--उखाड़ा हुआ, खोदकर खाली किया हुआ। न०-खुदाना, सूराख, विषम भूमि। [लना।
उत्खिद्(६प०)-खींचकर बाहर निका-
उत्खेद(पु०)--बाहिर खींचना। [बाली
उत्तंस(पु०)-शिरोभूषण, कान की
उत्तट(वि०)-किनारों से बह निकलने वाला।
उत्तन्(८ उ०)-ऊपर की ओर फैलाना, उठाने का यत्न करना।
उत्तप्(१प०)--गर्म करना, झुलसाना, झुलसना, चमकना।
उत्तप्त(वि०)--सन्तप्त, तपाया हुआ, क्रोध में भरा हुआ, नहाया हुआ।
उत्तम(वि०)--सब से अच्छा, नफीस, सब से बढ़िया, सब से बड़ा। पु०-विष्णु, वक्ता-जैसे अहम्, आवाम्। [गुण।
उत्तमता(स्त्री०)--उम्दगी, नेकी, अच्छा
उत्तमन (न०)--बेसबरी, हिम्मत हारना।
उत्तमर्ण-र्णिक(पु०)-उधार देने वाला, महाजन, बैंकर, अधमर्ण का प्रतियोगी।
उत्तमसाहस (अस्त्री०)--सब मे बड़ा आर्थिक दण्ड, १००० वा किन्हीं के मत में ८०००० पण का दण्ड, बड़ी दिलेरी।
उत्तमा (स्त्री०)--उत्कृष्ट स्त्री।
उत्तमाङ्ग (न०)--मस्तक, शिर, शरीर का सब से अच्छा अङ्ग।
उत्तम्भ् (५,९प०) सहारा देना, थामे रखना, ऊंचा करना।
उत्तम्भन (न०)-सहारा देकर ऊपर थामे रखना।
उत्तर (वि०)-अधर का प्रतियोगी, ऊंचा, उच्चतर, वाम, प्रधान, उम्दा, अधिक। पु०-भविष्यत्काल, विष्णु, शिव, विराट् राजा का पुत्र। न०-जवाब, अदालत में डीफेंस, नतीजा, उम्दगी, अधिकता।
उत्तरकाल (पु०)--आने वाला काल।
उत्तरकोशला(स्त्री०)--अयोध्या नामक नगर।
उत्तरक्रिया (स्त्री०)--दाहकर्म। [भाग।
उत्तरखण्ड (न०)-पुस्तक का अन्तिम-
उत्तरङ्ग (वि०)--ऊंची तरंगों वाला।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

न०—दरवाज़े के ऊपर की लकड़ी।
तरुछद(पु०)—बिछौना, बिछानेकी चादर
उत्तरदिक [श्] (स्त्री०)—उत्तरदिशा।
उत्तरदिग्पाल(पु०)—कुबेर, बुधग्रह।
उत्तरपक्ष(पु०)—कृष्णपक्ष, पूर्वपक्ष का विरोध वा जवाब।
उत्तरपश्चिम (वि०)—शुमाली और मग़रबी।
उत्तरप्रत्युत्तर (न०)—बिवाद, वितण्डावाद, मुबाहिसा।
उत्तरमीमांसा (स्त्री०)—वेदान्तदर्शन जिसको महर्षि व्यास ने बनाया है।
उत्तरेरहित(वि०)—लाजवाब।
उत्तररामचरित-म (न०)—भवभूति कवि का बनाया हुआ एक प्रसिद्ध नाटक जिस में श्रीराम के अन्तिम जीवन का वर्णन है।
उत्तरवयस्(न०)—बुढ़ापा, वृद्धावस्था।
उत्तरवादी(पु०)—मुद्दाइलह, रेसपाण्डेन्ट।
उत्तरसाक्षी(पु०)—सफ़ाई का गवाह।
उत्तरसाधक (पु०)—सहायक, असिस्टन्ट।
उत्तरा(स्त्री०)—उत्तरदिशा, बिराट राजाकी कन्या जो अभिमन्यु की पत्नी थी, अच्छी, ऊंची, लायक़। [बाद में।
उत्तरात् (अ०)—उत्तर की ओर से, पश्चात्,
उत्तराधिकारी (वि०)—मृत्यु आदि के संघटन से पहिले स्वामी का अधिकार समाप्त होने पर पुत्र, पौत्र आदि दायाद, वारिस, दायभागी।
उत्तराभास (पु०)—जो उत्तर न होता हुआ तद्वत् प्रतीत होता हो, बुरा जवाब, मिथ्या उत्तर।
उत्तरायण(न०)—सूर्य की उत्तर की ओर गति. मकरसंक्रान्ति अर्थात् २२ दिसम्बर से मिथुनसंक्रान्ति अर्थात् २२ जून तक सूर्य उत्तर की ओर वृद्धिगत होता रहता है, यह उत्तरायण कहलाता है।
उत्तरार्द्ध(न०)—शरीर का ऊपर का भाग, उत्तरीय भाग, अन्तिम आधा।
उत्तरासंग(पु०)—ऊपर का कपड़ा, चादर, दुपट्टा।
उत्तरीय (वि०)—उत्तर दिशा का। न०—ऊपर का वस्त्र, चोगा या दुपट्टा।
उत्तरेण(अ०)—उत्तर की ओर से।
उत्तरेद्युः(अ०)—आने वाली कल।
उत्तरोत्तर(वि०)—अधिकाधिक।
उत्तरोत्तरम्(अ०)— आगे २।
उत्तर्जन(न०)—बुरी तरह धमकाना।
उत्तान(वि०)—फैला हुआ, तना हुआ, विस्तारशून्य।
उत्तानपाद(पु०)—ध्रुव का पिता जो स्वायम्भुव मनु का पुत्र था।
उत्तानशय(पु०)—छोटा बच्चा जो प्रायः मुख ऊपर को करके सोताहै।
उत्तानित(वि०)—उठा हुआ, फैला हुआ। [चिन्ता, प्रयत्न।
उत्ताप (पु०)—दुःख, अधिक गर्मी,
उत्तार(वि०)—बहुत ऊंचा, अच्छी पुतली वाला।
उत्ताल(वि०)—बड़ा, मज़बूत, भयानक, तीव्र। [कामयाब, तजुर्बेकार।
उत्तीर्ण(वि०)—उतरा हुआ, मुक्त,
उत्तुंग(वि०)—अत्युन्नत, बहुत ऊंचा।
उत्तेजक(वि०)—भड़काने वाला, प्रेरक।
उत्तेजन(न०)—भड़काना, प्रेरित करना, जीवन डालना, तेज़ करना।
उत्तेजना(स्त्री०) पूर्ववत् [काया।
उत्तेजित(वि०) प्रेरित, तीव्र

In Public Domain, Chambal Archive

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उत्तोलन(न०)–ऊंचा उठाना, उठाकर तोलना ।

उत्था(१ प०)–उठना, खड़ा होना, उभरना, उत्पन्न होना ।

उत्थान(न०)–ऊंचा उठना, खड़ा होना, उठान, उद्यम, युद्ध सेना, जागरण ।

उत्थानैकादशी(स्त्री०)–कार्तिक शुक्ला एकादशी, देव उठान एकादशी । वर्षाकाल के चार मास विश्राम के लिये समझे जाते थे और इस एकादशी से यात्री तथा व्यवसायिजन पुनः निज २ कार्य सम्पादन में संलग्न होते थे ।

उत्थापन(न०)–उठाना, घर खाली कराना, भड़काना, जगाना ।

उत्थित(वि०)–उठा हुआ, उद्धृत, उत्पन्न, ऊंचा, फैला हुआ ।

उत्थिति(स्त्री०)–ऊंचाई, उठान ।

उत्पट्(१० प०)–जड़से उखाड़ना, नष्ट करना । [होना ।

उत्पत्(१ प०)–झपटना, उठना, पैदा

उत्पत(पु०)–चिड़िया, पक्षी ।

उत्पतन(न०)–ऊंचा उड़ना, उत्पत्ति, ऊपर फेंकना । [आविर्भाव ।

उत्पत्ति (स्त्री०)–पैदायश, जन्म,

उत्पथ(पु०)–ग़लत रास्ता, अनुचित मार्ग, अशुद्धि ।

उत्पद्(४ आ०)–उत्पन्न होना, पैदा होना, जन्म लेना, संघटित होना ।

उत्पन्न(नू(वि०)–पैदा हुआ, उठा हुआ, न, संघटित, विदित ।

उत्पल(न०)–नीला कमल । वि०–कमज़ोर, दुबला, बिना मांस का ।

उत्पवन(न०)–पवित्रीकरण, शुद्ध करना

उत्पाट(पु०)–मूलनाश, जड़ से उखाड़ना, कर्णरोगविशेष ।

उत्पाटन(न०)–उन्मूलन, उखाड़ना ।

उत्पात (पु०)–उपद्रव, उछलकूद, अशुभ घटना, बड़ी मुसीबत, महामारी, भूचाल आदि का संघटन ।

उत्पाद(पु०)–पैदायश, जन्म, उत्पत्ति, ज़हूर ।

उत्पादक (वि०)–जन्मदाता, पैदाकरने वाला । पु०–शरभ नामक आठ पाद का कल्पित मृगविशेष ।

उत्पादन(न०)–पैदाकरना, जन्म देना

उत्पादिका(स्त्री०)–माता, दीनक ।

उत्पाली(पु०)–आरोग्य, तन्दुरुस्ती ।

उत्पीड् (१० प०)–सताना, रगड़ना, दबाना ।

उत्पीडन (न०)–सताना, दुःख देना ।

उत्पू(९उ०)–साफ़ करना, पवित्रकरना

उत्प्रास(पु०)–उपहास, हंसना ।

उत्प्रासन(न०)–फेंकना, उपहास, मज़ाक

उत्प्रेक्ष् (१ आ०)–अनुमान लगाना, आशा करना, देखना, याद करना

उत्प्रेक्षण(न०)–अनुमान, अन्दाज़ा ।

उत्प्रेक्षा (स्त्री०)–उद्भावना, आरोप, अर्थालङ्कारभेद, जिस में प्रकृत विषय को छोड़कर दूसरे के साथ एक ही होने का अनुमान किया जाय । [पर तैरना ।

उत्प्लवन(न०)–उछलना, कूदना, पानी

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उत्प्लवा(स्त्री०)—नौका, डोंगी।
उत्फल् (१प०)—कूदना, उछलना, खोलना, खिलना। [फुदकना।
उत्काल (पु०)—तीव्रगति, कूदकांद,
उत्फुल्ल(वि०)—खिला हुआ। न०-स्त्रीकरण, योनि। [हुआ पानी।
उत्स (पु०)—झरना, चश्मा, बहता
उत्सङ्ग(पु०)—गोद, क्रोड, आलिङ्गन।
उत्सञ्जन (न०)—ऊपर फेंकना, ऊपर उठाना। [गना।
उत्सद्(१प०)—डूबना, नष्ट होना, त्या-
उत्सन्न(वि०)—नष्ट, उखाड़ा हुआ, त्यक्त।
उत्सर्ग (पु०)—व्याकरण में कहा गया सामान्य नियम, त्याग, दान, यज्ञविशेष।
उत्सर्जन (न०)—त्याग, मुक्ति, दान, अनध्याय, उपाकर्म।
उत्सर्पः-पस्-लांघना, ऊर्ध्वगति, उदय।
उत्सव(पु०)—त्योहार, खुशी का अवसर, दिलबहलाव, जलसा, ऊंचाई, क्रोध, साहस।
उत्सवसङ्केताः(पु० ब०)—एक प्रकार की जंगली जाति जो हिमालय में रहती है जिन में वैवाहिक नियम का प्रचार नहीं।
उत्सह् (१आ०)—क़ाबिल बनना, शक्ति रखना, हिम्मत करना, यत्न करना, आगे बढ़ना।
उत्साद(पु०)—नाश, बरबादी, क्षति।
उत्सादक(वि०)—नाश करने वाला, नाशक।
उत्सादन(न०)—घढ़ना, दोबारा हल जोतना, नाश करना, खारिज करना, उबटना। [दर्बान।
उत्सारक (पु०)—पुलिसमैन, गारद,
उत्सारण (न०)—दूरीकरण, मार्ग का साफ़ करना, अतिथिसत्कार।
उत्साह(पु०)—यत्न, पुरुषार्थ, इच्छा, सत्र, इरादा, शक्ति, हिम्मत, खुशी।
उत्साहन(न०)—बढ़ावा, हिम्मत देना।
उत्साहवर्द्धक (वि०)—हिम्मत बढ़ाने वाला।
उत्साहवर्द्धन (न०)—हिम्मत बढ़ाना।
उत्साहसम्पन्न(वि०)—हिम्मत वाला, कर्मवीर।
उत्सिक्त (वि०)—गर्वित, अहङ्कारी, चञ्चल, बढ़ा हुआ, बाढ़युक्त।
उत्सिध् (६प०)—छिड़कना, डालना, फैलाना, गर्वित करना।
उत्सुक(वि०)—इच्छुक, बेचैन, शौक़ीन, दुविधा में पड़ा हुआ, चिन्तापूर्वक इच्छा करने वाला।
उत्सुकता(स्त्री०)—बेचैनी, शोक, दुःख, संलग्नता, जोश।
उत्सूर (पु०)—सायंसन्ध्या।
उत्सृ(१प०)—बाहिरनिकालना, हटाना
उत्सृज् (६प०)—त्यागना, वापिस करना, छोड़ना।
उत्सृप् (१प०)—ऊपर की ओर ज
उदय होना, फैलाना।
उत्सृष्ट (वि०)—त्यक्त, प्रक्षि ान,
उत्सेक (पु०)—अहङ्कार,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

छिड़कना, बाढ़ आना।

उत्सेध (वि०)—ऊंचा, लम्बा। पु०—ऊंचाई, लम्बाई। न०—वध, क़तु।

उत्स्मय (पु०)—मुसकराहट।

उत्स्वन (पु०)—ज़ोर की आवाज़।

उत्स्मि (१आ०)—मुसकराना, मूर्ख बनाना।

उदक (न०)—जल, पानी। [वाला।

उदकहार (पु०)—कहार, पानी ढोने

उदकेचर (पु०)—जलजन्तु।

उदकिल (वि०)—जलयुक्त।

उदक्या (स्त्री०)—ऋतुमती स्त्री।

उदग्रि (पु०)—उत्तर का पहाड़, हिमालय।

उदगयन (न०)—उत्तरायण।

उदग्र (वि०)—ऊंचा, उन्नत, चौड़ा, बड़ा, उदार।

उदङ्क(पु०)—चमड़े का बना हुआ घी वा तेल भरने का कुप्पा।

उदज्(१उ)—बाहिर निकालना, खदेड़ना

उदञ्च्(१उ०)—उठाना, ऊंचा करना, [जल] खींचना।

उदञ्चन (न०)—जल खींचने का डोल, ढक्कन, ऊपर फेंकना।

उदगडपाल(पु०)—मछली, सर्पविशेष।

उदधान (पु०)—घड़ा, बादल।

उदधि (पु०)—समुद्र, घड़ा, घट।

उदन् (२प०)—ऊपर की ओर श्वास लेना।

द (न०) जल, पानी।

त (पु०)—बात, वृत्तान्त, कुशल-

उत्त [illegible] समाचार, साधु।

उदन्तक (पु०)—समाचार, सूचना।

उदन्तिका(स्त्री०)—सन्तुष्टि, सन्तोष।

उदन्य (वि०)—प्यासा, जलयुक्त।

उदन्या (स्त्री०)—प्यास।

उदन्वान् [वत्](वि०)—तरङ्गों वाला। पु०—समुद्र।

उदपात्र (न०)—गिलास, बर्त्तन।

उदपान(अस्त्री०)—कुए के पास पानी का चौबच्चा।

उदय (पु०)—उठना, ऊपर जाना, चमकना, उत्पत्ति, सन्तति, ऊंचाई, कामयाबी, लाभ, आमदनी।

उदयन(न०)—ऊपर उठना वा चढ़ना, नतीजा, परिणाम। पु०—अगस्त्य मुनि, वत्सराज, उदयनाचार्य।

उदर(न०)—पेट, जठर, नाभि और स्तनों के बीच का स्थान, पेट का रोग, लड़ाई।

उदरम्भरि (वि०)—स्वार्थी, पेटू, पञ्च महायज्ञ के किये बिना पेट भरने वाला।

उदरावर्त्त(पु०)—नाभि, नाफ़।

उदरिक(वि०)—मोटा, बड़े पेट का।

उदरिणी(स्त्री०)—गर्भवती स्त्री।

उदरधि(पु०)—समुद्र, सूर्य्य।

उदर्क(पु०)—नतीजा, परिणाम, फल।

उदर्चिस् (वि०)—प्रभायुक्त चमकीला। पु०—अग्नि, शिव, कामदेव।

उदर्द (पु०)—एक प्रकार का ज्वर जो शिशिर ऋतु में होता है इस में रक्तवर्ण के ददोरे निकल आते हैं। ददोरे, जुड़पित्ती।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उदवसित(न०)--घर, मकान।
उदश्रु(वि०)--ज़ार ज़ार रोने वाला।
उदस् (४ प०)--ऊपर फेंकना, ऊपर उठाना; ऊंचा करना।
उदसन(न०)--ऊपर उठाना, बाहिर निकालना।
उदात्त(पु०)--ऊंचे स्वर से उच्चारित अक्षर, दान, बड़ा ढोल। वि०-ऊंचा, उदार, बड़ा, मनोहर।
उदान(पु०)--गले में रहने वाला वायु, नाभि, सर्पभेद।
उदार(वि०)--फ़य्याज़; दाता, चतुर, खुलादिल, ईमानदार, दयालु, मनोहर।
उदारचरित(वि०)--उदार हृदय वाला, सब का भला चाहने वाला।
उदारता(स्त्री०)--फ़ैयाज़ी, उदारपना, चतुरता; नेकी, भलाई।
उदारदर्शन(वि०)--प्रियदर्शन, मनोहर।
उदारथि(वि०)--ऊपर जाने वाला। पु०--विष्णु।
उदास् (२आ०)--उपेक्षा करना, सुस्त होना; शौक़ न रखना।
उदास—सी(वि०)--रागद्वेषरहित, बे परवाह; उपेक्षा करने वाला, मध्यस्थ।
उदासीन(वि०)--पूर्ववत्।
उदाहरण(न०)--किसी बात को एक स्थान पर प्रदर्शित कर सम्पूर्ण स्थानों में दिखलाना; दृष्टान्त, मिसाल। [प्रस्तावना।
उदाहार (पु०) मिसाल; उदाहरण,
उदाह्(१प०)--बयान करना; कहना; मिसाल देना।
उदाहृत(वि०)--कहा हुआ, कथित, मिसाल के तौर पर दिखाया हुआ।
उदि (२प०)--उदय होना, दिखलाई देना, उत्पन्न होना, उगना।
उदित(वि०)--उगा हुआ, चढ़ा हुआ, ऊंचा; कहा हुआ; उत्पन्न।
उदिति(स्त्री०)--उदय; वाणी।
उदीक्ष् (१आ०)-देखना, घूरना; आशा करना, इन्तिज़ार करना।
उदीची(स्त्री०)-उत्तर की दिशा।
उदीचीन(वि०)-उत्तर का, उत्तर की ओर झुका हुआ।
उदीच्य(वि०)-उत्तर दिशा का। पु०-भारतवर्ष का उत्तरीय भाग।
उदीप(पु०)-पानी का चढ़ आना, बाढ़
उदीरण(न०)--कहना, उच्चारण करना, बोलना। [हुआ।
उदीर्ण (वि०)--उदार, महान्; बढ़ा
उदुम्बर(पु०)-गूलर का वृक्ष, उडुम्बर
उदूढ(वि०)-विवाहित, मोटा।
उद्गत(वि०)-उदय हुआ, उदित, निकला हुआ।
उद्गम्(१प०)-उठना; निकलना, अंकुर उगना, ऊपर आना।
उद्गम (पु०)-बहिर्गमन, उत्पत्ति आरम्भ, ऊंचाई, अङ्कुर, वमन बाहिर आना। ।
उद्गमन(न०)-प्रत्यक्ष होना। ।
उद्गमनीय(न०)--धुले हुए दो.न,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जो कि विवाह के समय वर और कन्या को दिये जाते हैं।

उद्गाढ (वि०)–गहरा, अतिशय, ज्यादा।

उद्गाता(पु०)–सामवेद का गायक।

उद्गार(पु०)–वमन, क़ै, शब्द।

उद्गीथ(पु०)–सामवेद का एक भाग।

उद्गुर्(६ आ०)–गर्जकर बोलना।

उद्गूर्ण (वि०)–तैयार, उद्यत।

उद्गै(१ प०)–उच्चस्वर से गाना, आरम्भ करना, साम का गान करना।

उद्ग्रंथ(१, ९ उ०)–मिलाकर बांधना, बंडल बनाना; गूंथना।

उद्ग्रन्थ(पु०)–अध्याय, परिच्छेद।

उद्ग्रह्(९ प०)–ऊपर उठाना, ऊंचा करना।

उद्ग्राह (पु०)–ऊपर उठाना, सन्धि का नियमविशेष, ऐतराज़।

उद्ग्राहणिका(स्त्री०)–वादविवाद में दिया हुआ प्रत्युत्तर। [अग्नि।

उद्घ (पु०)–उम्दगी, महत्त्व, खुशी,

उद्घटित(न०)–इशारा।

उद्घाटक(पु०)–कुञ्जी, डोलरस्सी।

उद्घाटन (न०)–खोलना, परदा उठाना, घीड़ी।

उद्घाटित(वि०)–खोला हुआ, ज़ाहिर किया हुआ, उठाया हुआ।

उद्घाटितांग(वि०)–नंगा। [वार्ता।

उद्घोष(पु०)–घोषणा; सार्वजनिक

[illegible]ंश(पु०)–खटमल, जूं, मच्छर।

[illegible]ड(वि०)–कड़ा, भयानक, उच्छृं-[illegible]ल, बेक़ाबू।

उद्दण्डता (स्त्री०)–उजड्डपन।

उद्दम(पु०)–दमन करना, भींचना।

उद्दीन(न०)–बांधना, अंगीठी; समुद्र की अग्नि।

उद्दान्त(वि०)–साहसिक; विनयावनत।

उद्दाम (वि०)–बेरोक, अरुद्ध; मस्त; भयानक; स्वेच्छाचारी; मग़रूर। पु०–यम; वरुण।

उद्दालक(पु०)–एक ऋषि का नाम।

उद्दिन(न०)–दोपहरी।

उद्दिश्(६ उ०)–बतलाना; ज़ाहिर करना; नाम लेना; व्याख्या करना। [सम्बन्ध से।

उद्दिश्य(अ०)–लिये; वास्ते; बसबब,

उद्दिष्ट(वि०)–इच्छित; कथित; उपदिष्ट

उद्दीप्(४आ०)–रोशनकरना; चमकना।

उद्दीपक(वि०)–चमकाने वाला; तेज़ करने वाला।

उद्दीपन(न०)–प्रकाशन; रोशनी; भड़काना; तेज़ करना।

उद्दीप्त(वि०)–भड़काया हुआ; रोशन, चमकीला।

उद्देश (पु०)–अनुसंधान, अभिप्राय, इच्छा, निशान, तलाश, नाम पर, वस्तु का नाम लेना।

उद्देहिका(स्त्री०)–दीमक, कुरा।

उद्योत (पु०)–रोशनी, चमक, अध्याय, परिच्छेद।

उद्धत (वि०)–उजड्ड, भड़का हुआ, उन्नत, गंवार। पु०–राजाओं का पहलवान।

उद्धतमनस्क (वि०)–उदाराशय, उजड्ड, मग़रूर।

उद्धरण(न०)–खींचकर निकालना, [कपड़े]

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उतारना, रिहाई, छुटकारा, ऋण से मुक्ति।

उद्धर्ष (पु०)—बड़ी खुशी, उत्सव।

उद्धव (पु०)-उत्सव, कृष्णके एक चचा का नाम। [हुए हों।

उद्धस्त (वि०)-जिसके हाथ ऊपर को उठे

उद्धार (पु०)-बचाव, रिहाई, उखाड़ना; छुटकारा, मुक्ति, अभ्युदय, अंगीठी।

उद्धारक (पु०)-उद्धार करने वाला।

उद्धारा (स्त्री०)-गुड़ची, गिलोय।

उद्धुर (वि०)-बोझ से मुक्त, जोत से खुला हुआ, आज़ाद।

उद्धूत (वि०)--फेंका हुआ, उठाया हुआ, हिला हुआ। [फेंकना

उद्धूनन (न०)--उछालना, ऊंचा

उद्धूषण(न०)--रोंगटे खड़े होना, भयभीत होना।

उद्धृ (१; १० प०)--उद्धार करना, बचाना, रिहाई दिलाना।

उद्धृत(वि०)--उठा हुआ,उखाड़ा हुआ गृहीत, नष्ट।

उद्ध्मा (१प०)--सांस बाहिर निकालना, फूंकना, बिगुल बजाना।

उद्ध्मान (न०)--चूल्हा, अंगीठी।

उद्बंध (न०)--बांधना, लटकाना।

उद्बल(वि०)--मज़बूत, शक्तिशाली।

उद्बाहु (वि०)- ऊपर को हाथ उठाए हुए।

उद्बुद्ध(वि०)--खिला हुआ,जगा हुआ।

उद्बोधः-नम्-जागरण, थोड़ी समझ, याददाश्त।

उद्भट (वि०)-उम्दा, बढ़िया, उन्नत। पु०--कछुआ, छाज।

उद्भव (पु०)--उत्पत्ति,जन्म,पैदायश।

उद्भावन (न०)--सोचना, उत्पत्ति विस्मृति।

उद्भास् (१आ०)--चमकना, चमकाना।

उद्भिज्ज(वि०)-पृथ्वी फाड़कर उत्पन्न हुआ जैसे वृक्ष, झाड़ी, वनस्पति आदि।

उद्भिद् (पु०)--अंकुर उगना, जन्म लेना, निकलना।

उद्भिद् (पु०)=अंकुर, पौदा, झरना।

उद्भिद्विद्या (स्त्री०)-वनस्पतिशास्त्र, बोटेनी।

उद्भिन्न (वि०)-उत्पन्न, अंकुरित, खिला हुआ।

उद्भूत (वि०)-पूर्ववत्।

उद्भेदः-नम्--उत्पत्ति, ज़हूर; चश्मा, बाहिर निकालना, भेद बताना।

उद्भ्रम(पु०)--उद्वेग, व्याकुलता, घबड़ाहट, भूल, चिन्ता।

उद्भ्रान्त(वि०)-चिन्तातुर, घबड़ाया हुआ, भयभीत।

उद्यत(वि०)--तत्पर; तय्यार; उन्नत, मुस्तैद। पु०--अध्याय, परिच्छेद।

उद्यम(पु०)--उद्योग; कोशिश, परिश्रम, हिम्मत। [वीर।

उद्यमी(वि०)-मेहनती, परिश्रमी, कर्म-

उद्या(२ प०)--उदय होना, चढ़ना, अंकुर उगना।

उद्यान(अन्नी०)—सैर, टहलना, बाग़, वाटिका, क्रीडास्थल,अभिप्राय।

उद्यानक (न०)-वाटिका, बग़ीचा।

उद्यानपाल [रक्षक] (पु०)-बाग़वान,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

माली । [का अन्त ।
उद्यापन (न०)-समाप्ति, पूर्ति, व्रत
उद्योग (पु०)-यत्न, चेष्टा, उत्साह, उद्यम ।
उद्योगपर्व (पु०)-महाभारत का पांचवां पर्व [अध्याय]।
उद्योगी (वि०)-मेहनती, परिश्रमी ।
उद्राव (पु०)--शोरगुल, गर्जन ।
उद्रिक्त (वि०)--बढ़ा हुआ, अधिक ।
उद्रेक (पु०)--बढ़ोतरी, बहुतायत, आरम्भ ।
उद्रेकभङ्ग (पु०)--शिर मुंड़ाते ही ओले पड़ना, आरम्भ में ही हिम्मत हारना ।
उद्वम् (१प०)--बाहिर फेंकना, क़ै करना,
उद्वमन (न०)--वमन, क़ै, व्याघ ।
उद्वर्तन (न०)--उछलना, चन्दन लगाना, विलेपन । [हास ।
उद्वर्धन (न०)--बढ़ोतरी, दबाया हुआ
उद्वह् (१ प०)--विवाहना, घर ले जाना, थामना, अनुभव करना, रखना ।
उद्वह (पु०)-पुत्र, विवाह । [लेजाना ।
उद्वहन (न०)-विवाह, कब्ज़ा रखना,
उद्वहा (स्त्री०)-पुत्री ।
उद्वान्त (वि०)-बाहिर निकला हुआ, वमन किया हुआ, उद्गीर्ण ।
उद्वासः-नम्-वध, त्याग, विसर्जन ।
उद्वाह (पु०)-विवाह, शादी, परिणय ।
उद्वाहिक (वि०)-विवाह सम्बन्धी ।
उद्वाहित (त्रि०)-विवाहित, उठाहुआ । खिंचा हुआ ।

उद्विग्न (वि०)-घबड़ाया हुआ, चिन्तातुर ।
उद्विज् (६आ०)-उद्विग्न होना, दुःखी होना, भयभीत होना ।
उद्वेग (पु०)-चित्त का व्याकुल होना, डर, भय, चिन्ता ।
उद्वेप (पु०)-हिलना, कांपना ।
उद्वेल (वि०)-सीमा से बाहिर जाने वाला, किनारों से बाहिर हो कर बहने वाला । [दस्ताना ।
उद्वेष्टन (न०)-बाड़ा, पगड़ी, जुर्राब,
उधस्=ऊधस्, थन ।
उन्द् (७प०)-तर करना, गीला करना, जल छिड़कना ।
उन्द[न्दु-न्दू]रु-र (पु०)-मूषा, चूहा,
उन्न (वि०)-भीगा हुआ, गीला ।
उन्नत (वि०)-उन्नत, ऊंचा, महान्, बड़ा ।
उन्नति (स्त्री०)-उदय, बढ़ती, बढ़ोतरी, गरुड़ की स्त्री ।
उन्नद्ध (वि०)-अच्छी तरह से बन्धा हुआ, बढ़ा हुआ ।
उन्नम् (१प०)-उठना, उदय होना, उन्नति पाना ।
उन्नमित (वि०)--उन्नत, बढ़ा हुआ ।
उन्नयन (न०)-वितर्क, दलील, ऊंचा करना ।
उन्नस (वि०)-ऊंची नाक वाला ।
उन्नह् (४प०)-चारों तरफ से बांधना, बाहिर खींचना, उगना ।
उन्निद्र (वि०)-जिसे नींद न आती हो, खिला हुआ, जगा हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उन्नी (१ प०)-ऊपर ले जाना, खड़ा करना, रिहाई दिलाना।

उन्मज्ज् (६ प०)-जल में से बाहिर निकलना, उगना।

उन्मज्जक (पु०)-जल में खड़ा हो कर तपस्या करने वाला।

उन्मत्त (वि०)-पागल, उन्मादयुक्त। पु०-धतूरा।

उन्मद (वि०)-पागल, नशे में भरा हुआ।

उन्मनः-स्क (वि०)-जिसका दिल उखड़ गया हो, बेचैन, बेसबरा।

उन्मथ् (१,६ प०)—हिलाना, मन्थन करना मारना, मिलाना।

उन्मथ-न्थ (पु०)-बध, गड़बड़, आन्दोलन।

उन्मन्थ् (१,६ प०) = उन्मथ्।

उन्मन्थन (न०)-बध, हिलोरा, छड़ी से मारना।

उन्माथ (पु०)-मारना, हिलाना, बड़ा कष्ट।

उन्माद (पु०)-पागलपन, दिलका बहुत घूमना, बुद्धि का स्थिर न रहना।

उन्मादक (वि०)-पागल बनाने वाला। पु० धतूरा।

उन्मादन (पु०)-कामदेव के पञ्च शरों में से एक।

उन्मादी (वि०)-शराबी।

उन्मान (न०)-तोलना, नापना, बाट।

उन्मार्ग (पु०)-ग़लत रास्ता, अनुचित व्यवहार।

उन्मित (वि०)-मापा हुआ, तोला हुआ।

उन्मिति (स्त्री०)-माप, मूल्य।

उन्मिष् (६ प०)-आंख खोलना, खिलना, उगना।

उन्मिष (पु०)-आंख खोलना।

उन्मिषित (वि०)-खिला हुआ, प्रफुल्ल, थोड़ासा चमका हुआ।

उन्मील् (१प०)-आंखें खोलना, जागना, खिलना, प्रकट होना।

उन्मीलः-नम्-जागरण, खिलना, आंखें खुलना, आलेख्य।

उन्मीलित (वि०)-खिला हुआ, जगा हुआ।

उन्मुख (वि०)-ऊपर को मुंह उठाये हुए, उद्यत, तैयार।

उन्मुच् (६ उ०)-खोलना, ढीला करना, मुक्ति देना, फेंकना।

उन्मुद्र (वि०)-विना मुंदा हुआ, खिला हुआ, खुला हुआ।

उन्मूल् (१० प०)-उखाड़ना, जड़ से खोना, नष्ट करना।

उन्मूलन (न०)-जड़ से उखाड़ना, अत्यन्त नाश।

उन्मेदा (स्त्री०)-मुटापा।

उन्मेय (वि०)-मापने योग्य। न०-तोल, वज़न।

उन्मेषः-णम्-थोड़ा प्रकाश, नेत्र आदिका खोलना।

उप (अ०)-समीपता, व्याप्ति, आरम्भ, पूजा, उपरति, उपघात आदि अर्थों का बोधक।

उपकण्ठ (वि०)-नज़दीक, समीप। अस्त्री० समीपता, घोड़े की उछलने की चाल।

उपकथा (स्त्री०)-छोटी कहानी।

उपकरण (न०)-प्रधान साधन जिस से उपकार किया जाता है।

उपकर्ण् (१० उ०)—सुनना।

उपकार्णिका (स्त्री०)-अफवाह, मिथ्या अपवाद, किम्वदन्ती।

उपकर्त्ता (वि०)-उपकार करने वाला, मित्र

उपकार (पु०)-मदद, सहायता, मेहरबानी, बन्दरबार।

उपकारक (वि०)-उपकार करने वाला, मददगार, सहायक।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपकारिका(स्त्री०)–रक्षा करने वाली, सहायिका, राजा का महल, तम्बू, पटभवन।
उपकारी (वि०)–मददगार, उपकार करने वाला।
उपकार्य (वि०)–उपकार के योग्य।
उपकार्या (स्त्री०)–राजभवन, शाही ख़ेमा। [दबाना।
उपकिरण (न०)–व्याप्ति, गाड़ना,
उपकुञ्चिका (स्त्री०)–छोटी इलायची, काला जीरा।
उपकुम्भ (वि०)–समीप, अकेला।
उपकुल्या(स्त्री०)-नहर,नाली,पीपल।
उपकूज् (१प०)–गुंजा डालना।
उपकूप (पु०)–कुए के पास का जलाशय, चौबच्चा। [भूमि।
उपकूल (न०)-किनारे के पास की
उपकृ (८उ०)–समीप लाना, उपकार करना, मदद देना, सहायता पहुंचाना।
उपकृत (वि०)–उपकार पाया हुआ, सहारा दिया हुआ। न०–सहायता, उपकार। [नेकी।
उपकृति(स्त्री०)–उपक्रिया,सहायता,
उपक्रन्ता (पु०)–कार्य को आरम्भ करने वाला।
उपक्रम् (१आ०;४प०)–समीप जाना, आरम्भ करना, आक्रमण करना, उपचार करना।
उपक्रम (पु०)–आरम्भ, साहसिक कार्य, हिकमत, इलाज।
उपक्रमण (न०)---समीपागमन, साहस, आरम्भ, इलाज। [बना।
उपक्रमणिका(स्त्री०)-भूमिका, प्रस्ता-
उपक्रमणीय (न०)--आरम्भ करने योग्य।
उपक्रीडा (स्त्री०)-खेलने का मैदान।
उपक्रुश् (१प०)--दोष देना, धिक्कारना, झिड़कना। [निन्दा, तर्जना।
उपक्रोशः–नम्—धिक्कार, भर्त्सना,
उपक्रोष्टा (वि०)–निन्दक। पु०–गधा।
उपक्षय (पु०)–नाश, सड़ना।
उपक्षीण(वि०)–नष्ट,ख़र्च किया हुआ, शक्तिरहित।
उपक्षेप(पु०)–फेंकना, इशारा, प्रस्ताव, धमकी, आरम्भ।
उपगण(वि०)–नीची कक्षा का। पु०–छोटी कक्षा।
उपगन्ध (पु०)–खुशबू, सुगन्धि।
उपगम् (१प०)–समीप जाना, प्राप्त करना, मुलाक़ात करना, प्रवेश करना, सहारना।
उपगमः–नम्--पास जाना, अङ्गीकार, जानना, प्राप्ति, संगत। [हुआ।
उपगीत (वि०)–चारणों द्वारा गाया
उपगीति (स्त्री०)–आर्या छन्द का एक भेद।
उपगुरु (पु०)–असिस्टेंट मास्टर।
उपगुह् (१उ०)–आलिंगन करना, छिपाना, चारों ओर बांधना।
उपगूढ (वि०)--छिपा हुआ, आलिंगन किया हुआ।
उपगूहन (न०)--आलिंगन, आश्चर्य, गुप्तीकरण।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपगै (१ प०)--गुणानुवाद गाना, मिलकर गाना ।
उपग्रह (पु०)--पराजय, क़ैद, क़ैदी, मेहरबानी, राहु, केतु ।
उपग्रहण (न०)--पकड़ना, सहारा देना, वेदाध्ययन ।
उपग्राह(पु०)--नज़राना,तोहफ़ा,भेंट।
उपघात (पु०)- अपकार, नाश, चोट ।
उपघ्न(पु०)--लगातार सहारा, शरण देना, रक्षा ।
उपचय(पु०)-वृद्धि, उन्नति,बढ़ोतरी ।
उपचर् (१ प०)-सेवा करना, टहल करना, पूजा करना ।
उपचर(पु०)-इलाज, चिकित्सा ।
उपचार (पु०)-सेवा, टहल, पूजन, आतिथ्य , इलाज, वर्ताव ।
उपचारक(पु०)-टहल करने वाला, चिकित्सक, मआलिज ।
उपचारिका(स्त्री०)-दाई, टहलनी ।
उपचार्य(पु०)-संस्कृत अग्नि, वेदी ।
उपचि(५ उ०)-इकट्ठा करना, ढेर लगाना ।
उपचित(वि०)-एकत्रित, वर्द्धित ।
उपचित्र(पु०)-एक छन्दोविशेष ।
उपच्छद(पु०)-छोटा शामियाना,मशहरी
उपज(वि०)--अधिक उत्पन्न,वर्द्धित ।
उपजन्(४ आ०)-जन्म लेना, पैदा होना, संघटित होना ।
उपजप् (१ प०)-कानाफूंसी करना ।
उपजाति(स्त्री०)-छन्द का एक भेद ।
उपजाप(पु०)-कानाफूंसी, विरोध का बीज बोना ।
उपजीव्(१ प०)-सहारे से जीना ।
उपजीवन(न०)-निर्वाह का साधन ।
उपजीविका (स्त्री०)-गुज़ारा, वृत्ति, रोज़ी ।
उपजीवी (वि०)-नौकर, आश्रित ।
उपजोष (पु०)-प्रीति, सेवन ।
उपज्ञा(९आ०)-जानना,मालूम करना ।
उपज्ञात(वि०)-ईजाद किया हुआ, आविष्कृत ।
उपढौकन(न०)-भेंट,नज़राना,तोहफ़ा।
उपतप्(१ प०)-गर्म करना, ज्वराक्रान्त होना ।
उपताप(पु०)-गर्मी, कष्ट, रोग, जल्दी।
उपत्य (वि०)-अधःस्थित ।
उपत्यका (स्त्री०)--पहाड़ के नीचे की भूमि, तराई ।
उपदंश्(१ प०)-काटना, कुतरना ।
उपदंश(पु०)-आतशक, गर्मी का रोग, काटना, डसना, डंक मारना ।
उपदर्शन(न०)-व्याख्या, टीका ।
उपदा (स्त्री०)-रिश्वत, नज़राना ।
उपदान (न०)-पूर्ववत् ।
उपदिश्(६उ०)-उपदेश करना, शिक्षा देना, बतलाना । स्त्री०—दो दिशाओं के बीच की दिशा ।
उपदिशा(स्त्री०)-दम्यानी दिशा या कोण जैसे ईशान, वायव्य,नैर्ऋत्य और आग्नेय ।
उपदिष्ट (वि०)-उपदेश किया हुआ, सिखलाया हुआ ।
उपदेश(पु०)-शिक्षा, सलाह, भलाई की बात, सीख ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपदेशक (पु०)–सिखाने वाला, शिक्षक, गुरु, रहनुमा ।

उपदेष्टा(पु०)–गुरु, शिक्षक, आचार्य ।

उपदेह(पु०)–ढक्कन, मलहम ।

उपद्रव (पु०)–दुर्घटना, उत्पात, विद्रोह, झगड़ा ।

उपद्रवी(वि०)–उपद्रव करने वाला, विद्रोही, झगड़ालू ।

उपद्वीप(पु०)–टापू, चारों ओर से पानी से घिरा हुआ स्थान ।

उपधा(३ उ०)–ऊपर रखना, आदेश करना । स्त्री०–धोखा, छल, कपट, व्याकरण की एक संज्ञा ।

उपधातु(पु०)–सोनामाखी, नीलाथोथा हरताल, अभ्रक, खपड़िया, सुर्मा और मनशिल ये सात धातु उपधातु कहलाती हैं ।

उपधान(न०)–विशेषता, तकिया, विष, मेहरबानी, प्रणय, प्रेम ।

उपधानीय(न०)–तकिया ।

उपधारण(न०)–किसी दूरस्थ वस्तु को छड़ [लग्गी] आदि से खींचना ।

उपधि(पु०)–छल, कपट, जानबूझ कर कुछ का कुछ कहना ।

उपधिक(पु०)–छलिया, कपटी, ठग ।

उपधूपित(वि०)–सन्तप्त, मृत्यु के समीप

उपधृति(स्त्री०)–किरण, रश्मि ।

उपध्वस्त(वि०)–मिश्रित, नष्ट, बर्बाद ।

उपनगर(न०)–पुरवा, क़स्बा, छोटा शहर ।

उपनत(वि०)–समीपागत, समीपस्थ ।

उपनम् (१ प०)–समीप आना, संघटित होना ।

उपनय(पु०)–उपनयन, शिक्षार्थ गुरुकुल में पहुंचाना ।

उपनयन (न०)–यज्ञोपवीतसंस्कार, इस के पश्चात बालक गुरुकुल में प्रविष्ट होता है । मनुस्मृति के लेखानुसार ब्राह्मणपुत्र का ८ वर्ष की अवस्था में, क्षत्रियपुत्र का ११ और वैश्यपुत्र का १२ वर्ष की अवस्था में यज्ञोपवीतसंस्कार होना चाहिये ।

उपनह् (४ प०)–बांधना, बंडल बनाना ।

उपनहन(न०)–बंडल, बस्ता, बांधने का कपड़ा ।

उपनाम(न०)–उपाधि, छोटा नाम ।

उपनाहन(न०)–मलहम लगाना, लेप करना ।

उपनिधान(न०)–समीप रखना, अमानत [नत ।

उपनिधि(पु०)–अमानत, दूसरे के विश्वास पर रक्खी हुई चीज़ ।

उपनिपात(पु०)–समीप आगमन, आकस्मिक घटना ।

उपनिवेश(पु०)–छावनी, कालोनी, अन्य देश में बस्ती डालना ।

उपनिवेशित(वि०)–दूसरी जगह से आकर बसा हुआ ।

उपनिषद् (स्त्री०)–अध्यात्मज्ञान की प्राप्ति के लिये गुरु के पास बैठना । वेद और ब्राह्मणभाग के वे उद्धृतांश जिन में ब्रह्मविद्या का वर्णन है । मुख्य उपनिषद् १०

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

हैं, यथा—ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य और बृहदारण्यक।

उपनिष्कर (पु०)—राजपथ, शारेआम, स्ट्रीट।

उपनी (१प०)—पास लाना, भेंट करना, हवाले करना।

उपनीत (वि०)—समीप लाया हुआ, प्राप्त, यज्ञसूत्रधारी।

उपनृत्य (न०)—नाचघर, बालरूम।

उपनेता (पु०)—आचार्य, यज्ञोपवीत देने वाला गुरु।

उपनेत्र (न०)—आंख पर लगाने का चश्मा, ऐनक।

उपन्यस् (४ प०)—सामने रखना, हवाले करना, व्याख्या करना।

उपन्यास (पु०)—पास रखना, अमानत, भूमिका, वाक्यरचना, नाविल, दिलबहलाव की कहानी।

उपपति (पु०)—ऐसा पुरुष जिस से अन्यविवाहित स्त्री प्रेम करती हो, जार, आशना।

उपपत्ति (स्त्री०)—युक्ति, हेतु, घटना, संगति, प्राप्ति, दलील।

उपपद् (४आ०)—पहुंचना, प्राप्त होना, संघटित होना।

उपपन्न (वि०)—प्राप्त, शरणागत, सम्पन्न।

उपपातक (न०)—छोटा पाप, मनु के अनुसार गोबध, आत्मविक्रय, परस्त्रीगमन आदि उपपातक हैं।

उपपादन (न०)—सिद्ध करना, साबित करना, परीक्षा।

उपपादित (वि०)—प्रतिपादित, सिद्ध।

उपपार्श्व (अव्ययी०)—कंधा, दूसरी तरफ़।

उपपुर (न०)—पुरवा, शहर के पास की छोटी बस्ती।

उपपौरिक (वि०)—पुरवे में रहने वाला।

उपपुराण (न०)—अठारह मुख्य पुराणों से भिन्न अठारह उपपुराण भी हैं।

उपपुष्पिका (स्त्री०)—जंभाई लेना, [जम्भाई।

उपप्लव (पु०)—विपत्ति, हलचल, बाढ़, उत्पात, बाधा।

उपबहु (वि०)—चन्द, थोड़े।

उपभंग (पु०)—पीछे की ओर भागना, लौटना।

उपभुक्त (वि०)—बर्ता हुआ, उच्छिष्ट, [व्यवहृत।

उपभोक्ता [स्त्री० क्त्री] (पु०)—उपभोग करने वाला, आनन्द उठाने वाला।

उपभोग (पु०)—इस्तैमाल, व्यवहार, बर्तना, बिलास की सामग्री।

उपभोग्य-क्रव्य (वि०)—व्यवहारयोग्य, क़ाबिले इस्तैमाल।

उपमन्त्री (पु०)—सहायकमन्त्री, असिस्टेण्ट सैक्रेटरी।

उपमन्थनी (स्त्री०)—झलार, आग कुरेदने की छड़।

उपमर्दः—नम्—रगड़, दबाव, नाश, भर्त्सना, अभियोग की तरदीद।

उपमन्ता (पु०)—पति, वर।

उपमा (२प०, ३आ०)—मुकाबिला करना, तौलना। स्त्री०-मिसाल, समानता, उदाहरण, तुलना, सादृश्य।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपमाता[त्री] (पु०)–उपमा देने वाला, मूर्ति बनाने वाला । स्त्री०–सौतेली मा, धाय ।

उपमाति (स्त्री०)–तुलना, बध ।

उपमान (न०)–वह वस्तु जिस से उपमा दी जाय ।

उपमित (वि०)–जिस की उपमा दी गई हो, जिस पर उपमा घटती हो ।

उपमिति (स्त्री०)–उपमा वा सादृश्य से होने वाला ज्ञान ।

उपमेय (वि०)–उपमा देने योग्य, वर्णनीय । [करने वाला ।

उपयन्ता (पु०)–पति, स्त्री से विवाह

उपयम् (१उ०)–विवाह करना, पकड़ना, अंगीकार करना ।

उपयमः–नम्–विवाह, शादी, रोक ।

उपया (२ प०)–पास जाना, पहुंचना ।

उपयाच् (१आ०)–चाहना, मांगना ।

उपयाचित (वि०)–मांगा हुआ । न०–याचना ।

उपयुक्त (वि०)–ठीक, योग्य, कारआमद, भक्षित, उचित, मौजूं ।

उपयुज् (७ आ०)–इस्तैमाल करना, काम में लाना ।

उपयोग (पु०)–इस्तैमाल, औषध देना वा तैयार करना, औचित्य, अच्छा व्यवहार ।

उपयोगिता (स्त्री०)–आवश्यकता, फ़ायदा, अच्छापन, मुफ़ीद होना, मेहर्बानी ।

उपयोगी (वि०)–अनुकूल, फ़ायदेमन्द, उचित, काम देने लायक ।

उपयोजन (न०)–घोड़े को गाड़ी में जोतना ।

उपरक्ष (पु०)–शरीररक्षक ।

उपरक्त (पु०)–ग्रस्त सूर्य वा चन्द्र, राहु। वि०–विपद्ग्रस्त, रंगा हुआ।

उपरत (वि०)–ठहरा हुआ, बैरागी, मुर्दा । [विरागता ।

उपरति(स्त्री०)–मृत्यु, उदासीनता,

उपरतात्(अ०)–समीप में ।

उपरम्(१ प०)--बन्द होना, रुकना ।

उपरमः–णम्-निवृत्ति, परहेज़, विषयभोग का त्याग ।

उपराग(पु०)–लाली, लाल रंग, तकलीफ़, उपद्रव, भर्त्सना; चन्द्रग्रहण वा सूर्यग्रहण । [निधि ।

उपराज(पु०)–वाइसराय, राजप्रति-

उपराम(पु०) रुकना, ठहरना, परहेज़, त्याग, मृत्यु ।

उपरि(अ०)–ऊपर, ऊंचे पर ।

उपरिगत(वि०)–चढ़ा हुआ, ऊपर गया हुआ ।

उपरिभाग(पु०)–ऊपर का हिस्सा ।

उपरिष्टात(अ०)–ऊपर, ऊपर की ओर, उच्चैः । [क़ैदी ।

उपरुद्ध(वि०)–रुका हुआ, ठहरा हुआ,

उपरुध्(७उ०)–रोकना, ठहराना ।

उपरोध(पु०)–रोकना, दिक़ करना, विरोध, इन्कार । [बादल ।

उपल (पु०)–चट्टान, पत्थर, रत्न,

उपलक्ष्(१० प०)–देखना, ग़ौर करना, चिन्ह करना ।

उपलक्षण(न०)–देखना, चिन्ह, नाम ।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वह शब्दशक्ति कि जिस से निर्दिष्ट वस्तु से भिन्न तत्सदृश वस्तु का ज्ञान होता है अर्थात अजहत्स्वार्था लक्षणा ।

उपलब्ध(वि०)–प्राप्त, अधीत, जाना हुआ । [अनुमान ।

उपलब्धि(स्त्री०)–प्राप्ति, ज्ञान, समझ,

उपलभ्(१ आ०)–जानना, समझना, सीखना, प्राप्त करना ।

उपलम्भ(पु०)–ज्ञान, अनुभव, प्राप्ति ।

उपलालिका(स्त्री०)–प्यास, पिपासा ।

उपलिप्सा(स्त्री०)–प्राप्त करने की इच्छा । [करना ।

उपवद्(१आ०)–बातें करना, खुशामद

उपवन(न०)–बाग़, उद्यान, कुञ्ज ।

उपवर्ण् (१० प०)–व्याख्या करना ।

उपवर्णन(न०)–एकर बात की व्याख्या या बयान । [सिरहाना ।

उपवर्ह (पु०)–शिरोधान, तकिया,

उपवस्(१ प०)–रहना, आबाद होना ।

उपवसथ(पु०)–ग्राम, उपवास का दिन ।

उपवस्त(न०)–उपवास, निराहार ।

उपवस्ति(स्त्री०)–जीवन का आश्रय वा आधार जैसे अन्न, निद्रा ।

उपवह्(१ प०)–पास लेजाना, आरम्भ करना । [करना ।

उपवास (पु०)–अनाहार, भोजन न

उपवाह्य[स्त्री० ह्या] (पु०)–राजा की सवारी पालकी, हाथी आदि ।

उपविद् (वि०)–प्राप्त करने वाला, जानने वाला । [बैठना ।

उपविश् (६ प०)–तम्बू गाड़ना, पास

उपवीत(न०)–जनेऊ, यज्ञसूत्र ।

उपवीती (पु०)–यज्ञोपवीत धारण करने वाला ।

उपवृंहित(वि०)–वर्द्धित, बढ़ा हुआ ।

उपवेद(पु०)–गौण वेद । चार वेदों के चार उपवेद हैं, यथा–ऋग्वेद का आयुर्वेद, यजुर्वेद का धनुर्वेद, सामवेद का गान्धर्ववेद और अथर्ववेद का शिल्पवेद ।

उपवेश(पु०)–समीप बैठना ।

उपवेशन(न०)–पूर्ववत् ।

उपशम्(४ प०)–शांत होजाना, रुकना, ठहरना ।

उपशमः-नम्-आराम, शान्ति, इन्द्रियदमन ।

उपशय(पु०)–समीप सोना ।

उपशल्य(न०)–ग्राम के पास खुला हुआ मैदान ।

उपशिष्य(पु०)–शिष्य का शिष्य ।

उपशी(२ आ०)–समीप सोना, समागम करना ।

उपश्रु (५ प०)–सुनना, वायदा करना ।

उपश्रुत (पु०)–यज्ञ ।

उपश्रुति (स्त्री०)–स्वीकारी, वायदा, भाग्य बताना ।

उपश्लिष् (४ प०)–आलिंगन करना, समीप जाना ।

उपश्लेष(पु०)–एक ओर से मिलना ।

उपष्टम्भक(न०)–रोकनेवाला, स्तम्भक, न०–स्तम्भ, खूंटा, स्थूणा ।

उपसंयम(पु०)–उपसंहार, महाप्रलय, रोकना, बांधना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपसंयोग(पु०)–गौणसंयोग, तबदीली।
उपसंवाद(पु०)–साहिदा, ठेका।
उपसंव्यान (न०)–नीचे पहिरने का वस्त्र, अधोवस्त्र।
उपसंहार(पु०)–समाप्ति, नाश, पूर्त्ति, इकट्ठा करना।
उपसंक्षेप (पु०) खुलासा, साफ़।
उपसंख्यान (न०)–धोती, पहिरने का वस्त्र।
उपसंग्रह् (९ प०)–अनुभव करना, महसूस करना, पकड़ना, अपनी ओर करना।
उपसंग्रह (पु०)–चरणवन्दना, झुकना, पैर छूकर प्रणाम करना, उपकरण।
उपसक्ति (स्त्री०)–लगाव, सेवा, पूजा, दान।
उपसद् (१, ६ प०)–सेवा करना, समीप जाना, पैर पड़ना। स्त्री०–घेरा, पूजा।
उपसद (पु०)–समीपागमन, दान, यज्ञविशेष।
उपसदन(न०)–शिष्यता ग्रहण करना, समीप पहुंचना।
उपसंधा (३उ०)–एक जगह रखना, ढेर लगाना। [गुछ्गू।
उपसंभास(पु०)–बातचीत, दोस्ताना।
उपसर्ग(पु०)–बीमारी, दुःख, ग्रहण पड़ना, उपद्रव।
उपसर्जन(न०)–गौण, विपत्ति, विशेषण।
उपसर्प(पु०)–पहुंच, अनुगमन।
उपसृज् (६प०)–जोड़ना, ग्रहण करना, पैदा करना।
उपसृप् (१ प०)–अचानक मिलना; हरकत करना, आक्रमण करना।
उपसृष्ट(न०)–मैथुन, भोग। वि०–जुड़ा हुआ, आक्रान्त।
उपसेक(पु०)–सींचकर मुलायम करना।
उपसेचन (न०)–पूर्ववत्।
उपसेव् (१ आ०)–सेवा करना, पूजा करना, इस्तैमाल करना, लेपन करना।
उपसेवा(स्त्री०)–पूजा, प्रतिष्ठा, सेवा।
उपस्कर(पु०)–अपवाद, आभूषण, घरेलू काम की वस्तु, उपकरण, मसाला, सामान।
उपस्करण(न०)–बध, भेट, तब्दीली।
उपस्तम्भन(न०)–आश्रय, जीवनाधार, सहारा। [हरी।
उपस्तरण(न०)–बिस्तर, फैलाना, मश-
उपस्त्री (स्त्री०)–उपपत्नी, करी हुई औरत।
उपस्थ(पु०)–गोद। अस्त्री०-जननेन्द्रिय
उपस्था(१ उ०)–समीप खड़ा होना, सेवा करना।
उपस्थाता(पु०)–सेवक, भृत्य, पुरोहित
उपस्थान(न०)–मौजूदगी, उपस्थिति, निकटता, जनसमूह, याददाश्त।
उपस्थायक(पु०)–नौकर, बुद्धानुयायी।
उपस्थित (वि०)–समीपागत, हाजिर, मौजूद, प्राप्त।
उपास्थिति(स्त्री०)–हाजिरी, मौजूदगी, प्राप्ति, याददाश्त।
उपस्पर्शः–नम्–छूना, स्नान, आचमन करना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपस्रवण (न०)-स्त्रियों का मासिकधर्म।
उपस्वत्व (न०)-भूमिकर, इनकमटैक्स आदि की आय।
उपहत(वि०)-क्षत, हानि पहुंचाया हुआ।
उपहति (स्त्री०)-वध, चोट, हानि।
उपहर (पु०)-युद्ध, लड़ाई।
उपहस्(१प०)-हंसना, मज़ाक उड़ाना।
उपहस्तिका (स्त्री०)-पानदानी, पान रखने की जेबी डिबिया।
उपहार (पु०)-भेट, नज़राना, इज्ज़त।
उपहूति (स्त्री०)-निमन्त्रण, बुलाना।
उपांशु(पु०)-मन मन में जाप करना, मौनता।
उपाकरण (न०)-तैयारी, आरम्भ, श्रावण की पूर्णिमा के दिन का किये जाने वाला कर्म।
उपाकर्म (न०)-पूर्ववत्।
उपाकृ (८ उ०)-लाना, निमन्त्रित करना, देना, आरम्भ करना।
उपाख्या(२प०)-बयान करना, कहना।
उपाख्यान-क (न०)-कहानी, छोटी कथा, सुनी हुई कथा विस्तार से कहना।
उपागत (वि०)-समीपागत, संघटित प्रतिज्ञात। [स्वीकारी, घटना।
उपागम (पु०)-समीपागमन, प्रतिज्ञा,
उपाग्रहण (न०)-उपनयनसंस्कार के पश्चात् वेदाध्ययन।
उपाङ्ग (न०)-गौण अङ्ग। जैसे हाथ की अंगुली, अंगूठा आदि। प्राचीन संस्कृत साहित्य में वेदांगों के सहायक पुस्तकें उपांग कहलाते हैं जो चार हैं, यथ... पुराण, न्याय, मीमांसा ... धर्म्मशास्त्र।
उपात्त (वि०)-गृहीत, प्राप्त, पकड़ा हु... कथित। पु०-ऐसा हाथी जि... मद प्रकट न हुआ हो।
उपात्यय (पु०)-उजड्डपन, अना... सीमाभंग।
उपादा (३ आ०)-लेना, ग्रहण... प्राप्त करना, पकड़ना।
उपादान (न०)-प्राप्ति, ग्रहण, ... कथन, हेतु।
उपादानकारण (न०)-वह का... स्वयं...
उपादे... उत्...
उपाधा... क...
उपाधि... ना...
उपाध्य... उ...
उपाध्यायी... स्त्री, गुरुपत्...
उपानत्[ह्] (... पादुका।
उपान्त(पु०)-... टता।
उपान्तिक (न०)...
उपान्त्य (न०)...
उपाय...

...न, सर्व-
...या, हूर,
...रुवा की
...ड़ी।
... ज़मीन।
...ानवर।
...म, शिव का
...श।
...गुग्गुल।
...लूपी (स्त्री०)-पातालदेशस्थ नागराज की कन्या जिसने अर्जुन से विवाह किया था।
...ल्का (स्त्री०)-लम्बे आकार का आकाश से गिरा हुआ तेजःसमूह।
...ल्कापात (पु०)-उपरोक्त तेजःसमूह का पृथ्वी पर गिरना।
...उल्कामुखी(स्त्री०)-गीदड़ी।
उल्ब(न०)-योनि, जेल, जरायु।
उल्मुख (पु०)-मशाल, अंगार।
...ण(वि०)-वर्द्धित, घना, बढ़ा हुआ।
...(१ आ०, १० प०)-लांघना, ...तक्रमण करना, पार करना।
...न (न०)-अतिक्रमण, पार ...हुंचना। [क्रान्त।
...त(वि०)-लांघा हुआ, अति-
...स्(१ प०)-कूदना, खेलना, प्रसन्न ... होना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उपसं
उपसं ाशिश, हिकमत, तरीक़ा, प्रकार,
उपस रकीब।
उपस चतुष्टय (न०)-विजयप्राप्ति के
ार साधन यथा-साम, दान, दण्ड
उपस और भेद।
इ० (न०)-समीप गमन, पास जाना,
उपसं , उपहार।
उपसंर पु०)-अशुद्धि, अपराध।
वस्त (वि०)-निवृत्त, हटा हुआ, मशगूल।
उपसंग्रह (१ प०)-दिलबहलाना, रुकना,
सूख ा होना।
क (पु०)-आरंभ, शुरू।
न०)-प्राप्ति, हासिल।
उपसंग्र (१ न०)-लाना देना, धिक्कारना,
पैर छूकर प्रणाम करना
उपसक्ति (स्त्री०)-लगाव, सेव ना-
दान।
उपस (१, ६ प०)-सेवा करना,
उप जाना, पैर पड़ना। स्त्री के लिये
पूजा।
उपसद (पु०)-समीपागमन आधार-
यज्ञविशेष।
उपसदन(न०)--शिष्यता ग्रहण, पास २
समीप पहुंचना।
उपसंधा (३उ०)-एक जगह अनु-
ढेर लगाना।
उपसंभाष(पु०)-बातचीत, शुश्रूषा, देवा-
उपसर्ग(पु०)--बीमारी,
पड़ना, उपद्रव । ना, ध्यान।
उपसर्जन(न०)-गौण, वि ाधक।
उपसर्प(पु०)-पहुंच, अनु पहुंचना, प्राप्त
उपसृज् (६प०)-जोड़ना, ग्र ण करना,
पैदा करना।

ाही,

त्याग, अवमानना।
उपेत (वि०)-समीप में आया हुआ,
उपस्थित, युक्त।
उपेन्द्र (पु०)—कृष्ण, विष्णु।
उपेन्द्रवज्रा (स्त्री०)- ११ अक्षर के पाद-
वाला एक छन्द।
उपोढ (वि०)-विवाहित, समीप।
उपोदक (वि०)-जलके समीप।
उपोद्ग्रह (पु०)-ज्ञान।
उपोद्घात (पु०)-आरंभ, भूमिका, प्रस्ता-
वना, उदाहरण।
उपोद्बलन(न०)—तक़्वीक़।
उपोषण(न०)—उपवास, व्रत, रोज़ा।
उप्त(वि०)-बोया हुआ।
उब्ज्(६प०)-दबाना, क़ाबू में रखना,
सीधा करना।
उभ्(६, ७, ९ प०)-क़ैद करना, ढकना।
उभ(सर्व०)-दो, यह शब्द केवल द्विव-
चन में प्रयुक्त होता है, जैसे "उभौ
बालकौ"।
उभय(वि०)-दोनों, यह सर्वनाम है
और प्रायः एकवचन और बहु-
वचन में प्रयुक्त होता है।
उभयतः [स्] (अ०)-दोनों ओर से,
दोनों दशाओं में।
उभयत्र(अ०)-दोनों स्थानों में, दोनों
दशाओं में। [तरह।
उभयथा(अ०)-दोनों प्रकार से, दोनों
उभयविध (वि०)-दोनों प्रकार का।
उभयसम्भव(पु०)-अनिश्चयता।
उभयात्मक (वि०)-दोनों से सम्बन्ध
रखने वाला। [का बोधक।
उभ्(अ०)-प्रश्न, स्वीकारी, क्रोध आदि

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उमा (स्त्री०)-हिमालयराज की पुत्री पार्वती, हल्दी, रात्रि, शान्ति, कीर्त्ति, कान्ति। [देव।
उमापति(पु०)-उमाधव, शिव, महा-
उमासुत(पु०)--कार्त्तिकेय, गणेश।
उमेश(पु०)-शिव, महादेव।
उम्भ(६,७,९ प०)-क़ैद करना, ढकना।
उरग(पु०)-सांप, सर्प, छाती से चलने वाला।
उरगारि(पु०)-गरुड़, मोर।
उरगाशन(पु०)-गरुड़, मोर।
उरंग(पु०)-सांप, सर्प।
उरण(पु०)-मेंढा, भेड़।
उरणक(पु०)-मेंढा, बादल।
उरभ्र(पु०)-मेंढा, बादल, मेघ।
उररी(अ०)-स्वीकारी, विस्तार अर्थों का बोधक।
उररीकार(पु०)--स्वीकारी, वायदा।
उरस्(वि०)-उत्तम।न०-छाती,वक्षःस्थल
उरःक्षत(न०)-छाती का घाव।
उरु(वि०)-चौड़ा, विस्तीर्ण,अत्यधिक, उत्तम।
उरुता(स्त्री०)-बड़प्पन, विस्तीर्णता।
उरुष्या(स्त्री०)-रक्षा करने की इच्छा।
उरुसत्त्व(वि०)-शक्तिशाली,पराक्रमी।
उरूल(वि०)-स्वतन्त्र, स्वेच्छानुगामी।
उरोज(न०)-स्त्रीस्तन।
उर्णनाभ (पु०)-मकड़ी। [रेखा।
उर्णा (स्त्री०)--ऊन, भौं के बीच की
उर्द् (१ आ०)-ज़ायक़ा लेना, देना, खेलना।
उर्व् (१प०)-मारना,नुकसान पहुंचाना।

उर्वट(पु०)-बछड़ा, वर्ष, साल।
उर्वरा(स्त्री०)-ज़रख़ेज़ ज़मीन, सर्व-धान्यसम्पन्न भूमि।
उर्वरी(स्त्री०)-श्रेष्ठ स्त्री।
उर्वशी(स्त्री०)-स्वर्ग की वेश्या, हूर, अप्सरा विशेष जो पुरुरवा की पत्नी होगई थी।
उर्वारु(पु०)--खरबूजा, ककड़ी।
उर्वी(स्त्री०)-भूमि, पृथ्वी, ज़मीन।
उल(पु०)-एक जंगली जानवर।
उलिन्द (पु०)-देशविशेष, शिव का नाम।
उलूक(पु०)-उल्लू।
उलूखल(न०)--ओखली, गुग्गुल।
उलूपी(स्त्री०)-पातालदेशस्थ नाग-राज की कन्या जिसने अर्जुन से विवाह किया था।
उल्का (स्त्री०)-लम्बे आकार का आकाश से गिरा हुआ तेजःसमूह।
उल्कापात (पु०)-उपरोक्त तेजःसमूह का पृथ्वी पर गिरना।
उल्कामुखी(स्त्री०)-गीदड़ी।
उल्ब(न०)-योनि, जेल, जरायु।
उल्मुख (पु०)-मशाल, अंगार।
उल्वण(वि०)-वर्द्धित,घना,बढ़ा हुआ।
उल्लंघ्(१ आ०, १० प०)-लांघना, अतिक्रमण करना, पार करना।
उल्लंघन (न०)-अतिक्रमण, पार पहुंचना। [क्रान्त।
उल्लंघित(वि०)-लांघा हुआ, अति-
उल्लस्(१ प०)-कूदना, खेलना, प्रसन्न होना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उल्लसन(न०)–खुशी, आनन्द ।
उल्लास(पु०)–प्रकाश,चमक,आल्हाद, ग्रन्थ का अध्याय, आरम्भ ।
उल्लासित(वि०)–प्रसन्न,आल्हादयुक्त
उल्लिख् (६ प०)–नक्श करना, मुसव्वरी करना, लिखना, लकीर खेंचना ।
उल्लिखित (वि०)–उपर्युक्त, ऊपर लिखा हुआ, ऊपर फेंका हुआ, रेखांकित ।
उल्लेख (पु०)–हवाला, बयान, कथन, उच्चारण, लिखना, कुन्दा करना ।
उल्लेखन (न०)–वमन, क़ै करना, खोदना ।
उल्लिंगित (वि०)–ज्ञात, प्रसिद्ध ।
उल्लोच (पु०)–मशहरी, चांदनी, चन्दोवा ।
उल्लोल(पु०)–महातरंग, बड़ी लहर ।
उल्व (न०)–जरायु, गर्त्त ।
उशती (स्त्री०)–नुक़सान देने वाली बातचीत,हानिकर वार्तालाप ।
उशनस् (पु०)–भृगु का पुत्र शुक्राचार्य ।
उशीर (अस्त्री०)–वीरणमूल, खस ।
उष्(१प०)–जलाना;मारना,सज़ादेना ।
उष(पु०)–गुग्गुल, खारी मिट्टी, कामी पुरुष, दिन निकलना ।
उषण(न०)–कालीमिर्च, पीपल, सोंठ ।
उषप (पु०)–अग्नि, सूर्य ।
उषस् (स्त्री०)–सुबह,प्रत्यूष,अहर्मुख ।
उषसी (स्त्री०)–सांझ, सन्ध्या ।
उषा (स्त्री०)–सुबह, प्रत्यूष, रात्रि, खारी मिट्टी, गाय, स्थाली, बाण राजा की कन्या ।
उषाकाल (पु०)–मुर्ग़ा, कुक्कुट, दिन निकलने का समय ।
उषापति (पु०)–कामदेव का बेटा अनिरुद्ध, सूर्य ।
उषित(वि०)–ठहरा हुआ,बासी हुआ
उष्ट्र (पु०)–ऊंट, सांड, लकड़ा ।
उष्ट्री (स्त्री०)–ऊंटनी ।
उष्ण (वि०)–गर्म, तपा हुआ, कार्यशील, तेज़ । अस्त्री०–गर्मी, ग्रीष्म ऋतु, धूप । पु०–प्याज ।
उष्णांशु (पु०)–सूर्य, सूरज । [ऋतु ।
उष्णक (पु०)–ज्वर, बुख़ार, ग्रीष्म
उष्णकाल (पु०)–गर्मी का मौसम ।
उष्णता (स्त्री०)–गर्मी, तीव्रता ।
उष्णागम (पु०)–उष्णाभिगम, गर्मी का मौसम ।
उष्णीष (अस्त्री०)–पगड़ी, दुपट्टा, किरीट, मुकुट ।
उष्म (पु०)–निदाघ, गर्मी ।
उस्र (पु०)–किरण, बैल, सूर्य, दिन ।
उस्रिक (पु०)–नटिया, बूढ़ा बैल ।
उह् (१प०)–दुःख देना, मारना ।
उह्र (पु०)–सांड, बैल । [हुआ ।
उह्यमान (वि०)–खींचा हुआ, उठा

ऊ

ऊ (पु०)–चन्द्रमा, रक्षक, शिव । अ०–सम्बोधन, दया, रक्षा इन अर्थों का बोधक ।
ऊढ(वि०)–विवाहित, उठाया हुआ, ले जाया हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ऊत (वि०)—सींया हुआ, गुंथा हुआ, बुना हुआ।

ऊति (स्त्री०)—सीना, बुनना, रक्षा, दिलबहलाव, अनुकूलता, सहायता।

ऊधस् (न०)—थन, गौ के दूध का आधार, छाती, वक्षःस्थल।

ऊधस्य (न०)—दूध, दुग्ध।

ऊन (वि०)—कम, नाकाफ़ी, अपर्याप्त, असम्पूर्ण, हीन। [पन आदि अर्थों का बोधक।

[illegible] (अ० अ०) [illegible] क्षोभ, क्रोध, उज्जड्ड निन्दा करना।

उपालम्भ (पु०)—निन्दा, उलाहना, त[illegible] हुआ। ज़नी, देरी।

उपालम्भन (न०)—पूर्ववत्।

उपावृत्त (पु०)—थकान उतारने [illegible] शेष। पृथ्वीपर लोटने वाला घोड़ [illegible] नामक

उपाश्रय (पु०)—आश्रयस्थान, स्थान।

उपास् (२ आ०)—[illegible])—हड्डियों का पिञ्जर, बैठ[illegible] शरीर का ढांचा।

क[illegible]माली (पु०)—शिव का नाम।

कंकालशेष (वि०)—जिस के शरीर में केवल हड्डी शेष रह गई हों।

कंकु (पु०)—कंगुनी नामक अनाज।

कंकू (पु०)—अन्दरूनी शरीर।

कङ्केल्ल (पु०)—अशोक वृक्ष।

कंगुल (पु०)—हाथ।

कच् (१ प०)—चिल्लाना, चमकना।

कच (पु०)—बाल, केश, बन्ध, कपड़े की गोट, बादल, बृहस्पति का एक पुत्र।

कचंगन (न०)—बाज़ार, हट्ट।

कंगल (पु०)—समुद्र।

[illegible] (पु०)—धुवां, धूम।

का।

को सदा ऊपरकी का एक ही

ऊर्ध्वभाग [पु०]—ऊपा हो।

ऊर्ध्वरेताः [सू०] (पु०) वंश का।

का वीर्य ऊपर को जाता है स्ख नहीं होता, भीष्म, शिव, सन्यास

ऊर्ध्वलोक [पु०]—ऊपरका लोक अर्थात्

ऊर्ध्वशायी [वि०]—ऊपर को मुंह क सोने वाला। [श्वास ऊपर को

ऊर्ध्वश्वास [पु०]—श्वास का बू[illegible]

ऊर्मि [अस्त्री०]—लहर, [illegible] लाइन, पङ्क्ति। धनागार [illegible]

[illegible] ादा।

कच्छभू (स्त्री०)—दलदल।

कच्छुर (वि०)—व्यभिचारी, बदमाश।

कच्वी (स्त्री०)—हल्दी, वृक्षविशेष।

कज् (१ प०)—खुश होना, अधिक दुःख वा सुख से उन्मत्त होजाना।

कज (वि०)—जलोत्पन्न।

कज्जल (न०)—काजल, स्याही, आंख में लगाने का अंजन, रोशनाई।

कज्जलध्वज (पु०)—चिराग़, लैम्प।

कजलरोचक (अस्त्री०)—दीवट, शमांदानी

कंच् (१ आ०)—बांधना, चमकना।

कंचार (पु०)—सूर्य, सूरज।

कंचुक (पु०)—कवच, ज़िरहबख्तर।

कंचुका (पु०)—सर्प, सांप।

कंचुलिका (स्त्री०)—सर्प की केंचुली।

कंचुकी (पु०)—अन्तःपुराध्यक्ष, सांप, जार, कवचधारी।

कञ्जुली (स्त्री०)—सांप की केंचुली।

कञ्ज (पु०)—बाल। न०—कमल, अमृत

कञ्जक (पु०)—मैना पक्षी, कोयल।

कंज[जा]र (पु०)—सूर्य, पेट, मयूर, हाथी

कट् (१ प०)—जाना, गमन करना

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

उल्लसन(न०)–
उल्लास(पु०)–
ग्रन्थ का ...र्थ पूरा न होने के
उल्लासित(वि ...स्थान से शब्दों का
उ... , अध्याहार ।
...नी(स्त्री०)–ढेर, सेना, समूह ।

ऋ

नागरी वर्णमाला का सप्तम अक्षर ।
...उपहास, भर्त्सना, सम्बोधन ।
क (प्रत्यय)–...हिलना, प्राप्तकरना,
प्रत्युक्त हो...
कंस् (२आ०)– सम्पत्ति, सोना ।
नष्ट करन...दायभागी, वारिस ।
कंस (अस्त्र, जख्मी ।
आढक न...भालू, एक पर्वत ।
मथुरा...)–विदारीकन्द ।
का पु (पु०)–चन्द्रमा, जाम्बवान् ।
कंसक (न०)–ऋत्विक्; कांटा ।
औषध...त्तरदिशा ।
कंसकार(पु...भालु के समान भयानक ।
कंसजित ...श्री०)–वेदों का मन्त्रभाग ।
वाल...–चार वेदों में से पहिला जो
कंसब...द्वारा प्रकट हुआ है और जिस
...तः ब्रह्मज्ञान का वर्णन है ।
श्री...ों का प्राचीनतम धर्मपु-
जो
घटना है...तारीफ़ करना, चमकना
कंसारि–राति(...क्त, गीत, श्लोक ।
कक्(१ आ०)–चार का मंत्रसमूह ।
कक्(१ आ०) [इदित पिता ।
ककन्द(पु०)–सोना, ...ना, हरकत

ऋच्छका (स्त्री०)–ख्वाहिश ।
ऋज् (१ आ०)–जाना, प्राप्त करना ।
ऋजीष (न०)–नरकविशेष, कढ़ाई ।
ऋजु (वि०)–सरल, सीधा ।
[स्त्रीलिंग में ऋज्वी, ऋजु दोनों, होते हैं] ।
ऋजुता(स्त्री०)–सीधापन, ईमानदारी, सच्चाई
ऋजूयु(वि०)–सीधा, ईमानदार ।
ऋञ्ज् (६उ०)–आगे को उछलना, दौड़ना, यत्न करना ।
ऋण्(६ उ०)–जाना ।
ऋण(न०)–क़र्ज़, उधार, क़िला, क़िले की पृथ्वी; दुर्ग, जल, भूमि, ऋषिऋण, देवऋण और पितृऋण, तीन प्रकार के ऋण होते हैं जिन का उतारना प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य है ।
ऋणग्रस्त(वि०)–क़र्ज़ में फंसा हुआ ।
ऋणग्राही(वि०)–कर्ज़दार, अधमर्ण ।
ऋणदाता(वि०)–क़र्ज़ देने वाला, क़र्ज़ अदा करने वाला ।
ऋणमार्गण(न०)–प्रतिभू, ज़ामिन ।
ऋणमुक्त (वि०)–ऋण से छुटा हुआ ।
ऋणलेख्य(न०)–दस्तावेज़ जिसमें क़र्ज़ लेने का इक़रार होता है ।
ऋणिक(पु०)–कर्ज़दार, अधमर्ण ।
ऋणी(पु०)–पूर्ववत् ।
ऋत् (२ आ०)–जाना, भर्त्सना करना, मुक़ाबिला करना ।
ऋत(वि०)–उचित, ईमानदार ...
पूजित, दीप्त, गया हु...
ब्राह्मण का भोज्य आ...

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

एकत्र (अ०)–एक स्थान में, बाहम, परस्पर ।

एकदा (अ०)–एक बारगी, एक समय, किसी काल में, साथ २ ।

एकधा (अ०)–एक प्रकार से, तुरन्त, बाहम । [आसक्त ।

एकनिष्ठ (वि०)–एक ही विषय पर

एकनेत्र-नयन-दृश्(वि०)-काणा,एकाक्षी पु०–कौआ, शिव, तत्त्ववेत्ता, कुबेर ।

एकपक्ष (वि०)–उस ही पार्टी का, सहायक । पु०–एक पार्टी ।

एकपतिक (वि०)–सौत, पतिव्रता ।

एकपञ्चाशत (स्त्री०)–इक्यावन की संख्या ।

एकपत्नी (स्त्री०)–सपत्नी, सौतन, पतिव्रता, सती स्त्री । [कैलास ।

एकपद (वि०)–लंगड़ा । पु० -वैकुण्ठ,

एकपदी(स्त्री०)–पगदण्डी, पथ । वि०–एक पैर वाली स्त्री ।

एकपदे (अ०)–अचानक, यकायक ।

एकपर्णिका (स्त्री०)–दुर्गा की छोटी बहिन, दुर्गा ।

एकपाती (वि०)–आकस्मिक ।

एकपाद (पु०)–विष्णु, शिव ।

एकपिंगल (पु०)–कुबेर जिस की एक आंख पीली थी ।

एकपुरुष (पु०)–ब्रह्म, प्रधान ।

एकप्रकार (वि०)–एक ही तरह का ।

एकप्रभुत्व (न०)–सम्पूर्ण आधिपत्य ।

एकभक्त (वि०)–वफ़ादार, एक ही की सेवा करने वाला ।

एकमति (वि०)–एक राय का ।

एकमनाः (वि०)–जिस का एक ही विषय पर ध्यान लगा हो ।

एकयोनि (वि०)–एक ही वंश का ।

एकरस (वि०)–एकसा, न बदलने वाला । [वर्त्ती राजा ।

एकराट्–ज (पु०)–सार्वभौम, चक्र-

एकराशि (पु०)-ढेर, समूह ।

एकरूप (वि०)–अनुरूप, समान ।

एकवचन(न०)–एक संख्या का बोधक ।

एकवारं–वारे (अ०)–एकदा, अकस्मात् ,तुरन्त । [सादा ।

एकविध (वि०)–एक ही प्रकार का,

एकवृत् (स्त्री०)–स्वर्ग ।

एकवेश्म (न०)–सूना घर । [वाला ।

एकव्यवसायी(वि०)–एकसा पेशा करने

एकशत (न०)–एक सौ एक ।

एकषष्टि (स्त्री०)–इकसठ, ६१ ।

एकसप्तति (स्त्री०)–इकहत्तर, ७१ ।

एकसार्थं (अ०)–परस्पर, बाहम ।

एकस्थ (वि०)–एक स्थान में रहने वाला, शान्त ।

एकाकी (वि०)–अकेला, तन्हा ।

एकाक्ष(वि०)–एक आंख वाला । पु०–कौआ, शिव ।

एकाक्षी (वि०)–पूर्ववत् ।

एकाग्र (वि०)–एक ही देश पर जमा हुआ, एक ही विषय का ध्यान करने वाला, शान्त ।

एकाङ्ग (वि०)–एक अंग का । पु०–शरीररक्षक, बुध, विष्णु । न०–शिर, चन्दन ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

एकादश (वि०)–ग्यारहवां ।
एकादशक (वि०)–ग्यारह भाग का बना हुआ ।
एकादशन् (वि०)–एक और दश अर्थात् ग्यारह ।
एकादशी (स्त्री०)–प्रत्येक कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष की ग्यारहवीं तिथि ।
एकान्त(वि०)–अकेला, तन्हा, केवल, एक, अत्यन्त, ज़रूरी ।
एकान्तर(वि०)–एकको छोड़कर अगला
एकान्तिक(वि०)–अन्तिम, परिणाम-सूचक ।
एकान्न(वि०)–एक साथ खाने वाला, एक ही बार अन्न खाने वाला ।
एकाब्दा(स्त्री०)–एक वर्ष की गौ ।
एकायन (वि०)–एकाग्रमन, एक ही बात की चिन्ता करने वाला ।
एकार्थ(वि०)-समान अर्थ वाला, समान इच्छा वाला ।
एकाशीति (स्त्री०)–इक्यासी, ८१ ।
एकाश्रय (वि०)–अनन्यगति ।
एकाह (पु०)–एक दिन ।
एकाहार (वि०)–दिन में एक बार भोजन करने वाला ।
एकीक(८ उ०)–इकट्ठा करना, जोड़ना, मिलाना । [संगति ।
एकीभाव(पु०)–एकपन, एकत्व, जोड़,
एकीभू (१ प०)--एक होना, मिलना, जुड़ना । [सहायक ।
एकीय (वि०)–एक पक्ष का । पु०-
एकैकं–कशः(अ०)–एक २ करके ।
एकोक्ति(स्त्री०)–एकहीवचनवा बात।
एकोदर(वि०)–सहोदर, एक ही उदर से उत्पन्न ।
एकोन(वि०)–जिस में एक कम हो ।
एकोनविंशति(स्त्री०)–उन्नीस ।
एज् (१ आ०)–जाना, हरकत करना ।
एड(पु०)–मेष, भेड़, बहिरा ।
एडक(पु०)–जंगली बकरा ।
एण(पु०)–काले रंग का मृग ।
एत(वि०)-गतिशील, प्राप्त, आगत । पु०-हरिण, मृगछाला ।
एतत्कालीन(वि०)–इदानीन्तन, इस समय का ।
एतत्क्षणात्(अ०)–यहांसे, इससे आगे
एतद्[पु०–एषः, स्त्री०–एषा, न०-एतद्] (सर्व०)–यह, पुरोवर्त्ती वस्तु का बोधक ।
एतदीय(वि०)–इसका, एतत्सम्बन्धी ।
एतादृश्-श(वि०)–ऐसा, इस सानिन्द, इस प्रकार का ।
एतावत्(वि०)–इतना, यहां तक, इस परिमाण का । [उठना ।
एध्(१आ०)–बढ़ना, उन्नति पाना,
एध(पु०)–ईंधन, काष्ठ ।
एधस् (न०)–पूर्ववत् ।
एधा(स्त्री०)–अभ्युदय, खुशी ।
एधित(वि०)–बढ़ा हुआ, वर्द्धित ।
एनस्(न०)–पाप, गुनाह, निन्दा ।
एनी (स्त्री०)–नदी, चश्मा ।
एरक(न०)–ऊनी कम्बल ।
एरण्ड(पु०)–अरण्ड वृक्ष ।
एलविल (पु०)–कुबेर ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

घेरना, बारिश होना।

कट (पु०)–चटाई, तृण, मुर्दे की रथी, बाण, श्मशानभूमि, विवाद, तख्ता। न०–पुष्पधूलि।

कटक (अस्त्री०)–हाथका सोनेका कड़ा, चटाई, घर, राजधानी, सेना, कम्प, छावनी, टेबिललेण्ड, घेरा, उड़ीसा प्रदेश का मुख्यनगर।

कटकी [न्] (पु०)–पहाड़, पर्वत।

कटकोल (पु०)–पीकदानी।

कटखादक (पु०)–गीदड़, कौआ, कंच का गिलास।

कटङ्कट (पु०)–अग्नि, सोना, गणेश, शिव, घरकी छत, छप्पर।

कटप्रोथ (अस्त्री०)–चूतड़।

कटभंग (पु०)–सेना के पराजय से राजा का विनाश, हाथसे दाने निखोलना

कटरुव (पु०)–तीर, एक प्रकार का बाजा।

कटाक्ष (पु०)–तिरछी निगाह, आंख के कोने में से देखना, प्रेमयुक्त दृष्टि, मिथ्या दोषारोपण, बोहतान।

कटाघटक (पु०)–शिव का नाम।

कटार (पु०)–नागरिक।

कटाह (पु०)–तैल, घी आदि पकाने का पात्रविशेष, कड़ाही, कूप, नरक, छोटी भैंस।

कटाहक (न०)–कड़ाही, वर्तन।

कटि (स्त्री०)–कमर, चूतड़, श्रोणिदेश, हाथी के कपोल।

कटिकूप (पु०)–जघनकूप, पृष्ठवंश के नीचे गर्ताकार स्थानविशेष।

कटित्र (न०)–कटिवस्त्र, तगड़ी।

कटिदेश (पु०)–कमर।

कटिबद्ध (वि०)–सन्नद्ध, उद्यत, तयार।

कटिमालिका (स्त्री०)–स्त्रियोंके पहरने की तगड़ी।

कटिल्ल (पु०)–करेला, कारवेल्ल।

कटिसूत्र (न०)–तगड़ी, मेखला, कमर पर पहरने का आभूषण।

कटी (स्त्री०)=कटि। [यार।

कटीतल (पु०)–खुखड़ी नाम का हथि-

कटीर (न०)–गार, गर्त, गुफा, कटि के ऊपर गर्ताकार।

कटु (वि०)–कड़वा, दूषित, बदबूदार। न०–दूषण, दूषित कार्य, दुर्गन्धि।

कटुकन्द (अस्त्री०)–अदरक, शृङ्गवेर।

कटुकर्ण (वि०)–जो सुनने में कठोर प्रतीत हो।

कटुकीट (पु०)–मच्छर, मशक।

कटुक्वाण (पु०)–टिटीहरी पक्षी।

कटुग्रन्थि (अस्त्री०)–सोंठ, पिप्पली।

कटुत्रय (न०)–काली मिर्च, पीपल और सोंठ इन तीन चीज़ों का संग्रह।

कटुर (पु०)–कटुफल, कायफल। न०–छाछ, तक्र, मट्ठा।

कटुरव (पु०)–मेंढक, कठोर शब्द।

कटुरस (वि०)–कड़वे रस वाला।

कटुबीजा (स्त्री०)–पिप्पली।

कटोर (न०)–मिट्टी का एक वर्त्तन।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कटोरा (स्त्री०)–कटोरा नाम का प्रसिद्ध बर्त्तन ।
कटोल (पु०)–चण्डाल। वि०–कड़वा ।
कट्टार (पु०)–कटार नामक प्रसिद्ध हथियार ।
कट्वर (न०)--मट्ठा, छाछ, चटनी।
कठ् (१प०)--दुःख का जीवन व्यतीत करना । [भेद ।
कठ (पु०)--मुनिविशेष,ब्राह्मण, ऋग्-
कठर (वि०)--कठोर, सख्त ।
कठिका (स्त्री०)--खड़िया, चाक ।
कठिञ्जर (पु०)--तुलसी वृक्ष ।
कठिन (वि०)--कठोर, सख्त, क्रूर, बेरहम, तीव्र । पु०–झाड़ी ।
कठिनता (स्त्री०)–बेरहमी, कठोरता, सख्ती, मुशकिल ।
कठिना (स्त्री०)-बटलोई, रकाबी, मिठाई ।
कठिनिका (स्त्री०)–खड़िया मिट्टी, स्लेट पर लिखने का क़लम ।
कठिनी (स्त्री०)–पूर्ववत् ।
कठोर(वि०)–बेरहम, तीव्र,भरा हुआ, सख्त, कठिन । [कठिनता
कठोरता(स्त्री०)–सख्ती, मज़बूती,
कड्(१उ०)–रक्षा करना, बचाना,भेदन करना, दर्पित होना ।
कड(वि०)–मूर्ख, अनजान, गूंगा ।
कडत्र (न०)=कलत्र ।
कडार (पु०)–पीला रंग,नौकर,भृत्य ।
कड्डु (१प०)–सख्त होना,कर्कश होना ।
कण् (१प०)-अल्प होना,समीप जाना, आह भरना ।

कण (पु०)–बहुत छोटा अंश, लेश, टुकड़ा, अनाज का टुकड़ा, अणु, सफ़ेद जीरा ।
कणजीरक (न०)–छोटा जीरा ।
कणभक्ष(पु०)–काली चिड़िया, कणाद ऋषि ।
कणभक्षक (पु०)–पूर्ववत् ।
कणाद (पु०)–कणों का खाने वाला अर्थात् कणाद मुनि, स्वर्णकार ।
कणिक(पु०)-अनाज,सैदा,शत्रु,आटा।
कणिका (स्त्री०)–अत्यन्त छोटा टुकड़ा, जीरा, जल की बिन्दु ।
कणिष्ठ (वि०)=कनिष्ठ ।
कणी(स्त्री०)–जीरा, अणु, बूंद ।
कणीक(वि०)–बहुत छोटा ।
कणीचि(स्त्री०)–वृक्ष, आवाज़, लता।
कणेर(पु०)–कनेर का वृक्ष ।
कणेरा (स्त्री०)–हथिनी, वेश्या ।
कणेरु(पु०)–कनेर । स्त्री०--हथिनी, वेश्या ।
कण्टक(अस्त्री०)–कांटा, नोक, दुःख-दायी पुरुष, उपद्रवी, रोंगटे खड़े होना, नाखून, रोक । पु०–दोष, कारख़ाना, बांस । [का वृक्ष ।
कण्टकद्रुम(पु०)–कांटेदार वृक्ष, सेंवल
कण्टकमर्दन (न०)–उपद्रव का शान्त करना ।
कण्टकाशन(पु०)--कांटों के खाने वाला अर्थात् ऊंट ["कण्टकभक्षक" शब्द भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है]
कण्टकित (वि०)--कांटेदार, पुलका-न्वित,जिस के रोम खड़े हुए हों।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कण्टकी(वि०)--कांटोंदार, दुःखदायी, उपद्रवी। पु०—मछली, खजूर का वृक्ष, बांस, बेरी। [वृक्ष।

कण्टकफल(पु०)—धतूरा, गोक्षुर, अररुड

कण्टालु (स्त्री०)—बांस, कीकर।

कण्ड् (१० उ०)--रक्षा करना, चाहना, शोकपूर्वक याद करना [अन्तिम अर्थ का बोधन करने के लिये इस धातु के पूर्व "उत्" उपसर्ग और लगता है]।

कण्ठ (पु०)—गला, ग्रीवा का अगला भाग, गले का शब्द, मेंढफल का वृक्ष, समीप, पास।

कण्ठनीलक(पु०)—मशाल, प्रकाश का एक साधन।

कण्ठलता(स्त्री०)--कालर, लगाम।

कण्ठाग्नि(पु०)—एक प्रकार का पक्षी।

कण्ठागत(वि०)—गले में आया हुआ।

कण्ठाल(पु०)—युद्ध, लड़ाई, नौका।

कण्ठिका(स्त्री०)--गले में पहरने की माला, कण्ठी।

कण्ठी(स्त्री०)--गर्दन, गला, कालर, गले की माला।

कण्ठीरव(पु०)—सिंह, कबूतर।

कण्ठील(पु०)--ऊंट, दूध बिलोने का बर्तन। [अलग करना।

कण्डन(न०)—अनाज से भूसी का

कण्डनी(स्त्री०)—ओखली, मूसल।

कण्डिका(स्त्री०)—एक देश का नाम, वेद का छोटा भाग।

कण्डू (अक्री०)—खुजली, अङ्गों का रगड़ना, खाज।

कण्डूम्न(पु०)—सफेद सरसों।

कण्डू-ति(स्त्री०)-खाज, खुजली, खुर्चना

कण्डूयनी(स्त्री०)—मलने का बुरुश।

कण्डोल(पु०)—टोकरा, धान्य रखने का बांस का बना हुआ पात्र, ऊंट।

कण्डोलक(पु०)—टोकरी, सन्दूक, कोठार

कण्व(पु०)—एक ऋषि जिसने शकुन्तला का पालन किया था। न०—पाप, गुनाह।

कण्वसुता(स्त्री०)--शकुन्तला का नाम

कतफल(पु०)—एक ऐसा वृक्ष जिस के फल के संयोग से पानी साफ़ होजाता है।

कतम(सर्व०)—बहुतों में से एक।

कतर(सर्व०)—दो में से एक, दो में से कौनसा।

कति(सर्व०)—कितने, संख्या को जानने के लिये इस का प्रयोग किया जाता है।

कतिपय(वि०)—कुछ, चन्द, कुछेक।

कत्तृण(न०)—बुरी घास, नेत्रबाला।

कत्रोय(न०)—शराब, मद्य।

कत्थ् (१ आ०)—घमण्ड करना, शेखी बघारना, खुशामद करना।

कत्थन(न०)—शेखी।

कथ्(१० प०)—कहना, बयान करना, बातें करना।

कथक(पु०)—कथा कहने वाला, वक्ता।

कथङ्कार(अ०)—किस प्रकार से, कैसे।

कथञ्चन(अ०)—कैसे, किस तरह।

कथञ्चित्(अ०)—कठिनता से, येनकेन, जैसे तैसे।

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कथन(न०)–बयान, कथा, कहना।
कथनीय(वि०)–कहने योग्य, बयान करने लायक़।
कथम्(अ०)कैसे, किस प्रकार से, कहां से, क्योंकर।
कथमपि(अ०)–जैसे तैसे, बड़े यत्न से।
कथम्भूत(वि०)–किस प्रकार का।
कथा(स्त्री०)–कहानी, वार्त्ता, वक्तृता, बनावटी कहानी, ऐतिहासिक ज्ञान।
कथाक्रम(पु०)–बातचीत का आरंभ।
कथाप्रसंग(पु०)–बातचीत, दौरान गुफ़्तगू।
कथारम्भ(पु०)–किसी कहानी या क़िस्से को शुरू करना।
कथित(वि०)–कहा हुआ, वर्णित।
कथोदय(पु०)–कथारम्भ।
कद् (४ आ०)–मानसिक दुःख उठाना, घबरा जाना।
कदक(न०)–मशहरी, तम्बू।
कदध्वा(पु०)–कुमार्ग, कुपथ।
कदन(न०)–युद्ध, पाप, ख़ूरेज़ी, नाश।
कदम्ब(पु०)–कदम नामक वृक्षविशेष, देवताड़।
कदर(पु०)–अंकुश, आरा।
कदर्थित(वि०)–क्षुद्र, दूषित, घृणास्पद, तिरस्कृत।
कदर्य्य(वि०)–कंजूस, जो स्वयं कष्ट उठाकर और अपने परिवार को कष्ट देकर धन इकट्ठा करे।
कदली(स्त्री०)–केले का वृक्ष। पु०–एक प्रकार का हरिण जिस का रङ्ग काला और लाल होता है।
कदलीक्षता (स्त्री०)–ककड़ीभेद, अति सौन्दर्यवती स्त्री।
कदा(अ०)–किस समय, कब।
कदाचन(अ०)–कभी, किसी समय, कभी न कभी। [बक्त में।
कदापि(अ०)–कभी, यदा कदा, किसी
कदुष्ण (वि०)–थोड़ा सा गर्म।
कद्रु (पु०)–पीलारंग। वि०–पीला।
कद्रु (स्त्री०)–कश्यप की स्त्री, नागों की माता।
कद्वर (न०)–छाछ, मट्ठा। [करना।
कन् (१ प०)–प्रसन्न होना, सेवन
कनक (पु०)–धतूरा, किंशुक वृक्ष। न०–स्वर्ण।
कनकक्षार(पु०)-सुहागा। [करनेकादण्ड
कनकदण्ड (न०)–राजा के धारण
कनकपत्र(न०)–स्वर्ण, आभरण। [धातु
कनकरस (पु०)–हरताल नामक उप-
कनकसूत्र (न०)–सोने की बनी हुई गले की माला। [पर्वत
कनकाचल (पु०)–कनकगिरि, सुमेरु।
कनकाध्यक्ष (पु०)–ख़जानची। [वृक्ष।
कनकारक (पु०)–कचनाल, कोविदार
कनखल (न०)–एक तीर्थ का नाम जो हरद्वार के समीप है।
कनिष्ठ(वि०)–सबसे छोटा, अत्यल्प। पु०–शिव, सब से छोटा भाई।
कनिष्ठा (स्त्री०)–कनकी उंगली, सब से छोटी बहिन।
कनी (स्त्री०)–कन्या, पुत्री।
कनीचि (स्त्री०)–छकड़ा, लता।
कनीन(वि०) [वेद में] सबसे छोटा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कनीनक(पु०)–बालक, आंखकी पुतली
कनीयस् (वि०)–कनिष्ठ, सबसे छोटा।
कनीयस (न०)–तांबा।
कनीयसी (स्त्री०)--पूर्ववत।
कनेरा (स्त्री०)–वेश्या, हथिनी।
कन्तु (पु०)–हृदय वा मन, कोठार, कामदेव। [चीथरा, दीवार, गुदड़ी
कन्था (स्त्री०)–फटा हुआ कपड़ा,
कन्थाधारी (पु०)–साधु, तपस्वी, योगसाधक, वैरागी। [जबराना।
कन्द् (१ प०)–चिल्लाना, शोक करना,
कन्द (पु०)-बादल, मेघ, कापूर। अस्त्री०–प्रत्येक खस्य की जड़, ऐसी भाजी जो भूमि के अन्दर उत्पन्न होती है, जैसे–गाजर, आलू आदि।
कन्दक (पु०)–पालकी।
कन्दर(अस्त्री०)–घाटी, गुफा। न०-सोंठ
कन्दरा–री (स्त्री०)–गुफा, गर्त, घाटी
कन्दराकर (पु०)–पर्वत, पहाड़।
कन्दराल(पु०)–अखरोट, लक्ष, पिलखन
कन्दर्प (पु०)–कामदेव, प्रेम।
कन्दर्पकूप (पु०)–स्त्री की योनि।
कन्दर्पदहन (पु०)–शिव का नाम।
कन्दर्पमुसल (पु०)–उपस्थेन्द्रिय, पुरुषचिन्ह, लिङ्ग। [युद्ध।
कन्दल (पु०)–स्वर्ण, लड़ाई, वाक्य-
कन्दली (स्त्री०)–कमलगोडा, मृग-विशेष, कमल का बीज।
कन्दिरी (स्त्री०)–छुईमुई का पेड़।
कन्दु (अस्त्री०)–लोहे का पात्रविशेष जिस पर रोटी पकाई जाती है।
कन्दुक(न०)-गद्दी, तकिया। अस्त्री०–खेलने की गेंद।
कन्दुकक्रीडा (स्त्री०)–क्रिकेट वा हाकी का खेल। फुटबाल को 'पादकन्दुक' कहते हैं।
कन्दोट--त (पु०)–सफ़ेद कमल, नीलोत्पल।
कन्ध (पु०)–बादल, तृणविशेष।
कन्धर (पु०)–बादल, कंधा।
कन्धरा (स्त्री०)-गर्दन, गलदेश।
कन्धि (स्त्री०)–गर्दन, ग्रीवा।
कन्यका (स्त्री०)–छोटी लड़की, अविवाहित कन्या, दशवर्ष की कन्या।
कन्यसा (स्त्री०)–कनिष्ठा उंगली।
कन्या (स्त्री०)–क्वारी लड़की, दश वर्ष की कुमारी, बड़ी इलायची।
कन्याट (पु०)--लड़कियों के खेलने का स्थान, अन्तःपुर।
कपट (अस्त्री०)–धोखा, फ़रेब, जाल, छल।
कपटतापस (पु०)–बनावटी साधु।
कपटलेख्य (पु०)–बनावटी दस्तावेज़।
कपटवेष (पु०)–छिपा हुआ वेष, बनावटी आकार, बहुरूपिया।
कपटिक (पु०)–ठग, बदमाश।
कपटी (वि०)–छलिया, बेईमान।
कपर्दिका (स्त्री०)–कौड़ी।
कपाट (अस्त्री०)–द्वार को बन्द करने के लिये काठ के जो दो पट लगाये जाते हैं, किवाड़।
कपाल (अस्त्री०)–खोपड़ी, खप्पर, घड़े का टुकड़ा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कपालिका (स्त्री०)–छोटी २ ठीकरी, छोटा खप्पर।

कपि (पु०)–बन्दर, सूर्य, विष्णु।

कपिञ्जल (पु०)–चातक पक्षी, पपीहा।

कपित्थ (पु०)–एक प्रकार का वृक्ष जिसपर वानर अधिक बैठता है।

कपिध्वज (पु०)–अर्जुन। कपिकेतन भी कहते हैं।

कपिरथ (पु०)–रामचन्द्र, अर्जुन।

कपिलोह (न०)–पीतल

कपिल (पु०)–सांख्यशास्त्र के कर्त्ता ऋषिविशेष, कुत्ता, पीला रंग। वि०–पीला।

कपिलद्युति (पु०)–सूर्य, सूरज।

कपिलधारा(स्त्री०)–सुरनदी, गंगानदी।

कपिला (स्त्री०)–ब्रौन रंग की गाय जो बहुत शुभ मानी गई है।

कपिलार्जुन (पु०)–शिव।

कपिश पु० –लाल और काला रंग मिला हुआ, ब्रौन रंग।

कपिशा (स्त्री)–माधवी लता, एक नदी का नाम, मद्य।

कपीन्द्र (पु०)–वानरों का राजा अर्थात् सुग्रीव, हनुमान्।

कपूय (वि०)–कसीना, नीच, कुत्सित।

कपोत (पु०)–कबूतर, पाखना, पक्षी।

कपोतक(पु०)–सुनो नामक उपधातु। पु०-छोटा कबूतर।

कपोतपाली(स्त्री०)–कबूतरों के बैठने की छत्री।

कपोतवर्णी (स्त्री०)–छोटी इलायची।

कपोतसार (न०)–सुनो नामक उपधातु।

कपोतारि (पु०)–कबूतरों का शत्रु श्येननामक पक्षी, बाज़।

कपोल(पु०)–गाल, गण्डदेश।

कपोलराग(पु०)–गालों पर सुर्ख़ी का आना।

कफ(पु०)–शरीर के तीन दोषों से में एक, श्लेष्मा, बलग़म [अन्य दो दोष वात और पित्त होते हैं]।

कफकूर्चिका(स्त्री०)–थूक, लार, राल।

कफणि(पु०)–कोहनी, बाज़ू और हाथ का जोड़।

कफविरोधी(पु०)–काली मिर्च।

कफारि(पु०)–सौंठ, शुण्ठी।

कफेलु-कफी(वि०)–कफ की अधिकता से पीड़ित।

कब् (१प०)–रंगना, तारीफ़ करना।

कबन्ध(अस्त्री०)–बादल, राहु, जल, पेट, धूमकेतु, बिना शिर का देह।

कबन्धी (पु०)–कात्यायन ऋषि का नाम। [होना, इच्छा करना।

कम् (१० अ०)–प्रेम करना, आसक्त

कमठ(पु०)–कछुवा, कमण्डलु, बांस।

कमण्डलु (अस्त्री०)–संन्यासियों का जल पीने का पात्रविशेष।

कमन(वि०)–कामी, प्रियदर्शन। पु०–कामदेव, अशोकवृक्ष, ब्राह्मण।

कमनीय(वि०)–मनोहर, सुन्दर, प्रियदर्शन।

कमर(वि०)–कामी, विषयासक्त।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कमल (पु०)–सारस पक्षी : न०–जल, पद्म, तांबा, औषधि ।

कमलयोनि(पु०)–ब्रह्मा [इसी अर्थ में कमलजन्म और कमलभव भी प्रयुक्त होता है] ।

कमला(स्त्री०)–सुन्दर स्त्री, लक्ष्मी ।

कमलाक्षी(स्त्री०)–कमलनयनी, सुन्दर नेत्रों वाली ।

कमलापति(पु०)–विष्णु का नाम ।

कमलासन(पु०)–कमल के आसन वाला अर्थात् ब्रह्मा ।

कमलिनी(स्त्री०)–पद्मसमूह, पद्मलता

कमा(स्त्री०)–खूबसूरती, सौन्दर्य ।

कम्प्(१आ०)–हिलना, कांपना ।

कम्प पु०)–शरीर आदि का हिलना ।

कम्पन(न०)–कांपना, शिशिर ऋतु ।

कम्पित(वि०)–कांपा हुआ ।

कम्पिल(पु०)–करञ्ज, वृक्षविशेष ।

कम्ब्(१प०)--जाना, हरकत करना ।

कम्बल(पु०)–कम्बल नामक शुद्ध वस्त्र, ऊन का बना हुआ ओढ़ने का वस्त्र, दीवार ।

कम्बलिका(स्त्री०)–छोटा कम्बल, एक प्रकार की हरिणी ।

कम्बली(पु०)--बैल, सांड, कम्बल ओढ़ने वाला पुरुष । [शंख ।

कम्बु(वि०)--रंगबिरंगा । पु०--हाथी,

कम्बुक (पु०)- शंख, घोंघा, कमीना आदमी ।

कम्बू (पु०)--चोर, लुटेरा ।

कम्बोज (पु०) --शंख, हस्तिभेद, एक देश का नाम था उस देश का निवासी । [कम्बोज देश भारत के उत्तर पश्चिम में है और यह शब्द बहुवचन में प्रयुक्त होता है]

कयाधू (स्त्री०)–प्रह्लाद की माता ।

कर (पु०)–हस्त, हाथ, प्रकाश की किरण, हाथी की सूंड, महसूल, टैक्स, चुंगी, ओला । [पेड़ ।

करक (पु०)–हाथ, महसूल, अनारका

करकण्टक (अस्त्री०)–हाथ की अंगुलियों के रोकने वाला नख, नाखून

करकमल(न०)–पद्म समान सुन्दर हाथ ।

करकाजल(न०)–बर्फ़, ओलों का पानी ।

करकाम्भः[स्] (पु०)–नारियल का वृक्ष ।

करकुड्मल (न०)--अंगुलि ।

करग्रहण (न०)--विवाह, पाणिग्रहण, महसूल इकट्ठा करना ।

करग्राह (पु०)–महसूल इकट्ठा करने वाला, पति ।

करंक(पु०)--माथे की खोपड़ी, अस्थिपिञ्जर, कमण्डलु, नारियल का खोल ।

करञ्छद(पु०)–तुन का वृक्ष, सिहोड़ा ।

करज (पु०)--हाथ में उत्पन्न होने वाला नख, नाखून ।

करञ्ज (पु०)--करञ्जुवा नामक वृक्ष ।

करट (पु०)--हाथी का गण्डस्थल, कौआ, नास्तिक, नीच वृत्ति का मनुष्य । [से दुही जाय ।

करटा(स्त्री०)-गजगंड, गाय जो कठिनता

करटी (पु०)--हाथी ।

करटु (पु०)–सारस नामक पक्षी ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

करण(न०)–सम्पादन, साधन, शरीर, इन्द्रिय, एक कारक का नाम, वर्ण, हेतु, परमात्मा, उच्चारण।
करणग्राम(पु०)–इन्द्रियों का समूह।
करणाधिप(पु०)–इन्द्रियों का स्वामी अर्थात् जीवात्मा।
करण्ड(पु०)–कारण्डव नामक पक्षी, तलवार, मक्खियों का छत्ता, बांस की बनी हुई टोकरी।
करतल(पु०)–हाथ की हथेली, हस्ततल
करताल(न०)–हथेली बजाना, एक प्रकार का वाद्य जैसे झांझ।
करतालिका(स्त्री०)–करतलध्वनि, करताल।
करद(वि०)–कर देने वाला, ख़िराज अदा करने वाला।
करन्धय(वि०)–हाथ घूमनेवाला।
करपत्र(न०)–आरा नामक यन्त्र-विशेष, जलक्रीड़ा। [का पेड़।
करपत्रवान्(पु०)–ताड़ का वृक्ष, ताल
करपाल(पु०)–तलवार, सोंटा, खड्ग।
करपालिका(स्त्री०)–पूर्ववत्।
करपीडन(न०)–विवाह, पाणिग्रहण।
करपुट(पु०)–दोनों हाथों को मिला कर बनाया हुआ गर्त, अञ्जलि।
करपृष्ठ(न०)–हाथ की पुश्त।
करवा [वा] ल (पु०)–तलवार, खड्ग, नख, नाखून, कृपाण।
करभ(पु०)–हाथी का पोता, हाथी की सूंड, ऊंट, कोहनी से लेकर अंगुलियों तक हाथ का बाहर का भाग।
करभी(स्त्री०)–ऊंटनी। पु०–हाथी।
करभीर(पु०)–शेर।
करभू(पु०)–अंगुलि का नाखून।
करमरी(पु०)–क़ैदी।
करम्ब(वि०)–मिला हुआ, मिश्रित। पु०–कीचड़।
करम्बित(वि०)–जुड़ा हुआ।
करम्भ(पु०)–दधियुक्त सत्तू, कीचड़।
करुह(पु०)–हाथ का नाखून, तलवार
करवालिका(स्त्री०)–हाथ की छड़ी।
करशाखा(स्त्री०)–हाथ की डाली अर्थात् उंगली।
करशूक(पु०)–हाथ की सुई अर्थात् नख, नाखून।
करसूत्र(न०)–विवाह के समय हाथ में बांधी हुई डोरी, कंगना।
करहाटक(पु)–हाथ का ज़ेवर, सुवर्ण।
करांगन(पु०)–महसूल इकट्ठा करने का स्थान, तहसील।
कराल(वि०)–भयानक, भयंकर, विकट
करालिक(पु०)–वृक्ष, तलवार।
करास्फोट (पु०)–वक्षःस्थल, खम ठोकना।
करिणी (स्त्री०)–हथिनी।
करिदन्त (पु०)–हाथीदांत।
करिदारक (पु०)–शेर।
करिप (पु०)–हाथीवान, पीलवान।
करिपोत (पु०)–छोटा हाथी, करि-शावक, करभ।
करिमाचल (पु०)–शेर।
करिमुख (वि०)–गणेश।
करी (पु०)–हस्ती, सूंड ही जिसके

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

हाथ का काम देती है।

करीर (पु०)-हाथी के दांत की जड़, बांस का अंखुआ, बांस का नया कल्ला, करील का पेड़, घड़ा।

करीरक (न०)-युद्ध, लड़ाई।

करीष (अ०)-सूखा गोबर, उपला, आरना, वनकंडा।

करीषिणी (स्त्री०)—सम्पत्ति की अधिष्ठात्री देवी, लक्ष्मी।

करुण (वि०)-सहृदय, दयालु, दयायोग्य पु०-दया, कृपा, सहृदयता।

करुणध्वनि (पु०)-दीनता की आवाज़, ऐसी ध्वनि जिसे सुनकर हृदय में दयाभाव उत्पन्न हो।

करुणहृदय (वि०)-दयालु, दयार्द्रचित्त।

करुणा (स्त्री०)-दया, सहृदयता, रहम।

करुणानिधि (पु०)-करुणा वा दया का खजाना, दयासागर।

करुणामय (वि०)-बड़ी दया वाला, करुणा से भरा हुआ, दयासागर।

करेट (पु०)- हाथ का नाखून।

करेणु (पु०)-हाथी, हस्ती। स्त्री०--हथिनी।

करोट (न०)-शिर की हड्डी, खोपड़ी, प्याला।

करोटि (स्त्री०)-पूर्ववत्।

कर्क (पु०)-अग्नि, घड़ा, दर्पण, घोड़ा, केकड़ा।

कर्कचिर्भटी (स्त्री०)-कचरा नामक फल-विशेष।

कर्कट (पु०)-केकड़ा पक्षी, कांटा, रति-बन्ध, छोटा आंवला।

कर्कटक (पु०)-केकड़ा, हुक्का।

कर्कटि-टी (स्त्री०)—ककड़ी नामक फल।

कर्कटु (पु०)—एक प्रकार का सारस पक्षी।

कर्कन्धु (स्त्री०)-बेर, उनाब, बदरीफल।

कर्कर (पु०)-हथौड़ा, दर्पण, चमड़े का तरमा। [में को देखना।

कर्कराटु (पु०)—कटाक्ष, आंख के कोने

कर्कश (पु०)—तलवार, गन्ना। वि०-कठोर, क्रूर, निर्दय, बेरहम, सख्त।

ककोरु (पु०) पेठा, कूष्माण्ड।

कर्कोट (पु०-सर्पभेद, गन्ना, ऐसा सांप जिन के देखने से ही विष प्रवेश कर जाता है।

कर्कोटक (पु०)-पूर्ववत्। [उपधातु।

कर्चूर (न०)-स्वर्ण, हरताल नामक

कर्ज (१प०)—दुःख देना, बेचैन करना।

कर्ण (१०उ०)-सुनना, छेदना, सूराख करना, फाड़ना।

कर्ण (पु०)—श्रोत्रेन्द्रिय, कान, कुन्ती-पुत्र अंगराज का नाम, नौका चलाने की लकड़ी, तीन भुजा का बना हुआ क्षेत्र।

कर्णकीटा—कीटी (स्त्री०)-कानखजूरा नामक कीटविशेष।

कर्णगूथ (न०)-कान का मैल।

कर्णग्राह (पु०)—कर्णधार, मल्लाह।

कर्णजप (पु०)-भेदिया, गुप्तचर, चुगलखोर।

कर्णजलूका (स्त्री०)—कर्णकीटी।

कर्णधार (पु०)-नौका चलाने वाला, मल्लाह, नाविक। [पर्व।

कर्णपर्व (न०)-महाभारत का आठवां

कर्णपुट (न०)-गण्ड के समीप मांस-निर्मित कर्ण का अंग, कर्णगोलक।

कर्णपूर (पु०)—नीला कमल, अशोक वृक्ष, कान का आभूषण, बाली नामक आभूषण।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कर्णवर्जित (पु०)–सर्प। वि०-बहिरा।
कर्णविष् (स्त्री०)–कान का मैल।
कर्णवेध (पु०)–सोलह संस्कारों में से एक जिस में कान बींधे जाते हैं।
कर्णशष्कुली(स्त्री०)–कर्णगोलक, कान का वह स्थान जिस पर वायु के आघात से शब्द सुनाई देता है।
कर्णशूल (अस्त्री०)–कान का दर्द।
कर्णस्राव (पु०)–कान का बहना, कान में से मवाद जाना।
कर्णहीन (पु०)–सर्प। वि०–कानों से रहित। [दक्षिण का प्रदेश।
कर्णाट (पु०)–भारतीय प्रायद्वीप के
कर्णान्तिक (वि०)–कान के पास।
कर्णार्पण (न०)–कान देना, ध्यान देना, सुनना।
कर्णि(पु०)–एक प्रकार का तीर।
कर्णिक(पु०)–कर्णधार। वि०-कानोंवाला
कर्णिका(स्त्री०)–कान की बाली, छोटा क़लम, मध्यमा अंगुली, खड़िया।
कर्णिकार(न०)–कनेर का फूल।
कर्णिल (वि०)–लम्बे कानों वाला।
कर्णी (स्त्री०)–एक प्रकार का तीर, एक स्त्री का नाम।
कर्णीरथ(पु०)–पालकी, डोली, कंधा।
कर्णेजप (पु०)–कर्णजप, भेद लाने वाला, बहकाने वाला।
कर्त्तृ(१० प०)–हटाना, शिथिल होना, खोलना।
कर्तन(न०)–काटना, बुनना, छेदन।
कर्तनी(स्त्री०)–काटनेका यन्त्र, क़ैंची।
कर्त्तरिका(स्त्री०)–छुरी, छुरा, क़ैंची।
कर्त्तव्य(वि०)–काटने के लायक, नष्ट करने योग्य। न०–करने योग्य, फ़र्ज़, करने योग्य काम।
कर्त्ता[र्तृ] (वि०)–करने वाला, बनाने वाला, सम्पादक, परमात्मा, पुरोहित। [वाला, एजण्ट।
कर्त्तृक(वि०)–किसी काम को करने
कर्द्(१ प०)–कांय कांय करना, पेट का गुड़गुड़ाना।
कर्द(पु०)–कीचड़, मिट्टी।
कर्दन(न०)–पेट की गुड़गुड़ाहट।
कर्दम(पु०)–कीचड़, पाप, मैला, कूड़ा।
कर्दमित(वि०)–कीचड़युक्त।
कर्पट(अस्त्री०)–कपड़े की पट्टी, चीथड़ा, रूमाल।
कर्पण(पु०)–शस्त्रविशेष।
कर्पर(पु०)–कड़ाही, कड़ाह, बर्तन, ठीकरा, खोपड़ी।
कर्परांश(पु०)–कंकड़, रेता।
कर्पास(अस्त्री०)–कपास का पेड़।
कर्पूर(अस्त्री०)–काफूर, सुगन्धविशेष।
कर्फर (पु०)–दर्पण, आयना।
कर्ब्(१ प०)–जाना, हरकत करना, पहुंचाना।
कर्बुर(पु०)–पाप, भूतप्रेत, धत्तूरा, अनेक रंगों से मिश्रित रंग। न०–स्वर्ण, जल।
कर्बूर(पु०)–पूर्ववत।
कर्म[न्](न०)–काम, कार्य, सम्पादन, कर्त्तव्य, परिश्रम, परिणाम, प्रारब्ध, कर्त्ता द्वारा क्रिया का प्रभाव

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जिस वस्तु पर हो उसे व्याकरण में कर्म कहते हैं।

कर्मकर(पु०)–मज़दूर, कुली, यमराज।

कर्मकाण्ड(अस्त्री०)–ज्ञानकाण्ड का सहयोगी यज्ञयागादि कर्म, वेद में परमपदप्राप्ति के दो साधन बतलाये हैं, एक ज्ञानकाण्ड दूसरा कर्मकाण्ड, इन दोनों को सम्पादन करता हुआ ही मनुष्य मोक्ष पा सकता है।

कर्मकार(पु०)–कारीगर, मज़दूर, लुहार

कर्मकारी [न्] (पु०)–पूर्ववत्।

कर्मकीलक (पु०)–धोबी।

कर्मक्षम(वि०)–काम करने में समर्थ।

कर्मज(वि०)–प्रारब्ध से उत्पन्न। पु०–वट वृक्ष। [निपुण।

कर्मठ (वि०)–कर्मशूर, चतुर, कार्य में

कर्मण्य (वि०)–काम के लायक, चतुर। न०–कार्यशीलता, कर्मवीरता।

कर्मण्या (स्त्री०)–मज़दूरी, वेतन।

कर्मत्याग(पु०)–वैदिक यज्ञ यागादि का छोड़ना। [ऐब।

कर्मदोष(पु०)–अपराध, गुनाह, ग़लती,

कर्मधारय (पु०)–समासभेद, विशेष्य और विशेषण का समास।

कर्मन् (न०)=कर्म।

कर्मफल (न०)–प्रारब्ध, किये हुए कामों का सुख दुःखादि जो प्राप्त होता है।

कर्मनिष्ठ (वि०)–कर्म में लगा हुआ, धार्मिक कृत्यों का सम्पादन करने वाला।

कर्मभूमि (स्त्री०)–धार्मिक कृत्यों के सम्पादन के लिये उपयुक्त स्थान, आर्यावर्त, भारतवर्ष।

कर्ममीमांसा (स्त्री०)–जैमिनिकृत पूर्व-मीमांसा जिस में कर्मकाण्ड को विशेषता दी गई है।

कर्ममूल (न०)–कुशा नामक घास।

कर्मयुग (न०)–कलियुग का नाम।

कर्मयोग(पु०)–धार्मिक और सांसारिक सब प्रकार के कर्मों का सम्पादन, कर्मलिप्तता।

कर्मरी (स्त्री०)–वंशलोचन।

कर्मविपाक (पु०)–कर्म का पकना, शुभाशुभ जो कर्म किये हैं उनके फलरूप सुख दुःख की प्राप्ति।

कर्मशाला (स्त्री०)–काम करने का स्थान, कारखाना।

कर्मशील(वि०)–कर्मवीर, मेहनती।

कर्मशूर (वि०)–कर्म करने में बहादुर।

कर्मसाक्षी(पु०)–आंखों देखा गवाह, घटनास्थल का गवाह।

कर्मसिद्धि (स्त्री०)–कामयाबी, इच्छित वस्तु की प्राप्ति। [मर्थ।

कर्मक्षम (वि०)–काम करने में असम-

कर्मानुष्ठान (न०)–धार्मिक कृत्यों का सम्पादन।

कर्मानुसार (वि०)–प्रारब्ध के अनुरूप।

कर्मार (पु०)–लुहार, बांसभेद।

कर्मिष्ठ (वि०)–काम में लगा हुआ, चतुर, मेहनती।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS

कर्मेन्द्रिय (न०)–हाथ, पांव, मुख, गुदा और उपस्थ, ये पांच कर्मेन्द्रिय कहलाती हैं।

कर्व् (१ प०)–शेखी मारना, घमण्ड करना, मगरूर होना।

कर्व (पु०)–प्रेम, इच्छा, चूही।

कर्वट (पु०)–तिजारती शहर, मण्डी, प्रधाननगर।

कर्वर (पु०)–पाप, राक्षस, चीता।

कर्वरी (स्त्री०)–राक्षसी, रात्रि, दुर्गा।

कर्शन (पु०)–अग्नि।

कर्ष (पु०)–खींचना, हल जोतना, खरोंच, आकर्षण।

कर्षक (पु०)–किसान, खेतीहर।

कर्षण (न०)=कर्ष।

कर्षित (वि०)–जुता हुआ, इस्तैनात शुदा, खिंचा हुआ।

कर्षणी (स्त्री०)–घोड़े की लगाम का लोहा। [जीविका।

कर्षू (पु०)–आरने की आग, खेती,

कर्हिचित् (अ०)–किसी समय।

कल् (१आ०)–गिनना, आवाज़ करना। [१०उ०] पकड़ना, ले जाना, रखना।

कल(वि०)–अस्पष्ट मधुर शब्द, दुर्बल, मुलायम, मनोहर। पु०–धीमी आवाज़।

कलकण्ठ (पु०)–कोयल, हंस, कबूतर। वि०–मधुरध्वनि वाला।

कलकल (पु०)–गुनगुनाहट, रौला, कोलाहल।

कलघोष (पु०)–कोयल।

कलंक (पु०)–दोष, धब्बा, दाग़, ऐब, अपवाद, अपयश।

कलंकित (वि०)–दोषी, दाग़दार, बदनाम।

कलङ्क (पु०)–पक्षी, तम्बाकू, विषपूर्ण बाण से विद्ध मृग।

कलट (न०)–छप्पर, छान।

कलत्र (न०)–स्त्री, भार्या, शूकर।

कलधूत–धौत (न०)–चांदी, स्वर्ण।

कलन (न०)–दोष, चिन्ह, ऐब, समझना।

कलन्दर (पु०)–वर्णसङ्कर, हीनवर्ण पुरुष के संयोग से उत्पन्न सन्तान।

कलन्दिका (स्त्री०)–प्रतिभा, सर्वविद्याओं के ग्रहण करने की शक्ति।

कलभ (पु०)–छोटा हाथी, हस्तिपोत, ऊंट का बच्चा, धतूरा।

कलम (पु०)–लेखनी, चोर, एक प्रकार का धान्य, बदमाश।

कलम्ब (पु०)–तीर, कदम्ब का वृक्ष, नाली का साग।

कलम्बुट (न०)–ताजा घी, लौनी।

कलरव (पु०)–धीमी मीठी आवाज़, कोयल, कबूतर।

कलल (अस्त्री०)–जरायु, झिल्ली।

कलविङ्क–ङ्क (पु०)–धब्बा, दाग़, चटक पक्षी।

कलश–स (अस्त्री०)–कलसा, घड़ा, पात्रविशेष।

कलशी (स्त्री०)–घड़ा, पानी भरने का छोटा वर्त्तन।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कलह (अस्त्री०)–झगड़ा, विवाद, चिल्लाहट, युद्ध, तलवार का ढक्कन ।

कलहंस (पु०)–राजहंस । [नारद ।

कलहप्रिय (वि०)–झगड़ालू । पु०–

कलहप्रिया (स्त्री०)–मैना, सारिका ।

कला (स्त्री०)–अंश, टुकड़ा, सूद, राशि के तीसवें भाग का साठवां भाग, हुनर [चौंसठ कला प्रसिद्ध हैं], नाव, धोखा ।

कलाकुल (न०)–हलाहल विष ।

कलांकुर (पु०)–कांस, सारस पक्षी ।

कलाद (पु०)–कारीगर, स्वर्णकार, सुनार ।

कलादक (पु०)–पूर्ववत् ।

कलाधर (पु०)–चन्द्रमा, कारीगर ।

कलाधिक (पु०)–मुर्गा, कुक्कुट ।

कलानिधि (पु०)–चन्द्रमा ।

कलानुनादी (पु०)–भौंरा, चटकपक्षी।

कलाप (पु०)–चन्द्रमा, तर्कस, तीर, अलंकार, मोर की पूंछ ।

कलापिनी (पु०)–रात्रि, रात ।

कलापी (पु०)–मोर, कोयल, पिलखन ।

कलाभृत् (पु०)–चन्द्र, हुनरमन्द ।

कलाम्बि(स्त्री०)–सूदखोरी, साहूकारा ।

कलाय (पु०)–मटर नाम का अनाज ।

कलावान् (पु०)–चन्द्रमा ।

कलि (पु०)–चौथा युग, वर्तमान युग, कलह, विवाद, झगड़ा, बहादुर, तीर । स्त्री०–कली, विना खिला हुआ फूल ।

कलिका (स्त्री०)–बिना खुला हुआ फूल, कली ।

कलिकार(पु०)–नारदमुनि । [इन्द्रजौ।

कलिङ्ग (वि०)–चतुर, चालाक । न०–

कलिङ्गाः (पु० बहु०)–कारुमण्डल तट की ओर एक प्रदेश तथा वहां के निवासियों का वाचक । [हुआ ।

कलित (वि०) कथित, गणित, जाना

कलिन्द (पु०)–सूर्य, विभीतक वृक्ष, वह पर्वत जहां पर यमुना का उद्गमस्थान है ।

कलिन्दतनया (स्त्री०)–यमुना नदी ।

कलिन्दनन्दिनी–कन्या (स्त्री०)–पूर्ववत् । [मिला हुआ, गहना ।

कलिल(न०)-बड़ा ढेर।वि०-ढका हुआ,

कलुष (न०)–कीचड़, मैला, क्रोध, अपराध । पु०–महिष, भैंसा । वि०-बुरा, ग़लीज़, अपवित्र, क्रूर, सुस्त, पापी ।

कलुषित(वि०)–क्रूर, क्रोधित, अपवित्र

कलेवर (अस्त्री०)–शरीर, जिस्म ।

कल्क (अस्त्री०)-तलछट, क्रूरता, नीचता, मैल, कानका मैल, गन्ध-विशेष। वि०–क्रूर, अपराधी, दोषी।

कल्कफल (पु०)–अनार का वृक्ष ।

कल्कि (पु०)–विष्णु का दशवां अवतार जो पुराणों के अनुसार सम्भल नगर में विष्णुशर्मा नामक ब्राह्मण के घर में प्रकट होगा ।

कल्की [न्] (वि०)–क्रूर, अपवित्र, कल्कयुक्त ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कल्प (पु०)—एक वेदाङ्ग का नाम जिस में यज्ञक्रियाओं का विधान है, ब्रह्मा का एक दिन जो चार अर्ब बत्तीस करोड़ संवत्सर का होता है, महाप्रलय, कल्पवृक्ष । वि०—उचित, मज़बूत, मुमकिन ।

कल्पक (पु०)—नापित, यज्ञ, बाल काटने वाला ।

कल्पकार (पु०)—नापित, नाई, कल्पसूत्रों का बनाने वाला ।

कल्पद्रुम (पु०)—कल्पतरु, कल्प वृक्ष जो कहते हैं समस्त इच्छाओं के पूर्ण करने में समर्थ होता है ।

कल्पन (न०)—तरतीब, सम्पादन, रचना, काटना ।

कल्पना (स्त्री०)—रचना, शृंगार, ईजाद, ख़यालीपुलाव, ख़याल, विचार ।

कल्पनी (स्त्री०)—क़ैंची ।

कल्पान्त (पु०)—महाप्रलय ।

कल्पित (वि०)—बनावटी, कल्पना किया हुआ, ख़याली ।

कल्मष (अस्त्री०)—पाप, दाग़ । पु०—नरक । वि०—मैला, पापी ।

कल्माष (पु०)—राक्षस, कालारंग, अनेक रङ्गों का मेल ।

कल्माषी (स्त्री०)—यमुना नदी, जमदग्नि की गाय ।

कल्य (न०)—उषाकाल, प्रभात, संवाद, आशीर्वाद । वि०—चंगा, नीरोग, उद्यत । [बाद ।

कल्या (स्त्री०)—हरीतकी, मुबारिक-

कल्याण (वि०)—सुखी, भाग्यवान्, शुभ । न०—अच्छा भाग्य, सुख, नेकी, स्वर्ग, उत्सव, स्वर्ण ।

कल्याणवचन (न०)—दोस्ताना मश्वरा, भलाई की बात, लाल-शङ्खिया ।

कल्याणी (वि०)—प्रसन्न, महाभाग ।

कल्याश (पु०)—नाश्ता, सुबह का खाना ।

कल्यजग्धि—कल्यवर्त्त भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होते हैं ।

कल्ल् (१ आ०)—चुप रहना, कूजना ।

कल्ल (वि०)—बहिरा, वधिर ।

कल्लोल (पु०)—शत्रु, लहर, महातरङ्ग, हर्ष, खुशी ।

कल्लोलिनी (स्त्री०)—नदी, दरिया ।

कव् (१ आ०)—कविता करना, चित्र बनाना । [बख्तर, युद्ध का बाजा

कवच (अस्त्री०)—लौहवस्त्र, ज़िरह

कवटी (स्त्री०)—किवाड़ ।

कवन (न०)—जल, पानी ।

कवर (अस्त्री०)—नमक, खारीपन । पु०—जुल्फ़, बालों का गुच्छा, लेकचर देने वाला, वक्तृता करनेवाला।

कवरकी (पु०)—क़ैदी, बन्दी ।

कवल (अस्त्री०)—ग्रास, एक बार मुंह में जितना अन्न आ सके ।

कवलित (वि०)—भक्षित, चर्वित, निगला हुआ ।

कवस (प०)—कवच, कांटेदार झाड़ी ।

कवाट (न०)—कपाट, किवाड़ ।

कवि (पु०)—सूर्य, ब्रह्मा, वाल्मीकि, शाइर, धीमान्, फिलासफ़र,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

काव्यकर्त्ता । वि०-पण्डित, बुद्धिमान्, विचारशील, सर्वज्ञ । स्त्री०-क़ज़ई, लगाम । [ग्रन्थ ।

कविता (स्त्री०)-काव्य, छन्दोबद्ध-

कविपुत्र(पु०)-शुक्राचार्य ।

कविराज(पु०)-बड़ा कवि,कविश्रेष्ठ ।

कवोष्ण(वि०)-कुछ २ गर्म, सीलगर्म ।

कव्य(न०)-पितरों के निमित्त दिया हुआ अन्नादि ।

कश्(१ प०)-करना ।

कशा(स्त्री०)-कोड़ा, चाबुक ।

कशस् [:] (न०)-जल, पानी ।

कशिपु (पु०)-भोजन, कपड़ा, वस्त्र, चटाई, बिस्तरा ।

कशेरू (अस्त्री०)-जलोत्पन्न कन्द विशेष, मेरुदण्ड, रीढ़ की हड्डी ।

कशेरुका (स्त्री०)-रीढ़ की हड्डी ।

कश्मल (न०)-मूर्छा, पाप । वि०-गन्दा, मैला ।

कश्मीर (पु०)-काश्मीर नामक देश जो पञ्जाब के उत्तर में है ।

कश्मीरज (अस्त्री०)-केशर, कुंकुम ।

कश्यप (पु०)-ब्रह्मा का पोता मरीचि का पुत्र जिस की दिति और अदिति दो भार्या थीं, कछुवा ।

कष् (१ उ०)-रगड़ना, मारना, कूदना, फुदकना । [पत्थर ।

कष (पु०)-रगड़ना, कसौटी नाम का

कषण (न०)-रगड़ना, चिन्ह लगाना, कसौटी पर लगाना ।

कषाकु (पु०)-अग्नि, भास्कर ।

कषाय (अस्त्री०)-छःरसों में से एक, कसैला, काढ़ा, क्वाथ, कलियुग, मनोविकार ।

कष्ट (न०)-बुराई, कठिनता, दुःख, व्यथा । वि०-बुरा, दुःखी ।

कष्टकर (वि०)-दुःखदायी, कष्ट देने वाला ।

कष्टसाध्य (वि०)-जो कठिनता से पूरा हो सके ।

कष्टि (स्त्री०)-दुःख, आज़मायश, परीक्षा, हानि ।

कस (पु०)-कसौटी, पथरी ।

कसेरू (पु०)=कशेरु ।

कस्तीर(न०)-टीन,रांग नामक धातु ।

कस्तूरिका (अस्त्री०)-कस्तूरी, मृगमद, मुश्क ।

कस्तूरी (स्त्री०)-पूर्ववत् ।

कस्तूरीमृग (पु०)-ऐसा मृग जिसकी नाभि में कस्तूरी पाई जाती है ।

कहाड (पु०)-भैंसा, महिष ।

कल्हार (न०)-सफेद कमल ।

कांसीय (न०)-कांसा नामक उपधातु जो तांबे के मेल से बनता है

कांस्य (न०)-कांसा नामक उपधातु, जल पीने का एक बर्त्तन ।

कांस्यकार (पु०)-कसेरा नामक जाति

काक (पु०)-कौवा, लंगड़ा, नीच मनुष्य ।

काकचिंचा (स्त्री०)-चौंटली, गुञ्जा ।

काकजात (पु०)-कोयल ।

काकतालीय (न०)-अचानक होने वाली बात, आकस्मिक घटना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

काकदन्त (पु०)–आकाशकुसुम, असम्भव वार्त्ता।

काकनिद्रा (स्त्री०)–ऐसी नींद जो आसानी से भग हो जाय, चोंक-नींद।

काकपुच्छ (पु०)–कोयल।

काकपेय (वि०)–जो गहरा न हो, उथला।

काकभीरु (पु०)–उल्लू, उलूक।

काकरुक(वि०)–डरपोक,नङ्गा,ग़रीब। पु०-स्त्रैण, भार्याधीन।

काकली (स्त्री०)–मीठी और धीमी आवाज़, चींटली।

काकारि(पु०)-उल्लू, उलूक।

काकिणी(स्त्री०)–कौड़ी, दमड़ी।

काकु (स्त्री०)–मनोविकार के कारण शब्द का बदलना, वक्रोक्ति।

काकुत्स्थ(पु०)–सूर्यवंशी राजा।

काकुद(न०)–तालु, जिह्वा का आश्रय-स्थान।

काकोदर(पु०)–सांप, सर्प। [सूअर।

काकोल(पु०)-सर्प, पहाड़ी कौवा,

काक्ष(पु०)–कटाक्ष, तिरछी चितवन।

काग(पु०)–कौवा।

कांक्ष(१ उ०)–चाहना, इच्छा करना।

कांक्षा (स्त्री०)–इच्छा, ख्वाहिश।

कांक्षारु(पु०)–बगुला।

काच(पु०)–एक प्रकार का उपरत्न जो खारी मिट्टी को पका कर निकाला जाता है, कंच, मोम।

काचमल(न०)–काला नून, शोरा।

काचिच(पु०)–स्वर्ण, चूहा, चूही।

काचूक(पु०)–मुर्ग़ा, चकवा पक्षी।

कांच् (१आ०)--चमकना, बांधना।

काञ्चन (न०)-स्वर्ण, चमक, सम्पत्ति, हरताल। पु०–चम्पक वृक्ष, धतूरा

काञ्चनक(न०)–हरताल।

काञ्चनकन्दर(पु०)–स्वर्ण की खान।

काञ्चनदली(स्त्री)--स्वर्णकदली।

काञ्चनसन्धि (पु०)–इस प्रकार की सन्धि जिसमें दोनों पक्षों को कुछ हानि न उठानी पड़े।

काञ्चनार (पु०)–कचनार, कोविदार, कांचनाल वृक्ष।

कांचि (स्त्री०)–भारत के दक्षिण में एक नगर का नाम, स्त्रियों के पहरने का एक आभूषण [कांची-का भी यही अर्थ है]

काठिन्य(न०)-कठोरता,सख्ती,मुश्किल।

काण(वि०)--काणा, एक आंख वाला, कौवा।

काणूक(पु०)–हंसभेद, मुर्ग़ा, कौआ।

काण्ड(अस्त्री०)--अध्याय, परिच्छेद, स्तम्भ, सरकण्डा, छड़ी, जल, सौका,एकान्तस्थान,पत्थर,तीर।

काण्डपृष्ठ(पु०)–शस्त्राजीवी,सिपाही, गोद लिया हुआ पुत्र।

काण्डीर (वि०)-तीरन्दाज़, बाण धारण करने वाला। न०–मजीठ।

काण्डेक्षु (पु०)--तालमखाना, तृण-विशेष।

कातर(वि०)--डरपोक, डरा हुआ, दुःखी, भयाकुल। पु०–मत्स्यभेद, नौका।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कातर्य (न०)-डरपोकपन; भीति ।
कातृण(न०)-बुरी घास,कुत्सित घास।
कात्यायन(पु०)-वररुचि नामक वैयाकरण, धर्मशास्त्रकार एक ऋषिविशेष ।
कात्यायनी (स्त्री०)-याज्ञवल्क्य की स्त्री का नाम; पार्वती, रक्तवस्त्र धारण किये हुए विधवा ।
काथिक (पु०)-कथक्कड़ , कहानी कहने वाला ।
कादम्ब (पु०)-ईख का सरकण्डा, कदम्ब का वृक्ष, कलहंस ।
कादम्बक (पु०)-तीर, बाण ।
कादम्बरी (स्त्री०)-सरस्वती,मादा कोयल, सारिका, मैना, सुराभेद, एक काव्य जो बाण कवि का रचा हुआ है ।
कादम्बिनी (स्त्री०)-मेघमाला ।
कादाचित्क(वि०)-आकस्मिक,घटनावश ।
कानक (वि०)-सुनहरा ।
कानन (न०)-जंगल, वन, घर ।
काननाग्नि (पु०)-दावानल, वनाग्नि ।
कानीन(पु०)-अविवाहिता स्त्री की सन्तान, व्यास और कर्ण का नाम, पुत्रभेद ।
कान्त (पु०)-पति, चन्द्रमा, प्रेमी,वसन्त । न० —जातिफल , केशर । वि० — इच्छित, प्यारा, प्रियदर्शन ।
कान्तपत्री(पु०)-लोहे का बना हुआ मयूर ।
कान्तलौह (न०)-स्टील नामक लोहा, एक प्रकार का मज़बूत लोहा ।
कान्ता (स्त्री०)-भार्या, पत्नी, प्यारी स्त्री, बड़ी इलायची, पृथिवी ।
कान्तार (न०)-कमल । पु०-कचनाल, बांस, उपद्रव, जंगल, गर्त्त ।
कान्ति (स्त्री०)-दीप्ति,शोभा,शृंगार,इच्छा।
कान्तिकर (वि०)-कान्ति बढ़ाने वाला।
कान्तिभृत् (पु०)-चन्द्रमा ।
कान्दविक (पु०)-हलवाई, मिठाई बनाने वाला । [भयातुर ।
कान्दिशीक (वि०)-भगोड़ा , भयभीत ,
कान्यकुब्ज (पु०)-देशविशेष, कन्नौज ।
कापटिक (पु०)-खुशामदी,छली,विद्यार्थी वि०-धोखेबाज़, बेईमान ।
कापट्य (न०)-कपटता,कपटीपन, क्रूरता ।
कापथ (पु०)-बुरा रास्ता, कुमार्ग ।
कापालिक (पु०)-भैरवमतानुयायी, वामाचारी ।
कापालिकी (स्त्री०)-चतुर स्त्री, कपालों की बनी हुई माला ।
कापाली (पु०)-भैरव, शिव ।
कापिल (पु०)-पीला रंग, कपिलमतानुयायी ।
कापिश (न०)-सुराभेद ।
कापुरुष (पु०)-बुरा आदमी, डरपोक, कमबख्त, नीच मनुष्य ।
कापोत (पु०)-भूरा रंग । न०-सुर्मा, कबूतरों का झुण्ड ।
काफल (पु०)-कड़वा बीज ।
काम (पु०)-इच्छा, ख्वाहिश , अपेक्षित वस्तु, प्रेम, कामदेव, बलराम ।
कामकला (स्त्री०)-कामदेव की स्त्री रति ।
कामकार (वि०)-स्वतन्त्र, स्वेच्छाचारी ।
कामकृत (वि०)-पूर्ववत् ।
कामकेलि (पु०)-कामक्रीडा, विषयभोग, स्त्रीसंभोग ।
कामक्रीडा(स्त्री०)-पूर्ववत् ।
कामगा(स्त्री०)-असती स्त्री, व्यभिचारिणी ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कामचार (वि०)–न रोका हुआ, स्वतन्त्र । पु०–स्वेच्छाचारिता ।

कामजित् (वि०)–विषयवासना पर क़ाबू पाने वाला । पु०–शिव, स्कन्द ।

कामताल(पु०)–कोयल ।

कामद (वि०)–कामना पूरी करने वाला, अभीष्टदायक ।

कामदर्शन(वि०)–प्रियदर्शन, मनोहर ।

कामदुघा (स्त्री०)–कामधेनु, सुरभी ।

कामदुह् (स्त्री०)–पूर्ववत् ।

कामदूती (स्त्री०)–मादा कोयल ।

कामदेव(पु०)–प्रद्युम्न, भारतीयों के बीच कामदेव प्रेम का देवता माना गया है जो कृष्ण और रुक्मिणी का पुत्र कहा जाता है और जिस की स्त्री रति है ।

कामधेनु (स्त्री०)–पौराणिकमतानुसार स्वर्ग में इस नाम की एक गौ विशेष रहती है जिस में समस्त इच्छाओं के पूर्ण करने की शक्ति विद्यमान है ।

कामध्वंसी(पु०)–शिव का बोधक ।

कामन(न०)–इच्छा, चाहना । वि०–कामी, विषयासक्त ।

कामना(स्त्री०)–इच्छा, ख्वाहिश ।

कामनीय(वि०) मनोहर, चित्तापकर्षक

कामपत्नी(स्त्री०)–कामदेव की स्त्री, रति । [शिव ।

कामपाल (पु०)–बलभद्र, बलराम,

कामप्रद(वि०)–इच्छाओं का पूर्ण करने वाला । पु०–परब्रह्म ।

कामम्(अ०)–इच्छानुकूल, यथेच्छ, इच्छापूर्वक, अच्छा, बहुत अच्छा, हां ।

काममह(पु०)–चैत्रमास की पूर्णिमा के दिन कामदेव की पूजा का एक उत्सव ।

काममोहित(वि०)–प्रेमासक्त, काममूढ़ ।

कामरसिक(वि०)–कामासक्त, कामी ।

कामरूप (वि०)–इच्छानुसार रूप धारण करने वाला, मनोहर, सुन्दर । पु०–आसामका एक प्रान्त

कामरेखा (स्त्री०)–वेश्या ।

कामल (पु०)–वसन्त ऋतु, रोगभेद, मरुभूमि । वि०–कामी, कामासक्त, पीलिया रोग वाला ।

कामवल्लभ (पु०)–आम का वृक्ष, चन्द्रमा, वसन्तऋतु । [ज्योत्स्ना ।

कामवल्लभा(स्त्री०)–चांदनी, चन्द्रिका,

कामवश्य(वि०)–काम के वशीभूत ।

कामवृत्ति (स्त्री०)–काम करने की स्वतन्त्रता ।

कामसख(पु०)–वसन्तकाल, चैत्रमास, आम्रवृक्ष ।

कामसुत (पु०)–कामदेव का पुत्र अनिरुद्ध ।

कामाग्नि (पु०)–प्रेम की आग, तीव्र इच्छा, तीव्रकामैषणा ।

कामातुर(वि०) प्रेमासक्त, कामानल, प्रेम का भरा हुआ ।

कामान्ध (वि०)–काम के वशीभूत, विचारशून्य । पु०–कोयल ।

कामारि (पु०)–शिव का बोधक ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कामासक्त (वि०)–प्रेम में फंसा हुआ, कामी। [न०–इच्छा, प्रेम।

कामित (वि०)–इच्छित, ईप्सित,

कामिनी (स्त्री०)–मनोहर स्त्री, नारी, अबला, काम को उत्पन्न करने वाली स्त्री।

कामी (वि०)–कामासक्त। पु०–प्रेमी, शिव, चन्द्रमा, कबूतर, चटक पक्षी।

कामुक (वि०)–कामना करने वाला, कामासक्त। पु०–प्रेमी, कामी, चटक पक्षी।

काम्बिल्य (पु०)–एक देश का नाम।

काम्बल (पु०)–एक प्रकार का रथ जो कंबल से ढका रहता है।

काम्बविक (पु०)–शंखकार।

काम्बोज (पु०)–कम्बोज देश का निवासी, कम्बोज देश का घोड़ा, पुन्नागवृक्ष, कंबोह जाति।

काम्य (वि०)–कामनायोग्य, इच्छा पर निर्भर, मनोहर।

काम्यमरण(न०)–खुदकशी, आत्मघात।

काम्यवृत्त (न०)–स्वेच्छा से की हुई प्रतिज्ञा। [प्राय।

काम्या (स्त्री०)–इच्छा, प्रार्थना, अभि-

काय (अस्त्री०)–शरीर, देह, प्राजापत्य विवाह, स्वभाव, मूलधन।

कायक्लेश (पु०)–शारीरिक कष्ट।

कायचिकित्सा (स्त्री०)–आठ प्रकार के चिकित्साभेदों में से एक।

कायजान (न०)–फूंस का बना हुआ झोंपड़ा, शरीर का परिमाण।

कायस्थ (पु०)–परब्रह्म, लिखने का काम करने वाला, एक जाति-भेद जो क्षत्रिय और शूद्र के संसर्ग से उत्पन्न हुई है।

कायस्थित (वि०)–शारीरिक, शरीर में रहने वाला।

कायिक (वि०)–दैहिक, शारीरिक, जो देह से किया जाय।

कायिका (स्त्री०)–रुपये का सूद, ब्याज

कार (पु०)–क्रिया, काम, प्रयत्न, पति, इरादा, हिमालय पर्वत, महशूल, बध। वि०–करने वाला, सम्पादक।

कारक(वि०)–क्रियाजनक, करने वाला। न०–व्याकरण में क्रिया और संज्ञा के सम्बन्धसे छःकारक माने गये हैं, यथा–कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण।

कारण(न०)–सबब, हेतु, उद्देश, साधन, करण, शरीर, कार्य, ज़रिया, बध। न्याय में वह वस्तु जिस के विना कार्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती। [पीड़ा।

कारणा (स्त्री०)–दुःख, कष्ट, मानसिक

कारणवादी (पु०)–मुद्दई, अर्थी।

कारणविहीन (वि०)–हेतुरहित, बेबुनियाद।

कारणशरीर(न०)–लिङ्गशरीर का नाम

कारणिक(वि०)–परीक्षक, जज, कारणयुक्त।

कारण्डव (पु०)–एक प्रकार का हंस।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कारभ (वि०)-उष्ट्रसम्बन्धी, उष्ट्र से उत्पन्न ।
कारमिहिका (स्त्री०)-काफूर, कर्पूर ।
कारव (पु०)-कौवा, काक ।
कारा(स्त्री०)-क़ैद, जेल, दूती, सुनारी, दुःख, ध्वनि ।
कारागृह-गार(न०)-क़ैदखाना, जेलखाना । [निरीक्षक ।
कारापाल (पु०)-जेलर, बन्दिगृह का
कारि (पु०)-कारीगर, दस्तकार । स्त्री०-काम, कार्य ।
कारिका (स्त्री०)-सूत्र, कष्ट, व्यवसाय, नर्त्तकी, श्लोकभेद ।
कारीरी (स्त्री०) ऐसी यज्ञक्रिया जिस के द्वारा पानी बरस सके ।
कारु(वि०)-करने वाला, बनाने वाला, शिल्पकार, कारीगर, भयानक । पु०-विश्वकर्मा, शिल्प ।
कारुक (पु०)-शिल्पी, कारीगर ।
कारुज (पु०)-हस्तिपोत, वल्मीक, शरीर का तिलादि चिन्ह, नागकेशर । [दयार्द्रचित्त ।
कारुणिक (वि०)-दयालु, मुलायम,
कारुण्य (न०)-दया, रहम, दयालुता ।
कार्कश्य (न०)-कठोरता, उजड्डपन, बेरहमी ।
कार्ण (न०)-कान का मैल, बाली । वि०-कर्णसम्बन्धी । [वृक्ष ।
कार्त्तस्वर (न०)-स्वर्ण, धतूरा, काञ्चन
कार्त्तान्तिक(पु०)-भाग्य बताने वाला, ज्योतिषी ।
कार्त्तिक(पु०)-कार्त्तिक नाम का मास जो अक्तूबर वा नवम्बर में होता है, स्वामिकार्त्तिक, स्कन्द ।
कार्त्तिकी (स्त्री०)-कार्त्तिक मास की पूर्णिमा ।
कार्त्तिकेय (पु०)-शिवपुत्र स्कन्द जिस का कृत्तिकाओं ने पालन किया था । [सामग्र्य ।
कार्त्स्न्य (न०)-सम्पूर्णता, साकल्य,
कार्दम (वि०)-कीचड़युक्त, कीचड़ से भरा हुआ ।
कार्पटिक (पु०)-तीर्थयात्री, तीर्थसेवी, अनुभवी पुरुष ।
कार्पण्य(न०)-कंजूसी, सूमपन, दीनता ।
कार्पास(वि०)-कपास का बना हुआ । अस्त्री०-कागज़ ।
कार्पासी (स्त्री०)-कपास का वृक्ष ।
कार्म (वि०)-मेहनती, परिश्रमी ।
कार्मण (वि०)-काम करने में होशियार । न०-जादू, छल, यन्त्रमन्त्र ।
कार्मार (पु०)--दस्तकार, शिल्पी ।
कार्मिक्य (न०)-कार्यकुशलता, परिश्रम ।
कार्मुक (न०)-धनुष्, कमान, बांस, महानिम्ब । पु०-काम करने योग्य, कार्यकुशल ।
कार्य (वि०)-करने योग्य, सम्पादनीय न०-काम, कर्त्तव्य, साहस, अभिप्राय, व्यवहार, कारण का फल, आरम्भ ।
कार्यकर (वि०)-लाभदायक, मुफ़ीद ।
कार्यकर्त्ता(पु०)-कारीगर, करने वाला ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कार्यकाल (पु०)–काम करने का उचित समय।
कार्यकुशल (वि०)–कार्य करने में चतुर।
कार्यच्युत (वि०)–बेकार, कर्तव्यविमुख, बर्ख़ास्त।
कार्यपटु (वि०)–काम करने में होशियार, अनुभवी।
कार्यसिद्धि (स्त्री०)–कामयाबी, सफलता
कार्यासक्षम (वि०)–काम करने में असमर्थ।
कार्याकार्य (न०)–करने और न करने योग्य बात।
कार्याधिप (पु०)–काम का निरीक्षक, सुपरिण्टेण्डेण्ट।
कार्यार्थी (वि०)–मतलबी, ग़र्ज़ी।
कार्श्य (न०)–कृशता, दुबलापन।
कार्षापण (अस्त्री०)–रुपया, पण, सोलह पण।
कार्षिक (पु०)–पण का चौथा भाग, तोलाभर। [पन।
कार्ष्ण्य (न०)–कालापन, धुंधियाला-
काल (पु०)–काला रंग, समय, मृत्यु, यम, प्रारब्ध, आंख की पुतली, कोयल, शिव, कृष्ण, शनि। वि०–काला, हानिकर।
कालकण्ठ (पु०)–काली ग्रीवा वाला, महादेव, नीलकण्ठ, मोर।
कालकण्डक (पु०)–जल में रहने वाला सर्प। [बत।
कालकर्णिका (स्त्री०)–विपत्ति, मुसी-
कालकर्म (न०)–मृत्यु, मौत।
कालकुण्ठ (पु०)–यमराज।
कालकूट (अस्त्री०)–एक प्रकार का भयङ्कर विष जो समुद्रमन्थन समय उत्पन्न हुआ था।
कालकृत् (पु०)–परब्रह्म, सूर्य, मयूर।
कालक्रम (पु०)–समय का बीतना।
कालक्रमेण (अ०)–ज्यूं २ समय बीतता गया।
कालक्षेप (पु०)–दीर्घसूत्रता, देरी।
कालगंगा (स्त्री०)–यमुना नदी।
कालग्रन्थि (पु०)–संवत्सर, एक वर्ष।
कालचक्र (न०)–समय का बीतना, वक्त का दौर, जीवन का उतार चढ़ाव।
कालज्ञ (वि०)–समय को जानने वाला। किंकर्त्तव्य का ज्ञाता। पु०-कुक्कुट, ज्योतिषी।
कालदर्शी (वि०)–पूर्ववत्।
कालधर्म (पु०)–समयानुसार कर्त्तव्यकर्म, मृत्यु, मौत।
कालनियोग (पु०)–दैवाज्ञा, प्रारब्ध का अटल आदेश।
कालपक्व (वि०)–समय से परिपक, अनुभवी।
कालपाशिक (पु०)–जल्लाद, हत्यारा।
कालपुच्छ (पु०)–बारहसींगा, मृगविशेष
कालमुख (पु०)–लंगूर। [करना।
कालयापन (न०)–समय बिताना, देरी
कालरात्रि (स्त्री०)–यम की बहिन, कल्पान्त रात्रि। [विशेष।
काललौह (न०)–स्टील नामक लोह
कालसम्पन्न (वि०)–जिसके ऊपर तिथि लिखी हुई हो।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कालस्वरूप(वि०)—मृत्यु के समान।
काला(स्त्री०)—नील, मजीठ, काला जीरा।
कालाग्नि(पु०)—प्रलय के समय नाशकर अग्नि, रुद्र का बोधक, कालानल।
कालातिक्रमण(न०)—समय बिताना, देरी करना।
कालातिपात(पु०)—पूर्ववत्।
कालातिरेक(पु०)—पूर्ववत्। [हुआ।
कालातीत(वि०)—बीता हुआ, गुजरा
कालान्तर(न०)—समयान्तर, समय-विभाग।
कालावधि(पु०)—नियतकाल।
कालिक(पु०)—सारस, बगुला। वि०—कालसम्बन्धी।
कालिका(स्त्री०)—दुर्गा, कलौंस, काला रंग, स्याही, रोशनाई, काकी, हरीतकी।
कालिंग(पु०)—हाथी, हस्ती, सर्प, एक प्रकार का लोहा, कालिंग देश का राजा। न०—तरबूज नामक फल।
कालिन्द(न०)—तरबूज़।
कालिन्दी (स्त्री०)—यमुना नदी, श्रीकृष्ण की एक भार्या।
कालिन्दीभेदन(पु०)—श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का नाम।
कालिमा(पु०)—कालापन, कलौंस, धब्बा, दोष।
काली (स्त्री०)—रोशनाई, काली-स्याही, पार्वती, सत्यवती, रात्रि, निन्दा, अग्नि की जिह्वाविशेष, दुर्गा का भेद, यमभगिनी, महाविद्या।
कालीक(पु०)—बगुला पक्षी। [लत।
कालीची(स्त्री०)—यमराज की अदा-
कालीन(वि०)—समयानुकूल।
कालुष्य(न०)—मैलापन, गन्दापन।
कालेय (न०)—जिगर, कुंकुम, काला चन्दन। पु०—हल्दी, दैत्यविशेष। वि०—कलियुगसम्बन्धी।
कालेयक(पु०)—शिकारी कुत्ता। न०—एक प्रकार का पीलिया रोग, चन्दनभेद। [ख़यालो।
काल्पनिक(वि०)—कल्पित, बनावटी-
काल्य(न०)—उषाकाल, पौ फटना। वि०—समयानुकूल, मंगलकर।
काल्या (स्त्री०)—गर्भ धारण करने के योग्य गाय, रजोदर्शन के पश्चात की स्त्री।
कावार (न०)—काई, कुम्भिका।
कावृक (पु०)—चकवा पक्षी, कुक्कुट।
कावेरी (स्त्री०)—वेश्या, हल्दी, भारतवर्षके दक्षिणमें एक नदीका नाम
काव्य (न०)—कवि की कृति, कविता, कुशलक्षेम, बुद्धि। पु०—शुक्राचार्य वि०—प्रशंसायोग्य, वर्णनीय, आर्ष-गुणयुक्त। [चुराने वाला।
काव्यचोर (पु०)—दूसरों के ख़यालात
काव्यरसिक (वि०)—कविता के गुण दोष जानने वाला।
काश् (४ आ०)—चमकना, मनोहर दिखलाई देना।
काश (पु०)—कांस नाम की प्रसिद्ध घास, दीप्ति, खांसी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

काशि (पु०)–सूर्य, मुट्ठी, प्रभा, दीप्ति। स्त्री०–बनारस नामक नगर।

काशिका (स्त्री०)–बनारस नामक नगर, पाणिनिकृत सूत्रों पर एक टीका।

काशिराज (पु०)–धन्वन्तरि, बनारस का राजा, विशेष कर अम्बा, अम्बिका, अम्बालिका के पिता का नाम है।

काशी (स्त्री०)–बनारस नामक प्रसिद्ध नगर जो पौराणिकों के निकट एक पवित्र स्थान है और शिवका निवासस्थल कहा गया है।

काशीनाथ (पु०)–शिव, एक प्रसिद्ध ज्योतिषी जो शीघ्रबोध नामक ग्रन्थ का कर्त्ता है।

काशीयात्रा (स्त्री०)–तीर्थस्थान के लिये काशीधाम में जाना।

काश्मीर (न०)–कुंकुम, केशर, सुहागा पु०–कश्मीर का निवासी।

काश्मीर्य (न०)–केशर, कुंकुम।

काश्यप (पु०)–मुनिविशेष, कश्यप-पुत्र, कणाद, अरुण। न०–मांस।

काश्यपि (पु०)–गरुड़, अरुण।

काषाय (न०)–सुर्ख कपड़ा। वि०–लाल, कुछ २ सुर्ख।

काष्ठ (न०)–लकड़ी, इन्धन। [केला।

काष्ठकदली (स्त्री०)–वनकेला, जंगली

काष्ठकीट (पु०)–घुण नामक कीड़ा।

काष्ठकूट (पु०)–खुटबढैया नामक पक्षी

काष्ठतक्ष् (पु०)–बढ़ई।

काष्ठतक्षक (पु०)–बढ़ई।

काष्ठदारु (पु०)–देवदारु वृक्ष।

काष्ठभारिक (पु०)–लकड़ी ढोने वाला।

काष्ठलेखक (पु०) घुण, काष्ठकूट।

काष्ठा (स्त्री०)–दिशा, सीमा, चिन्ह, निशान, जल, सूर्य, कला का तीसवां भाग, दक्षकी पुत्रीकानाम

काष्ठिक (पु०)–लकड़हारा।

काष्ठीला (पु०)–केले का वृक्ष।

कास् (१ आ०)–चमकना, खांसना, ऊंऊं करना।

कास (पु०)–खांसी, कफरोग।

कासघ्नी (स्त्री०)–कटेली, कण्टकारी।

कासर (पु०)–महिष, भैंसा।

कासार (अस्त्री०)–तालाब, सरोवर।

कासीस (न०)–हीराकसीस नामक औषध विशेष।

कासू (स्त्री०)–प्रभा, चमक, रोग, भक्ति, समझ, अस्फुट वाणी।

कासृति (स्त्री०)–गुप्तमार्ग, छिपा हुआ रास्ता।

काहल (पु०)–कौवा, कुक्कुट, बिल्ली, ध्वनि। वि०–सूखा, नीच, क्रूर, बहुत।

किंवदन्ती (स्त्री०)–जनश्रुति, लोकोक्ति, लोकापवाद, अफवाह।

किंवा (अ०)–अथवा, वा, या, विकल्पबोधक।

किंशारु (पु०)–बाण, तीर, बगुला, अनाज का तूर।

किंशुक (पु०)–पलाशवृक्ष, टेसू। न०–टेसू का फूल।

किकि (पु०)–चातक पक्षी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

किकिदिवि (पु०)–चातक पक्षी।
किखि (स्त्री०)–लोमड़ी, गीदड़। पु०–बन्दर, लंगूर।
किङ्कर (पु०)–नौकर, भृत्य, सेवक।
किङ्करी (स्त्री०)–सेविका, नौकरानी।
किंकर्त्तव्यविमूढ (वि०)–क्या करना चाहिये जो ऐसा निर्धारण नहीं कर सकता।
किंकर्त्तव्यता (स्त्री०)–ऐसी अवस्था जिसमें मनुष्य स्वयं सोचता है कि क्या करना चाहिये।
किङ्किणी (स्त्री०)–कमर का भूषण, छोटी घंटी। [कामदेव।
किङ्किर (पु०)–घोड़ा, कोकिल, भौंरा,
किङ्किरात (पु०)–तोता, कोयल, काम-देव, अशोक वृक्ष।
किञ्च (अ०)–कुछ और, और क्या, आरम्भ।
किञ्चन (अ०)–थोड़ा, कुछ २
किञ्चित् (अ०)–थोड़ा, कुछ २।
किंजल्क (पु०)–फूल की धूलि, पुष्प-रेणु, नागकेशर। [होना।
किट् (१प०)–जाना, डराना, भयभीत
किटिभ (पु०)–जूं, खटमल।
किट्ट (न०)–धातुओं का मल, पुरीष
किण (पु०)–अनाज, एक जंगली जन्तु।
किण्वी [न्] (पु०)–घोड़ा, अश्व।
कित् (१प०)–इच्छा करना, जीना, चिकित्सा करना, शङ्का करना।
कितव (पु०)–झूठा, बदमाश, धतूरा, जुआरी, उन्मादी।
किन्तनु (पु०)–सकड़ी नामक कीट जिसके आठ पैर होते हैं।
किन्तु (अ०)–विरोध वा विशेषता दिखलाने के लिये यह वाक्य में प्रयुक्त होता है, पर, परन्तु।
किन्नर (पु०)–देवताओं की एक योनिविशेष जिस का अश्वसदृश मुख और पुरुषों के समान शरीर होता है।
किन्निमित्तं (अ०)–क्यों, किसलिये, किस निमित्त।
किम् (अ०)–प्रश्न, वितर्क, निन्दा, निषेध आदि अर्थों का बोधक, क्या।
किमुत (अ०)–विकल्प, सन्देह, प्रश्न, वितर्क आदि अर्थों का बोधक, फिर क्या।
कियत् (वि०)–कितना, दूरी, परिमाण, संख्या आदि अर्थों का बोधक। [और।
कियत्कालम् (अ०)–कब तक, कुछ काल
किर (पु०)–शूकर, सूअर।
किरक (पु०)–पूर्ववत्।
किरण (पु०)–सूर्यरश्मि, प्रकाश की धारा।
किरणमाली (पु०)–सूर्य, सूरज।
किरात (पु०)–म्लेच्छजातिविशेष, वहशी, वामन, साईस, चिरायता औषध।
किरातार्जुनीय (न०)–भारवि कवि का बनाया एक प्रसिद्ध काव्य जिस में अर्जुन का किरात के साथ युद्ध वर्णित है।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

किरि (पु०)-शूकर, सूअर, बादल
किरीट (अस्त्री०)-मुकट, पगड़ी, ताज, राजचिन्ह, व्यवसायी।
किरीटधारी (पु०)-राजा।
किरीटमाली (पु०)-अर्जुन का नाम।
किरीटी (पु०)-अर्जुन। वि०-मुकटधारी।
किर्मि (स्त्री०)-स्वर्णमूर्त्ति, पलासवृक्ष, मकान, ढाल।
किर्मीर (पु०)-नारंगी का पेड़, एक राक्षस का नाम।
किर्याणी (पु०)-जंगली सूअर।
किल् (६ प०)-किलोल करना, श्वेत हो जाना।
किल (अ०)-निश्चय, प्रसिद्धि, पश्चात्ताप, असन्तुष्टि, अवज्ञा, हेतु आदि अर्थों का बोधक।
किलकिल (पु०)-आवाज़, हर्षजनकध्वनि, बन्दरों की किलकारी।
किलाकिला (स्त्री०)-पूर्ववत्।
किलाट (पु०)-खोया, मावा, दुग्धविकार।
किलाटक (पु०)-पूर्ववत्।
किलाटी (पु०)-बांस, वंश।
किलिञ्ज (न०)-चटाई, बैठने का तख्ता।
किलिंजक (पु०)-पूर्ववत्।
किलिम (न०)-समूर का पेड़।
किल्बिष (न०)-अपराध, पाप, अनिष्ट, रोग।
किल्वी [न्] (पु०)-घोड़ा, अश्व।
किशल (न०)-अंकुआ, अंकुर।
किशलय (अस्त्री०)-पल्लव, पत्ता, अंकुआ।
किशोर (पु०)-पंद्रह वर्ष से कम अवस्था का लड़का, नाबालिग़; प्रत्येक जानवर का बच्चा।
किशोरावस्था (स्त्री०)-१० वर्ष से लेकर पंद्रह वर्ष की अवस्था।
किशोरी (स्त्री०)-कुमारीकन्या, युवति
किष्किन्ध [न्ध्य] (पु०)-भारतवर्ष के दक्षिण में एक प्रदेश, औड्र देश का एक पर्वत। [देश की राजधानी।
किष्किन्धा-न्ध्या (स्त्री०)-किष्किन्ध
किष्किन्धा-न्ध्याकाण्ड (अस्त्री०)-वाल्मीकीयरामायण का पांचवां अध्याय जिसमें श्रीराम की सुग्रीव आदि के साथ भेंटादिका वर्णन है।
किष्कु (अक्ली०)-हाथ की माप, बालिश्त, बारह अंगुल की माप। वि०-नीच, बुरा।
किसल (अक्लीव०)-छोटा पत्ता, अंकुर, नवपल्लव।
किसलय (अस्त्री०)-पूर्ववत्।
कीकट (पु०)-घोड़ा, विहारप्रदेश। वि० कंजूस, ग़रीब।
कीकश (पु०)-चाण्डाल।
कीकस (वि०)-मज़बूत, दृढ़, सख्त। न०-हड्डी, अस्थि।
कीचक (पु०)-राजा विराट् का साला जिसकी कथा महाभारत के विराट-पर्व में वर्णित है और जो राजा विराट का सेनापति था। खोखला बांस जिसमें वायु के भर जाने से शब्द हुआ करता है।
कीचकजित् (पु०)-कीचक के मारने वाला भीमसेन। [जिस समय पांचों पाण्डव द्रौपदी सहित वेष बदल कर राजा विराट के यहां नौकर हो गये थे उस समय विराट के सेनापति कीचक ने द्रौपदी के

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

सतीत्वभंग की चेष्टा की; इस पर भीमसेन ने कौशलपूर्वक उसे मार डाला था।

कीट् (१० प०)–बांधना, जकड़ना, रंगना

कीट (पु०)–कीड़ा, क्षुद्रजन्तु। वि०–कठोर, सख्त।

कीटक (पु०)–कीड़ा, मागधियों का वन्दिजन। वि०–कठिन, कर्कश।

कीटघ्न(पु०)–गन्धक, कीट का घातक।

कीटज (न०)–रेशम।

कीटजा (पु०)–कीड़ों से निकली हुई वस्तु अर्थात् लाख।

कीटमणि (पु०)–खद्योत, जुगनू।

कीटिका (स्त्री०)–छोटा कीड़ा।

कीदृश् (वि०)–किस प्रकार का, किस ढंग का, किस तरह का।

कीदृश–क्ष (वि०)–किस प्रकार का, किस तरह का, किस ढंग का।

कीदृशी–क्षी (स्त्री०)–पूर्ववत्।

कीन (न०)–मांस, गोश्त।

कीनाश (पु०)–यमराज का बोधक, वानरविशेष। वि०–कमीना, क्षुद्र, निर्धन।

कीर (पु०)–तोता। बहु०–काश्मीर प्रदेश अथवा वहां के निवासी। न०–मांस।

कीरिष्ट (पु०)–आम का वृक्ष।

कीर्ण (वि०)–ढका हुआ, रक्खा हुआ, क्षत, बिखरा हुआ।

कीर्त्तन (न०)–कथन, वर्णन, प्रशंसा, पूजास्थान, आराधना।

कीर्त्तना (स्त्री०)–यश, वर्णन, कथा।

कीर्त्ति (स्त्री०)–यश, शोहरत, वर्णन, कीचड़, शोभा।

कीर्तित (वि०)–कथित, यादकिया हुआ, गाया हुआ, प्रशंसित।

कीर्त्तिमान्(पु०)–यशस्वी, मशहूर।

कीर्तिशेष (पु०)–केवल यश अथवा नाम का शेष रह जाना अर्थात् मृत्यु, नामशेष।

कील्(१ प०)–बांधना, कील लगाना।

खजल(न०)–ओस, शबनम।
खजाक(पु०)–पक्षी, परिन्द।
खजाजिका(स्त्री०)–चमचा, करछी।
खज्योतिस्(पु०)–जुगनू, खद्योत।
खञ्ज् (१ प०)–लंगड़ाना।
खञ्ज(वि०)–लंगड़ा, लूला।
खञ्जन(पु०)–पक्षिभेद। न०–गमन, जाना, लंगड़ा कर चलना।
खट्(१ प०)–इच्छा करना, चाहना।
खट(पु०)–कफदोष, बलगम, अन्धकूप, हल, तृण, मुट्ठी।
खटक (पु०)–विवाह की जोड़तोड़ लगाने वाला, मुक्का।
खटखादक (पु०)–कौवा, जानवर, गीदड़।
खटिक(पु०)–आधा बन्द किया हुआ हाथ, टेढ़े हाथ वाला।
खटिका (स्त्री०)–खड़िया, चाक।
खटिनी (स्त्री०)–पूर्ववत्। [खटी भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है]।
खट्ट् (१०प०)–घेरा देना, ढकना।
खट्टन (पु०)–बौना, वामन।

खट्टा (स्त्री०)–खाट, चारपाई, तृण-भेद।
खट्टिक(पु०)–खटीक, कसाई, शिकारी।
खट्टिका (स्त्री०)–छोटी चारपाई, खटोला।
खट्वा (स्त्री०)–पलंग, सेज।
खट्वाङ्ग (पु०)–महादेव का शस्त्र-विशेष, पीठ का बांस, दिलीप राजा।
खट्वारूढ़ (वि०)–पलंग पर बैठा हुआ, लापरवाह, प्रमादी।
खड् (१आ०)–तोड़ना, खण्ड २ करना, फाड़ना।
खडिका[खडी](स्त्री०)–खड़िया मिट्टी।
खडु–डू (अक्लो०)–जनाज़ा, मुर्दे की अर्थी।
खड्ग (पु०)–तलवार, असि, गैंडे का सींग, गैंडा। न०–लोहा।
खड्गकोश (पु०)–म्यान, तलवार रखने का घर। [वाला।
खड्गधर (पु०)–तलवार धारण करने
खड्गपत्र (न०)–तलवार का फलका।
खड्गपुत्रिका (स्त्री०)–छुरी, छोटी तलवार
खड्गप्रहार (पु०)–तलवार की चोट।
खड्गाघात(पु०)–तलवार का घाव।
खड्गाधार(पु०)–म्यान।
खड्गामिष(न०)–भैंस का मांस।
खड्गारीट(पु०)–ढाल, रक्षा का शस्त्र, विशेष।
खड्गिक(पु०)–भैंस के दूध की मलाई,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

तलवार धारण करने वाला, क़साई ।

खड्गी [न्] (पु०)–गेंडा, शिव, हथियारबन्द ।

खण्ड्(१० प०)–तोड़ना, टुकड़े २ करना, पूर्ण पराजय देना, निराश करना, बाधा डालना ।

खण्ड(अस्त्री०)–टुकड़ा, तोड़ा हुआ भाग, अध्याय, परिच्छेद, खांड, गन्ने का विकार ।

खण्डकथा(स्त्री०)–छोटी कहानी ।

खण्डकाव्य(न०)–मेघदूत के समान छोटा काव्य ।

खण्डधारा(स्त्री०)–क़ैंची, कर्त्तनी ।

खण्डन(न०)–तोड़ना,फाड़ना,तरदीद, नाश,बाधा डालना,बरख़ास्तगी ।

खण्डनीय(वि०)–खण्डन करने योग्य ।

खण्डपरशु (पु०)–महादेव, परशुराम । [खण्डपर्शु भी इसी अर्थ में] ।

खण्डल(अस्त्री०)–टुकड़ा, भाग ।

खण्डविकार(पु०)–शक्कर, खांड ।

खण्डशः(अ०)–टुकड़े २ करके ।

खण्डिक(पु०)–खांड पकाने वाला ।

खण्डित(वि०)-काटा हुआ, तोड़ा हुआ,तरदीद किया हुआ,निराश ।

खण्डिनी(स्त्री०)-पृथ्वी, धरा ।

खण्डीकृ(८ उ०)=खण्ड् ।

खण्ड्य (वि०)--खण्डनीय, खण्डन करने योग्य ।

खतमाल(पु०)–बादल, धूम ।

खतिलक(पु०)--सूर्य, सूरज ।

खद्(१प०)-मारना, घात करना, मज़बूत रहना, स्थिर होना ।

खदिर (पु०)--वृक्षविशेष, खैर की लकड़ी, चन्द्रमा, इन्द्र का बोधक ।

खदिरसार (पु०)--कत्था ।

खद्योत(पु०)--जुगनू, पटबीजना, सूर्य ।

खन्(१उ०)–खोदना, गढ़ा करना, खोद कर खाली करना ।

खनक(पु०)--खान खोदने वाला, चूहा, सेंध लगाने वाला, खान । वि०–खोदने वाला ।

खनन(न०)--खोदना,गाड़ना । [खान ।

खनि-नी (स्त्री०)-ग़ार, गुफा, कान,

खनिता[तृ] (वि०)--खोदने वाला ।

खनित्र (न०)--खोदने का हथियार, कस्सा ।

खपराग(पु०)–अन्धेरा, अन्धेर ।

खपूर (पु०)–सुपारी का वृक्ष ।

खर(पु०)–गधा, खिच्चर, कौआ, बक, असुर, एक राक्षस का नाम जो रावण का भाई था । वि०-कठोर, हानिकर, तेज़ धार वाला ।

खरकुटी (स्त्री०)–हज्जाम की दूकान, गर्दभशाला ।

खरदण्ड(न०)–कमल, कंवल ।

खरदूषण(पु०)–धतूरा, खर और दूषण नाम से प्रसिद्ध रावण के दो भाई, जिन्हें पञ्चवटी में श्रीराम ने मारा था ।

खरनाद(पु०)–गधे का रेंकना ।

खरांशु(पु०)–सूर्य, भास्कर ।

खरालिक(पु०)–हज्जाम, तकिया, लौहबाण ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

खरी(स्त्री०)-गधी, गर्दभी ।
खरु(पु०)-घोड़ा, दांत, कामदेव, शिव, अहंकार । वि०-मूर्ख, नादान, क्रूर, सफ़ेद ।
खर्ज्(१ प०)-कष्ट देना, पूजा करना, साफ़ करना ।
खर्जन(न०)-खुजली करना,खुजलाना ।
खर्जु-र्जू(स्त्री०)-ख़ारिश, खाज, खजूर का पेड़, धतूरा, कीटविशेष ।
खर्जुघ्न(पु०)-धतूरा, आक का पेड़ ।
खर्जू [र्जू] र (न०)-चांदी ।
खर्जूर(पु०)खजूर वृक्ष, बिच्छू । न०-चांदी, हरताल, खजूरफल ।
खर्जूरक(पु०)-बिच्छू ।
खर्ट्(१ प०)-काटना; डंक मारना ।
खर्पर(पु०)-चोर, ठग, भीख मांगने का पात्र, धूर्त्त, खोपड़ी, छत्री ।
खर्व्(१ प०)-जाना, घमण्ड करना ।
खर्व[र्ब] (वि०)-बौना,वामन,अधूरा । अस्त्री०-१०००००००००० इतनी संख्या का बोधक ।
खर्वट(अस्त्री०)-पर्वत की तराई का ग्राम, मण्डी, ऐसा ग्राम जिस में पीठ लगती हो ।
खर्वु[र्बु]ज(न०)-ख़र्बूजा ।
खल्(१ प०)-हिलना, इकट्ठा करना ।
खल(पु०)-धूर्त, क्रूर, शठ, सूर्य । अस्त्री०-पृथिवी, भूमि, स्थान, चक्की, लड़ाई, युद्ध ।
खलति(वि०)-गंजा ।
खलतिक(पु०)-पर्वत ।
खलि-ली(स्त्री०)-खल, सरसों वा तिलों का वह अंश जो तेल निकलने पर शेष रह जाता है ।
खलि [ली] न (अस्त्री०)-लगाम का लोहा ।
खलु (अ०)-निश्चय, प्रश्न, निषेध, इच्छा, प्रार्थना, विनय आदि अर्थों का बोधक, निश्चय करके ।
खलूरिका(स्त्री०)-चांदमारी की जगह, शस्त्राभ्यास करने का स्थान ।
खल्या(स्त्री०)-धान्य मलने के स्थान का समूह, पैर, पैरी ।
खल्ल (पु०)-खरलनामक औषध पीसने का पात्र, चातक पक्षी, पानी भरने का चमड़े का मशक, नाली ।
खल्लिट(वि०)-गंजा, खलति ।
खल्वाट(वि०)-पूर्ववत् ।
खश(पु०)-देशभेद, हिमालय के पास का देश ।
खशरीर(न०)-स्वर्गीय देह ।
खश्वास(पु०)--वायु, हवा ।
खष्(१प०)-मारना,नुकसान पहुंचाना ।
खष्प(पु०)-क्रोध, क्रूरता ।
खस(पु०)-खाज, ख़ारिस । [भेद ।
खसतिल-स्ख(पु०)-पोस्त नामक वृक्ष-
खस्खसरस (पु०)--अहिफेन, अफीम ।
खाजिक(पु०)--भुना हुआ अनाज ।
खाट्(अ०)--खकार, खंकार ।
खाट-टि (पु०)--मृतक के लेजाने की चारपाई, जनाज़ा ।
खाटा-टिका(स्त्री०)--पूर्ववत् ।
खाण्डव (न०)--एक प्राचीन वन का

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नाम जो वर्त्तमान देहली के आस पास था।

खात(वि०)--खोदा हुआ, फाड़ा हुआ, छेदा हुआ। न०--खाई, ग़ार, सूराख़

खातक(न०)--खाई। पु०-खोदने वाला, अधमर्ण।

खाति(स्त्री०)--खोदना, गढा बनाना।

खात्र(न०)-कसला, तागा, जंगल।

खाद् (१ प०)--खाना, भक्षण करना, कुतरना।

खाद(पु०)--चर्वण, भक्षण, भोजन।

खादक(पु०)--खाने वाला, भक्षक, अधमर्ण। वि०--भक्षण करने वाला।

खादन(पु०)--दांत, दन्त। न०--भोजन, चर्वण।

खादिर (पु०)--कत्था।

खादुक(वि०)--क्रूरप्रकृति।

खाद्य(न०)--भोजन, खाने योग्य पदार्थ वि०--भक्षण करने योग्य।

खान(न०)--नुकसान, खोदना।

खानक(वि०)--खान खोदने वाला।

खानि (स्त्री०)--खान, कान।

खानिल (पु०)--घर में सेंध लगाने वाला, चोर। [माण।

खार-रि(पु०)--सोलह द्रोण का परि-

खार्कार (पु०)--खरनाद, गधे का रेंकना।

खार्वा (स्त्री०)-त्रेतायुग।

खिखि (पु०)-लोमड़ी।

खिखिर (पु०)-लोमड़ी, चारपाई का पाया।

खिट् (१ प०)-डरना, डराना।

खिद् (४, ७ आ०)-दुःखी होना, कष्ट उठाना। (६ प०)-दुःख देना, दबाना।

खिदिर (पु०)-तपस्वी, दरिद्र, इन्द्र, चन्द्र।

खिद्र (पु०)-दरिद्र, रोग।

खिन्न (वि०)-थका हुआ, उदासीन, जिस का चेहरा उतर गया हो।

खिल (अस्त्री०)-रिक्तस्थान, बाद में बढ़ाया हुआ अंश, जंगल, बंजरभूमि।

खु (१ आ०)-आवाज करना।

खुज् (१ प०)-लूटना, चुराना।

खुर् (६ प०)-काटना, घिरौंट करना, टुकड़े २ करना।

खुर (पु०)-गन्धविशेष, उस्तरा, चारपाई का पाया, पशु का खुर।

खुरणस (वि०)-चपटी नोक वाला।

खुरली (स्त्री०)-चांदसाखी।

खुराक (पु०)--पशु, जानवर।

खुराघात (पु०)--एडी लगाना।

खुर्द् (१ आ०)-खेलना।

खुल्ल(वि०)-छोटा, नीच, क्षुद्र।

खुल्लभं(पु०)-सड़क, रास्ता।

खेचर=खचर।

खेट् (१० प०)-खाना, ख़र्च करना।

खेट(अस्त्री०)-शिकार, मृगया, ढाल। पु०-गांव, छोटी बस्ती, कफदोष, घोड़ा। न०-तृण, चमड़ा, त्वचा।

खेटक(अस्त्री०)-बलराम का दण्ड, ढाल। पु०-बहुत छोटा ग्राम, पल्ली।

खेटी[न्] (पु०)-शहरी, नागरिक।

खेटितान(पु०)-वैतालिक।

खेद (पु०)-दुःख, कष्ट, उदासी, थकान, रोग।

खेदन (न०)-पूर्ववत्।

खेदित(वि०)-दुःखी, सन्तप्त, क्लेशित।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

खेय(वि०)-खोदने लायक़ । न०-परिखा, खाई ।

खेल्(१ प०)-खेलना, क्रीडा करना, आगे पीछे हरकत करना ।

खेलन (न०)-खेल, दिलबहलाव, हरकत, दृश्य ।

खेला(स्त्री०)--पूर्ववत् । [करना ।

खेव् (१ आ०)--सेवा करना, सेवकाई

खेसर(पु०)--खिचर ।

खोट(१ प०)--लंगड़ा कर चलना ।

खोटि(स्त्री०)--चालाक स्त्री ।

खोर(वि०)--लंगड़ा ।

खोल (न०)-कलगी, उठा हुआ टोपी का भाग । वि०-लंगड़ा ।

खोलक(पु०)-कलगी, बर्तन, बमी ।

ख्या(२प०)-कहना, यश पाना, ज्ञात कराना ।

ख्यात (वि०)-ज्ञात, प्रसिद्ध, मशहूर, विदित । न०-घोषणा, प्रसिद्धि ।

ख्याति (स्त्री०)-यश, शोहरत, नाम, तारीफ़, प्रसिद्धि ।

ख्यातिकर(वि०)-यशदेने वाला, मशहूर करने वाला ।

ख्यापक(वि०)-पूर्ववत् ।

ख्यापन(न०)-घोषणा, प्रकाशन, ज्ञात कराना, प्रसिद्धि देना ।

ग

ग (वि०)-जाने वाला, गतिशील, स्थिर [इन अर्थों में सदा समास के अन्त में प्रयुक्त होता है] ।

पु०-गन्धर्व, गणेश का वाचक । न०-गीत ।

गगन(न०)-आकाश, शून्य, स्वर्ग ।

गगन [ने] चर (पु०)-पक्षी, बादल, मेघ, ग्रह, तारा, राशिचक्र ।

गगनध्वज(पु०)-सूरज, भास्कर, बादल ।

गग्घ्(१प०)-हंसना, मज़ाक़ उड़ाना ।

गंगा(स्त्री०)-गंगा नामक प्रसिद्ध नदी, दुर्गा, हिमालय की बड़ी पुत्री ।

गंगाका--गंगिका(स्त्री०)-पूर्ववत् ।

गंगाज(पु०)-भीष्म पितामह, कार्त्तिकेय

गंगाद्वार(न०)-हरद्वार ।

गंगाधर(पु०)-शिव, समुद्र ।

गंगापुत्र(पु०)-भीष्म, कार्त्तिकेय, गंगा-तीर्थों पर रहने वाले पण्डे जो यात्रियों को तीर्थकर्म में सहायता देते हैं ।

गंगालहरी (स्त्री०)-जगन्नाथ पण्डित का बनाया हुआ एक स्तोत्र ।

गच्छ(पु०)-वृक्ष, पेड़, गणित का एक अंकभेद । [आवाज़ करना ।

गज्(१प०)-मस्त होना, गर्जना, घोरना,

गज (पु०)--हाथी, हस्ती, आठ की संख्या, एक गज, ३६ इंच की माप, एक दैत्य जिसे शिव ने मारा था ।

गजगति (स्त्री०)-हाथी के समान शानदार चाल ।

गजगामिनी (स्त्री०)-हस्ती के समान चाल वाली स्त्री ।

गजता(स्त्री०)-हस्तिसमूह ।

गजदंत (पु०)-हाथीदांत, खूंटी, गणेश का बोधक ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri, Funding by IKS.

गजपति (पु०)–सर्वश्रेष्ठ हाथी, हाथियों का स्वामी।
गजपुर (न०)–हस्तिनापुर।
गजबन्धनी-न्धिनी (स्त्री०)-हाथीखाना
गजभक्षया-वल्लभा (स्त्री०)-शल्लकीवृक्ष
गजमाचल (पु०)–शेर, सिंह, केसरी।
गजमुख-वदन (पु०)–गणेश का वाचक।
गजयूथ (न०)–हस्तिसमूह।
गजराज (पु०)–श्रेष्ठ वा सर्वोत्तम हाथी।
गजसाह्वय (न०)–हस्तिनापुर का नाम
गजस्नान (न०)–निरर्थक कार्य, बेसूद काम। [वान्।
गजाजीव (वि०)–हस्तिपालक, हाथी-
गजानन (पु०)–गणेश।
गजारोह (पु०)–हाथीवान्, हस्तिपक।
गजेन्द्र (पु०)–ऐरावत हाथी, सर्वश्रेष्ठ हस्ती।
गंज (पु०)–ख़ज़ाना, खान, मण्डी, अपमान, गोशाला। न०– खनि, धनागार।
गंजा (स्त्री०)–खान, रत्नखनि, सराय, झोंपड़ा, पीने का पात्र, मद्यापण।
गंजिका (स्त्री०)–सराय, कलाल की दूकान। [खींचना।
गड् (१ प०)–बाहर निकालना, अर्क़
गड (पु०)–खाई, परिखा, रोक, बाड़ा, परदा।
गडयन्त (पु०)–बादल, मेघ।
गडि (पु०)–गलिया बैल, सुस्त बैल।
गडु (पु०)–हुड्डु, कूबड़, कुबड़ा आदमी।
गडुर (पु०)–मेष, भेड़।
गण् (१०उ०)–गिनना।

गण (पु०)–समूह, गिरोह, कक्षा, संख्या, गिनती, भ्वादि आदि धातुओं के दश समूह, गणेश का बोधक, संगति, सेना का एक विशेषभाग जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़े और १३५ पैदल होते हैं, ज्योतिष में नक्षत्रविशेष।
गणक (पु०)–ज्योतिषी, गणित का जानने वाला, दैवज्ञ।
गणदेवताः (स्त्री० बहु०)–आदित्य, विश्वेदेवा, तुषित आदि देवताओं का समूह।
गणद्रव्य (न०)–सार्वजनिक सम्पत्ति।
गणधर (पु०)–किसी जाति या कक्षा का प्रधान, पाठशाला का गुरु।
गणन (न०)–गिनना, हिसाब, सोच-विचार।
गणना (स्त्री०)–पूर्ववत्।
गणनाथ (पु०)–गणेश, शिव।
गणनीय (वि०)–गिनने योग्य, ख़याल करने योग्य।
गणपति (पु०)–गणेश, शिव।
गणपीठक (न०)–छाती, वक्षःस्थल।
गणभोजन (न०)–दावत, मिलकर एक साथ खाना।
गणि (स्त्री०)–गिनती, गणना।
गणिका (स्त्री०)–हथिनी, अनेक पति वाली अर्थात् वेश्या, वाराङ्गना।
गणित (न०)–गिनना, इल्महिन्दसा, बीजगणित, अंकगणित और रेखागणित आदि का समूह, सवाल। वि०–गिना हुआ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गणिती [न्] (पु०)–गणित निकालने वाला, हिसाबदां।

गणेय(वि०)–गिनने लायक़,गणनीय।

गणेरु (स्त्री०)–हथिनी, वेश्या, वार-नारी। पु०–कनेर का वृक्ष।

गणेरुका (स्त्री०)–कुटनी, नायका, दासी।

गणेश(पु०)–परमात्मा, सर्वोत्तम देव, शिव तथा शिवपुत्र गजानन का बोधक।

गण्ड (पु०)–गाल, कपोल, कुम्भ, बुलबुला, चिन्ह, गेंडा, संदूकची, सूजन।

गण्डक (पु०)–गेंडा, जोड़, गांठ, थार कौड़ी अर्थात् गण्डा, रुकावट।

गण्डकी (स्त्री०)–गेंडी, गंगा की एक सहायक नदी।

गण्डकीपुत्र (पु०)–शालग्राम नामक पत्थर। [गण्डकीशिला भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होती है]।

गण्डदेश–प्रदेश (पु०)–गाल, कपोल।

गण्डमाला (स्त्री०)–एक रोगविशेष जिसमें गर्दन पर फोड़े निकलते हैं।

गण्डमूर्ख (वि०)–अत्यन्त मूर्ख।

गण्डशिला (स्त्री०)–बड़ी चट्टान।

गण्डस्थल (न०)–कपोल, गाल, हाथी का कुम्भ।

गण्डि (पु०)–पेड़ का तना।

गण्डीर (पु०)–योद्धा, वीर, बहादुर।

गण्डु–गण्डू (अक्ली०)–गद्दा, तकिया, गांठ।

गण्डूल (वि०)–झुका हुआ, टेढ़ा।

गण्डूष(पु०)–हाथ की उंगली, हस्ति-शुण्ड की नोक, चुल्लू, इतना पानी जितना एक बार मुंह में आजावे।

गत (वि०)–गया हुआ, गुजरा हुआ, मृत, समझा हुआ, गिरा हुआ। न०–गति, घटना।

गतक(न०)–हरकत, गति।

गतक्लम(वि०)–जिस का थकान उतर गया हो, तरोताज़ा।

गतचेतन(वि०)–मूर्छित, बेख़बर।

गतप्राण(वि०)–जिस के प्राण निकल गये हों, मुर्दा।

गतागत(न०)–जाना और आना, जा कर आया हुआ।

गतानुगतिक(वि०)–अन्धविश्वासी, दूसरों के पीछे चलने वाला।

गतार्त्तवा(स्त्री०)–बांझ स्त्री, वन्ध्या, बूढ़ी औरत।

गति(स्त्री०)–जाना, गमन; ज्ञान, गमन और प्राप्ति इन तीन अर्थों का बोधक, दशा, यात्रा, उपाय, कर्मफल, बुद्धि।

गतिला(स्त्री०)–नदी,क्रम,सिलसिला।

गद् (१ प०)–कहना, बोलना, कथन करना, स्पष्ट बोलना।

गद(पु०)–कथन, वाणी, वाक्य, रोग, श्रीकृष्ण का लघु भ्राता।

गदगद(न०)–अस्फुट उच्चारण।

गदाग्रणी (पु०)–सारे रोगों का सरदार अर्थात् राजयक्ष्मा। [लोहेका शस्त्र

गदा(स्त्री०)–गदा नामक प्रसिद्ध दण्ड

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गदाधर(पु०)–विष्णु ।
गदायुद्ध(न०)–गदा वा लोहे के दण्ड से युद्ध करना ।
गदाराति(पु०)–दवाई, औषध ।
गदित(वि०)–कथित, वर्णित ।
गद्गद(अव्ही०)–आवेशध्वनि, अस्फुट और अव्यक्त स्वर ।
गद्गदवाणी (स्त्री०)–गद्गदध्वनि, अस्फुट और अव्यक्त वाणी ।
गद्गदस्वर(पु०)–पूर्ववत ।
गद्य(वि०)–कथनीय, वर्णनीय । न०–नसर, वाक्यरचना के तीन भेदों में से एक, पद्यभिन्न काव्य, ऐसी रचना जो श्लोकबद्ध न हो ।
गद्यात्मक(वि०)–गद्ययुक्त, श्लोकभिन्न ।
गन्तव्य (वि०)–जाने योग्य, जाने वाला, प्राप्तियोग्य ।
गन्तु(पु०)–पथिक, मार्ग, रास्ता ।
गन्ता[तृ] (वि०)–जाने वाला, गमनशील, मैथुनकारी ।
गन्त्री(स्त्री०)–जाने वाली, बैलगाड़ी ।
गन्त्रीरथ(पु०)–बैलगाड़ी ।
गन्ध्(१० आ०)–विनय करना, मांगना, जाना, चोट करना ।
गन्ध(पु०)–नासिका इन्द्रिय से ग्राह्य गुणभेद । खुशबू, गन्धक, घिसा हुआ चन्दन, पड़ौसी, अहङ्कार, शिव । [द्रव्य ।
गन्धक (पु०)–इसी नाम का प्रसिद्ध
गन्धकाली (स्त्री०)–व्यास की माता सत्यवती का नाम ।
गन्धकेलिका(स्त्री०)–मुश्क, ज़ाफ़रान ।
गन्धघ्राण(न०)–खुशबू वा बदबू का सूंघना ।
गन्धज्ञा (स्त्री०)–नाक, नासिका ।
गन्धनालिका–नाली(स्त्री०)–पूर्ववत् ।
गन्धपाषाण(पु०)–गन्धक ।
गन्धबन्धु(पु०)–आम का पेड़ ।
गन्धमाता(स्त्री०)–पृथिवी ।
गन्धमादन (पु०)–गन्धक, रावण । अस्त्री०–एक पर्वत का नाम ।
गन्धमादिनी(स्त्री०)–लाख नामक द्रव्य ।
गन्धमृग(पु०)–कस्तूरिया मृग ।
गन्धर्व(पु०)–कोयल, सूर्य, घोड़ा, कस्तूरीमृग, गायक, देवयोनिभेद जो गानविद्या में प्रवीण होते हैं ।
गन्धर्वनगर(अस्त्री०)–एक कल्पित स्वर्गीय नगर, इन्द्रजाल । [गन्धर्वपुर भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है] ।
गन्धर्वलोक(पु०)–विद्याधरों के लोक के नीचे और गुह्यलोक के ऊपर जो लोक माना जाता है ।
गन्धर्वविद्या(स्त्री०)–गाने की विद्या, गाने का इल्म ।
गन्धर्वविवाह(पु०)–आठ प्रकार के विवाहों में से एक जिस में कुमार और कुमारी की इच्छा ही अपेक्षित होती है और किसी प्रकार का सार्वजनिक कृत्य नहीं किया जाता ।
गन्धर्ववेद(पु०)–सामवेद का उपवेद जिस में गानविद्या का वर्णन है ।
गन्धवहा(स्त्री०)–नासिका, नाक ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गन्धसार(पु०)–चन्दन, सन्दल ।
गन्धा(स्त्री०)–चम्पे की कली ।
गन्धाजीव (पु०)–सुगन्धित वस्तु बेचने वाला, गन्धी ।
गन्धाढ्य(न०)–चन्दन का वृक्ष । पु०–नारंगी का वृक्ष ।
गन्धार(पु०)–पञ्जाब के पश्चिम में एक देश का नाम [इस अर्थ में यह बहुवचन में प्रयुक्त होता है], सिन्दूर, स्वरभेद ।
गन्धालु(वि०)–खुशबूदार ।
गन्धिक(पु०)–गन्धक, खुशबू बेचनेवाला
गन्धिनी(स्त्री०)–शराब, मद्य, गन्धबाला नामक द्रव्य ।
गन्धी[न्] (पु०)–खटमल । वि०–गन्धयुक्त, गन्धालु । [शराब ।
गन्धोत्तमा(स्त्री०)–उत्तम सुरा, अच्छी
गन्धोली(पु०)–तलैया, शुण्ठी, सोंठ ।
गभस्ति(पु०)–सूर्यकिरण, चन्द्रकिरण, रश्मि, सूर्य । स्त्री०–स्वाहा ।
गभस्तिकर(पु०)–सूर्य, आदित्य ।
गभस्तिमाली-हस्त(पु०)–पूर्ववत् ।
गभीर(वि०)–गंभीर, गहन, गहरा, अथाह, संजीदा, गुप्त ।
गभीरिका(स्त्री०)–बहुत बड़ा ढोल ।
गम्(१ प०)–जाना, चलना, हरकत करना, रवाना होना, पहुंचना, गुज़रना, बीतना, बिताना ।
गम(पु०)–गति, पहुंच, सड़क, मैथुन ।
गमक(वि०)–बोधक, समझाने वाला, सप्रमाण, निश्चय कराने वाला । पु०–बाजे का स्वरभेद ।
गमथ(पु०)–रास्ता, सड़क, पथिक ।
गमन(न०)–गति, जाना, हरकत, चढ़ाई, प्राप्ति, मैथुन ।
गमनीय–गम्य(वि०)–आसानी से समझ में आने वाला, करनेयोग्य, प्राप्तियोग्य, जिस के साथ मैथुन करना उचित है ।
गम्भीर(वि०)=गभीर । पु०–कमल ।
गम्भीरवेदी[न्] (पु०)–हाथी, जिस के शरीर पर प्रहारों का कुछ प्रभाव नहीं होता ।
गय(पु०)–धन, घर, कुटुम्ब, सन्तान, आकाश, असुरविशेष ।
गया(स्त्री०)–बिहार में एक प्रसिद्ध नगर जो तीर्थस्थान है ।
गर (अस्त्री०)–विष, ज़हर । पु०–रोग, पेय, निगलना ।
गरघ्न(वि०)–रोगनाशक, विषनाशक, तन्दुरुस्त ।
गरव(पु०)=गर्व । [तृणमूल ।
गरल(अस्त्री०)–सर्पविष, ज़हर । न०–
गरित(वि०)–विषयुक्त, ज़हरीला ।
गरिमा [न्] (पु०)–गौरव, बड़ाई, सिद्धिभेद, भारीपन ।
गरिष्ठ(वि०)–बहुत बड़ा, बहुतभारी, सक़ील ।
गरीयस्(वि०)–अधिक भारी, गुरुतर ।
गरीयसी(स्त्री०)–पूर्ववत् ।
गरुड(पु०)–पक्षियों का राजा, एक पक्षी जिसका पौराणिक गाथाओं में विशेष वर्णन आता है । विनता के गर्भ से कश्यप का बेटा ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गरुडध्वज(पु०)–विष्णु का वाचक ।
गरुडपुराण(न०)–अठारह पुराणों में से एक जिस की कथा मृताशौच के समय सुनी जाती है ।
गरुडव्यूह(पु०)–सेना की एक विशेष प्रकार की क़िलेबन्दी जिस में गरुड के सा आकार बनाया जाता है।
गरुत्(पु०)–पर, पंख, निगलना ।
गरुत्मान्(पु०)–पक्षी, गरुड़, अग्नि ।
गर्ग(पु०)–ब्रह्मा का पुत्र, मुनिविशेष, सांड । [पात्र, भंवर ।
गर्गर(पु०)–आवर्त्त, दही बिलोने का
गर्ज्(१० उ०, १ प०)–गर्जना, गुर्राना, बड़े ज़ोर की आवाज़ करना, दहाड़ना ।
गर्जनम्–गर्जना-युद्ध, भर्त्सना, क्रोध ।
गर्जित(न०)–मेघ का शब्द, हाथी की दहाड़ ।
गर्त (अस्त्री०)–सूराख़, गुफा, गड्ढा, क़ब्र । पु०–जघनकूप, रोगभेद ।
गर्त्तिका(स्त्री०)–कपड़ा बुनने का स्थान, जुलाहे की दूकान ।
गर्द्(१०उ०, १ प०)–गर्जना, दहाड़ना।
गर्दभ[स्त्री० गर्दभी] (पु०)–गधा, खर, गन्धभेद ।
गर्ध(पु०)–इच्छा, आतुरता, लालच ।
गर्धित-गर्धन(वि०)–लालची ।
गर्भ(पु०)–जरायु, झिल्ली, झिल्ली में का बच्चा, गर्भाधान, गर्भ ठहरना, किसी वस्तु का आभ्यन्तर, सूराख़, अग्नि, संगम ।
गर्भकाल(पु०)–गर्भ ठहरने का समय, रजोदर्शन के पश्चात् की रात्रियां ।
गर्भक्षय(पु०)–गर्भ का गिरना, गर्भपात।
गर्भधरा (स्त्री०)–गर्भवती ।
गर्भपात(पु०)–गर्भ का गिरना ।
गर्भवती(स्त्री०)–जिस स्त्री के गर्भ ठहरा हो, हामला ।
गर्भस्थ(वि०)–गर्भ में ठहरा हुआ, अन्तर्गत, अन्दरूनी ।
गर्भस्राव(पु०)–गर्भपात, गर्भ का गिर जाना ।
गर्भाधान(न०)–गर्भ का ठहरना, १६ संस्कारों में का प्रथम संस्कार, पुत्रोत्पत्ति के लिये स्त्रीसमागम करना ।
गर्भाशय(पु०) -स्त्री के पेट में वह भाग जहां पर रजोवीर्य के योग से गर्भ ठहर कर बढ़ता रहता है।
गर्भित(वि०)--गर्भयुक्त, गर्भवती ।
गर्भिणी(स्त्री०)--गर्भवती स्त्री, जिस के पेट में गर्भ हो, गर्भयुक्ता ।
गर्व्(१प०)–घमण्ड करना, दर्पित होना।
गर्व(पु०)-घमण्ड, दर्प, अहंकार । [दार ।
गर्वाट(पु०)–दरबान, द्वारपाल, चौकी-
गर्वित(वि०)--घमण्डी, मग़रूर, दर्पित ।
गर्ह्(१०आ०)--बदनाम करना, दोष लगाना, धिक्कारना, पछताना ।
गर्हण (न०)–निन्दा, बुराई, दोषारोपण, धिक्कार ।
गर्हणा(स्त्री०)--पूर्ववत ।
गर्हित(वि०)–निन्दित, दूषित, हक़ीर, त्याज्य, बुरा । [निन्दनीय ।
गर्ह्य (वि०)–नालायक़, त्याज्य, नीच,

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गल् (१ प०)–गेरना, गिराना, खाना, निगलना, अन्तर्धान होना, गलना, पिघलना ।

गल(पु०)–गला, गर्दन, ग्रीवा, रस्सी, रस्सा, बाजा, मछली ।

गलक(पु०)–पूर्ववत् । [सूज आना ।

गलगण्ड(पु०)–गले की गिलटियों का

गलन्तिका(स्त्री०)–जलहरी ।

गलद्वार(न०)–मुंह, मुख ।

गलस्तन (न०)–बकरी के गले में जो मांस लटका रहता है ।

गलस्तनी(स्त्री०)–बकरी, अजा ।

गलित(वि०)–गला हुआ, बहा हुआ, गिरा हुआ, नष्ट, सड़ा हुआ, घटा हुआ ।

गलितकुष्ठ(न०)–कुष्ठरोगकी वह दशा जब उंगलियां गलने लगती हैं ।

गलितनयन (वि०)–अन्धा, जिस की आंखे जाती रही हों ।

गलितयौवन(वि०)-जिसकी युवावस्था बीत गई हो, वृद्ध ।

गलि(पु०)–गलिया बैल ।

गल्भ(वि०)-साहसी, घमण्डी, अहङ्कारी

गल्ल(पु०)–गाल, कपोल, रुखसार ।

गल्लक (पु०)–महापात्र, शराब का प्याला ।

गव–किन्हीं समासों के आरम्भ में गो को गव आदेश हो जाता है ।

गवराज(पु०)–सांड, बैल ।

गवय(पु०)–नीलगाय, जिस की पूंछ का चंवर बनाया जाता है ।

गवल(पु०)–जंगली भैंसा, वनमहिष ।

गवाक्ष (पु०)--सूराख, झरोखा, गोल खिड़की । [सूर्य, अग्नि ।

गवांपति(पु०)-ग्वालिया, सांड, बिजार,

गवाशन(पु०)--चमार, चाण्डाल ।

गविनी(स्त्री०)--गायों का समूह ।

गविष्ठ(पु०)--सूर्य, हविर्भुज् ।

गवेन्द्र (पु०)–अच्छा सांड, बढ़िया सांड, गायों का स्वामी ।

गवेरुक(न०)–गेरू ।

गवेष् (१प०,२आ०)–ढूंढ़ना, तालाश करना, पूछगछ करना, इच्छा करना । [ढूंढ ।

गवेषः–णम्-तलाश, पूछगछ, कोशिश,

गवेषणा(स्त्री०)–पूर्ववत् ।

गव्य (न०)–गोदुग्ध, चरागाह, गो-समूह, गोबर, गोमूत्र, गोघृत ।

गव्यूति(स्त्री०)–दो कोस ।

गह् (१० उ०)–गाढ़ा होना, गहरा होना, कठिनता से प्रवेश करना ।

गहन (वि०)–गहरा, घना, जिस में प्रवेश न किया जा सके, संजीदा, कठिन । न०–गहराई, कठिनाई, जंगल, झाड़ी, गुफा, छिपने की जगह, जल, आभूषण । पु०–परमात्मा ।

गह्वर (पु०)–लतागृह, कुञ्ज । न०–गहन । वि०–गहरा, दुष्प्रवेशनीय ।

गा (१आ०)–जाना, गमन करना । (३प०)–गाना, तारीफ़ करना । स्त्री०-गीत, नज़्म ।

गाङ्गेय (पु०)–भीष्म, कार्त्तिकेय । न०–स्वर्ण, धतूरा ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गाजर (न०)–गाजर नामक कन्द ।
गाडव (न०)–बादल, मेघ ।
गाढ (वि०)–गहरा, अतिशय, दृढ़, घना, मज़बूत, नहाया हुआ ।
गाढम् (अ०)–मज़बूती से, अधिक, अतिशयेन ।
गाणपत (वि०)–गणेशसम्बन्धी ।
गाणपत्य (पु०)–गणेश का पूजक । न०–गणेशपूजा, सेना की अधिनायकता, कप्तानी ।
गाण्डीव (न०)–धनुष्, अर्जुन का वह धनुष् जिसको उसने अग्नि से प्राप्त किया था ।
गाण्डीवी (पु०)–अर्जुन, धनुर्धारी ।
गातु (पु०)–गीत, गायक, कोयल ।
गात्र(न०)–शरीर, शरीर का अवयव ।
गात्रमार्जनी(स्त्री०)–तौलिया, अंगोछा
गात्ररुह् (न०)–शरीर पर उपजने वाले बाल ।
गात्रा (स्त्री०)–भूमि, पृथ्वी ।
गाथक (वि०)–गवैया, गायक, गाकर जीने वाला ।
गाथा (स्त्री०)–आर्याछन्द, कथा, कहानी, आख्यायिका ।
गाध् (१आ०)–डुबकी लगाना, तलाश करना, ठहरना ।
गाध (न०)–तली, तलहटी, जगह, उथला जल । वि०–उथला, जो बहुत गहरा न हो । [नाम ।
गाधि (पु०)–विश्वामित्र के पिता का
गाधिनगर(न०)–वर्त्तमान कन्नौज ।
गाधेय(पु०)–विश्वामित्र ।
गान्तु(पु०)–मुसाफ़िर, गवैया ।
गान्त्री(स्त्री०)–बैलगाड़ी, छकड़ा ।
गान्दिनी(स्त्री०)–गंगा का वाचक ।
गान्धर्व (पु०)–गवैया, विवाहभेद, सामवेद का उपवेद, घोड़ा ।
गान्धर्विक(पु०)–गवैया, गायक ।
गान्धर्वी(स्त्री०)–दुर्गा ।
गान्धार(पु०)–क़न्धार देश का प्राचीन नाम, सिन्दूर, राग का तीसरा स्वर । [शकुनि का विशेषण ।
गान्धारि(पु०)–दुर्योधन का मामा,
गान्धारी(स्त्री०)–गान्धारराज सुबल की कन्या जो धृतराष्ट्र को विवाही थी ।
गान्धारेय(पु०)–दुर्योधन का वाचक ।
गान्धिक (पु०)–गन्धी, सुगन्ध बेचने वाला, लेखक । [वाला ।
गामी[न्] (वि०)–गमनशील, जाने
गाम्भीर्य(न०)–गहराई, गम्भीरता, सञ्जीदगी ।
गाय(पु०)–गाना, गीत ।
गायक(पु०)–गानेवाला, गवैया ।
गायत्री (स्त्री०)–चौबीस मात्राओं का एक वैदिक छन्द, एक प्रसिद्ध वेदमन्त्र जो इस प्रकार है–"ओं भूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि । धियो यो नः प्रचोदयात" ।
गायन(पु०)–गाने वाला, गवैया ।
गार्ग्य(वि०)–गर्ग ऋषि से उत्पन्न ।
गार्ध्य(न०)–लालच । [स्थिति ।
गार्हपत्य(न०)–गृहस्थ का पद और

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गार्हपत्य (न०)–कुटुम्ब का शासन। पु०–अग्निभेद जो गृहस्थ को सर्वदा अपने घर में सुरक्षित रखना चाहिये।

गार्हस्थ्य (न०)–गृहस्थाश्रम, कुटुम्ब-पालन, पञ्चयज्ञ।

गालव (पु०)–एक ऋषि, लोध्रवृक्ष।

गालि (स्त्री०)–निन्दा, कुत्सितवाणी।

गाह् (१आ०)–नहाना, डुबकी लगाना, विलोडन करना, हिलाना।

गाहः-नम्–नहाना, डुबकी लगाना।

गिन्दुक (पु०)–खेलने की गेंद।

गिर्–रा (स्त्री०)–वाणी, भाषा, आवाज़, कथन, शब्द।

गिरि (पु०)–पर्वत, पहाड़, ऊंचाई, चट्टान, संन्यासियों की एक उपाधि, बादल, ७ का अंक। स्त्री०-निगलना, चूहा, मूषी।

गिरिक (पु०)–शिव का वाचक, खेलने की गेंद।

गिरिकन्दर (पु०)–खाई, गुफा।

गिरिकर्णिका (स्त्री०)–भूमि, पृथ्वी।

गिरिका (स्त्री०)–चुहिया, चूहा।

गिरिजा (स्त्री०)–हिमालय की पुत्री पार्वती, पर्वतकदली।

गिरिदुर्ग (न०)–पहाड़ी क़िला।

गिरिद्वार (न०)–पहाड़ी रास्ता, दर्रा, पास।

गिरिराज (पु०)–ऊंचा पर्वत, हिमालय का बोधक।

गिरिशृङ्ग (न०)–पर्वत की चोटी।

गिरीश (पु०)–शिव का वाचक।

गिरिसार (पु०)–लोहा, टीन।

गिरिसुता (स्त्री०)–पार्वती।

गिरीश (पु०)–महादेव।

गिल् (६ प०)=गृ।

गिलित (वि०)–भक्षित, खाया हुआ।

गीत (वि०)–गाया हुआ, कहा हुआ, कीर्तित। पु०–गाना, गाने की वस्तु।

गीता (स्त्री०)–गुरु और शिष्य के संवाद रूप से धर्मोपदेश। यद्यपि गीता नाम की कई एक पुस्तकें विद्यमान हैं परन्तु इस नाम से विशेष कर "भगवद्गीता" का ही बोध होता है।

गीति (स्त्री०)–छन्दोभेद।

गीतिका (स्त्री०)–छोटा गीत।

गीर्या (स्त्री०)–गीत, वाणी।

गीर्णि (स्त्री०)–स्तुति, बड़ाई, खाना।

गु (६ प०)–मल त्यागना, पाख़ाने जाना।

गुग्गुल-लु (पु०)–१सुगन्धित द्रव्य, गूगल।

गुच्छ-क (पु०)–गुच्छा, पुष्पसमूह, मोर के पर, मोतियों का हार, गुलदस्ता।

गुच्छपत्र (पु०)–ताड़का पेड़।

गुच्छफल (पु०)–कदली वृक्ष, करंजा, अंगूर की बेल।

गुज्–अ् (१ प०)–गूंजना, शब्द करना, भिनभिनाना।

गुञ्जः-नम्–भिनभिनाहट, कूंज।

गुञ्जा-ञ्जिका (स्त्री०)–चौंटली, चौंटली का वृक्ष, तीन जौ का परिमाण।

गुटी-टिका (स्त्री०)–गोली, मोती, कोई गोल वस्तु।

गुप् (६ प०)–हिफ़ाज़त करना, रक्षा करना, मारना।

गुड (पु०)–इसी नाम से प्रसिद्ध इक्षु-विकार, खेलने की गेंद, हाथों का सन्नाह [फन्दा]।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गुडत्वक् [च्] (पु०)–दालचीनी।
गुडल(न०)–गुड़ की शराब।
गुडाकेश(पु०)–अर्जुन का वाचक, शिव।
गुडु [डू] ची (स्त्री०)–गिलोयनामक प्रसिद्ध बेल।
गुण् (१० उ०)–सलाह देना, गुणन करना, बुलाना।
गुण (पु०)–लक्षण, सिफ़त, तारीफ़, खूबी, विशेषता, लाभ, असर, प्रभाव, कमान की ज्या, बाजे का तार, नस, रग, बत्ती, रस्सी; रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और विषय ये पांच इन्द्रियविषय। व्याकरण में इ, उ, ऋ और ऌ को ए, ओ, अर् और अल् का आदेश होना।
गुणक (पु०)–गुणा देने वाला, गुणन करने वाला। [बखानना।
गुणकीर्त्तन(न०)–गुणानुवाद, गुणों का
गुणगान(न०)–पूर्ववत्।
गुणग्रहण(न०)–अच्छे गुणों का ले लेना, गुणगान।
गुणग्राहक(पु०)–क़दरदान।
गुणग्राम(पु०)–गुणों का समूह।
गुणज्ञ (वि०)–गुणों का जानने वाला, क़दरदान। [गुणनक्रिया।
गुणता–त्वम्–नेकी, अच्छा गुण, ज़रब,
गुणन (न०)–गिनना, गुण दोष का बखान करना, ज़रब देना।
गुणवान् [वत्] (वि०)–गुण वाला, अच्छा, गुणी। [निरर्थक।
गुणहीन (वि०)–गुणरहित, निकम्मा,
गुणातीत (वि०)–लक्षणरहित। पु०–परमात्मा। [नेक, योग्य।
गुणान्वित(वि०)–अच्छे गुणों वाला,
गुणाकर(पु०)–गुणों की खान, जिस में सारे गुण अच्छे पाये जांय।
गुणी [न्] (वि०)–गुणवाला।
गुण्ठ्(१०उ०)–घेरना, छिपाना, ढटना।
गुण्ठित(वि०)–घिरा हुआ, छिपा हुआ, घटा हुआ।
गुण्ड् (१० प०)–ढकना, छिपाना, पीसना, चूर्ण करना।
गुण्डिक(पु०)–आटा, मैदा, चूर्ण।
गुत्स(पु०)–गुच्छ, गुच्छा।
गुत्सक(पु०)–मक्खी उड़ाने की चौंरी, गुच्छा, बंडल।
गुद् (१आ०)–खेलना।
गुद(न०)–गुदा, पायु, अपान।
गुदकील-क(पु०)–अर्शरोग, बवासीर।
गुदाङ्कुर–गुदोद्भव (पु०)–पूर्ववत्।
गुधित(वि०)–घिरा हुआ, बन्द किया हुआ।
गुन्दाल(पु०)–चातक पक्षी।
गुप् (१प०)–छिपाना, ढकना, हिफ़ाज़त करना, निगहबानी करना, रक्षा करना। (१ आ०)–परहेज़ करना, नफ़रत करना, छिपाना। (१० उ०)–चमकना, बोलना, छिपाना।
गुपिल(पु०)–राजा, रक्षक।
गुप्त(वि०)–रक्षित, छिपा हुआ। पु०–वैश्य की उपाधि, विष्णु।
गुप्तचर(पु०)–बलराम, जासूस, भेदिया।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गुप्तदान(न०)--ऐसा दान जिसमें दाता अपने नाम को प्रकाशित नहीं करता।

गुप्ति (स्त्री०)--रक्षा, छिपावट, रक्षा का उपाय, पहरा, जेलखाना, मैला डालने की जगह, रोकथाम।

गुफ् [स्फ्] (६प०)-गूंथना, बांधना, गांठना।

गुम्फित(वि०)-ग्रथित, गुंथा हुआ।

गुर् (६ आ०)-यत्न करना, कोशिश करना। (४आ०)-मारना, नुक़सान पहुंचाना।

गुरु(वि०)-भारी, वज़नी, बड़ा, लम्बा, महत्त्वपूर्ण, अतिशय, पूजनीय, प्यारा, अहङ्कारयुक्त, सक़ील, क़ीमती। (पु०)-पिता, पितामह, बडेरा, पूजनीय पुरुष, स्वामी, शासक, आचार्य, पाठक, उस्ताद, बृहस्पति, द्रोण का वाचक, परमात्मा।

गुरुकार्य(न०)-बड़ा काम।

गुरुजन(पु०)-रिश्ते में बड़ा, पूजनीय मनुष्य। [बोझल।

गुरुतर (वि०)-अधिक भारी, अधिक

गुरुतम(वि०)-सब से भारी, सर्वोत्कृष्ट।

गुरुता(स्त्री०)-बड़प्पन, महत्त्व, भारीपन, मान।

गुरुत्व(न०)-पूर्ववत्।

गुरुदक्षिणा (स्त्री०)-विद्यासमाप्ति के पश्चात् गुरु की भेट।

गुर्जर (पु०)-गुजरातप्रदेश, गुजराती।

गुर्विणी(स्त्री०)-गर्भिणी, गर्भवती।

गुर्वी(स्त्री०)-गुरु की स्त्री, गर्भिणी।

गुलिका(स्त्री०)-मोती, मुक्ता, गेंद।

गुल्फ (पु०)-गट्टा, पैर की गांठ, पादग्रन्थि।

गुल्म (अस्त्री०)-वृक्षसमूह, झाड़ी, जंगल, सेना का एक बहुत छोटा भाग, प्लीहा, दुर्ग, भात।

गुल्मकेश(वि०)-घुंघराले बालोंवाला।

गुवाक(पु०)-सुपारी का पेड़।

गुह् (१ उ०)-छिपाना, ढांकना।

गुह(पु०)-घोड़ा, कार्त्तिकेय, राम के मित्र एक निषादराज का नाम।

गुहा(स्त्री०)-छिपने की जगह, गढ़ा, गुफा। [परमात्मा।

गुहाशय(पु०)-सिंह, चीता, चूहा,

गुहिन(न०)-झाड़ी, झाड़ीदार जंगल।

गुहिल(न०)--सम्पत्ति, धनधान्य।

गुहेर(पु०)-रक्षक, संरक्षक, लुहार।

गुह्य (वि०)--छिपा हुआ, छिपाने योग्य, अज्ञात। पु०-धूर्त्तता, कछुआ। न०-भेद, रहस्य, गुप्तेन्द्रिय, गुदा।

गुह्यनिष्यन्द(पु०)-पेशाब, मूत्र।

गू (६प०)-मल त्यागना। स्त्री०-मल, ग़िलाज़त।

गूढ(वि०)-छिपा हुआ, ढका हुआ, वेषयुक्त, अप्रत्यक्ष। [सुरंग।

गूढपथ-मार्ग(पु०)-छिपा हुआ रास्ता,

गूढपुरुष(पु०)-गुप्तचर, भेदिया।

गूढमैथुन(पु०)-काक, कौवा।

गूथ(अस्त्री०)-विष्ठा, मल, गू।

गूर्=गुर् धातु।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गूवाक(पु०)–सुपारी ।
गूहन(न०)–छिपाना ।
गृ (१ प०)–तर करना, सींचना, देना, स्वीकार करना ।
गृञ्जन (अस्त्री०)–शलगम, कोई २ गाजर भी इस का अर्थ करते हैं।
गृध्(४प०)–लालच करना, चाहना ।
गृधु(वि०)--काली । पु० कामदेव ।
गृध्नु(वि०)--लालची, लुब्ध, आतुर ।
गृध्र(वि०)–लोभी । अस्त्री०–गीध, गिज्ज । [तर्कबुद्धि ।
गृधू (स्त्री०)–अपानवायु, समझ,
गृष्टि (स्त्री०)–एक बार जनने वाली गौ । [मकान, भार्या ।
गृह (न०)–घर, रहने का स्थान,
गृहकरण (न०)–असूरख़ानगी, घरेलू कारबार, गृहनिर्माण ।
गृहकलह(पु०)–घरेलू झगड़े ।
गृहच्छिद्र (न०)–घर के भेद, घर की बदनामी ।
गृहजन (पु०)–कुटुम्ब का मनुष्य, कुटुम्ब ।
गृहदेहली (स्त्री०)–घर की दहलीज़, दुबारी ।
गृहपति (पु०)–गृहस्थ, घर का मालिक, कुटुम्ब में सब से बड़ा मनुष्य ।
गृहपत्नी(स्त्री०)–घर की मालकिन ।
गृहप्रवेश (पु०)–किसी नवीन घर में प्रवेश करते समय अग्निहोत्रादि शुभकर्म का अनुष्ठान ।
गृहमाण्य (पु०)-गृहस्वामी, गृहस्थ ।
गृहरन्ध्र (न०)–घरेलू झगड़े ।
गृहसंवेशक (पु०)–राज, मैसार, घर बनाने वाला ।
गृहस्थ (पु०)–घर में रहने वाला अर्थात् दूसरे आश्रम में स्थित ।
गृहस्थाश्रम (पु०)–ब्रह्मचर्याश्रम के पश्चात् दूसरा आश्रम जिस में पुरुष पुत्रकलत्र के साथ निवास करता हुआ सांसारिक सुखों का अनुभव करता है ।
गृहागत (पु०)–मेहमान ।
गृहाश्रम=गृहस्थाश्रम । [की पत्नी ।
गृहिणी (स्त्री०)–गृहस्थिन, गृहस्थ
गृही[न्](पु०)–घर का स्वामी,गृहस्थ ।
गृह्य (वि०)–घरेलू, पालतू ।
गृहीत (वि०)–ग्रहण किया हुआ, पकड़ा हुआ ।
गॄ (६प०) [गिरति,गिलति]-निगलना, खाना, थूकना । (९ प०) जताना, जनाना, पुकारना, घोषणा करना ।
गेन्दु[ण्डु]क (पु०)–खेलने की गेंद ।
गेय (वि०)–गाने योग्य । न०–गीत ।
गेष् (१आ०)–तलाश करना, ढूंढ़ना, तहक़ीक़ात करना ।
गेष्णु–ष्णु (पु०)–गवैया, गायक ।
गेह (न०)–घर, गृह,रहने का स्थान ।
गेहिनी (स्त्री०)–गेहिनी, गृहस्थिन ।
गेही [न्] (वि०)–गृही, गृहस्थ ।
गेहेशूर (पु०)–जो घर में बहादुरी जतलाता हो अर्थात् घमण्डी किन्तु कापुरुष ।
गै(१प०)–गीत गाना, कीर्तन करना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गैरिक-रेय (वि०)-पहाड़ी। न०-गेरू।

गो (अक्लो०)-गाय नामक प्रसिद्ध पशु, बैल, आकाश, किरण, स्वर्ग, वज्र, तीर, हीरा। स्त्री०-गाय, पृथ्वी, वाणी, सरस्वती, माता, चक्षु। पु०-बैल, सांड, सूर्य, चन्द्रमा, गवैया, घर।

गोकरण (पु०)-खिच्चर, सांप, गाय का कान, एक तीर्थ।

गोकृत (न०)-गोबर।

गोघातक(पु०)-गाय का मारने वाला,

गोचर (पु०)-चरागाह।

गोचारक (पु०)-ग्वालिया।

गोतम (पु०)-एक ऋषि का नाम, अहल्या का पति।

गोतमी (स्त्री०)-गोतम की स्त्री अर्थात् अहल्या।

गोत्र (न०)-वंश, कुटुम्ब, अस्तबल, गोशाला, उपनाम, उपाधि। पु०-पर्वत।

गोत्रज (वि०)-सगोत्र, एक ही गोत्रका।

गोत्रप्रवर (पु०)-वंश का आदिपुरुष जिसके नामपर वंश की प्रवृत्ति हुई। [अर्थात इन्द्र।

गोत्रभिद् (पु०)-पर्वतों के फाड़ने वाला

गोत्रा (स्त्री०)-पृथ्वी, धरा।

गोदन्त (न०)-हरताल।

गोदान (न०)-गाय का दान करना, केशमुण्डन संस्कार।

गोदारण (न०)-हल जोतना, फावड़ा, कुदाल, हल।

गोदावरी (स्त्री०)-दक्षिण में एक नदी।

गोदोहनी (स्त्री०)-दूध निकालने का पात्र।

गोद्रव (न०)-गोमूत्र। [गाय।

गोधन (न०)-गायका धन, बहुत सी

गोधर (पु०)--पर्वत, पहाड़।

गोधा (स्त्री०)-धनुष के चिल्ले की चोट से बचने के लिये अंकड़ी पर बंधा हुआ चमड़ा।

गोधि (पु०)-मस्तक, नाका, मगर।

गोधूम (पु०)-गेहूं, नारंगी।

गोध्र (पु०)-पर्वत, पहाड़।

गोप (पु०)-रक्षक, छिपाना, शोभा, दीप्ति, ग्वालिया, गोपाल।

गोपन (न०)-रक्षा, हिफ़ाज़त, छिपाना, ख़तरा, आभा, ईर्षा, घबड़ाहट।

गोपना (स्त्री०)-रक्षा, प्रकाश, शोभा।

गोपनीय (वि०)-छिपाने योग्य, रक्षा करने योग्य।

गोपा (स्त्री०)-श्यामालता।

गोपानसी (स्त्री०)-छज्जा, घरों के आगे लगी हुई तिरछी लकड़ी।

गोपाल (पु०)-गौओं का रखवाला, ग्वालिया, श्रीकृष्ण।

गोप्ता[तृ](वि०)-रक्षक, छिपाने वाला।

गोप्य (वि०)-रक्षा के योग्य, छिपाने योग्य। [गोसमूह।

गोमण्डल (न०)-आकाशमण्डल,

गोमती (स्त्री०)-एक नदी का नाम, वेद का मन्त्रविशेष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गोमथ (पु०)–ग्वालिया ।
गोमय(अस्त्री०)–गाय का गोबर। न०-उपला, कंडा, गोसा ।
गोमायु (पु०)–गीदड़, शृगाल, एक गन्धर्व का नाम ।
गोमुख (पु०)–जिसका मुख गौके समान हो, वाद्यभेद, मगर ।
गोमूत्र (न०)–गाय का मूत ।
गोमृग (पु०)–नीलगाय, गवय ।
गोमेध (पु०)–एक प्रकार का यज्ञ, इन्द्रियदमन, अश्वमेधयज्ञ ।
गोरक्त (पु०)–ग्वालिया ।
गोरस (पु०)–गाय का दूध ।
गोरोच(न०)–हरताल नामक उपधातु।
गोल (अस्त्री०)–गेंद, घेरा, वृत्त, गोल वस्तु, भूगोल । पु०–विधवा का जारपुत्र ।
गोलक (पु०)–भूगोल, गेंद, काष्ठगेन्दुक, एक राशि में छः ग्रहों का जुड़ना, न०–कृष्णलोक ।
गोला (स्त्री०)=गोल ।
गोलांगूल (पु०)–बंदरभेद, लंगूर ।
गोलोक (पु०)–स्वर्ग के एक भाग का नाम, विष्णुलोक ।
गोलोमी (स्त्री०)–वेश्या, वारनारी।
गोवर्धन (पु०)–वृन्दावन के पास एक छोटी पहाड़ी का नाम ।
गोविन्द (पु०)–कृष्ण, बृहस्पति, गोपाल ।
गोविष्ठा (स्त्री०)–गाय का गोबर ।
गोशाला (स्त्री०)–गायों के बांधने का स्थान ।
गोष्ठ् (१ आ०)–इकट्ठा होना, एक स्थान पर जमा होना ।
गोष्ठ (न०)–गोशाला, ग्वाल, गूजर, गोस्थान ।
गोष्ठि–ष्ठी (स्त्री०)–सभा, कम्पनी, समिति, कानाफूसी, समूह, ढेर, गुफ़्तगू, मजमूआ ।
गोष्पद (न०)–वह देश जहां बहुत गौ हों, गाय के पैर पड़ने से उत्पन्न गढ़ा । [ऋतु ।
गोष्म (पु०)–उषाकाल, सवेरा, ग्रीष्म
गोस्तन (पु०)–गाय का थन, चार लड़ी का हार ।
गोस्थान–नक (न०)–गाय बांधने की जगह, गोष्ठ, गोबाड़ा ।
गोहन (न०)–छिपाना, गुप्तभाव ।
गौंजिक (पु०)–सुनार, स्वर्णकार ।
गौड (पु०)–उत्तरभारत के भाग का नाम, ब्राह्मणों का एक भेद जो गौड़देश में रहते हैं, गौड़देश-निवासी ।
गौडी (स्त्री०)–गुड से बनी हुई एक प्रकार की मदिरा ।
गौडिक (पु०)–ईख, गन्ना, इक्षु ।
गौण (वि०)–सहायक, मुख्य से भिन्न, ग़ैरज़रूरी, छोटा, गुण से उत्पन्न ।
गौणपक्ष (पु०)–युक्ति का निर्बल भाग, दलील की कमज़ोरी ।
गौतम(पु०)–गोतम ऋषि की सन्तान, गोतमवंशज वा गोत्रज, बुद्धदेव, न्यायदर्शन के कर्त्ता, कृप, भारद्वाज।
गौतमी(स्त्री०)–कृपी का नाम, बुद्ध

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

की शिक्षा, गोदावरी, गोमती, दुर्गा।

गौनर्द (पु०)–पतञ्जलि।

गौमेय(पु०)–वैश्यस्त्री का पुत्र।

गौधार(पु०)–गिरगिट।

गौर(वि०)–श्वेत, सफ़ेद, स्वच्छ, सुन्दर। पु०–श्वेत रङ्ग, चन्द्रमा, चैतन्य, गुलाबी रङ्ग, सफ़ेद सरसों। न०–स्वर्ण, कुंकुम, पद्मपराग।

गौरव (न०)–गुरुता, गुरुत्व, वज़न, भारीपन, बड़प्पन, महिमा, आदरसत्कार।

गौरिका (स्त्री०)–कुमारी कन्या, अक्षतयोनि।

गौरिल(पु०)–सफ़ेद सरसों, लौहचून।

गौरी(स्त्री०)–पार्वती, आठ वर्ष की कन्या, सुन्दरी, पृथ्वी, गोरोचना, तुलसी, वाणी।

गौष्ठीन(न०)–पुराना गोबाड़ा।

ग्रण्(१ आ०)–झुकाना, तिरछा करना, क्रूर होना।

ग्रथित(वि०)–गुथा हुआ, पकड़ा हुआ।

ग्रन्थ् (१० उ०, १ आ०, १, ९ प०)–बांधना, जकड़ना, क्रमबद्ध करना, लिखना, बनाना।

ग्रन्थ(पु०)–पुस्तक, किताब, रचना, दौलत, सम्पत्ति, गुम्फन, अनुष्टुप् छन्द का श्लोक।

ग्रन्थनम्-ना–गूंथना, गुम्फन, रचना।

ग्रन्थि(पु०)–गांठ, जोड़, थैली, गुच्छा, क्रूरता, कुटिलता, शरीर का जोड़, धन।

ग्रन्थिक(प०)–ज्योतिषी, दैवज्ञ, नकुल का नाम जो उसने विराट के यहां धारण किया था।

ग्रन्थिबन्धन (न०)–विवाहसमय में वर बधू का आंचल बांधना।

ग्रन्थिमूल(न०)–गृञ्जन, लहशुन।

ग्रन्थी[न्] (पु०)–किताब का कीड़ा, विद्वान्, शास्त्रज्ञ।

ग्रन्थिल(वि०)–गांठदार। न०–अदरक, पिप्पलीमूल।

ग्रस् (१आ०)–निगलना, खाना, खर्च करना, पकड़ना।

ग्रस्त(वि०)–खाया हुआ, पकड़ा हुआ, गृहीत, गहा हुआ।

ग्रस्तोदय(पु०)–ग्रहण के पश्चात् सूर्य वा चन्द्र का उगना।

ग्रह् (९उ०)–पकड़ना, ग्रहण करना, लेना, बन्दी बनाना।

ग्रह (पु०)–ग्रिफ़्, ग्रहण, पकड़, लूट, रसीद, आकाश के [सूर्य, चन्द्र, भौम, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनैश्चर, राहु और केतु] ग्रह, चन्द्र और सूर्य का ग्रास, मगर, आशंका, अनुग्रह, घर।

ग्रहक(पु०)–क़ैदी, बन्दी।

ग्रहण(न०)–बन्धन, क़ैद, पकड़, स्वीकारी, आदान, इन्द्रिय, सूर्य वा चन्द्र का ग्रसा जाना।

ग्रहणीय(वि०)–स्वीकार करने योग्य।

ग्रहणीहर (पु०)–लवंग, लौंग।

ग्रहनेमि (पु०)–चन्द्रमा, चांद।

ग्रहपति (पु०)–चन्द्रमा, चांद, सूर्य।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ग्रहपीड़ा(स्त्री०)–सूर्य वा चन्द्रग्रहण, ग्रहों द्वारा उत्पन्न कष्ट ।

ग्रहराज(पु०)--सूर्य,चन्द्रमा,बृहस्पति ।

ग्रहविप्र (पु०)--ज्योतिषी, दैवज्ञ ।

ग्रहशान्ति (स्त्री०)–यज्ञकर्म से ग्रहों द्वारा उत्पन्न पीड़ा को शान्त करना

ग्रहीतव्य (वि०)--ग्रहण करने योग्य, सीखने योग्य ।

ग्रहीता[तृ](वि०)–लेनेवाला, स्वीकार करने वाला, अधमर्ण, ख़रीदार ।

ग्राम (पु०)–गांव, खिण्ड, समूह, ढेर, जाति, कुटुम्ब, वाद्यका स्वरसमूह ।

ग्रामक (पु०)–गांव का रहने वाला, गंवार, ग्रामीण ।

ग्रामचर्या (स्त्री०)–स्त्रीसंभोग ।

ग्रामज (वि०)–गंवार, अशिक्षित ।

ग्रामणी (पु०)–गांव का पधान, गांव का नेता, नापित, विष्णु ।

ग्रामधर्म (पु०)–मैथुनकार्य, स्त्रीसंभोग

ग्राममुख (न०)–पींठ, बाज़ार ।

ग्राममृग (पु०)–कुत्ता, कुक्कुर ।

ग्रामलुण्ठन (न०)–गांव का लूटना ।

ग्रामवास (पु०)–गांव में रहने वाला, ग्रामीण ।

ग्रामषण्ड (पु०)–क्लीब, नपुंसक ।

ग्रामसंघ (पु०)–गांव की पंचायत ।

ग्रामहासक(पु०)–बहनोई,भगिनीपति

ग्रामिक (पु०)–गांव का सरदार, ग्रामनिवासी ।

ग्रामिणी (अस्त्री०)–नील का वृक्ष ।

ग्रामीण (वि०)--गंवार, बेहूदा पु०--ग्रामनिवासी । कुत्ता, कौवा ।

ग्रामेय (वि०)-ग्रामज, गंवार ।

ग्रामेटी (स्त्री०)--वेश्या, वारनारी ।

ग्राम्य (वि०)–ग्राम में उत्पन्न,ग्राम-सम्बन्धी,गंवार,पालतू,नीच, मूढ

ग्राम्यधर्म (पु०)–ग्रामीण का कर्त्तव्य, स्त्रीसमागम ।

ग्राम्यबुद्धि(वि०)–गंवार,अनजान,मूर्ख

ग्रावन् (पु०)–पर्वत, बादल, पत्थर, शिला । वि०–कठोर, सख्त ।

ग्रास (पु०)–अन्न का टुकड़ा, इतना अन्न जितना मुख में एक बार आजावे, ग्रहण ।

ग्राह(पु०)–पकड़, गिरफ्त, नाका, मगर, क़ैदी, समझ, इरादा, रोग,आरम्भ

ग्राहक (वि०)–ग्रहण करने वाला । पु०–ख़रीदार, पुलिसअफ़सर, बाज़, कंकपक्षी ।

ग्राह्य (वि०)-- ग्रहण करने योग्य, समझने योग्य । न०--भेंट ।

ग्रीवा(स्त्री०)--गर्दन, गर्दन के पीछे का भाग ।

ग्रीष्म(वि०)--गर्म, तप्त । पु०--गरमी का मौसम, ज्येष्ठ आषाढ़ मास ।

ग्रुच् (१ प०)–लूटना,चोरी करना ।

ग्रैवेय(अस्त्री०)--कालर, गले का हार, कण्ठी ।

ग्लुम्(१ आ०)--खाना, भक्षण करना ।

ग्लह् (१,१० उ०)–जूआ खेलना, लेना, प्राप्त करना ।

ग्लह(पु०)--जूआ, द्यूतक्रीड़ा,जुआरी ।

ग्लान(वि०)--थका हुआ । न०--थकावट, रोग ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ग्लानि(स्त्री०)--थकावट, नफ़रत, कमज़ोरी, रोग, नाख़ुशी, नाराज़ी, अधःपात ।

ग्लुच् (१प०)–चुराना, छीनना, जाना।

ग्लेव् (१आ०)–पूजना, सेवा करना।

ग्लै (१प०)–नापसन्द करना, थकना, उदासीन होना, मुरझाना ।

ग्लौ (पु०)–चन्द्रमा, पृथिवी ।

घ

घ (वि०)–समास के अन्त में इस का अर्थ मारने वाला, नाश करने वाला होता है, जैसे–राजघ । पु०–घण्टी, घण्टी की आवाज़ ।

घग्घ् (१प०)–हंसना, मज़ाक उड़ाना।

घट् (१आ०)–मशग़ूल होना, हरकत करना, काम करना, पूरा करना, बनाना । (१०उ०)–मारना, चोट पहुंचाना, जोड़ना, चमकना ।

घट (पु०)–घड़ा, मटका, कलश, २० द्रोण का परिमाण ।

घटक (वि०)–योजक, जोड़ने वाला, पूरा करने वाला । पु०–विवाहादि का जोड़ मिलाने वाला ।

घटना (स्त्री०)–यत्न, कोशिश, पूर्त्ति, वाक़ात, किसी विषय का संघात, किसी अलक्षित बात का होना ।

घटा (स्त्री०)--यत्न, समूह, सेना, जमाअत । [वाला ।

घटिक (पु०)–कहार, पानी भरने

घटिका (स्त्री०)--घड़ी अर्थात् २४ मिनट का परिमाण, पैर का गट्टा, घड़, चूतड़ ।

घटित(वि०)–घटना में आया हुआ, जुड़ा हुआ, उत्पन्न, बना हुआ ।

घटी (स्त्री०)–छोटा घड़ा, एक घड़ी अर्थात् आधा मुहूर्त्त, काल का परिमाण जानने के लिये जो बर्तन पानी में डुबका पड़ा रहता है ।

घटीयन्त्र(न०)–कुएं में से पानी निकालने का यन्त्र, अरघट, रहट ।

घटोत्कच (पु०)–हिडिम्बा राक्षसी के गर्भ से भीमसेन का एक पुत्र ।

घट्ट् (१आ०)–हिलना, रगड़ना, छूना ।

घट्ट (१०उ०)–पूर्ववत् ।

घट्ट(पु०)–दरिया में उतरने की जगह, घाट, चुंगीघर ।

घट्टना (स्त्री०)–जीविकोपाय, पेशा, कम्पन, आन्दोलन ।

घण् (८उ०)–चमकना । [कहना ।

घण्ट् (१, १० प०)–बोलना, चमकना,

घण्टा (स्त्री०)–घण्टी, कांसी आदि धातु से बना हुआ पात्रविशेष जो कालपरिमाण करने में काम आता है ।

घण्टापथ(पु०)–राजमार्ग, बड़ा रास्ता, नगर का प्रधान मार्ग ।

घण्टिका (स्त्री०)–छोटी घंटी, टाल जो पशुओं के गलेमें बांधी जाती है ।

घण्ड(पु०)–मधुमक्षिका ।

घन(वि०)–मज़बूत, सख़्त, कठोर, मुज़्ज़िद, घना, गहरा, अप्रवेश्य, पूरा, शुभ । पु०–बादल शरीर, समूह,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

लौहदण्ड, कफ, कठोरता। न०-लोहा, चमड़ा, टीन।

घनकफ(पु०)–ओले का वाचक।

घनगर्जित (न०)–बादल की गरज, बहुत गहरा और ज़ोर का शब्द।

घनज्वाला(स्त्री०)–विद्युत, बिजली।

घनताल(पु०)–सारस पक्षी।

घनतोल(पु०)–चातक पक्षी, पपीहा।

घननाभि(पु०)–धूम, धुआं।

घनपदवी (स्त्री०)–बादलों का मार्ग अर्थात् आकाश।

घनफल (न०)–रेखागणित में किसी वस्तु की लम्बाई, चौड़ाई और गहराई की माप का गुणन।

घनरस(पु०)–काफूर, पानी, गाढा रस।

घनश्याम (वि०)–अतिशय काला। पु०–कृष्ण, राम।

घनाकर(पु०)–वर्षाकाल, बरसात।

घनागम(पु०)–पूर्ववत्।

घनाघन (वि०)–ख़ूनी, ख़ूंख्वार। पु०-इन्द्र, काला बादल।

घनात्यय(पु०)–शरद् ऋतु।

घनान्त(पु०)–पूर्ववत्।

घनामय(पु०)–खजूर का पेड़।

घनोदय(पु०)=घनाकर।

घनोपल(पु०)–बादल का पत्थर अर्थात् ओला। [करना।

घर् (१० प०)–ढकना, आच्छादित

घर(पु०)–मकान, गृह, रहने की जगह।

घरट्ट (पु०)–पीसने की चक्की।

घरघर(वि०)–अस्फुट, अव्यक्त। पु०–गार, शोर, करकराहट, चलते हुए पानी का शब्द।

घर्ब्(१प०)–जाना, चलना।

घर्म (वि०)–उष्ण। पु०–गर्मी, ग्रीष्म ऋतु, पसीना, घाम, धूप, गोदुग्ध।

घर्मद्युति(पु०)–आदित्य, सूर्य।

घर्ष(पु०)–रगड़, पीसना।

घर्षण(न०)–रगड़ना, पीसना।

घर्मोदक–जल--पयस् (न०)–पसीना।

घस्मर(वि०)–पेटू, खूंख्वार।

घाट(पु०)–घड़ा, दरिया पर उतरने की जगह, ग्रीवा।

घाण्टिक(पु०)–घतूरा, घंटा बजाने वाला, वैतालिक।

घात(पु०)–चोट, प्रहार, बध, नाश, तीर, शक्ति।

घातक(वि०)–नाश करने वाला, मारने वाला, क़ातिल।

घाति(पु०)=घात।

घाती [न्] (वि०)=घातक।

घातुक(वि०)=घातक।

घार(पु०)–सेचन, सींचना, छिड़कना।

घास(पु०)–खाना, तृण, चारा, चरागाह का तृण।

घु (१ आ०)–आवाज़ करना, अस्फुट शब्द करना।

घुट्(१, ६ प०)–फिर से मारना, बदला लेना, रोकना। हिफ़ाज़त करना। (१ आ०)लौटना, बदला करना।

घुट-टिक(पु०)–पांव की गांठ, गट्टा।

घुण (६ प०, १ आ०)–घूमना, चक्कर काटना।

घुण(पु०)–लकड़ी का कीड़ा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

घुरट-क(पु०)–पैर की एड़ी वा गट्टा।
घुर्(६ प०)–गुरगुराना, खर्राटे भरना, शब्द करना।
घुरण(पु०)–ध्वनि, आवाज़।
घुर्घुर (पु०)–कीटविशेष, गुरगुराहट।
घुष् (१० उ०, १ प०)–शब्द करना, ज़ाहिर करना, तारीफ़ करना, गुंजाना।
घुष्ट्(न०)–गाड़ी, छकड़ा।
घुस्रण(न०)–कुंकुम, केसर।
घूक(पु०)–उल्लू, उलूक।
घूकनादिनी(स्त्री०)–गंगा नदी।
घूकारि(पु०)–काक, कौआ।
घूर् (४ आ०)–क़त्ल करना, मारना।
घूर्ण् (६ प०, १ आ०)–घूमना, आगे पीछे सरकना, चक्कर काटना।
घूर्णवायु(पु०)–हवा का बगूला।
घृ(१ प०)–खींचना, छिड़कना। [इसी अर्थ में यह धातु १० उ०, ५ उ० भी होती है]।
घृण् (८ प०)–चमकना, जलना। (१ आ०)–पकड़ना।
घृण(पु०)–धूप, दिन, गर्मी, तेज़ी।
घृणा(स्त्री०)–दया, नम्रता, हिक़ारत, नफ़रत, निन्दा।
घृणालु(वि०)–दयार्द्रचित्त, दयावान्।
घृणास्पद(वि०)–त्याज्य, क़ाबिले नफ़रत।
घृत(वि०)–सींचा हुआ, प्रकाशित। न०–घी, जल, मक्खन।
घृतकेश(पु०)–अग्नि, आग।
घृतधारा(स्त्री०)–घी की नदी।
घृतवान्(वि०)–चिकना। [कंद।
घृतकुमारी(स्त्री०)–घीकुंवार, जिमी-
घृताची (स्त्री०)–रात्रि, सरस्वती, अप्सरा। वि०-चिकना, चमकदार।
घृताहुति(स्त्री०)–अग्नि में सुरवे में भर कर घी का डालना।
घृष् (१ प०)–रगड़ना, घिसना, घिस-कर चमकाना, घीसना।
घृष्ट(वि०)–रगड़ा हुआ, घिसा हुआ।
घृष्टि (स्त्री०)–रगड़, घिसाई, स्पर्धा। पु०–सूअर।
घोट [क] (पु०)–घोड़ा, अश्व। [शत्रु
घोटकारि (पु०)–भैंसा, भैंस, घोड़े का
घोटी–टिका (स्त्री०)–घोड़ी।
घोणा (स्त्री०)–नासिका, घोड़े की नाक, सूअर की थूथरी।
घोर(वि०)–भयानक, ख़ौफ़नाक। पु०–शिव, ऋषिविशेष। न०–कुंकुम, भयंकरता, ख़ौफ़।
घोरा (स्त्री०)–रात्रि, रात। [मट्ठा।
घोल (अस्त्री०)–छाछ, तक्र, जलरहित
घोष (पु०)–शोर, बादलों की गरज, घोषणा, किंवदन्ती, ग्वालिया, अहीर, घोषी, कायस्थ, स्वर, मच्छर, अहीरों का गांव।
घोषण (न०)–विज्ञप्ति, रिपोर्ट, किसी बात को सर्वसाधारण के जतलाने के लिये उच्चस्वर से कहना, मनादी, डोंडी, ढिंढोरा पीटना।
घोषणा (स्त्री०)–पूर्ववत।
घ्रा (१ प०)–संघना, गन्धलेना, चूमना
घ्राण (वि०)–सूंघा हुआ। न०–गन्ध,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नासिका, सूघना, सूंघने की वस्तु
घ्राणतर्पण (न०)–खुशबू, सुगन्धि ।
घ्राणेन्द्रिय (न०)–सूंघने की इन्द्रिय अर्थात् नासिका । [योग्य ।
घ्रातव्य (न०)–सुगन्धि । वि०–सूंघने
घ्रेय (न०)–बू, गन्ध ।

ङ

ङ–कवर्ग का पञ्चम अक्षर, कोई शब्द जो इस अक्षर से आरम्भ होता हो देखने में नहीं आता । पु०–शिवका वाचक, इच्छा, ख्वाहिश, इन्द्रियविषय ।

च

च (अ०)–और, तथा, भी, अभी, ताहम, निश्चय, यक़ीन, यदि, अन्वाचय। यह अव्यय गौणवाक्य को प्रधान वाक्य के साथ मिलाने में प्रयुक्त होता है । वि०–बुरा, बीजरहित । पु०–चन्द्रमा, कछुआ, चोर, शिव । [होना, चमकना ।
चक् (१ उ०)–तृप्त होना, प्रसन्न
चकास् (२प०)–चमकना, दीप्त होना ।
चकित (वि०)–भयातुर, हैरान, ख़ौफ़ज़दा, डरा हुआ, डरपोक, विस्मित न०–भय, कम्पन ।
चकोर (पु०)–चकवा, पक्षिविशेष । चन्द्रमा को देखकर यह पक्षी ऊपर को उड़ा करता है ।
चक्क् (१० प०)–दुःखी होना, कष्ट देना ।
चक्कल (वि०)–घेरेदार, गोल ।
चक्रम (पु०) कुटिलता, शठता, बेईमानी
चक्र (पु०)–चकवा पक्षी, गिरोह, समूह । न०–गाड़ी का पहिया, कुम्हार का चाक, प्रान्त, घेरा, अध्याय, परिच्छेद, चक्कर काटना, विभाग ।
चक्रक (वि०)–गोल, घेरेदार । पु०–एक प्रकार का तर्काभास ।
चक्रगति (स्त्री०)–घूमना, चक्कर काटना ।
चक्रजीवक (पु०)–कुम्हार, कुंभकार ।
चक्रदंष्ट्र (पु०)–शूकर, सूअर ।
चक्रधर (पु०)–विष्णु, राजा, सांप। वि०–पहियेवाला ।
चक्रनायक (पु०)–सेनानायक, कप्तान ।
चक्रनेमि-धारा (स्त्री०)–पहिये के चारों ओर का घेरा ।
चक्रपाणि (पु०)–विष्णु का वाचक ।
चक्रपाद्–क (पु०)–हाथी, रथ, गाड़ी ।
चक्रपाल (पु०)–प्रादेशिक शासक ।
चक्रबन्धु-बान्धव (पु०)–सूर्य ।
चक्रबाल (स्त्री०)–घेरा, अंगूठी, ढेर, समूह ।
चक्रभेदिनी (स्त्री०)–रात, रात्रि ।
चक्रभ्रम (पु०)–पीसने की चक्की ।
चक्रमुख (पु०)–शूकर, सूअर ।
चक्रवर्त्ती (पु०)–शाहंशाह, सम्राट् ।
चक्रवाक (पु०)–चकवा पक्षी ।
चक्रवृद्धि (अस्त्री०)–सूद दर सूद, ब्याज पर ब्याज चढ़ना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चक्रहस्त (पु०)–जिसने हाथ में चक्र धारण किया हो अर्थात् विष्णु।

चक्रा (स्त्री०)–नागरमोथा।

चक्राङ्ग (पु०)–हंस, रथ, चक्रवाकपक्षी।

चक्राट (पु०)–बाजीगर, सपेरा, शठ, ठग।

चक्री [न्] (पु०)–विष्णु, कुम्हार, मैशीनमैन, सम्राट्, गर्दभ, प्रादेशिक शासक, सर्प, कौआ।

चक्रीवान् [वत्] (वि०)–चक्र के समान घूमने वाला, गधा।

चक्ष् (२ आ०)–कहना, बोलना, त्यागना, देखना।

चक्षण (न०)–कहना, कथन, भूख बढ़ाने की एक प्रकार की चटनी।

चक्षुः [स्] (न०)–आंख, दृष्टि, देखने की इन्द्रिय, शोभा, प्रकाश।

चक्षुर्गोचर (वि०)–दिखाई देने वाला।

चक्षुःश्रवस् (पु०)–सांप, जिसके आंख ही कान हैं ऐसा जन्तु।

चक्षुष्मान् (वि०)–आंखों वाला।

चक्षुष्य (पु०)–नेत्र में डालने का अंजन, सुर्मा, काजल।

चक्षूरोग (पु०)–आंखों की बीमारी।

चङ्क्रण (पु०)–गाड़ी, रथ, वृक्ष।

चंक्रमण (न०)–टेढी चाल चलना, धीरे २ चलना।

चङ्ग (वि०)–खूबसूरत, चतुर, तन्दुरुस्त

चंच् (१ प०)–जाना, हरकत करना, हिलना, कूदना।

चञ्च (पु०)–पांच अंगुलियों का परिमाण

चञ्चरि (पु०)–डंगारा मक्खी।

चञ्चल (वि०)–अस्थिर, न जमने वाला, कम्पित, कामुक, चपल। पु०–वायु, प्रेमी, कामी।

चञ्चला (स्त्री०)–बिजली, लक्ष्मी।

चञ्चा (स्त्री०)–बेत की बनी हुई वस्तु, चटाई, घास की गुड़िया।

चंचु (पु०)–हरिण। स्त्री०–चौंच। वि०–चतुर, प्रसिद्ध।

चंचुभृत (पु०)–पक्षी, चिड़िया।

चंचू-चुका (स्त्री०)–पक्षी की चौंच।

चट् (१ प०)–तोड़ना, अलग करना, ढकना। (१० उ०)–मारना, छेदना।

चटक (पु०)–खुटबढ़ैया पक्षी।

चट [टि] का (स्त्री०)–पूर्ववत्।

चटन (न०)–चटखना, टूटना।

चटु (पु०)–पेट। अस्त्री०–खुशामद की वाणी। [सुन्दर, प्रियदर्शन।

चटुल (वि०)–चञ्चल, अस्थिर, चपल,

चटुला (स्त्री०)–विद्युत्, बिजली।

चण् (१ प०)–आवाज़ करना, जाना, मारना। [का नाम।

चणक (पु०)–सस्यभेद, चना, एक मुनि

चणकात्मज (पु०)–चाणक्य मुनि।

चण्ड (वि०)–भयानक, तीक्ष्ण, तीव्र, क्रोधालु, क्रूर। पु०–राक्षस, शिव, इमली का पेड़।

चण्डमुण्डा (स्त्री०)–दुर्गा का एक भेद।

चण्डविक्रम (वि०)–अत्यन्त बलशाली।

चण्डा (स्त्री०)–क्रोधालु स्त्री।

चण्डांशु (पु०)–जिस की किरण तीव्र हों अर्थात् सूर्य।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चण्डातक(अस्त्री०)–स्त्रियों के पहरने का अधोवस्त्र, लहंगा।

चण्डाल (वि०)–क्रूर, कुकर्मी। पु०–अपने नाम से प्रसिद्ध एक जाति, महानीच, अन्त्यज।

चण्डी (स्त्री०)–अतिकोपना स्त्री, दुर्गा का रूप, चोट।

चत्(१ उ०)–मांगना, याचना करना।

चतुः[र्] (वि०)–चार की गिनती।

चतुःशाला(स्त्री०)–चौखण्डी, चार घरों वाला मन्दिर।

चतुर(वि०)–होशियार, कुशल, सुन्दर पु०–हाथीखाना, गोल तकिया। न०–चतुराई।

चतुरंश(पु०)–चौथा भाग।

चतुरंग (वि०)–चार प्रकार का, चार अंशों वाला। न०–हाथी, घोड़ा, रथ और पैदल इन चार अंगों से युक्त सेना, चौपड़। [वाचक।

चतुरशीति (स्त्री०)–८४ संख्या का

चतुरस्र[अ] (वि०)–चौकोन, चारकोण वाला। पु०–चार कोण का खेत

चतुरानन(पु०)–ब्रह्मा।

चतुराश्रम(पु०)–ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास ये चार आश्रम

चतुर्गव(पु०)–चार बैल की गाड़ी।

चतुर्गुण(वि०)–चौगुणा।

चतुर्थ(वि०)–चौथा।

चतुर्थांश(पु०)–चार भागों में से एक। वि०–चौथा।

चतुर्थी(स्त्री०)–चौथी तिथि।

चतुर्दश(वि०)–चौदहवां।

चतुर्दशन् (वि०)–चौदह।

चतुर्दिशम्(अ०)–चारों ओर।

चतुर्दशी(स्त्री०)–कृष्ण और शुक्लपक्ष की चौदहवीं तिथि। [से।

चतुर्धा(अ०)–सब तरह से, चारों प्रकार

चतुर्बाहु-भुज(पु०)–विष्णु का वाचक। न०–चतुष्कोण क्षेत्र।

चतुर्भाग(पु०)–चौथा हिस्सा, चौथाई।

चतुर्मास (न०)–आषाढ़शुक्ला एकादशी से कार्तिकशुक्ला एकादशी तक का समयविभाग, चौमासा, बरसात।

चतुर्मुख (पु०)–ब्रह्मा का वाचक।

चतुर्युग (न०)–चारों युग, सत्ययुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग।

चतुर्वक्त्र (पु०)–ब्रह्मा।

चतुर्वर्ग (पु०)–चार वर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समुदाय।

चतुर्वर्ण(पु०)–चारवर्ण अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।

चतुर्विंश(वि०)–चौबीस संख्या वाला, चौबीसवां।

चतुर्विंशति (स्त्री०)–२४ की संख्या का वाचक।

चतुर्विद्य(वि०)–चारों वेदों का ज्ञाता।

चतुर्विद्या (स्त्री०)–चार वेद अर्थात् ऋक्, यजुः, साम और अथर्व।

चतुर्विध (वि०)–चार प्रकार का।

चतुर्विधशरीर (न०)–चार प्रकार के शरीर अर्थात् जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज।

चतुर्वेद (पु०)=चतुर्विद्या।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चतुर्व्यूह (पु०)–विष्णु, संसारोत्पत्ति के चार हेतुसमूह यथा–वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध।

चतुल (वि०)–रखने वाला, स्थापयिता। [चारों।

चतुष्क (न०)–चार खम्भों वाला घर,

चतुष्की (स्त्री०)–मशहरी, नदीविशेष।

चतुष्टय (वि०)–ऐसी वस्तु जिसके चार भाग हों, चार प्रकार का।

चतुष्टयी (स्त्री०)=चतुष्टय।

चतुस्त्रिंशत (वि०)–चौंतीस की संख्या का बोधक। [का वाचक।

चतुष्पञ्चाशत (वि०)–चौवन की संख्या

चतुष्पथ (पु०)–चार आश्रमों वाला ब्राह्मण। न०–ऐसा प्रदेश जहां से चारों ओर को रास्ता जाता हो अर्थात् चौराहा।

चतुष्पद (पु०)–चौपाया, पशु, चारपैरों वाला, ज्योतिष में एक करण।

चतुष्पदी (स्त्री०)–चार पांव वाली, चार हिस्सों वाली, चौपदी, छन्दोभेद।

चतुष्पाटी (स्त्री०)–चारों दिशाओं के विदीर्ण करने वाली नदी।

चतुष्पाठी (स्त्री०)–वह छात्रालय जिस में चारों वेदों का पाठ पढ़ाया जाता हो अर्थात् चौपाठी।

चतुष्पाणि (पु०)–विष्णु का वाचक।

चतुष्पाद्-द् (वि०)=चतुष्पद।

चतुष्पार्श्व (न०)–चारों ओर।

चतुःषष्टि (स्त्री०)–चौंसठ की संख्या का वाचक।

चतुःषष्टिकला (स्त्री०)–चौंसठ कला।

चत्वर (न०)–आंगन, होमार्थ निर्मित वेदी, रथखिडल, बेडा।

चत्वारिंशत् (स्त्री०)–चालीस की संख्या का नाम। [घास।

चत्वाल (पु०)–होमकुण्ड, कुश नामक

चद् (१ प०)–मांगना, याचना करना, पूछना। [चमकना।

चद् (१ प०) [इदित्]–प्रसन्न होना,

चन् (१ प०)–शब्द करना, मारना।

चन (अ०)–अपूर्ण, न पूरा, जो कुछभी।

चङ्क्र (१ प०)–गति, जाना, गमनकरना।

चन्द् (१ प०)–चमकना, खुश होना, प्रसन्न होना।

चन्द-क (पु०)–चन्द्रमा, कर्पूर, काफूर, मत्स्यभेद।

चन्दनः-नम्–चन्दन नामक प्रसिद्ध सुगन्धित वृक्ष, एक वानर।

चन्दनधेनु (स्त्री०)–वह गौ जिसके शरीर पर चन्दन लगाया गया हो, पति और पुत्र के जीवित होने पर मृत स्त्री के उद्धारार्थ चन्दनाङ्कित जो गौ ब्राह्मण को दान करदी जावे।

चन्द्र (पु०)–चन्द्रमा, मृगशीर्ष नामक नक्षत्र, कपूर, पानी, हीरा, मोर के पंख का चन्दा।

चन्द्रक (पु०)–मोर के पंख का चन्दा, एकप्रकारकी मच्छी, सफ़ेद मिर्च।

चन्द्रकला (स्त्री०)–चन्द्रमा की सोलह कलाओं में से एक, द्रविड देश का एक प्रकार का बाजा।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चन्द्रकान्त(पु०)—एक प्रकार की मणि जो चन्द्रमा को देख कर द्रवीभूत हो जाती है। न०—कमल, चन्दन।

चन्द्रकान्ता(स्त्री०)--चन्द्रमा की स्त्री, चांदनी, रात।

चन्द्रकान्ति(स्त्री०)—रोशनी, चन्द्र की आभा। न०--चांदी।

चन्द्रकी [न्] (पु०)--मयूर।

चन्द्रकूट(पु०)--इसी नाम से प्रसिद्ध एक पर्वत।

चन्द्रगुप्त(पु०)--मगध देश का राजा, पुराणों के लेखानुसार यमराज की सभा में मनुष्यों के शुभाशुभ कर्म का लेखक अर्थात् चित्रगुप्त।

चन्द्रगोलस्थाः(पु०बहु०)—चन्द्रलोक में स्थित दिव्यपितर। [ग्रसा जाना।

चन्द्रग्रहण (न०)—राहु से चन्द्रमा का

चन्द्रचंचला (स्त्री०)—एक प्रकार की छोटी मच्छी, चन्द्रकमत्स्य।

चन्द्रचूड (पु०)—महादेव का बोधक।

चन्द्रदाराः(पु० बहु०)—अश्वनी आदि नक्षत्र। [चन्द्रमा की ज्योति।

चन्द्रद्युति(स्त्री०)--चन्दन की लकड़ी,

चन्द्रपुष्पा (स्त्री०)—श्वेतपुष्प वाली कण्टकारी।

चन्द्रप्रभ(पु०)—छत्रविशेष।

चन्द्रप्रभा (स्त्री०) —वाकुची नामक ओषधि, चन्द्रमा की ज्योति।

चन्द्रबाला(स्त्री०)—बड़ी इलायची।

चन्द्रबिन्दु (पु०)—अर्धचन्द्राकार अनुस्वार।

चन्द्रभाग(पु०)—पर्वतविशेष।

चन्द्रभागा(स्त्री०)—दक्षिण में एक नदी विशेष।

चन्द्रमणि(स्त्री)—एक प्रकार की मणि।

चन्द्रमण्डल(न०)—चन्द्रमा का गोलाकार स्वरूप, चन्द्रबिम्ब।

चन्द्रमस् (पु०)--चन्द्रमा, आनन्द देने वाला।

चन्द्रमौलि(पु०)—महादेव।

चन्द्रमुखी (स्त्री०)--चन्द्रमा के समान मुख वाली स्त्री।

चन्द्ररेखा-लेखा(स्त्री०)-वाकुचीनामक ओषधि।

चन्द्ररेणु(पु०)--काव्यचोर।

चन्द्रलोक(पु०)—चन्द्रस्थित दुनिया।

चन्द्रलोहक—लौह(न०)—चांदी, रूपा।

चन्द्रवंश(पु०)—कौरववंश, हस्तिनापुर के राजगण। [मुखवाला।

चन्द्रवदन (वि०)—चन्द्रमा के समान

चन्द्रविहंगम (पु०)--बगुला, वक नामक पक्षी। [प्रसिद्ध व्रत।

चन्द्रव्रत (न०)--चान्द्रायण नामका

चन्द्रवल्लरी (स्त्री०)--सोमलता।

चन्द्रशाला (स्त्री०)--अट्टालिका, अटारी, ऊपर का घर।

चन्द्रशेखर(पु०)--महादेव, पूर्व की दिशा में एक पर्वत।

चन्द्रसम्भव (पु०)--चन्द्रमा से उत्पन्न हुआ पुत्र, बुध।

चन्द्रसम्भवा (स्त्री०)--नर्मदा नदी, बड़ी इलायची।

चन्द्रहास (पु०)--तलवार, रावण की

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

तलवार, केरल देश का राजा। न०--चांदी।

चन्द्रहासा(स्त्री०)–गिलोय,सोमलता।

चन्द्रा (स्त्री०)--इलायची, चंदोवा।

चन्द्रातप (पु०)–चंदोवा,वितान,चन्द्रमा की किरण, चांदनी।

चन्द्रापीड (पु०)–महादेव का नाम, काश्मीर देश का एक राजा जो तारापीड का पुत्र था।

चन्द्रावली (स्त्री०)–गोपीविशेष।

चन्द्रिका (स्त्री०)--चांदनी,बड़ी इलायची, तेरह अक्षर के पादवाला एक छन्द।

चन्द्रिकाद्राव (पु०)-चन्द्रकान्त मणि।

चन्द्रिकापायी [न्](पु०)–चकोरपक्षी।

चन्द्रिकाम्बुज (न०)–श्वेतकमल।

चन्द्रिल (पु०)–शिव,नापित,हज्जाम।

चन्द्रेष्टा (स्त्री०)–कुमुदिनी।

चन्द्रोदय(पु०)–चन्द्रमा का निकलना।

चन्द्रोपल(पु०)–चन्द्रकान्त मणि।

चप्(१ प०,१० उ०)–चूर्णीकरण,पीसना, शान्त्वना देना, शान्ति देना।

चपट(पु०)=चपेट।

चपल (पु०)–धीरे २ चलना, पारा, मछली, एक प्रकार का पत्थर। वि०–चञ्चल, क्षणिक, घबराया हुआ।

चपलता-त्वम्=चञ्चलता।

चपला (स्त्री०)–पीपल, लक्ष्मी, बिजली, ख़राब औरत, मदिरा, विजया।

चपेट(पु०)–फैली हुई उंगलियों वाला हाथ, चपेट, थप्पड़, चांटा। [चपेटक भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है]।

चम्(१ प०)–खाना।

चमत्करणम्–कारः–कृतिः=विस्मय, हैरानी, आश्चर्य।

चमत्कारी(वि०)–अजीब,आश्चर्ययुक्त

चमर(पु०)–एक प्रकार का हरिण। न०–चमर पंखा।

चमरी(स्त्री०)–चौंरी।

चमसः-सम्=लकड़ी का बना यज्ञ का एक पात्र,सोमरस पीने का पात्र।

चमू(स्त्री०)–सेना, ऐसी सेना जिस में ७२९ हस्ती, ७२९ रथ, २१८७ घोड़े, और ३६४५ पैदल होते हैं।

चमूरु(पु०)–मृगभेद,कचनाल का वृक्ष।

चम्प्(१०उ०)–जाना, हरकत करना।

चम्प(पु०)–कोविदार नामक वृक्ष।

चम्पक(पु०)–चम्पा नामक पुष्पलता, केला। न०–चम्पे का फूल, कदलीफल।

चम्पकमाला(स्त्री०)-छन्दोभेद, गले में पहरने का एक स्वर्णभूषण, चम्पकपुष्पों की बनी हुई माला।

चम्पू (स्त्री०)–काव्यभेद, गद्य और पद्य का मिश्रित एक अत्युत्तम काव्य।

चम्ब्(१ प०)=चम्प्। [जाना।

चय् (१ आ०)–हरकत करना, पास

चर्(१ प०)–चलना, घूमना, करना, पूरा करना, व्यवहार करना, घास चरना, खाना, मशग़ूल होना, फैलना, जीना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चर (वि०)–गतिशील, करने वाला। पु०–मंगल, जासूस, कौड़ी, दूत, मेष, कर्क, तुला और मकर राशि।

चरक (पु०)–गुप्तचर, भिखारी, अपने नाम से प्रसिद्ध एक ऋषि जिन्होंने चरकसंहिता निर्माण की है।

चरण (अस्त्री०)–पाद, पैर स्तम्भ, जड़, आश्रय, श्लोक का प्रथम भाग। पु०–किरण, पदाति। न०–हरकत, सम्पादन, आचरण, पूर्त्ति। [शरणागत।

चरणगत (वि०)–पैरों में पड़ा हुआ,

चरणपर्व [न्] (न०)–पैर का गट्टा, एड़ी।

चरणप (पु०)–वृक्ष, पेड़, पादप।

चरणसेवा (स्त्री०)–गुरु आदि की सेवा के लिये एक विनयबोधक शब्द।

चरणामृत (न०)–किसी पूजनीय ब्राह्मण वा आचार्य के पैर धोकर जो जल प्राप्त किया जाता है।

चरणि (पु०)–मनुष्य, आदमी।

चरणोदक (न०)=चरणामृत।

चरम (वि०)–अन्तिम, आखिरी, पश्चिमीय, सब से छोटा, अन्त का।

चरमकाल (पु०)–मृत्यु का समय।

चरमाचल (पु०)–अस्ताचल, पश्चिमीय पर्वत जिस के पीछे सूर्य और चन्द्र का अस्त होना बतलाया जाता है।

चराचर (न०)–संसार, आकाश, स्वर्ग। वि०–जंगम और स्थावर। [वान।

चरि॰ (पु०)–जन्तु, जानवर, पशु, हैचरित (न०)–जीवन, इतिहास, जीवनचरित्र, हरकत, व्यवहार, कार्य, स्वभाव। वि०–किया हुआ, ज्ञात, प्राप्त, घूमा हुआ।

चरितार्थ (वि०)–कामयाब, सफलमनोरथ, संघटित, उपयुक्त, सन्तुष्ट।

चरित्र (न०)–जीवन, जीवनचरित, जीवनवृत्तान्त, स्वभाव, काम, व्यवहार, आदत, सम्पादन गति, पैर।

चरित्रा (स्त्री०)–इमली का पेड़।

चरीत्र (न०)=चरित्र।

चरु (पु०)–मेघ, पितरों के लिये हव्य, हव्यान्न।

चर्च् (१ प०)–बहस करना, चोट पहुंचाना, लेपन करना, गाली देना, धमकाना।

चर्च् (१० उ०)–अध्ययन करना, पढ़ना।

चर्चः–नम्=ध्यान, अध्ययन, बार २ पढ़ना, सुगन्धलेपन।

चर्चटिका-चर्चरी (स्त्री०)–उत्सव, खुशामद, गतिभेद, गाते समय हथेली बजाना।

चर्चा (स्त्री०)–गवेषणा, ध्यान, अङ्गलेपन, अध्ययन, बार २ दुहराना, वार्ता, लोकसंवाद, दुर्गा का नाम, विचारणा।

चर्चि-का (स्त्री०)–पूर्ववत्।

चर्पट (पु०)–हाथ का फैलाना, चपेट, चपेटा।

चर्ब् (१प०)–खाना, जाना, चलना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चर्म [न्]-(न०)-चमड़ा, त्वचा, चाम, स्पर्शेन्द्रिय, ढाल।

चर्मकारक-चर्मक (पु०)-जूते बनाने वाला, चमार।

चर्मचटी (स्त्री०)-चामचिड़ी, चिमगादड़।

चर्मचित्रक (न०)-सफेद कोढ़।

चर्मज (न०)-बाल, रक्त, ख़ून।

चर्मण्य (वि०)-चमड़े का बना हुआ।

चर्मपादुका (स्त्री०)-चमड़े का बना हुआ जूता।

चर्मबन्ध (पु०)-चमड़े का तस्मा।

चर्ममय (वि०)-चमड़े का बनाहुआ, चर्मण्य।

चर्मार (पु०)-चमार, जूते बनाने वाला, चमड़े का काम करने वाला।

चर्या (स्त्री०)-इधर उधर घूमना, सैर, गति, व्यवहार, अमल, भोजन, रीति।

चर्व् (१० उ०, १प०)-चबाना, काटना, दांतों से कुतरना, ज़ायक़ा लेना, चूसना।

चर्वण (न०)-चबाना, चूसना, भक्षण।

चर्वित (वि०)-चबाया हुआ, खाया हुआ, चक्खाहुआ।

चर्वितचर्वण (न०)-चबायेहुये को फिर चबाना, पिष्टपेषण, निरर्थक पुनरावृत्ति।

चर्वितपात्र (न०)-पीकदानी।

चल् (१ प०)-चलना, हरकत करना, हिलना, जाना।

चल (पु०)-वायु, हवा, आन्दोलन, कम्पन। वि०-चला हुआ, गतिशील, चञ्चल, क्षणिक, गड़बड़।

चलचित्त (वि०)-चंचलस्वभाव, अस्थिरमनाः। [हरकत।

चलन (पु०)-पैर, हरिण। न०-हिलना,

चलित (वि०)-चला हुआ, कम्पित, आन्दोलित, गत, प्राप्त, ज्ञात।

चलु (पु०)-चुल्लू, चुल्लूभर पानी।

चलुक (पु०)-पूर्ववत्।

चष् (१ प०, १ उ०)-खाना, मारना।

चषक (न०)-शहद, सुरा, मद्यपात्र।

चह् (१ उ०, १ प०)-धोखा देना, दर्प करना, पीसना।

चाकचक्य (न०)-शोभा, दीप्ति, चमक।

चाक्रिक (पु०)-कुम्हार, गाड़ीवान, चारण, तैली। [पुत्र।

चाक्रिण (पु०)-कुम्हार वा तेली का

चाक्षुष (न०)-नेत्रद्वारा प्राप्त ज्ञान। पु०-छठे मनु का नाम। वि०-नेत्रसम्बन्धी। [क्षणिकभाव।

चाञ्चल्य (न०)-चञ्चलता, अस्थिरता,

चाटु (न०)-खुशामद, दिललुभाना, प्रियवाणी।

चाटुक (अव्ही०)-खुशामद की बातें।

चाटुकार (वि०)-खुशामदी, प्रियभाषी। [ज़रीफ़।

चाटुबटु (पु०)-मज़ाक करने वाला,

चाणक्य (पु०)-चाणक्य नीति का बनाने वाला एक प्रसिद्ध नीतिज्ञ, विष्णुगुप्त, कौटिल्य। [नाम।

चाणूर (पु०)-कंस के एक मोद्दा का

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चाण्ड (न०)–उद्दतता, उद्दण्डता, चण्डता ।

चाण्डाल [स्वार्थेऽण्] (पु०)–अन्त्यज, जातिच्युत, भंगी ।

चातक (पु०)–एक पक्षिविशेष जो स्वातिनक्षत्र की वर्षा के ही जल का पान करता है ।

चातुर (वि०)– चारसम्बन्धी, चतुर, कुशल, प्रत्यक्ष । न०–चार पहिये की गाड़ी ।

चातुरक (वि०)–खुशामदी, प्रत्यक्ष ।

चातुराश्रमिक(वि०)–चारों आश्रमों में से किसी में निवास करने वाला ।

चातुरिक (पु०)–गाड़ीवान, हांकने वाला, कोचवान ।

चातुर्भौतिक (वि०)–चार अंशों वाला, चार भूतों से उत्पन्न हुआ ।

चातुर्मासक (वि०)–चातुर्मास्य नामक यज्ञ करने वाला ।

चातुर्मास्य (न०)–एक यज्ञ जो प्रत्येक चौथे मास अर्थात् कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ के आरंभ में की जाती है । [कौशल ।

चातुर्य (न०)–चतुराई, सुन्दरता,

चातुर्वर्ण्य (न०)--ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र नामक चार वर्ण, चारों वर्णों के कर्तव्यकर्म ।

चातुष्कार्षिक (वि०)–चार भागों में बटा हुआ ।

चांद्र (वि०)–चन्द्रसम्बन्धी । पु०–चन्द्रमास, शुक्लपक्ष । न०–चान्द्रायण व्रत ।

चान्द्रक (न०)–सोंठ, शुण्ठी ।

चान्द्रमस(वि०)–चन्द्रसम्बन्धी, चान्द्र ।

चान्द्रमास (पु०)–वर्ष का वह मास जिस में चन्द्रमा के उदय और अस्त से गणना की जाती है ।

चाप (पु०)–कमान, धनुष्, वृत्त का अंश । [तीव्र गति ।

चापल (न०)–चपलता, चञ्चलता,

चापल्य (न०)–पूर्ववत् ।

चामर (अस्त्री०)–चमरमृग के बालों से बनी हुई चौंरी ।

चामरी [न्] (पु०)–घोड़ा, अश्व ।

चामीकर (न०)–धतूरा, स्वर्ण, सोना ।

चामुण्डा (स्त्री०)–दुर्गा का रूपभेद ।

चाम्य (न०)–भोजन, खूराक़ ।

चाय् (१उ०)-देखना, अवलोकन करना, पूजना ।

चार (पु०)–गति, चलना, टहलना, क़ैदख़ाना, बेड़ी, जासूस ।

चारक (पु०)–जासूस, ग्वालिया, नेता, क़ैदखाना, बेड़ी, गति ।

चारण (पु०)–यात्री, गवैया, भाट, जासूस । [अनुचरी ।

चारिका (स्त्री०)–दासी, नौकरनी,

चारित्र–त्र्य (न०)–व्यवहार, कीर्त्ति, स्वभाव, कुलाचार ।

चारु (वि०)–खूबसूरत, मनोहर, पसन्दीदा । न०–कुंकुम ।

चारुदर्शन(वि०)–प्रियदर्शन, मनोहर।

चारुलोचन (वि०)–मनोहर नेत्रों वाला ।

चार्म (वि०)–चमड़े का बना हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चार्मिक (वि०)–पूर्ववत् ।
चार्वाक (पु०)–वाममार्गमत का आदि आचार्य ।
चार्वी (स्त्री०)–प्रतिभा, शोभा, ज़्योत्स्ना, कुबेरपत्नी, सुन्दर स्त्री ।
चालः–नम् (न०)–हरकत, चलाना, चलनी नामक पात्र ।
चालनी (स्त्री०)–छाज, छलनी ।
चि (५, १उ०)–इकट्ठा करना, एकत्रित करना, तलाश करना ।
चिकित (वि०)–ज्ञात, समझा हुआ ।
चिकित्सक(पु०)–वैद्य, हकीम, मआलिज । [औषध देना ।
चिकित्सन (न०)–इलाज करना,
चिकित्सा(स्त्री०)–इलाज, रोगोपचार, औषधप्रयोग ।
चिकित्सित (वि०)–इलाज किया हुआ, जिसने आरोग्य प्राप्त कर लिया हो ।
चिकिल (पु०)–कीचड़, कीच ।
चिकीर्षक (वि०)–करने की इच्छा वाला । [मर्ज़ी, ख्वाहिश ।
चिकीर्षा (स्त्री०)–कार्य की इच्छा,
चिकुर (पु०)–शिर के बाल, सर्प, पर्वत । [न०–सुपारी ।
चिक्कण (वि०)–चिकना, चमकदार ।
चिक्कस (पु०)–जौ का आटा ।
चिक्किर (पु०)–चूहा, मूषकी ।
चिखल्ल (पु०)–कीचड़, कीच ।
चिञ्चा (स्त्री०)–इमली का पेड़, इमली का फल, चोंटली का वृक्ष ।
चित् (१० आ०, १प०)–देखना, अवलोकन करना, जानना ।
चित् (स्त्री०)–ख़याल, विचार, समझ, मन, आत्मा, ब्राह्मण ।
चित (वि०)–इकट्ठा किया हुआ,एकत्रित, प्राप्त ।
चिता (स्त्री०)–ढेर, समूह, मृतकदाह के लिये सञ्चित काष्ठसमूह ।
चिताग्नि(पु०)–मृतकदाह की अग्नि ।
चिति(स्त्री०)–चेतना, समझ, चिता, ढेर, तह, समह ।
चित्त (न०)–ख़याल, चेतना,मन, हृद्, तर्कबुद्धि, विचार, चिन्तन । वि०–इच्छित, दृष्ट, चिन्तित ।
चित्तकलित(वि०)–पूर्व से सोचा हुआ, आशंकित ।
चित्तज–भू (पु०)–कामैषणा, कामदेव ।
चित्तनाश (पु०)–चेतना का अभाव ।
चित्तनिवृत्ति (स्त्री०)–सन्तुष्टि, खुशी प्रसन्नता ।
चित्तवान् [वत्] (वि०)–सहृदय, माकूलपसन्द, बुद्धिमान् ।
चित्तविकार(पु०)-मनोभाव का बदलना
चित्तविक्षेप (पु०)–चित्त का हटना ।
चित्तवृत्ति (स्त्री०)–मनोभाव ।
चित्तापकर्षक (वि०)–दिल को खींचने वाला, मनोहर ।
चित्ताभोग (पु०)–दिल का एक ही विषय पर लगना ।
चित्तासंग (पु०)-प्रेम,मुहब्बत । [भक्ति
चित्ति(स्त्री०)-धारणा,विचारणा,ख्याति,
चित्र (वि०)–चमकीला, स्वच्छ,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

रंगविरंगा, विविध, विस्मयकर, विषम । पु०-यमभेद, अशोकवृक्ष । न०—तस्वीर, आकाश, श्वेतकुष्ठ, चित्तापकर्षक वस्तु ।

चित्रकण्ठ (पु०)—कबूतर, पारावत ।

चित्रकर-कार (पु०)—मुसव्विर, तस्वीर बनाने वाला, अभिनयकर्त्ता ।

चित्रकूट (पु०)-प्रयाग के पास एक छोटी पहाड़ी । [नाम ।

चित्रगुप्त (पु०)--यमराज के मन्त्री का

चित्रपट (पु०)-मूर्त्ति, तस्वीर ।

चित्रपादा (स्त्री०)—मैना, सारिकापक्षी

चित्रपृष्ठ (पु०)--खुटबढैया पक्षी । [शिव

चित्रभानु (पु०)—अग्नि, सूर्य, अर्कवृक्ष,

चित्ररथ (पु०)—सूर्य, एक गन्धर्वराज का नाम ।

चित्रल (वि०)—रंगविरंगा, चितकबरा ।

चित्रलेखा (स्त्री०)—एक अप्सरा, १८ अक्षरों के पाद वाला एकप्रकार का छन्द ।

चित्रविचित्र (वि०)—विविध प्रकार का, रंगविरंगा ।

चित्रविद्या (स्त्री०)--मुसव्वरी का हुनर

चित्रशाला (स्त्री०)-मुसव्विर की दूकान।

चित्रा (स्त्री०)—एकनक्षत्र का नाम, माया

चित्रांगद (पु०)—शान्तनु राजा का पुत्र, विचित्रवीर्य का भाई ।

चित्राङ्गी (स्त्री०)—मजीठ, कर्णजलौका, कानसलाई नामक जन्तु ।

चित्राटीर (पु०)—चन्द्रमा, चांद ।

चित्रामघा (स्त्री०)—उषाकाल, सवेरा ।

चित्रिक (पु०)—चैत्रमास ।

चित्रिणी (स्त्री०)—स्त्रियों का एक भेद ।

चित्रित (वि०)--रंगविरंग, खिंचा हुआ, लिखा हुआ ।

चित्रीकरण (न०)—आश्चर्य, अचम्भा ।

चिदाकाश (न०)-चैतन्यरूप आकाश अर्थात् ब्रह्म । [शक्ति ।

चिदात्मा (पु०)--परब्रह्म, विवेचना-

चिदाभास (पु०)—जीव, जीवात्मा ।

चिन्त् (१० उ०)—सोचना, विचारना, चिन्तन करना, याद करना ।

चिन्तन (न०)—विचारणा, धारणा, फ़िक्र, ग़ौरख़ौज ।

चिन्तनीय-न्त्य (वि०)-सोचने योग्य, विचारणीय । [ख़याल, विचार ।

चिन्ता (स्त्री०)—सोचविचार, फ़िक्र,

चिन्ताकुल (वि०)—फ़िक्र के कारण घबराया हुआ ।

चिन्तातुर=चिन्ताकुल ।

चिन्तामणि (पु०)—पारसपथरी, एक कल्पितमणि कहते हैं कि जिस के संसर्ग से लोहा सोना बनजाता है।

चिन्तित (वि०)—सोचा हुआ, विचार किया हुआ ।

चिन्मय (न०)—चेतनशक्ति, परमात्मा ।

चिन्मात्र (न०)—पूर्ववत् ।

चिपिट (वि०)—चौड़ी नाक वाला ।

चिबु[बु]क (न०)-ठोड़ी ।

चिर (वि०)—लम्बा, दीर्घकालीन ।

चिरकाल (पु०)—दीर्घकाल, लम्बा समय।

चिरकालीन (वि०)—पुराना, बहुत

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

समय का। [जीने वाला।
चिरजीवी (वि०)–अनन्तकाल तक
चिरञ्जीव(वि०)–आयुष्मान्, बहुत समय तक जीने वाला।
चिरन्तन(वि०)–पुराना,बहुत कालका।
चिरम्(अ०)–अधिक काल, देरी से।
चिरात् (अ०)–देरी से,बहुत काल से।
चिराय(अ०)–दीर्घकाल के लिये।
चिरायुः [स्] (वि०)–दीर्घजीवी, आयुष्मान्।
चिरि(पु०)–तोता, शुक, कीर।
चिरेण(अ०)–देर से, विलम्बपूर्वक।
चिर्भटी (स्त्री०)–ककड़ी, खीरा, फूट कचरा।
चिल्ल् (१प०)–सुस्त होना, शिथिल होना, ढीला पड़ना।
चिल्ल (पु०)–चील पक्षी। वि०–जिसकी आंख दुखती हों।
चिल्लका–लिका (स्त्री०)–कन्दुक-क्रीडा, क्रिकेट का खेल।
चिल्लाभ (पु०)–गठकटा, चोर।
चिवि (पु०)=चिबुक। [लगाना।
चिह्न् (१०उ०)–अङ्कित करना,निशान
चिह्न (न०)–निशान, अंक, मुहर, दाग़, पताका, लक्षण।
चिह्नित (वि०)–अंकित, मुहरशुदा।
चीक् (१,१०प०)–बरदाश्त करना,छूना, आतुर होना।
चीत्कार (पु०)–चिल्लाहट, चीख़ पुकार, चीखना, चिंघाड़।
चीन (पु०)–चीन नामक प्रसिद्ध देश, तागा,डोरा। न०-पताका,ध्वजा, सीसा।
चीर (न०)–चीथड़ा, कपड़े का टुकड़ा, छाल, सीसा, चोटी।
चीर्ण (वि०)–किया हुआ, सम्पादित, अधीत।
चीव् (१, १०उ०,)–पहरना, ढकना, पकड़ना, चमकना। [चोगा।
चीवर (न०)--चिथड़ा, संन्यासी का
चुक्कार (पु०)–शेर की दहाड़।
चुक्रा (स्त्री०)–इमली का पेड़।
चुचि (पु०)–दूधी, स्त्रीस्तन।
चुंचु (वि०)–प्रसिद्ध, कीर्त्तित।
चुड् (१,६प०)–छिपाना, ढकना।
चुत् (१प०)–चूना, टपकना।
चुद् (१० उ०)–भेजना, फेंकना, प्रेरणा करना, प्रार्थना करना।
चुन्दी (स्त्री०)–कुटनी नायिका।
चुप् (१प०)-रेंगना,धीरे २ चलना।
चुबुक (पु०)–ठोडी।
चुम्ब् (१,१०उ०)-चूमना,बोसा लेना।
चुम्बः-म्बा (स्त्री०)-चूमा, बोसा।
चुम्बक (पु०)–बोसा लेने वाला, कामी पुरुष, ठग, अयस्कान्त मणि,चुम्बक पत्थर।
चुम्बन (न०)–बोसा लेना, चूमना।
चुर् (१० उ०)–चुराना, लूटना।
चुरा (स्त्री०)–चोरी, चौरकर्म।
चुल् (१०प०)–ऊंचा करना, उठना, उठाना, गोता लगाना। [हांडी।
चुलुक (पु०)–गहरी कीचड़, छोटी
चुल्ल् (१ प०)–खेलना, क्रीडा करना।
चुल्लक (पु०)-हस्ताञ्जलि,हाथ की अञ्जलि।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चुल्लि–ल्ली(स्त्री०)–अंगीठी,चूल्हा।
चुस्त (अस्त्री०)–कबाब, भुस्सी।
चूचुक (न०)–स्त्री की दूधी, स्त्रीस्तन का अग्रभाग।
चूडा (स्त्री०) चूडाकर्म संस्कार जिसमें बाल मुंडाये जाते हैं, चोटी, कूप, शिखा, मयूरशिखा।
चूडाकर्म (न०)–सोलह संस्कारों में से एक जो बालक के जन्म से पहिले वा तीसरे वर्ष कराया जाता है।
चूडामणि (पु०)–शिरोरत्न। वि०–सर्वोत्तम, सर्वोत्कृष्ट।
चूत (पु०)–आम्रवृक्ष, आम का पेड़, कामदेव के पञ्च बाणों में से एक, घर का दर्वाज़ा। न०–गुदा, स्त्रीयोनि, कूपक।
चूति (स्त्री०)–स्त्रीयोनि, गुदा।
चूर्ण् (१०उ०)–पीसना, कुचलना, पीस कर ख़ाक करना।
चूर्ण (पु०)–खड़िया मिट्टी, चूना। स्त्री०–आटा, मैदा, पिसी हुई वस्तु, ख़ाक। [ज़ुल्फ।
चूर्णकुन्तल (पु०)–केशगुच्छ, अलक,
चूर्णित (वि०)–कुटा हुआ, पिसा हुआ, कुचला हुआ।
चूल (पु०)–बाल, केश।
चूलिका (स्त्री०)–कुक्कुटशिखा।
चूष् (१ प०)–पीना, चूसना।
चूष्य (न०)– चूसने योग्य पदार्थ, भोजन।

चृत् (६प०)–मारना,बांधना, जोड़ना।
चेट-ड (पु०)-सेवक, नौकर, दास।
चेत्[इ] (अ०)–अगर, यदि,अगर्चे, बशर्ते।
चेतन (पु०)–जीवात्मा, परमात्मा, प्राणी। वि०–चेतनायुक्त।
चेतना (स्त्री०)–समझ,बुद्धि, ज्ञान-शक्ति।
चेतस् [:] (न०)–चित्त,दिल, आत्मा।
चेदि (पु०)–एक देश का नाम।
चेल् (१प०) जाना, हरकत करना, कांपना।
चेष्ट् (१ आ०)--चेष्टा करना, यत्न करना,हरकत करना,काम करना।
चेष्टनम्--चेष्टा=यत्न, पुरुषार्थ,हरकत, काम।
चेष्टित (न०)–इङ्गित,हरकत, बर्ताव।
चैतन्य (न०)–आत्मा मन, जीवन, चेतनता, महसूस करने की शक्ति। पु०–एक वैष्णवसुधारक का नाम। [सम्बन्धी।
चैत्तिक (वि०)–मनःसम्बन्धी, चित्त-
चैत्र (पु०)–एक चन्द्रमास का नाम जिस की पूर्णिमा चित्रानक्षत्र-युक्त होती है, चैत का महीना।
चैत्ररथ (न०)–कुबेर का उद्यान।
चोच (न०)–चमड़ा, छाल, कदली।
चोद (वि०)–प्रेरक,बढ़ावा देने वाला।
चोदन (वि०)–प्रेरक। न०–प्रेरणा करना, आदेश, शासन।
चोदना (स्त्री०)–प्रेरणा, प्रोत्साहन, आदेश।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

चोदित (वि०)–प्रेरित, शासित।
चोर (पु०)–चुराने वाला, स्तेय-कर्त्ता, तस्कर।
चोल (पु०)–दक्षिण में एक प्रदेश का नाम, तंजोर प्रान्त। न०–कपड़ा, वस्त्र।
चोली (स्त्री०)–वासकट, अंगिया।
चोष्य (वि०)–चूसने लायक, भक्ष्य।
चौड [ल] (न०)–चूड़ाकर्म। वि०–शिखायुक्त।
चौर (पु०)–चोर।
चौर्य (न०)–चोरी, छिपावट, ठगी।
च्यवन (न०)–गति, गमन, नाश, डूबना, जुदाई। पु०–एक ऋषि का नाम।
च्यु (१० प०)–बरदाश्त करना, हंसना। (१ आ०) गिरना, डूबना, टपकना चूना, कम होना।
च्युत् (१ प०)–चूना, बहना, टपकना।
च्युति (स्त्री०)–गिरावट, टपकना, खोया जाना, नष्ट होना, भंग, गुदा। [हंसना।
च्युस् (१० प०)–त्यागना, मारना,
च्यूत (पु०)–आम का पेड़, आम्रवृक्ष।

—०—

छ

छ (पु०)–कर्त्तन, विभाग, टुकड़ा। न०–घर। वि०–अस्थिर, स्वच्छ।
छग (पु०)–बकरा, अज।
छगल (पु०)–बकरा, अत्रि ऋषि का नाम।
छटा (स्त्री०)–दीप्ति, प्रकाश, चमक, पंक्ति, झलक।
छत्र (न०)–छाता, छत्री।
छत्रधर (पु०)–छत्री लगाने वाला।
छत्रपति (पु०)–राजा जिसके ऊपर छत्र लगा रहता है, सम्राट्।
छत्रभङ्ग (पु०)–राज्य का नाश, पराधीनता, वैधव्य, बेकसी।
छत्रिक (पु०)=छत्रधर।
छत्वर (पु०)–लतागृह, कुञ्ज, घर।
छद् (१० उ०)–ढकना, परदा डालना, आच्छादित करना।
छदन (न०)–ढक्कन, आच्छादन, म्यान, पत्ती।
छदपत्र (पु०)–भोजपत्र।
छद्म [न्] (न०)–कपटवेष, धोखा, बहाना, घर की छत।
छद्मतापस (पु०)–कपटी साधु।
छद्मवेषी (पु०)–ठग, बहुरूपिया।
छन्द् (१० उ०)–ढकना, प्रसन्न होना, बहकाना, खुश करना।
छन्द (वि०)–मनोहर गुप्त। पु०–इच्छा, चाहना, मर्ज़ी, अभिप्राय, विष, खुशी।
छन्दः [स्] (न०)–इच्छा, मर्ज़ी, अभिप्राय, धोखा, वेद, पद्य, छन्दःशास्त्र।
छन्दोग (पु०)––सामवेद का गायक।
छन्दोभङ्ग (पु०)–छन्दःशास्त्र के नियम का उल्लंघन।
छन्न (वि०)–ढका हुआ, छिपा हुआ, आच्छादित। न०–रहस्य।
छमण्ड (पु०)–अनाथ, एकाकी।
छर्द् (१ उ०)–वमन करना, क़ै करना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

छर्दः-नम्=वमन, क़ै, रोग ।
छल (अस्त्री०)-धोखा, फ़रेब, कपट, बहाना, इरादा, वंश ।
छलाक (वि०)-छलिया, कपटी ।
छलन (न०)-ठगई, धोखा ।
छल्लि-ल्ली (स्त्री०)-छाल, वल्कल सन्तान, लता ।
छवि (स्त्री०)-शोभा, छटा, कान्ति, भड़क, सुन्दरता । [का दूध ।
छाग (पु०)-बकरा, अज । न०-बकरी
छागिका (स्त्री०)-बकरी, अजा ।
छात (वि०)-दुबला, पतला, कमज़ोर, विभक्त । [न०-शहद का छत्ता ।
छात्र (पु०)-शागिर्द, चेला, शिष्य ।
छाद (न०)- छत । [पर्दा, कपड़ा ।
छादन (न०)-गुप्तीकरण, ढक्कन,
छादनी (स्त्री०)-चमड़ा, त्वचा ।
छादित (वि०)-ढका हुआ, गुप्त ।
छाद्मिक (पु०)-ठग, छली ।
छान्दस (पु०)-वेदपाठी ब्राह्मण ।
छाया (स्त्री०)-परछाईं, प्रतिबिम्ब, साया, समानता, शोभा, अंधेरा, रिश्वत, कान्ति, पंक्ति, क़तार ।
छायाग्रह (पु०)-आयना, दर्पण ।
छायातनय (पु०)-शनैश्चर का बोधक ।
छायापथ (पु०)-पितरों का मार्ग ।
छायामय (वि०)-साया वाला, शीतल [वृक्ष] ।
छायामान (पु०)-चन्द्रमा, चांद ।
छाल (अस्त्री०)-वल्कल, वृक्ष की त्वचा, बक्कल ।

छि (स्त्री०)-नफ़रत, घृणा, धिक्कार ।
छिक्का (स्त्री०)-छींक ।
छिद् (७ उ०)--काटना, छेदन करना, फाड़ना, अलग करना ।
छिद्(वि०)-समास के अन्त में विभाजक और नाशक का बोधक होता है ।
छिदक (न०)--हीरा, इन्द्रवज्र ।
छिदिरः-छिदि (स्त्री ०)-कुल्हाड़ी, छेदन ।
छिद्र् (१० उ०)-छेदना, भेदना, फाड़ना
छिद्र (न०)-सूराख़, गढ़ा, ऐब, दूषण, गर्त ।
छिद्रित (वि०)-सूराख़दार, छिद्रयुक्त ।
छिन्न(वि०)-कटा हुआ, फाड़ा हुआ, तोड़ा हुआ ।
छिन्नमस्त (वि०)-जिस का शिर कट गया हो, धड़ ।
छिन्नमूल (वि०)-जड़ से कटा हुआ ।
छुछुन्दर(पु०)-अपने नामसे प्रसिद्ध पक्षी
छुट् (६, १० प०)-काटना ।
छुप् (६ प०)--छूना ।
छुर् (१प०)-काटना, खोदना, लिखना ।
छुरा (स्त्री०)-चूना ।
छुरिका-छुरी(स्त्री०)-छुरी नामक एक हलका हथियार ।
छेक(पु०)-पालतू जानवर, मधुमक्षिका । वि०-नागरिक, शहरी ।
छेत्ता [तृ] (वि०)-काटने वाला, लकड़हारा, नाशकारी ।
छेदः-नम्=कर्तन, फाड़ना, विभाग, टुकड़ा, नाश ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

छेदित (वि०)—काटा हुआ, छिन्न।
छेमण्ड (पु०)—यतीम, अनाथ।
छेलक (पु०)—बकरा।
छो (४ प०)—काटना, कुतरना।
छोटिका (स्त्री०)—चुटकी।

ज

ज (पु०)—पिता, उत्पत्ति, विष, विजेता, विष्णु, शिव, तेज़ी। वि०-समास के अन्त में 'उत्पन्न' अर्थ का बोधक होता है।
जक्ष् (२ प०)—खाना, हसना, भक्षणकरना
जक्षण (न०)—भोजन, भक्षण, खर्च।
जगत् (न०)—संसार, विश्व, भूमण्डल। पु०—वायु, हवा।
जगत्प्राण-बल (पु०)—वायु, हवा।
जगत्साक्षी (पु०)—सूर्य, परमात्मा।
जगती (स्त्री०)—पृथ्वी, गाय, छन्दोभेद मानवजाति। द्विवच०-पृथ्वी और स्वर्ग।
जगतीधर (पु०)—पर्वत, पहाड़।
जगतीश्वर (पु०)—राजा, हाकिम।
जगद् (पु०)—सेवक, अनुचर, संरक्षक।
जगदम्बा (स्त्री०)—जगज्जननी, परमेश्वर।
जगदादि (पु०)—परब्रह्म।
जगदाधार (पु०)—परमात्मा, वायु, काल
जगदीश-पति (पु०)—परमात्मा, सर्वोत्तम देव
जागृति, जागना। वि०-
जगद्गुरु (पु०) जागता हुआ।
जगद्धात्री (स्त्री०)—जागना, सावधानी, करने वाली शक्ति, परमात्मा।
जगद्योनि (पु०)—पूर्ववत्।
जगत्तु (पु०)—अग्नि, पशु। सम्भवतः यह शब्द जुगनू [खद्योत] का भी वाचक है।
जगन्नाथ (पु०)—परमात्मा, विष्णु, दत्तात्रेय, एक कवि का नाम, पुरी में एक मन्दिर का नाम।
जगल (न०)—गोबर, कवच, सुराभेद।
जग्ध (वि०)—भक्षित, खाया हुआ। न०—भोजन।
जग्धि (स्त्री०)—भोजन, अन्न, खाद्य पदार्थ। [अगला भाग, जांघ।
जघन (न०)—चूतड़, अधःशरीर का
जघन्य (वि०)—अन्तिम, आख़िरी, निकृष्ट, निन्दनीय, नीच।
जङ्गम (वि०)—गतिशील, चलने वाला, जिस का स्थानपरिवर्त्तन किया जासके, स्थावर का विरोधी।
जङ्गल (न०)—निर्जन वन, झाड़ीदार स्थान, एकान्तभूमि, मांस।
जंगुल (न०)—विष, ज़हर।
जङ्घा (स्त्री०)—टांग का ऊपर का भाग, पैर की गांठ और घुटने के बीच का भाग, लात, पैर।
जंघाकारिक (पु०)—दूत, वाहक जाति
जंघाल (वि०)—अपने कर्त्तव्य करता हो।
जंघाल (वि०)—जाति से बाहर, जाति से च्युत।
जातिवैर (न०)—स्वाभाविक शत्रुता।
जातिहीन (वि०)—जातिच्युत, नीचवंशज।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जटा(स्त्री०)–बालों का गुच्छा बनाना, आपस में जुड़े हुए बाल, वानप्रस्थियों की शिखा, वृक्षमूल, लता, शाखा, शतावरी।

जटाजूट (पु०)–जटाओं का समूह, अनेक जटाएं।

जटाधर(पु०)–साधु, तपस्वी।

जटायु[स्] (पु०)–इसी नाम का एक पक्षी जिसका रामायण में वर्णन आता है।

जटाल (पु०)–बड़ का पेड़, गुग्गुल। वि०–जटा वाला।

जटिः-टी–बड़ का पेड़, जटा, समूह।

जटिल (वि०)–जटावाला, गड़बड़, गहरा, कष्टसाध्य, दिक्कततलब। पु०–ब्रह्मचारी, तपस्वी, सिंह, भंग।

जटिलीभाव(पु०)–गड़बड़, अस्तव्यस्तता।

जठर(वि०)–बूढ़ा, बंधाहुआ, कठोर। अस्त्री०–पेट, शिकम, गर्भ, गर्त्त।

जठराग्नि(पु०)–पेट की अग्नि, जठरज्वाला।

जड(वि०)–सुस्त, गतिरहित, चेतनारहित, ठहरा हुआ। पु०–ठंड, ठहरा, मूर्खता। न०–जल, सीसा।

छाया[illegible]–सुस्ती, अज्ञान, मूर्खता, बोधक

छायापथ (पु०)–पित[illegible]

छायामय (वि०)–सायाबाल[illegible] [वृक्ष]।

छायामान (पु०)–चन्द्रमा, चांद।

छाल (अस्त्री०)–बलकल, वृक्ष की त्वचा, सबकल।

उगना, संघटित होना।

जन (पु०)–जीवधारी, मनुष्य, व्यक्ति, वंश, जाति।

जनक (पु०)–पिता, उत्पादक, सीता के पिता का नाम। [पबलिक।

जनता (स्त्री०)–उत्पत्ति, लोकसमूह,

जनत्रा(स्त्री०)–छाता, छत्री।

जनन (वि०)–उत्पादक। पु०–परमात्मा। न०–उत्पत्ति, जन्म, जीवन, दीक्षा।

जननि(स्त्री०)–माता, उत्पत्ति।

जननी (स्त्री०)–दया, कृपा, लाक्षा, माता।

जनपद (पु०)–जाति, नेशन, राज्य, आबाद मुल्क, प्रदेश, जनसमूह।

जनप्रवाद(पु०)–लोकापवाद, अफवाह, बदनामी।

जनमेजय (पु०)–अर्जुन का प्रपौत्र, परीक्षित का पुत्र, चन्द्रवंशका एक राजा। [उत्पादक, जन्मदाता।

जनयिता [तृ] (पु०)–पिता। वि०–

जनयित्री(स्त्री०)–माता, जननी।

जनरव(पु०)–अफवाह, लोकापवाद।

जनवाद(पु०)–पूर्ववत्। [को ज्ञात।

जनश्रुत (वि०)–प्रसिद्ध, सर्वसाधारण

जनश्रुति (स्त्री०)–लोकापवाद, किंवदंती।

[illegible] (न०)–दण्डक वन के एक

छेत्ता [तृ] (वि०)

हारा, नाशकारी

छेदः-नम्=कर्तन, फा[illegible]णु का नाम।

टुकड़ा, नाश।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नि-नी(स्त्री०)-पैदायश, उत्पत्ति, स्त्री, पुत्रवधू, माता।
जनित(वि०)-उत्पन्न, संघटित।
जनिता[तृ] (पु०)-पिता, जन्मदाता।
जनित्री(स्त्री०)-माता, जननी।
जनु-नू(स्त्री०)-उत्पत्ति, पैदायश।
जनुस्(न०)-पूर्ववत्।
जन्तु (पु०)-जानदार, जीवधारी, जानवर, मनुष्य।
जन्तुमती(स्त्री०)-पृथिवी, भूमि।
जन्म(न०)-उत्पत्ति, पैदायश।
जन्म[न्] (न०)-पूर्ववत्।
जन्मकृत्(पु०)-पिता, जनक।
जन्मक्षेत्र(न०)-जायपैदायश, जन्म-स्थान। [दिन।
जन्मतिथि (अस्त्री०)-उत्पत्ति का
जन्मपत्र-पत्री (स्त्री०)-उत्पत्ति के समय ग्रहों की चाल को देखकर जो शुभाशुभ का बोधक फलपत्र बनाया जाता है।
जन्मभाषा(स्त्री०)-मातृभाषा।
जन्मभूमि(स्त्री०)-जन्मस्थान,वतन।
जन्मयोग(पु०)-जन्मपत्र।
जन्मस्थान(न०)=जन्मभूमि।
जन्महेतु(पु०)-उत्पत्ति का कारण, जनक। [योनि, पुनर्जन्म।
जन्मान्तर(न०)-दूसरा जीवन, अन्य-
जन्मान्ध(वि०)-जो अन्धा ही पैदा हुआ हो।
जन्माष्टमी ...तिथि, जागना। वि०-अष्टमी जागता हुआ।
जन्म हु...-जागना, सावधानी,

जन्य(वि०)-उत्पन्न, संघटित, जन-सम्बन्धी, गंवार, जातीय। न०-उत्पत्ति, पैदायश, लोकापवाद। पु०-पिता।
जप्(१ प०)-धीमे स्वर से उच्चारण करना, मन मन में बोलना, गुन गुन करना, जाप करना।
जप(पु०)=जाप। [पढ़ना।
जपन (न०)-मन्त्र जपना, प्रार्थना
जभ्[जम्भ्] (१ आ०)-मुंह फाड़ना, मुंह बाना, जम्भाई लेना।
जमदग्नि(पु०)-भृगुवंशज परशुराम का पिता जिस की स्त्री का नाम रेणुका था।
जम्पती=दम्पती।
जम्बाल(पु०)-काई, कीचड़, केवड़ा।
जम्बालिनी(स्त्री०)-नदी, दरिया।
जम्बु-म्बू(स्त्री०)-जामन का पेड़।
जम्बुक-म्बूक(पु०)-गीदड़, जामन, नीच मनुष्य। [में से एक।
जम्बुखण्ड(पु०)-पृथ्वी के सात खण्डों
जम्भ(पु०)-जबाड़ा, दांत, टुकड़ा, ठोड़ी, जम्भाई, दैत्यविशेष।
जम्भारि(पु०)-अग्नि, इन्द्र। ...ार।
जम्भिका जम्भा (स्त्री०)-...जाति अपने कर्त्तव्य मुंह बाना, करता हो।
जय(पु०) (वि०)--जाति से बाहर, जाति से च्युत।
जातिवैर (न०)--स्वाभाविक शत्रुता।
जातिहीन (वि०)--जातिच्युत, नीच-वंशज।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जो उसने विराट के यहां धारण किया था, शिव।

जयन्ती (स्त्री०)—पताका, उत्सव जैसे रजतजयन्ती, स्वर्णजयन्ती।

जयपत्र (न०)-जीत का लेख, वह दस्तावेज़ जिस में विजेता की जीत स्वीकार की गई हो, अश्वमेध में घोड़े के मस्तक पर जो पत्र बांधा जाता था।

जयपाल(पु०)—ब्रह्मा, विष्णु, राजा, जमालगोटा। [जयन्ती।

जया(स्त्री०)—हरीतकी, भांग, झण्डी,

जरठ(वि०)—कठोर, कर्कश, सख़्त, जीर्ण।

जरत(त्रि०)—वृद्ध, बूढ़ा, दुर्बल।

जरद्गव(पु०)—बूढ़ा बैल, पञ्चतन्त्र में एक गिद्ध का नाम।

जरन्त(पु०)—महिष, भैंसा। वि०—शिथिल, ढीला। [वस्था।

जरा(स्त्री०)—बुढ़ापा, कमज़ोरी, वृद्धा-

जरायु(न०)—सांप की केंचुली, जेल, झिल्ली।

जरायुज(वि०)—झिल्ली से उत्पन्न।

(१, ६ प०)—कहना, बोलना, छाना। [क्षत।

छायात—वृद्ध, कमज़ोर, श्रान्त, बोधक।

छायापथ (पु०)—पितर[illegible]लना,

छायामय (वि०)—सायादार।, [वृक्ष]।

छायामान (पु०)—चन्द्रमा, चांद।

छाल (अस्त्री०)—बल्कल, वृक्ष की त्वचा, बक्कल।

जलकण्टक(पु०)—मगर, नाका।

जलकुन्तल(पु०)—काई।

जलक्रीडा(स्त्री०)—जल में खेलना, दिलबहलाना। [देना।

जलक्रिया(स्त्री०)—पितरों को जल

जलङ्गम(पु०)--चाण्डाल।

जलचर(वि०)—पानी में रहने वाला। पु०—मछली, जलजन्तु।

जलजन्तुका (स्त्री०)—जलौका, जोंक।

जलजीवी(पु०)—मल्लाह, धीवर।

जलतरंग(पु०)—लहर।

जलत्रा(स्त्री०)—छाता, छतरी।

जलद(पु०)--बादल, मेघ।

जलधर(पु०)--समुद्र, सागर, बादल।

जलधारा(स्त्री०)—पानी का सोता, बहता हुआ पानी।

जलधि(पु०)—समुद्र, सागर।

जलनिधि(पु०)--पूर्ववत्।

जलनिर्गम (पु०)—पानी बहने का स्थान, नाली।

जलपात्र(न०)—जल पीने का बर्तन।

जलपूर(पु०)—बाढ़, पानीका चढ़आना

जलप्रलय(पु०)—बाढ़ से नाश।

जलप्लावन=जलपूर।

जलभृत्(पु०)—बादल, घड़ा, कर्पूर।

जलमार्ग(पु०)--पानी निकलने का रास्ता, नाला।

जलमुक्-च्(पु०)--बादल, मेघ।

[illegible] खींचने की

छेत्ता [तृ] (वि०)—[illegible] हारा, नाशका[illegible]

छेदः-नम्=कर्तन, [illegible]गर। टुकड़ा, नाश। [illegible]ल लेजाने

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वाला, कहार।

जलाका-लूका, लोका(स्त्री०)--जोंक।

जलांजलि(पु०)--अञ्जलि में जल भरना।

जलाधार(पु०)--समुद्र, झील, हौज़।

जलार्णव(पु०)--वर्षाकाल।

जलाशय(पु०)--तालाब, झील,समुद्र।

जलेबाह (पु०)--ग़ोलेख़ोर, ग़ोता लगाने वाला।

जलोदर(न०)--एक प्रकार का रोग जिस में पेट की नसों में पानी भर जाता है।

जल्प् (१ प०)--बातें करना, तारीफ़ करना, कानाफूंसी करना।

जल्प(पु०)--वाणी, बातचीत, कानाफूंसी, बहस, मुबाहिसा।

जल्पक(वि०)--बातूनी।

जल्पन(न०)=जल्प।

जव(पु०)--वेग, ज़ोर, तेज़ी।

जवन(पु०)--तेज़ घोड़ा। न०--तेज़ी, जल्दबाज़ी।

जवनिका(स्त्री०)-पर्दा,क़नात।[जवनी भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है]।

जवस (पु०)--घास।

जस्(१० प०)--मारना,अपमान करना। ४प०--मुक्त करना, थकना, त्यागना।

जस्त्र (न०)--थकावट, थकान।

जहानक (पु०)--संसार का अत्यन्त नाश

जा (स्त्री०)--माता, देवरानी वा जेठानी, जाति।

जागर (पु०)--जागृति, जागना। वि०-सावधान, जागता हुआ।

जागरण (न०)--जागना, सावधानी, निद्रा का अभाव।

जागरित (वि०)--जागा हुआ। न०--जागरण।

जागरूक(वि०)--निद्रारहित,सावधान, जागरणशील।

जागृ(२प०)--जागना, न सोना, नींद से उठना। [अप्रमत्त।

जाग्रत् (वि०)--जागता हुआ,सावधान,

जांगल (वि०)--जंगली,गंवार,वहशी। न०--मृगमांस, मांस।

जांगुलिक (पु०)--विषवैद्य, सर्प काटे की औषध करने वाला।

जाड्य (वि०)--उदासीनता, मन्दता, सर्दी, जाड़ा।

जात(न०)--जन्तु, जीव, उत्पत्ति, बच्चा वि०--उत्पन्न, संघटित, प्रत्यक्ष। पु०--पुत्र।

जातक (पु०)--सद्य उत्पन्न बालक, जातकर्म, भिखारी। वि०--उत्पन्न

जातकर्म (न०)--पुत्रजन्म के समय का कर्त्तव्य संस्कारविशेष।

जाता (स्त्री०)--पुत्री।

जाति (स्त्री०)--उत्पत्ति,पैदायश,क़ौम, वर्ण, कोटि, चूलहा, एक अलंकार।

जातिब्राह्मण (पु०)--जो केवल जाति से ब्राह्मण हो अर्थात् अपने कर्त्तव्य का पालन न करता हो।

जातिभ्रष्ट (वि०)--जाति से बाहर, जाति से च्युत।

जातिवैर (न०)--स्वाभाविक शत्रुता।

जातिहीन (वि०)--जातिच्युत, नीच-वंशज।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जातीय(वि०)--जातिसम्बन्धी, स्वजातीय, एक जातिका, क़ौमी, नेशनल।
जातु (अ०)--शायद, मुमकिन, कदाचित्, एकदा, कभी किसी समय
जातू (पु०)--वज्र। [सगोत्रीय।
जात्य (वि०)--कुलीन, श्रेष्ठ, ख़ानदानी,
जात्यन्ध (वि०)--जन्मान्ध, जो अंधा जन्मा हो।
जानकी(स्त्री०)--जनकपुत्री, रामप्रिया सीता।
जानपद(पु०)--ग्रामीण, गंवार, ग्राम से प्राप्त कर आदि।
जानपदी(स्त्री०)--कारोबार, पेशा।
जानु(न०)--घुटना, गोड़ा, जांघ और पैर के बीच का भाग।
जाप (पु०)--मन्त्रोच्चारण, मन २ में किसी बात को दोहराना, बार २ उच्चारण। [का नाम।
जाबाल (पु०)--अजाजीवी, एक ऋषि
जाबालि(पु०)--एक ऋषि का नाम।
जामा(स्त्री०)--पुत्री, पुत्रवधू।
जामाता [तृ] (पु०)--दामाद, पुत्री का पति, स्वामी, जमाई।
जामि (स्त्री०)--कुल स्त्री, पुत्री, भगिनी, पुत्रवधू।
जामेय(पु०)--भांजा, बहिन का पुत्र।
जाम्बवान् [वत्] (पु०)--ऋक्षराज जिस का रामायण में वर्णन आता है।
जाम्बूनद (न०)--स्वर्ण, सोना, धतूरा।
जाया (स्त्री०)--पत्नी, भार्या।
जायाजीव(पु०)--वेश्या का पति, नट।
जायापती (पु०द्विव०)--पति और पत्नी, दम्पती।
जायु (पु०)--औषध, दवाई, भेषज।
जार (पु०)--व्यभिचारी, आशना, यार, उपपति।
जारज-जात (पु०)--व्यभिचार से उत्पन्न पुत्र।
जारिणी (स्त्री०)--व्यभिचारिणी।
जाल (पु०)--कदम्बवृक्ष। न०-अपने नाम से प्रसिद्ध वस्तु, खिड़की, गवाक्ष, जादू, छल, चक्षूरोग।
जालकारक (पु०)--मकड़ी, जाल बनाने वाला।
जालत्राया (स्त्री०)--कवच, लौहवस्त्र।
जालिक (पु०)--मछेरा, सय्याद, जादूगर, मकड़ी, धीवर। [नगर।
जालन्धर (पु०)--पंजाब में एक प्रसिद्ध
जाल्म (पु०)--ठग, बदमाश, निर्धन। वि०-क्रूर, अदूरदर्शी।
जावन्य (न०)--शीघ्रता, तीव्रता।
जावाल (पु०)--एक ऋषि का नाम।
जाह्नवी(स्त्री०)--गङ्गा नदी का वाचक।
जि (१ प०)--जीतना, हराना, ग़ालिब आना।
जिगीषा (स्त्री०)--जीतने की इच्छा।
जिगीषु(वि०)--जीतनेकी इच्छावाला।
जिघत्सा (स्त्री०)--खाने की इच्छा।
जिघांसा (स्त्री०)--मारने की इच्छा. बदला लेने की वृत्ति।
जिघांसु (वि०)--मारने का इच्छुक, ख़ूंख़्वार।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जिज्ञासा (स्त्री०)—जानने की इच्छा, कौतूहल, तलाश ।
जिज्ञासित(वि०)—गवेषित,जानाहुआ।
जिज्ञासु (वि०)—जानने का इच्छुक ।
जित (वि० —जीता हुआ, पराभूत । न०-जीत ।
जित्य (वि०)—जीतने के योग्य ।
जिन (पु०)—बुद्ध,जैनतीर्थङ्कर, वृद्धपुरुष
जिनेन्द्र (पु०)-जैनअर्हत, जैनों का सर्वोत्तम उपास्यदेव ।
जिष्णु (वि०)—विजयी। पु०-सूर्य, इन्द्र, विष्णु; अर्जुन ।
जिवाजिव (पु०)--चकोर पक्षी ।
जिह्म(वि०)—मन्द,कुटिल,क्रूर,तिरछा। न०-बेईमानी, कुटिलता ।
जिह्वल (वि०)—लालची, गृध्नु,चटोरा ।
जिह्वा (स्त्री०)—जीभ, रसनेन्द्रिय, रसना, ज़बान ।
जिह्वामूलीय (पु०)--जिह्वा की मूल से जिन शब्दों का उच्चारण होता है, जैसे ≍ क ≍ ख से पूर्व अर्ध विसर्ग ।
जिह्वारद (पु०)--पक्षी, परिन्द ।
जीति (स्त्री०)--जय, विजय, फ़तह, पराभव ।
जीन (पु०)-चमड़े का बनाहुआ बक्स। वि०-पुराना, वृद्ध ।
जीमूत (पु० --पर्वत, बादल, इन्द्र, देवदारु वृक्ष ।
जीर (वि०)--छोटा,अल्प। पु०--असि, तलवार । [पु०-जीरा ।
जीर्ण(वि०)—फटा हुआ,पुराना, वृद्ध ।
जीर्णोद्धार (पु०)-किसी टूटी फूटी इमारत को फिर से मरम्मत कराना, संस्कार ।
जीर्वि(पु०)—कुठार, पशु, काया ।
जीव् (१ प०)—जीना, प्राण धारण करना । [प्राणी ।
जीव(पु०)—आत्मा, चेतनशक्ति, रूह,
जीवक (पु०)—औषधविशेष । वि०—जीवी, सेवक ।
जीवद(पु०)--वैद्य, जीवनदाता ।
जीवन(न०)—जिस के सहारे से जीते हैं, जीविका, वृत्ति, जल, लौनी घी । पु०—जीवकौषध, वात ।
जीवनक(न०)—अन्न,जीवन का सहारा ।
जीवनहेतु (पु०)--जीवन का कारण जैसे शिल्प, वाणिज्य, कृषि ।
जीवनाघात(न०)--विष, ज़हर ।
जीवनिका(स्त्री०)—हरीतकी, हैड़ ।
जीवनी(स्त्री०)-जीवन्ती,जीवनचरित्र, सवानेउम्री ।
जीवन्तिका-न्ती (स्त्री०)—गुडूची, गिलोय, हरीतकी ।
जीवन्मुक्त(पु०)—जिसने सशरीर परमानन्द को पा लिया,जिसने आत्मानुभव कर लिया, ईश्वर को साक्षात्कार करने वाला ।
जीवमन्दिर (न०)--शरीर, देह ।
जीवस्थान(न०)--मर्मस्थल, जहां पर चोट लगने से प्राणपखेरू उड जांय।
जीवात्मा (पु०)—देहाभिमानी जीव ।
जीविका (स्त्री०)—वृत्ति, जीवन, जीवनाधार, रोज़ी, कारोबार ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जीवित (न०)–जीवन, जान । वि०–जीता हुआ ।
जीवितेश (पु०)-यमराज का बोधक ।
जीवी[न्] (पु०)–प्राणी, जीवधारी ।
जु (१प०)-वेग से बहना, ज़ोर से चलना ।
जुग (१प०)[इदित्]–त्यागना, छोड़ना ।
जुगुत्सनम्–त्सा (स्त्री०)–निन्दा, बुराई ।
जुटक (न०)–जटा, केशगुच्छ ।
जुटिका (स्त्री०)–शिखा, चोटी, बंधे हुए बाल । [करना ।
जुड् (५ प०)–जाना, बांधना, गमन
जुत् (१ आ०)–चमकना, दीप्तिमान् होना ।
जुल् (५प०)–जाना, गमन करना ।
जुल् (१०प०)–पीसना, कुचलना, रगड़ना ।
जुष् (५आ०, १प०)–खुश होना, हर्ष मानना, प्रसन्न होना ।
जुष्ट (न०)–जूठा, उच्छिष्ट, सेवन की हुई वस्तु । [हृदय ।
जुहूवान् (पु०)–अग्नि, वृक्ष, कठोर-
जू (स्त्री०)–आकाश, सरस्वती, पिशाची ।
जूति (स्त्री०)–वेग,ज़ोर,शीघ्रगामिता ।
जूर्णि-र्त्ति (स्त्री०)–वेग, ज्वर, ताप ।
जूष (१उ०) -मारना, बध करना ।
जूष (न०)–मुद्ग आदि क्वाथरस, काढ़े का रस, यूष
जृभ्–म्भ् (१आ०) मुंह बाना, मुंह खोलना, जंभाई लेना ।
जृम्भः–णम्=जंभाई, मुखविकाश, मुंह बाना ।
जृम्भा–म्भिका (स्त्री०)–पूर्ववत् ।
जॄ (४ प०)–बूढ़ा होना । [हसन्द ।
जेता [तृ] (वि०)–जीतने वाला, फ़त-
जेमन (न०)–भोजन, भक्षण, ख़ूराक ।
जेय (वि०)–जीतने योग्य ।
जै (१प०)–नष्ट होना, क्षय को प्राप्त होना । [पु०–पारा ।
जैत्र (न०)–औषध । (वि०)–जेता ।
जैन (पु०)–जिनधर्मावलम्बी, बुद्धानुयायी, अर्हत् का उपासक ।
जैमिनि–नी (पु०)–व्यास का एक शिष्य ।
जैवातृक(पु०)-कर्पूर,चन्द्रमा,औषध । वि०–दीर्घायु, कृश ।
जैह्म्य (न०)-कुटिलता, जिह्मता ।
जोषम् (अ०)–चुप, तूष्णीम् ।
जोषिता (स्त्री०)-योषित्, नारी, औरत ।
ज्ञ (पु०)–बुध, पण्डित, ब्रह्मा ।
ज्ञप् (१०प०)–बतलाना, मारना, प्रकट करना, प्रसन्न करना ।
ज्ञपित (वि०)–ज्ञापित, मारा गया, ज्ञात किया गया ।
ज्ञप्ति (स्त्री०)–बुद्धि, अक्ल ।
ज्ञा (९प०)–जानना, समझना, अवगत करना । [अवगत ।
ज्ञात (वि०)–जाना हुआ, विदित,
ज्ञातव्य(वि०)–जानने योग्य, ज्ञेय, बोध्य । [वाला, शास्त्रज्ञ ।
ज्ञातसिद्धान्त(पु०)–सिद्धान्त का जानने

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ज्ञाता[तृ] (वि०)–ज्ञानशील, विदुर, जानने वाला।

ज्ञाति(पु०)–जाति, सगोत्रज, एक-वंशीय, बिरादरी, स्वजन, बांधव।

ज्ञान (न०)–जानना, बुद्धि, समझ, जानकारी। [का उपाय।

ज्ञानयोग (पु०)–ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति

ज्ञानी[नृ] (पु०)–दैवज्ञ, जानने वाला, तत्त्वज्ञानी, ज्योतिषी, समझदार।

ज्ञानेन्द्रिय (न०)–जिस इन्द्रिय के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जाय; अन्तःकरण, मन, आंख, कान, नाक, जिह्वा और त्वचा ये पांच ज्ञानेन्द्रिय कहलाती हैं।

ज्ञापन(न०)–बोधन, जनाना, बतलाना।

ज्ञेय(वि०)–जानने योग्य, ज्ञातव्य।

ज्या(८ प०)–बूढ़ा होना।

ज्या(स्त्री०)–धनुष का चिल्ला, मौर्वी, प्रत्यञ्चा, माता, वसुधा। [हानि।

ज्यानि (स्त्री०)–जीर्णता, बुढ़ापा,

ज्यु(१ आ०)–जाना, गमन करना।

ज्येष्ठ(वि०)–बड़ा, वृद्ध, श्रेष्ठ, अग्रज। पु०–बड़ा भाई, वैशाख के पश्चात् आने वाला मास।

ज्येष्ठा (स्त्री०)–बड़ी बहिन, गंगा, १८ वां नक्षत्र।

ज्येष्ठामूलीय(पु०)–ज्येष्ठ मास।

ज्येष्ठाश्रमी[न्] (वि०)–गृहस्थी, क्योंकि गृहस्थ सब आश्रमों में श्रेष्ठ कहा गया है।

ज्यैष्ठ्य(न०)–बड़प्पन, बड़ा होना।

ज्योक्(अ०)–अब, इस समय, सम्प्रति, जल्दी। [प्रकाश, अग्नि, सूर्य।

ज्योतिः[स्] (न०)–दृष्टि, नक्षत्र,

ज्योतिरिंग(न०)–खद्योत, जुगनू।

ज्योतिर्विद्(पु०)–ज्योतिषशास्त्र को जानने वाला।

ज्योतिर्बीज (न०)–खद्योत, जुगनू।

ज्योतिश्चक्र (न०)–सत्ताईस नक्षत्रों वाला राशिचक्र।

ज्योतिष (न०)–एक वेदाङ्ग जिस में आकाश के ग्रहों के सम्बन्ध का ज्ञान वर्णित है। [जानने वाला।

ज्योतिषी (पु०)–ज्योतिषशास्त्र के

ज्योतिष्टोम (पु०)–एक यज्ञ जिसमें १६ पुरोहित बैठते हैं।

ज्योतिष्मत्[मान्] (वि०)–दीप्तिमान्, चमकीला, प्रकाशयुक्त।

ज्योतिष्मती(स्त्री०)–मालकंगनी नामक लता, निशा, रात्रि। [कौमुदी।

ज्योत्स्ना (स्त्री०)–चन्द्रिका, चांदनी,

ज्योत्स्नाप्रिय(पु०)–चकोरपक्षी।

ज्यौतिषिक(पु०)–दैवज्ञ, ज्योतिषी।

ज्रि(१ प०)–दबाना, तिरस्कार करना।

ज्री(१० उ०, ८ प०)–बूढ़ा होना, जीर्ण होना, वयोवृद्ध होना।

ज्वर्(१प०)–रोगी होना, आतुर होना।

ज्वर(पु०)–बुखार, ताप, देहोष्णता, बुखार की गर्मी, रोगविशेष।

ज्वरघ्न (पु०)–गिलोय, गुडूची, ज्वर-नाशक औषध।

ज्वरान्तक (पु०)–ज्वर का नाश करने वाला रस।

ज्वरित (वि०)–बुखार चढ़ा हुआ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ज्वल् (१ प०)–चमकना, दीप्तिमान् होना
ज्वलका (स्त्री०)–अग्निशिखा।
ज्वलन (पु०)–अग्नि, चित्रक वृक्ष। न० दाह, दहन, दीप्ति, जलन।
ज्वलनाश्मा[न्] (पु०)–सूर्यकान्तमणि, सूरज का पत्थर, आतशी शीशा।
ज्वलित (वि०)–प्रदीप्त, प्रकाशमान, चमकीला। [लपट।
ज्वाला (स्त्री०)–अग्निशिखा, आग की
ज्वालाजिह्व (पु०)–अग्नि, आग।
ज्वालामुखी (स्त्री०)–पर्वतविशेष जिस में से आग निकला करती है, कोह आतिशफ़िशां।

झ

झ (पु०)–झंझावात, इन्द्र, ध्वनि।
झगिति-झिति (अ०)–शीघ्र, जल्दी, झटिति, तुरन्त।
झंकार (पु०)–भौंरे आदि का शब्द, गूंजने की आवाज़।
झंझा (स्त्री०)–तीव्रवायु, तेज़ हवा, आंधी, ध्वनिविशेष।
झंझावात (पु०)–आंधी, तीव्रवायु।
झट्(१प०)–इकट्ठा होना, एकत्रित होना
झटि (पु०)–छोटा पेड़।
झटिति (अ०)–शीघ्र, जल्दी, झटपट।
झत्ति (अ०)–पूर्ववत्।
झणत्कार (पु०)–झंकार की आवाज़, आभूषणों का बजना, झमझम का शब्द। [सम्पातपतन।
झम्प (पु०)–बलपूर्वक नीचे को गिरना,
झम्पारु (पु०)–वानर, बन्दर।
झम्पी [न्] (पु०)–वानर, बन्दर।
झर (पु०)–निर्झर, झरना, जलप्रवाह।
झरा-री (स्त्री०)–पूर्ववत्। [करना।
झर्च्-र्छ (६ प०)–झिड़कना, भर्त्सना
झर्झर (पु०)–एक प्रकार की ध्वनि जो ढोल वा बाजा बजाते समय निकलती है।
झर्झरक (पु०)–कलियुग, नदविशेष।
झर्झरा (स्त्री०)–वेश्या, वाराङ्गना।
झला (स्त्री०)–कन्या।
झल्ल (पु०)–एक वर्णसङ्कर जाति, भांड, प्रहासक, नक़्क़ाल।
झल्लक (न०)–मंजीरा नामक वाद्य-भेद, कांसी के बने करतालक।
झल्लकण्ठ (पु०)–कबूतर, पारावत।
झष् (१ प०)–मारना, बध करना। (१उ०)-लेना, ग्रहणकरना, ढकना।
झष (पु०)–मछली, मत्स्य, धूप, गर्मी, ताप, मीनराशि।
झषकेतन-केतु (पु०)–जिसकी ध्वजा में मत्स्य का चिन्ह हो, कामदेव, मदन।
झषाङ्क (पु०)-अनिरुद्ध, कन्दर्प।
झाट (पु०)–कान्तार, निकुञ्ज, घाव आदि का धोना।
झाटा-टिका (स्त्री०)–भूम्यामलकी।
झामक (न०)–अतिदग्ध ईंट अर्थात् झामा, झवां।
झाबु--क (पु०)–झाऊ नामक वृक्ष, झाड़ी का भेद।
झिंगिनी (स्त्री०)–उल्का, वृत्तविशेष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

झिंझिम (पु०)–दावाग्नि, वनाग्नि ।
झिंझी–झिरिका–झिरी (स्त्री०)–झिल्ली, पतली खाल ।
झिल्लिका–झिल्ली (स्त्री०)–झींगर, कीटविशेष ।
झु (१ आ०)–जाना, गमन करना ।
झुण्ट (पु०)–झाड़ी, गुल्म ।
झोड (पु०)–गुवाक नामकवृक्ष ।

ञ

ञ–चवर्ग का पञ्चम अक्षर । पु०–शुक, तोता, गायन, बैल, घर्घरध्वनि ।

ट

ट–टवर्ग का प्रथम अक्षर, ग्यारहवां व्यञ्जन । (पु०)–बौना, खर्व, वामन, पैर, चुपचाप, निस्स्वन । न०– करंक, टंकार ।
टक् (१० प०)–बांधना ।
टगर (पु०)–सुहागे का क्षार ।
टंक (पु०)–कोप, असि, म्यान, चार मासे की माप, जंघा, अहंकार, दर्प ।
टंकक (पु०)–रुपया, मुद्रा, टकसाल ।
टंककपति (पु०)–टकसाल का अध्यक्ष । [का घर ।
टंककशाला (स्त्री०)–रुपया ढालने
टंकण (पु०)–सुहागा, क्षारविशेष ।
टंका (स्त्री०)–जंघा ।
टंकार (पु०)–धनुष् पर ज्या चढ़ाते समय जो ध्वनि निकलती है, विस्मय, आश्चर्यध्वनि ।
टंग (अस्त्री०)–टांग, जंघा, कुदाल, खनित्र । पु०–सुहागा । [क्षार ।
टंगण (अस्त्री०)–सुहागा नामक प्रसिद्ध
टा (स्त्री०)–पृथिवी, ज़मीन ।
टार (पु०)–लंग, तुरंग ।
टिक् (१ आ०)–जाना, गमन करना, चलना ।
टिटिभक (पु०)=टिट्टिभ ।
टिट्टिभ–भक (पु०)–पक्षिविशेष, टिटीहरी, टी टी करने वाला जानवर ।
टिप् (१० प०)–प्रेरणा करना, चलाना, प्रेरना । [नोट ।
टिप्पनी (स्त्री०)–टीका, व्याख्या,
टीका (स्त्री०)–व्याख्याग्रन्थ, व्याख्यान, विस्तारपूर्वक कथन ।
टुंटुक (वि०)–क्रूर, शठ, नीच ।
टेरक (वि०)–तिरछी निगाह वाला, केदर, वक्रचक्षु ।

ठ

ठ–टवर्ग का दूसरा अक्षर । पु०–शिव, चन्द्रमण्डल, महाध्वनि, शून्य ।
ठक्कुर (पु०)–देवता, ठाकुर, देवमूर्ति, ब्राह्मण की उपाधि ।
ठेर (पु०)– वृद्ध, बूढ़ा ।

ड

ड-टवर्ग का तीसरा अक्षर । पु०–वाडवानल, भय, शिव, ध्वनि ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

डप् (१० आ०)–इकट्ठा करना, ढेर लगाना ।

डम (पु०)–डोम, भंगी, अन्त्यज ।

डमर (पु०)–दंगाफिसाद, कोलाहल ।

डमरु (पु०)–एक प्रकार का वाद्य जो इसी नाम से प्रसिद्ध है ।

डयन(न०)–उड़ान, ऊर्ध्वगति, पालकी ।

डम्ब् (१० उ०)–फेंकना, आदेश करना, देखना, भेजना ।

डम्बर (पु०)–समूह, गिरोह, आडंबर, अहंकार ।

डल [ल्ल] क (न०)–बांस की बनी हुई डलिया ।

डा (स्त्री०)–डाकिनी ।

डाकिनी (स्त्री०)–एक प्रकार की भयानक स्त्री, दुर्गा का भेद ।

डामर (वि०)–भयानक, ख़ौफ़नाक । पु०–शोरगुल, कोलाहल ।

डाहल (पु०)–देशविशेष और वहां के निवासी ।

डिंगर (पु०)–मोटा आदमी, अपमान, शठ, नौकर ।

डिंडिम (पु०)–ढोलकी, छोटा ढोल ।

डित्थ (पु०)–काष्ठहस्ती, स्वरूपवान् कृष्णवर्ण युवा पुरुष जो प्रत्येक शास्त्र को जानता हो ।

डिप् (१०आ०)–इकट्ठा करना, ढेर लगाना ।

डिम् (१प०)–मारना, चोट पहुंचाना ।

डिम्भ (पु०)–कोलाहल, बच्चा, शिशु, अण्डा, प्लीहा, तिल्ली ।

डिंभिका (स्त्री०)–व्यभिचारिणी, बुलबुला । [जाना ।

डी (१, ४ आ०)–उड़ना, आकाश में

डीन (न०)–उड़ना, पक्षियों की ऊर्ध्वगति, उड्डीन, अवडीन ।

डुंडुभ (पु०)–विषरहित सर्प, दुमी ।

डोम (पु०)–भंगी, अन्त्यज, अपने नाम से प्रसिद्ध जाति । [डोम्ब भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है] ।

डोर (पु०)–बटा हुआ तागा, ट्विन ।

ढ

ढ–टवर्ग का चतुर्थ अक्षर । पु०–बड़ा ढोल, कुत्ते की दुम, सर्प, कुत्ता, ध्वनि ।

ढक्का (स्त्री०)–बहुत बड़ा ढोल, नाश, लालच ।

ढाल (न०)–प्रायः गैंडे की खाल का बना हुआ शस्त्रप्रहार रोकने का साधन, अपने नाम से प्रसिद्ध वस्तु ।

ढुंढन (न०)–तलाश, ढूंढना ।

ढोल (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध वाद्यविशेष ।

ढौक् (१ आ०)–जाना, पास पहुंचना ।

ढौकन (न०)–भेंट, नज़राना, घूंस ।

ण

ण- टवर्ग का पञ्चम व्यंजन । पु०-ज्ञान, निश्चय, आभूषण, दान, लता-कुञ्ज, निषेधबोधक । [कोई शब्द भी 'ण' से आरंभ नहीं होता है,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

कोई २ नकारादि धातु 'ण' से लिखी जाती हैं जिनके अर्थ 'न' शीर्षक में ही दिखलाये जावेंगे जैसे णद्, णश्, णह्, णिज्, णिस्, णी, णु]।

त

त-तवर्ग का प्रथम अक्षर। (पु०)-चोर, म्लेच्छ, बुद्धदेव, अमृत, रत्न, योद्धा, छाती, द्रुम, क्रूरजन। न०-नेकी, पार करना।

तक् (१ प०)-उड़ना, झपटना, मज़ाक़ उड़ाना, सहना।

तकिल (वि०)-चालाक़, क्रूर, ठग।

तक्कन् (न०)-बच्चा, शिशु, बालक।

तक्र(न०)-मट्ठा, छाछ, मथीहुई दही जिस में जल का चौथाई भाग होता है

तक्राट (पु०)-रई, मन्थनी, मन्थनदण्ड

तक्ष् (१, ५, प०)-काटना, छीलना, छेपटी उतारना, जख्मी करना, ढकना।

तक्षक (पु०)-बढ़ई, लकड़ी काटने वाला, सूत्रधार, सर्पभेद।

तक्षण (न०)-काटना, चीरना, फाड़ना।

तक्षन् (पु०)-बढ़ई, विश्वकर्मा।

तक्षशिला (स्त्री०)-वर्त्तमान रावलपिण्डी के पास एक प्राचीन नगर।

तङ्कः-ङ्कनम्=दुःखमयजीवन, विरह, भय।

तङ्क् (१ प०)=तक्।

तगर(पु०)-एक सुगन्धित औषध।

तञ्च् ञ्च (१प०)-सिकुड़ना, पीछे हटना।

तट्(१० उ०)-मारना, पीटना। (१प०)-उठना, उन्नत होना।

तट(पु०)-आकाश, शिव, ढाल, ढालवां चट्टान। अस्त्री०-किनारा, कूल। न०-खेत।

तटग(पु०)-तालाब, तडाग।

तटस्थ (वि०)-तीरस्थित, कूलगत, उदासीन, अकर्मण्य। पु०-उदासीन पुरुष।

तटा-टी(स्त्री०)=तट।

तटाक(अस्त्री०)-तालाब, जलाशय।

तटिनी(स्त्री०)-नदी, दरिया।

तड्(१० उ०)-ताडन करना, मारना, पीटना।

तडग-डाक(पु०)-तालाब, जलाशय।

तडाग(अस्त्री०)-तालाब, जलाशय।

तडित्(स्त्री०)-बिजली, बध, चोट।

तडिद्गर्भ(पु०)-बादल, मेघ।

तण्ड्(१ आ०)-मारना।

तण्डक(पु०)-ठग, बाजीगर, फेन, झाग, अधिक समासों वाला वाक्य।

तण्डुरीन(पु०)-म्लेच्छ, मूर्ख।

तण्डुल(पु०)-धान्य, चावल।

तत(वि०)-फैला हुआ, झुका हुआ, तना हुआ,।

ततस्[ततः] (अ०)-वहां से, वहां, तब, तिस पर, पश्चात, इसलिये, अतएव, उस अवस्था में।

ततस्त्य (वि०)-तत्रभव, वहां का, वहां होने वाला।

तति(स्त्री०) पंक्ति, समूह, अनुष्ठान। सर्व०-उतना, उस क़दर।

तत्काल(पु०)-वर्त्तमान क्षण, उपस्थित

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

समय ।
तत्कालधी (वि०)–प्रत्युत्पन्नमति ।
तत्क्षात्तम् (अ०)–फ़ौरन, तुरन्त, उस समय । [मानकाल ।
तत्क्षण (पु०)–उपस्थित समय, वर्त्त-
तत्क्षणं-तत्क्षणात् (अ०)–तुरन्त, फ़ौरन, उसी समय ।
तत्त्व (न०)–सच्चाई, वास्तविक बात, तथ्य, मन, सार, परमात्मा ।
तत्त्वज्ञ-विद् (वि०)–तत्त्ववेत्ता, फ़िलासफ़र । पु०–ब्राह्मण ।
तत्त्वज्ञान (न०)–फ़िलासफ़ी, वास्तविक ज्ञान । [निश्चयपूर्वक ।
तत्त्वतः (अ०)–वास्तव में, ठीक २,
तत्पर (वि०)–तय्यार, उद्यत ।
तत्परायण (वि०)–तदासक्त, उसी में लगा हुआ ।
तत्पुरुष (पु०)– मुख्य पुरुष, परमात्मा, समासों में से एक जिस में पहिला पद दूसरे पद के अर्थ को जनाता है ।
तत्फल (पु०)–विस्तृतफल वाला, सुगन्धिद्रव्यविशेष ।
तत्र (अ०)–उस समय, उस जगह, वहां उस में । [की चीज़ ।
तत्रत्य (अ०)–वहां होने वाला, वहां
तत्रभवान् (पु०)–श्लाघ्य, पूजनीय पुरुष । [निश्चय ।
तथा (अ०)–वैसेही, उस प्रकार से,
तथागत (पु०)–जिस प्रकार पुनरावृत्ति न हो उस प्रकार गया हुआ, यथार्थ ज्ञानी, बुद्ध ।
तथाच (अ०)–पहिले कहे गये अर्थ को दृढ़ करना, उस पर भी, जैसा कि ।
तथापि (अ०)–तौ भी, तिस पर भी ।
तथाहि (अ०)–दृष्टान्त, मिसाल, प्रसिद्ध है, जैसा कि ।
तथैव (अ०)–वैसा ही, उसी प्रकार ।
तथ्य (न०)–सत्य, यथार्थ ।
तद् (वि०)–पूर्वोक्त, बुद्धि में स्थित, विचार्य । न०–ब्रह्म ।
तदा (अ०)–उस काल में, उस समय ।
तदात्मा [न्] (वि०)–जिस का वह स्वरूप हो, तत्स्वरूप, तत्सदृश ।
तदात्व (न०)–तत्क्षण, वर्तमान काल ।
तदानीम् (अ०)–उसी समय, तब ।
तदानीन्तन (वि०)–उसी काल में होने वाला ।
तदामुख (न०)–आरम्भ, शुरू ।
तदीय (वि०)–उस का, तत्सम्बन्धी ।
तद्गत (वि०)–तत्पर, उसी में लगा हुआ ।
तद्गुण (पु०)–अर्थालंकारभेद ।
तद्दिनम् (अ०)–प्रतिदिन, दिन का मध्य । न०–पूर्वोक्त दिन, वह दिन ।
तद्धन (वि०)–कृपण, सूम, कंजूस ।
तद्धित (पु०)–उस के लिये हितकारी, व्याकरण में नाम के आगे लगने वाले प्रत्यय ।
तद्वत् (अ०)–उस की न्याईं, तत्तुल्य ।
तद्वल (पु०)–बाणविशेष ।
तन् (१,४उ०)–फैलना, विस्तृत होना ।
तनय (पु०)–पुत्र, सन्तान, बेटा ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

तनया (स्त्री०)–स्त्रीसन्तान, पुत्री, बेटी, जिमीकन्द। [बारीकी।
तनिमा [न्] (पु०)–लघुताई, कार्श्य,
तनीयान्(वि०)–बहुत पतला, कृशतर।
तनु–नू (स्त्री०)–शरीर, देह।
तनुक्षीर (पु०)–अमाड़ा नामक वृक्ष-विशेष।
तनुच्छाय (पु०)–जिस की थोड़ी छाया हो अर्थात् बबूल [कीकर] का पेड़, शरीर की शोभा वा छाया।
तनु[नू]ज (पु०)–पुत्र, बेटा। वि०–शरीर से जो उत्पन्न हो।
तनुजा (स्त्री०)–पुत्री, तनया, बेटी।
तनुत्र-त्राण(न०)–कवच, ज़िरहबख्तर।
तनुपत्र (पु०)–इङ्गुदी नामक वृक्ष-विशेष।
तनु [नू] भव (पु०)–पुत्र, बेटा।
तनुभस्त्रा (स्त्री०)–नासिका, नाक।
तनुभृत(पु०)–जीव, शरीरधारी।
तनुरस (पु०)–पसीना, स्वेद। [बाल।
तनु [नू] रुह् (न०)–शरीर के लोम,
तनुल(वि०)–विस्तृत, फैला हुआ।
तनुवात(पु०)–नरकविशेष।
तनुवार(न०)–कवच, ज़िरह, सन्नाह।
तनुबीज (पु०)–राजबदर, बड़ा बेर जिस में छोटी सी गुठली होती है।
तनुस(न०)–देह, शरीर, जिस्म।
तनुसञ्चारिणी (स्त्री०)–युवति स्त्री, बालिका।
तनू(स्त्री०)=तनु।
तनूकृत (वि०)–सूक्ष्म किया हुआ, अल्पीकृत, छोटा किया हुआ।
तनूनप(न०)–घृत, घी। [का पेड़।
तनूनपात्-द्(पु०)–अग्नि, आग, चीते
तनूरुह(पु०)–पुत्र, पंख, गरुत्।
तन्तु (पु०)–ग्राह, जलजन्तु विशेष, अपत्य, औलाद, सूत्र, सूत, धागा।
तन्तुक(पु०)–सरसों। [सींक।
तन्तुकाष्ठ (न०)–तूली, तांतेरकाट,
तन्तुकी(स्त्री०)–नाड़ी, नब्ज़।
तन्तुनाभ(पु०)–जिसकी नाभि में सूत हो अर्थात् मकड़ी।
तन्तुपर्व [न्] (न०)–श्रावणमास की पूर्णिमा, यज्ञोपवीत देने का पर्व।
तन्तुर[ल] (न०)–मृणाल, कमल की डण्डी, तांतवाला।
तन्तुवाप-य (पु०)–जुलाहा, कपड़ा बुनने वाला, कोली।
तन्तुविग्रहा (स्त्री०)–कदली, केला इस में सर्वत्र सूत से ही होते हैं।
तन्तुशाला (स्त्री०)–वस्त्र बुनने का घर, जुलाहे का घर।
तन्तुसन्तत (वि०)–जो तन्तुओं से व्याप्त हो, सिंया हुआ।
तन्त्र (न०)–फैसला, औषध, तन्तु, प्रधान, परिच्छेद, नौकर चाकर, परिजन, शपथ, कुल, वेद की एक शाखा, तन्त्रशास्त्र नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ। [कपड़ा।
तन्त्रक(न०)–नूतन वस्त्र, नवीन
तन्त्रिका(स्त्री०)–गुडूची, गिलोय।
तन्त्री (स्त्री०)–गिलोय, एक प्रकार का वीणा नामक वाद्य, शरीर की नाड़ी, एक नदी, रस्सी, विशेष-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

गुणसम्पन्ना युवति स्त्री ।

तन्द्रा(स्त्री०)–आलस्य,ऊंघना, नींद ।

तन्द्रालु (वि०)–निद्रालु, बहुत सोने वाला, स्वापशील ।

तन्द्रित(वि०)–तन्द्रायुक्त, सोया हुआ ।

तन्मय(वि०)–तद्रूप, वही, अभेद ।

तन्मात्रा (स्त्री०)–अपञ्चीकृत रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्दों की संज्ञा।

तन्वित(पु०)–रात्रि, विद्युत, अशनि, वायु, गर्जना ।

तन्वी (स्त्री०)–कृशाङ्गी, शालपर्णी ।

तप् (१ प०)–चमकना, जलना, गर्म होना, दाह करना, सहन करना । (१० उ०)जलाना,दुःखदेना,सताना।

तप (पु०)–गर्मी, उष्णता, सूर्य, धूप, ग्रीष्मऋतु,इन्द्रियदमन,शारीरिक कष्ट सहन करना, व्रतानुष्ठान ।

तपः [स्] (न०)–पूर्ववत् ।

तपन (न०)–जलन, शारीरिक कष्ट, मानसिक दुःख, गर्मी। वि०-दाहक, चमकीला, कष्टदायक ।

तपनकर-तपनांशु(पु०)–सूर्य,सूर्यरश्मि।

तपनतनया(स्त्री०)–यमुनानदी, गोदावरी नदी ।

तपनी (स्त्री०)–गर्मी, गोदावरी, तापती ।

तपनीय(वि०)–गर्म करने योग्य,सच्च ।

तपस (पु०)–चन्द्रमा, सूर्य, पक्षी ।

तपस्कर (वि०)–तप करने वाला, तपस्वी ।

तपस्या (स्त्री०)–शरीर को कष्ट देकर व्रत का अनुष्ठान, इन्द्रियदमन । [तपश्चर्या और तपश्चरण का भी यही अर्थ होता है]

तपस्विता (स्त्री०)–तप,तपस्या, भक्ति, पवित्राचार ।

तपस्वी [न्] (पु०)–तपोधारी, वानप्रस्थाश्रमी, व्रतधारी, साधु, खुटबढैया पक्षी.[स्त्री०-तपस्विनी]

तपःस्थली (स्त्री०)–तपोभूमि, बनारस का नाम ।

तपित(वि०)–तप्त, दग्ध, जला हुआ ।

तपुः[स्] (पु०)–अग्नि, सूर्य, शत्रु ।

तपोधन (वि०)–बड़ी तपस्या करने वाला, तपस्या ही जिस का एक मात्र धन है। पु०-तपस्वी ।

तपोबल (न०)–तपस्या द्वारा प्राप्त शक्ति

तपोमय (पु०)–परमात्मा, परब्रह्म । वि०-तपस्वी ।

तपोमूर्त्ति (पु० –तपस्वी,परमात्मा।

तपोवन (न०)–ऐसा वन जिस में तपस्वी निवास करते हैं ।

तप्त (वि०)–दुःखित, सन्तप्त, गर्म किया हुआ, तपा हुआ ।

तप्तकृच्छ्र (न०)–कठिन तपस्या जिस में गर्म जल, गर्म दूध और उष्ण वायु का सेवन किया जाता है ।

तम् (४ प०)–थक जाना, तकलीफ़ उठाना, गला घुटना ।

तम(पु०)–तमाल वृक्ष, अंधेरा, राहु । न०–अन्धकार ।

तमः [स्] (न०)–अंधेरा, अन्धकार, अज्ञान, दुःख, पाप ।

तमस (पु०)–अन्धकार, कूप । वि०-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

काला, कृष्णवर्ण । न०-अंधेर ।
तमसा (स्त्री०)-एक नदी का नाम ।
तमङ्ग (पु०)-चबूतरा, प्लेटफार्म ।
तमर (न०)-सीसा, टिन ।
तम्बा-म्बिका (स्त्री०)-गाय ।
तमस्वती-स्विनी (स्त्री०)-रात्रि, रात [तमा का भी यही अर्थ है] ।
तमाल (पु०)-अपने नाम से प्रसिद्ध वृक्ष, तिलक, तलवार, बांस की छाल, तम्बाकू ।
तमालपत्र(न०)-तमाल वृक्ष का पत्ता, तिलक, तम्बाकू का पत्ता ।
तमि-तमी (स्त्री०)-अंधेरी रात, हल्दी, ग़श, मूर्च्छा । [क्रोध ।
तमिस्र(न०)-अंधेरा, अज्ञान, माया,
तमिस्रा(स्त्री०)-अंधेरी रात, अंधेर ।
नगरन्ध्रकर (पु०)–कार्त्तिकेय, शिव का ज्येष्ठ पुत्र, देवताओं की सेना का पति [यह कथा पुराणों में प्रसिद्ध है कि कार्त्तिकेय ने अपने बाण से क्रौञ्च नामक पर्वत में छिद्र कर दिया था जो कि हंसों के लिये मानस सरोवर जाने के लिये सीधा मार्ग बन गया]।

नगाटन (पु०)–वृक्षचारी, बानर। वि०–पर्वतों वा वृक्षों में घूमने वाला। [हिमालय।

नगाधिप (पु०)–पर्वतों का राजा,

नगाश्रय (पु०)–हस्तिकन्द नामक औषधी। वि०–पर्वतवासी, पर्वत पर रहने वाला।

नगौकाः[स्] (पु०)–वृक्ष वा पर्वत जिस का निवासस्थान हो, पक्षी, सिंह, सरभ, काक, कौआ।

नग्न (वि०)–नंगा, वस्त्ररहित, दिगम्बर नामक एक बौद्धों का भेद, वेदत्रयरूप आवरण का त्याग करने वाला जन।

नग्नाटक (पु०)–दिगम्बर योगी।

नग्निका (स्त्री०)–रजोधर्म से रहित स्त्री, लज्जारहित स्त्री।

नज् (१ आ०)–लज्जा करना, शर्म करना।

नञ् (अ०) अभाव बोधक, रोकना, अल्पत्व, सदृश, कलह, विरोध, भेद। [यह अव्यय सादृश्य आदि छः अर्थों में प्रयुक्त होता है, यथा सादृश्ये-अब्राह्मणः। अभावे-अपापम्। भेदे–अघटः पटः। अल्पत्वे–अनुदरी कन्या। अप्राशस्त्ये–अकेशी। विरोधे–असुरः।

नट् (१ प०)–नाचना, नृत्य करना, हिंसा करना, मारना।

नट (पु०)–नर्तक, स्त्रीजीवी, वर्णसंङ्करभेद, अशोक वृक्ष।

नटन (न०)–नृत्य, नाच।

Digitized by Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नटभूषण (न०)–हरताल ।

नटी (स्त्री०)–नट की भार्या, वेश्या, कंजरी, नटनी ।

नटेश्वर (पु०)–शिव, महादेव ।

नड् (१०उ०)–गिरना, पतन होना ।

नड (पु०)–नड नामक तृणविशेष, नाड़, नड़घास, नल नामक तृण ।

नड्वल (वि०)–बहुत सी नल नामक घास वाला प्रदेश ।

नत (वि०)–नमित, नमा हुआ, नम्र, कुटिल, जन्मनाड़िकाविशेष, अर्द्धदिन व्यतीत हो जाने पश्चात् जन्म की घड़ी । न०–तगर नामक औषधि की जड़ ।

नतनासिक (वि०)–झुकी हुई नाक वाला, चपटी नासिका वाला, अल्पनासिकायुक्त ।

नताङ्गी (स्त्री०)–ऐसी नारी जिस का शरीर स्तनादि के भार से झुका हुआ हो ।

नति(स्त्री०)–नम्रता, नमन, झुकना ।

नद्(१ प०)–खुश होना, सन्तुष्ट होना, सबर करना ।

नद (पु०)–ऐसी नदी जिन में विना खोदे स्वतः ही अच्छिन्न रूप से जलप्रवाह बहता हो जैसे-सिन्धु, शोण, दामोदर और भैरव आदि।

नदनु(पु०)–मेघ, बादल ।

नदी (स्त्री०)–ऐसी जलधारा जिस में आठ सहस्र धनुष् की माप से न्यून परिमाण के फैलाव का जल न हो जैसे-गंगा, यमुना, सरस्वती और कावेरी आदि ।

नदीकान्त(पु०)–समुद्र, सागर ।

नदीकूलप्रिय(पु०)–जलवेतस, जलबेंत ।

नदीज(पु०)–अर्जुन नामक वृक्ष, अग्नि-मन्थ, अरणि, भीष्मपितामह ।

नदीन(पु०)–नदियों का स्वामी, समुद्र ।

नदीमातृक (वि०)–नदी के जल से सम्पादित धान्यादिकों से पालित देश ।

नदीष्ण (वि०)–नदीस्नान करने में कुशल, नदी के अवगाहन में दक्ष, नद्युत्तरण प्रकार को जाननेवाला ।

नद्ध (वि०)–बद्ध, बंधा हुआ, मिश्रित ।

नद्धी (स्त्री०)–चर्मनिर्मित रस्सी, चर्मरज्जु, चमड़े की बनी रस्सी ।

ननन्दा (स्त्री०)–जो सेवा करने पर भी सन्तुष्ट न हो, पति की बहिन [ननान्दा का भी यही अर्थ है] ।

ननु (अ०)–प्रश्न, पृच्छा, सवाल, अवधारण, आवाहन, बुलाना, सम्बोधन, निन्दा, निश्चय, अनुमति, सान्त्वन, समझाना ।

ननुच (अ०)–विरोधपूर्वक वचन, विरोधोक्ति ।

नन्द (पु०)–श्रीकृष्ण के पिता, एक गोप का नाम, आनन्द, निधिविशेष, खजाना, एक नृप जो कि महानन्दी का पुत्र था, बांस का नाम, मृदंगविशेष, दत्तक-मीमांसा नामक ग्रन्थ का प्रणेता ।

नन्दक(पु०)–विष्णु का खड्ग, मेंढक, भेक, आनन्दकारक, एक नाग का नाम, कार्त्तिकेय का अनुचरविशेष, धृतराष्ट्र का एक पुत्र ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नन्दकि (स्त्री०)–पिप्पली ।
नन्दकी [न्] (पु०)–विष्णु का वाचक ।
नन्दथु (पु०)–आनन्द का बोधक ।
नन्दन (पु०)–पुत्र, भेक, मेंढक, एक पर्वत । न०–साठ संवत्सरों में से एक। वि०–आनन्द करने वाला ।
नन्दनन्दन (पु०)–नन्द के पुत्र श्रीकृष्ण [नन्दसुत भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है] ।
नन्दनन्दनी(स्त्री०)–श्रीकृष्ण के पिता नन्द की पुत्री, दुर्गा । [माला ।
नन्दनमाला (स्त्री०)–आनन्दजनक
नन्दना (स्त्री०)–पुत्री, दुहिता ।
नन्दा (स्त्री०)–पार्वती, गौरी, उभयपक्ष की प्रतिपद्, षष्ठी और एकादशी तिथि, मद, अलिञ्जर, नादा
नन्दात्मज (पु०)–नन्दपुत्र, श्रीकृष्ण ।
नन्दि (पु०)–आनन्द का वाचक, द्यूत का एक अङ्ग, शिव का अनुचर, नन्दिकेश्वर, वृक्षविशेष, शिव, विष्णु ।
नन्दिका (स्त्री०)–इन्द्र का क्रीडास्थल, इन्द्र के क्रीडा करने का स्थान, षष्ठी तिथी, अलिञ्जर ।
नन्दिकेश्वर(पु०)–शिव का द्वारपाल।
नन्दिघोष (पु०)–अर्जुन के रथ की ध्वनि, वन्दि जनों की स्तुति का घोष, मांगलिक घोषणा । वि०–घोषयुक्त ।
नन्दिनी (स्त्री०)–पुत्री, दुहिता, पार्वती, गङ्गा, ननद, वशिष्ठधेनु जिस की सन्तानार्थी राजा दिलीप ने सेवा की थी, रेणुका नामक औषध, व्याडि की माता । तेरह अक्षर के पाद वाला एक छन्द, दुर्गा का नाम ।
नन्दिनीसुत (पु०)–व्याडि मुनि ।
नन्दी [न्] (पु०)–महादेव का पार्श्वचर, नन्दिकेश्वर ।
नन्दी (स्त्री०)–दुर्गा ।
नन्दीमुखी (स्त्री०)–तन्द्रा, मूर्च्छा ।
नन्दीश (पु०)–शिव, महादेव, महादेव का द्वारपाल, संगीतशास्त्र में भरतोक्त एक तालप्रभेद ।
नन्दसरः [स्] (न०)–इन्द्र का सरोवर।
नपुंसक (अस्त्री०)–जो न पुरुष और न स्त्री हो, हिजड़ा ।
नप्ता [तृ] (पु०)–जिस से पितर न गिरें, पौत्र, पोता, धेवता, लड़की का पुत्र ।
नप्त्री (स्त्री०)–पौत्री, पोती, धेवती, सुतात्मजा ।
नभ (पु०)–श्रावण का मास, स्वारोचिष मनु का पुत्रविशेष ।
नभः[स्] (न०)–आकाश, आसमान ।
नभःक्रान्ती [न्] (पु०)–सिंह, शेर ।
नभःप्राण (पु०)–पवन, वायु ।
नभःसद् (पु०)–देवता, देव ।
नभःसरित् (स्त्री०)–आकाशगंगा, मन्दाकिनी, स्वर्गङ्गा ।
नभःस्थित (पु०)–नरकविशेष ।
नभश्चक्षु (पु०)–सूर्य, सूरज ।
नभश्चर(पु०)–पवन, मेघ, सूर्यादिग्रह, तारागण, पक्षी ।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नभस (न०)–आकाश, आसमान।
नभसङ्गम (पु०)–पक्षी, जानवर, परिन्द
नभस्तल (अस्त्री०)–गगनमण्डल, आकाशमण्डल।
नभस्य (पु०)–वर्षा के लिये उपयोगी, भाद्रपद का मास।
नभस्वान् (पु०)–वायु, पवन, हवा।
नभोगज (पु०)–मेघ, बादल।
नभोमणि (पु०)–सूर्य, सूरज।
नभोऽम्बुप (पु०)–चातक पक्षी।
नभोरजः [स्] (न०)–अन्धकार, अंधेरा।
नभ्राट् [ज्] (पु०)–मेघ, बादल।
नमः [स्] (अ०)–झुकना, नमना, नति, त्याग, स्तोत्र। न०–अन्न का वाचक।
नमत: (पु०)–प्रभु, स्वामी, धूम, नट।
नमस (पु०)–अनुकूल।
नमस्कार (पु०)–नति, प्रणति, प्रणाम, आदर करना, सत्कार करना, साञ्जलि शिर झुका कर अपना लघुत्व वा नम्रत्वभाव प्रकट करना।
नमस्य (वि०)–नमस्कार करने योग्य, वन्दनीय, नमस्कारार्ह, नमस्करणीय।
नमस्या (स्त्री०)–पूजा, अर्चा, अर्चना।
नमस्यित (वि०)–पूजित, अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो।
नमुचि (पु०)–जो न छोड़े, कंदर्प, कामदेव, एक दैत्य का नाम।
नमुचिद्विट् [ष्] (पु०)–नमुचि का शत्रु, इन्द्र।
नमुचिसूदन (पु०)–पूर्ववत्। [वृक्ष।
नमेरु (पु०)–रुद्राक्ष, सुरपुन्नाग नामक
नमोगुरु (पु०)–नमस्करणीय गुरु, ब्राह्मण।
नम्ब् (१ प०)–जाना, गमन करना।
नम्र (वि०)–विनययुक्त, नत, नमा हुआ, झुका हुआ।
नम्रक (पु०)–बेंत, वेतस। वि०–नत, नम्र
नय् (१ आ०)–गमन करना, प्रस्थान करना, जाना।
नय (पु०)–नीति, द्यूतविशेष, शुक्राचार्य प्रभृति नीतिज्ञों का निर्माण किया हुआ शास्त्र। [आनयन।
नयन (न०)–चक्षु, नेत्र, आंख, प्रापण,
नयनी (स्त्री०)–आंख की पुतली, कनीनिका। [प्रदीप।
नयनोत्सव (पु०)–नेत्रों का उत्सव,,
नयनोपान्त (पु०)–अपाङ्ग, कटाक्ष, नेत्रों के कोये।
नयविशारद (पु०)–नीति का जानने वाला, नीतिशास्त्रज्ञ, नीतिज्ञ।
नर (पु०)–विष्णु, परमात्मा, अर्जुन, मनुष्य, महादेव, देवयोनिविशेष, एक ऋषि का नाम, छाया नापने का एक शङ्कु।
नरक (पु०)–एक दैत्य, भूमि का मध्य, पापात्माओं के कष्ट भोगने का [पुराणानुसार] स्थानविशेष अर्थात् रौरव प्रभृति २१ नरक।
नरककुण्ड (न०)–पाप भोगने का स्थान, यातनास्थान जो कि वन्हिकुण्ड, तप्तकुण्ड, क्षा[illegible]कुण्ड

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

आदि पुराणोपवर्णित ८६ हैं।

नरकजित्(पु०)–विष्णु, परमात्मा, श्रीकृष्ण जिन्होंने नरक नामक दैत्य को परास्त किया।

नरकदेवता(स्त्री०)–नरक के अधिष्ठात्री देवता जो कि अलक्ष्मी, निर्ऋति और कालपर्णी आदि हैं।

नरनारायण(पु०)–नर और नारायण अर्थात् कृष्ण और अर्जुन के नाम वा स्वरूप से अवतीर्ण मुनि जो कि दो थे, ऋषभदेव।

नरपति (पु०)–मनुष्यों का पति, नृपति, राजा। [देश

नरभू(स्त्री०)–मनुष्योत्पत्ति, भारतवर्ष

नरमानिनी (स्त्री०)–वह स्त्री जिस के दाढ़ी मूंछ हों, श्मश्रुयुक्त नारी।

नरमाला (स्त्री०)–वह माला जो मनुष्यों के शिरों से बनी हो, नर-मुण्डमाला।

नरमेध(पु०)–वह यज्ञ जिस में इन्द्रियों का दमन होता है, वह संस्कार जिस में मृतपुरुष का दाहकर्म किया जाता है अर्थात् अन्त्येष्टि संस्कार।

नरवाहन (पु०)–कुबेर, यक्षपति। वि०–मनुष्य जिस के वाहन अर्थात् ले जाने वाले हों, एक राजा का नाम। [दैत्य, असुर।

नरविष्वण (पु०)–नरभक्षक, राक्षस,

नरसार(पु०)–नोसादर।

नरसिंह (पु०)–पुरुषों में सिंहसदृश, विष्णु के दशावतारों में से चौथा, हिरण्यकशिपु नामक दैत्य के वधार्थ जिस का होना पुराणों में वर्णित है, शौर्य, गाम्भीर्य आदि गुणों से उच्चकोटि का मनुष्य, नरश्रेष्ठ। [जनसमुदाय।

नरस्कन्ध(पु०)–मनुष्यों का समूह,

नराधिप(पु०)–राजा, नृपति।

नरान्तक(पु०)–यमराज, राक्षसविशेष जो कि रावण का पुत्र था।

नरी(स्त्री०)–नरपत्नी, नारी, मनुष्य की स्त्री। [स्वामी।

नरेन्द्र (पु०)–राजा, मनुष्यों का

नरोत्तम(पु०)–मनुष्यों में श्रेष्ठ, विष्णु, वैराग्ययुक्त पुरुष, राजा।

नर्कुटक(न०)–नासिका, नाक।

नर्त्तक(पु०)–नट, चारण, नृत्यकोविद, वह पुरुष जो नाचना जानता हो, नल नामक तृण।

नर्त्तकी(स्त्री०)–नर्त्तकभार्या, नृत्य-कारिणी, नृत्य जाननेवाली स्त्री।

नर्त्तन(न०)–नाच, नृत्य।

नर्द्द् (१ प०)–शब्द करना, आवाज़ करना, जाना।

नर्मद(पु०)–वह पुरुष जो हास्य प्रदान करता है, परिहास का मन्त्री, हंसीदिल्लगी का वज़ीर।

नर्मन्(न०)–परिहास, हंसी, हास्य, हंसीठट्ठा।

नल(पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध चन्द्र-वंशीय राजा जो कि दमयन्ती

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

का पति था, एक सूर्यवंशीय राजा।

नलकिनी(स्त्री०)–जंघा, जांघ, लात।

नलकूबर(पु०)–कुबेर का पुत्र।

नलद (न०)–खस, उशीर, पुष्परस, जटामांसी।

नलदम्बु (पु०)–निम्ब का वृक्ष,नीम।

नलमीन (पु०)–चिलिचिम नामक मत्स्य। [एक सुगन्धितद्रव्य।

नलिका (स्त्री०)–नाली, नाड़ी,नब्ज़,

नलिनीखण्ड (न०)–कमलिनियों का समुदाय।

नलिनेशय (पु०)–विष्णु का बोधक।

नल्व (पु०)–चार सौ हाथ के माप का देश, चतुःशतहस्त परिमित देश।

नव (वि०)–नवीन, नूतन, नया,वर्त्तमानकालिक। पु०-प्रशंसा,स्तोत्र।

नवग्रह (पु०)–सूर्य, चन्द्रादि नवग्रह।

नवति-ती (स्त्री०)–९० की संख्या का वाचक।

नवदल (न०)–कमलकेशर के समीप का पत्ता, कमल का नूतन पत्र।

नवदीधिति (पु०)–वह ग्रह जिस की नौ किरण हों अर्थात् मङ्गल।

नवदुर्गा (स्त्री०)–शैलपुत्री आदि दुर्गा के नौ स्वरूपभेद। [झूल।

नवदोला (स्त्री०)–नवीन प्रेङ्खा, नई

नवद्वारपुर (न०)–ऐसा पुर जिस में नौ दर्वाज़े हों, शरीर, देह।[शरीर में नौ दर्वाज़े ये हैं–दो कर्ण, दो नेत्र, दो नासिका और एक मुख ये सात ऊपर के और गुदा, लिङ्ग ये दो नीचे के मिल कर ९ हैं]।

नवधा (अ०)–नौ प्रकार, नौ तरह।

नवधातु (पु०)–स्वर्ण आदि ९ धातु होते हैं।

नवन् (वि०)–९ की संख्या का वाचक।

नवनी (स्त्री०)–नवीन घृत, नवनीत, नया निकला हुआ घृत, मक्खन।

नवनीत (न०)–पूर्ववत्।

नवनीतक (न०)–घृत, घी, मक्खन से सम्पादन किया घृत।

नवपाठक (पु०)–नवीनाध्यापक, नया मास्टर। [वती स्त्री।

नवफलिका (स्त्री०)–नवीन रजोधर्म-

नवम (वि०)–९ की संख्या का पूरक, नौ की संख्या पूरी करने वाला अर्थात् नवां। [युक्त वृक्ष।

नवमल्लिका (स्त्री०)–बहुत पुष्पों से

नवमी (स्त्री०)–कृष्ण और शुक्लपक्ष की ९वीं तिथि।

नवयौवना (स्त्री०)–युवति, तरुणा स्त्री, जवान औरत।

नवरत्न (न०)–नौरत्नों का समूह, नव प्रकार के मणि, विक्रमादित्य की सभा के नौ पण्डित,नीति के उपदेशविषयक ९ श्लोक।

नवरात्र (न०)–९ रात्रि, वे नवरात्रि जिन में आश्विनशुक्ला प्रतिपदा से नवमी पर्य्यन्त दुर्गा का व्रतानुष्ठान किया जाता है।

नववधू (स्त्री०)–नवविवाहिता स्त्री,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नवोढा, नवीना भार्या ।

नववध्वागमन (न०)–नवीन वधू का पिता के घर से पतिगृह में प्रथम आगमन ।

नववरिका (स्त्री०)–नववधू ।

नववस्त्र(न०)–नया वस्त्र,नया कपड़ा, नवीन वस्त्र, अनाहत वसन ।

नवशायक (पु०)–मालाकार, माली, तैलकार, तेली, गोप, कुलाल आदि नौ जाति ।

नवश्राद्ध (न०)–ग्यारहवें दिन का श्राद्ध, एकादशाह श्राद्ध ।

नवसूतिका (स्त्री०)–वह गौ जिस का नवीन प्रसव हुआ हो, नवप्रसूता गौ ।

नवान्न(न०)–नवीन अन्न,नया अनाज।

नवांश (पु०)–मेषादि १२ लग्नों का नवमांश, ९ वां भाग ।

नवाम्बर (न०)–नया वस्त्र, नूतन वस्त्र।

नवार्चि (पु०)–नङ्गल ग्रह ।

नवाह (पु०)–नया दिन, नवीन दिन, प्रतिपत्तिथि ।

नवीन (वि०)–नूतन, नया, नवीन।

नवोढा(स्त्री०)–नवीनविवाहिता स्त्री।

नवोदक (न०)–नया जल, नवीन पानी, नये जल का मौसम ।

नवोद्धृत (न०)–नया निकाला हुआ घृत, नवनीत, मक्खन ।

नव्य (वि०)–नया, नवीन, नूतन, स्तुत्य, पूजित, नुत, स्तुति किया हुआ ।

नष्टप्रसूतिका (स्त्री०)–वह स्त्री जिस की संतति मर जाती हो, मृतवत्सा स्त्री ।

नश्वर (वि०)–नष्ट होने वाला, नष्टशील,नाशयोग्य, ध्वंसप्रतियोगी ।

नष्ट (वि०)–छिपा हुआ, अंतर्हित, तिरोहित, अदर्शनयुक्त ।

नष्टचेष्टता (स्त्री०)–शोकादि से चेतनाभाव, मूर्च्छा, प्रलय, चेष्टारहित, बेहोश ।

नष्टाग्नि (पु०)–प्रमाद से जिस ने अग्निहोत्र का परित्याग कर दिया हो, निरग्निक ।

नष्टाप्तिसूत्र (न०)–चोरों द्वारा अपहृत धनका प्राप्त कुछ भाग, स्तेयद्रव्य, चोरी का माल ।

नष्टेन्दुकला (स्त्री०)–वह तिथि जिस में चंद्रमा की कला नष्ट हो गई हों, अमावस्या, कुहू ।

नसा (स्त्री०)–नाक, नासिका ।

नस्त (पु०)–पूर्ववत् । [विवर ।

नस्ता (स्त्री०)–नासाकृत छिद्र, नासा-

नस्तित (पु०)–वह बैल जिस की नाक बींध दी गई हो, नाथ डाला हुआ बैल ।

नस्तोत (पु०)–पूर्ववत् । [ग्राह्य चूर्ण ।

नस्य (न०)–हुलास,नसवार,नासिका-

नस्योत (पु०)–नस्तित ।

नहि (अ०)–रोकना, मना करना, निषेध करना ।

नहुष (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध एक चंद्रवंशीय राजा, सर्पभेद ।

नहुषात्मज (पु०)–नहुष का पुत्र

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ययाति नाम राजा ।

ना (अ०)–निषेध, नहीं, मना, अभाव ।

ना [नृ] (पु०)–पुरुष, मनुष्य, आदमी ।

नाक (पु०)–वह लोक जहां दुःख न हो, स्वर्ग ।

नाकनाथ (पु०)–इन्द्र ।

नाकनायक (पु०)–पूर्ववत् ।

नाकी (पु०)–जिस का निवासस्थान स्वर्ग है, देव, देवता ।

नाकु (पु०)–वल्मीक, मुनिविशेष ।

नाकुल (पु०)–नकुल का पुत्र । न०–तंत्रविशेष ।

नाक्षत्र (न०)–नक्षत्रसम्बन्धी ।

नाग (पु०)–सर्प, सांप हस्ती, मेघ, मोथा, नागकेसर, शरीरस्थ एक वायु जिस से उद्गार (डकार) सम्बन्धी कार्य होता है, क्रूरचारी । वि०–पर्वत में होने वाला । न०–ज्योतिष में एक करण का नाम ।

नागदन्त (पु०)–हस्ती का दांत, हस्तिदन्तसदृश, गृहान्तर्गत दारु, खूंटी ।

नागपञ्चमी (स्त्री०)–आषाढकृष्णा पञ्चमी जिस में विषनाशिनी मनसा देवी का पूजन किया जाता है ।

नागपाश (पु०)–वरुणदेव का एक बन्धनोपयोगी अस्त्र, वरुणायुध ।

नागबल (पु०)–भीमसेन ।

नागमाता (स्त्री०)–सर्पों की माता, मनसादेवी, मनःशिला, मनसिल ।

नागर (वि०)–शहर में रहने वाला, चतुर पुरुष, शिल्पकार, कारीगर । न०–शुण्ठी, सोंठ ।

नागराज (पु०)–सर्पों का राजा, वासुकि, अनन्त, शेष, हस्तियों का राजा, ऐरावत । [स्त्री, नागरपत्नी ।

नागरी (स्त्री०)–चतुर स्त्री, बुद्धिमती

नागरेयक (वि०)–नगरसम्बन्धी ।

नागलता (स्त्री०)–सर्प के स्वरूपाकार लता, वह बेल जिसका स्वरूप सर्प के सा हो, ताम्बूललता, पुरुष का चिन्ह । [लोक ।

नागलोक (पु०)–पाताल, सर्पों का

नागाधिप(पु०)–शेष, अनन्त । [गरुड़ ।

नागान्तक (पु०)–सर्पों का विनाशक,

नागाशन(पु०)-पूर्ववत् । [प्रसिद्ध नगर ।

नागाह्व (पु०)–हस्तिनापुर नामक

नागी (स्त्री०)–हस्तिनी, हथिनी ।

नाचिकेतः (पु०)–एक ऋषि का नाम, अग्नि, आग, एक वेदसम्बन्धी गाथा । [देश वा तद्देशवासी ।

नाट (पु०)–नृत्य, नाच, कर्णाटकनामक

नाटक (न०)–देखने योग्य एक प्रकार का काव्य, वह काव्य जो गद्यपद्य और प्राकृतभाषा की रचना से युक्त हो, कामाख्या नाम देवी के समीप एक पर्वतभेद ।

नाटार (पु०)–नट का पुत्र ।

नाटिका (स्त्री०)–नाटकविशेष, एक नाट्य का भेद । [सुत ।

नाटेय (पु०)–नटी का लड़का, नटी-

नाट्य (न०)–गीत, नृत्य, वाद्यादि नटों का काम ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नाटयशाला (स्त्री०)–नृत्यस्थान, नाचने का घर, नाटकमन्दिर, देवमन्दिर के समीपस्थ घर।

नाटयोक्ति (स्त्री०)–नाटक विषयक वचन, नृत्यकर्मोपयोगी वाक्य।

नाडि–डी(स्त्री०)–देहस्थशिरा, घड़ी, ६० पलात्मक समय, वृक्ष की शाखा विशेष।

नाडिकेल(न०)–नारियल, नारिकेल।

नाडिन्धम (पु०)–सुनार, स्वर्णकार।

नाडीचक्र(न०)–नाभिस्थान से निःसृत शिराचक्र।

नाड़ीजंघ (पु०)–काक, कौआ, एक प्रकार का बगुला, मुनिभेद।

नाणक(पु०)–जो कुत्सित न हो, उत्तम, श्रेष्ठ, मनोहरमुद्राचिन्हित, जिस पर चिन्ह अङ्कित हो।

नाथ् (१प०)–गर्म होना, संतप्त होना, भिक्षा मांगना, याचना करना। (१आ०)–आज्ञा करना, ऐश्वर्य भोगना।

नाथ (पु०)–स्वामी, मालिक, अधिपति, महादेव। वि०–प्रार्थनीय, स्तुत्य, प्रार्थना करने योग्य।

नाथवान् (वि०)–पराधीन, परतन्त्र, दूसरे के अधीन।

नाथहरि (पु०)–पशु, ढ़ोर, चौपाया।

नाद(पु०)–शब्द, आवाज़, उच्चस्वर, चन्द्राकार विन्दु, वायुभेद।

नादेय (न०)–नदी का जल, नदी सम्बन्धी, सेंधा लवण। पु०–काश नामक तृण। वि०–नदी का।

नाध्(१आ०)–याचना करना, मांगना।

नाना(अ०)–अनेक, बहुत, विना।

नानार्थ (वि०)–अनेक अर्थ वाला, बहुत प्रयोजन वाला।

नानाध्वनि(पु०)–काहल, वीणा, मृदंगादि अनेक बाजों का मिश्रित शब्द।

नानारूप(वि०)–बहु प्रकार का, पृथग्विध, अनेक तरह का, बहुविध।

नान्दी (स्त्री०)–वह श्राद्ध जिस में देवता और पितर तृप्त होते हैं, सम्पत्ति, ऐश्वर्य, नाटक में सूत्रधार कृत मंगलाचरण, नाटक के आदि में देव द्विजों का दिया हुआ आशीर्वाद।

नान्दीमुख (पु०)–एक प्रकार का श्राद्ध जो विवाहादि के पूर्व वृद्धयर्थ वा अशौचादिजन्यपातक के दूरीकरणार्थ किया जाता है, कूपादिमुखबन्धन।

नान्दीवादी (वि०)–नाटक के आरम्भ में नान्दी विषयक श्लोकों का पाठ करने वाला, भेरी आदि बाजा बजाने वाला।

नापित (पु०)–नाई, हज्जाम, क्षौरकर्म का कर्त्ता।

नापितशालिका (स्त्री०)–नाई का घर, नापितगृह।

नाभि (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध राजा जो कि प्रियव्रत का पौत्र और अग्नीध्र का पुत्र था, चक्र [पहिया] का मध्य, धुरी, प्रधान

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

राजा, द्वादश राजाओं के चक्र का मध्य ।

नाभिज (पु०)–ब्रह्मा का वाचक ।

नाभिजन्मा [न्] (पु०)–पूर्ववत् ।

नाभिभू (पु०)–पूर्ववत् ।

नाभिवर्ष (पु०)–भारतवर्ष देश ।

नाभी (स्त्री०)=नाभि ।

नाम(अ०)–स्वीकृति, प्राकाश्य, कुत्सन, निन्दा, विकल्प, मिथ्या, क्रोध, विस्मय, आश्चर्य, स्मरण ।

नाम[न्] (न०)–संज्ञा, नाम, आख्या, गोत्र, लक्षण, व्यपदेश्य, चिन्ह ।

नामकरण(न०)–एक संस्कार जिस में नाम रक्खा जाता है, जन्म के पश्चात् दशवें दिन का कृत्य ।

नामधेय (न०)–संज्ञा, नाम, वाचक शब्द ।

नामशेष(वि०)–जिस का केवल नाम ही शेष रह गया हो, मृत, मरा हुआ पुरुष ।

नाय(पु०)–नीति, न्याय ।

नायक (पु०)–स्वामी, प्रभु, मालिक, ले जाने वाला, सेनाध्यक्ष, हार के मध्य की मणि, उपपति, बहु-वेश्याभोगोपशील ।

नायिका (स्त्री०)–प्रेमासक्त तरुणी स्त्री, वह स्त्री जिसे शृंगार रस अधिक स्वीकृत हो, दुर्गाशक्ति ।

नार (पु०)–नरसन्तान, बालक, जल, पानी । न०–नरसमूह, मनुष्यों का समुदाय । वि०–नरसम्बन्धी ।

नारक (पु०)–नरक, पाप के फल भोगने का स्थानविशेष । वि०–नरक में रहने वाला, नरकस्थ जीव ।

नारकी (वि०)–नरकसम्बन्धी पीडा भोगने वाला ।

नारकीट(पु०)–वह पुरुष जो अपनी दी हुई आशा को भंग करदे ।

नारङ्ग (न०)–गाजर, गर्जर, संतरे का पेड़ । पु०–विप्यलीरस, जौड़िया लड़कों में से एक ।

नारद (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध मुनि, तत्प्रोक्त महापुराण, ज्ञान-दाता, अज्ञान का नाशक ।

नारसिंह (न०)–एक उपपुराण जिस में नृसिंहावतार का वर्णन है ।

नाराच(न०)–लोहनिर्मित एक अस्त्र, लोहे का बाण, तीर ।

नाराचिका (स्त्री०)–अठारह अक्षर के पाद वाला एक छन्द ।

नारायण (पु०)–विष्णु, नरसमूह का आश्रय अर्थात् निवासस्थान ।

नारायणक्षेत्र(न०)–गंगा के दोनों तट की चार हस्त परिमित जगह ।

नारायणप्रिय(पु०)–शिव, महादेव ।

नारायणबलि(पु०)–मृत पतित पुरुषों के प्रायश्चित्तार्थ कर्त्तव्य कर्मविशेष, धर्मशास्त्रप्रोक्त प्रायश्चित्त ।

नारायणास्त्र(न०)–विष्णु का अस्त्रभेद ।

नारायणी(स्त्री०)–गंगा, लक्ष्मी, विष्णु की एक शक्ति, शतावरी नामक औषध ।

नारिकेर-ल(पु०)–स्वनामप्रसिद्ध फल-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वृक्षविशेष, नारियल का पेड़, जो जल वा पवन से कम्पायमान हो।

नारी (स्त्री०)–वनिता, स्त्री, जिस में नर का धर्माचार हो, नरधर्माचारयुक्ता स्त्री, अबला, औरत।

नारीदूषण (न०)–स्त्रियों के दोष जो कि ६ हैं, यथा–मद्यपान, दुर्जनों का साथ, पति से वियोग, भ्रमण, दूसरे के घर सोना और रहना।

नाल(न०)–कमलदण्ड, कमल की डंडी।

नालीक(पु०)–बाण, तीर, वह बाण जो धनुष् से छूटते समय भयङ्कर शब्द करे।

नाविक(पु०)–मल्लाह, कर्णधार, जहाज द्वारा यात्रा करने वाला पथिक।

नाव्य (वि०)–वह जल जो नाव से तरा जाय, नौका से तरने योग्य जल वा देश, नौकागम्य देश।

नाश(पु०)–भागना, पलायन, मृत्यु, निधन, अदर्शन, दर्शनाभाव, जीवों के नाश का हेतु।

नाशी(वि०)–नाशविशिष्ट, वह पुरुष जिस का नाश हो गया हो।

नासत्यौ (पु० द्विव०)–अश्विनीकुमार, स्वर्ग के वैद्य।

नासा(स्त्री०)–नाक, नासिका।

नासारोग(पु०)–नाक के रोग।

नासिका(स्त्री०)–नाक, नासा।

नासिकामल (न०)–नाक का मल, नासास्थित मल।

नासिक्य (वि०)–नाक के लिये उपयोगी, नासिका में उत्पन्न होने वाला।

नासक्यौ(पु०)=नासत्यौ।

नासीर (न०)–वह सेना जो सेनापति के आगे चले, सेनामुख, पायोनियर सेना। वि०–आगे जाने वाला, अग्रसर।

नास्ति (अ०)–अस्तित्व का अभाव, अविद्यमानता, न होना।

नास्तिक(पु०)–वह पुरुष जो परलोक, तत्साधन, वेद और ईश्वर के अस्तित्व को न मानता हो; जो यज्ञादि के फल को न माने, वेद निन्दक, ईश्वरनास्तिकत्ववादी, वेदाप्रामाण्यवक्ता, चार्वाक आदि।

नास्तिकता (स्त्री०)–नास्तिकपन, मिथ्यादृष्टि।

नाहल(पु०)–म्लेच्छजातिविशेष।

नाहुषि (पु०)–नहुष राजा का पुत्र ययाति।

नि (अ०)–निषेध, निश्चय, लघुत्व, छोटापन, चातुर्य, हटना, सत्कार, मुक्त होना, सन्देह, सामीप्य, उपरम, दाम, बन्धन।

निः[र्] (अ०)–निषेध, निर्णय।

निः[स्] (अ०)–निषेध, साकल्य, अतीत

निःकासित (वि०)–निकाला हुआ, बहिष्कृत, निष्काषित।

निःक्षत्र (वि०)–विना क्षत्रिय वाला देश, क्षत्रियशून्य देश।

निःप्रभ (वि०)–प्रभारहित, विना कान्ति वाला।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निःशब्द (वि०)–चुपचाप, शब्दरहित।
निःशलाक (वि०)–अकेले, एकान्त, रहः, निर्जन, जनसमुदायरहित।
निःशेष (वि०)–जो शेष से निकल गया हो, सम्पूर्ण, समस्त, सब, तमाम।
निःशोध्य (वि०)–साफ़ किया हुआ, शोधित, मृष्ट।
निःश्रयणी (स्त्री०)–जिस के पूर्ण रूप से आश्रयित होता है, सीढ़ी, पौड़ी, काष्ठनिर्मित सोपान।
निःश्रेणि-णी (स्त्री०)–बांसों की बनी सीढ़ी, सोपानपंक्ति, वंशघटित सोपान।
निःश्रेयस (न०)–निश्चितकल्याण, विज्ञान, मुक्ति, शुभ, विद्या, भक्ति, सेवा। पु०-शिव।
निःश्वास (पु०)–मुख और नासिका से निस्सृत वायु, श्वास, सांस।
निःषमम् (अ०)–निन्दा, बुराई, गर्ह्य।
निःसङ्ग (वि०)–संग न करने वाला, मेलरहित, फल की इच्छा न करने वाला। [रहित।
निःसन्धि (वि०)–दृढ़, मज़बूत, सन्धि-
निःसम्पात (पु०)–वह समय जिस में आना जाना बन्द हो, अर्द्ध रात्रि का समय, आधीरात। वि०--गमनागमनरहित।
निःसरण (न०)–घर का दर्वाज़ा, गृहादि का द्वार, मरण, मृत्यु, उपाय, निर्गम, बुझना।
निःसार (पु०)–शाखोट नामक वृक्ष। वि०-साररहित, जिस में कुछ सार न हो। [का मार्ग।
निःसारण (न०)–गृह आदि से निकलने
निःसारा (स्त्री०)–केले का वृक्ष, कदली
निःस्नेह (वि०)–स्नेहशून्य, प्रेमरहित, तैलरहित।
निःस्नेहा (स्त्री०)–अतसी नामक वृक्ष, जिस से तैल निकल गया हो।
निःस्राव (पु०)–चावलों का रस, भक्तरस, मांड।
निःस्व (वि०)–दरिद्र, कंगाल, निर्धन, ग़रीब, ज्ञातिरहित।
निकट (न०)–समीप, पास, अदूर।
निकर (पु०)–समूह, गिरोह, समुदाय, निधि, ख़ज़ाना, सार, धन।
निकर्षण (न०)–ग्राम के बाहर विहार करने की भूमि, शहर आदि में गृह के निर्माणार्थ मापा हुआ प्रदेश।
निकष-स (पु०)–कसौटी, शाण, वह पत्थर जिससे शस्त्र आदि की धार तीक्ष्ण की जाती है।
निकषा (स्त्री०)–राक्षसों की माता, सुमाली की कन्या, विश्रवा की भार्या। अ०–निकट, समीप, पास।
निकषात्मज (पु०)–राक्षस, दैत्य, असुर
निकषोपल (न०)=निकष।
निकाम (न०)–इच्छानुकूल, यथेच्छित, इष्ट, परमात्मा, गृह, स्थान।
निकाय (पु०)–वह प्राणिवर्ग जिनका धर्म समान हो, एकधर्मियों का गिरोह, समूह, स्थान, निलय।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निकाय्य (पु०)–घर, गृह, रहने की जगह ।

निकार (पु०)–अनादर, बेइज्ज़ती, तिरस्कार, धिक्कार, धान्य का ऊपर को फेंकना, धान्योर्ध्वक्षेपण ।

निकारण (न०)–बध, मारण, हिंसा ।

निकुञ्ज(अस्त्री०)–लता आदि से ढका हुआ स्थान, लताच्छादित गृह, बेलों से आच्छादित प्रदेश ।

निकुम्भ (पु०)–कुम्भकरण का पुत्र, दन्ती नामक एक वृक्ष, प्रह्लाद का पुत्रविशेष ।

निकुम्भिला(स्त्री०)–लंका की पश्चिम दिशा में एक गुफा का नाम, तत्प्रदेशस्थ एक देवी । [सा ।

निकुरम्ब (न०)–समुदाय, झुण्ड, बहुत

निकृत (वि०)–तिरस्कृत, अपमानित, वञ्चित, ठगा गया, प्रत्याख्यात, शठ, नीच ।

निकृति (स्त्री०)–डाटना, भर्त्सन, शाठ्य, दैन्य, अपमान, ग़रीबी ।

निकृष्ट(वि०)–अधम, नीच, निन्दित ।

निकेत (पु०)–घर, स्थान, निकेतन, रहने की जगह । [पलाण्डु ।

निकेतन (न०)–पूर्ववत् । पु०–प्याज़,

निक्व [क्वा] ण (पु०)–वीणा की ध्वनि, वीणाशब्द, वीणा की आवाज़ [प्रक्वण, प्रक्वाण, सुक्वण, सुक्वाण, उपक्वण, उपक्वाण, आदि शब्द भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होते हैं] ।

निक्षिप्त (वि०)–स्थापित, रक्खा हुआ, न्यस्त ।

निक्षेप (पु०)–अमानत, धरोहर ।

निखर्व(न०)–१०००००००००० दश सहस्र करोड़ की संख्या का वाचक । पु०–बौना, वामन ।

निखात (वि०)–खोदा हुआ, गढ़ा, खोद कर स्थापित ।

निखिल (वि०)–समस्त, सब, सम्पूर्ण ।

निगड (अस्त्री०)–बेड़ी, शृंखला, हथकड़ी ।

निगडित (वि०)–बंधा हुआ, बद्ध ।

निगरण पु०)–होम का धुआं, हवनधूम ।

निगद (पु०)–कथन, भाषण, बोलना ।

निगम (पु०)–वेद, निश्चय, प्रतिज्ञा, न्याय के पांच अवयवों में से अन्तिम अवयव, व्यवहार, पुरी, कट, वेद की एक शाखा ।

निगमन(न०)–न्याय के पांच अवयवों में से वह अन्तिम अवयव कि जो प्रकरण के विरुद्ध प्रमाण को छिन्नभिन्न करके प्रकरणानुकूल प्रमाण का निश्चय करावे ।

निग [गा] र(पुं०)–भोजन, आहार ।

निगरण (न०)–भक्षण । पु०–होमधूम, होम का धुआं ।

निगाल (पु०)–अश्व के कण्ठ का स्थान, अश्वगलोद्देश ।

निगु(पु०)–मन, सूत्र, मनोज्ञ, सुन्दर, चित्रकर्म्म ।

निगूढ (वि०)–गुप्त, छिपा हुआ । पु०–वनमूंग, वनमुद्ग ।

निगृहीत (वि०)–पीड़ित, रुद्ध, रोका हुआ, तर्जित, भर्त्सना किया हुआ ।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निग्रह(पु०)–अनुग्रह का अभाव,रोक, बन्धन, भर्त्सना, सीमा, हद, निराकरण, कुत्सितप्रवृत्ति को अवलोकन कर तिरस्कृत करना।

निग्रहस्थान(न०)–वह स्थान जिस में पड़ने से वादी परास्त समझा जाता है, वादी के पराजय का स्थान, गौतमप्रणीत १६ पदार्थों में से अन्तिम।

निग्राह(पु०)–आक्रोश, शापयुक्त कटु वचन बोलना, निग्रह।

निघ(पु०)–पूर्णरूप से दिया आघात; जिस की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई नीचाई समहो, समस्थल, दायरा, कंदुक, गेंद, वृक्ष।

निघण्टु(पु०)–अपने नाम का वैदिक कोष, वेद की डिक्शनरी।

निघस(पु०)–आहार, भोजन, खाने का पदार्थ।

निघाति (स्त्री०)–लोहमयदण्ड, लोहे का बना दण्डा।

निघुष्ट(न०)–घोषण,घोषणा,मनादी।

निघृष्व(पु०)–खुर, पवन, वायु, खर, गधा, वराह, सूअर, मार्ग।

निघ्न(वि०)–अधीन, वश में,पराधीन, गुणित,गुणन (ज़र्ब) किया हुआ।

निचय (पु०)–समुदाय, समूह, बढ़ा हुआ, अवधि से बाहिर,अवयवों से वृद्धिङ्गत पदार्थ।

निचाय(पु०)–एकत्रित किया हुआ अन्नादि, राशीकृत, समुदाय।

निचिकी(स्त्री०)–उत्तमा गौ,उत्तमगाय।

निचित (वि०)–पूरित, व्याप्त, भरा हुआ,मिश्रित,मिला हुआ,रचित, सञ्चित, इकट्ठा हुआ, सङ्कीर्ण।

निचुल(पु०)–वेतस, बेंत का वृक्ष।

निचोल(पु०)–बिस्तर,बिछौना, डोली के ढकने का परदा, स्त्रियों का आच्छादन वस्त्र, दुपट्टा, चादर।

निच्छवि(स्त्री०)–त्रिहुत नामक देश।

निच्छवि(पु०)–एक प्रकार की वर्ण-सङ्कर जाति। [नित्य।

निज(वि०)–अपना,आत्मीय,स्वकीय,

निट्[श्] (स्त्री०)–रात्रि, निशा,रात।

निटल(न०)–मस्तक,कपाल, खोपड़ी।

निडीन(न०)–पक्षियों की गतिविशेष, मन्दगमन, शनैः२ चलना।

नितम्ब(पु०)–स्त्री की कटि का पश्चाद् भाग, कटितट, चूतड़, कटि, स्कन्ध, कन्धा।

नितम्बिनी(स्त्री०)–वह स्त्री जिस के नितम्ब अच्छे हों,प्रशस्तनितम्ब-युक्ता स्त्री, स्त्रीमात्र।

नितराम्(अ०)–निरन्तर, सर्वदा,सदा, अतिशय, विशेषकर।

नितल (न०)–सात पातालों में से एक जो बहुत निम्नैःस्थित है, अधःप्रदेश।

नितान्त(वि०)–अतिशय, बहुत कर, एकान्त, अत्यन्त, उस वाला, तद्वान्।

नित्य(वि०)–सदास्थायी, जो सर्वदा रहे, सतत, निरन्तर। पु०–सदा, सर्वदा, प्रतिदिन, समुद्र, विनाश और उत्पत्ति से रहित वस्तु।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नित्यकर्म (न०)–नित्यप्रति कर्त्तव्य वेदविहित कर्म, वह कर्म जिस के त्याग से मनुष्य प्रायश्चित्ती हो जाता है जैसे कि सन्ध्यावन्दन, पञ्चयज्ञात्मक कर्म ।

नित्यक्षीर (न०)–स्वभाव से प्राप्त समयोपयोगी क्षीर, रागप्राप्त केशकर्त्तन ।

नित्यगति(पु०)–वायु, पवन, हवा ।

नित्यतृप्त (वि०)–ब्रह्मविचारानुभव के आनन्द से तृप्त, आशारहित, निराश्रय, परब्रह्म के आनन्द से सन्तुष्ट ।

नित्यदा(अ०)–सदा, हमेशा, सर्वदा ।

नित्यदान (न०)–प्रतिदिन करने योग्य दान, वह दान जो प्रत्युपकार और फल की इच्छा न कर सुपात्र को दिया जाय ।

नित्यप्रलय (पु०)–चार प्रकार के प्रलयों में से एक, नित्यप्रति उत्पन्न हुए जीवों का नाश ।

नित्यमुक्त (पु०)–कालत्रय के बन्धन से रहित, परमात्मा ।

नित्ययज्ञ(पु०)–फलाभिसन्धान रहित प्राणिमात्र के लिये नित्यकर्त्तव्य यज्ञ, अग्निहोत्रादि ।

नित्ययौवना (स्त्री०)–वह स्त्री जिस का यौवन सदा स्थिर रहे,द्रौपदी वि०–स्थिर यौवन वाला ।

नित्यसमास (पु०)–एक समास का नाम, वह समास जिसका अर्थ समस्यमान पदों के भिन्न कुछ अवगत ही न हो, जैसे "जयद्रथ, जमदग्नि" इत्यादि ।

नित्या (स्त्री०)–पार्वती, शक्ति-विशेष, मनसा नामक देवी ।

नित्यानध्याय (पु०)–सब प्रकार से वर्ज्य वेदपाठादि की छुटी का समय, वेदपाठ न करने की छुट्टी का काल ।

नित्याभियुक्त (वि०)–सर्वप्रकार से योगाभ्यास में संलग्न पुरुष,योगाभ्यासी, केवल देह की रक्षा के लिये यत्नपरायण ।

निद (न०)–विष, ज़हर ।

निदद्रु (पु०)–विषभय से पलायित पुरुष, दद्रु नामक रोग से रहित।

निदर्शन (न०)–दृष्टान्त, मिसाल, उदाहरण । [एक भेद ।

निदर्शना (स्त्री०)–नाट्यालङ्कार का

निदाघ (पु०)–गर्मी का समय, उष्ण-काल, ग्रीष्मकाल, ज्येष्ठ और आषाढ के मास ।

निदाघकर(पु०)–सूर्य, सूरज ।

निदाघकाल(पु०)–ग्रीष्म ऋतु, ज्येष्ठ और आषाढ़ मास ।

निदान (न०)–आदिकारण, रोग का निर्णय, अन्त, अख़ीर, अवसान, वत्सरजू, रोग का कारण, रोग का निश्चय कराने वाला एक ग्रन्थ, तपश्चर्या के फल की याचना ।

निदिग्ध (वि०)–लेप आदि से बढ़ा हुआ, उपचित, लेपवर्द्धित सुगन्धित ।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निदिग्धा (स्त्री०)–एला, इलायची ।

निदिध्यासन (न०)–ध्यान का भेद, गुरुमुख से श्रुत पदार्थ का पुनः २ विचार, विचारित अर्थ में निमज्जित होना ।

निदेश (पु०)–आज्ञा, शिक्षा, हुक्म, पात्र, वर्त्तन, समीप, पास, निकट ।

निदेष्टा [ष्टृ] (वि०)–निदेश करने वाला, उपदेशक, उपदेशकर्त्ता ।

निद्रा(स्त्री०)–नींद, सोना, शयन, कर्मेन्द्रियों के विषयों से जीव की पृथक् होने की अवस्था ।

निद्राण(वि०)–वह पुरुष जिसे निद्रा आगई हो, सोया हुआ, निद्रित, शयित ।

निद्रालु (वि०)–अतिनिद्रा वाला, निद्राशील, जिसे बहुत निद्रा आती हो ।

निद्रावृक्ष(पु०)–अंधेरा, अन्धकार ।

निधन (पु०)–मरण, मरना, मृत्यु, मौत, नाश ।

निधान(न०)–निधि, ख़जाना, आसक्त, कार्य की समाप्ति, काम का अंत ।

निधि(पु०)–शंख पद्म आदि कोष, समुद्र, आधार, आश्रय जैसे–गुणनिधि, विद्यानिधि, जलनिधि इत्यादि ।

निधिनाथ(पु०)–ख़जाने का स्वामी, कुबेर । [निधीश, निधीश्वर आदि शब्द भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होते हैं] ।

निधुवन(न०)–जिस में हस्त पादादि अंग कम्पायमान होते हैं, मैथुन, स्त्रीसंग, सुरत, कामभोग ।

निध्यान (न०)–दर्शन ।

निध्वान (पु०)–शब्द, आवाज़ ।

निन [ना] द (पु०)–शब्द, रथ की ध्वनि, शृगाल का शब्द ।

निन्दक (वि०)–निन्दा करने वाला, चुग़लख़ोर ।

निन्दतल (वि०)–बुरे हाथ वाला, निन्दितहस्त ।

निन्दा (स्त्री०)–अपवाद, दुष्कृति, गर्हा, बदनामी, दूषण, ऐब, चुग़ली ।

निन्दास्तुति (स्त्री०)–निन्दा से मिली हुई स्तुति, निन्दागर्भित स्तुति, व्याजस्तुति ।

निन्दित (वि०)–तिरस्कृत, धिक्कृत, अपमानित, डाटा हुआ ।

निप (अव्यो०) –कलस, घड़ा, घट, कदम्ब का वृक्ष ।

निपत्या (स्त्री०)–युद्ध की पृथ्वी, युद्धभूमि, लड़ाई की जगह ।

निपाक (पु०)–पाक, पका हुआ ।

निपात (पु०)–पतन, अन्तिम पतन, मृत्यु, मरना, व्याकरण में 'च' वा 'प्र' आदि ।

निपातन (न०)–अधोनयन, नीचे पहुंचाना, खलीकरण, व्याकरण में लक्षण से अनुत्पन्न (असिद्ध) पदसिद्धि ।

निपान(न०)–कूप के समीप का जलाशय, चौबच्चा, गौ दूहने का पात्र, गोदोहनपात्र, जलाशयमात्र ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निपीडित (वि०)–पीडा पहुंचाया हुआ, निचोड़ा हुआ।

निपुण (वि०)–कार्य्यकुशल, काम करने में दक्ष, होशियार, प्रवीण।

निबन्ध (पु०)–ग्रन्थरचना, सूत्रावरोध रोग, निम्ब वृक्ष, दिन वा समय के निश्चित करने पूर्वक देने की प्रतिज्ञा, अफ़ारे का रोग, आनाहरोग।

निबन्धन (न०)–वह साधन जिस से मनुष्य बांधा जाता है, वीणा के बन्धन का उपरिभाग।

निबर्हण (न०)–मारण, मारना।

निभ (पु०)–तुल्य, सदृश, बराबर।

निभालन (न०)–दर्शन, अवलोकन।

निभृत (वि०)–बीता हुआ काल, भूतकाल।

निभृत (वि०)–नम्र, विनीत, निर्जन, निश्चल, अटल, अस्तासन्न, छिपने के समीप पहुंचा हुआ।

निमज्जथु (पु०)–शयन, सोना, जलावगाहन, मौनावलम्बन, चुप रहना।

निमज्जन (न०)–स्नान, अवगाहन, चञ्चलतारहित स्थिति, मौनधारण।

निमन्त्रण (न०)–उत्सवविशेष में भोजनार्थ बुलाना, भोजन के लिये बुलावा भेजना, आह्वान, नियोजनविशेष।

निमय(पु०)–विनिमय, अदलाबदली।

निमान (न०)–मोल, क़ीमत, मूल्य।

निमि (पु०)–स्वनाम से प्रसिद्ध राजा इक्ष्वाकु का वंशज।

निमित्त-क (न०)–हेतु, सबब, कारण, चिन्ह, निशान, शकुन, उद्देश्य।

निमित्तकारण (न०)–तीन प्रकार के कारणों में से एक अर्थात् तृतीय कारण।

निमित्तवित्(पु०)–ज्योतिषी, दैवज्ञ।

निमिष (पु०)–विष्णु, समयविशेष, आंख का मींचना, चक्षुर्मीलन।

निमीलन(न०)–मृत्यु, मरना, संकुञ्चित होना, आंख मीचना, वर्त्मगत रोगविशेष।

निमेष(पु०)–नेत्र के स्वाभाविक स्फुरण का काल, नेत्र का मींचना, समयविशेष, पलक का फड़कना, पक्ष्मस्पन्दन।

निमेषकृत्(स्त्री०)–बिजली, विद्युत्।

निमेषरुक् [च्] (पु०)–खद्योत, पटवीजना, जुगनू।

निम्न(वि०)–गहरा, नीचा, गम्भीर। पु०–अनमित्र का पुत्र, सत्राजित और प्रसेन का पिता।

निम्नगा(स्त्री०)–नीचे स्थान से जाने वाली नदी, नदीमात्र। वि०–नीचे जाने वाला।

निम्नोन्नत (वि०)–नीचा और ऊंचा, उन्नतानत।

निम्ब(पु०)–नींब का वाचक।

निम्लोचन (न०)–छिपने के समीप, अस्तप्राय।

नियत(वि०)–निश्चित, नित्य, सेवा में तत्पर, सदाचरणयुक्त, जितेन्द्रिय।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निरुपद्रव (वि०)–उपद्रवरहित, उत्पातशून्य ।

निरुपम (वि०)–जिस की कोई उपमा न हो, अनुपम, उपमारहित ।

निरुपाख्य(वि०)-जो मन वाणी से प्रकाशित न किया जा सके, परमात्मा, परब्रह्म, अव्यक्तस्वरूप, मिथ्या पदार्थ, बन्ध्यापुत्रादि ।

निरुपेक्ष (वि०)–बेपर्वाह, उपेक्षारहित-अनुपेक्ष ।

निरूढ (पु०)–शक्ति के सदृश लक्षणा से अर्थ का द्योतक शब्द । वि०-विना विवाहा पुरुष, अनुद्वाहित ।

निरूढलक्षणा (स्त्री०)–शक्ति के समान लक्षणा, वह लक्षणा जो व्याकरण तथा कोष से प्रसिद्ध अर्थमें शक्ति के तुल्य लक्षणरूप शब्दार्थ को प्रकाशित करे ।

निरूढा (स्त्री०)–वह लक्षणा जो शब्द की शक्ति को प्रकाशित करे ।

निरूढि (स्त्री०)–ख्याति, प्रसिद्धि, शोहरत ।

निरूपण (न०)–विचार, निदर्शन, मिसाल, दृष्टान्त, प्रकाश, अच्छे प्रकार से विचारना, वह विचार जिस में तत्त्वज्ञानानुकूल शब्द का प्रयोग किया जावे ।

निरूपित (वि०)–वर्णित, निरूपण किया हुआ, कृतनिरूपण, लगाया हुआ, नियुक्त ।

निर्ऋति (स्त्री०)–अलक्ष्मी, लक्ष्मी की ज्येष्ठा भगिनी, घृणास्पद । पु०-दक्षिण और पश्चिम की दिशा का स्वामी । वि०-उपद्रवरहित ।

निर्ऋथ (पु०)–सामवेद का वाचक ।

निरोढव्य (वि०)–रक्षा करने के योग्य, रक्षणीय ।

निरोध (पु०)–नाश, आपत्ति, निग्रह, रोक, प्रलय ।

निरोधन (न०)–रोकना, बन्द करना, कारागारादि में डालना ।

निर्गत (वि०)–बाहर गया हुआ, बहिःप्राप्त । [वाला

निर्गन्ध (वि०)–गन्धरहित, बेगन्ध

निर्गन्धन(न०)–मारना, नाश करना, मारण, निर्ग्रन्थन । [वृक्ष ।

निर्गन्धपुष्पी (स्त्री०)-शालनलि का

निर्गुण (पु०)–सत्त्व, रजः और तमोगुण से रहित, परमात्मा ।

निर्गुण्डी (स्त्री०)-जिस में रस न हो, नीरस, कमल की मूल, सिन्धुवार नामक एक वृक्ष ।

निर्गूढ (पु०)–वृक्ष का खकोडर, वृक्षकोटर। वि०-ढका हुआ, संवृत, गुप्त ।

निर्ग्रन्थ-क(पु०)–नंगा, नग्न, दिगम्बर, एक मुनि, जुआरी, निर्धन, मूर्ख, बौद्धभेद । वि०-ग्रन्थनिर्गत, जिस के हृदय से क्रोधाहङ्काररूप गांठ निकल गई हो, निस्सृतहृदयग्रन्थि, असहाय ।

निर्ग्रन्थिक(पु०)–वह पुरुष जो कौपीन भी धारण न करे, क्षपणक । वि०-निपुण, निर्गुण, ग्रन्थिरहित ।

निर्घात(पु०)–वह शब्द जो वायु

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वायु की चोट पड़ने से होता है, परस्पर दो पवनों के टकरा जाने का शब्द, भूकम्प, भूचाल, नाश।

निर्घृण (वि०)–निर्दय, दयारहित, बेरहम, दया न करने वाला।

निर्घोष(पु०)–प्रत्येक प्रकार का शब्द, शब्दमात्र।

निर्जन (वि०)–जनरहित स्थानादि, विजन, वह प्रदेश जहां कोई भी जन न हो, एकान्त।

निर्जर(पु०)–देवता, देव। वि०–बृद्धावस्था से रहित। [पर्णी।

निर्जरा(स्त्री०)–गिलोय, गुडुची, तालनिर्जल(वि०)–जलरहित देशादि।

निर्जलैकादशी (स्त्री०)–ज्येष्ठ मास के शुक्लपक्ष की एकादशी, निर्जला एकादशी जिस में आचमन के अतिरिक्त जल पीना वर्जित है।

निर्जित(वि०)–पराजय को प्राप्त हुआ, विजित, वश में हुआ, वशीकृत।

निर्जीव (वि०)–जीवात्मरहित, मृत, मृतशरीर, प्राणिशून्य, ऐसा शरीर जिसे जीव ने छोड़ दिया हो।

निर्झर (पु०)–झरना, पर्वत से जल निकलने का स्रोत, पर्वतावतीर्णजलप्रवाह।

निर्झरी(स्त्री०)–नदी, दरिया।

निर्झरी [न्](पु०)–पर्वत, पहाड़।

निर्झरिणी (स्त्री०)–झरने के जलप्रवाह से उत्पन्न हुई नदी।

र्णय (पु०)–अवधारण, निश्चय, यक़ीन, फ़ैसला, मीमांसा के पांच अवयवों में से अन्तिम, ज्ञान।

निर्णिक्त (वि०)–साफ़ किया हुआ, शोधित, जिस का मल दूर हो गया हो, अपनीतमल।

निर्णीत (वि०)–निर्णय किया हुआ, निश्चय किया हुआ, निश्चयीकृत।

निर्णेजक(पु०)–रजक, धोबी।

निर्दट(वि०)–दूसरों की बुराई में लगा हुआ, परापवादरत, निर्दय, तीव्र, प्रयोजनरहित, मत्त।

निर्दय(वि०)–दयारहित, बेरहम।

निर्दहन (पु०)–भल्लातक, भिलावा, जिस में से आग दूर हो गई हो, अग्निशून्य।

निर्दहनी(स्त्री०)–सूर्वानामक लता।

निर्दिग्ध(वि०)–बली, बलवान्, बलिष्ठ।

निर्दिष्ट(वि०)–निश्चय किया हुआ, निश्चित, बतलाया हुआ, कथित, आदिष्ट, उपदिष्ट।

निर्देश(पु०)–आज्ञा, हुक्म, शासन, द्योतित करने वाला शब्द, रूप और नाम; वेतन। वि०–देश से निकाला हुआ।

निर्देष्टा [ष्टृ] (पु०)–निर्देशकर्त्ता, उपदेष्टा, उपदेशक। [बेक़सूर।

निर्दोष(वि०)–दोषरहित, अनपराधी,

निर्धन (पुं०)–बूढ़ा बैल, जरद्गव। वि०–दरिद्र, ग़रीब, धनहीन।

निर्धर्म (वि०)–धर्म न करने वाला, धर्महीन।

निर्धार (पु०)–निश्चय, जाति गुण और क्रिया को लक्ष्य में रखकर

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

जात्यादि की उत्कृष्टता से सजातीय से पृथक् करना, यथा—मनुष्यों में ब्राह्मण, गौओं में काली गौ और पथिकों में शीघ्रगामी श्रेष्ठ है।

निर्धारण(न०)—पूर्ववत्।

निर्धारित(वि०)—निश्चय किया हुआ, निश्चयीकृत, निर्णीत, फैसला किया हुआ, विदित किया गया, निर्धारणीय विषय।

निर्धार्य (वि०)—निर्धारण करने योग्य, निर्धारयितव्य, विचारने योग्य।

निर्धूत (वि०)—खण्डित, त्यागा गया, निरस्त, डाटा हुआ, भर्त्सित।

निर्धौत (वि०)—धोया हुआ, प्रक्षालन किया गया, प्रक्षालित।

निर्द्वन्द्व (वि०)—सुख दुःख, शीत उष्ण, लाभालाभ और रागद्वेष के से जोड़े से शून्य।

निर्बन्ध (पु०)—हठ, आग्रह, अभिनिवेश अभिलषित वस्तु की प्राप्ति में बार २ प्रयत्न, अर्ज़, अभ्यर्थना, प्रार्थना।

निर्बाध (वि०)—जिस से पीड़ा दूर हो गई हो, उपद्रवरहित, बेरोक, विना कष्ट।

निर्भट (वि०)—मज़बूत, दृढ़।

निर्भय (वि०)—भयरहित, निश्शङ्क। पु०—उत्तम अश्व, श्रेष्ठ घोड़ा, रौच्य मनु का पुत्र।

निर्भर (न०)—जिस में अधिक भार हो, अतिशय, अतिमात्र, जो अत्यधिक हो।

निर्भर्त्सित (वि०)—डाटा हुआ, निन्दित, तिरस्कृत, छोड़ दिया गया, नष्ट किया हुआ।

निर्भाग्य (वि०)—भाग्यहीन, मूढ, अल्पपटु, मन्द।

निर्मद (पु०)—ऐसा हस्ती जिस का मद दूर हो गया हो। वि०—मदशून्य।

निर्मम (वि०)—जिस का अपनापन जाता रहा हो, ममत्वरहित, स्त्री पुत्रादि में ममता न करने वाला।

निर्मल (वि०)—रागादि वा रजस्तमो गुण आदि मल से रहित, शुद्ध, मल को दूर करने वाला, कतक नामक वृक्ष का फल जो कि जल में डालने से उस के सब मल को दूर कर देता है।

निर्मलोपल(पु०)—शुद्धपत्थर, स्फटिक।

निर्माल्य (न०)—देवता पर चढ़ाया हुआ द्रव्य, देवोच्छिष्ट वस्तु, देवता के विसर्जनानन्तर उस को समर्पण किया हुआ द्रव्य।

निर्मुक्त (पु०)—वह सर्प जिस ने केंचुली उतार दी हो, मुक्तकञ्चुक, त्यक्तत्वक्सर्प। वि०—संगरहित, अपने पास कुछ न रखने वाला, निष्परिग्रह, बन्धनरहित।

निर्मुट (न०)—वह दूकान जिस पर कर न हो, करशून्य हट्ट। पु०—पुष्परहित वृक्ष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निर्मोक (पु०)–केंचुली, सर्प की खाल, सर्पत्वक्, त्वङ्मात्र, कवच, सन्नाह, बख्तर, आकाश।

निर्मोक्ष (पु०)–त्याग का वाचक।

निर्यन्त्रण (वि०)–बाधाशून्य, निरर्गल, बेरोक, यन्त्रणारहित, उच्छृंखल।

निर्याण (न०)–हस्ती के नेत्र का कोना, गजापाङ्ग देश, जञ्जीर, वह रस्सी जिससे पशुओं के पांव बांधे जाते हैं, मोक्ष।

निर्यातन (न०)–वैर का शोधन, शत्रुप्रतीकार, धरोहर का समर्पण करना, ऋणादि का शोधन, दान, त्याग, प्रतिदान। [कर्णधार।

निर्यामक (पु०)–मल्लाह, नाविक,

निर्यास (पु०)–काढ़ा, क्वाथ, कषाय, गोंद, वृक्ष का रस, रस।

निर्युक्तिक (वि०)–युक्तिशून्य, जिस के पास युक्ति न हो।

निर्यूष (पु०)–क्वाथ, कषाय, काढ़ा।

निर्यूह (पु०)–द्वार, दरवाज़ा, क्वाथ, काढ़ा, नागदन्त, खूंटी, मुकुट, शिखर, चोटी। [लक्षणशून्य।

निर्लक्षण (वि०)–लक्षण से रहित,

निर्लिप्त (पु०)–विष्णु, श्रीकृष्ण, निरीह। वि०–लेपरहित।

निर्लेप (वि०)–आसक्तिरहित, लेपशून्य, निष्पाप।

निर्वयनी (स्त्री०)–केंचुली, सर्प की खाल, सर्पत्वक्।

निर्वचन (न०)–वह व्याख्या जो प्रकृति (धातु) और प्रत्यय के विभाग दिखलाने पूर्वक अर्थ को प्रकटित करे, निरुक्ति, अर्थ का निष्कर्ष, पूर्णरूप से कथन, चुप, मौन।

निर्वपन (न०)–दान, देना, पिण्डदान, श्राद्ध करना, अन्नादि का बांटना, बोना, बीजवपन।

निर्वर्त्तित (वि०)–सीमा तक पहुंचा हुआ, निष्पादित, पूर्ण किया गया, पूर्णित।

निर्वहण (न०)–नाट्योक्तिमें आरम्भ की हुई कथा की पूर्त्ति, प्रस्तुत कथा की समाप्ति, अन्त, नाश, नाटक की सन्धिविशेष।

निर्वाण (न०)–मुक्ति, मोक्ष, अपवर्ग, विश्रान्ति, समाप्ति, हस्ती का स्नान, नाश। वि०–मुक्त, शान्त, विष्णु, शून्य, निश्चल।

निर्वात (वि०)–वायु के सञ्चार से रहित देश, वायुरहित।

निर्वाद (पु०)–लोकनिन्दा, बदनामी, जनश्रुति, शोहरत, अवज्ञा, निश्चितवाद, विवादाभाव।

निर्वाप (पु०)–मृत पितरों के उद्देश्य से श्राद्ध आदि में क्रियादान, भिक्षा के लिये दान। [दान।

निर्वापण (न०)–बध, मारना, देना,

निर्वार्य (वि०)–सत्वसम्पदा से निश्शङ्क होकर कार्य करने वाला, भय, पराक्रम, व्यसन और ऐश्वर्य की वृद्धि में मन की अविकृत दशा

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

को सत्व कहते हैं उस सत्व की सम्पदा से उद्योग करता हुआ निर्भीक होकर कार्य करने वाला।

निर्वासन(न०)–ग्राम वा देश से पृथक् करना, निकालना, देश से निकाल देना, मारदेना, विसर्जित करना।

निर्वाह (पु०)–कार्य का सम्पादन, कार्यप्रबन्ध, पूर्ण करना, समाप्ति, निष्पत्ति, आजीविका, अन्त।

निर्वाहण(न०)–नाट्योक्ति में प्रस्तुत कथा की समाप्ति।

निर्विकल्प-क(न०)–वह ज्ञान जिससे ज्ञात और ज्ञेय का विभाग, विशेष्य और विशेषण रूप सम्बन्ध वा नाम तथा गुणत्व का सम्बन्ध दूर हो गया हो; जीव और ब्रह्म की अखण्डाकार एकत्वविषयक वृत्ति का द्योतक ज्ञान; न्याय-शास्त्र में वह ज्ञान जो प्रकारता आदि से रहित, सम्बन्धानवगाहि और इन्द्रियों के गोचर न हो।

निर्विकार (वि०)–विकार से रहित, विकारशून्य। पु०—परमात्मा, जन्ममृत्यु आदि षड् विकारों से पृथक्।

निर्विण्ण (वि०)–वैराग्य वाला, उदासीन, अनुतापित, पश्चात्ताप-युक्त, पछताने वाला।

निर्विन्ध्या (स्त्री०)–विन्ध्य नामक पर्वत से निकली हुई नदी।

निर्विषा (स्त्री०)–वह औषध जिस के सेवन से विष नष्ट हो जाता है, निर्विषी, विषापहा, तृणविशेष।

निर्वीजा (स्त्री०)–वह दाख जिस में बीज न हों, द्राक्षाविशेष।

निर्वीर (वि०)–वीररहित, वह देश वा नगर जिस में कोई शूर पुरुष न हो।

निर्वीरा (स्त्री०)–वह स्त्री जिस के पति और पुत्र न हों, पतिपुत्र-विहीना स्त्री।

निर्वृति (स्त्री०)–सुन्दर स्थिति, सुख, अस्त हो जाना, छिप जाना, अस्तङ्गमन, मुक्ति, मोक्ष, मृत्यु, शान्ति।

निर्वृत्त (वि०)–निष्पन्न, सम्पादित, पूर्ण किया हुआ, वृत्तिशून्य, बिना आजीविका वाला।

निर्वृत्ति(स्त्री०)–सम्प्राप्ति, प्राप्त होना, आगति। वि०-वृत्तिरहित।

निर्वेद (पु०)–अपना तिरस्कार, स्वावमान, पश्चात्ताप, औदासीन्य, विरक्ति, वैराग्य, सांसारिक पदार्थों से बहिर्मुख होना। वि०-वेदरहित

निर्वेश (पु०)–वेतन, तनख्वाह, भोग मूल्य, विवाह, प्राप्ति।

निर्व्यथन (न०)–छिद्र, सूराख़, बिल, व्यथाभाव।

निर्व्यूढ (वि०)–छोड़ा हुआ, त्यक्त, समाप्त, असमाप्त, जो पूरा न हुआ हो, सत्यता से पूर्ण किया हुआ, बढ़ाया हुआ।

निर्हरण (न०)–मुर्दे का जलाना, शव-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

दाह, पूर्णरूप से ले जाना, निः-शेषहरण, दाह के लिये मृतक का लेजाना।

निर्हार (पु०)-गड़े हुए कांटे आदि का निकालना, मल और मूत्रादि का परित्याग, मृत शरीर को दाहार्थ बाहर ले जाना, मूलोच्छेदन, यथेष्टविनियोग।

निर्हारी [न्] (पु०)-वह गन्ध जो दूर तक फैलने वाला हो। वि०-शव को जलाने के लिये बाहर ले जाने वाला।

निर्ह्राद (पु०)-शब्द, आवाज़, ध्वनि।

निलय (पु०)-घर, गृह, स्थान, रहने की जगह।

निलिम्प (पु०)-देवता, देव।

निलिम्पनिर्झरी (स्त्री०)-देवनदी, गङ्गा। [की गौ, सौरभेयी।

निलिम्पा-म्पिका (स्त्री०)-देवताओं

निलीन (वि०)-छिपा हुआ, संलग्न, व्याप्त।

निवपन(न०)-वह दान जो मृत पितरों के उद्देश्य से दिया जाता है।

निवरा (स्त्री०)-कुमारी, अविवाहिता कन्या, वह कन्या जिसका विवाह न हुआ हो। [स्थान।

निवसति (स्त्री०)-घर, गृह, आवास-

निवसथ (पु०)-ग्राम, गांव।

निवसन (न०)-घर, गृह, वस्त्र, आच्छादन, वास, कपड़ा।

निवह (पु०)-गिरोह, समुदाय, झुण्ड, सातप्रकार के पवनों में से एक।

निवात (वि०)-वायुशून्य, विना वायु वाला देश। पु०-ऐसा कवच जो शस्त्र से न काटा जा सके, शस्त्राभेद्य कवच।

निवातकवच (पु०ब०)-प्रह्लाद नामक दैत्य के पुत्र जिन्हें इन्द्र के उपदेश से अर्जुन ने मारा था, एक देव का नाम।

निवाप(पु०)-मृत पितरों के नाम पर दिया दान, पितृदान, खेत, क्षेत्र।

निवारण(न०)-निश्चय दूर करना, निराकरण।

निवारित (वि०)-जिस का निवारण कर दिया गया हो, कृतनिवारण।

निवास (पु०)-गृह, घर, आश्रय।

निवासी[न्] (वि०)-निवास करने वाला, निवासकर्त्ता।

निविड (वि०)-छिद्ररहित, अवकाशशून्य, स्थूल, मोटा, सघन, सान्द्र, घिनका।

निविष्ट(वि०)-निवेशयुक्त, प्रविष्ट, कृतप्रवेश।

निवीत (न०)-कण्ठ में लटका हुआ यज्ञोपवीत, कण्ठलम्बितयज्ञसूत्र। वि०-आच्छादनवस्त्र।

निवीती[न्](न०)-कण्ठ में लम्बायमान यज्ञसूत्र वाला, कण्ठलम्बितयज्ञोपवीतयुक्त।

निवृत्त (न०)-मना, निषेध, हटा हुआ, निरत, लौटा हुआ। वि०-मौनधारण किये हुए, मौनावलम्बी।

निवृत्तात्मा [न्] (पु०)-जिसका आत्मा शरीरादि के बन्धन से पृथक् हो, परमात्मा। [अप्रवृत्ति।

निवृत्ति (स्त्री०)-हटना, दूर होना, उपरम,

निवेदन (न०)-सम्मानपूर्वक जतलाना, विज्ञापन, दरख्वास्त, समर्पण, सौंपना।

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निवेदित (वि०)-निवेदन किया हुआ, विज्ञापित, कृतनिवेदन।
निवेश (पु०)-विन्यास, स्थापन, रखना, सेना के ठहरने का स्थान, विवाह।
निवेशन (न०)-घर, गृह, नगर, स्थापन।
निवेशनीय (वि०)-प्रवेश करने योग्य, निवेशार्ह।
निवेश्य (वि०)-निवेश के योग्य, विवाह के लायक़, विवाह्य, ऋणमुक्ति के लिये शोधनीय।
निश्(स्त्री०)-रात्रि, रात, हल्दी।
निशठ(पु०)-बलदेवजी का पुत्र।
निश[शा] मन (न०)-दर्शन, देखना, सुनना, श्रवण।
निशा (स्त्री०)-रात, रात्रि, हल्दी, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, धनु और मकर इन लग्नों की संज्ञा। [मुर्गा।
निशाकर(पु०)-चन्द्रमा, चांद, कुक्कुट,
निशागण(पु०)-रात्रियों का समूह।
निशाचर(पु०)-जो रात्रि में विचरे, राक्षस, दैत्य, उलूक, चोर, शृगाल, सर्प, सांप, चक्रवाक, चकवा नामक पक्षी, पिशाच। वि०-रात में घूमने वाला।
निशाचरी(स्त्री)-राक्षसी, व्यभिचारिणी, कुलटा स्त्री। [कार।
निशाचर्म [न्] (न०)-अंधेरा, अन्ध-
निशाजल (न०)-ओस, पाला, बर्फ़।
निशाट (पु०)-उलूक, उल्लू। वि०-रात्रि में विचरने वाला।
निशाटन (पु०)-पूर्ववत्।
निशात (वि०)-तेज़ किया हुआ, शाण पर चढ़ा हुआ, तीक्ष्णीकृत।
निशाद (पु०)-भील, निषाद। वि०-रात्रि में भोजन करने वाला, रात्रिभुक्।
निशादि (स्त्री०)-संध्या समय।
निशान्त(न०)-गृह, घर, प्रातःकाल। वि०-अतिशान्त।
निशापति (पु०)-चन्द्रमा, कर्पूर।
निशासणि (पु०)-चन्द्रमा।
निशामन (न०)-देखना, अवलोकन, सुनना, श्रवण।
निशामृग (पु०)-शृगाल, गीदड़।
निशारण (न०)--मारण, मारना, रात्रि का युद्ध।
निशारत्न (न०)-चन्द्रमा, चांद।
निशावृन्द(न०)-रात्रिसमूह, रात्रिगण
निशावेदी [न्] (पु०)-कुक्कुट, मुर्ग़ा।
निशाहस (पु०)-कुमुद नामक कमल।
निशाह्वा (स्त्री०)-हल्दी, हरिद्रा।
निशित(वि०)-शाण पर चढ़ाया हुआ, तेज़ किया हुआ। न०-लौह।
निशीथ (वि०)-आधीरात, अर्द्धरात्र, रात्रिमात्र।
निशीथिनी (स्त्री०)-रात्रि, रात।
निशीथिनीनाथ(पु०)-चन्द्रमा, चन्द्र।
निशीथ्या (स्त्री०)-रात्रि, रात।
निशुम्भ (पु०)-एक दैत्य जो कि कश्यप की दनुनाम्नी भार्या में उत्पन्न हुआ और शुम्भ का कनिष्ठ भ्राता था।
निशुम्भन (पु०)-मारण, मारना।
निशुम्भमर्दिनी(स्त्री०)-दुर्गा का वाचक।
निशुम्भी (स्त्री०)-बुद्धिविशेष, वह

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बुद्धि जिस से अज्ञानकृत अन्धकार दूर हो जावे।

निश्चय (पु०)–संशयरहित ज्ञान, निर्णय, वह अर्थालङ्कार जिस में अन्य को निषिद्ध कर दूसरे प्रकरणभूत की स्थापना की जाय, सिद्धान्त।

निश्चल (वि०)–चञ्चलतारहित, स्थिर, स्थायी, पक्का, असम्भावना और प्रतिकूलभावना से शून्य, पृथ्वी, ज़मीन।

निश्चला (स्त्री०)–शालपर्णी नामक औषध, पृथ्वी, भूमि, एक नदी, वि०-अचल।

निश्चलाङ्ग (पु०)–पर्वतादि, बक, बगुला। वि०-स्पन्दनशून्य।

निश्चायक(वि०)–निर्णय करने वाला, निर्णायक, निश्चयकर्त्ता, फ़ैसला करने वाला।

निश्चारक (पु०)–मल का क्षय, पुरीषक्षय, पवन, स्वतन्त्र। [रहित।

निश्चिन्त(वि०)–चिन्ताशून्य, चिन्ता-

निश्चीयमान (वि०)–निश्चय किया विषय, निश्चितविषय, निश्चय किया जाने योग्य विषय।

निश्चुक्कण (न०)–दांत साफ़ करने की मिस्सी, दन्तशाण,।

निश्चेष्ट(वि०)–चेष्टाशून्य, निश्चेष्टित।

निश्वास (पु०)–मुख और नाक से बाहर निकला प्राणवायु, बहिर्मुखश्वास, श्वास, सांस।

निश्वाससंहिता (स्त्री०)–शिवप्रणीत एक संहिता।

निषङ्ग (पु०)–तूणीर, तर्कश, इषुधि।

निषङ्गथि (पु०)–आलिङ्गन, चिपटना, तृणविशेष, स्कन्ध, सारथि, रथ, धनुर्धारी। वि०-आलिङ्गन करने वाला।

निषङ्गी [न्](वि०)–धनुर्धर, धनुष्मान्, धन्वी। पु०-धृतराष्ट्र का एक पुत्र।

निषण्ण (वि०)–बैठा हुआ, उपविष्ट।

निषद (पु०)–सात प्रकार के स्वरों में से पहिला, स्वनाम से प्रसिद्ध एक राजा।

निषद्या (स्त्री०)–सौदा बेचने की जगह, दुकान, पण्यविक्रयशाला, खटोला, क्षुद्रखट्वा, मंडी।

निषद्वर (पु०)–कीचड़, पंक, कर्दम, जम्बाल, कामदेव का नाम।

निषद्वरी (स्त्री०)–रात, रात्रि।

निषध (पु०)–एक पर्वत जो इलावृत के दक्षिण भाग में हरिवर्ष की सीमा का द्योतक है, एक देश और तद्देशवासी, तद्देशीय राजा, कठिन, सख़्त, सूर्यवंशीय श्रीरामचन्द्र का प्रपौत्र, कुशपुत्र अतिथि का तनय, निषाद नामक स्वर।

निषाद (पु०) वीणा से उत्पन्न शब्द, कण्ठ से निकली ध्वनि, ब्राह्मण-वर्ण से शूद्रा में उत्पन्न पारशव नामक वर्णसङ्कर जाति, चण्डाल, धीवरभेद, एक स्वर।

निषादी [न्] (पु०)–हस्तिपाल, पील-

In Public Domain. Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वान्, हस्त्यारोह, जो हाथी को चलावे वा बैठावे।

निषिद्ध(वि०)–रोका हुआ, मना किया हुआ, हटाया गया, निवारित, निषेधविषय।

निषेक (पु०)–गर्भाधानसंस्कार, सिंचन, सींचना। न०–रेतः, वीर्य।

निषेध(पु०)–प्रतिषेध, मना, निवृत्ति।

निषेवण(न०)–सेवा, सत्कार, पूजा।

निषेव्य(वि०)–सेवा करने योग्य, सेवनीय, पूज्य, सत्कारार्ह।

निष्क् (१० आ०)–नाप करना, तौल करना, मान।

निष्क (अखी०)–सुवर्ण, सोना, स्वर्ण का बना आभूषण, वह परिमाण जो १६ माषे का हो, हार, वक्षःस्थल का भूषण, १०८ रक्तिका (रत्ती) परिमित स्वर्ण, स्वर्णनिर्मितपात्र, ४ माषे का परिमाण।

निष्कर्ष(पु०)–निचोड़, विस्तृत बात का तत्त्व वा सार, इतना परिमाण, इयत्तापरिच्छेद, विश्वास, भरोसा, यक़ीन।

निष्कल (वि०)–कलारहित, नष्टवीर्य, वह पुरुष जिस का वीर्य नष्ट हो गया हो, ब्रह्म। पु०–आश्चर्य, सहारा।

निष्कला (स्त्री०)–वह स्त्री जिस का रजोधर्म नष्ट हो गया हो, विगतार्त्तवा, वृद्धा स्त्री।

निष्कली (स्त्री०)–ऋतुहीना, निवृत्तरजस्का स्त्री।

निष्काशि [सि] त (वि०)–निकाला हुआ, दूर किया हुआ, दूरीकृत, बहिष्कृत।

निष्कुट(पु०)–घर के समीप का उपवन, बग़ीचा, गृहनिकटोपवन, क्षेत्र, खेत, अन्तःपुर।

निष्कुटि-टी(स्त्री०)–इलायची, एला।

निष्कुशित (वि०)–निकाला हुआ, निष्काषित।

निष्कुषित(वि०)–तोड़ा हुआ, खण्डित, त्रुटित, त्वचा से दूर किया हुआ।

निष्कुह (पु०)–पेड़ की खखोड़र, वृक्षकोटर।

निष्कृति (स्त्री०)–पापादि से दूर होना, छुट्टी पाना, निस्तार, निर्मुक्ति, अग्निविशेष।

निष्क्रम(पु०)–बुद्धि की शक्ति, निर्गम, निष्क्रमण नामक संस्कार, खोटा कुल, दुष्कुल। [निर्गत।

निष्क्रान्त (वि०)–निकला हुआ,

निष्क्रिय(न०)–ब्रह्म, परमात्मा। वि०–क्रियाशून्य।

निष्ठ (वि०)–ठहरा हुआ, स्थित।

निष्ठा(स्त्री०)–नाश, निष्पत्ति, अन्त, याच्ञा, प्रार्थना, प्राप्य, दुःख, नाट्योक्ति में प्रस्तुत कथा की पूर्णता वा समाप्ति, गुरुसेवा, धर्मादि का यक़ीन, व्याकरण में 'क्त' और 'क्तवतु' नामक दो प्रत्यय।

निष्ठित(न०)–सम्यक् प्रकार से स्थित होने वाला, निश्चयरूप से स्थित,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अच्छे प्रकार से जानने वाला, सम्यग्ज्ञाता।

निष्ठि [ष्ठी] व (पु०)–थूकना, मुख से कफ का निकालना।

निष्ठीवन (न०)–पूर्ववत्।

निष्ठुर (पु०)–कठिन, सख्त, परुष-वचन, कठोर वचन बोलना, क्रुवचन निकालना। वि०–तत्स्वभाव वाला। [थूका हुआ।

निष्ठ्यूत (वि०)–फेंका हुआ, क्षिप्त,

निष्ठ्यूति (स्त्री०)–पूर्ववत्।

निष्ठेवन (न०)–पूर्ववत्।

निष्णात (वि०)–सम्यक्प्रकार से स्नान किया हुआ, चतुर, निपुण, विज्ञ, पारङ्गत।

निष्पत्ति (स्त्री०)–पूर्त्ति, समाप्ति, पूरापन, फल, परिणाम, नतीजा, सिद्धि, निबटेरा, अन्त।

निष्पत्राकृति (स्त्री०)–अतिपीडा, अत्यन्त दुःख, बड़ी व्यथा, बाण का दूसरी तरफ़ से निकालना।

निष्पत्रिका (स्त्री०)–करीर का वृक्ष।

निष्पदयान (न०)–वह यान जिस के पांव न हों, नौका आदि।

निष्पन्न (वि०)–पूर्ण हुआ, सम्पन्न, समाप्त, सिद्ध।

निष्परिग्रह (वि०)–सांसारिक सामग्रियों से रहित, परमहंस, संन्यासी, साधु। वि०–त्यक्तसंग।

निष्पादित (वि०)–समाप्त किया हुआ, संपादन किया गया, कृतसम्पादन, सिद्ध किया हुआ।

निष्प्रतिभ (वि०)–दीप्तिशून्य, कान्तिरहित, मूर्ख, जड़।

निष्प्रत्यूह (वि०)–विघ्नरहित, निर्विघ्न।

निष्प्रभ (वि०)–कान्तिशून्य, प्रभारहित

निष्प्रयोजन (वि०)–प्रयोजनरहित, विना मतलब।

निष्फल (वि०)–विना फल, फलरहित।

निष्फला (स्त्री०)–वह स्त्री जिस का ५५ वर्ष की अवस्था के उपरान्त रजोधर्म नष्ट हो गया हो।

निसर्ग (पु०)–स्वभाव, आदत।

निसूदन (न०)–बध, हिंसन, मारना। वि०–विनाशक।

निसृष्ट (वि०)–त्यक्त, फेंका हुआ, छोड़ा हुआ, रक्खा गया, मध्यस्थ।

निसृष्टार्थ (वि०)–दूतविशेष, सन्देशहारक।

निस्तल (वि०)–तलरहित, गोल, वर्त्तुल।

निस्तेजाः [स्] (वि०)–तेजःशून्य, तेजोरहित।

निस्त्रिंश (पु०)–तलवार, खड्ग।

निस्पृह (वि०)–सांसारिक विषयवासनाओं से रहित, स्पृहाशून्य।

निस्पृहा (स्त्री०)–इच्छा का अभाव।

निस्य [ष्य] न्द (पु०)–झरना, टपकना, क्षरण, थोड़ा २ बहना। वि०–क्षरणशील।

निस्रा [स्र] व (पु०)–प्रवाह, दरिया, नदी, चावलों का मांड, बहना, झरना।

निस्व [स्वा] न (पु०)–शब्द, आवाज़।

निहनन (न०)–बध, मारण, मारना, क़त्ल करना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

निहन्ता [तृ] (वि०)–मारने वाला, बधकर्त्ता, महादेव ।

निहाका (स्त्री०)–गोधिका, गोसाप नामक जन्तुविशेष ।

निहार (पु०)–तुषार, हिम, बर्फ़ ।

निहित (वि०)–स्थापित, स्थापन किया हुआ, गुप्त, ठहरा हुआ, रक्खा हुआ ।

निह्नव (पु०)–गुप्त, छिपा हुआ, अन्य प्रकार से स्थित वस्तु को प्रकारान्तर से प्रकटित करना, शाठ्य, अविश्वास ।

निह्नुति (स्त्री०)–पूर्ववत् ।

निह्राद (पु०)–वह शब्द स्पष्ट रूपसे जिस का अर्थ विदित न हो अर्थात् अव्यक्त शब्द ।

निक्षण (न०)–चूमना, चुम्बन ।

निक्षा (स्त्री०)–यूका, जूं, ल्हीक ।

निक्षिप्त (वि०)–त्यक्त, त्यागा हुआ, न्यस्त, रक्खा हुआ, धरोहर, स्थापित धनादि ।

निक्षेप (पु०)–समर्पण की हुई वस्तु, क्षेपण, त्याग ।

नीक (पु०)–वृक्षविशेष ।

नीकार (पु०)–न्यक्कार, तिरस्कार, धिक्कार ।

नीकाश (वि०)–तुल्य, सदृश, बराबर, उपमा, निश्चय, यक़ीन ।

नीच (वि०)–पामर, विवर्ण, वामन, बौना, क्षुद्र, जाल्म, निहीन । पु०–चोर नामक गन्धद्रव्य ।

नीचकैः[स्](अ०)–नीचा, अल्प, अनुच्च, ...नात, परदा, प्रावरण,

नीचग (न०) ...जस से हिम और पवन पामर । ... हिमानिलप्रावरण ।

नीचगा (स्त्री०) ... हिम, पाला, बर्फ़

नीचभोज्य (पु०)–प्याज़, पलाण्डु ।

नीचैः [स्] (अ०)=नीचकैः ।

नीड (पु०)–घोंसला, पक्षियों का निवास-स्थान, स्थान ।

नीडज (पु०)–पक्षी, जानवर ।

नीडजेन्द्र(पु०)–गरुड़, पक्षियों का राजा।

नीत (वि०)–प्राप्त, ले जाया हुआ।

नीति (स्त्री०)–न्याय, शुक्राचार्य प्रभृतियों का रचा नीतिशास्त्र, प्रापण, प्राप्त करना ।

नीतिघोष (पु०)–बृहस्पति का रथ, न्याय की घोषणा, न्यायध्वनि ।

नीतिशास्त्र (न०)–वह शास्त्र जिस के द्वारा नीति का बोध हो, बृहस्पति, शुक्राचार्य, चाणक्य और कामन्दक आदि के निर्मित हितोपदेशादि ग्रन्थ ।

नीथ (पु०)–नियन्ता, जो प्राप्त करावे, प्रापयिता, नेत्र, स्तुति, जल ।

नीध्र(न०)–वन, चन्द्रमा, रेवती नामक नक्षत्र, वल्मीक, नेमि, धुरा ।

नीप (पु०)–कदम्ब का वृक्ष, बन्धूक का पेड़, नील अशोक का वृक्ष ।

नीर(न०)–जल, पानी, रस ।

नीरज (न०)–कमल, मुक्ता, मोती । वि०–जल से उत्पन्न होने वाला, धूलिरहित देश वा पुष्पादि पु०–उद्र नामक एक जलजन्तु ।

नीरद(पु०)–मेघ, बादल, नागरमोथ

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अच्छे प्रकार से सम्यगज्ञाता।

निष्ठि [ष्ठी] व (पु०)-कफ का निकालना, थूकना।

नीरन्ध्र (वि०)-छिद्ररहित, घन, सान्द्र, गाढ़ा, अनवकाश।

नीरस (पु०)-अनार, दाडिम। वि०-रसशून्य। [विलाव।

नीराखु (पु०)-जलविलाव, उद्र, उद्-

नीराजन (न०)-आरती करना, आश्विन मास में अश्वादि की पूजा करना, कर्पूर वा प्रज्वलित दीपक आदि से सत्कार करना, शंख में जल, शुद्धवस्त्र प्रदर्शन, आम्रपल्लवों से सिञ्चन और दण्डवत् प्रणाम करने पूर्वक सत्कार करना।

नीरुक् (अव्ही०)-रोगाभाव, स्वास्थ्य, अनामय। [कुष्ठौषध।

नीरुज (न०)-जिस से रोग दूर हो,

नील (पु०)-इलावृत नामक वर्ष की उत्तरदिशा में रम्यकवर्ष का एक मर्यादापर्वत, मणिविशेष, एक वानर का नाम, नीला रङ्ग, निधि विशेष, चिन्ह, वट का वृक्ष, अजमोढ़ का पुत्र, नागभेद। वि०-नीलवर्णयुक्त।

नीलकण्ठ (पु०)-जिस का कण्ठ नीले रंग का हो, महादेव, मयूर, ग्रामचटक, गांव का चिड़ा, खञ्जन, समोला नाम का एकपक्षी, चन्दन।

नीलकमल (न०)-नीले वर्ण का कमल, नीलपंकज, नीलाब्ज। [सखी।

नीलकुन्तला (स्त्री०)-पार्वती की एक

नीलग्रीव (पु०)-महादेव, शिव। वि०-नीलवर्ण की ग्रीवा वाला।

नीलङ्कु (पु०)-अतिक्षुद्र जन्तुमात्र का नाम, क्रिमिभेद, गीदड़, शृगाल।

नीलजा (स्त्री०)-वितस्ता नामक नदी।

नीलतरु (पु०)-नारिकेल, नारियल का वृक्ष।

नीलदूर्वा (स्त्री०)-हरितवर्ण की दूर्वा।

नीलपङ्क (न०)-अंधेरा, अन्धकार।

नीलपिङ्गला (स्त्री०)-एक प्रकार की गोजाति। [श्येन।

नीलपिच्छ (पु०)-बाज नामक पक्षी,

नीलमणि (पु०)-अपने नाम से प्रसिद्ध मणि।

नीलमाधव (पु०)-विष्णु, जगन्नाथ।

नीलमौलिक (पु०)-खद्योत, जुगनू।

नीललोहित (पु०)-जिस का कण्ठ नीला और बाल रक्तवर्ण के हों, शिव, महादेव, शिवनिमित्तक एक व्रत, नील और रक्तमिश्रित रंग।

नीलवर्षाभू (पु०)-काले रंग का मेंढक, कृष्णभेक। स्त्री०-पुनर्नवा औषध।

नीलवसन (पु०)-बलराम। वि०-नील वस्त्रों वाला। न०-नीला वस्त्र।

नीलवस्त्र (पु०)-पूर्ववत्।

नीलवासा (पु०)-शनिग्रह। वि०-नील वर्ण के वस्त्रों वाला।

नीलवृष (पु०)-कृष्णवर्ण का बैल, वृषविशेष; वह बैल जिसका रंग लाल और खुर, पुच्छ तथा शिर श्वेतवर्ण के हों। [एक नदी।

नीला (स्त्री०)-नीलवर्ण की मक्षिका,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नी[illegible]–सारस नामक पक्षी, न०–प्रतिदिन

नियति (स्त्री०)–भाग्य, प्रा[illegible], क़िस्मत, नियम ।

नियती(स्त्री०)–दुर्गा ।

नियतेन्द्रिय (वि०)–जिसने इन्द्रियें वश में करली हों, इन्द्रिय-दमनशील ।

नियन्ता[तृ] (पु०)–रथ चलाने वाला, सारथि, दण्डदाता । वि०–पशु को चलाने वाला ।

नियन्त्रित (वि०)–बाधारहित, अनर्गल, प्रतिरुद्ध, सम्यक् प्रकार से वशीकृत ।

नियम(पु०)–अङ्गीकार प्रतिज्ञा, इक़रार, विश्वास, निश्चय,एक व्रत, मीमांसाप्रतिपादित एक विधि; शौच, सन्तोष, तप, वेदपठन और ईश्वर में मन का लगाना ।

नियमित (वि०)–कृतनियम, बंधा हुआ, बद्ध ।

नियाम(पु०)–नियम ।

नियामक (पु०)–मल्लाह, कर्णधार, नाव चलाने वाला । वि०–स्वामी, मालिक ।

नियुक्त (वि०)–वह पुरुष जिस ने विधवा के साथ नियोग किया हो, नियोगविशिष्ट, निश्चित, अवधारित, आज्ञा किया हुआ, आज्ञप्त ।

नियुत (न०)–१०००००० दश लक्ष की संख्या का वाचक । [लड़ना ।

नियुद्ध (न०)–बाहुयुद्ध, भुजा[illegible]

नीशार(पु०)–कनात, परदा, आवरण, मशहरी जिस से हिम और पवन रुक सकें को हिमानिलआवरण । सन्तानाचार, हिम, पाला, बर्फ़

नियोग्य (वि०)–लगाने वितर्क, नियोगार्ह, स्वामी, मा[illegible] हुआ,

नियोजन (न०)–काम [illegible] आज्ञा देना, मुक़र्रिर क[illegible], स्तुत,

नियोज्य(वि०)–कार्य में लग[illegible] भृत्य, प्रेष्य, नौकर ।

निर् (अ०)–मना, निषेध, [illegible]नव । नहीं, बाहिर ।

निरग्नि (पु०)–अग्निहोत्रादि शून्य; होमाग्नि से रहित ।

निरङ्कुश (वि०)–जिसका कोई प्रतिबन्धक न हो, बाधाशून्य, अनिवार्य ।

निरञ्जना (स्त्री०)–अन्धकाररहित,पूर्णिमा। वि०–अज्ञानरहित ।

निरंश(वि०)–अंशरहित,पतित,भागशून्य, संक्रान्ति का दिवस ।

निरत (वि०)–नियुक्त, लगा हुआ ।

निरत्यय (वि०)–नाशरहित, छलरहित, कपटशून्य,जो न रुक सके,अप्रतिरुद्ध ।

निरन्तर (वि०)–लगातार, निरवधि, सघन, अवकाशरहित, निर्भेद, विना फ़र्क़, अनात्मीय, अच्छिद्र ।

निरन्तराभ्यास (पु०)–जिसमें[illegible] रत में अभ्यास किया जा[illegible] त है ।

निरपत्रप (वि०)–[illegible] (पु०)–मनुष्यकपाल, बेशर्म । खोपड़ी ।

निरपेक्ष [illegible]

निरय [स्] (पु०)–देव, देवता, [illegible]क्षस ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अच्छे प्रकार सम्यग्ज्ञाता।

निष्ठि [ष्ठी] व (पु०) कोई प्रतिबन्धक कफ का [illegible] के प्रतिबन्ध का [illegible]।

नी- [illegible] [रहित, स्वच्छ, श्रेष्ठ।

नी- [illegible] (न०)-बेकलङ्क, निर्दोष, लांछन-

नीरन्ध्र, [illegible] वि०)-अवयवरहित, निराकार,

नीरस (पु०) [illegible] सूक्ष्म। पु०-आकाशादि।

रसशून्य (वि०)-सब, सम्पूर्ण, सारा।

नीराजु (पु० (वि०)-पात्रबहिष्कृत, पात्र से

नीराजन किया हुआ, अतिनीचवर्ण।

[illegible]श(न०)-अनशन, भोजनाभाव। वि०-

[illegible]खना भोजनवाला।

[illegible]रस (वि०)-नीरस। पु०-रस का अभाव।

नीरसन(न०)-प्रत्याख्यान,तिरस्कार करना,

पृथक् करना, छोड़ना।

निरस्त (वि०)-शीघ्रता से उच्चारण किया गया,जल्दी बोला हुआ,शीघ्रोच्चारित, त्यक्तशर, थूका हुआ, निष्च्यूत, प्रतिहत, भेजा हुआ, प्रेषित।

निराकरण (न०)-पृथक् करना, दूर करना, निवारण, अनादर करना।

निराकरिष्णु (वि०)-पृथक् कर देने वाला, निराकरणशील, निगलने वाला।

[illegible]कार (पु०)-आकाररहित, परमेश्वर,

[illegible]। [तिरस्कार प्रत्याख्यात.निरस्त।

[illegible]त (वि०)-तिरस्कृत किया हुआ,

[illegible]वर्णयुक्त (वि०)-दूर करना, हटाना,

नीलकण्ठ(पु०)-[illegible] वि०-आकाररहित,

रंग का हो, महा[illegible]

चटक, गांव का [illegible]करने वाला,

[illegible]मसोला नाम का एकप[illegible]

नीलकमल(न०)-नीले वर्ण का [illegible]र हो

नीलपंकज, नीलाब्ज। [सखा

नीलकुन्तला (स्त्री०)-पार्वती की एक [illegible]

[illegible] रहित, एक पक्षा-

नीलग्रीव(न०)-[illegible] नीलम।

निरामय (वि०)-नीरोग, रोगरहित, जिसे कोई रोग न हो, उपद्रवादिशून्य। पु०-वन का छाग और वनशूकर।

निरालम्बा (स्त्री०)-आकाशमांसी, शुक्लयजुर्वेद के अन्तर्गत एक उपनिषद्। वि०-आश्रयशून्य।

निराश (वि०)-आशारहित, इच्छाशून्य।

निराहार (वि०)-भोजनरहित।

निरिङ्गिणी (स्त्री०)-कनात, जवनिका।

निरिन्द्रिय (वि०)-इन्द्रियशून्य, इन्द्रियों का दमन करने वाला।

निरीक्षण (न०)-दर्शन, अवलोकन।

निरीक्षित (वि०)-देखा हुआ, अवलोकन किया हुआ,अवलोकित।

निरीश (न०)-फाल, लांगलस्थित लौहविशेष। वि०-नास्तिक, ईशरहित।

निरीष (न०)-पूर्ववत्।

निरीह (पु०)-विष्णु, परमेश्वर।

निरुक्त(न०)-धातु और प्रत्यय आदि के अर्थों की सम्यग्विवेचनापूर्वक वैदिक शब्दार्थों का प्रतिपादन करने वाला एक ग्रन्थविशेष।

निरुक्ति (स्त्री०)-धातु और प्रत्यय के विभाग पूर्वक किसी शब्द की पूर्ण रूप से व्याख्या, निघण्टु पर किया हुआ यास्क मुनि का भाष्य, पूर्णरूप से कथन।

निरुद्ध (वि०)-रुका हुआ,संरुद्ध।

निरुद्योग (वि०)-उद्योग न करने वाला, निरुद्यम, आलसी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नीलाङ्क (पु०)–सारस नामक पक्षी, चास पक्षी ।

नीलाञ्जन (न०)–नीलवर्ण का अञ्जन, सौवीराञ्जन ।

नीलाञ्जना(स्त्री०)–बिजली, विद्युत् ।

नीलाब्ज(न०)–नीलकमल ।

नीलाम्बर (पु०)–बलराम, बलदेव, राक्षस, शनैश्चर ग्रह । वि०–नीलवस्त्रयुक्त । न०–नीला वस्त्र ।

नीलाम्बुजन्म(न०)–नीलकमल ।

नीलाश्मा [न्] (पु०)–नीलमणि, नीलम ।

नीलासन (पु०)--नीलवर्ण का असन नामक वृक्ष, रतिबन्धविशेष ।

नीलीराग (पु०)--वह पुरुष जिस का प्रेम स्थिर हो, स्थिरप्रेमा, नील वर्ण, नायक और नायिका का पूर्वरागविशेष ।

नीलोत्पल(न०)–नीला पद्म, नीलोफ़र अतिसुगन्धित नीलवर्णका कमल।

नीवर (पु०)–वाणिज्यकर्त्ता, भिक्षुक, संन्यासी,कीचड़, पङ्क । न०-जल ।

नीवार (पु०)--तृणधान्यविशेष, सवां नामक चावल ।

नीवि–वी(स्त्री०)–वैश्यों का मूलधन, स्त्रियों का कमरबन्द, कटिवस्त्र-बन्ध । [विशेष कर यह शब्द स्त्रियों के कमरबन्द में ही प्रयुक्त होता है, परन्तु पुरुषों के भी कटिबन्धवस्त्र का वाचक है] ।

नीवृत् (पु०)–जहां बहुत जनसमूह रहता है, देश, जनपद ।

नीशार(पु०)–कनात, परदा, प्रावरण, मशहरी, जिस से हिम और पवन रुक जाते हैं, हिमानिलप्रावरण ।

नीहार(पु०)–तुषार, हिम, पाला, बर्फ़

नु (अ०)–प्रश्न, सवाल, वितर्क, पश्चात्ताप, अतीत, बीता हुआ, अपमान, हेतु, निश्चय ।

नुत(वि०)–स्तुति किया हुआ, स्तुत, प्रशंसित ।

नुति(स्त्री०)–स्तुति, पूजा ।

नूतन(वि०)–नवीन, नया, अभिनव ।

नून्न(वि०)–पूर्ववत् ।

नूद (पु०)--जो पाप वा रोग को दूर करे, ब्रह्मदारुवृक्ष, शहतूत का वृक्ष । [दलील ।

नूनं (अ०)–तर्क, अर्थनिश्चय, स्मरण,

नूपुर (अस्त्री०)--पांव का आभूषण, पादाङ्गद, पांवटा, पाजेब ।

नृकेशरी [न्] (पु०)–नृसिंहावतार, नरश्रेष्ठ ।

नृग (पु०)-एक राजा जो इक्ष्वाकु का पुत्र था जिसे गोदानविषयक प्रमादजन्य पाप से कृकलास (करकेंटा) की योनि प्राप्त होगई थी, और फिर श्रीकृष्ण से उद्धार पाया । यह कथा महाभारत में विशेष रूप से वर्णित है ।

नृकरोटिका (स्त्री०)–मनुष्यकपाल, मनुष्य की खोपड़ी ।

नृचक्षाः [स्] (पु०)-देव, देवता, राक्षस ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नृचक्षुः [स्] (पु०)–सुनीथनामक राजा का पुत्र ।

नृत्(४ प०)–नृत्य करना, नाचना ।

नृति(स्त्री०)–नाचना, नर्त्तन ।

नृतु(पु०)–जो नृत्य करे, नांचे, नर्तक ।

नृत्त (न०)–नृत्य, नाचना, नर्तन ।

नृत्य(न०)–पूर्ववत् ।

नृदेव(पु०)–राजा, नृपति । [धर्मयुक्त ।

नृधर्मा[न्] (पु०)–कुबेर । वि०–मनुष्य-

नृप (पु०)–१६ कोशपर्यन्त जिसे शासन का अधिकार हो, नरपति, राजा, बादशाह ।

नृपति (पु०)–राजा, नरपति, कुबेर ।

नृपप्रिय (पु०)–बड़ी प्याज़, राजपलाण्डु, शालि नामक धान्यविशेष, आम्रवृक्ष । वि०–राजा का प्रिय ।

नृपमन्दिर (न०)–राजा का महल, राजसदन, सौध । [च्छत्र ।

नृपलक्षन[न्] (न०)–राजचिन्ह, राज-

नृपलिङ्गधर (पु०)–जो राजा का वेश धारण करे, नृपवेशधारी ।

नृपसभ(न०)–राजसभा, राजाओं के रहने की शाला ।

नृपात्मजा (स्त्री०)–राजा की कन्या, कड़वी तूंबी, कटुतुम्बी ।

नृपाध्वर (पु०)–राजाओं का यज्ञ, राजसूय नामक यज्ञ ।

नृपाभीर(न०)–राजाओं के भोजन-समय का सूचक बाजा, भक्ततूर्य, वह बाजा जो राजाओं के भोजन समय बजाया जाता है । [यक्ष्मा ।

नृपामय (पु०)–क्षय का रोग, राज-

नृपासन (न०)–राजा के बैठने का आसन, सिंहासन, भद्रासन ।

नृपोचित (पु०)–राजमाष, राज उरद ।

वि०-राजा के योग्य । [सत्कार ।

नृयज्ञ (पु०)–अतिथिसेवा, अतिथि-

नृवराह (पु०)–विष्णु के पौराणिक वराहावतार का वाचक ।

नृशंस (वि०)–दूसरों के साथ द्रोह करने वाला, परद्रोही, क्रूर, निर्दय, हिंसक । [द का रक्षक ।

नृसिंह (पु०)–पौराणिक विष्णु, प्रल्हा-

नृसेन (न०)–मनुष्यों की सेना ।

नृहरि (पु०)–नृसिंहावतार, विष्णु ।

नृ (१ प०)–न्याय करना, इन्साफ़ करना ।

नेजक (पु०)–धोबी, रजक । वि०-शुद्ध करने वाला, शोधक ।

नेता [ऋ] (पु०)–प्रभु, स्वामी, निम्ब-वृक्ष । वि०–निर्वाह करने वाला, प्रापक ।

नेत्र (न०)–आंख, नेत्र, चक्षु, अंशुक, मथने की रज्जु, जटा, रथ, शलाका, वृक्ष की जड़ । वि०–पहुंचाने वाला, प्रापक, प्रवृत्त कराने वाला ।

नेत्रच्छद (पु०)-जिनसे नेत्र ढके जाते हैं, पलक, ऐनक । [का गोलक ।

नेत्रपिण्ड (पु०)–बिलाव, बिढाल, नेत्र

नेत्रयोनि(पु०)–इन्द्र, देवराज, चन्द्रमा ।

नेत्ररञ्जन (न०)–कज्जल, सुर्मा ।

नेत्ररोग(पु०)–आंख के रोग, चक्षूरोग ।

नेत्ररोगहा [न्] (पु०)–वृश्चिकाली नामक वृक्ष । वि० नेत्ररोगनाशक ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नेत्रामय(पु०)–नेत्ररोग, आंखों का रोग।
नेत्राम्बु (न०)–नेत्रों का जल, अश्रु, आंसू।
नेत्री (स्त्री०)–नाड़ी, नब्ज़, लक्ष्मी, एक नदी। वि०–शिक्षा देनेवाली, पहुंचाने वाली। [अतिसमीपस्थ।
नेदिष्ठ (वि०)–जो अतिनिकट हो,
नेदीयान् [स्] (वि०)–पूर्ववत्।
नेप (पु०)–पुरोहित, जल, पानी।
नेपथ्य (न०)–वेश, वेशस्थान, आभूषण, नाटक आदि के अनुकरण के लिये सज्जित भूमि, रङ्गभूमि।
नेपाल(पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध देश।
नेपालिका (स्त्री०)–मनःशिला नामक औषध।
नेम (पु०)–समय, काल, अवधि, मर्यादा, परकोटा, कैतव, अर्द्ध, आधा, गर्त, गढ़ा, सायंकाल, मूल [अर्द्ध के अर्थ में प्रयुक्त इस शब्द की सर्वनाम संज्ञा हो जाती है]।
नेमि (स्त्री०)–कुएं के समीप का समानस्थान, चक्र की परिधि, रथ के पहिये का घेरा। पु०–जिनदेव का वाचक।
नेमिचक्र (पु०)–परीक्षितवंशीय एक राजा जो अभीमकृष्ण का पुत्र था। [क्षेत्र।
नेमिश (न०)–नैमिषारण्य नामक
नेष्टा [ष्टृ] (पु०)–त्वष्टानामक देव, ऋत्विक्, जो ऋतु के अनुसार वैदिककर्म करावे।
नैकटिक(वि०)–समीपस्थ, समीपवर्त्ती, पास में रहने वाला।
नैकट्य (न०)–समीपता, निकटत्व।
नैकभेद (वि०)–अनेकविध, बहु प्रकार का, उच्चावच।
नैकषेय(पु०)–निकषा के पुत्र राक्षस।
नैगम(पु०)–उपनिषद्, ब्रह्म का प्रतिपादन करने वाली विद्या, वैश्यजन, व्यवहारी, नागर, नगर का।
नैचिकी(स्त्री०)–उत्तम धेनु, श्रेष्ठ गौ।
नैज (वि०)–अपना, स्वीय, निजसम्बन्धी।
नैत्य [त्य]क (न०)–प्रतिदिन का कर्त्तव्य कर्म, नित्य अनुष्ठान करने योग्य। [दक्षता, चतुराई।
नैपुण्य-ण्य (न०)–चातुर्य, निपुणता,
नैमित्तक (वि०)–वह कर्म जो पुत्रादि के जन्म को निमित्त मान कर किया जाय, जातकर्म आदि।
नैमित्तिकदान (न०)–किसी निमित्त को आश्रित कर किया हुआ दान।
नैमित्तिकलय (पु०)–वह प्रलय जो चारसहस्र युगों के व्यतीत हो जाने के पश्चात् होता है, प्रलयविशेष।
नैमिषारण्य(न०)–एक तीर्थ का नाम, वह क्षेत्र जहां विष्णु ने एक निमिषमात्र में दैत्य का नाश किया था। [फल, वटफल।
नैयग्रोध (न०)–वट नामक वृक्ष का
नैयायिक (वि०)–न्यायशास्त्र के पढ़ने वा जानने वाला, न्यायशास्त्रज्ञ,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

न्यायाध्येता, तार्किक।
नैरन्तर्य (न०)–विच्छेदरहित होना, लगातार सम्पादन।
नैराश्य (न०)–आशाराहित्य, इच्छाशून्यत्व, स्वाहिश न रखना।
नैरुक्त (वि०) निरुक्तद्वारा प्रतिपादित, निरुक्तसम्बन्धी, निरुक्त का वेत्ता।
नैर्ऋत (पु०)–राक्षस, पश्चिम और दक्षिण की कोण का स्वामी, राहु।
नैर्ऋति (स्त्री०)–नैर्ऋत कोण, दक्षिण और पश्चिम के मध्य की दिशा।
नैर्गुण्य (न०)–सत्व, रज और तमोगुण का अभाव, निर्गुणत्व, तत्त्वज्ञान का योग। [सफ़ाई, विषयवैराग्य।
नैर्मल्य (न०)–मलराहित्य, शुद्धता,
नैल्य (न०)–नीलापन, नीलिमा।
नैवेद्य (न०)–देवता के लिये समर्पणीय अन्न, देव के उद्देश्य से दातव्य पदार्थ, देवता पर चढ़ाने की वस्तु।
नैश (न०)–रात्रिसम्बन्धी, रात्रि में होने वाला।
नैशिक (वि०)–निशा में होने वाला, निशा में व्यापक। [तत्व।
नैश्चित्य (न०)–निश्चयपन, निश्चय-
नैषध (पु०)–निषधदेश का नल नामक राजा, निषधदेश का पति, एक वर्ष जिस का अधिपति अग्नीध्र का पुत्र हरिवर्ष था, अपने नाम से प्रसिद्ध कविवर हर्षदेव का रचा हुआ एक काव्यग्रन्थ। वि०–निषधसम्बन्धी।
नैष्किक (पु०)–कोषघर में नियुक्त पुरुष, कोषाध्यक्ष, ख़ज़ाञ्ची, टङ्कपति। वि०–निष्क [स्वर्ण] से ख़रीदा हुआ, स्वर्णविकार।
नैष्ठिक (वि०)–जो समस्त जीवनपर्यन्त ब्रह्मचर्यव्रत धारण कर गुरुकुल में निवास करे, ब्रह्मचारिविशेष।
नैसर्गिक (वि०)–स्वाभाविक, स्वभावनिर्मित, क़ुदरती।
नैस्त्रिंशिक (वि०)–तलवार से प्रहार करने वाला, खड्गधारी।
नो (अ०)–नहीं, अभाव, न होना।
नोचेत् (अ०)–न हुआ तो, नहीं तो, निषेधवाचक।
नोधाः [स्] (पु०)–एक ऋषि का नाम।
नोपस्थाता [तृ] (वि०)–समीप में स्थित न होने वाला, दूर रहने वाला, दूरस्थ, दुष्ट वचन बोलने वाला। [जल पर चले।
नौ (स्त्री०)–नौका, नाव, बेड़ी, जो
नौका (स्त्री०)–नदी आदि के तरणार्थ काष्ठ का बनाया हुआ यानविशेष, नाव।
नौकादण्ड (पु०)–नौका चलाने का दण्डा, बल्ली, क्षेपणी।
नौतार्य (वि०)–नाव से पार होने योग्य जल वा देश।
न्यकारुका (स्त्री०)–विष्ठाक्रिमि, मलकीट, विष्ठा का कीड़ा।
न्यक्कार (पु०)–तिरस्कार, अनादर, बेइज़्ज़ती, नीचकरण।
न्यक्ष (न०)–तृणविशेष। वि०–निकृष्ट। पु०–महिष, जामदग्न्य, परशुराम।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

न्यग्रोध (पु०)–वटवृक्ष, बड़ का पेड़, चार हस्त का परिमाण, ध्यान-परिमाण, जांघ का पेड़, शमी-वृक्ष, विष्णु का वाचक, सब को अधोभाग में कर के स्थित ।

न्यग्रोधपरिमण्डल (पु०)–वह पुरुष जो चार हाथ ऊंचा हो, ध्यान-परिनितोच्च पुरुष जो कहते हैं कि त्रेतायुग में विशेष कर होते थे ।

न्यग्रोधपरिमण्डला (स्त्री०)–स्त्री-विशेष, वह स्त्री जिस के स्तन अतिकठिन, नितम्ब विशाल और जो मध्यभाग में कृश हो ।

न्यङ् [च्] (वि०)–नीच, बौना, खर्व, नीचैः-स्थल, निम्न, सम्पूर्णता ।

न्यङ्कु (पु०)–एक मुनि । वह मृग जिस के बहुत शृंग होते हैं, बारहसिंगा ।

न्यच्छ (न०)–एक क्षुद्ररोग का नाम ।

न्यञ्चित (वि०)–नीचे फेंका हुआ, अधः-क्षिप्तः ।

न्यस्त (वि०)–स्थापन किया हुआ, स्थापित, त्यक्त, फेंका हुआ ।

न्यस्तशस्त्र (पु०)–युद्ध से विमुख हो जिसने शस्त्र रख दिये हों, वितृ-लोक । वि०–त्यक्तशस्त्र, शस्त्र त्यागने वाला ।

न्याकय (न०)–भुने हुए चावल, भृष्ट तण्डुल, भृष्टान्न ।

न्याद (पु०)–आहार, भोजन ।

न्याय (पु०)–नीति, विजय का उपाय, विष्णु, गौतमप्रणीत एक शास्त्र, प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगम नामक पञ्चावयव-वाक्य, युक्ति, भोग, उचित ।

न्यायी (वि०)–न्यायानुसार काम करने वाला, न्यायशील, न्यायवान् ।

न्याय्य (वि०)–न्याय से युक्त, न्याय-मिश्रित, न्याय से मिला हुआ, उचित ।

न्यास (पु०)–रखने योग्य वस्तु, धरो-हर, अमानत, स्थापनीय द्रव्य, अर्पण, त्याग, संन्यास ।

न्युब्ज (वि०)–अधोमुख, नीचैर्मुख, श्राद्धादिपात्रभेद, नीचे मुंह किया पात्र । पु०–कुशनिर्मित स्रुक् स्रुवा ।

न्यून (वि०)–निन्द्य, निन्दायोग्य, कम, ऊन । [पागल ।

न्यूनपञ्चाशद्भाव (पु०)–उन्मत्त,

न्योजाः [स्] (वि०)–कुटिल, तिरछा, क्रूर, बदमाश ।

नृस्थिमाली [न्] (पु०)–जो मनुष्यों की अस्थिनिर्मित माला को धारण करे, शिव, महादेव । वि०–मनुष्यास्थिमालाधारी ।

प

प-पवर्ग का प्रथम अक्षर । पु०–पवन, वायु, पर्ण, पत्ता, पान करना, पीना, आज्ञा करना, अण्डा ।

पक्कण(पु०)–भीलों का निवासस्थान, शवरालय, चाण्डालों की कुटी ।

पक्का [तृ] (वि०)–पाचक, पाककर्त्ता, पाक बनानेवाला । पु०–अग्नि ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पक्ति (स्त्री०)–पाक, गौरव, भारीपन।

पक्तिशूल (न०)–वह शूल जो भोजन के पश्चात पाचनसमय में हो, परिणामशूल, पाकजशूल।

पक्तृ (न०)–गार्हपत्य नामक अग्नि।

पक्त्रिम (न०)–वह अन्न जो पका कर तैयार किया गया हो, पाकनिर्वृत्त, पका कर सज्जित (तैयार) किया हुआ अन्न।

पक्व (वि०)–पका हुआ, कृतपाक, परिणत, सुदृढ, विनाश के समीप, नाशोन्मुख।

पक्वकृत् (पु०)–निम्ब का वृक्ष। वि०–पाक करने वाला।

पक्वरस (पु०)–मद्य, शराब।

पक्ववारि (न०)–पका हुआ जल, पक्वजल, काञ्जिक, कांजी।

पक्वान्न (न०)–पका हुआ अन्न।

पक्वाशय (पु०)–आमाशय, अन्न पकने का आशय जो नाभि से नीचे के भाग में होता है, नाभ्यधोभाग।

पक्ष् (१० उ०)–स्वीकार करना, पकड़ना, ग्रहण करना, लेना।

पक्ष (पु०)–पक्षी, पंख, मास का कृष्ण शुक्लपक्ष नामक पखवाड़ा, कक्ष से परे समूह अर्थ का बोधक जैसे–केशपक्ष, पार्श्व, समीप, गृह, न्यायमत में वह पदार्थ जिसके साध्य में सन्देह हो जैसे–'पर्वतो वन्हिमान्' यहां पर्वत पक्ष में साध्य वन्हि सन्दिग्ध है, मित्र, बल, विरोध, राजहस्ती, कङ्कण, सजातीयसमूह।

पक्षक(पु०)-पार्श्वद्वार, खिड़की, सहाय।

पक्ष[क्षा] घात (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध वह वातरोग जिसमें शरीर के एक तरफ़का अङ्ग मारा जाता है।

पक्षचर (पु०)–चन्द्रमा, वह गज जो पृथक् विचरता हो।

पक्षज (पु०)–चन्द्रमा, चांद।

पक्षजन्मा [न्] (पु०)–पूर्ववत्।

पक्षता (स्त्री०)–पक्ष का भाव, पक्ष का होना, न्यायमत में जहां अग्नि का अस्तित्व निर्णीत नहीं होता वहीं पक्षता का होना माना जाता है, ऐसा निश्चित होने पर यदि आनुमानिकी इच्छा हो तो भी पक्षता हो सकती वा मानी जा सकती है, अन्यथा नहीं, ऐसा स्वीकार करते हैं।

पक्षति (स्त्री०)–पक्ष की मूल, प्रतिपदा, पहिली तिथि, पड़वा, पक्षियों के पंख की जड़।

पक्षद्वार (न०)–पार्श्व का दरवाज़ा, खिड़की, द्वार।

पक्षधर (पु०)–चन्द्रमा। वि०–पक्ष धारण करने वाला।

पक्षपात (पु०)– स्नेह सम्बन्धादि के कारण अन्याययुक्त साहाय्य में गिरना, अन्याय के लिये सहायता प्रदान करना, तरफ़दारी करना, पक्षियों के पंखों का गिरना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पक्षपालि (पु०)–खिड़की, द्वार।
पक्षमूल (पु०)–प्रतिपदा, पड़वा।
पक्षवाहन(न०)–पक्षी, जानवर, परिन्द।
पक्षान्त (पु०)–पक्ष का अन्त, पौर्णमासी, पूर्णिमा, अमावस्या।
पक्षावसर (पु०)–पूर्ववत्।
पक्षिणी (स्त्री०)–वर्त्तमान और आने वाले दिनों से मिश्रित रात्रि, अर्थात् वर्त्तमान और आने वाले दिनों के बीच की रात्रि, पक्षियों का समुदाय।
पक्षिल(पु०)–वात्स्यायन नामक मुनि, जिसने गौतमसूत्रों पर भाष्य निर्माण किया है। वि०–सहायता देने वाला, साहाय्यप्रद, पंखों वाला।
पक्षिशाला (स्त्री०)–पक्षियों के रहने की जगह, चिड़ियाघर, घोंसला।
पक्षिसिंह (पु०)–गरुड़। [का राजा।
पक्षिस्वामी [न्] (पु०)–गरुड़, पक्षियों
पक्षी [न्] (पु०)–जानवर, परिन्द, बाण, तीर। [रसोइया।
पक्षुं (वि०)–पाचक, पाककर्त्ता,
पक्ष्म [न्] (न०)–नेत्रलोम, पलक, किंजल्क, कमल की केसर, पक्षियों के पर, बारीक सूत।
पङ्क (पु०)–कीचड़, कर्दम, पाप।
पङ्ककर्वट (पु०)–जलयुक्त कीचड़।
पङ्कक्षीर(पु०)–टिटीहरी नामक पक्षी, कोयष्टि पक्षी।
पङ्कक्रीड (पु०)–शूकर, सूअर। वि०–कीचड़ में खेलने वाला।
पङ्कगति (स्त्री०)–मत्स्यविशेष, एक मत्स्य।
पङ्कज (न०)–कमल, पद्म।
पङ्कजन्म[न्] (न०)–पूर्ववत्।
पङ्कजिनी (स्त्री०)–तालाब, पद्माकर।
पङ्कण (पु०)–भीलों का घर, शवरालय। [नरकविशेष।
पङ्कप्रभा (स्त्री०)–कीचड़युक्त एक
पङ्करुट् [ह्] (न०)–पद्म, कमल।
पङ्करुह (न०)–पूर्ववत्। [बालास्थान।
पङ्किल (वि०)–कर्दमयुक्त देश, कीचड़
पङ्केरुह (न०)–कमल, पद्म, सारस नामक पक्षी।
पङ्क्ति (स्त्री०)–सजातीय समूह, दश अक्षरों के पाद वाला एक छन्द, १० की संख्या, भूमि, पाक, महत्त्व, गौरव, विस्तार।
पङ्क्तिग्रीव (पु०)–रावण, लङ्केश्वर।
पङ्क्तिचर (पु०)–टिटीहरी नामक पक्षी, कुररी पक्षी।
पङ्क्तिदूषक (पु०)–श्राद्ध में भोजनार्थ बैठे हुए ब्राह्मणों की पंक्ति को जो दूषित करदे, अपांक्तेय, श्राद्ध आदि में भोजन देने के अयोग्य।
पङ्क्तिपावन (पु०)–वह पुरुष जो श्राद्धादि सत्कार्य में भोजन के लिये बैठे ब्राह्मणों की पंक्ति को पवित्र करदे, श्रेणीपवित्रकर्त्ता, श्राद्धभोजनयोग्य।
पङ्क्तिरथ (पु०)–जिस के रथ की गति दशों दिशाओं में हो, दश-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

रथ रक्षा, श्रीरामचन्द्र के पिता।

पञ्जु (वि०)-लंगड़ा, न चल सकने वाला, गतिरहित। पु०-शनैश्चर ग्रह।

पच् (१उ०)-पकाना, पाक करना। (१ आ०)-प्रकट करना, प्रसिद्धि करना, स्पष्ट करना। (१० उ०) फैलाना, विस्तार करना।

पच (वि०)-पाक करने वाला, पाचक, रसोइया।

पचत (पु०)-अग्नि, सूर्य, सूरज, चन्द्रमा, इन्द्र। वि०-पकाने वाला।

पचन (न०)-पाक, रसोई, पाकसाधन। पु०-अग्नि। वि०-पाचक।

पचन्ती (स्त्री०)-पाककर्त्री, पाक बनाने वाली स्त्री। [रसोइया।

पचमान (वि०)-पाचक, पाककर्त्ता,

पचम्पचा(स्त्री०)-दारुहल्दी। [वाली

पचा (स्त्री०)-पाककर्त्री, पाक बनाने

पचि (पु०)-अग्नि, आग, पचन।

पचेलिम (पु०)-अग्नि, सूर्य। वि०-पाककर्त्ता के परिश्रम बिना ही स्वयं पकने वाला।

पचेलुक(पु०)-पाचक, सूद, पाककर्त्ता।

पज्(१प०)-आच्छादन करना, ढकना।

पज्ज (पु०)-विष्णुके चरणों से उत्पन्न हुआ, शूद्र, चौथा वर्ण।

पज्झटिका (स्त्री०)-एक छन्द जिस के प्रत्येक पाद में १६ मात्रा होती हैं। [वाचक।

पञ्च [न्] (वि०)-५ की संख्या का

पञ्चक (न०)-५ की संख्या, पांचों का भाग, धनिष्ठादि रेवतीपर्यन्त ५ नक्षत्र, युद्धभूमि, रणक्षेत्र, पांचों से खरीदा हुआ।

पञ्चकपाल (पु०)-यज्ञविशेष। न०-पांच कपालों का समूह।

पञ्चकर्म्म (न०)-वैद्यकमत में-वमन, विरेचन, नस्य, निरूहण और अनुवासन ये पांच कर्म; न्यायशास्त्र में-उत्क्षेपण, अवक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण और गमन नामक पांच कर्म हैं।

पञ्चकोष (पु०)-वेदान्त में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय नामक पांच कोषों का वाचक।

पञ्चगव्य (न०)-गौ की पांच वस्तुओं के मेल, यथा-दधि, दुग्ध, घृत, गोमूत्र और गोबर [प्रायश्चित्तविशेष में आत्मा की शुद्धि के लिये इस का सेवन किया जाता है]

पञ्चचूडा (स्त्री०)-पांच शिखा [चोटी]युक्त एक अप्सरा का नाम।

पञ्चजन(पु०)-पुरुष, मनुष्य, एक दैत्यविशेष [कहते हैं जिसकी अस्थियों से श्रीकृष्ण का पाञ्चजन्य नामक शंख निर्मित हुआ]।

पञ्चजनी(स्त्री०)-विश्वरूप की कन्या

पञ्चजनीन (पु०)-पञ्चजनों के लिये हित। वि०-पञ्चजनसम्बन्धी।

पञ्चज्ञान (पु०)-बुद्ध, जिसे पांच पदार्थों का-ज्ञान हो।

पञ्चतत्त्व (न०)-पृथ्वी, जल, अग्नि,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वायु और आकाश नामक पांच तत्त्व; तन्त्रशास्त्रोक्त मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन का वाचक।

पञ्चतपाः [स्] (वि०)–चार अग्नि और पांचवां सूर्य इन के मध्य में बैठ कर तप करने वाला, अग्नि-चतुष्टय और पञ्चम सूर्य से साध्य तप से युक्त। [पञ्चावयवयुक्त।

पञ्चतय (वि०)–पांच अवयवों वाला,

पञ्चतन्मात्र (न०)–तमोगुणी अहङ्कार से उत्पन्न पांच महाभूतों के शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध नामक पांच विषय।

पञ्चता (स्त्री०)–पांच भूतों का एकीभाव, मृत्यु, निधन, मौत।

पञ्चतीर्थी (स्त्री०)–ज्ञानवापी, नन्दिकेश, तारकेश, महाकालेश्वर और दण्डपाणि नामक पांच तीर्थ।

पञ्चत्व (न०)=पञ्चता।

पञ्चदशी (स्त्री०)–अमावस्या, पूर्णिमा, श्रीभारतीतीर्थ विद्यारण्य-मुनिकृत वेदान्त का एक प्रसिद्ध ग्रन्थ। [प्रकार से।

पञ्चधा (अ०)–पांच तरह से, पांच

पञ्चनख (पु०)–हस्ती, कूर्म, कच्छप, व्याघ्र।

पञ्चनद (पु०)–शतद्रु, विपाशा, इरावती, चन्द्रभागा और वितस्ता नामक पांच नदियों से युक्त देश, पञ्जाब, मद्रदेश।

पञ्चपक्षी [न्] (पु०)–प्रश्न कहने में उपयोगी एक ज्योतिष का ग्रन्थ।

पञ्चप्रासाद (पु०)–पांच शिखरों से युक्त महल, देवमन्दिरविशेष।

पञ्चबन्ध (पु०)–नष्ट द्रव्य का पञ्चमांश दण्ड।

पञ्चभूत (न०)–पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश नामक पांच भूतों का समूह।

पञ्चम (वि०)–पांच की संख्या पूरी करने वाला, पांचवां। पु०–सात प्रकार के स्वरों में से पांचवां। न०–मैथुन, विषयभोग।

पञ्चमहायज्ञ (पु०)–गृहस्थियों को नित्य कर्त्तव्य पांच यज्ञ यथा–ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ, भूतयज्ञ और नृयज्ञ।

पञ्चमार (पु०)–बलदेव जी का पुत्र, जो पांच इन्द्रियों में आसक्त हो।

पञ्चमास्य (पु०)–पञ्चम राग जिस का मुख वा स्वर हो, कोयल, कोकिल।

पञ्चमी (स्त्री०)–पाण्डवों की पत्नी, द्रौपदी, पांचवीं तिथि, विद्याभेद, नदीविशेष। [का नाम।

पञ्चमुख (पु०)–महादेव, शिव, रुद्राक्ष

पञ्चरत्न (न०)–पांच प्रकार के रत्न यथा-स्वर्ण, हीरक, नीलमणि, पद्मराग, और मुक्ता।

पञ्चलक्षण (न०)–पुराण के पांच लक्षण यथा–सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरित।

पञ्चवक्त्र (पु०)–शिव, महादेव, पांच मुख का रुद्राक्ष।

पञ्चवटी (स्त्री०)–वट, पीपल, आंव-

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ला, बिल्व और अशोक नामक पांच वृक्षों का समूह, दण्डक वन में उस स्थान का नाम जहां श्रीरामचन्द्र जी ने सीता और लक्ष्मण के साथ बहुकालपर्यन्त वास किया था।

पञ्चबाण (पु०)–जिस के पांच बाण हों, कामदेव, मन्मथ।

पञ्चशर (पु०)–पूर्ववत्।

पञ्चशाख (पु०)–जहां शाखाकार पांच अंगुलियां हैं, हस्त, हाथ, कर। वि०–पञ्चशाखायुक्त।

पञ्चशिख (पु०)–सिंह, शेर, धर्म की हिंसा भार्या में उत्पन्न एक मुनि।

पञ्चसूना(स्त्री०)–जीवों की हिंसा के पांच स्थान यथा-चुल्ली, चक्की, गृहसामग्री, बुहारी और जल का घड़ा रखने का स्थान।

पञ्चाग्नि (पु०)–पांच अग्नियों का उपासक। वि०–पांच अग्नि वाला

पञ्चाङ्ग(न०)–एक वृक्ष के त्वक्, पत्र, पुष्प, मूल और फल का समाहार, तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करणात्मक पांच, पुरश्चरण विशेष यथा-जप, होम, तर्पण, अभिषेक और विप्रभोजन। पु०–कच्छप, कमठ, कछुआ, अश्वविशेष, प्रणामभेद, राजनीति।

पञ्चाङ्गगुप्त(पु०)–कच्छप, कछुआ।

पञ्चाङ्गुल(पु०)–एरण्ड का वृक्ष।

पञ्चातपा (स्त्री०)–तपस्याविशेष।

पञ्चानन(पु०)–सिंह, शेर, अतिभयङ्कर, ज्योतिषशास्त्रोक्त सिंहराशि, पांच मुख का रुद्राक्ष।

पञ्चामृत(न०)–दूध, दधि, शर्करा, घृत और मधु ये पांच वा इन से बना पदार्थ। [नाम।

पञ्चाम्नाय (पु०)–एक तन्त्रग्रन्थ का

पञ्चाल(पु०)–देशविशेष, तद्देशनिवासी जन, उस देश का नृपति। [यह शब्द बहुवचनान्त भी होता है]।

पञ्चालिका(स्त्री०)–पुतली का वाचक।

पञ्चाली (स्त्री०)–वस्त्रनिर्मित पुतली, गुड्डी, गुड़िया, गीतविशेष।

पञ्चावस्थ (पु०)–मृतक, मुर्दा, शव। वि०–पञ्च अवस्थाओं से युक्त।

पञ्चाशत् (स्त्री०)–५० की संख्या का वाचक, पचास।

पञ्चास्य (पु०)–महादेव, शिव। वि०–पञ्चमुख वाला।

पञ्चेन्द्रिय(न०)–पांच ज्ञानेन्द्रिय जो त्वक्, नेत्र, रसना, कर्ण और नाक् हैं।

पञ्चेषु(पु०)–कामदेव, रतिपति।

पञ्चोपविष(न०)–पांच प्रकार के उपविष जो स्नुही [सेहुण्ड], अर्क, करवीर लांगली [कलिहारी] और कुचला कहे हैं।

प [पि] ञ्जर (अस्त्री०)–शरीर की हड्डियों का समूह, पक्षी आदि के बांधने की जगह अर्थात् पिंजरा।

पञ्जराखेट (पु०)–मछली मारने का एक प्रकार का उपाय, कांटा।

पञ्जि-ञ्जी (स्त्री०)–सूत्रसाधनतालिका

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

अर्थात् सूत की अटी।

पञ्जिकारक (पु०)–कायस्थजाति।

पट् (१ प०)–जाना, गमन करना। (१० उ०)–दीप्ति, चमकना, वेष्टन, लपेटना।

पट (अस्त्री०)–वेष्टन, वस्त्र। पु०–पियाल नामक वृक्ष।

पटकार(पु०)–जुलाहा, चित्रकार।

पटकुटी (स्त्री०)–कपड़े का घर, तम्बू, खेमा। [पटगृह शब्द का भी यही अर्थ है]।

पटच्चर(न०)–जीर्णवस्त्र,पुराना वस्त्र। वि०–जो अपने को कपड़े से लपेट कर चलता है। पु०–चोर।

पटमण्डप (पु०)–वस्त्रों का बनाया गृह, वस्त्रकुटी।

पटमय (न०)–वस्त्रगृह, पटमन्दिर।

पटल (न०)–नेत्ररोग, छत, परिच्छद, सामग्री, पिटारी, परदा। पु०–ग्रन्थविशेष, वृक्ष का नाम।

पटवास (पु०)–पटमन्दिर, वस्त्रगृह।

पटवासक (पु०)–वह चूर्ण जो वस्त्रों को सुगन्धित करता है, केशरादि चूर्ण, गुलाब।

पटह(अस्त्री०)–ढोल, ढक्का नामक बाजा। पु०–युद्धक्षेत्र में वाद्यमान ढोल। [झरडी।

पटाका (स्त्री०)–पताका, ध्वजा,

पटिष्ठ(वि०)·अतिनिपुण,अतिशयपटु।

पटी(स्त्री०)–कनात, जवनिका।

पटीयान्[स] (वि०)–कार्यदक्ष, अतिशय पटु।

पटीर(न०)–खेत, क्षेत्र, चालनी, मेघ, कामदेव, उदर, पेट, खदिर, उच्च, चन्दन।

पटु(पु०)–पटोलपत्र नामक औषध। वि०–चतुर, दक्ष, रोगरहित,मधुर, तेज, स्फुट, साफ़।

पटुकल्प(वि०)–कम चतुर,अल्पनिपुण।

पटुजातीय (वि०)–अतिशयपटु, पटुप्रकार।

पटुरूप(वि०)–बहुत निपुण, अतिदक्ष।

पटोल(पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध एक लता। न०–वस्त्रविशेष।

पट्ट (न०)–शहर, नगर, चौक,पटड़ा, ढाल, राजसिंहासन, रेशमी वस्त्र। पु०–पीसने का पत्थर, शिल।

पट्टज (न०)–रेशमी वस्त्र।

पट्टदेवी (स्त्री०)–पटरानी, महादेवी, राजमहिषी, वह राजपत्नी जिस का राजा के सहित अभिषेक किया गया हो।

पट्टन (न०)–पत्तन, शहर, नगर,राजधानी, मुख्य नगर।

पट्टार्हा (स्त्री०)–पटरानी, महादेवी।

पट्टिश [स] (पु०)–कुल्हाड़ी, परशु, अस्त्रविशेष।

पठ् (१प०)–वाचना, पढ़ना, लिखे हुए अक्षरों का पठन।

पठन(न०)–वाचन, पढ़ना।

पठि(स्त्री०)–पूर्ववत्।

पठित(वि०)–पढ़ाहुआ,अधीत,वाचित, पाठ किया हुआ, उच्चरित।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पठितव्य(वि०)–पढ़ने योग्य, पठनीय, पाठ करने योग्य ।

पड् (१ आ०)–जानना, गमनकरना और प्राप्त करना। (१०प०)–इकट्ठा करना, राशीकरण ।

पण् (१आ०)–ख़रीदना, बेचना, स्तुति करना, प्रशंसा करना ।

पण (पु०)–वह धन जिस से व्यवहार किया जाता है, मूलधन, पसा, जुआ, द्यूत, दाव, गृह, नियम, विष्णु, ८० कौड़ियां, चार काकिणी, पूंजी ।

पणग्रन्थि(स्त्री०)–दुकान, हट्ट ।

पणन(न०)–विक्रय, बेचना ।

पणफर(न०)–ज्योतिषशास्त्रोक्त लग्न से द्वितीय, पञ्चम, अष्टम और एकादश स्थान का नाम ।

पणव (अस्त्री०)–पटहविशेष, एक प्रकार के ढोल का नाम । [द्रव्य ।

पणस (पु०)–व्यावहारिक धन, पण्य-

पणाङ्गना(स्त्री०)–वेश्या, वाराङ्गना ।

पणाया (स्त्री०)–लेना देना रूप व्यवहार ।

पणायित (वि०)–प्रशंसा किया हुआ, प्रशंसित, ख़रीदा हुआ, बेचा हुआ, [पणित भी इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है] ।

पणास्थि–क(न०)–कपर्दिका, कौड़ी ।

पणितव्य(वि०)–ख़रीदने योग्य, बेचने लायक़, विक्रेय द्रव्य, स्तुति करने योग्य, स्तोतव्य ।

पण्य (पु०)–वह पुरुष जो कार्य के साफल्य को प्राप्त न हो । वि०–निष्फलप्रयत्नवाला ।

पण्डा (स्त्री०)–तत्त्वानुगामिनी बुद्धि, वह बुद्धि जो उत्तमानुत्तम के विचार से युक्त हो ।

पण्डित(पु०)–वह पुरुष जिस की बुद्धि पदार्थ के तत्त्व को अच्छे प्रकार से जानने में समर्थ हो, शास्त्रमर्मवेत्ता, निपुण ।

पण्डितम्मन्य(वि०)–अपने को पण्डित मानने वाला, जो आपेको पण्डित मानता हो ।

पण्डितमानी [न्] (वि०)–जिसे अपने पाण्डित्य का अभिमान हो, पण्डिताभिमानी । [तव्य द्रव्य ।

पण्य (वि०)–बेचने योग्य द्रव्य, पणि-

पण्यवीथिका (स्त्री०)–दुकान, हट्ट, सौदा बेचने का स्थान [पण्यवीथी, पण्यशाला आदि शब्द भी इसी अर्थ में होते हैं] ।

पण्यस्त्री (स्त्री०)–वेश्या, वाराङ्गना, कंजरी ।

पण्याङ्गना(स्त्री०)–पूर्ववत् ।

पण्याजीव (पु०)–जिस का आजीवन लेनदेन हो, वैश्य, वणिग्जन, व्यवहारी ।

पत् (१प०)–जाना, गमन करना, गिरना, नीचे आना । [वाला ।

पत(पु०)–पुष्ट, दृढ । वि०–पतन करने

पतग(पु०)–पक्षी, जानवर, परिन्द ।

पतङ्गम(पु०)–सूर्य, पक्षी, शलभ, महुए का वृक्ष । [मधुमक्षिका ।

पतङ्गिका (स्त्री०)–शहद की मक्खी,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पतञ्जिका (स्त्री०)–प्रत्यञ्चा, धनुष् का चिल्ला ।

पतञ्जलि(पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध मुनि जो कि पाणिनि मुनि के सूत्रों पर भाष्यकर्त्ता और पातञ्जल दर्शनादि ग्रन्थों का निर्माता हुआ है, भाष्यकार ।

पतत्र(न०)–पंख, पक्ष ।

पतत्रि (पु०)–पक्षी, जानवर परिन्द ।

पतत्री[न्] (पु०)–पूर्ववत् । [पात्र ।

पतद्ग्रह (पु०)–पीकदानी, थूकने का

पतद्गृह (पु०)–बाज़ नामक पक्षी, श्येन । [गिरने वाला ।

पतन्[त्] (पु०)–पक्षी, परिन्द । वि०–

पतन(न०)–पात, गिरना, पाप ।

पतम(पु०)–चन्द्रमा, पक्षी ।

पतयालु (वि०)–गिरने के स्वभाव वाला, पतनशील, पातुक ।

पताका(स्त्री०)–ध्वजा, झंडी, त्रिकोणाकार बांस पर लटकता हुआ कपड़ा, सौभाग्य, नाटक का अङ्गविशेष ।

पताकी [न्] (वि०)–पताका धारण करने वाला, ध्वजाधारी ।

पति(पु०)–भर्ता, पाणिग्रहीता, स्वामी, रमण, गृही, प्राणनाथ । वि०–अधिपति, स्वामी, ईश्वर, नायक ।

पतिंवरा (स्त्री०)–वह कन्या जो स्वेच्छा से पति को पसन्द करे, स्वयंवरा ।

पतिघ्नी(स्त्री०)–पति का नाश करने वाली हस्त की रेखाविशेष, हाथ की वह रेखा जिस से पति नष्ट हो जाय, वैधव्यसूचक रेखा ।

पतित(वि०)–अपने सदाचार वा धर्म से भ्रष्ट हुआ, चलित, कम्पित ।

पतिवती (स्त्री०)–सौभाग्यवती, सुहागन, सधवा स्त्री ।

पतिव्रता(स्त्री०)–सुचरित्रा, साध्वी, सती, वह स्त्री जो अपने ही पति में अनुराग रखती है ।

पत्तन(न०)–नगर, शहर, मृदङ्ग बाजा

पत्ति(पु०)–गति, वह सेना जो पैदल चले, १ हस्ती, २ रथ, ३ अश्व और ४ पैदलों की संख्या वाली सेना । [मसूह ।

पत्तिसंहति (स्त्री०)–पदातियों का

पत्नी (स्त्री०)–विधिपूर्वक वेद के मन्त्रों से विवाहित स्त्री, यज्ञकर्म में पति के साथ रहने वाली भार्या ।

पत्न्याट(पु०)–पत्नीगृह, भार्यास्थान ।

पत्र(न०)–पलाश, पत्ता, पर्ण, पंख, काग़ज़, चिट्ठी, ख़त, लिपि ।

पत्रकृच्छ्र (पु०)–व्रतविशेष, पर्णकृच्छ्र नामक व्रत ।

पत्रदारक(पु०)–करकच, आरा ।

पत्रपरशु (पु०)–छेनी, स्वर्णादि के काटने का साधन, वृश्चन ।

पत्रभङ्ग (पु०)–स्तन, कपोलादिकों पर पत्राकार कस्तूरी आदि का लिखा हुआ तिलकविशेष ।

पत्रयौवन(न०)–नवीन पत्र, नया पत्ता ।

पत्ररथ(अक्षी०)–पक्षी, विहङ्गम ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पत्रवाह(पु०)–बाण, तीर।
पत्रसूचि(स्त्री०)–कांटा, कंटक।
पत्राङ्ग(न०)–लालचन्दन, पद्मक।
पत्राञ्जन (न०)–रोशनाई, स्याही, मसी। [ख़त।
पत्रिका(स्त्री०)–पत्री, चिट्ठी, लिपि,
पत्री[न्] (पु०)–पक्षी, जानवर, बाण, तीर, शर, बाज़ नामक पक्षी, रथारूढ पुरुष, पर्वत, पहाड़।
पत्री(स्त्री०)–लिपि, पत्र, ख़त।
पत्सल(न०)--मार्ग, रास्ता, पन्था।
पथ्(१ प०)–जाना, गमन करना।
पथ(पु०)–मार्ग, पन्था।
पथिक(वि०)–यात्री, मुसाफ़िर, मार्ग में चलने वाला।
पथिकसन्तति(स्त्री०)–यात्रियों का समूह, मुसाफ़िरों का गिरोह।
पथिल(वि०)–पथिक, मुसाफ़िर।
पथ्य(वि०)–चिकित्सोपयोगी और रोगपीडित मनुष्य के लिये हितकर वस्तु, सुख करने वाला।
पथ्या(स्त्री०)–हरीतकी, हैड़।
पद् (४भा०)–जाना, गमन करना। (१० आ०)–जाना, हरकत करना।
पद (न०)--चिन्ह, पाद, श्लोक का चतुर्थ भाग, सुबन्त और तिङन्त शब्द, पादचिन्ह। पु०–किरण।
पदक(पु०)–पदज्ञ, पद का ज्ञाता।
पदग(पु०)–पदाति,पैदल। वि०–पांवों से गमन करने वाला।
पदवि-वी(स्त्री०)–मार्ग,पन्था, राह।
पदाङ्क(पु०)–पांव के चिन्ह,पादचिन्ह
पदाजि(पु०)–जो पांवों से चले,पैदल।
पदाति(पु०)–पूर्ववत्।
पदार(पु०)–पावों की धूलि,पादरज।
पदार्थ (पु०)--पद से ज्ञातव्य वस्तु, भान, तत्त्व, अभिधेय, धर्म्म, वस्तुमात्र, सत्त्व, न्यायमत में द्रव्य, गुण, कर्मादि सात पदार्थ।
पदासन (न०)–पांवों का आसन, पादपीठ।
पदिक(पु०)–पदाति, पैदल,पदगामी।
पद्ध(पु०)–पूर्ववत्।
पद्धति-ती (स्त्री०)–मार्ग, रास्ता, वर्त्म, पङ्क्ति, संस्कारादि का बोधक ग्रन्थविशेष–जैसे विवाह-पद्धति आदि।
पद्म(न०)–कमल, अरविन्द, हस्ती के मुखादि पर स्थित बिन्दु-समूह, सेना की चक्राकार व्यूह-रचना, निधि का वाचक, दशार्बुद की संख्या, सीसा, पोहकर-मूल, देहस्थ पद्माकार नाड़ीचक्र। पु०--नागविशेष।
पद्मकेशर (पु०)--कमल की केशर, किञ्जल्क।
पद्मगर्भ(पु०)–ब्रह्मा, विष्णु, शिव।
पद्मतन्तु(पु०)–कमल के तन्तु, कमल-नाल, मृणाल।
पद्मनाभ (पु०)--जिस की नाभि में कमल हो, विष्णु।
पद्मनाभि(पु०)--पूर्ववत्।
पद्मनाल(न०)=पद्मतन्तु।
पद्मपत्र (न०)–पोहकरमूल नामक

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

औषध, कमल का पत्ता। [पद्म-पर्ण का भी यही अर्थ है]।

पद्मपाणि(पु०)–ब्रह्मा, बुद्ध, सूर्य।

पद्मपुराण (न०)–१८ पुराणान्तर्गत एक पुराण।

पद्मपुष्प(पु०)–कर्णिकार नामक वृक्ष, विकङ्क नामक पक्षी।

पद्मप्रिया(स्त्री०)–जरत्कारु मुनि की पत्नी, मनसादेवी।

पद्मबन्ध (पु०)–चित्रकाव्यविशेष, शब्दालंकारभेद।

पद्मबन्धु(पु०)–सूर्य, भ्रमर।

पद्मभू(पु०)–जिस की उत्पत्ति कमल से है अर्थात् ब्रह्मा।

पद्मयोनि(पु०)–ब्रह्मा।

पद्मराग(पु०)–रक्तवर्ण की एक मणि-विशेष, माणिक, लाल नामक प्रसिद्ध रत्न। [कुबेर, राजा।

पद्मलाञ्छन(पु०)–सूर्य, ब्रह्मा, शिव,

पद्मलाञ्छना(स्त्री०)–सरस्वती, लक्ष्मी।

पद्मवासा (स्त्री०)--जिस का वास कमल में हो अर्थात् लक्ष्मी।

पद्मबीज(न०)--कमलबीज, कमलगट्टा नाम से प्रसिद्ध द्रव्य।

पद्मबीजाभ्र (न०)–मखाना नामक प्रसिद्ध पदार्थ। [देवी।

पद्मा(स्त्री०)–लक्ष्मी, लवंग, मनसा

पद्माकर (पु०)–कमलोत्पत्तिस्थान, तड़ाग, सरोवर।

पद्माक्ष(न०)--पद्मबीज, कमलगट्टा।

पद्माट(पु०)--चक्रमर्द, चकवड़ नामक वृक्ष।

पद्मालया(स्त्री०)–लक्ष्मी, लवंग।

पद्मावतीप्रिय(पु०)–जरत्कारु मुनि।

पद्मासन (न०)–योगशास्त्र में एक आसनविशेष। पु०-ब्रह्मा।

पद्मिनी (स्त्री०)–पद्मसमूह, कमल वाला देश, पद्मलता, एक प्रकार की औरत।

पद्मिनीकान्त-वल्लभ(पु०)–सूर्य।

पद्मी[न्] (पु०)–हाथी। वि०–कमलों वाला।

पद्मेशय(पु०)–विष्णु।

पद्य(न०)–कविकृति, श्लोकविशेष।

पद्य (पु०)–पैरों से उत्पन्न हुआ अर्थात् शूद्र।

पन् (१आ०)–स्तुति करना, प्रशंसा करना, तारीफ़ करना।

पनस (पु०)–कटहल नाम से प्रसिद्ध एक प्रकार का फलवृक्ष।

पनसिका (स्त्री०)–क्षुद्ररोगविशेष।

पन्था (पु०)–रथ्या, रास्ता, मार्ग।

पन्न (वि०)–गिरा हुआ, च्युत।

पन्नग (पु०)–सर्प, सांप।

पन्नगकेशर (पु०)–नागकेशर नामक प्रसिद्ध औषध।

पन्नगाशन (पु०)–सांपों को खाने वाला अर्थात् गरुड़।

पन्नगी (स्त्री०)–सर्पिणी, भुजङ्गी।

पन्नद्धा (स्त्री०)–चर्मपादुका, जूता।

पपि (पु०)–चन्द्रमा।

पपी (पु०)–सूर्य, चन्द्र। [नदी।

पम्पा (स्त्री०)–दक्षिण देश में एक

पय् (१आ०)–गमन करना, जाना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पयश्चय (पु०)–जलसमूह, पूर, बाढ़।
पयस् [:] (न०)–जल, पानी, दुग्ध, क्षीर।
पयस्कन्दा (स्त्री०)–क्षीरविदारी, दूध वाली विदारीकन्द नामक औषध।
पयस्य (वि०)–दुग्धविकार घृत दधि आदि। पु०–बिडाल, बिलाव।
पयस्या (स्त्री०)–दुग्धिका, दुद्धी, क्षीरकाकोली, अर्कपुष्पी।
पयस्विनी (स्त्री०)–दूधवाली [धेनु], पानी वाली [नदी], बकरी, जीवन्ती नामक औषध।
पयोघन (पु०)–घनोपल, ओला।
पयोधर(पु०)-मेघ, बादल, स्त्रीस्तन, नारियल।
पयोधाः-धि(पु०)–समुद्र, जलाधार।
पयोनिधि(पु०)–पूर्ववत्।
पयोव्रत(पु०)–एक प्रकार का व्रत जो १२ दिन में समाप्त होता है जिस में केवल दुग्धपान ही किया जाता है
पर (वि०)–अन्य, दूसरा, अगला, दूर, श्रेष्ठ, मोक्ष। न०-ब्रह्म। पु०–शत्रु, दुश्मन।
परकीय(वि०)–परसम्बन्धी, दूसरे का।
परकीया (स्त्री०)–नायिकाभेद, उपनायिका।
परक्षेत्र(न०)–परभार्या,दूसरे की पत्नी।
परग्रन्थि(पु०)–अङ्गुलियों की गांठ, अङ्गुलिपर्व।
परच्छन्द (वि०)–परतन्त्र, पराधीन, दूसरे के अधीन।
परच्छिद्र(न०)–दूसरे के ऐब, परदोष।
परजात(वि०)–अन्य से उत्पन्न, दूसरे से पोषित। पु०–कोयल,कोकिल।
परजित (वि०)–शत्रु से जिता हुआ, पराश्त, दूसरे से पुष्ट हुआ।
परञ्जु (पु०)–तैल निकालने का यन्त्र, कोल्हू, कोन, झाग।
परञ्जन(पु०)–पश्चिम दिशा का स्वामी, वरुण।
परञ्जय (पु०)–शत्रुविजयकर्त्ता, वरुण।
परतन्त्र(वि०)–पराधीन, दूसरे के वशमें
परत्रभीरु(वि०)–परलोक का भय मानने वाला, धर्मात्मा, धार्मिक।
परत्व (न०)–भेद, परता, न्यायमत में सिद्ध गुणविशेष।
परदार (पु०)–दूसरेकीभार्य्या, परदारा
परदुःख(न०)–दूसरों की पीडा, अन्यजनसम्बन्धी दुःख।
परद्वेषी (वि०)–दूसरों के साथ द्रोह करने वाला, परद्रोही, विदूषक
परन्तप(वि०)–शत्रुओं को सन्तापित करने वाला, इन्द्रियदमनशील, तामस नामक मनु का एक पुत्र, मगधदेशाधिपति एक राजा।
परपिण्डाद (वि०)–दूसरों का अन्न खाने वाला, परान्नोपभोगी।
परपुरुष(पु०)–विष्णु, परमात्मा, अन्य पुरुष, उपनायक।
परपुष्ट (पु०)–कोयल, कोकिल।
[यह लोकमें प्रसिद्ध है कि कोयल अपने अण्डों को स्वयं फोड़ने में असमर्थ होने के कारण काकी

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

[कौवी] के घोंसले में रख आती और वह उसका निजसन्तानबुद्धि से पालन पोषण करती है एतदर्थ ही कोकिल के 'परपुष्ट' 'परभृत' इत्यादि नाम हैं]। [धीना।

परपुष्टा(स्त्री०)–वेश्या,वाराङ्गना,परा-

परपूर्वा (स्त्री०)–वह स्त्री जो अपने पति को निकृष्ट समझ कर अन्य-पतिको उत्कृष्ट जान उस से प्रेम रख-ती हो, पुनर्भू, स्वैरिणी।

परभाग(पु०)–अत्यन्त गुणोत्कर्ष,अत्यु-त्तमता, खण्ड, उत्तमांश, दूसरे का हिस्सा।

परभुक्ता(स्त्री०)–अन्य पुरुष से भोगी हुई स्त्री,परपुरुषसंभोगवतीनारी।

परभृत(पु०)–काक, कौआ।

परभृत(पु०)–कोकिल, कोयल।

परम् (अ०)–अधिक, केवल, नियोग, अनुभव।

प्रदर (पु०)प्रधान, उत्कृष्ट, पहिला, का रोग, पर, अग्रेसर, शिव। भङ्ग, बाणज्ञा, अनुमति, हुक्म,

प्रदर्शित ( ) स्वीकार करना। आलोकि०)–उत्तमगौ,श्रेष्ठ गाय।

प्रदल (पु०)-श्री०)–अच्छा स्थान,

प्रदान (न०)इ।

प्रदिक् [श्] (न०)–परमात्मा, पर-बीच की [मुनि।

प्रदिग्ध (न०)–उत्तम ऋषि, ब्रह्मवेत्ता भेद। वि०–लिबासिविशेष। भूषित। सूक्ष्म, जिस से

प्रदीप (पु०)–दीपक, ... हो।

प्रदीपन (पु०)–एक।

परमात्मा (पु०)–विष्णु, परमेश्वर, शिव, ईश्वर, ब्रह्म।

परमाद्वैत (पु०)–पूर्ववत्।

परमान्न (न०)–देवान्न, उत्कृष्टान्न, पायस, क्षीर।

परमायुः [स्] (न०)–उत्तम आयु, जीवितकाल, बड़ी उम्र, १०० वर्ष की आयु।

परमार्थ (पु०)–उत्कृष्ट पदार्थ, यथार्थ वस्तु, मोक्ष, सुख, दुःखाभाव।

परमृत्यु (पु०)–काक, कौआ।

परमेश्वर (पु०)–ब्रह्म,चक्रवर्त्तीराजा।

परमेष्ठी [न्] (पु०)–परब्रह्म में लीन होने वालापुरुष,चतुर्मुख ब्रह्मा।

परम्पर (पु०)–प्रपौत्र आदि, मृगभेद।

परम्परा (पु०)–वंश, सन्तति, क्रम, सिलसिला। [से चला हुआ।

परम्परीण (वि०)–परम्परागत, क्रम

परलोक(पु०)–दूसरा लोक,लोकान्तर

परवश (वि०)–परायत्त, पराधीन, दूसरे के वशीभूत।

परवान् [वत्] (वि०)–पराधीन।

परव्रत (पु०)–धृतराष्ट्र।

परश (न०)–रत्नविशेष [कहते हैं कि इस के स्पर्श से दूसरे धातु स्वर्णत्व को प्राप्त हो जाते हैं]।

परशु (पु०)-शस्त्रविशेष, कुल्हाड़ा। [इसी अर्थ में पर्शु भी होता है]।

परशुधर(पु०)–गणेश, परशुराम।

परश्वः[स्] (अ०)–आने वाले दिन से अगला दिन, परसों।

परश्व [स्व] ध (पु०)–परशु, कुठार,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

पय कुल्हाड़ा । [आपस में ।
पर स्पर (वि०)–अन्योन्य, इतरेतर,
र स्मैपद(न०)–ऐसा पद जिसके कहने
से दूसरे के लिये फल का ज्ञान
हो, व्याकरण में प्रत्ययों की
एक संज्ञा ।
परा(अ०)–तुटकारा, उलटापन, बड़ा-
पन, कटूक्ति, सामने, त्याग[देना],
गति, अनादर । स्त्री०-ब्रह्मविद्या ।
पराक(पु०)–एक प्रकार का व्रत, १२
दिन का फ़ाक़ा, एक प्रकार का
रोग, तलवार ।
पराक्रम(पु०)–बल, शौर्य, बहादुरी ।
पराग(पु०)–धूलिमात्र, पुष्परज, केसर
का चूर्ण । [कार्य से हटने वाला ।
पराङ्मुख (वि०)–विमुख, आरम्भित
परा‍ञ्चित (वि०)–अन्यद्वारा पालित,
दूसरे से पला हुआ, परपुष्ट ।
पराचीन (वि०)–पराङ्मुख, पर-
कालिक, पुराना ।
पराजय(पु०)–पराभव, अनादर, हार ।
पराजित(वि०)–हराया हुआ, विजित ।
परात्पर(वि०)–श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ, सब
से अच्छा । पु०–श्रीकृष्ण ।
पराधीन=परवश ।
परानसा(स्त्री०)–चिकित्सा, इलाज ।
परान्न (न०)–दूसरे का अन्न । वि०–
दूसरे के अन्न पर जीने वाला ।
पराभव (पु०)–तिरस्कार, बेइज़्ज़ती,
अपमान, हानि, तबाही ।
पराभूत(वि०)–अपमानित, तिरस्कृत,
पराजित ।
परामर्श (पु०)–युक्ति, दलील, विवे-
चन, सलाह, राय ।
परामृष्ट (वि०)–सम्बन्धित, सलाह
किया हुआ, विवेचित ।
परायण (न०)–अत्यन्तासक्ति, किसी
कार्य में बहुत ही लगना । वि०–
तत्पर, आसक्त ।
परायत्त (वि०)=परवश ।
परारि(अ०)–गततृतीयाब्द, पहिले
से पहिला वर्ष, परार साल,
बीता हुआ तीसरा संवत् ।
पारु (पु०)–कारवेल्ल, करेला ।
परार्द्ध (न०)–अन्तिमसंख्या, पिछली
गिनती, १०००००००००००००००
ब्रह्मा की आयु का दूसरा आधा
परावर्त (पु०)–विनिमय, बदलना,
लौटना ।
पराविद्ध (पु०)–कुबेर । [पिता ।
पराशर (पु०)–एक मुनि, [देव
के साथ द्रोह
पराशरी [न्] (पु०)–पर [द्रोही, विदूषक
अग्नी । [को सन्तापित
पराश्रया (स्त्री०)–वृक्ष [दयदमनशील,
वाला वृक्ष, बन्दा, [का एक पुत्र,
परासन (न०)–मारना, [एक राजा ।
परासु (वि०)–मृत, [दूसरों का अन्न
[प्राण] निकल गये [नोपभोगी ।
परास्कन्दी [न्] (पु०)–[रमात्मा, अन्य
परास्त (वि०)–निरस्त [कोयल, कोकिल ।
हुआ, हराया हु
पराह (पु०)–परा [प्रसिद्ध है कि कोयल
पराह्ण (पु०) [डों को स्वयं फोड़ने में
दोपहर [मर्थ होने के कारण काकी

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

परि (अ०)--चारों से तरफ़ वर्जना, व्याधि, निकालना, शोक, सन्तोष, उपरम, भूषण इत्यादि अर्थों का बोधक।

परिकर (पु०)--समारम्भ, कमर कसना, पर्यङ्क [पलंग], विवेक।

परिकर्म्म [न्] (न०)--अङ्गसंस्कार, केसर आदि देह सजाने का द्रव्य-विशेष, उबटन, शरीरसंस्कार-मात्र, आभूषण, प्रतिकर्म।

परिकर्मा [न्] (पु०)--सेवक, नौकर, परिचारक।

परिकांक्षित (वि०)--त्यक्ताभिलाष, तपस्वी, वैराग्ययुक्त।

परिक्रम (पु०)--क्रीडा के लिये पांवों से गमन, देवादि की प्रदक्षिणा करने के लिये पैदल जाना, विहार, सैर।

परिक्रिया (स्त्री०)--एकदिनसम्बन्धी प्रदत्त[illegible], खाई वा जलादि से

प्रदर (पु०)--[लपेटना]।

का रोग, फ[illegible] कुरुवंशीय राजा, भङ्ग, बाण[illegible]का पुत्र [परीक्षित्,

प्रदर्शित ([illegible] परिक्षित ये शब्द भी आलोकि[illegible]में प्रयुक्त होते हैं]।

प्रदल (पु०) [illegible])--खाई, शत्रु आदि

प्रदान (न० [illegible]वेश न कर सकें एत-

प्रदिक् [श्] तरफ खुदा हुआ जल बीच की स्थान।

प्रदिग्ध (न०)--अति प्रसिद्ध, मश-भेद। वि०--लि[illegible]।

भूषित। [illegible], ज्ञात, जाना

प्रदीप (पु०)--दीपक, [illegible] तरफ़ से

प्रदीपन (पु०)--एक [illegible]

घिरा हुआ, परिवेष्टित, [illegible], हुआ। [योग[illegible]

परिगृह्या (स्त्री०)--नारी, ग्रहण क[illegible]

परिग्रह (पु०)--दान लेना, प्रतिग्रह, पत्नी, सेना का पश्चाद्भाग, परिवार, अङ्गीकार, शाप, शपथ, साधन, मूल, कन्द। [धक।

परिग्राह (पु०)--यज्ञ की वेदि का बो-

परिघ (पु०)--लोहे का बना हुआ मुद्गर, ज्योतिषशास्त्रोक्त २७ योगों में से एक, घट, घर, काच का घट, पुर का दरवाज़ा, कार्त्ति-केय का अनुचर, चाण्डालविशेष।

परिघात (पु०)--अस्त्र, मारना, हनन।

परिचय (पु०)--विशेषज्ञान, अभ्यास, प्रणय, ज्ञात को पुनः २ जानना, प्रशंसा, प्रेम।

परिचर (पु०)--युद्धक्षेत्र में रथ का रक्षक, सहायक, सेना में राजा का दण्डनायक, रोगी की परि-चर्या करने वाला।

परिचर्या (स्त्री०)--सेवा, टहल, शुश्रूषा, अधीनता, उपासना।

परिचाय्य (पु०)--वह अग्नि जिस का संस्कार किया जाय, यज्ञ का अग्नि।

परिचारक (वि०)--सेवक, नौकर, भृत्य। [सेव्य, पूजनीय।

परिचार्य (वि०)--सेवा करने योग्य,

परिचित (वि०)--ज्ञात, जाना हुआ, परिचययुक्त। [परिचयनीय।

परिचेय (वि०)--चिनने योग्य, चेतव्य,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

परिच्छद (पु०)–परिवार, सामग्री, उपकरण अर्थात् हस्ती, अश्व, रथादि ।

परिच्छन्न (वि०)–सब तरफ़ से ढका हुआ, संवृत ।

परिच्छिन्न (वि०)–सावधिक, अवधि-प्राप्त, परिच्छेदयुक्त ।

परिच्छेद (पु०)–इयत्ता रूप प्रमाण, इतना, सीमा, अवधि, ग्रन्थ के सर्ग, अध्याय आदि ।

परिजन (पु०)–पोष्यजन, परिवार, पालनीय पुत्रादि वर्ग ।

परिणत (वि०)–परिपक्व, बढ़ा हुआ, अवस्थान्तर को प्राप्त ।

परिणय (पु०)–विवाह, उद्वाह, शादी ।

परिणाम (पु०)–विकार, प्रकृति का बदलना, स्वरूप का अन्यथा हो जाना, अन्त, अर्थालंकारभेद ।

परिणामदर्शी [न्] (वि०)–कार्यसमाप्ति के पूर्व ही अन्तिम फल का देखने वाला, चरमकालदर्शी ।

परिणामशूल (पु०)–वह शूल जो भुक्त अन्न के परिपाकसमय में होता है, रोगविशेष । [फैलाव ।

परिणाह (पु०)–विस्तार, विशालता,

परिणेता [तृ] (पु०)–भर्ता, पति, मालिक, जिस के साथ विवाह हुआ हो । [सब तरफ़ से, सर्वतः ।

परितः [स्] (अ०)–चारों ओर से,

परिताप (पु०)–दुःख, गर्मी, शोक, भय, कम्प, अत्यन्त उष्णता, नरक-विशेष । [रहित, सन्तोषित ।

परितुष्ट (वि०)–सन्तुष्ट, अभिलाषा-

परितोष (पु०)–सन्तोष, सब्र, सब प्रकार से तुष्टि ।

परित्याग (पु०)–छोड़ना, त्यागना, सब प्रकार से वर्जन ।

परित्राण (न०)–मारण आदि हिंसात्मक कर्म से बचाना, रक्षण, कुत्सित कर्म से हटाना, हस्तवारण ।

परिदान (न०)–एक वस्तु लेकर बदले में दूसरी का देना, अदलाबदली, विनिमय ।

परिदायी [न्] (पु०)–अविवाहित ज्येष्ठ भाई को छोड़ कर छोटे को कन्या देने वाला पुरुष । [बड़े भाई को छोड़ छोटे को कन्या देने वाला कन्या का पिता 'परिदायी', वह कन्या 'परिवेदनीया', छोटा भाई 'परिवेत्ता' ज्येष्ठ भ्राता 'परिविन्न' और ऐसे विवाह के कराने वाला आचार्य 'परिकर्ता' है जो कि ये सब के साथ द्रोह पतित हैं] । द्रोही, विदूषक ।

परिदेवन (न०)–वि को सन्तापित अनुचित काम पर पश्चात्तापकारक, पश्चात्ताप, पछतावा, सोचना । एक राजा ।

परिदेवना (स्त्री०)–शोकभरों का अन्न

परिधान (न०)–पहिरनोपभोगी । परिधेय वस्त्र, अधोवस्त्र, अन्य

परिधि (पु०)–सूर्य आदि चारों ओर उ[illegible]यल, कोकिल । कार मण्डल प्रसिद्ध है कि कोयल के वृक्ष [illegible]डों को स्वयं फोड़ने में [illegible] होने के कारण काकी

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

वस्त्र, सूर्य तथा चन्द्रमा की प्रभा।

परिधिस्थ(वि०)–घेरे में रहने वाला, मण्डल में स्थित, भृत्य, नौकर, संग्राम में शत्रु के प्रहार से रथ की रक्षा करने वाला, सेना में नृपति का दण्डनायक।

परिधन-न (न०)–वह धन जिस से व्यवहार किया जाता है, मूल-धन, पूंजी।

परिपन्थक(पु०)–शत्रु, वह पुरुष जो अवगुण को प्रकट करता है वा मार्ग को अवरोध कर चलता है।

परिपन्थी[न्] (वि०)–दोषों को प्रकट करने वाला, शत्रु, दुश्मन, प्रति-कूल आचरण करने वाला।

परिपाक (पु०)–चतुराई, निपुणता, उत्तम प्रकार से पकना, अच्छा पाक।

प्रदत्त (वि०) (स्त्री०)–सिलसिला,

प्रदर (पु०)–[illegible]ति, रिवाज, आनुपूर्वक। का रोग, [illegible]ना छिलके के धान्य, भङ्ग, बाण [illegible]य। वि०–सब प्रकार

प्रदर्शित ([illegible] आलोकित [illegible]०)–सब ओर से भरा

प्रदल (पु०)–[illegible]र्णता, सम्पूर्णत्व।

प्रदान (न०) [illegible]–अत्यन्त कोमल।

प्रदिक् [श्] [illegible]–चञ्चलतायुक्त, अति बीच की [illegible]स्थिर। पु०–सुखीनल

प्रदिग्ध (न०) [illegible]ध का पुत्र।

भेद। वि०–लि[illegible]दि से डूबा हुआ। भूषित। [illegible]रा, शराब, मद्य,

प्रदीप (पु०)–दीपक, [illegible]योनि।

प्रदीपन (पु०)–एक प[illegible]

परिवर्ह (पु०)–राजा के योग्य हस्ति, अश्व, रथ आदि, राजयोग्य द्रव्य। परिच्छद, सामग्री।

परिभ[भा] व (पु०)–तिरस्कार, [illegible]ति, ज़ज़ती, अनादर।

परिभाषण (न०)–निन्दायुक्त वचन। सोपालम्भ कथन, वह वचन [illegible]ड़, में उलाहना वा ताना दिया ज[illegible]का

परिभाषा(स्त्री०)–कृत्रिम नाम, बन वटी संज्ञा, सूत्र का लक्षणविशे अवयवार्थ को छोड़ समूह [illegible], अर्थ, एक विशेष नाम।

परिभूत(वि०)–तिरस्कार किया हुआ, अनादृत, अवमानित।

परिमण्डल(वि०)–सब तरफ़ से गोला-कार, वर्तुल, गोल।

परिमल(पु०)–केसर आदि का मलना, मलने से उत्पन्न हुई सुगन्ध, मर्दनोत्थ सुगन्ध, सौरभ, विच्छ-रसमूह। [समता।

परिमाण (न०)–माप, प्रमाण, तोल,

प्रान्त (पु०)-अन्त का भाग, पिछली सीमा, शेष सीमा, सूबा ।

प्रान्ततः [स्] (अ०)-चारों तरफ़ से, सब ओर से ।

प्रान्तर (न०)-वह मार्ग जो दूर तक शून्य हो, जलवृक्षादि से रहित पथ, दूरगन्तव्य मार्ग, वन, वृक्ष की खखोड़र ।

प्रान्तशून्य(न०)-पूर्ववत् ।

प्रापण(न०)-प्राप्त होना, पहुंचाना, ले जाना ।

प्रापणीय (वि०)-प्राप्त होने योग्य, प्राप्य, पहुंचाने वा लेजाने योग्य।

प्राप्त(वि०)-लब्ध, प्रस्थापित, भेजा हुआ, आसादित ।

प्राप्तपञ्चत्व(वि०)-मरा हुआ, मृत ।

प्राप्तरूप (वि०)-सुन्दर, मनोज्ञ, पण्डित, विज्ञ ।

प्राप्तव्य(वि०)=प्रापणीय ।

प्राप्ति(स्त्री०)-लाभ, धन आदि की वृद्धि, उदय, पाना, संहति, मेल, अणिमादि आठ सिद्धियों में से एक, स्थानान्तर पर पहुंचना ।

प्राप्य (वि०)-पहुंचाने योग्य, गम्य, प्राप्तव्य, पाने लायक़ ।

प्राबोधिक(पु०)-प्रातःकाल, सुबह ।

प्राभृत(न०)-भेट, उपायन, पारितोषिकधन, इनाम ।

प्रामाणिक (पु०)-सहेतुक, प्रत्यक्षादि प्रमाणसिद्ध, शास्त्रज्ञ, प्रमाणकर्त्ता, मर्यादा के लायक, सभा के योग्य ।

प्रामाण्य(न०)-प्रमाण का भाव, प्रमाकरणत्व, वस्तु का यथार्थ रूप से जानना, ग्रहण करने योग्य प्रमाण ।

प्राय (पु०)-मृत्यु, मरण, मरणार्थ भोजन न करना, अनशन, तुल्य, बहुतायत, अवस्था, पाप, तप । न०-प्रवेश, संग्राम ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

प्रायः [स्] (अ०)—बाहुल्य, बहुतायत, बहुत करके, तपोऽनुष्ठान ।

प्रायश्चित्त (न०)—पापशोधन का साधन, तपोऽनुष्ठान का निश्चय, पापनिवर्त्तक चान्द्रायणादि व्रत वा कर्म ।

प्रायश्चित्ती [न्] (वि०)—प्रायश्चित्त करने योग्य पुरुष, अपराधी, दोषी ।

प्रायुद्धेषी [न्] (पु०)—अश्व, घोड़ा ।

प्रायोज्य (वि०)—प्रयोजन के योग्य, मतलब के लायक़ ।

प्रायोपविष्ट (वि०)—भोजन न कर मरने के लिये बैठा हुआ पुरुष, वह पुरुष जो अनशन व्रत करता हुआ मरणार्थ उद्यत हो ।

प्रायोपवेश (पु०)—सब संकल्प विकल्पों के त्याग तथा भोजन न करने पूर्वक मृत्यु के लिये बैठना ।

प्रारब्ध (न०)—शरीर आदि का आरम्भक पूर्वजन्मार्जित अदृष्ट विशेष जिस का क्षय भोग से ही होता है । वि०—आरम्भ किया हुआ ।

प्रारब्धि (स्त्री०)—हस्ती के बांधने की रज्जु । [आरम्भ, शुरू ।

प्रारम्भ (पु०)—कर्म, काम, योगी,

प्रार्थन (न०)—मांगना, याचना करना, मारना, हिंसा करना ।

प्रार्थना (स्त्री०)—पूर्ववत् ।

प्रार्थनीय (न०)—द्वापर युग । वि०—प्रार्थना के योग्य, वाञ्छनीय ।

प्रार्थित (वि०)—याचित, मांगा हुआ, कथित, हत, मारा हुआ ।

प्रालम्ब (न०)—गले में सीधी लटकती हुई माला, कण्ठी । वि०—अतिशय लम्बमान ।

प्रालम्बिका (स्त्री०)—स्वर्ण का हार, तोड़ा, स्वर्णनिर्मित हार ।

प्रालेय (न०)—हिम, बर्फ़, तुषार ।

प्रालेयांशु (पु०)—चन्द्रमा, चांद ।

प्रावट (पु०)—यव, जौ ।

प्रावरण (न०)—ऊपर का वस्त्र, दुपट्टा, उत्तरीय वस्त्र ।

प्रावार (पु०)—पूर्ववत् ।

प्रावृट् [ष्] (स्त्री०)—वर्षा का मौसम, वर्षाकाल । [ओढ़ने का वस्त्र ।

प्रावृत (न०)—उत्तम वस्त्र, पोशाक,

प्रावृति (स्त्री०)—परकोटा, चारों तरफ़ की दीवार ।

प्रावृषा (स्त्री०)—वर्षाकाल, घनागम ।

प्रावृषिक (पु०)—मयूर, मोर । वि०—वर्षाकाल में उत्पन्न होने वाला ।

प्रावृषेण्य (पु०)—कदम्बवृक्ष । वि०—वर्षाकालोद्भव ।

प्राशित (न०)—पितृयज्ञ विशेष । वि०—खाया हुआ, भक्षित ।

प्राश्निक (पु०)—कुशलप्रश्नकर्त्ता, सभ्य । वि०—प्रश्न करने वाला ।

प्रास (पु०)—कुन्त नामक अस्त्र, भाला ।

प्रासङ्ग (पु०)—गाड़ी आदि का जूआ, युग । [महल ।

प्रासाद (पु०)—देवताओं का घर, राज-

प्रासादकुक्कुट (पु०)—पारावत, कबूतर ।

प्रासिक (पु०)—भाले से प्रहार करने वाला, कुन्तास्त्रधारी, कौन्तिक ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

प्राह(पु०)–नृत्यविषयक उपदेश।
प्राह्ण (पु०)–दिन का पहिला पहर, अच्छा दिन, पूर्वदिन।
प्राह्णे(अ०)–पहिले पहर में,पूर्वाह्ण में।
प्राह्णेतन(वि०)–पूर्वाह्ण में होने वाला, पूर्वान्ह का, पूर्वाह्णसम्बन्धी।
प्राह्णेतराम्(अ०)–बहुत सुबह, बहुत पहिला पहर।
प्रिय (पु०)–पति, भर्त्ता, जामाता, कार्त्तिकेय, मृगविशेष, ऋद्धिनामक औषध।
प्रियंवद(पु०)–गन्धर्वका वाचक। वि०–प्रिय बोलने वाला, मिष्टभाषी।
प्रियङ्कर (वि०)–प्रिय करने वाला, प्रियकर्त्ता। पु०–दैत्यभेद।
प्रियजन(पु०)–मित्रवर्ग,हृद्यलोक,प्रौढ भाव का ज्ञाता।
प्रियतम (पु०)–मयूरशिखा नामक वृक्ष। वि०–इन सब में अति प्यारा, अतिशय प्रिय।
प्रियतर(वि०)–इन दोमें बहुत प्रिय।
प्रियता (स्त्री०)–प्यार, स्नेह,हार्द।
प्रियदर्शन (वि०)–शुभदर्शन वाला, मनोज्ञ, सुदृश्य, स्वरूपवान्। पु०–शुक पक्षी, एक गन्धर्व।
प्रियवादी [न्] (वि०)–प्रिय बोलने वाला, मनोज्ञवक्ता।
प्रियव्रत(पु०)–स्वायम्भुव का ज्येष्ठपुत्र।
प्रिया (स्त्री०)–पत्नी, भार्या, इलायची, मदिरा,बात, वार्त्ता।
प्रियाल (पु०)–वृक्षविशेष, पीपलवृक्ष।
प्रियोदित (वि०)–कहा हुआ, प्रिय वाक्य, चाटुवाक्य।

प्री (९ उ०)–तृप्त होना, प्रसन्न होना, इच्छा, चाहना, कान्ति।
प्री (स्त्री०)–प्रथमा विभक्ति का बोधक।
प्रीण (वि०)–प्रसन्न हुआ।
प्रीण (वि०)–पुराना, पुरातन,प्रीत,
प्रीणन (न०)–तृप्त करना, तर्पण, प्रसन्न करना, रक्षा करना।
प्रीत (वि०)–प्रसन्न हुआ,प्रीतियुक्त, प्रमुदित, हृष्ट।
प्रीति (स्त्री०)–तृप्ति, प्रेम, खुशी, हर्ष, २७ योगों में से दूसरा।
प्रीतिउषा (स्त्री०)–उषा नाम्नी अनिरुद्ध की पत्नी। वि०–प्रीतियुक्त।
प्रीतिदत्त (न०)–प्रेम से दी हुई वस्तु।
प्रीतिभोज्य (वि०)–प्यार से खाने योग्य अन्नादि।
प्रु (१आ०)–सरकना,खिचड़ना,सर्पण।
प्रुट्(१आ०)–रगड़ना, मर्दन करना, मलना।
प्रुष् (१प०)–जलाना, भस्म करना। (९ प०)–सींचना, पूरा करना, भरना, स्नेह करना।
प्रुष्ट (वि०)–जला हुआ, दग्ध, गला हुआ, सड़ा हुआ।
प्रुष्व (पु०)–सूर्य, ऋतु, मौसम।
प्रुष्वा (स्त्री०)–जल की बिन्दु, जलकण।
प्रेक्षण (न०)–नेत्र, आंख, दर्शन।
प्रेक्षणकूट (पु०)–आंख का गोलक।
प्रेक्षा (स्त्री०)–अच्छे प्रकार से देखना,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

नाट्येक्षण, पर्यालोचना, शोभा, बुद्धि शाखा, नृत्य का देखना।

प्रेक्षावत् (वि०)–सोच कर कार्य्य करने वाला, समीक्ष्यकर्त्ता।

प्रेङ्खा (स्त्री०)–डोला, झूला, पर्यटन, घूमना, अश्व की गति, नृत्य, नाच, गृहविशेष।

प्रेङ्खित (वि०)–कांपा हुआ, कम्पित।

प्रेङ्खोल [अदन्त] (१० प०)–झूलना, दोला पर चढ़ना। [कम्पन।

प्रेङ्खोलन (न०)–झूला, कांपना,

प्रेत (पु०)–नरकस्थ प्राणी, नारकी जीव, पिशाचभेद, स्थूलशरीर के भस्म हुए पश्चात् उत्पन्न देह। वि०–मृत, मरा हुआ।

प्रेतकर्म [न्] (न०)–मृतमनुष्य का दाह से लेकर सपिण्डीकरण तक का कर्म।

प्रेतगृह (न०)–श्मशान, मरघट।

प्रेततर्पण (न०)–मरण से लेकर सपिण्डीकरण तक प्रेतशब्दोच्चारण-पूर्वक दिया हुआ जलदान।

प्रेतदेह (स्त्री०)–प्रेत का शरीर, मृतदेह।

प्रेतनदी (अस्त्री०)–प्रेतों के तरने योग्य नदी, वैतरणी।

प्रेतपटह (पु०)–मृत्यु के समय का बाजा, मरणकाल में वादनीय वाद्यविशेष।

प्रेतपति (पु०)–प्रेतों का पति, यमराज।

प्रेतपिण्ड (पु०)–मरण के अनन्तर सपिण्डीकरणतक प्रेत के लिये प्रदेय पिण्डाकार अन्न।

प्रेतपुर (पु०)–यमपुरी, यमालय।

प्रेतवन (न०)–श्मशान, चितास्थान।

प्रेतशिला (स्त्री०)–वह शिला जिस पर गया में मरों के उद्देश्य से पिण्डदान किया जाता है।

प्रेतश्राद्ध (न०)–वह श्राद्ध जो प्रेत के उद्देश्य से किया जाय।

प्रेता (स्त्री०)–मृता स्त्री, मरी हुई औरत।

प्रेत्य (अ०)–दूसरा लोक, लोकान्तर, अमुत्र, मरकर।

प्रेम [न्] (न०)–स्नेह, प्रियता, प्यार, हंसीठट्ठा [जल।

प्रेमपातन (न०)–रोवना, रोदन, नेत्र-

प्रेमा [न्] (पु०)–स्नेह, इन्द्र, पवन।

प्रेमी [न्] (वि०)–स्नेह करने वाला, प्रेमयुक्त। [स्त्री।

प्रेयसी (स्त्री०)–प्रियतमा नारी, प्यारी

प्रेयान् [स्] (पु०)–बहुत प्यारा, पति, कान्त।

प्रेरण (न०)–भेजना, निकृष्ट सेवकादि को काम में लगाना, प्रेषण।

प्रेरित (वि०)–भेजा हुआ, प्रेषित।

प्रेर्त्वा [न्] (पु०)–समुद्र, दरिया।

प्रेर्त्वरी (स्त्री०)–नदी, दरिया।

प्रेष् (१ प०)–जाना, गमन करना।

प्रेष (पु०)–भेजना, प्रेषण, पीडा, व्यथा।

प्रेषण (न०)–प्रेरणा, भेजना।

प्रेषित (वि०)–भेजा हुआ, स्थापन किया हुआ, प्रतिहत।

प्रेष्ठ (वि०)–बहुत प्यारा, अतिशयप्रिय

प्रेष्ठा (स्त्री०)=प्रेयसी।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

प्रेष्य(वि०)–भेजने योग्य,दास, सेवक।
प्रैष (पु०)–दास,नौकर। न०-दास का कर्म, सेवाकर्म। [भेजना।
प्रैष्य (पु०)–मलना, मर्दन, उन्माद,
प्रोक्त (वि०)–कथित,कहा हुआ।
प्रोक्षण (न०)–सींचना, छिड़कना, मारना, हिंसा करना,बध।
प्रोक्षित(वि०)–सिक्त, छिड़का हुआ, निहत, मारा हुआ।
प्रोज्जासन(न०)–मारना,हिंसा करना।
प्रोज्झित(वि०)–त्यक्त, त्यागा हुआ।
प्रोञ्छन(न०)–साफ़ करना, पोंछना, प्रवर्जन।
प्रोष्ठ(पु०)–पीकदान, मुखवनपात्र।
प्रोत (वि०)–गुथा हुआ, खचित, गुम्फित, स्यूत, सिया हुआ। न०–वस्त्र।
प्रोत्सादन(न०)–छत्र, छाता।
प्रोत्फुल्ल(वि०)–खिला हुआ,विकसित
प्रोत्साह (पु०)–कार्यसम्पादन में अत्यन्त उत्साह।
प्रोथ(स्त्री०)–घोड़े की नाक, अश्व-नासिका, शूकर की नाक, धोती, स्त्री का गर्भ, गर्त, गढ़ा, अश्व का मुख। वि०–पथिक, पान्थ, स्थापित।
प्रोष(पु०)–सन्ताप,कष्ट।
प्रोषित(वि०)–विदेश में गया हुआ, परदेशी, प्रवासगत।
प्रोषितभर्तृका(स्त्री०)–वह स्त्री जिस का पति परदेश में गया हो।
प्रोष्ठ(पु०)–मत्स्यभेद,जनपदविशेष,गौ।
प्रोष्ठपद (पु०)–भाद्रपद नामक मास, नक्षत्रविशेष। वि०-गौ के तुल्य पदयुक्त। [नक्षत्र।
प्रोष्ठपदा(स्त्री०)–पूर्वाभाद्रपद नामक
प्रोष्ठपदी (स्त्री०)–भाद्रपदमास की पूर्णिमा।
प्रोष्ठी(स्त्री०)–मत्स्यभेद, शफरी।
प्रोह(पु०)–हस्ती का पांव, हाथी के पांव की गांठ। वि०–तर्क,निपुण।
प्रौढ(वि०)–बढ़ा हुआ, वर्द्धित,तरुण, परिश्रमी, निपुण।
प्रौढपाद(पु०)–आसन के ऊपर आरोपित पांव वाला पुरुष, किसी वस्त्रादि से कमर, जंघा और घुटनों के बन्धनपूर्वक बैठा हुआ पुरुष।
प्रौढा (स्त्री०)–नायिका भेद, ५५ वर्ष की अवस्था वाली स्त्री।
प्रौढि(स्त्री०)–ताक़त, सामर्थ्य, प्रगल्भता, उद्योग।
प्रौण(वि०)–चतुर, निपुण।
प्लक्ष्(१ अ०)–भक्षण करना, खाना।
प्लक्ष (पु०)–वृक्षविशेष, पाकुड़ नामक वृक्ष। [गत एक द्वीप।
प्लक्षद्वीप(पु०)–सात द्वीपों के अन्त-
प्लव् (१ आ०)–जाना, गमन करना, उछलना, कूदना।
प्लव(पु०)–प्लवन, कूदना, मेंढक, चण्डाल, वानर, मेंढा, जलकाक, पाकड़ वृक्ष, जल के पक्षिमात्र, वकविशेष, शत्रु, जलमुर्ग़ा। न०–नागरमोथा, खस। वि०–कूद कर चलने वाला।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

प्लवक (पु०)–खड्ग की धार आदि पर नाचने वाला पुरुष, श्वपच, चण्डाल ।

प्लवग (पु०)–वानर, बन्दर, मेंढक, सूर्य का सारथि, शिरीषवृक्ष ।

प्लवङ्ग(पु०)–वानर, मृग, प्लक्ष नामक वृक्ष । [कूदकर चलने वाला ।

प्लवङ्गम(पु०)–वानर, बन्दर । वि०–

प्लवन (वि०)–क्रम से नीचे प्रदेश वाली भूमि, प्रवण ।

प्लावन(न०)–द्रव वस्तु का चारों तरफ़ वा ऊपर को जाना, उफ़ान आना, स्नान करना, बहना, बाढ़ आना ।

प्लावित(वि०)–जलादि में डूबा हुआ, निमज्जित, बहाया हुआ, गीला किया गया ।

प्लिह् (१ प०)–जाना, गमन करना ।

प्लीहा (स्त्री०)–तिल्ली नामक रोग, वामकुक्षि के पास में बढ़ा हुआ मांस का टुकड़ा ।

प्लीहा [न्] (पु०)–पूर्ववत् ।

प्लीहारि (पु०)–अश्वत्थ वृक्ष ।

प्लु (१आ०)–उछल कर चलना, सरकना ।

प्लुत (न०)–तिरछा जाना, झपट कर चलना, अश्व की गतिविशेष । पु०-त्रिमात्रिक वर्ण यथा–ओ३म् । वि०-उछल कर चलने वाला, सिक्त छिड़का हुआ, व्याप्त ।

प्लुष् (४ प्र०)–जलाना, भस्म करना ।

प्लुष्ट (वि०)–दग्ध, जला हुआ ।

प्लोष (पु०)–दाह, गर्मी, सन्ताप ।

प्स्रा (२ प०)–खाना, भक्षण करना ।

प्स्रात (वि०)–भक्षित, खाया हुआ ।

प्स्रान(न०)-भोजन, खाद्यपदार्थ, खाना ।

फ

फ–पवर्ग का दूसरा अक्षर । न०–शुष्क कथन, व्यर्थ वचन, मिथ्या भाषण, फूत्कार, फुंकार । पु०-झञ्झा वायु, ज़ोर का वायु, जृम्भाओं का आना, यक्षसाधन, फललाभ, संज्ञाविशेष ।

फक्क् (१ प०)–कुत्सित व्यवहार, शनैः२ चलना, मन्दगमन, ग़लती से प्रयोग करना ।

फक्किका (स्त्री०)–कुव्यवहार, ग़लत अमल, तत्त्व के निर्णयार्थ पूर्व-पक्ष, सिद्ध करने योग्य तर्क, न्याय-विषयक व्याख्या ।

फट् (अ०)–तन्त्रशास्त्र में कहा अस्त्र नामक शस्त्र, अर्घ्यपात्र का प्रक्षालन, अर्घ्य जल द्वारा पूजा की सामग्री के अभ्युक्षण आदि में इस का प्रयोग किया जाता है । वि०-विशीर्ण आदि ।

फट (पु०)–सर्प का फण ।

फटा (स्त्री०)–फणा, दम्भ, धूर्त्त, कितव ।

फण् (१ प०)–अनायास उत्पन्न होना, विना परिश्रम के उपजना । (१प० सक०)–गमन करना, जाना ।

फण (पु०)–सांप का फैला हुआ मस्तक, सर्प का फण ।

फण [णा]कर (पु०)–सर्प, सांप, भुजङ्ग ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

फण [णा] धर (पु०)–सांप, सर्प ।
फणभृत्–भान् (पु०)–पूर्ववत् । [फण ।
फणा (स्त्री०)–सर्प की फटा, सांप का
फणिकेसर (न०)–नागकेसर ।
फणिचक्र (न०)–विवाहादि कार्य में शुभाशुभ के ज्ञानार्थ २७ नक्षत्रों का बनाया सर्पाकार चक्र ।
फणितल्पग (पु०)–विष्णु का वाचक ।
फणिप्रिय (पु०)–वायु, पवन ।
फणिफेन (पु०)–अहिफेन, अफ़ीम ।
फणी [न्] (पु०)–सर्प, सांप, भुजङ्ग ।
फणीश्वर (पु०)–सर्पों का स्वामी, अनन्त ।
फण्ड (पु०)–जठर, पेट, उदर ।
फत्कारी [न्] (पु०)–पक्षिमात्र ।
फर्फरिका (स्त्री०)–जूती, पादुका ।
फल् (१ प०)–तोड़ना, भेदन करना, फाड़ना, फल का उत्पन्न होना ।
फल(न०)–वृक्षादि का फल, लाभ, ढाल, बाण का अगला हिस्सा, त्रिफला [हैड़, बहेड़ा, आंवला], प्रयोजन, जायफल, दान, काम, उद्देश्य । पु०–कुटज का वृक्ष ।
फलक(न०)–चर्म्म, ढाल । पु० अस्थियों का खण्ड, नागकेशर, धोबी का पटड़ा । [हाथ में ढाल हो ।
फलकपाणि (पु०)–वह पुरुष जिस के
फलकाम (वि०)–कर्मफल की इच्छा करने वाला ।
फलकोषक(पु०)–अण्डकोष, मुष्क ।
फलग्रहि (वि०)–समयानुकूल फल धारण करने वाला [वृक्ष]।
फलग्राही [न्](पु०)–वृक्ष, पेड़ । वि०–फल ग्रहण करने वाला ।
फलत्रिक (न०)–त्रिफला [हैड़, बहेड़ा और आंवला] ।
फलद(पु०)–वृक्ष । वि०–फल देने वाला ।
फलपाकान्ता(स्त्री०)–ओषधि, धान्य कदली आदि । [स्थान ।
फलभूमि(स्त्री०)–कर्मफल भोगने का
फलवान्[वत्] (पु०)–फल वाला वृक्ष, फलयुक्त वृक्ष । [पनस, करील ।
फलवृक्षक (पु०)–फलप्रधान वृक्ष,
फलश्रुति(स्त्री०)–कर्मफल का श्रवण ।
फलश्रेष्ठ(पु०)–आम्रवृक्ष, आम का पेड़ ।
फला(स्त्री०)–जांड का वृक्ष, शमीवृक्ष ।
फलाद्न (पु०)–शुक, तोता पक्षी । वि०–फल खाने वाला ।
फलान्त(पु०)–बांस, वंश । [फलासक्ति ।
फलासङ्ग(पु०)–फल की अभिलाषा,
फलिका (स्त्री०)–बाण का अगला हिस्सा ।
फलिनी(स्त्री०)–प्रियङ्गु का वृक्ष ।
फली[न्] (वि०)–फल वाले वृक्षादि ।
फलेग्र [ग्रा] हि (पु०)–फलयुक्तवृक्ष, योग्य समय । [लाभ ।
फलोदय(पु०)–फलोत्पत्ति, हर्ष, स्वर्ग-
फल्गु (वि०)–सारहित, क्षुद्र, निरर्थक, साधारण, मनोज्ञ, सुन्दर । स्त्री०–गयातीर्थस्थ एक नदी ।
फल्गुदा(स्त्री०)–गया नदी ।
फल्गुन (पु०)–अर्जुन, फाल्गुन का मास । वि०–फल्गुनी नक्षत्र में उत्पन्न हुआ ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

फल्गुनी (स्त्री०)–पूर्वफल्गुनी उत्तर-फल्गुनी नामक नक्षत्र ।

फल्गूत्सव(पु०)–दोलयात्रा, गोविन्द के उपलक्ष्य में फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन करने योग्य एक उत्सव, होलिकोत्सव ।

फल्य(न०)–पुष्प, फूल, कुसुम ।

फल्गफल(पु०)–लाज की हवा, सूर्यवायु ।

फा(पु०)–सन्ताप, कष्ट, व्यर्थभाषण ।

फाणि(पु०)–गुड़, खीरा, दही मिले सत्तू, करम्भ, खिचड़ी ।

फाणित(न०)–राब, फेणी, कच्चीखांड ।

फाण्ट(वि०)–बिना परिश्रम के बना हुआ, अनायासकृत, क्वाथभेद ।

फाल (न०)–फाली, कुश, कुशिक, पृथ्वी फाड़ने के लिये लांगलस्थ लौह । पु०–शिव, बलदेव । वि०–कपास से बना हुआ वस्त्र ।

फालकृष्ट (वि०)–हल में लगे हुए लौह से जोती हुई भूमि आदि, वह प्रदेश जिस में हल चलाया गया हो ।

फाल्गुन (पु०)–अर्जुन, अर्जुन नामक वृक्ष, अश्विनी से ११वां और १२वां नक्षत्र, चैत्र से १२ वां मास ।

फाल्गुनानुज (प०)–वसन्तऋतु, वसन्तकाल ।

फाल्गुनिक(पु०)–फाल्गुन संज्ञक मास ।

फाल्गुनी(स्त्री०)–फाल्गुन मास की पूर्णिमा । [वचन ।

फि(पु०)–पाप, क्रोध, गुस्सा, निष्फल

फिङ्गक(पु०)–चिड़ा, चटक, चिड़िया नामक पक्षिविशेष ।

फिरङ्ग (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध म्लेच्छदेश, शिश्नसम्बन्धी गर्मी का एक रोगविशेष जो फिरङ्गी वा फिरंगिणी के संसर्ग से होता है ।

फिरङ्गरोटी(स्त्री०)–डबलरोटी, विष-कुट, वह रोटी जो गेहूं के चून की गोलाकार और मोटी बना कर तन्दूर के पाकद्वारा बनाई जाती है ।

फिरङ्गिणी (स्त्री०)–फिरंगदेश में उत्पन्न हुई नारी, फिरंगिन ।

फिरङ्गी[न्] (पु०)–वह पुरुष जो फिरंग देश में उत्पन्न हुआ हो ।

फु (पु०)–सन्त्रक, मन्त्र को उच्चारण करके फुत्कार शब्द करना अर्थात् फूंकना, तुच्छ वाक्य ।

फुट(वि०)–स्फुटित, फूटा हुआ, खिला हुआ, प्रस्फुटित, सांप का फण ।

फु[फू] त् (अ०)–फुत्कार शब्द करना, फूंक मारना, तुच्छभाषण ।

फुत्कर(पु०)–अग्नि, आग ।

फुत्कार(पु०)–फुत्कार शब्द करना, फुत्करण ।

फुप्फुस(पु०)–फेफड़ा, वह आशय जो वामपार्श्व में हृदय की नाड़ी से लगा हुआ और उदान वायु का आधार है । [होना ।

फुल्ल् (१ प०)–खिलना, विकसित

फुल्ल(वि०)–खिला हुआ । पु०–फूल ।

फुल्लरीक(पु०)–सर्प, सांप, देशविशेष ।

फण (पु०)–दूध वा जल के झाग, बुलबुला, समुद्रझाग, हिम, गुड़ का विकार ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

फेणप (पु०)–मुनिविशेष, वृक्षादि से स्वयं गिरे हुए फलों से आजीवन करने वाला मुनि। वि०–झागों का पान करने वाला।

फेणी (स्त्री०)–राब, गुड़विकार।

फेन (पु०)=फेण।

फेनक (पु०)–पिण्डकविशेष, बड़े।

फेनका (स्त्री०)–जल में पके चावलों का चूर्ण।

फेनल (वि०)–झाग वाला, बुद्बुदयुक्त।

फेनवान् [वत्] (वि०)–पूर्ववत्।

फेनाग्र (न०)–बुदबुद्, बुलबुला।

फेनाशनि (पु०)–इन्द्र, देवराज।

फेनिल (पु०)–बदरीवृक्ष, बेरी का पेड़। न०–बदरीफल, बेर।

फेर [ख] (पु०)–शृगाल, गीदड़।

फेरव (पु०)–शृगाल, राक्षस। वि०–धूर्त, हिंसा करने वाला।

फेरु (पु०)–गीदड़, शृगाल।

फेल (न०)–खाकर छोड़ा हुआ अन्न, उच्छिष्ट, भुक्तसमुज्झित।

फेलक (पु०)–पूर्ववत्।

फेला–लिका (स्त्री०)–पूर्ववत्।

फेल–ली (स्त्री०)–पूर्ववत्।

ब

ब–पवर्ग का तृतीय वर्ण। पु०–वरुण, घट, संकेत, इशारा, सूचना, वपन, बुनना, वामन, बौना, तन्तुओं का फैलाना, जल का वाचक, गमन।

बंहिष्ठ (वि०)–बहुत, अतिशय [बहुल, बहुत ही।

बंहीयान् [स्] (वि०)–पूर्ववत्।

ब [ब] क (पु०)–बगुला नामक पक्षी, एक दैत्य जिसे भीमसेन ने मारा था, वृक्षविशेष, एक असुर जिस का वध श्रीकृष्ण जी ने किया था।

ब [ब] कजित (पु०)–भीमसेन, श्रीकृष्णचन्द्र।

ब [ब] कनिसूदन (पु०)–पूर्ववत्।

ब [ब] कपञ्चक (न०)–कार्तिकशुक्ला एकादशीसे कार्त्तिकी पूर्णिमा तक पांच तिथि [इस विषय में पौराणिक गाथा है कि इन पांच दिनों में शीतलजलवाहिनी नदियों में स्नान करना विशेषपुण्य लाभकर है और इन पांच तिथियों में बगुला मत्स्यादि पक्षियों का मांस भक्षण नहीं करता, अतएव इन तिथियों का नाम 'बकपञ्चक' है इत्यादि]।

ब[ब] कवृत्ति (पु०)–बगुला के तुल्य वर्त्ताव करने वाला कपटी पुरुष, स्वार्थसाधक, मिथ्याविनीत।

ब [ब] डवा (स्त्री०)–घोड़ी, घोटकी, अश्विनी नक्षत्र, दासी, स्त्रीविशेष, नदीभेद, तीर्थ का वाचक।

ब [ब] डवाग्नि (पु०)–समुद्र में रहने वाला अग्नि, समुद्रस्थ अग्नि, शिवनिर्मित घोड़ी के मुख की अग्नि, तीक्ष्णाग्नि।

ब [ब] डवानल (पु०)–पूर्ववत्।

ब [ब] डवासुतौ (पु० द्वि०)–अश्विनीकुमार, स्वर्गवैद्य।

बडिश (न०)–मत्स्य बींधने के लिये

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

लोहे का बनाया तिरछा कांटा, मत्स्यवेधन ।

बडिशी (स्त्री०)–पूर्ववत् ।

बण् (१प०)–बोलना, आवाज़ करना ।

बण (पु०)–शब्द, आवाज़, ध्वनि ।

ब [व] णिक् [ज्] (स्त्री०)–व्यवहार, वाणिज्य, लेनदेन । पु०-व्यापारी ।

ब [व]णिग्बन्धु (पु०)–नीली का वृक्ष, नीलवृक्ष ।

बणिग्भाव (पु०)–व्यापार, वैश्यत्व, क्रयविक्रय करना, लेना देना ।

ब [व] णिज (पु०)–वैश्य, बणिक्, बनिया । [ख़रीद फ़रोख़्त करना ।

ब [व]णिज्य (पु०)–वाणिज्य, व्यापार, बणिज्या (स्त्री०)–पूर्ववत् ।

बद् (१प०)–बोलना, भाषण करना, स्थिर होना ।

ब [व] दर (न०)–बेर का फल, कपास का वृक्ष, कपास का फल । पु०–बेर का वृक्ष ।

बदरि–री (स्त्री०)–बेर का पेड़, कपास ।

बदरिकाश्रम (अस्त्री०)–अपने नाम से प्रसिद्ध एक तीर्थ जो हिमालय पर्वत के प्रदेश में श्रीनगर के समीप और अलकनन्दा नदी के पश्चिम तट पर स्थित है जो कि भगवान् व्यास जी का प्रसिद्ध आश्रम है । [बदरीशैल भी इसी का नामान्तर है] ।

बद्ध (वि०)–बंधा हुआ, बन्धनयुक्त, निगडित, यन्त्रित, संयत ।

बद्धगुद (न०)–एक उदर का रोग जिस में मल का अवरोध हो जाता और कष्ट से थोड़ा २ उतरता है ।

बद्धमुष्टि (वि०)–दृढमुष्टि वाला पुरुष, कृपण, कंजूस, सूम, लोभी ।

बद्धमूल (वि०)–मज़बूत जड़ वाला, उखाड़ने में न आसकने वाला, दृढमूल ।

बद्धशिख (वि०)–शिखा के बन्धन से युक्त, जिस की चोटी बंधी हुई हो ।

बध् (१० प०)–बांधना, वशमें करना । (१ आ०)–निन्दा करना ।

बध (पु०)–मारना, क़त्ल करना, पर-प्राणवियोगानुरूप हिंसात्मक कर्म करना ।

बधिर (वि०)–सुनने की शक्ति से रहित, बहिरा, श्रवणेन्द्रियशून्य ।

ब [व]धू(स्त्री०)– नारी, स्त्री, पुत्रबधू, भार्या, नवोढा, नवीनविवाहिता स्त्री

बधूजन(पु०)–योषित्, स्त्रीजन, नारीमात्र ।

बधूटशयन (न०)–झरोखा, गवाक्ष, वातायन ।

बधूटि-टी (स्त्री०)–थोड़ी उम्र की औरत, अल्पवयस्का नारी, पुत्र की पत्नी ।

बध्य (वि०)–मारने के योग्य, हिंसनीय ।

बध्यभूमि (स्त्री०)–मारने के योग्य स्थान, बध्यस्थान, श्मशान ।

बध्र (न०)–सीसा, सीसक ।

बध्री (स्त्री०)–चमड़े की रस्सी, चर्मरज्जु, तसमा ।

बन् (८आ०)–मांगना, याचना करना ।

बन्ध (पु०)–मानसी पीड़ा, बन्धन,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

देह, गति का रोकना, ऋणशुद्धि के विश्वास के लिये रक्खी हुई वस्तु, संयमन, योगसाधन के हठादि बन्धविशेष।

बन्धक (पु०)–विनिमय, अदलबदल, एक वस्तु देकर तत्सदृश दूसरी लेना।

बन्धकी (स्त्री०) –व्यभिचारिणी, असती, कुलटा स्त्री, बदमाश औरत।

बन्धन (न०)–बांधने का साधन, रज्जु, निगड[बेड़ी]आदि से बांधना, हिंसा करना, मारना, बध, कारागार, जेलख़ाना। वि०-बांधने वाला।

बन्धनवेश्म [न्] (न०)–जेलख़ाना, कारागार, क़ैदख़ाना।

बन्धनालय (पु०)–पूर्ववत्।

बन्धस्तम्भ (पु०)–हाथी के बांधने का — थम्भ, आलान, गजबन्धन।

बन्धित्र (न०)–कामदेव, कन्दर्प, चसड़े का बीजना।

बन्धु (पु०)–स्वगोत्र का पुरुष, बान्धव, ज्ञाति, मामा का पुत्र आदि, मित्र, माता, पिता, भ्राता, वृक्षविशेष।

बन्धुक-जीव (पु०)–बन्धूक नामक वृक्ष।

बन्धुता (स्त्री०)–बन्धुपन, बन्धुओं का गिरोह, बन्धुसमूह।

बन्धुदत्त (न०)–स्त्रीधन, वह स्त्रीधन जो विवाह से पूर्व कन्यादशा में माता पिता द्वारा दिया गया हो

बन्धुर(न०)–मुकुट, रथबन्धन। पु०–स्त्रीचिन्ह, बहिरा, हंसपक्षी, तिलचूर्ण, तिलकल्क, बगुला, पक्षिमात्र, ऋषभ नामक औषध, बन्धूक वृक्ष। वि०–नम्र, मनोहर, सुन्दर, रमणीय, ऊंचा और नीचा, खस्तू।

बन्धुरा(स्त्री०)–वेश्या, बारांगना।

बन्धुल (पु०)–व्यभिचारिणी स्त्री का पुत्र, कुलटासुत, बन्धूकवृक्ष। वि०–मनोहर, नम्र, नत। [विशेष।

बन्धूक(पु०)–दोपहरिया नामक वृक्ष-

बन्धूर (पु०)–छिद्र, विवर, सूराख़। वि०–रम्य, सुन्दर, नम्र, नत।

बन्ध्य(वि०)–ऋतु के समय में भी फल न आनेवाला वृक्ष, फलशून्य, निष्फलवृक्ष, बांधने योग्य, बन्धनीय।

बन्ध्या(स्त्री०)–बांझ औरत, वह स्त्री जिस के सन्तान न होती हो, अप्रजस्त्री।

बन्ध्याककोटकी (स्त्री०)–वह औषध विशेष जिस के सेवन से बन्ध्या स्त्रियों के गर्भस्थिति हो जाती है, बांझककोड़ा, पुत्रदा।

ब[व]भ्रु(१ प०)–जाना, गमन करना।

बभ्रवी(स्त्री०)–दुर्गा, शिवपत्नी।

बभ्रि (पु०)–वज्र, इन्द्रशस्त्र। वि०–धारण और पोषण करने वाला।

बभ्रु(पु०)–शिव, विष्णु, अग्नि, नकुल, नेवला, विशाल, बड़ा, मुनिभेद, एक देश, कपिल रंग, पीला वर्ण, लोमपाद का पुत्र, ययातिराज

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

का पौत्र जो द्रुह्य का पुत्र था। वि०–पीले रंग वाला।

बभ्रुवाहन(पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध मणिपुर का राजा जो अर्जुन की चित्राङ्गदाभार्यामें उत्पन्न हुआ था।

बर(न०)–केसर, आर्द्रक, जामाता, दामाद, देवता आदि से मांगने योग्य अभिलषित वस्तु, स्वीकार करना। पु०–मित्र, धूर्त्त।

बर्ब् (१ प०)–गमन करना, जाना।

बर्बट(पु०)–राजउड़द।

बर्बटी(स्त्री०)–वेश्या, असती स्त्री, व्रीहिभेद।

बर्ह् (१आ०)–दान करना, मारना, स्तुति करना, सम्भाषण करना।

बर्ह (न०)–मोर का पिच्छ, मयूर का पंख, कुटुम्ब, परिवार।

बल्(१ उ०)–हिंसा करना, मारना, जीना, निरूपण करना, देखना।

बल (न०)–सेनासमूह, मोटापन, स्थूलत्व, सामर्थ्य, शक्ति, देह, पत्र, रक्तवर्ण, वीर्य। पु०–बलराम, वरुण का वृक्ष, दैत्यविशेष, काक। वि०–बलयुक्त।

ब[व] लक्ष (पु०)–श्वेतवर्ण, सफ़ेदरंग। वि०–श्वेतवर्ण वाला।

बलज(न०)–युद्ध, संग्राम, क्षेत्र, नगरद्वार, धान्यसमूह। वि०–बल से उत्पन्न।

बलद (पु०)–जीवक नामक औषधविशेष, पौष्टिक कर्म का अंगभूत होमाग्नि, वृषभ, बैल। वि०–बल देने वाला।

बलदीनता (स्त्री०)–चित्त की घबड़ाहट, ग्लानि, हर्षक्षय, हानि।

बलदेव (पु०)–बलराम, श्रीकृष्णजी के ज्येष्ठ भ्राता।

बलप्रसू (स्त्री०)–रोहिणी, बलदेव जी की माता।

बलभद्र (पु०)–बलदेव, पर्वतविशेष।

बलराम (पु०)–बलदेव, हलधर।

बलवत् (अ०)–अतिशय, बहुत। वि०–बलयुक्त।

बलवान् [वत्] (वि०)–बल वाला, बलिष्ठ, वीर्यवान्।

बलविन्यास (पु०)–सेना की रचनाविशेष, व्यूह, शत्रु जिसका भेदन न कर सके उस प्रकार से सेना का खड़ा करना। [बली।

बलशाली[न्](वि०)–बलयुक्त, ताक़तवर,

बलसूदन (पु०)–इन्द्र, देवराज। मधु [बलनिषूदन का भी यही अर्थ है]।

बलस्थिति (स्त्री०)–शिबिर, सेना के ठहरने का स्थान, छावनी।

बलहा [न्] (पु०)–इन्द्र, कफ, बलग़म। वि०–शत्रु की सेना का नाश करने वाला।

बला(स्त्री०)–खरेटी नामक औषधविशेष, एक अस्त्रविद्या जिस के प्रभाव से क्षुधा और तृषाजन्य क्लेश नहीं होता जो विश्वामित्र जी ने श्रीरामचन्द्रजी को प्रदान की थी। [पूरुराज का पुत्र।

ब [व] लाक(पु०)–बकजातिविशेष,

ब [व] लाका (स्त्री०)–बकजाति,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बगलाओं की पंक्ति, बकश्रेणी, प्यारी भार्या, प्रणयिनी ।

बलाट (पु०)–भृंग, भृङ्ग ।

बलात् (अ०)–हठ से, ज़िद से, जोरावरी, अकस्मात्, अचानक ।

बलात्कार (पु०)–हठ से करना, बलपूर्वक करना, ज़ोर से करना ।

बलानुज (पु०)–बलदेव के छोटे भाई, श्रीकृष्ण । [का वृक्ष ।

बलाय(पु०)–बल का स्थान, वरुण

बलारांति(पु०)–इन्द्र ।

बलास(पु०)–कफनामक दोष,बलगम ।

बलासम(पु०)–बुद्धदेव, जिन ।

ब[व]लाहक(पु०)–मेघ, बादल, नागरमोथा, एक दैत्य, पर्वतविशेष, नागभेद, श्रीकृष्ण के चार अश्वों में से एक, एक नद का वाचक ।

बलि(पु०)–कर,टैक्स,राजग्राह्य भाग, उपहार, भेंट, पूजासामग्री, पांच यज्ञों के अन्तर्गत भूतयज्ञ, विरोचन नामक दैत्य का पुत्र, वृद्धावस्था के कारण त्वचा का ढीलापन, गुदा के भीतर अङ्कुर के स्वरूप का मांसपिण्ड, उदर का अवयव ।

ब [व] लिध्वंसी[न्] (पु०)–विष्णु, वामनावतार का बोधक । [दैत्य ।

ब[व] लिनन्दन(पु०)–बाणासुर नामक

ब[व] लिपुष्ट(पु०)–काक, कौआ ।

ब[व] लिभुक्[ज्] (पु०)–पूर्ववत् ।

ब[व] लिमन्दिर (न०)–पाताल, नीचे का लोक, अधोलोक ।

बलि[ली] मुख(पु०)–वानर, बन्दर ।

बलिष्ठ(पु०)–एक मुनि, ऊंट, उष्ट्र । वि०–बलवाला, बलयुक्त ।

ब[व]लिसङ्घ(न०)–पाताल,अधोलोक

ब[व]ली [न्] (पु०)–बलदेव, वृष, शूकर, ऊंट, महिष, भैंसा, कफ । वि०–बलवाला, बलिष्ठ ।

ब[व] ली(स्त्री०)–बुढ़ापे से ढीली हुई त्वचा ।

ब[व]लीयान्[स्](वि०)–अतिशय बलवाला, ज़ोरावर,प्रशस्तबलयुक्त ।

बलीवर्द(पु०)–वृषभ, बैल ।

बल्य(न०)–शुक्र, वीर्य, मुख्य धातु । पु०–बुद्धभिक्षुक । वि०–बलकर्त्ता ।

बल्या(स्त्री०)–खरैटी,अतिबला,कंघी

बष्कय-यिणी(स्त्री)–बहुत दिनों की ब्याई गौ, चिरप्रसूता गौ ।

ब[व]ह्(१आ०)–बढ़ना, वृद्धि होना ।

बहु(वि०)–बहुत, अनेक,विपुल,प्रचुर ।

बहुक (पु०)–पपीहा,जलकाक,पक्षिविशेष ।

बहुकर(पु०)–ऊंट, उष्ट्र । वि०–साफ़ करने वाला, सम्मार्जक, बुहारी लगाने वाला ।

बहुकरी (स्त्री०)–बुहारी, सम्मार्जनी, साफ़ करने का साधन ।

बहुगन्धदा (स्त्री०)–कस्तूरी नामक सुगंधित द्रव्य ।

बहुगर्ह्यवाक्[च्] (वि०)–कुवाक्य बोलने वाला, कटुवादी ।

बहुग्रन्थि(पु०)–झाऊ नामक वृक्षविशेष

बहुतः[स्](अ०)–बहुतों से,अनेकों से ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बहुतन्त्रि (वि०)–बहुत वीणा वाला, बहुतन्त्रियुक्त ।

बहुतिथ (वि०)–बहुत संख्या वाला, अनेकसंख्यात, वह समय जिसमें बहुतसी तिथियें बीत गई हों ।

बहुत्र (अ०)–बहुत समय में, बहुतों में।

बहुत्व (न०)–बहुतपन, अनेकत्व ।

बहुत्वक् [च्] (पु०)–भोजपत्र का वृक्ष।

बहुत्वक्क (पु०)–पूर्ववत् ।

बहुदुग्ध (पु०)–गोधूम, गेहूं नामक अन्न।

बहुदुग्धा (स्त्री०)–बहुतसा दूध देने वाली गौ, स्नुही का वृक्ष ।

बहुधा (अ०)–बहुत प्रकार से, अनेक तरह से ।

बहुधार (न०)–वज्र, कुलिश, इन्द्रशस्त्र।

बहुनाडिक (वि०)–अनेक नसों वाला, देह, शरीर । [स्तम्भ ।

बहुनाडीक (वि०)–दिवस, दिन, थम्भा,

बहुनाद (पु०)–जिसकी बड़ी आवाज़ हो, शङ्ख ।

बहुपटु (वि०)–अतिनिपुण, बहुत से कर्मों में दक्ष, कुछ कम चतुर ।

बहुपत्र (न०)–अभ्रक । पु०–प्याज, पलाण्डु । वि०–बहुत पत्रों वाला ।

बहुपत्रिका (स्त्री०)– मेथी, भूमि-आंवला, बड़ी शतावर ।

बहुपर्ण (पु०)–सप्तच्छद, सतोने का वृक्ष । वि०–बहुपत्रयुक्त ।

बहुपात् [द्] (पु०)–बड़ का वृक्ष, वटवृक्ष।

बहुपाद (पु०)–वटवृक्ष । वि०–अनेक पांवों वाला । [पुत्रों वाला ।

बहुपुत्र (पु०)–सतोनेका वृक्ष । वि०-बहु-

बहुप्रज (पु०)–शूकर, सूअर, सूञ्ज का तृण । वि०–बहुसन्तानवाला ।

बहुप्रतिज्ञ (पु०)–वह व्यवहार जो अनेक पद वा विषयों की संकीर्णता से पूर्वपक्षयुक्त हो । वि०–बहुप्रतिज्ञावाला ।

बहुप्रद (वि०)–बहुतों को देने वाला, बड़ा दानी, वदान्य, प्रचुरदाता, पु०–शिव ।

बहुप्रसू (स्त्री०)–बहुसन्तान उत्पन्न करने वाली स्त्री, बहुप्रसवा ।

बहुबल (पु०)–सिंह, शेर । वि०–बहुत बल वाला ।

बहुमञ्जरी (स्त्री०)–तुलसी का वृक्ष ।

बहुमल (पु०)–सीसा, सीसक । वि०–बहुत मल वाला ।

बहुमार्ग (पु०)–चौराहा, चत्वर, वह मार्ग जिस में से चारों तरफ़ को रास्ता जाता हो । वि०–बहुपथ-युक्त । [अनेकरूप ।

बहुमूर्त्ति (वि०)–बहुत रूपवाला,

बहुमूल्य (वि०)–क़ीमती, बेशक़ीमत । न०–बड़ी क़ीमत, अधिक मूल्य ।

बहुरूप (वि०)–अनेक रूपों वाला, अनेक रंगों वाला । पु०–सूर्य, बाल, छिपकली, शिव, विष्णु, ब्रह्मा।

बहुरोम (वि०)–बहुत बालों वाला । पु०–भेड़ ।

बहुल (वि०)–घना, चौड़ा, विस्तृत, अतिशय, बहुत, असंख्य । पु०–कृष्णपक्ष । न०–आकाश । सफ़ेद मिर्च ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बहुलम् (अ०)–अक्सर, अतिशयेन ।
बहुलता-त्वम्= अधिकता, घनता, असंख्यपन ।
बहुला(स्त्री०)–इलायची, गौ, नीलवृक्ष ।
बहुलीकृ (८ उ०)–प्रकट करना, घोषित करना, बढ़ाना ।
बहुलीकृत (वि०)–वर्द्धित, प्रकटित ।
बहुलीभाव (पु०)–प्रकट होना ।
बहुलीभू (१ प०)–फैलना, बढ़ना, प्रकट होना ।
बहुवचन (न०)–व्याकरण में २ से अधिक का बोधक वचन ।
बहुवर्ण (वि०)–बहुत रंगों वाला, अनेकरूप ।
बहुवारम् (अ०)–अक्सर, बहुशः ।
बहुविक्रम (वि०)–अत्यन्त बलशाली, योद्धा ।
बहुविघ्न(वि०)–अनेक उत्पातों वाला
बहुविध (वि०)–अनेक प्रकार का, बहुरूप ।
बहुव्रीहि (वि०)जिस में बहुत चावल हों । पु०–व्याकरण में एक प्रसिद्ध समास अर्थात जिस में अन्य पद प्रधान होता है, जैसे–बहुधन, लम्बकर्ण इत्यादि ।
बहुशास्त्र(वि०)–बहुत शाखाओं वाला ।
बहुश्रुत (वि०)–पण्डित, विद्वान्, वेदज्ञाता । [बाला ।
बहुसन्तति (वि०)–बहुत सन्तान
बहुः [सु] (अ०)–बहुत, अतिशयेन, अक्सर । [लगाना ।
बाह् (१ आ०)–स्नान करना, गोते
बाडव=बाडव ।
बाडीर(पु०)–नौकर, सेवक, भृत्य ।
बाढ(वि०)–मज़बूत, स्थिर, अधिक, बहुत ।
बाढम् (अ०)–हां, स्वीकारी, अच्छा, वास्तव में, यक़ीनन्, बहुत अच्छा ।
बा [वा]ण (पु०)–तीर, गौ का स्तन, विरोचन का पुत्र, एक दैत्य, एक प्रसिद्ध कवि जो हर्षवर्द्धनकी सभा में रहता था । [गृह ।
बाणतूण(पु०)–तरकस, बाण रखने का
बाणमुक्ति (स्त्री०)–तीर छोड़ना, बाणमोक्षण ।
बाणवृष्टि(स्त्री०)–तीरों की वर्षा ।
बाणिज्य(न०)–क्रयविक्रयरूप वैश्य-वृत्ति, व्यापार ।
बा [वा] णी (स्त्री०)–सरस्वती, वाक्यकीअधिष्ठात्री देवी, बोलना, वाद्य, वस्त्रादि बुनने का काम ।
बादरायण(पु०)–वेदव्यास, पाराशर ।
बा [वा] ध्(१ आ०)–रोकना, कष्ट उठाना, तकलीफ़ पाना ।
बा [वा] ध (पु०)–प्रतिबन्ध, रोक, रुकावट, न्यायमत में वह पक्ष जिस में साध्य का अभाव हो जैसे–" अग्नि शीतल है " यहां पक्ष= अग्नि में साध्य=शीतलत्व का अभाव है । वि०–प्रतिबन्धक ।
बाधक(वि०)–रोकने वाला, बाधा-जनक । पु०–स्त्रियों का वह रोग जो सन्तान की उत्पत्ति का अव-रोधक है । [निषेध ।
बाधा(स्त्री०)–पीडा, व्यथा, दुःख,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बाधित(वि०)–पीडित, बाधायुक्त।
बाधिर्य(न०)–बहिरापन, कर्णका रोग।
बाध्य (वि०)–बाधा देने योग्य, पीडनीय, रोकने लायक़, निवर्त्य।
बान्धकिनेय (वि०)–व्यभिचारिणी स्त्री का पुत्र, कुलटासुत।
बान्धव(पु०)–सुहृद्, ज्ञाति, सम्बन्धी, भ्राता और पिता के पक्ष का, मातुल आदि।
बाबंटीर(पु०)–रांग, आम की गुठली, वेश्यासुत, अङ्कुर, अंकुआ।
बाल(वि०)–१६ वर्ष की अवस्था तक का बालक, शिशु, बच्चा, अज्ञ, मूर्ख। अस्त्री०–बाला नामक एक गन्धद्रव्य। पु०–केश, घोड़े की पूंछ, अश्वसुत, हस्ती की पूंछ, नारिकेल, नारियल, पांच वर्ष का हाथी का पोता।
बालक (अस्त्री०)–गन्धद्रव्य। पु०–शिशु, अश्व और हस्ती की पूंछ, अंगूठो, कंकण, केश।
बालगर्भिणी (स्त्री०)–प्रथमगर्भा गौ, प्रथमगर्भवती।
बालग्रह(पु०)–बालकों को कष्ट पहुंचाने वाला एक ग्रह वा रोगविशेष।
बालचर्य्य (पु०)–स्वामिकार्त्तिकेय, गुह। न०–बालचरित्र, बालक्रीडा।
बालतन्त्र (न०)–वह शास्त्र जिस में बालकों की रक्षा का उपाय वर्णित है।
बालतृण (न०)–नवीन घास, नूतन तृण, शष्प।
बालधि (पु०)–केशों वाली पूंछ, वह पूंछ जिस में बाल जमे हों।
बालपाश्या(स्त्री०)–केशसमूह में भूषण रूप से स्थित मणि।
बालभोज्य(पु०)–चणक, चने। वि०–बालकों के खाने योग्य।
बालमूषिका (स्त्री०)–छोटी मूषिका, छछून्दर, गिरिका।
बालव्यजन(न०)–बालों का बनाया पंखा, चामर, चंवर।
बालसूर्य(न०)–वैदूर्य नामक मणि। पु०–प्रातःकाल का सूर्य।
बालहस्त(पु०)–पूंछ, बालधि, लांगूल।
बाला(स्त्री०)–नारिकेल, नारियल, हल्दी, अलंकारविशेष, एक गन्धद्रव्य, घृतकुमारी, एक वर्ष की अवस्था वाली गौ, षोडशवर्षीया नारी, पांच वर्ष की वा दो वर्ष से न्यून अवस्थाकी कन्या, कन्यामात्र।
बालार्क (पु०)–प्रातःकाल का सूर्य, नवोदित तथाकन्याराशिस्थसूर्य।
बालि(पु०)–वानरों का राजा, इन्द्रसुत जो सुग्रीव के साथ युद्ध में श्रीरामचन्द्रजी द्वारा मारा गया था।
बालिखिल्या(पु० ब०)–पुलस्त्य की कन्या सन्नति में क्रतु के वीर्य से उत्पन्नहुआ मुनिविशेष। [बालखिल्या का भी यही अर्थ है]।
बालिनी (स्त्री०)–अश्विनी नक्षत्र।
बालिश (वि०)–मूर्ख, अज्ञ, बेवकूफ, शिशु, बच्चा। न०–तकिया, उपधान, सिरहाना।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बालिहन्ता[तृ] (पु०)–श्रीरामचन्द्र ।
बाली[न्] (पु०)–बालि । वि०–केशयुक्त ।
बालीश (पु०)–मूत्रकृच्छ्र नामक रोग जिसमें मूत्र कष्ट के साथ थोड़ा २ उतरता है, चिनग ।
बा[वा]लु (स्त्री०)–एलबालुक नामक गन्ध द्रव्य ।
बा[वा]लुका (स्त्री०)–धूलि, रेणु विशेष ।
बा[वा]लुकात्मिका (स्त्री०)–शर्करा, सिकता । वि०–बालुकामय ।
बा[वा]लुकी (स्त्री०)–ककड़ी, कर्कटी ।
बालेय (पु०)–बलि नामक दैत्य की सन्तान, जनमेजयवंशीय सुतपा नाम राजा का सुत, गधा, दैत्य-विशेष । वि०–कोमल, मृदु, बलि का हितचिन्तक, बलि के योग्य ।
बालेष्ट (पु०)–बेर, बदर । वि०–बालकों को अभिलषित वा प्रिय ।
बाल्मीकि (पु०)–अपने नाम से प्रसिद्ध मुनि जो बाल्मीकीयरामायण के निर्माता हैं ।
बाल्य (न०)–बालकपन, शैशवावस्था के कर्म, शिशुत्व, १६ वर्ष तक की अवस्था । [भाफ ।
बा[वा]ष्प (न०)–आंसू, नेत्रजल,
बाह–हा (स्त्री०)–भुजा, बाहु, बांह ।
बाहाबाहवि (अ०)–भुजाओं से प्रवृत्त हुआ युद्ध, मल्लयुद्ध ।
बाहु (अक्ली०)–भुजा, बांह ।
बाहुक (पु०)–राजा नल का नाम जो कि द्यूत द्वारा निज भ्राता पुष्कर के साथ स्वराज्य के जित जाने पर ऋतुपर्णराज के यहां अश्वपरिचर्या में नियुक्त होने की दशा में पड़ा था ।
बाहुज (पु०)–ब्रह्म की भुजाओं से उत्पन्न क्षत्रिय, राजन्य ।
बाहुत्र (अस्त्री०)–चमड़े का बनाया हुआ वह साधन जो शस्त्र के आघात से बचाने के लिये हाथ पर बांधा जाता है । [राजा ।
बाहुदन्ती[न्] (पु०)–इन्द्र, देवताओं का
बाहुदा (स्त्री०)–एक नदी का नाम ।
बाहुभूषा (स्त्री०)–केयूर, बाजू, बाहु-भूषणमात्र ।
बाहुमूल (न०)–बगल, कक्ष, कांख ।
बाहुयुद्ध (न०)–मल्लयुद्ध, भुजाओं द्वारा कुश्तीलड़ना । [का मास ।
बाहुल (पु०)–अग्नि, आग, कार्त्तिक
बाहुलेय (पु०)–कार्त्तिकेय, गुह, स्कन्द ।
बाहुसहस्रभृत् (पु०)–कार्त्तवीर्यार्जुन ।
बिट् (१प०)–शपथ खाना, चिल्लाना, शाप देना ।
बिद् (१प०)–अलग २ करना, अवयव ।
बिल् (१०उ०)–भेदन करना, तोड़ना ।
बिस् (४प०)–फेंकना, क्षेपण करना ।
बीभत्स (पु०)–अर्जुन । वि०–पापात्मा, दोषी, निन्दित, विकृत, घृणी, शृङ्गारादि आठ प्रकार के रसों में छठा ।
बीभत्सु (पु०)–अर्जुन, पाण्डुसुत ।
बुक्क् (१०उ०)–कहना, कथन करना । (१ प०)–भौंकना, कुत्ते के सा शब्द करना ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

बुक्क(न०)–हृदय में स्थित मांसपिण्ड, हृदय। पु०–छाग, बकरा, समय।

बुक्कन (न०)–कुत्ते का शब्द, कुक्कुर-भाषण।

बुक्का (स्त्री०)–रुधिर, खून, शोणित,

बुक्कार (पु०)–सिंह की गर्जना, सिंह-ध्वनि।

बुद्(१उ०)–देखना, आलोचना करना।

बुद्ध (पु०)–विष्णु का नवमावतार, शाक्यमुनि गौतम। वि०–ज्ञात, पण्डित, जागृत, जागा हुआ।

बुद्धि (स्त्री०)–प्रज्ञा, मनीषा, अन्तः-करण की निश्चयात्मिका वृत्ति, ज्ञान, विद्या, जानना, सांख्य-शास्त्रोक्त प्रकृति का वह परि-णामविशेष जो सुख, दुःखादि अष्टविध धर्मों वाला है।

बुद्धिमान् (वि०)–बुद्धि वाला, ज्ञानी।

बुद्धीन्द्रिय (न०)–ज्ञानेन्द्रिय जो पांच और मन के सहित ६ हैं, यथा-मन, कर्ण, नेत्र, जिह्वा, त्वचा और नासिका।

बुद्बुद (पु०)–जल का वर्तुलाकार विकार, बुलबुला, गर्भ का अव-यवविशेष।

बुध् (४आ०)–विदित करना, जानना।

बुध (पु०)–पण्डित, सुधी, विचक्षण, नवग्रहों में से चौथा, चन्द्रसुत।

बुधरत्न (न०)–पन्ना, मरकत नामक मणि।

बुधवार (पु०)–बुध का दिन।

बुधसुत(पु०)–पुरूरवा नामक राजा जो इला के गर्भ से उत्पन्न हुआ था।

बुधान(पु०)–गुरु, ब्रह्मवेत्ता, विज्ञ, कवि।

बुधाष्टमी(स्त्री०)–बुधवारयुक्त अष्टमी, उस में कर्त्तव्य व्रतविशेष।

बुधित(वि०)–ज्ञान, जाना हुआ, बुद्ध।

बुधिल (वि०)–विज्ञ, जानने वाला, विद्वान्।

बुध्न (पु०)–वृक्ष की जड़, मूलप्रदेश, अगला हिस्सा, महादेव।

बुभुक्षा(स्त्री०)–खाने की इच्छा, क्षुधा, भूख। [वाला, क्षुधित, भूखा।

बुभुक्षित (वि०)–भोजन की इच्छा

बुष (न०)–भुस, तुच्छ धान्य, चावल आदि का छिलका, कड़ङ्कर।

बुस (न०)–पूर्ववत्।

बुस्त् (१० प०)–अनादर करना, बे-इज्ज़ती करना।

बुस्त (न०)–मांसपिण्डविशेष, करील वृक्ष का साररहित भाग।

बोध (पु०)–जानना, ज्ञान, एक ऋषि, जागने का समय, चैतन्य, सूर्य का रूपविशेष।

बोधक (पु०)–सूचक, सूचना देने वाला पुरुष। वि०–बोधोत्पादक।

बोधकर (पु०)–रात्रि के अन्त में जगाने वाला पुरुष, भाट, बन्दि-जन, वैतालिक।

बोधन (न०)–विज्ञापन, ग्रन्थदीपन, इष्टिहार, जताना।

बोधनी (स्त्री०)–पिप्पली, कार्त्तिक-शुक्लैकादशी, देवउठानएकादशी।

बोधि (पु०)–पीपल का वृक्ष, एक

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

प्रकार की समाधि, बोध। वि०-जानने वाला।

बोधितरु-द्रुम-वृक्ष (पु०)-पीपल का वृक्ष, अश्वत्थवृक्ष।

बौद्ध (न०)-बुद्धप्रणीत वह शास्त्र जो निरीश्वरवाद से युक्त है। वि०-बुद्धकृतशास्त्र के पढ़ने वाला। पु०-क्षपणक, बुद्धशास्त्रानुगामी।

बौध(पु०)-बुध का पुत्र पुरूरवा।

ब्यूष्(१० उ०)-त्यागना, पृथक् करना, छोड़ना। [करना।

ब्रण् (१ प०)-आवाज़ करना, शब्द

ब्रतति (स्त्री०)-लता, बेल, विस्तार, फैलाव। [वृक्ष, शिव, महादेव।

ब्रध्न (पु०)-सूर्य, वृक्ष की जड़, अर्क-

ब्रह्म(न०)-वेद, परमेश्वर, तत्त्व, तप, ओ३म्, ब्राह्मण, मोक्ष, ब्रह्मचर्य, अध्यात्मविद्या, ब्राह्मण ग्रन्थ, सम्पत्ति, भोजन, सत्य।

ब्रह्मकन्यका (स्त्री०)-सरस्वती, वागधिष्ठात्री, ब्राह्मी। [तालाब।

ब्रह्मकुण्ड (न०)-ब्रह्मनिर्मित एक

ब्रह्मकूट(पु०)-पर्वतविशेष।

ब्रह्मकूर्च्च (न०)-एक व्रत जिस में पौर्णमासी को रात्रि और दिवस भर उपवास करके अगले दिन प्रातःसमय पञ्चगव्य पान किया जाता है।

ब्रह्मचर्य(न०)-वेदप्राप्ति के लिये अष्टविध मैथुनत्यागपूर्वक व्रत धारण करना, उपस्थेन्द्रिय का संयम, स्त्रीसंभोगराहित्य।

ब्रह्मचारिणी (स्त्री०)-ब्रह्मचर्यव्रत को धारण करने वाली कन्या, सती स्त्री, भारंगी नामक औषध।

ब्रह्मचारी [न्] (पु०)-उपनयन के अनन्तर नियमपूर्वक गुरु के सम्मुख वेद पढ़ने वाला द्विज, वेदपाठी विद्यार्थी, ब्रह्मचर्यव्रत का धारण करने वाला मनुष्य।

ब्रह्मजन्म[न्] (न०)-उपनयनसंस्कार, आध्यात्मिकजीवन।

ब्रह्मज्ञ-ज्ञानिन्(वि०)-ब्रह्म को जानने वाला। पु०-कार्त्तिकेय।

ब्रह्मज्ञान (न०)-तत्त्वज्ञान, ब्रह्म को जानना, अध्यात्मज्ञान।

ब्रह्मण्य(वि०)-ब्रह्मसम्बन्धी, पवित्र, ब्राह्मण के योग्य। पु०-वेदज्ञ।

ब्रह्मता-त्वं=ब्रह्म को प्राप्त होना वा ब्रह्म में लय होना, ईश्वरीयभाव।

ब्रह्मतेजः [स्] (न०)-ब्राह्मणका तेज, ब्रह्मज्ञान द्वारा प्राप्त अरोज।

ब्रह्मदण्ड (पु०)-ब्राह्मण का शाप, ब्राह्मण का दातव्य।

ब्रह्मदान(न०)-वेदविद्या का पढ़ाना, तत्त्वज्ञान का देना।

ब्रह्मद्विष्[ट्]-द्वेषिन् (वि०)-ब्राह्मण से द्वेष करने वाला, धर्मविरोधी, नास्तिक।

ब्रह्मनिष्ठ (वि०)-ब्रह्म के ध्यान में रत, खुदापरस्त।

ब्रह्मपद(न०)-ब्रह्मता, ब्राह्मणभाव, ब्राह्मीयता।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ब्रह्मपरिषद्(स्त्री०)–ब्राह्मणों की सभा।
ब्रह्मपत्र-पादप(पु०)–पलाश वृक्ष।
ब्रह्मपुत्र(पु०)–ब्राह्मण का पुत्र, भारतवर्ष के पूर्व में एक महानद जो हिमालय से निकल कर बङ्गाल की खाड़ी में गिरता है।
ब्रह्मपुत्री(स्त्री०)–सरस्वती नदी।
ब्रह्मपुर(न०)–हृदय, बनारस।
ब्रह्मपुरी(स्त्री०)–बनारस, स्वर्ग में ब्राह्मणों का पुराणोपकथित नगर।
ब्रह्मपुराण(न०)–१८ पुराणों में से एक।
ब्रह्मबन्धु (पु०)–नीच कोटि का ब्राह्मण, पंक्तिबहिष्कृत निन्दित ब्राह्मण, विप्राचाररहित, निर्देश, विप्रसदृश भाट आदि।
ब्रह्मभूय (न०)–ब्रह्मत्व, ब्रह्मपन, ब्रह्म के साथ एकीभाव, तत्सायुज्य, मोक्ष। [की मेखला।
ब्रह्ममेखल (पु०)–मुञ्ज, मूंज, ब्राह्मण
ब्रह्मयज्ञ (पु०)–विधिपूर्वक वेद का पढ़ना और पढ़ाना, वेद का अभ्यास, शिष्यों को वेदाध्यापन।
ब्रह्मयोनि (पु०)–ब्रह्म की प्राप्ति का कारण, ब्रह्मध्यान, तीर्थविशेष।
ब्रह्मयोनी (स्त्री०)–एक तीर्थ जो कुरुक्षेत्रप्रदेश में सरस्वती के तट पर पृथूदक के निकट स्थित है।
ब्रह्मरन्ध्र (न०)–शिर में एक छिद्रविशेष, वह छिद्र जिस के द्वारा मरण समय में प्राणवायु के निकलने पर जीव की ब्रह्मप्राप्ति कही है और योगी ब्रह्मप्राप्ति के लिये समाधि अवस्था में जिस में ध्यान करते हैं, उत्तमाङ्ग, ब्रह्मतालु।
ब्रह्मरात्र (पु०)–ब्राह्ममुहूर्त, अरुणोदय काल की पहिली दो घड़ी।
ब्रह्मराक्षस (पु०)–वह भूतविशेष जो पहिले ब्राह्मण होकर फिर कुकर्मवश राक्षसयोनि को प्राप्त हो गया हो, ब्राह्मण होकर असत्कर्म करने वाला पुरुष।
ब्रह्मर्षि (पु०)–वेदवेत्ता वशिष्ठादि मुनि, ब्रह्मा वा ब्राह्मण के तुल्य वेदस्मर्त्ता ऋषि, वेद का स्मरण करने वाला ऋषि।
ब्रह्मर्षिदेश (पु०)–ब्रह्मर्षियों के रहने योग्य देश जो कि चार हैं यथा–कुरुक्षेत्र, मत्स्य, पाञ्चाल और शूरसेन।
ब्रह्मलोक (पु०)–वह लोक जिस को प्राप्त होकर फिर जन्म नहीं लेना पड़ता अर्थात् सत्यलोक।
ब्रह्मवद्य (न०)–ब्रह्मा का वचन, ब्राह्मणवाक्य, वेदवचन।
ब्रह्मवद्या (स्त्री०)–कथा, गाथा।
ब्रह्मवर्च्चस(न०)–वेद के पढ़ने वा तप से उत्पन्न हुआ तेज, ब्रह्मतेज।
ब्रह्मवर्त्त (पु०)–सरस्वती और दृषद्वती नदी के मध्य का देश, ब्रह्मावर्त्त देश।
ब्रह्मवाद(पु०)–वेद का पढ़ना, वेदपाठ।
ब्रह्मवादी [न्] (पु०)–वेद के जानने वा पाठ करने वाला पुरुष, वेदपाठी, वेदवक्ता।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ब्रह्मवादिनी (स्त्री०)-गायत्री।

ब्रह्मविद्या (स्त्री०)-ब्रह्म के प्रतिपादन करने वाली विद्या, ब्रह्मज्ञान, दुर्गा।

ब्रह्मविन्दु (पु०)-वेदपाठ करते समय मुख से निकली हुई बूंदें।

ब्रह्मवेद (पु०)-ब्रह्मविषयक ज्ञान।

ब्रह्मवैवर्त्त (न०)-अठारह पुराणों के अन्तर्गत एक पुराण।

ब्रह्मशासन (न०)-ब्रह्मा का उपदेश, वेद, ब्रह्मविचार का गृह, धर्म्मकीलक, नवद्वीप के पूर्व और दक्षिण कोण में एक नगर।

ब्रह्मसंहिता(स्त्री०)-वैष्णवोंके आचार का प्रतिपादन करने वाला एक ग्रन्थ जिसमें १०० अध्याय हैं।

ब्रह्मसर्प (पु०)-एक प्रकार का सर्प, विष, हलाहल, अश्व की लार।

ब्रह्मसायुज्य (न०)-ब्रह्मभाव, ब्रह्म के स्वरूप में मिलना, ब्रह्म के साथ एकीभाव, मुक्त होना।

ब्रह्मसावर्णि (पु०)-दशम मनु।

ब्रह्मसू (पु०)-अनिरुद्ध, उषापति, कामदेव, ब्रह्मा का उत्पादक विष्णु।

ब्रह्मसूत्र (न०)-यज्ञोपवीत, यज्ञसूत्र, जनेऊ। ब्रह्मा के प्रतिपादक शारीरिक सूत्र, वेदान्तसूत्र।

ब्रह्मस्व(न०)-ब्राह्मण का धन, ब्राह्मण सम्बन्धी धन।

ब्रह्महत्या (स्त्री०)-ब्राह्मणका बध, विप्रहनन, ब्राह्मण का मारना।

ब्रह्महा [न्] (पु०)-ब्राह्मण को मारने वाला पुरुष, ब्रह्मघ्न, ब्राह्मणवधकर्त्ता, वृषलीपति।

ब्रह्महुत (न०)-ब्राह्मण वा अतिथि के लिये दिया हुआ हव्य, पञ्चमहायज्ञों में से अतिथि के सत्काररूप एक यज्ञ, नृयज्ञ।

ब्रह्मा [न्] (पु०)-पितामह, सृष्टिकर्त्ता, देवविशेष, यज्ञादि में कृताकृत कर्म का निरीक्षणकर्त्ता, २५वां योग, ब्राह्मण, अर्हदुपासकभेद।

ब्रह्माञ्जलि (पु०)-वेदाध्ययन के समय गुरु के सम्मुख हाथ जोड़ना, सामवेद के पाठ समय स्वर विभाग के लिये की हुई अञ्जलि, वह अञ्जलि जो वेद पढ़ने के आदि और अन्त में ओङ्कार के उच्चारणपूर्वक गुरु के सामने की जाती है।

ब्रह्माणी (स्त्री०)-ब्रह्मा की पत्नी, ब्रह्मशक्ति, दुर्गा, राजनीति, रेणुका नामक एक गन्धद्रव्य।

ब्रह्माण्ड (न०)-चतुर्दश भुवन, विश्वगोलक, सब संसार।

ब्रह्मात्मभू (पु०)-अश्व, घोड़ा।

ब्रह्मारण्य (न०)-वेदपाठ करने की भूमि।

ब्रह्मार्पण (न०)-ब्रह्म में अर्पण, ब्रह्म के लिये सौंपना, अर्पणीय सब वस्तुमात्र ब्रह्म है।

ब्रह्मावर्त्त=ब्रह्मवर्त्त।

ब्रह्मासन (न०)-ब्रह्म के ध्यानार्थ आसन, योगासन, पद्म, स्वस्तिकादि आसनविशेष।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ब्रह्मास्त्र(न०)–ब्रह्मस्वरूपअस्त्रविशेष।
ब्रह्मिष्ठा (स्त्री०)–दुर्गा, शक्ति,देवी।
ब्रह्मी (स्त्री०)–अपने नाम से प्रसिद्ध मेधाजनक औषधविशेष।
ब्रह्मोद्या (स्त्री०)–ब्रह्मकथा, परमात्मा का निरूपण करने वाली कथा। [लिये दिया अन्न।
ब्रह्मौदन (न०)–यज्ञ में ऋत्विजों के
ब्राह्म (न०)–प्रतिपति तीर्थ जो कि अंगूठे के मूल में माना है, इसी तीर्थ से द्विजों के लिये आचमन करने का विधान है, ब्रह्मपुराण, ब्रह्मास्त्र। पु०–नारद,एक विवाह, रात्रि के पिछले प्रहर की अन्तिम दो घड़ी का काल, पारा, राजधर्म्म। वि०–ब्रह्मसम्बन्धी।
ब्राह्मण (पु०)–वेद वा ईश्वर को जानने वाला पुरुष, द्विजाति, भूदेव, अग्रजन्मा, उत्तमवर्ण,शिव, विष्णु। न०–ब्रह्मसमूह, ब्राह्मणसमुदाय, यज्ञविषयक ४ ग्रन्थ।
ब्राह्मणब्रुव(पु०)–वह पुरुष जो ब्राह्मण कुल में उत्पन्न होकर वेदोक्त कर्म न करता हुआ भी अपने को ब्राह्मण बतलावे, जातिमात्र ब्राह्मण,बुरे आचार वाला विप्र।
ब्राह्मणी (स्त्री०)–ब्राह्मणपत्नी, भारंगी नामक औषध, हंस की भार्या, पिपीलिकाविशेष, बुद्धि।
ब्राह्मण्य (न०)–ब्राह्मणों का समूह, ब्राह्मणत्व, विप्रभाव। वि०–ब्राह्मण का। पु०-शनि ग्रह।
ब्राह्ममुहूर्त्त(पु०)–अरुणोदय होने पूर्व की दो घड़ी,रात्रि के अन्तिम प्रहर की पिछली दो घड़ियों का समय।
ब्राह्माहोरात्र(पु०)–ब्रह्मा का एक रात दिन जो मनुष्यों के कल्पद्वय का समय होता है।
ब्राह्मी (स्त्री०)–दुर्गा, शिव की अष्टमातृकाओं में से एक, सरस्वती, ब्रह्मशक्ति, शाकविशेष।
ब्रुवन् [वत्] (वि०)–बोलता हुआ, कथन करता हुआ,कथयन्,वक्ता।
ब्रुवाण (वि०)–पूर्ववत्।
ब्रू (२ उ०)–कहना, कथन करना।

भ

भ–पवर्ग का चतुर्थ अक्षर। न०-नक्षत्र राशि, ग्रह। पु०-शुक्राचार्य, दैत्यगुरु,भ्रमर,भ्रम,भ्रान्ति,छन्दःशास्त्र में भगण जिस में पहिला अक्षर गुरु और शेष दो अक्षर लघु होते हैं।
भक्त (न०)–अन्न, अन्ध, अनाज, चावल, ओदन। पु०-भक्तियुक्त, भक्ति करने वाला। वि०-विभक्त, बंटा हुआ। [कृत्रिमधूप।
भक्तकर (पु०)–बनाया हुआ धूप,
भक्तकार (वि०)–रसोई बनाने वाला, पाचक, सूपकार, रसोइया।
भक्ततूर्य (न०)–भोजन समय में बजाने

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

ब्रह्मदारु बाजा, भोजनकालीन वाद्यविशेष ।

भक्तदास (पु०)–पन्द्रह प्रकार के दासों में से एक, केवल भोजनमात्र पर दास्यकर्म करने वाला पुरुष, सुभिक्ष होने पर भी भोजन पर ही जिसने दासभाव स्वीकार कर लिया हो ।

भक्तमण्ड (अस्त्री०)–चावलों का मांड, निःस्राव ।

भक्ति (स्त्री०)–सेवा, पूज्य पुरुषों में अनुराग, आराधना, गौणवृत्ति, उपासना, ईश्वर में अत्युत्कृष्ट प्रेम, श्रद्धा, रचना, भंगी, अवयव उपचार । [युक्त ।

भक्तिमान् (वि०)–भक्तिवाला, भक्ति-

भक्तियोग (पु०)–भक्ति वा चित्त की एकाग्रता से ईश्वरभजन में लग जाना, परमेश्वर में भजन विषयक सम्बन्ध । [घोड़ा ।

भक्तिल (पु०)–उत्तम अश्व, अच्छा

भक्ष् (१० उ०)–खाना, भक्षण करना, भोजन करना ।

भक्षक (वि०)–भोजन करने वाला, भोजनकर्त्ता, घस्मर ।

भक्षण (न०)–खाना, भोजन करना, अशन, खादन । [णीय, द्रव्य ।

भक्षणीय (वि०)–खाने योग्य, भक्ष-

भक्ष्य (वि०)–पूर्ववत् ।

भक्ष्याभक्ष्य (न०)–खाने और न खाने योग्य वस्तु, खाद्याखाद्य द्रव्य ।

भग (पु०)–सूर्य, चन्द्रमा, सौभाग्य, खुशी, अभ्युदय, महत्त्व, कीर्त्ति, सौन्दर्य, प्रेम, धर्म, यत्न, वैराग्य, मोक्ष, शक्ति, ज्ञान, इच्छा, अष्ट-सिद्धियों में से एक, स्त्रीयोनि ।

भगदत्त (पु०)–महाभारत में कथित एक राजा का नाम ।

भगन्दर (पु०)–एक प्रकार का भयङ्कर रोग, गुदा का फोड़ा ।

भगवत् [वान्](वि०)–तेजस्वी, पवित्र, प्रतिष्ठा का वाचक । पु०-देवता, विष्णु, शिव, बुद्ध का विशेषण ।

भगवती (स्त्री०)–प्रतिष्ठित नारी लक्ष्मी, दुर्गा ।

भगवदीय (पु०)–वैष्णव, विष्णुपूजक ।

भगवद्गीता (स्त्री०)–महाभारत में युद्ध पर्व के आदि में वर्णित श्रीकृष्ण और अर्जुनका अध्यात्म-विषयक संवाद, अपने नाम से प्रसिद्ध ग्रन्थ ।

भगांकुर (पु०)–अर्शरोग बवासीर ।

भगाल (न०)–खोपड़ी, खप्पर ।

भगिनी (स्त्री०)–बहन, स्वसा, स्त्री, सौभाग्यवती । [का भर्त्ता ।

भगिनीपति-भर्त्ता(पु०)–बहनोई, बहन

भगिनीय(पु०)–बहन का पुत्र, भागि-नेय, भांजा ।

भगीरथ (पु०)–सूर्यवंशी राजा सगर का पुत्र जिसने गंगानदी का नहर रूप से निर्माण किया था ।

भगीरथप्रयत्न(पु०)–असीम पुरुषार्थ ।

भग्न (वि०)–टूटा हुआ, क्षत, फटा हुआ, पराजित, खण्डित ।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

भोग्य(वि०)–भोगनेके योग्य, बरदाश्त करने लायक। न०–भोग्यपदार्थ, धन, दौलत, धान्य।

भोज(पु०)–मालवाप्रदेशान्तर्गत धारानगरी का एक प्रसिद्ध राजा, एक विदर्भराज। [बाला।

भोजक (वि०)–खिलाने वाला;खाने

भोजन(पु०)–विष्णु,शिव। न०–खाना खाद्यपदार्थ, अन्न खाना, भोग, सम्पत्ति।

भोजनत्याग(पु०)–उपवास;रोज़ा।

भोजनभाण्ड(न०)–खाना खाने का बर्तन। [भोजनशाला।

भोजनभूमि(स्त्री०)–खाने का कमरा,

भोजनाच्छादन(न०)--खानाकपड़ा।

भोजनीय(वि०)–खाने योग्य, खाद्य।

भोजी [न्] (वि०)–[समासान्त में] खाने वाला,भोक्ता।

भोज्य(वि०)–खानेयोग्य,भोगने योग्य। न०–भोजन, खुराक।

भोज्यकाल(पु०)-खाना खानेका समय।

भोट(पु०)–तिब्बत प्रदेश।

भोलि(पु०)--ऊंट, उष्ट्र।

भौट्ट(पु०)--तिब्बतनिवासी।

भौत (वि०)–भूतसम्बन्धी, भौतिक, पागल। पु०–भूतों की पूजा करने वाला, देवल, भूतयज्ञ।

भौतिक (वि०)--जीवधारियों से सम्बन्ध रखने वाला, पचभूतों का बना हुआ, भूताक्रान्त। न०–भौतिक पदार्थ, मोती।

भौतिकविद्या (स्त्री०)–इन्द्रजाल, बाजीगरी।

भौपाल(पु०)--राजकुमार।

भौम(वि०)--भूमिसम्बन्धी, पार्थिव। पु०–मंगल ग्रह, जल, प्रकाश, अत्रि ऋषि।

भौमवार(पु०)–मंगलवार।

भौमिक-स्थ(वि०)–पार्थिव, पृथिवी पर रहने वाला। [ख़ज़ाञ्ची।

भौरिक (पु०)--स्वर्णकोषाध्यक्ष,

भौव[न] न (पु०)–विश्वकर्मा।

भ्यस्(१ आ०)–डरना, ख़ौफ़ खाना।

भ्रंश् (१ आ०, ४ प०)–नीचे गिरना, भटकना, खो देना, बच भागना, न्यून होना, नष्ट होना।

भ्रंश [स] (पु०)--गिरावट, फिसलना, नाश, अभाव, नुक्सान,त्याग।

भ्रकुटि-ढी(स्त्री०)–भौं का चढ़ाना, भ्रूभग।

भ्रक्ष्(१ उ०)–खाना, भक्षण करना।

भ्रज्जन(न०)–भूनना।

भ्रम् (१, ४ प०)–घूमना, भटकना, इधर उधर फिरना, फैलना, भ्रम में पड़ना, ग़लती करना।

भ्रम (पु०)–मिथ्याज्ञान, कुछ का कुछ समझना,चक्रगति,ग़लती,अशुद्धि, घबड़ाहट, आवर्त्त, कुम्हार का चक्र, चक्की, फ़रना।

भ्रमण (न०)–घूमना, चक्कर काटना, हिलना, अस्थिरता, सैर।

भ्रमर(पु०)–मधुकर,भौंरा,मधुमक्षिका।

भ्रमरक(पु०)–मधुमक्षिका, आवर्त्त। अस्त्री०–ज़ुल्फ़, केशगुच्छ, खलरे की गेंद।

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

भ्रमाकुल(वि०)–घबराया हुआ।
भ्रमि (स्त्री०)--चारों ओर घूमना, कुम्हार का चक्र, आवर्त्त, भंवर, अशुद्धि ।
भ्रंश्=भ्रंश् । [कता, क्रूरता ।
भ्रंशिमा [न्] (पु०)--उयादती, अधि-
भ्रष्ट(वि०)–च्युत, अधःपतित ।
भ्रस्ज् (६उ०) [भृज्जति]-पकाना, भूनना
भ्राज्(१ आ०)–चमकना ।
भ्राजथु(पु०)-शोभा,चमक;दीप्ति,कांति
भ्राजिष्णु (वि०)–दीप्तिशील, चमकने वाला ।
भ्राता [तृ] (पु०)–भाई, सहोदर, गहरा दोस्त, बान्धव
भ्रातृक (वि०)–भ्राता सम्बन्धी ।
भ्रातृज (पु०)–भाई का पुत्र; भतीजा।
भ्रातृजाया (स्त्री०)–भाई की पत्नी, भावज ।
भ्रातृद्वितीया (स्त्री०)–भैयादोयज, कार्त्तिक शुक्ला द्वितीया।
भ्रातृपुत्र-भ्रातुस्पुत्र (पु०)–भाई का पुत्र, भतीजा [शत्रु ।
भ्रातृव्य (पु०)–भाई का पुत्र, भतीजा,
भ्रातृत्व(न०)–भाईपन, भाईचारा ।
भ्रातृवल(वि०)–भाई वा भाइयोंवाला
भ्रातृश्वशुर(पु०)–पति का बड़ा भाई, जेठ । [न्धी । पु०–भतीजा ।
भ्रात्रीय-त्रेय(वि०)–भाईका,भ्रातृसम्ब-
भ्रान्त (वि०)–मिथ्याज्ञान वाला, घूमने वाला । न०–भ्रमण, घूमना ।
भ्रान्ति(स्त्री०)–भ्रमण, घूमना, अयथार्थज्ञान, भूल, भ्रम, सन्देह ।
भ्रान्तिमान्[मत्](वि०)–घूमने वाला।
भ्राम(पु०)–घूमना, भ्रमण,धोखा,माया
भ्रामक (वि०)–बहकाने वाला,धोखेबाज, शृगाल, गीदड़, ठग ।
भ्रामर (न०)–मधु, शहद । अस्त्री०–अयस्कान्त, चुम्बक पत्थर ।
भ्राश्(१,४आ०)–चमकना, रोशनहोना
भ्राष्ट्र(पु०)–प्रकाश,ईथर नामक वायु । अस्त्री०–भूनने की कढ़ाही ।
भ्रु [भ्रू] कुंश [स] (पु०)–स्त्री वेश में अभिनयकर्त्ता पुरुष ।
भ्रू (स्त्री०)–भौं, भवें, आंखके ऊपर बालों की क़तार । [बदलना ।
भ्रूक्षेप (पु०)–भौं का चढ़ाना, त्यौरी
भ्रूण् (१० आ०)–आशा करना, इच्छा करना, भरोसा करना, डरना ।
भ्रूण (पु०)–गर्भस्थित बालक, अर्भक, स्त्रियों का गर्भ ।
भ्रूणहत्या (स्त्री०)–गर्भ गिराना, गर्भ का मारना । [बदलना ।
भ्रूभंग (पु०)–भौं का चढ़ाना, त्यौरी
भ्रूमध्य (न०)–दोनों भौं के बीच का स्थान ।
भ्रेज् (१आ०)–चमकना ।
भ्रे [भ्रेल्] ष् (१उ०)–पीना, चलना, जाना, गिरना, डरना ।
भ्रेष (पु०)–हरकत, गति, अपने स्थान से च्युत होना ।

म

म-पवर्गका पञ्चम अक्षर । पु०–काल, विष, मन्तरजन्तर, चन्द्र,विष्णु,

In Public Domain, Chambal Archives, Etawah

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by IKS.

शिव, ब्रह्मा, यम, पंचम स्वर। न०--जल, हर्ष।

मंह्(१ आ०)--उगना, बढ़ना, देना।

मकर(पु०)--नाका, मगरमच्छ, बारह राशियों में से दशवीं।

मकरकुण्डल(न०)--कर्णाभूषण जो मगर के स्वरूप का होता है।

मकरकेतन-केतु(पु०)--कामदेव, मदन।

मकरध्वज(पु०)--पूर्ववत्।

मकरन्द(पु०)--पुष्परस, फूल का शहद।

मकरसप्तमी (स्त्री०)--माघ मास की शुक्ला सप्तमी।

मकरी [न्] (पु०)--समुद्र, सागर।

मकुट=मुकुट।

मकुति (पु०)--शूद्रशासन।

मकुर (पु०)--आइना, दर्पण, कली।

मकुल (पु०)--बकुलवृक्ष, कली।

मकूलक (पु०)--कली, दन्तीवृक्ष।

मक्क् (१ आ०)--जाना, हरकत करना

मक्कुल (पु०)--मेरू।

मक्ष् (१ प०)--इकट्ठा करना, ढेर लगाना, क्रुद्ध होना।

मक्ष (पु०)--क्रोध, कपट, गिरोह।

मक्षिक (पु०)--मक्खी, मधुमक्खी।

मक्षि [क्षी] का (स्त्री०)--पूर्ववत्।

मक्षिकामल (न०)--मोम।

मख्-मंख् (१ प०)--जाना, रेंगना।

मगध (पु०)--एक देश, बिहार का दक्षिण भाग, चारण। बहु०-मगधदेशनिवासी।

